Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ओ३म्

मनुस्मृति

भारतदेश-भाषानुवाद-सहिता

तथा च

आवश्यक तत्रतत्रोपयुक्तविशिष्टव्याख्यानैः

परिबृंहिता

सा चेयम्

न्याय वैशेषिक, सांख्य, योग, वेदान्त, गीताव्याख्याकारेण

सामवेद भाष्यकारेण, वेदप्रकाश, सम्पादकेन

श्री पं० तुलसीराम स्वामिना

सम्पादिता

१४वींवार ११००

मूल्य ३)

पुस्तक मिलने का पता:-

पं० छुट्टनलाल स्वामी

अध्यक्ष स्वामी प्रेस मेरठ शहर

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

* ओ३म् *

मनुस्मृति भाषानुवाद का

विषय सूचीपत्र

मनोर्भाषानुवादस्य तुलसीरामशर्मणा (स्वामिना) ।
अनुक्रमणिका सूची विषयानामुदीर्य्यते ॥ १ ॥

प्रथमाध्याय में

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

द्वितीयाध्याय में-

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

तृतीयाध्याय में—

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

चतुर्थाध्याय में-

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

पञ्चमाऽध्याय में—

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

षष्ठाऽध्याय में–

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सप्तमाऽध्याय में-

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

-अष्टमाऽध्याय में-

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

नवमाऽध्याय में—

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

दशमाऽध्याय में—

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

एकादशाऽध्याय में–

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

द्वादशाऽध्याय में—

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

भूमिका (निवेदन) में-

यह पुस्तक मनुस्मृति भाषानुवाद ७वार श्री पं० तुलसीराम जी के समय मे छपा। ८ से अब १४ वीं वार तक मेरे प्रबन्ध से छपा है। भूलचूक हो तो पाठक मुझे सूचित करें जिस से आगे को सुधार दी जासके। छुट्टनलाल स्वामी, मेरठ

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

निवेदन

मनुके भाषानुवादकी धर्म जिज्ञासुओंको जितनी अधिक आवश्यकता है उसे जिज्ञासुही जानते हैं और सम्प्रति मनु पर अनेक संस्कृत टीका और भाषाटीकाओंके होते हुवे भी एक ऐसे अनुवाद की आवश्यकताथी जो सुगम हो, अल्पमूल्यका हो, संक्षिप्त और मूलका आशय भले प्रकार स्पष्ट करनेवाला हो जिसके अर्थों मे खैंचातानी और पक्षपात न हो। इसपर भी यह जाना जासके कि कितने और कौन २ से श्लोक लोगोंने पश्चात् मिला दिये हैं। यह एक ऐसा कठिन काम है जैसे दूधमें मिले पानीका पृथक करना। इसीलिये हमने ऊपर लिखे गुणोंसे युक्त यह टीका छापी है और जो श्लोक हमारी समझमें पीछेसे औरों ने मिला दिये हैं उनको ठीक उसी स्थान पर कुछ छोटे अक्षरो मे उपस्थित रक्खा है और " चिन्ह उनके ऊपर करा दिया है तथा संक्षेपमें उनके प्रक्षिप्त माननेके हेतु दिखलाते हुवे उसके अर्थमें कुछ हस्तक्षेप न करके अपनी सम्मति ( ) चिन्हके भीतर लिखदी है। जिसमे जिन सज्जनो को उन २ श्लोकोंके प्रक्षिप्त माननेके हेतु पर्याप्त (काफी) प्रतीत हों वे श्रद्धा करें और जिनकी दृष्टिमे अग्राह्य हों, वे न मानें क्योकि हम निर्भ्रान्त वा सर्वज्ञ नहीं हैं और न मनुष्य सर्वज्ञ हो सकता है। इसीमे अपनी सम्मति को सर्वोपरि मानकर पुस्तकमे से वे श्लोक निकाल नहीं दिये है। जहां तक बना छानबीन बहुत की है। कितने ही ऐसे श्लोकोंका भी पता लगता है जो अब मूलमे से निकल गये प्राचीन कालमें थे वा अभी सब पुस्तकोंमें नहीं मिल पाये। हमने उनकोभी [ ] कोष्ठक मे रक्खा है। जिन श्लोकों को स्वामी जी ने अपने ग्रन्थो मे माना है उनमे से हमने किसी को प्रक्षिप्त नहीं माना। मुम्बई के एक पुस्तक से जिसमे मेधातिथि,

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सर्वज्ञ नारायण, कुल्लूक राघवानन्द, नन्दन और रामचन्द्र इन परिश्रमी और प्रसिद्ध ६ टीकाकारोंकी टीकाओंके अतिरिक्त १-बङ्गाल ऐसियाटिक सोसाइटी। २ उज्जैनके सोरठी बाबा रामभाऊ। ३-उज्जैनके आठवले नाना साहब। ४-७ मुन्शी हनुमान् प्रसाद प्रयाग। ८ खण्डवाके रावबहादुर खेरे बङ्गालात्मज वासुदेव शर्मा। ९-१० मिरजके महाबल वामन भट्ट ११-यौतेश्वरके रामचन्द्र। १२ १४-पूनाके ज्योतिषी बलवन्तराव।१५ अहमदाबाद के सेठ बेचर दास। १६ शम्भु महादेव क्षेत्रके जावड बलवन्तराव। १७ बङ्गाल ऐसि० के मूल पुस्तक। १८-आर्स्टेलिमये के गोविन्द। १९-लण्डन का मूल पुस्तक। २० कलिकाता राजधानी का छपा। २१ मिरज के वामन भट्ट का राघवानन्दी टीका का। २२ बडौदेके वासुदेव। २३-जयपुर के लक्ष्मीनाथ शास्त्री (राघ०)। २४-मद्रास के दीवान बहादुर रघुनाथराव। २५-पूनेके गणेश ज्योतिर्विद्। २६-पूनाके गोखले भट्ट नारायण। २७ जयपुर के लक्ष्मीनाथ शास्त्रीका मूल मात्र। २८-सर्वज्ञना० टी०। २९-३० आर्ठेलिमयेके गोविन्द राघवा० टीका। इन ३० प्राचीन पुस्तकोंका संग्रह किया है। पाठान्तर पाठाधिक्य श्लोकाधिक्य आदिको देखभाल कर यथासम्भव अपनी सम्मति लिखनेमे सावधानी की है। और अब तक जोकुछ विचार किया उससे ' " चिन्हयुक्त प्रति अध्याय क्रम से ३४। ४।.१६७।२०।४१।००।३।१९।४९।१९।२२।४ सब ३८२ श्लोक प्रक्षिप्त जान पड़े है। परन्तु अभी कई विचारणीय भी हैं। आशा है कि सज्जन इस श्रमसे प्रसन्न होंगे॥

मनुस्मृति के प्रथमाध्याय के आरम्भ मे ही सबसे प्रथम ३० प्रकारके प्राचीन लिखे पुस्तको मे १९ प्रकारके पुस्तकोमे एक श्लोक अधिक पाया जाता है और श्लोक संख्या उसपर नही है। इससे भी पाया जाता है कि वर्त्तमानमे जो मनुस्मृतिका पुस्तक मिलता है यह मनुप्रोक्त नही किन्तु अन्य का बनाया है। इसीमे यथार्थ

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

मनुके आशय भी हैं। वह श्लोक यह है. -

स्वयंभुवे नमस्कृत्य ब्रह्मणेऽमिततेजसे ।
मनुप्रणीतान्विविधान्धर्मान्वक्ष्यामि शाश्वतान्॥१॥

अर्थात्-मैं (सम्पादक) अनन्त तेजस्वी स्वयम्भू ब्रह्माको नमस्कार करके मनुप्रोक्त सनातन विविध धर्मों का वर्णन करूंगा॥ अध्याय १, श्लोक २ में "अन्तरप्रभवाणाम" के स्थान में ३ पुस्तकों में "सङ्करप्रभवाणाम् पाठ देखा जाता है॥

अध्याय १ श्लोक ७ में सर्वज्ञनारायण टीकाकार "अतिन्द्रियोऽग्राह्य" मानते हैं और इसी श्लोक में ८ पुस्तकों में 'सर्व=स्वएव पाठ देखा जाता है॥ १।८ में कई पुस्तकोंका पाठ अभिध्याय=अभिध्यायन्। बीजम्=वीयम्। असृजत=अक्षिपन् है॥ १। ९ में दो पुस्तकों में 'अयनं तस्य ता पूर्व' पाठ है?। १० के आगे -

नारायणपरोऽव्यक्तादण्डमव्यक्तसंभवम् ।
अण्डस्यान्तस्त्विमे लोकाः सप्तद्वीपाऽत्र मेदिनी ॥

यह श्लोक दो पुस्तकों के मूल में और एक की टीका में देखा जाता है और एक पुस्तक में उक्त श्लोक के स्थान में निम्नलिखित कृत्रिम श्लोक पाया जाता है.

सहस्रशीर्षापुरुषो रुक्मनाहुस्त्वतीन्द्रियः ।
ब्रह्मा नारायणाख्यस्तु सुष्वाप सलिले तदा ॥

एक पुस्तक में १।११ में नित्यम्=लोकं देखा जाता है॥१। १३ में-ताभ्यां स शकलाभ्याम्=ताभ्यां च शकलाभ्यां=ताभ्यां मुण्डकपालाभ्या भी देखे जाते हैं॥ तथा-स्थानं च शाश्वतं=स्थानमकल्पयत् भी है॥ तथा इसके आगे निम्नस्थ डेढ़ श्लोक ३ पुस्तकों में अधिक है —

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

वैकारिकं तेजसं च तथा भूतादिमेव च ।
एकमेव त्रिधाभूतं महानित्येव संस्थितम् ॥
इन्द्रियाणां समस्तानां प्रभवं प्रलयं तथा ।

१ । १५ से आगे. —

अविशेषान्विशेषांश्च विपर्यांश्च पृथग्विधान् ।

यह अर्ध श्लोक दो पुस्तकों में अधिक मिलता है ॥ १ । १६ मे १ पुस्तक में षएणामप्यमि=षएमयानपि । मात्रासु=मात्रास्तु देखा जाता है ॥ १ । १७में १ पुस्तक मे तस्येमानि=तानीमानि हैं ॥ १ । २५ के १ पुस्तक मे वाचं=बलं है ॥ १ । २७ के १ पुस्तक में सार्धं=विश्वं है ॥ १ । ४६ के ७ पुस्तकों मे स्थावरा=तरव. है ॥ १ । ४९ के १ पुस्तक मे-अन्त. संज्ञा=अत मज्ञा और ४ पुस्तकों के अन्तसंज्ञा: और दो पुस्तकों में सुखदु खमम० =फलपुष्पसम०, पाठ है । उन पाठों से वृक्ष सुखदु खयुक्त नहीं सिद्ध होते ॥ १ । ६३ से आगे १ पुस्तक में और दूसरी मे ७० वे श्लोक मे यह अर्ध श्लोक अधिक है:—

कालप्रमाणं वक्ष्यामि यथावत्तं निबोधत ॥

१ । ७८ से आगे ३ पुस्तकों मे आगे कहा श्लोक अधिक है'-

परस्परानुप्रवेशाद्धारयन्ति परस्परम् ।
गुणं पूर्वस्य पूर्वस्य धारयन्त्युत्तरोत्तरम् ॥

१ । ८५ में-युगह्रासानुरूपत. तत्तद्धर्मानुरूपत. पाठ है और इस से आगे १ पुस्तक मे निम्नस्थ श्लोक अधिक है जिस की व्याख्या केवल रामचन्द्र टीकाकार ने जो सब से नवीन है की है जिस से प्रतीत होता है कि अति नवीन समय तक युग २ के पृथक् २ धर्मों की शिक्षा की मिलावट होती रही है —

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ब्राह्मं कृतयुगं प्रोक्तं त्रेता तु क्षत्रियं युगम् ।
वैश्येद्वापरमित्याहुः शूद्रः कलियुगः स्मृतः ॥

१ । ९७ से आगे दो पुस्तकों में यह श्लोक अधिक है कि.-

तेषां न पूजनीयोऽन्यस्त्रिषु लोकेषु विद्यते ।
तपोविद्याविशेषेण पूजयन्ति परस्परम् ॥

तथा अन्य दो पुस्तकों मे आधा श्लोक और अधिक है कि-

ब्रह्मविद्भ्यः परं भूतं न किञ्चिदिह विद्यते ॥

१ । १०५ से आगे दो पुस्तकों और रामचन्द्र कृत टीका में यह श्लोक अधिक है.—

यथा त्रिवेदाध्ययनं धर्मशास्त्रमिदं तथा ।
अध्येतव्यं ब्राह्मणेन नियतं स्वर्गमिच्छता ॥

२ । १५ से आगे भी ३ पुस्तकों मे ये दो श्लोक अधिक हैं -

असद्वृत्तस्तु कामेषु कामोपहतचेतनः । नरकं समवाप्नोति तत्फलं न समश्नुते ॥१॥ तस्माच्छ्रुतिस्मृतिप्रोक्तं यथाविध्युपपादितम् । काम्यं कर्मेह भवति श्रेयसे न विपर्ययः ॥२॥

२ । १५ से आगे भी ३ पुस्तकों में दो श्लोक अधिक है जो हमने उसी स्थान पर छापे हैं॥ २।३१ के उत्तरार्धका ३ पुस्तकों में -

शूद्रस्य प्रेष्यसंयुतम्

पाठ भेद है ॥ २ । ३२ में भी एक पुस्तक मे -

राज्ञोरक्षासमन्वितम् = राज्ञोवमसमन्वितम् ।

पाठ भेद है ॥ २ । ५१ के ९ यावदर्थं = यावदर्थं पाठों मे मेधातिथि के भाष्यानुसार भेद है ॥ २ । ६७ वें प्रक्षिप्त श्लोक के पाठ में भी वड़ा अन्तर है कि एक पुस्तक में—

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

संस्कारो वैदिकः स्मृतः=औपनायनिकः स्मृतः ।

पाठभेद है । दूसरे एक पुस्तक मे—

गृहार्थोऽग्निपरिक्रिया = गृहार्थोऽग्निपरिग्रहः ।

पाठ है और अन्य दो पुस्तकों मे इसी की जगह—

गृहार्थोऽग्निपरिक्रिया

पाठान्तर है । तो क्या ठिकाना है कि यह श्लोक मनुप्रोक्त है ॥ इसी ६७ वे से आगे एक पुस्तक मे यह श्लोक अधिक है—

अग्निहोत्रस्य शुश्रूषा सायमुद्वासमेव च ।
कार्यं पत्न्या प्रतिदिनमिति कर्म च वैदिकम् ॥

ऐसे ही एक पुस्तक में यह श्लोक ११७ से आगे मिलाया गया है कि—

जन्मप्रभृति यत्किञ्चिच्चेतसा धर्ममाचरेत् ॥
तत्सर्वं विफलं ज्ञेयमेकहस्ताभिवादनात् ॥

एक हाथ से सलाम करने की निन्दा यवनकालीन जान पड़ती है ॥

नन्दन भाष्यकार के मत में 'भो शब्दं कितिo" यह १२४ वा श्लोक १२३ वें 'नामधेयस्यo" के स्थान मे पाया जाता है ॥

इस से आगे १२ वें अध्याय तक पाठभेद, पाठाधिक्य वा जो २ अधिक श्लोक किन्हीं पुस्तकों में पाये गये वे अनुमान ११९ के हैं। और उसी स्थान पर [ ] चिन्ह के भीतर हम छापते गये है ॥

एकादशाध्याय मे प्रायश्चित्तार्थ जिन वेद मन्त्रो के प्रतीक श्लोकों मे आये हैं वे २ मन्त्र वेदों के मण्डल सूक्त अध्याय आदि पते खोज कर दिये हैं ॥

इस पुस्तक का विषयसूची पृथक् भी अब इस लिये छपा दिया है कि यद्यपि अध्याय १ श्लोक १११ से ११८ तक १२

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अध्यायों का भिन्न २ विषयसूची किसी ने श्लोक बना कर मिलाया है उसकी भाषा टीका भी हमने की है। परन्तु वहां जन को विस्तार से कोई विषय जानना हो नहीं जान सकते। बहुत शीघ्र मैंने यह बनाया और छपाया था इस से बहुत सुधारने पर भी जहां जो कुछ अशुद्धि रह गई हों और पाठक गण को दृष्टि पड़े तो सरलता से मुझे लिखें, अगली बार छपेगा उस में भी और ठीक कर दिया जायगा॥

इस के अतिरिक्त हेमाद्रि आदि लोगों ने ऐसे कई वचन कहे हैं जो उन्होंने मनु वचन कह कर लिखे हैं, परन्तु वे वचन अब मनु मे नहीं मिलते। ऐसे वचनों का संग्रह ४६६ श्लोकों के अनुमान ज्ञात हो चुका है। जैसा कि धर्माब्धिसार मे १, स्मृति चन्द्रिका मे ३२, दानहेमाद्रिमे ११, व्रतहेमाद्रि मे १, श्राद्धहेमाद्रिमे ३१, स्मृतिरत्नाकर मे ५३, शूद्रकमलाकर में १४, पराशरमाधव मे ४७, निर्णयसिन्धु में १५, मिताक्षरा मे १३, संस्कारकौस्तुभ मे ६, विवादभङ्गार्णव मे १७, नारायणभट्टकृत प्रयोगरत्न संस्कारमयूखमें २, व्यवहारतत्वमें १, दायक्रमसंग्रह में २, श्रीमद्भागवत ३। १। ३६ की टीकामें १, शङ्करदिग्विजय १, प्रकरण मे २, सस्कारमयूखमे ४, आचारमयूखमे ८, श्राद्धमयूखमे २, व्यवहारमयूख मे २, प्रायश्चित्त मयूख मे १०, और वृद्ध मनुके नाम से १७४, बृहन्मनु के नाम से १७ इस प्रकार श्लोक ४६६ हुवे। तथा मेधातिथि के समस्त पाठ भेद ५०० के लगभग हैं। कुल्लूक के पाठभेद भी ६५० के ऊपर हैं। राघवानन्द ने भी ३०० से ऊपर पाठभेद माने हैं। नन्दन ने १०० के लगभग पाठभेद माने हैं। इत्यादि अनेक हेतु इस पुस्तक के (जो वर्तमान समय मे मिलता है) ठीक २ मनुकृत होने मे पूर्ण सन्देहजनक है॥

मेरठ २२।५।१९१२ तुलसीराम स्वामी

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ओ३म्

श्री परमात्मने नमः

अथ मनुस्मृति-भाषानुवादः

प्रणम्य जगदाधारं वाक्पतिं परमेश्वरम् ।
क्रियते मानवी टीका तुलसीरामशर्म्मणा (स्वामिना)॥

मनुमेकाग्रमासीनमभिगम्य महर्षयः ।
प्रतिपूज्य यथान्यायमिदं वचनमब्रुवन् ॥१॥

अर्थ-महर्षि लोग एकान्त मे विराजमान मनुजी के निकट जाकर (उनका) यथोचित पूजन कर यह वचन बोले कि-॥ १ ॥

भगवन्सर्ववर्णानां यथावदनुपूर्वशः ।
अन्तरप्रभवाणां च धर्मान्नो वक्तुमर्हसि ॥ २ ॥

त्वमेको ह्यस्य सर्वस्य विधानस्य स्वयंभुवः ।
अचिन्त्यस्याप्रमेयस्य कार्यतत्त्वार्थवित्प्रभो ॥ ३ ॥

अर्थ-महाराज ! संपूर्ण वर्णों और वर्णसङ्करों के धर्मों का यथावत् क्रम से हम लोगोंको उपदेश करनेमे आप समर्थ है ॥२॥ क्योंकि संपूर्ण वेद (ऋग्यजु साम अथर्व) के कार्यों ज्योतिष्टोमादि यज्ञ और नित्यकर्म सन्ध्यावन्दनादि के यथार्थ तात्पर्य के जानने वाले आप एकही हैं जो वेदका अचिन्त्य, अप्रमेय, अनादि=परमात्मा का विधान (कानून) है ॥३॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

स तैः पृष्टस्तथा सम्यगमितौजा महात्मभिः ।
प्रत्युवाचार्च्य तान् सर्वान्महर्षीञ्छ्रूयतामिति ॥४॥

आसीदिदं तमोभूतमप्रज्ञातमलक्षणम् ।
अप्रतर्क्यमविज्ञेयं प्रसुप्तमिव सर्वतः ॥ ५ ॥

अर्थ-जब उन महात्माओं ने महात्मा मनु से इस प्रकार प्रश्न किया तब मनुजी ने इन सब महर्षियोंका सत्कार करके कहा कि श्रवण कीजिये ॥४॥ यह विश्व (महाप्रलयकालमें) अन्धकारयुक्त और लक्षणों से रहित, संकेत के अयोग्य तथा तर्क द्वारा और स्वरूपसे जाननेके अयोग्य सब ओर से निद्रा की सी दशामें था ॥५॥

(यहां यह प्रश्न होता है कि ऋषियोंने तो धर्म पूछा था मनुजी सृष्टिकी उत्पत्ति का वर्णन क्यों करने लगे ? मनुके सब टीकाकारों (१ मेधातिथि २ सर्वज्ञनारायण ३ कुल्लूक ४ राघवानन्द ५ नन्दन) ने एक छठे रामचन्द्र टीकाकारको छोड़कर यह प्रश्न उठाया है और थोड़ेसे भावमें भेद करते हुवे प्रायः सबका तात्पर्य उत्तरमें यह है कि सृष्टिका वर्णन करते हुवे चारों वर्णोंके धर्म क्रमशः वर्णन करनेके लिये प्रथम सृष्टिकी उत्पत्तिसे आरम्भ करना साङ्गोपाङ्ग धर्म का वर्णन कहा जा सकता है। इसलिये और ब्रह्मज्ञानकी सब धर्मों में उत्तमता होनेसे मनुजी ने परमात्मा से जगत् की उत्पत्ति दिखाते हुवे धर्मोपदेशका आरम्भ किया परन्तु दूसरे श्लोक के आगे अन्य दो श्लोक भी चार प्राचीन लिखित पुस्तकोंमें देखे जाते हैं और नन्दन तथा रामचन्द्रने इन पर टीकाभी की है। वे ये हैं.—

[जरायुजाण्डजानां च तथा संस्वेदजोद्भिदाम् ।
भूतग्रामस्य सर्वस्य प्रभवं प्रलयं तथा ॥१॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

आचारांश्चैव सर्वेषां कार्याकार्यविनिर्णयम् ।
यथाकालं (*कामं) यथायोगंवक्तुमर्हस्यशेषतः॥२॥]

अर्थात् जरायुज, अण्डज, स्वेदज तथा उद्भिज और सब प्राणिमात्रकी उत्पत्ति और प्रलय ॥१॥ और सबके आचार और कार्य, अकार्य का निर्णय काल (वा इच्छा) और योगके अनुसार समस्त कहिये ॥२॥ तीन पुस्तकोंमें कालत पाठ देखा जाता है। यदि ये श्लोक प्राचीन माने जांय तो यह संशय सर्वथा नहीं रहता कि मुनियोंने धर्म पूछा था, मनुजी सृष्टिका वर्णन क्यो करने लगे ' हमारे विचार में तो जैसे बहुत श्लोक मनु में नये मिल गये वैसे ही ऐसे२ श्लोक मनुमें जातेरहे और किन्हीं२ पुस्तकोंमें रहगये ॥५॥

ततः स्वयंभूर्भगवानऽव्यक्तोव्यञ्जयन्निदम् ।
महाभूतादि वृत्तौजाः प्रादुरासीत्तमोनुदः ॥६॥

योऽसावतीन्द्रियग्राह्यः सूक्ष्मोऽव्यक्तःसनातनः ।
सर्वभूतमयोऽचिन्त्यः स एव स्वयमुद्बभौ ॥७॥

अर्थ-इस (दशा) के अनन्तर उत्पत्तिरहित, सर्वशक्तिमान् इन्द्रियोसे अतीत (प्रलयकाल के अन्तमें) प्रकृति की प्रेरणा करने वाले महत्तत्व, आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी आदि कारणोंमे युक्त है बल जिसका, उस परमात्मा ने इनको प्रकाशित करके अपने को प्रकट किया। (परमेश्वर का प्रकट होना यही है कि जगत् की रचना और जगत् के लोगो को अपना ज्ञान कराना) ॥६॥ जो कि इन्द्रियो से नहीं (किन्तु आत्मा से) जाना जाता और परम सूक्ष्म अव्यक्त सनातन संपूर्ण विश्वमे व्याप्त तथा अचिन्त्य है वही अपने आप प्रकट हुआ ॥ ७॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सोऽभिध्याय शरीरात्स्वात्सिसृक्षुर्विविधाः प्रजाः ।
अप एव ससर्जादौ तासु बीजमवासृजत् ॥८॥

तदण्डमभवद्धैमं सहस्रांशुसमप्रभम् ।
तस्मिञ्जज्ञे स्वयं ब्रह्मा सर्वलोकपितामहः ॥९॥

अर्थ-उस (स्वस्वामिभावसम्बन्ध से=मालिक और मिलकि के लिहाज से) अपने शरीर से नाना प्रकार की प्रजा उत्पन्न क की इच्छा करने वालेने ध्यान करके प्रथम आपत्वही उत्पन्न कि उसमे बीजको आरोपित किया। (यहां शरीर शब्द से उपाद कारण का ग्रहण है* । परमेश्वर उसका अधिष्ठाता=स्वा [मालिक] है इसलिये उसे "परमेश्वर का" कहा गया है) ॥

अप् शब्द का अर्थ अप्तत्व है, जल नहीं। वास्तव पञ्चभूतों मे से एक भूत जल का अर्थ लेना यहां सङ्गत भी न किन्तु प्रकृति को जब परमात्मा कार्योन्मुख करके सृष्टि को उत्प करना आरम्भ करता है तब जो तत्त्व प्रकृति का सबसे पहला क वा सबसे पहला परिणाम होता है, उसको 'अप्तत्व कहा समझ चाहिये, क्योंकि इसके आगे १।११ मे-

"यत्तत्कारणमव्यक्तं नित्यं सदसदात्मकम् ।"

इस श्लोक मे अव्यक्त (प्रकृति) का वर्णन प्रकरण मे है। उ को १।८ मे शरीर कहा है। शरीर से अप् को उत्पन्न करना क गया है। अप वही वस्तु जान पडती है जिसको सांख्य मत मे-

प्रकृतेर्महान्

---

*प्रधानमेव तस्येदं शरीरम्=प्रकृतिही उस पुरुषका शरीर है
मेधातिथि टीकाकार।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

कह कर महतत्त्व संज्ञा दी है। यदि हम अप् का अर्थ जल मानले तो यह किसी शास्त्र वा दर्शनसे अनुमोदित नही होसकता। ऐतरेय आरण्यक पृ० ११२ में सायणाचार्य कहते हैं कि-

"अप्शब्देन पञ्चभूतान्युपलक्ष्यन्ते," (तथा)-

"अप्शब्देन सर्वेषां देहबीजभूतानां सूक्ष्मभूतानां ग्रहणम्"।

यह सायणीय वा माधवीय शङ्करदिग्विजय के सर्ग ७ श्लोक ७ की टीका टिप्पणी मे कह गया है। इन दोनो वाक्यो का अर्थ यही है कि अप् शब्द से देह के बीजभूत सब सूक्ष्म भूत समझने चाहिये॥ ऋग्वेद १०।१२१।७ में जो मन्त्र है कि-

आपो ह यद् बृहतीर्विश्वमायन्गर्भं दधाना जनयन्तीरग्निम्।
ततो देवानां समवर्ततासुरेकः कस्मै देवाय हविषा विधेम॥

इसमे अप शब्द के विशेषण-गर्भं दधानाः, अग्निं जनयन्ती., दक्षं दधाना., यज्ञं जनयन्ती आये हैं सो केवल जल-साधारण गर्भ का धारण, अग्नि का उत्पादन बलका धारण यज्ञका उत्पादन नहीं सम्भव होता किन्तु प्रकृतिकी पहली विकृतिमे ही घट सकता है और यही कारण संस्कृतमे अप् शब्दके स्त्रीलिङ्ग होनेका भी जान पड़ता है। पीछे 'अप् के जलतुल्य द्रव (रकीक) पदार्थ होने से उसका नाम जल पड़ गया और लिङ्ग वही स्त्रीलिङ्ग प्रयुक्त होता रहा जान पडता है। यही मन्त्र यजुर्वेद २७। २५ में भी आया है जिसका भाष्य करते हुवे महीधर ने शतपथ ११।१।६।१ का प्रमाण दिया है कि-

आपो ह वा इदमग्रे सलिलमेवास।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

इसीमे भी जगत् की प्रथम कार्य्याऽवस्था वाले तत्व को ही 'अप् तत्व कहा जान पडता है ॥

इसी यजु २७। २५, मे-स्वामी दयानन्द सरस्वतीजी महाराज ने भी (आप)="व्यापिकास्तन्मात्रः' व्यापक=जलोकी सूक्ष्ममात्रा कहा है और यजुर्वेद ३२। ७ मे पुन इस मन्त्र का प्रतीक आने पर भी उक्त स्वामी जी ने (आप) व्याप्ता (आप) आकाशाः अर्थ किया है जिससे मेरे लिखे सन्ध्या पुस्तकाथ अर्णवः समुद्रः के अर्थ जल भरा समुद्र=आकाश अर्थ की पुष्टि होती है। इसी को आकाशतत्व भी कह सकते हैं ॥

वास्तव मे जगत की उत्पत्तिके प्रकरणमें आपः शब्द योगरूढ़ है, जो वेदों और अन्य सब शास्त्रोमे जहां सृष्टि की उत्पत्ति का वर्णन है बाहुल्य से प्रयोग मे आया है। इसी से पौराणिक समुद्र से कमल नाल मे ब्रह्मा की उत्पत्ति वाली कथा घडी गई जान पडती है। और इसी से ईसाइयों के उत्पत्ति प्रकरण के वाक्य कि ईश्वर का आत्मा जल पर डोलता था इत्यादि घड़े गये अनुमान होते है ॥ ८ ॥ वह (बीज) चमकीला सूर्य के समान अण्डाकार बना था। उसमे परमात्मा (ब्रह्मा) सब लोक का पितामह आप प्रगट हुआ (अर्थात प्रथम उपादान कारण का एक चमकीला गोला सा बनाया) ॥९॥

आपो नारा इति प्रोक्ता आपो वै नरसूनवः ।
ता यदस्यायनं पूर्वं तेन नारायणः स्मृतः ॥ १० ॥
यत्तत्कारणमव्यक्तं नित्यं सदसदात्मकम् ।
तद्विसृष्टः स पुरुषो लोके ब्रह्मेति कीर्त्यते ॥ ११ ।

अर्थ-अप् को नारा कहते हैं क्योंकि नर=परमात्मासे अप उत्पन्न

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

हुआ है। वह नारा प्रथम स्थान है जिसका वस्तुः इस कारण परमात्मा को नारायण कहते हैं।। १० ॥ जो सम्पूर्ण जगत् का उपादान और नेत्रादि से देखने में नहीं आता तथा नित्य और सत् असत् वस्तुओं का मूलभूत प्रधान (प्रकृति) है उस सहित परमात्मा लोक में 'ब्रह्मा' कहाता है ॥ ११ ॥

तस्मिन्नण्डे स भगवानुषित्वा परिवत्सरम् ।
स्वयमेवात्मनो ध्यानात्तदण्डमकरोद्द्विधा ॥ १२ ॥
ताभ्यां स शकलाभ्यां च दिवं भूमिं चनिर्ममे ।
मध्ये व्योमदिशश्चाष्टावपां स्थानं चशाश्वतम् ।१३।

अर्थ-उस अण्डे में परिवत्सरसंज्ञक काल पर्यन्त स्थित होकर, उस परमात्मा ने आपही अपने ध्यान से उस अण्डे के दो (कल्पित) टुकड़े किये ॥

(कल्प के समय का १०० वां भाग परिवत्सर जानो। जिस प्रकार १०० वर्ष की सामान्य आयु वाला मनुष्य एक वर्ष के लगभग गर्भ में तैयार होता है, इसी प्रकार यह जगत् भी अपने १०० वे काल भाग तक गर्भ के सी अवस्था में रहा)॥ १२ ॥ उसने उन दो टुकड़ों से द्युलोक और पृथ्वी, बीच में आकाश और आठ दिशा तथा जल का सनातन स्थान बनाया है ॥ १३ ॥

उद्बबर्हात्मनश्चैव मनः सदसदात्मकम् ।
मनसश्चाप्यहंकारमभिमन्तारमीश्वरम् ॥ १४ ॥
महान्तमेव चात्मानं सर्वाणि त्रिगुणानि च ।
विषयाणां ग्रहीतृणि शनैः पञ्चेन्द्रियाणिच ॥ १५ ॥

अर्थ—और अपने स्वभूत (मिलकियत) प्रकृति से उस

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

(जगत्कर्त्ता ने सङ्कल्पविकल्पात्मक मन और मन से अभिमानी सामर्थ्य वाले अहंतत्व को उत्पन्न किया ॥ १४ ॥ महान् आत्मा= महत्तत्व और रजः सत्व तम. और विषयों की ग्रहण करने वाली पांच इन्द्रियां शनैः (उत्पन्न की) ॥ १५ ॥

तेषां त्ववयवान्सूक्ष्मान्षण्णामप्यमितौजसाम् ।
सन्निवेश्यात्ममात्रासु सर्वभूतानि निर्ममे ॥ १६ ॥
यन्मूर्त्यवयवाः सूक्ष्मास्तस्येमान्याश्रयन्ति षड् ।
तस्माच्छरीरमित्याहुस्तस्य मूर्तिं मनीषिणः ॥ १७ ॥

बड़े बल वाले पूर्वोक्त छ ६ (५ इन्द्रियां और १ अहंकार) के सूक्ष्म अवयवों को अपनी २ मात्राओं (शब्द, स्पर्श रूप, रस और गन्ध) में योजना करके सब प्राणियों को बनाया ॥१६॥ क्योंकि शरीर के सूक्ष्म छः अवयव (अर्थात् अहंकार और पांच इन्द्रियों से पांच महाभूत =६) सब कार्यों के हेतुरूप होकर उस परमात्मा के आश्रय में रहते हैं इस कारण उस ज्ञानस्वरूप परमात्मा के रचित (मूर्तिं) जगत् को उसका शरीर कहते हैं। (यद्यपि पर-मात्मा निराकार शरीर रहित है—यह वेदों का सिद्धान्त है और पूर्व छटे श्लोक मे यहां मनुजी ने भी उसे अव्यक्त) निराकार इन्द्रिया-तीत कहा है। परन्तु कल्पना की रीति से जैसे शरीर में जीवात्मा रहता है वैसे शरीर में परमात्मा रहता है। इस एकदेशीय दृष्टान्त से इस सारे जगत् को परमात्मा का शरीर कल्पित कर लिया जाता है। वेदों में इस प्रकार के अलङ्कार की शैली बहुत आई है) ॥ १७ ॥

तदाविशन्ति भूतानि महान्ति सह कर्मभिः ।
मनश्चावयवैः सूक्ष्मैः सर्वभूतकृदव्ययम् ॥ १८

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

तेषामिदं तु सप्तानां पुरुषाणां महौजसाम् ।
सूक्ष्माभ्योमूर्तिमात्राभ्यः संभवत्यव्ययाद्व्ययम् ॥१९॥

अर्थ - ५ महाभूत और मन जो सब का कर्त्ता और (अन्यों की अपेक्षा) अविनाशी हैं ये ६ सब पूर्वोक्त जगद्रूपी शरीर मे अपने २ कामों और सूक्ष्म अवयवों सहित प्रविष्ट होते हैं ॥ १८ ॥ पूर्वोक्त सात पुरुष (जगद्रूप पुर मे रहने वाले १ अहङ्कार २ महत्तत्व और आकाशादि ५ पांच इस प्रकार ७ सात) जो कि बडे सामर्थ्य वाले हैं इनकी सूक्ष्म मूर्त्ति मात्राओ (पंचतन्मात्राओ) से अविनाशी परमात्मा नाशवान् जगत् को उत्पन्न किया करता है ॥१९॥

आद्याद्यस्य गुणं त्वेषामवाप्नोति परः परः ।
यो यो यावतिथश्चैषां स स तावद्गुणः स्मृतः॥२०॥
सर्वेषां तु स नामानि कर्माणि च पृथक् पृथक् ।
वेदशब्देभ्य एवादौ पृथक् संस्थाश्च निर्ममे ॥२१॥

इन (पञ्चमहाभूतों) में से पूर्व २ के गुण को परला २ प्राप्त होता है (आकाश का गुण शब्द परले वायु मे व्याप्त हुआ। ऐसे ही वायु का स्पर्श अग्नि मे अग्नि का रूप जल में, जल का रस पृथ्वी में ।।इसी से पृथ्वी के शब्द स्पर्श रूप रस गन्ध ५ गुण है) इन में जो २ जितना सख्या वाला है वह २ उतने २ गुण वाला कहलाता है ॥२०॥ उस (परमात्मा) ने सृष्टि के आरम्भ मे उन सब के पृथक् २ नाम और कर्म और व्यवस्था वेद शब्दों से रची ॥२१॥

कर्मात्मनां च देवानां सोऽसृजत्प्राणिनां प्रभुः ।
साध्यानां च गणं सूक्ष्मं यज्ञं चैव सनातनम् ॥२२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अग्निवायुरविभ्यस्तु त्रयं ब्रह्म सनातनम् ।
दुदोह यज्ञ सिद्ध्यर्थमृग्यजुःसामलक्षणम् ॥२३॥

उस प्राणियों के प्रभु ने कर्म है स्वभाव जिन का ऐसे देवों (अग्नि वायु आदित्यादि) साध्यों के सूक्ष्म समुदाय और सनातन (ज्योतिष्टोमादि) यज्ञ को उत्पन्न किया ॥२२॥ (उसने) यज्ञ के अर्थ सनातन वेद, जिस के ३ भेद = ऋग्यजु साम हैं इन को अग्नि वायु सूर्य से (अग्नि से ऋग्वेद, वायु से यजुर्वेद और सूर्य से सामवेद) प्रकट किया ॥२३॥

कालं कालविभक्तींश्च नक्षत्राणि ग्रहांस्तथा ।
सरितः सागरान् शैलान् समानि विषमाणि च ॥ २४ ॥

समय, (वर्ष, मास, पक्ष, तिथि, प्रहर घटिका, पल, कला, काष्ठादि) काल-विभाग तथा नक्षत्र, ग्रह नदी समुद्र, पर्वत और ऊंची नीची (भूमि) उत्पन्न किये ॥२४॥

तपो वाचं रतिं चैव कामं च क्रोधमेव च ।
सृष्टिं ससर्ज चैवेमां स्रष्टुमिच्छन्निमाः प्रजाः ॥ २५ ॥
कर्मणां च विवेकार्थं धर्माधर्मौ व्यवेचयत् ।
द्वन्द्वैरयोजयच्चेमाः सुखदुःखादिभिः प्रजाः ॥ २६ ॥

प्रजा के उत्पन्न करने की इच्छा करते हुवे ने तप, वाणी रति (जिस से चित्त को प्रसन्नता होता है) काम तथा क्रोधको उत्पन्न किया ॥२५॥ कर्मों के विवेक के लिये धर्म अधर्म को जताया (और धर्माऽधर्मानुसार) सुख दु खादि द्वन्द्वों से प्रजा का योजन किया ॥२६॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अण्व्यो मात्राविनाशिन्यो दशार्द्धानां तु याः स्मृताः ।
ताभिः सार्द्धमिदं सर्वं संभवत्यनुपूर्वशः ॥२७॥
यं तु कर्मणि यस्मिन्स न्ययुंक्त प्रथमं प्रभुः ।
स तदेव स्वयं भेजे सृज्यमानः पुनः पुनः ॥२८॥

सूक्ष्म जो दश की आधी (पांच) विनाशिनी तन्मात्रा (शब्द स्पर्श रूप रस गन्ध) कही हैं उन के साथ यह सम्पूर्ण सृष्टि के क्रमशः उत्पन्न है ॥२७॥ उस प्रभु ने सृष्टि के आदि में जिस स्वाभाविक कर्म में जिस की योजना की उसने पुन २ जब २ उत्पन्न हुवा स्वयं वही स्वाभाविक कर्म अपने आप किया ॥२८॥

हिंस्राहिंस्रे मृदुक्रूरे धर्माधर्मावृतानृते ।
यद्यस्य सोऽदधात्सर्गे तत्तस्य स्वयमाविशत् ॥ २९ ॥
यथर्तुलिङ्गान्यृतवः स्वयमेवर्तुपर्यये ।
स्वानि स्वान्यभिपद्यन्ते तथा कर्माणि देहिनः ॥ ३० ॥

हिंस,-अहिंस कर्म, मृदु (दयाप्रधान) क्रूर, धर्म इत्यादि, अधर्म सत्य असत्य जिस का जो कुछ (पूर्व कल्प का) स्वय प्रविष्ट था. वह वह उस२ को सृष्टि के समय उसने धारण कराया ॥२९॥ जैसे वसन्त आदि ऋतुयें अपने २ समय में निज २ ऋतु चिन्हों को प्राप्त होते हैं. उसी प्रकार मनुष्यादि भी अपने २ कर्मों को पूर्वकल्प के बचे कर्मानुसार प्राप्त हो जाते हैं ॥३०॥

लोकानान्तु विवृद्धयर्थं मुखबाहूरुपादतः ।
ब्राह्मणं क्षत्रियं वैश्यं शूद्रं च निवर्तयत् ॥ ३१ ॥
द्विधा कृत्वात्मनो देहमर्धेन पुरुषोऽभवत् ।
अर्धेन नारी तस्यां स विराजमसृजत्प्रभुः ॥ ३२ ॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

लोकों की वृद्धि के लिये मुख ब्राह्मण बाहू क्षत्रिय, ऊरू वैश्य, पाद शूद्र (इस क्रम से सृष्टि कर्त्ता ने) उत्पन्न किये ॥३१॥ उस प्रभु ने अपने जगत् रूपी शरीर के दो भाग किये, अर्द्ध भाग से पुरुप और अर्द्ध भाग से स्त्री हुई, उस स्त्री मे विराट् (सारे जगत् को एक पुरुष रूप मे) उत्पन्न किया ॥३२॥

(यहां सब जगत् को एक पुरुप माना है। जिस मे अर्धभाग स्त्रीपने का और अर्ध पुरुषपने का है। मनुष्य, पशु, पक्षी, वृक्ष और पृथिव्यादि लोक इत्यादि सब मे स्त्री भाव और पुरुप भाव है)

" तपस्तप्त्वासृजद्यं तु स स्वयं पुरुषो विराट् ।
तं मां वित्तास्य सर्वस्य स्रष्टारं द्विजसत्तमाः ॥ ३३ ॥

अहं प्रजाः सिसृक्षुस्तु तपस्तप्त्वा सुदुश्चरम् ।
पतीन्प्रजानामसृजं महर्षीनादितो दश ॥ ३४ ॥,,

हे द्विजश्रेष्ठो ! उसी विराट पुरुष ने तप करके जिस को उत्पन्न किया वह सब का उत्पन्न करने वाला मुझे जानो ॥ ३३ ॥ मैंने प्रजा उत्पन्न करने की इच्छा से उग्र तप करके प्रजा के पति दश १० महर्षियों को प्रथम उत्पन्न किया ॥ ३४ ॥

"मरीचिमत्र्यङ्गिरसौ पुलस्त्यं पुलहं क्रतुम् ।
प्रचेतसं वसिष्ठं च भृगु नारदमेव च ॥ ३५ ॥

एते मनूंस्तु सप्तान्यानऽसृजन्भूरितेजसः ।
देवान्देवनिकायांश्च महर्षींश्चामितौजसः ॥ ३६ ॥

"(उन दश महर्षियो के नाम) मरीचि १ अत्रि २ अङ्गिरस ३

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

पुलस्त्य ४ पुलह ५ केतु ६ प्रचेतस् ७ वसिष्ठ ८ भृगु ९ और नारद १० को ॥३५॥ इन बड़े प्रकाश वाले दश प्रजापतियों ने अन्य बड़े कान्ति वाले सातमनु तथा देवतों और उनके स्थानों और ब्रह्मर्षियों को उत्पन्न किया ॥३६॥ '

"यक्षरक्षः पिशाचांश्च गन्धर्वाप्सरसोऽसुरान् ।
नागान्सर्पान्सुपर्णांश्चपितॄणां च पृथग्गणान् ॥३७॥
विद्युतोऽशनिमेघांश्च रोहितेन्द्रधनूंषि च ।
उल्कानिर्घातकेतूंश्च ज्योतींष्युच्चावचानि च ॥३८॥"

' और यक्षरक्षः पिशाच गन्धर्व, अप्सरा, असुर, नाग, सर्प सुपर्ण और पितरों के गण (समूह) को ॥३७॥ और विद्युत (जो बिजली बादलोंमें चमकती है) अशनि (जो बिजली लोहा आदि पर गिरती है,) मेघ=बादल रोहित, (जो नाना वर्ण दण्डाकार आकाश मे दिखाई देते हैं) (वर्षा ऋतु में) इन्द्रधनुष (प्रसिद्ध) उल्का (जो रेखाकार आकाश से गिरती है) निर्घात = अन्तरिक्ष या पृथिवी से उत्पातशब्द केतु (पूंछल वाले तारे) और नाना प्रकारके तारे ॥३८॥

"किन्नरान्वानरान्मत्स्यान्विविधांश्च विहंगमान् ।
पशून्मृगान् मनुष्यांश्च व्यालांश्चोभयतोदतः ॥३९॥
कृमिकीटपतङ्गांश्च यूका मक्षिकमत्कुणम् ।
सर्वंच दंशमशकं स्थावरं च पृथग्विधम् ॥४०॥"

किन्नर वानर मत्स्य नानाप्रकार के पक्षी पशु, मृग मनुष्य व्याल और जिन के ऊपर नीचे दांत होते हैं ॥३९॥ कृमि, कीट, पतङ्ग जूका, खटमल और सम्पूर्ण (क्षुद्र जीव) मच्छर इत्यादि काटने वाले और स्थावर नाना प्रकार के (वृक्ष लता वल्ली इत्यादि) ॥४०॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

"एवमेतैरिदं सर्वं मन्नियोगान्महात्मभिः ।
यथाकर्म तपोयोगात्सृष्टं स्थावरजङ्गमम् ॥४१॥"

'पूर्वोक्त (मरीचि आदि) महात्माओं ने मेरी आज्ञा तथा अपने तपके प्रभावसे यह सम्पूर्ण स्थावर जङ्गम कर्मानुसाररचा ॥४१॥'

(३३ से ४१ तक ९ श्लोक हमारी सम्मति मे अवश्य पीछे से मिलाये गये हैं । परमात्मा ने लोक, मनुष्य ब्राह्मणादि वर्ण वेद तथा अन्य सब जगत् बनाया यहा ४ जगत्कर्ता पाये जाते हैं १ परमात्मा २ विराट, ३ मनु ४ मरीच्यादि । इनमें ३६ वे श्लोक मे मरीच्यादि ऋषियोसे अन्य ७ मनुओका उत्पन्न होना कहाहै । सब लोग ब्रह्मा का पुत्र मनु को मानते हैं यहां विराट का पुत्र मनु कहा है । ३३ वें श्लोकमे मनु अपनेको सब जगत् का बनानेवाला बताते हैं जो इसी मनु के पूर्व श्लोको, वेदो और पुराणो तक के विरुद्ध है । तथा १ श्लोक ४० वें के आगे और भी किन्हीं पुस्तको मे पाया जाता है, सबों मे नहीं । इस से जाना जाता है कि वह तो बहुत ही थोडे समय से मिलाया गया है वह यह है-

"यथाकर्म यथाकालं यथाप्रज्ञं यथाश्रुतम् ।
यथायुगं यथादेशं यथावृत्ति (यथोत्पत्ति) यथाक्रमम् ॥"

'इस श्लोक का (यथोत्पत्ति*) पाठ उज्जैन नगरी के (आठवले) नाना साहिबके रामकृत टीकायुक्त पुस्तक मे पाया जाता है । यह श्लोक सिताराके समीपवर्ती येनेश्वर स्थानके द्रविड़ शङ्करात्मज रामचन्द्र के मूलमात्र पुस्तक मे भी पाया जाता है । तथा उज्जैन के (सोरठी बाबा) रामभाऊ शर्मा के मूल पुस्तक मे भी पाया जाता है शेष २७ प्रकारके पुराने लिखे पुस्तको मे यह श्लोक नही है । हमको आश्चर्य यह है कि मेधातिथि आदि ६ टीकाकारों ने न जाने क्यो इस विरोध पर दृष्टि भी नही की) ॥४१॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

येषां तु यादृशं कर्म भूतानामिह कीर्तितम् ।
तत्तथा वोऽभिधास्यामि क्रमयोगं च जन्मनि ॥ ४२ ॥

इस संसार में जिन प्राणियों का जो कर्म कहा है उसी प्रकार हम कहेंगे तथा उनके जन्म में क्रम भी (कहेंगे) ॥४२॥

पशवश्च मृगाश्चैव व्यालाश्चोभयतोदतः ।
रक्षांसि च पिशाचाश्च मनुष्याश्च जरायुजाः ॥४३॥
अण्डजाः पक्षिणः सर्पा नक्रामत्स्याश्चकच्छपाः ।
यानि चैवं प्रकाराणि स्थलजान्यौदकानि च ॥४४॥

[जरायु (गर्भ की झिल्ली) से जो उत्पन्न हो उसे जरायुज कहते हैं] गाय आदि पशु हरिणादि मृग, सिंह और जिनके ऊपर नीचे दांत होते हैं वे और राक्षस (स्वार्थी) पिशाच (कच्चे मांस खाने वाले) मनुष्य ये सब जरायुज हैं ॥ ४३ ॥ और पक्षी (परन्द) सर्प नाके, कछुवे इत्यादि इसी प्रकार के भूमि पर तथा पानी में उत्पन्न होने वाले भी सब अण्डज कहलाते हैं ॥ ४४ ॥

स्वेदजं दंशमशकं यूकामक्षिकमत्कुणम् ।
उष्मणश्चोपजायन्ते यच्चान्यत्किंचिदीदृशम् ॥४५॥
उद्भिज्जाः स्थावराः सर्वे बीजकाण्डप्ररोहिणः ।
ओषध्यः फलपाकान्ता बहुपुष्पफलोपगाः ॥ ४६ ॥

मच्छर और काटने वाले क्षुद्र जीव, जुआं, मक्षिका खटमल इत्यादि और जो गरमी से उत्पन्न होते हैं और जो इन्हीं के सदृश (चींटियां इत्यादि) स्वेदज अर्थात् पसीने से उत्पन्न होने वाले है ॥४५॥ जो भूमि को फाड़ कर ऊपर निकले, उन को उद्भिज्ज

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

कहते है। वे ये हैं:-स्थावर अर्थात् वृक्षादि इनमे दो प्रकार हैं एक बीज से उत्पन्न होने वाले, दूसरे शाखा से (धान यव इत्यादि) जिन का फल पाक मे अन्त हो जाता है और पुष्प फल जिन मे अधिक होते हैं उन को ओषधि (उद्भिज्ज) कहते हैं ॥ ४६ ॥

अपुष्पाः फलवन्तो ये ते वनस्पतयः स्मृताः।
पुष्पिणः फलिनश्चैव वृक्षास्तूभयतः स्मृताः ॥४७॥
गुच्छगुल्मं तु विविधं तथैव तृणजातयः।
बीजकाण्डरुहाण्येव प्रताना वल्ल्य एव च ॥ ४८ ॥

जिन मे पुष्प नहीं किन्तु फल ही होता है उन को वनस्पति कहते हैं और जो पुष्प फल से युक्त हों उनको वृक्ष कहते हैं ॥४७॥ जिस में जडसे ही लता का मूल हो और शाखा इत्यादि न हो उस को गुच्छ कहते हैं (जैसे मल्लिका) गुल्म (जैसे इक्षु प्रभृति) तृणजाति, नाना प्रकार के बीज शाखा से उत्पन्न होने वाले और प्रतान (जिन मे सूत सा निकले जैसे कद्दू खीरा इत्यादि) और वल्ली (जैसे गुडूच्यादि) उद्भिज्ज हैं ॥ ४८ ॥

तमसा बहुरूपेण वेष्टिता कर्महेतुना।
अन्तः संज्ञा भवन्त्येते सुखदुःखसमन्विताः ॥ ४९ ॥
एतदन्तास्तु गतयो ब्रह्माद्याः समुदाहृताः।
घोरेऽस्मिन्भूतसंसारे नित्यं सततयायिनि ॥ ५० ॥

ये (वृक्ष) अधिक तमोगुण और (दुःख देने वाले अधर्म) कर्मों से व्याप्त हैं। इनके भीतर छुपा ज्ञान रहता है। सुख दुःख से युक्त रहते हैं * ॥ ४९ ॥ इस नाशवान् प्राणियो को भयङ्कर और

* जिस प्रकार जलादि के न मिलने से मनुष्यादि मर जाते हैं वैसे वृक्षादि भी।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सदा चल संसार मे ब्रह्मा से स्थावरपर्यन्त ये गतिये कहीं ॥ ५० ॥

एवं सर्वं स सृष्ट्वेदं मां चाचिन्त्यपराक्रमः ।
आत्मन्यन्तर्दधे भूयः कालं कालेन पीडयन् ॥ ५१ ॥
यदा स देवो जागर्ति तदेदं चेष्टते जगत् ।
यदा स्वपिति शान्तात्मा तदा सर्वं निमीलति ॥ ५२ ॥

उस अचिन्त्यपराक्रम ईश्वर ने सम्पूर्ण (स्थावरजङ्गमरूप) सृष्टि और मुक्ति मनु को ऐसे उत्पन्न करके सृष्टिकाल को प्रलयकाल से नाश करते हुवे अपने मे छपा लिया है (अर्थात् प्राणियो के कर्मवश से पुनः पुनः सृष्टि प्रलय करता है) ॥ ५१ ॥ जब प्रजापति जागता=(सृष्टि करने की इच्छा करता) है उस समय यह सम्पूर्ण जगत् चेष्टायुक्त हो जाता है और जब निवृत्ति की इच्छा होती है तब सम्पूर्ण लय को प्राप्त होता है । (यही उस का सोना जागना है) ॥ ५२ ॥

तस्मिन् स्वपिति तु स्वस्थे कर्मात्मानः शरीरिणः ।
स्वकर्मभ्यो निवर्तन्ते मनश्च ग्लानिमृच्छति ॥ ५३ ॥
युगपत्तु प्रलीयन्ते यदा तस्मिन महात्मनि ।
तदायं सर्वभूतात्मा सुखं स्वपिति निर्वृतः ॥ ५४ ॥

जब वह व्यापारो से रहित हो शयन करता है उस समय कर्मात्मा (जो कि शरीर के साथ तक कर्तबन्धनसे नहीं छूटते है) प्राणी अपने २ कर्म से निवृत्त हो जाते हैं और मनस्तत्त्वभी क्षीण हो जाता है ॥ ५३ ॥ एक ही समय जब वे संपूर्ण ईश्वर मे प्रलय को प्राप्त होते हैं उस समय (दुःख दुःखादि से रहित जीवो को सुषुप्त का सुख प्राप्त हो इस लिये) यह परमात्मा निवृत्त और सोता कहा जाता है ॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

(कभी भी अनुभव न किया हुवा प्रलय का वर्णन लोगों की समझ में कुछ न कुछ आजावे, इस लिये प्रलय को परमात्मा की रात्रि करके वर्णन किया गया है। वस्तुतः परमात्मा चेतनस्वरूप सदा जागने वाला ही है। जिस प्रकार सूर्य वनस्पतियों के उगने और सूखने का हेतु है परन्तु किसी वृक्षादि के उगाने वा सुखाने के समय सूर्यका स्वरूप नहीं बदलता किन्तु एकसा ही रहता हुवा सूर्य उगाता और सुखाता भी है। किन्तु वे वृक्षादि अपने स्वभाव, भेद और अवस्थाभेद से सूर्य का प्रभाव अपने ऊपर अनेक प्रकार का डालते हैं। यद्यपि सूर्य का प्रभाव है एक ही प्रकार का। ऐसे ही परमात्मा के सब गुण सदा एकसे ही रहते हैं, परन्तु प्रकृति कभी विकृत होती है कभी प्रकृत और इसीसे जब विकृत होती है तब परमात्माकी व्यापकता का फल उत्पत्ति और जब प्रकृत होती है तब उसकी व्यापकता का फल प्रलय हो जाता है) ॥५४॥

तमोऽयं तु समाश्रित्य चिरं तिष्ठति सेन्द्रियः ।
न च स्वं कुरुते कर्म तदोत्क्रामति मूर्त्तितः ॥५५॥

यदाणुमात्रिको भूत्वा बीजं स्थास्नु चरिष्णु च ।
समाविशति संसृष्टस्तदा मूर्त्तिं विमुञ्चति ॥५६॥

जब यह जीव इन्द्रियों सहित बहुत कालपर्यन्त तम (सुषुप्ति) को आश्रय करके रहता है और अपना कर्म (श्वासप्रश्वासादि) नहीं करता तब शरीर से पृथक् हुवा रहता है ॥५५॥ जब अणुमात्रिक होकर (अर्थात् अणु है मात्रायें जिसकी उस अणुमात्र को पुर्यष्टक कहते हैं अर्थात् शरीर प्राप्त होने की आठ सामग्री जीव १ इन्द्रिय २ मन ३ बुद्धि ४ वासना ५ कर्म ६ आयु ७ अविद्या ८ ये आठ मिलकर अणुमात्र कहलाते हैं तो प्रथम अणुमात्रिक होकर)

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अचर (वृक्षादि) वा चर (मनुष्यादि) के हेतु भूत बीजों मे प्रविष्ट होता है। तब उनमें मिलकर शरीर को धारण करता है ।।५६।।

एवं स जाग्रत्स्वप्नाभ्यामिदं सर्वं चराचरम् ।
सञ्जीवयति चाजस्रं प्रमापयति चाव्ययः ।।५७।।

ऐसे वह अविनाशी परमात्मा शयन और जाग्रत् से इस संपूर्ण चराचर को निरन्तर उत्पन्न और नष्ट करता है ।।५७।।

"इदं शास्त्रं तु कृत्वाऽसौ मामेव स्वयमादितः ।
विधिवद् ग्राहयामास मरीच्यादींस्त्वहं मुनीन् ।।५८।।"

"मनुजी कहते हैं कि इस (ब्रह्मा) ने सृष्टिके प्रथम इस धर्म-शास्त्र का निर्माण करके विधिवत् मुझको उपदेश किया. अनन्तर मैंने मरीच्यादि मुनियोंको पढ़ाया ।।५८।।"

"एतद्वोऽयं भृगुः शास्त्रं श्रावयिष्यत्यशेषतः ।
एतद्धि मत्तोऽधिजगे सर्वमेषोऽखिलं मुनिः ।।५९।।

ततस्तथा स तेनोक्तो महर्षिर्मनुना भृगुः ।
तानब्रवीदृषीन्सर्वान्प्रीतात्मा श्रूयतामिति ।।६०।।'

'यह सम्पूर्ण शास्त्र भृगु आप लोगों को सुनावेगा जो मुझसे सम्पूर्ण पढ़ा है ।। ५९ ।।' अनन्तर महर्षि भृगु ने मनु की आज्ञा पाकर प्रसन्न चित्त होकर उन सब ऋषियों के प्रति कहा कि सुनिये ।। ६० ।।"

"स्वायंभुवस्यास्य मनोः षड्वंश्या मनवोऽपरे ।
सृष्टवन्तः प्रजाः स्वाः स्वा महात्मानो महौजसः ।।६१।।
स्वारोचिषश्चौत्तमश्च तामसो रैवतस्तथा ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

चाक्षुषश्च महातेजा विवस्वत्सुत एव च ॥६२॥"

इस स्वायम्भुव मनुके वंशमें उत्पन्न हुए छः मनु और हैं। उन बडे पराक्रम वाले महात्माओंने अपनी२ सृष्टि उत्पन्न की थी ॥६१॥ (उनके नाम) स्वारोचिष १ औत्तम २ तामस ३ रैवत ४ चाक्षुप ५ और वैवस्वत ६। ये छः बडे कान्ति वाले हैं ॥ ६२ ॥"

"स्वायंभुवाद्याः सप्तैते मनवो भूरितेजसः ।
स्वे स्वेऽन्तरे सर्वमिदमुत्पाद्यापुश्चराचरम् ॥६३॥"

'स्वायम्भुव आदि सात मनु बड़े तेजस्वी हुये जिन्होंने अपने अपने अधिकार मे सम्पूर्ण चर अचर सृष्टि को उत्पन्न करके पालन किया। (५८ से ६३ तक ६ श्लोक असङ्गत जान पड़ते हैं। ५८ वें मे मनु का यह कहना असङ्गत है कि मैंने यह शास्त्र परमात्मा से ग्रहण किया। यदि वेदों का तात्पर्य लेकर बनाये हुवे को भी ईश्वरीय कहें तो न्यायशास्त्रादि सब ग्रन्थ परमेश्वर से ही ऋषियों ने पढ़े मानने पड़ेंगे और मनु का ऋषियो से यहां तक अविच्छिन्न सम्वाद चला आता है। इसलिये यह वाक्य भृगु की ओर से नहीं माना जा सकता। और ५८ वें मे यह कह कर कि मैंने परमात्मा से पढ़ा और फिर मरीच्यादि को पढाया ५९ वें मे आगे यह कथन है कि सो मेरा पढाया हुआ शास्त्र भृगु तुम को सुनावेगा। इससे भी मनु का ही ऋषियों से सम्वाद चलता रहना पाया जाता है। किन्तु ये श्लोक बनाने वाले ने इस ग्रन्थ की अपौरुषेयता सिद्ध करने और यह सिद्ध करने को कि मैंने साक्षात् मनु से पढा बनाये है। आगे। ६१। ६२। ६३ श्लोकों मे यह वर्णन है कि स्वायंभुव के वंश मे छः और मनु हुवे थे जिन्होंने अपने अपने समय में चराचर जगत् बनाये और पाले। इस से यह झलकता है कि श्लोककर्त्ता से

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

पूर्व छः मन्वन्तर बीत चुके थे। तो छ मन्वन्तर बीतने पर इस भृगु को उपदेश करने स्वायम्भुव मनु कहां से आया ? इन श्लोकों का यह कहना असत्य है कि मनु वंश मे कोई देहधारी मनु नामक मनुष्य हुवे और उन्होने अपनी २ प्रजा बनाईं। ७१ चतुर्युगियों का १ मन्वन्तर आगे श्लोक ७९ मे कहेंगे। फिर कोई राजा इतने दिनों तक कैसे वर्तमान रह सकता है। पुराणों मे सत्ययुग मे एक लक्ष त्रेता मे १० सहस्र द्वापर मे एक सहस्र और कलि में १०० वर्ष की आयु लिखी है। यह भृगु तो उस से भी आगे बढ़ गया। मन्वन्तर किसी पुरुष का नाम भी नही है किन्तु जैसे सत्ययुग आदि चार युग काल की संज्ञा हैं वैसे मन्वन्तर भी, आगे ७९ वें श्लोक मे कहे प्रमाण, ७१ चतुर्युगियों के बराबर काल की संज्ञा हैं। काल के नाम पर राजा का नाम सम्भव माने तो भी एक मनु के वंश मे दूसरा मनु कैसे रहे। और इतने दीर्घ काल तक एक २ पुरुष की आयु कैसे रहे। क्यों कि ६३ वे श्लोक में (स्वे स्वेन्तरे) कहा है कि अपने २ काल के अन्तर (मन्वन्तर) मे उस २ मनु ने अपनी २ प्रजा रची और पाली। और मन्वन्तर का वर्णन काल के विभागो (निमेष से लेकर) को बतलाते हुए ७९ वें श्लोक में आवेगा। फिर निमेष काष्ठा, कला, मुहूर्त, दिन, रात वर्ष, युग इत्यादि के पश्चात् वर्णन करने योग्य मन्वन्तर का यहां प्रथम ही वर्णन करना असङ्गत और पुनरुक्त भी है। श्लोक ५९ मे (अशेषतः) (सर्वम्) (अखिलम्) यह तीन पद एक ही अर्थ मे पुराणों की शैली के से व्यर्थ भी हैं) ॥

निमेषा दश चाष्टौ च काष्ठा त्रिंशत्तु ताः कला ।
त्रिंशत्कला मुहूर्तः स्यादहोरात्रं तु तावतः ॥६४॥

(सृष्टि का समय जानने के लिये समय की संज्ञा निरूपण

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

करते हैं) आंख पलक गिरने के समय का नाम निमेष है। १८ निमेष की १ काष्ठा होती है तीन काष्ठा की १ कला, तीस कला का १ मुहूर्त, तीस मुहूर्त का १ दिन रात होता है ॥६४॥

अहोरात्रे विभजते सूर्यो मानुषदैविके ।
रात्रिः स्वप्नाय भूतानां चेष्टायै कर्मणामहः ॥६५॥

पित्र्ये रात्र्यहनी मासः प्रविभागस्तु पक्षयोः ।
कर्मचेष्टास्वहः कृष्णः शुक्लः स्वप्नाय शर्वरी ॥६६॥

सूर्य, मनुष्य, देव सम्बन्धी रात दिन का विभाग करता है। उसमें मनुष्यादिके शयनको रात्रि और कर्म करनेको दिन है ॥६५॥ मनुष्य के एक मास का १ रात दिन पितरों का होता है, उस में कृष्णपक्ष दिन कर्म करने के लिये और शुक्लपक्ष रात्रि शयन करने के लिये है ॥६६॥

दैवे रात्र्यहनी वर्षं प्रविभागस्तयोः पुनः ।
अहस्तत्रोदगयनं रात्रिः स्याद्दक्षिणायनम् ॥६७॥

ब्राह्मस्य तु क्षपाहस्य यत्प्रमाणं समासतः ।
एकैकशो युगानां तु क्रमशस्तन्निबोधत ॥६८॥

मनुष्यों के एक वर्ष में देवतों का रात्रि दिवस होता है। फिर उन का विभाग यह है कि उस मे उत्तरायण दिन है और दक्षिणायन रात्रि है। (पितरों की दिन रात्रि का तात्पर्य चन्द्रलोक वालों की दिनरात्रि है। उपनिषदों मे पितृगति को चन्द्रलोक की गति और देवगति को सूर्यलोक की गति करके कहा है। सूर्य की परिक्रमा पृथ्वी एक वर्ष मे करती है। इस विचारसे सूर्यापेक्षा उत्तरायण प्रकाश की वृद्धि से दैव दिन और दक्षिणायन प्रकाश

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

की घटती से दैवी रात्रि माना गया है। चन्द्रलोक पृथ्वी की परिक्रमा एक मास में करता है इस से चन्द्र=पितृलोक की १५ दिन,की १ रात्रि और १५ दिन का एक दिन कहा है) ॥६७॥ अब ब्राह्मरात्रि दिवस और (कृत त्रेता, द्वापर, कलि) प्रत्येक युगों का भी परिमाण क्रम से सुनो ॥६८॥

चत्वार्याहुः सहस्राणि वर्षाणां तु कृतं युगम् ।
तस्य तावच्छती सन्ध्या संध्यांशश्च तथाविधः ॥६९॥
इतरेषु ससंध्येषु ससंध्यांशेषु च त्रिषु ।
एकापायेन वर्त्तन्ते सहस्राणि शतानि च ॥७०॥

(मनुष्यों के ३६० वर्ष का १ दैव वर्ष, ऐसे) चार हजार वर्ष को कृत युग कहते हैं और उस की सन्ध्या (युग का पूर्वकाल) चार सौ वर्ष का होता है और सन्ध्यांश (युग का परकाल)[भी चार सौ वर्ष का होता है। (सन्ध्या और सन्ध्यांश मिल कर कृतयुग ४००० दैव वर्ष का होता है ॥६९॥ अन्य तीन (त्रेता, द्वापर, कलि) की सन्ध्या और सन्ध्यांश के साथ जो संख्या होती है, वह क्रम से सहस्र में की और शत में की एक २ संख्या घटाने से तीनों संख्या पूरी होती हैं (जैसे, कृतयुग ४८०० = १७२८०००, त्रेता ३६०० = १२९६०००, द्वापर २४००=८६४०००, कलि १२०० = ४३२०००, चारों १२००० = ४३२०००० वर्ष १ चतुर्युगी) ॥७०॥

यदेतत्परिसंख्यातमादावेव चतुर्युगम् ।
एतद् द्वादशसाहस्रं देवानां युगमुच्यते ॥७१॥
दैविकानां युगानां तु सहस्रं परिसंख्यया ।
ब्राह्ममेकमहर्ज्ञेयं तावतीं रात्रिरेव च ॥७२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

यह जो प्रथम गिनाये इन्हीं चार युगोंको बारह हज़ार १२००० गुणा करके १ देव युग कहाता है ॥७१॥ दैव सहस्र युगों का ब्रह्मा का एक दिन और सहस्र युगों की रात्रि (अर्थात् दैव दो सहस्र होने से) ब्रह्मा का रात्रि दिन होता है। दैव १००० वर्ष का एक युग इसे १००० गुणा करने से १२०००००० दैव वर्ष का १ ब्राह्म दिन हुवा। इसे ३६० गुणा करने से ४३२००००००० चार अर्ब बत्तीस करोड़ मानुष वर्षों का ब्राह्म दिन और इतनी ही रात्रि हुई ॥७२॥

तद्वै युगसहस्रान्तं ब्राह्मं पुण्यमहर्विदुः ।
रात्रिं च तावतीमेव तेऽहोरात्रविदोजनाः ॥७३॥
तस्यसोऽहर्निशस्यान्ते प्रसुप्तःप्रतिबुध्यते ।
प्रतिबुद्धश्च सृजति मनः सदसदात्मकम् ॥७४॥

सहस्र युग से अन्त अर्थात् समाप्ति है जिसकी उसे ब्रह्मा का पुण्य दिवस और उतनी ही रात्रिको वे अहोरात्रज्ञ जानते हैं ॥७३॥ पूर्वोक्त अहोरात्र के अन्त मे वह (ब्रह्मा) सोनेसे जाग्रत होता है और जागकर सङ्कल्प विकल्पात्मक मन को उत्पन्नकरता है ॥७४॥

मनः सृष्टिं विकुरुते चोद्यमानं सिसृक्षया ।
आकाशं जायते तस्मात्तस्य शब्दं गुणंविदुः ॥७५॥
आकाशात्तु विकुर्वाणात्सर्वगन्धवहः शुचिः ।
बलवान् जायते वायुः स वै स्पर्शगुणोमतः ॥७६॥

(परमात्मा की) रचने की इच्छा से प्रेरित किया हुवा मन सृष्टि को विकृत करता है। मनस्तत्वसे आकाश उत्पन्न होता है उस के गुण को शब्द कहते हैं ॥७५॥ आकाश के विकार से सब गन्ध

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

को ले चलने वाला पवित्र बलवान वायु उत्पन्न होता है वह स्पर्श गुण वाला माना है ॥७६॥

वायोरपि विकुर्वाणाद्विरोचिष्णु तमोनुदम् ।
ज्योतिरुत्पद्यते भास्वत्तद्रूपगुणमुच्यते ॥७७॥
ज्योतिषश्च विकुर्वाणाद पोरसगुणाः स्मृताः ।
अद्भ्यो गन्धगुणा भूमिरित्येषा सृष्टिरादितः ॥७८॥

वायु के विकार से तम का नाश करने वाला प्रकाशित चमकीला अग्नि उत्पन्न होता है उसका गुण रूप है ॥७७॥ अग्नि के विकार से जल उत्पन्न होता है जिसका गुण रस है और जल से पृथिवी. जिसका गुण गन्ध है। प्रथमसे सृष्टिका यह क्रम है ॥७८॥

यत्प्राग्द्वादशसाहस्रमुदितं दैविकं युगम् ।
तदेकसप्ततिगुणं मन्वन्तरमिहोच्यते ॥७९॥
मन्वन्तराण्यसङ्ख्यानि सर्गः संहार एव च ।
क्रीडन्निवैतत्कुरुते परमेष्ठी पुनः पुनः ॥८०॥

पूर्व जो बारह सहस्र वर्ष का दैव युग कहाता था, ऐसे एकहत्तर युग का एक मन्वन्तर होता है ॥७९॥ मन्वन्तर असंख्य हैं। सृष्टि और संहार=प्रलय भी असंख्य हैं। इन को बार बार प्रजापति क्रीड़ावत् (विना श्रम) ही किया करता है ॥८०॥

"चतुष्पात्सकलो धर्मः सत्यं चैव कृते युगे।
नाधर्मेणागमः कश्चिन् मनुष्यान् प्रतिवर्तते ॥८१॥
इतरेष्वागमाद्धर्मः पादशस्त्ववरोपितः ।
चौरिकानृतमायाभिर्धर्मश्चापैति पादशः ॥८२॥"

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

"सत्ययुग मे धर्म पूर्ण चतुष्पाद् और सत्य रहता है क्योंकि तब अधर्म से मनुष्यों को धन प्राप्त नहीं होता ॥८१॥ इतर (तीन= त्रेता द्वापर कलि) में वेद मे प्रतिपादित धर्म क्रमश चोरी, झूंठ, माया, इन से धर्म चौथाई २ क्षीण होता है ॥८२॥"

"अरोगाः सर्वसिद्धार्थाश्चतुर्वर्षशतायुषः ।
कृतत्रेतादिषु ह्येषामायुर्ह्रसति पादशः ॥८३॥
वेदोक्तमायुर्मर्त्यानामाशिषश्चैव कर्मणाम् ।
फलन्त्यनुयुगंलोके प्रभावश्च शरीरिणाम् ॥८४॥"

"सत्ययुग में सब रोग रहित होते है और सम्पूर्ण मनोरथ पूरे होते हैं। आयु ४०० वर्ष की होती है। आगे त्रेतादि मे इनकी चौथाई२ आयु घटती है ॥८३॥ मनुष्योकी वेदानुकूल आयु कर्मोंके फल और शरीरधारियोंके प्रभाव सब युगानुकूल फलते हैं ॥८४॥

"अन्ये कृतयुगे धर्मास्त्रेतायां द्वापरे परे ।
अन्ये कलियुगे नृणां युगह्रासानुरूपतः ॥८५॥
तपः परं कृतयुगे त्रेतायां ज्ञानमुच्यते ।
द्वापरे यज्ञमेवाहुर्दानमेकं कलौ युगे ॥८६॥"

युगो की हीनता के अनुसार मनुष्यो के धर्म सत्ययुग के और हैं त्रेता के दूसरे हैं द्वापर के अन्य और कलियुग के और ही हैं ॥८५॥ कृतयुग मे तप मुख्य धर्म है त्रेता मे ज्ञान प्रधान है, द्वापर मे यज्ञ कहते है और कलि मे एक दान ही प्रधान है ॥८६॥

(८१ से ८६ तक छः श्लोक भी प्रक्षिप्त जान पडते हैं। क्योकि मनु सा धर्मात्मा सत्यवादी पुरुष ऐसा असत्य लिखे सो सम्भव नहीं प्रतीत होता जैसा कि ८१ श्लोक मे कहा है कि सत्ययुग मे

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

धर्म पूरा होता है अधर्म की मनुष्यों में प्रवृत्ति नहीं होती। यह बात प्रथम तो "काल" क्या वस्तु है इस बात पर विचार करने से ज्ञात हो सकती है:—

अपरस्मिन्नपरं युगपच्चिरं क्षिप्रमिति काललिङ्गानि ॥
वैशेषिकदर्शन अ० २ आ० २

पहले पीछे एक साथ और शीघ्र, ये काल के चिन्ह हैं। इसमें धर्म वा अधर्म में प्रवृत्त करना काल का काम नहीं। तथा यह इतिहास प्रमाण के भी विरुद्ध है कि सत्ययुग में अधर्म न हुआ हो। इतिहासों के विचार से ज्ञात होता है कि सब युगों में पापी पुण्यात्मा देव, असुर इत्यादि होते रहे हैं। यह लेख मनु के ही पूर्व लेख के प्रतिकूल है। मनु में पूर्व श्लोक २ मे लिखा है कि प्रजा प्रथम धर्माधर्म सुख दुःख से युक्त हुई। तो सृष्टि के आरम्भ में पहले सत्ययुग होता है उसमें अधर्म और दुःख कैसे उत्पन्न हुवे! श्लोक२९ में हिंसक अहिंसक मृदु क्रूर धर्माऽधर्म सत्या सत्य थे तो सत्ययुगमे क्यों थे ? इत्यादि प्रकारसे और इस कारणसे भी कि इन युगों की व्याख्या श्लोक ६९। ७० में हो चुकी। मनुजी युग में धर्माऽधर्म का प्रभाव बताते तो उसी के आगे लिखते। अतः ये श्लोक प्रक्षिप्त जान पड़ते हैं। ८२ वें मे त्रेता मे चोरी द्वापर में असत्य और कलि में छल होना बताना भी पूर्वोक्त कारणों से माननीय नहीं। ८३ मे सत्ययुग में सबका नीरोग रहना बताना भी उक्त कारणो से अग्राह्य है। ८४। ८५ और ८६ में जो काल के प्रभाव लिखे है वे भी उक्त प्रकार से शास्त्रों, इतिहासों और मनुवचनो से भी विरुद्ध हैं। श्लोक ८० का ८७ के साथ सम्बन्ध भी ऐसा ठीक मिलता है जिससे बीच के ६ श्लोक अनावश्यक जान पड़ते है)॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सर्वस्यास्य तु सर्गस्य गुप्त्यर्थं स महाद्युतिः ।
मुखबाहूरुपज्जानां पृथक्कर्माण्यकल्पयत् ॥८७॥
अध्यापनमध्ययनं यजनं याजनं तथा ।
दानं प्रतिग्रहं चैव ब्राह्मणानामकल्पयत् ॥८८॥

उस महा तेजस्वी ने इस सब सृष्टि की रचनार्थ ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य शूद्रो के कर्मों को पृथक् २ बताया ॥८७॥ ब्राह्मणों के षट् कर्म-पढना, पढाना यज्ञ करना कराना, दान देना और लेना बताये है ॥ ८८ ॥

प्रजानां रक्षणं दानमिज्याऽध्ययनमेव च ।
विषयेष्वप्रसक्तिश्च क्षत्रियस्य समासतः ॥८९॥
पशूनां रक्षणं दानमिज्याऽध्ययनमेव च ।
वणिक्पथं कुसीदं च वैश्यस्य कृषिमेव च ॥९०॥

प्रजा की रक्षा, दान देना यज्ञ करना, पढ़ना और विषयोंमें न फंसना सक्षेप से क्षत्रिय के कर्म हैं ॥८९॥ पशुवों का पोषण, दान देना, यज्ञ करना, पढना, व्यापार करना, व्याज लेना और खेती, ये वैश्य के हैं ॥९०॥

एकमेव तु शूद्रस्य प्रभुः कर्म समादिशत् ।
एतेषामेव वर्णानां शुश्रूषामनसूयया ॥९१॥
ऊर्ध्वं नाभेर्मेध्यतरः पुरुषः परिकीर्तितः ।
तस्मान्मेध्यतमं त्वस्य मुखमुक्तं स्वयंभुवा ॥९२॥

प्रभु ने शूद्रो का एक ही कर्म बताया कि इन (तीनों) वर्णों की निन्दा रहित (जिसमें कोई निन्दा नहीं) सेवा करनी ॥ ९१ ॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

पुरुष नाभि के ऊपर पवित्रतर कहा है। इससे परमात्मा ने उसका मुख उससे भी पवित्र कहा है॥९२॥

उत्तमाङ्गोद्भवाज्ज्यैष्ठ्याद्ब्रह्मणश्चैव धारणात्।
सर्वस्यैवास्य सर्गस्य धर्मतो ब्राह्मणः प्रभुः॥९३॥
तंहिस्वयंभूः स्वादास्यात्तपस्तप्त्वाऽऽदितोऽसृजत्।
हव्यकव्याभिवाह्याय सर्वस्याऽस्य च गुप्तये॥९४॥

उत्तमाङ्गोद्भव (मुखतुल्य होने) और ज्येष्ठता और वेदके धारण कराने से ब्राह्मण संपूर्ण जगत्का धर्मसे प्रभु है॥ ९३ ॥ क्योंकि ब्राह्मण को परमात्माने देवता और पितरो के हव्य कव्य पहुंचाने और सम्पूर्ण जगत् की रक्षा के लिये (ज्ञानमय) तप करके (स्वस्वामिभाव से) अपने मुख से उत्पन्न किया है॥ (देवता-वायु आदि और पितर चन्द्रकिरणादि को हव्यकव्य नामक पदार्थ अग्नि में होमे जाते हैं 'उसे यज्ञ कहते हैं। यज्ञ कराना ब्राह्मण का कर्म बताया जा चुका है। इसलिये हव्यकव्य पहुंचाने का काम ब्राह्मणों का हुवा। "परमात्मा ने अपने मुखसे रचा" इसका तात्पर्य श्लोक ८८ के अनुसार यही है कि पढ़ना मुखसे पढ़ाना मुखसे यज्ञ करने करानेमे वेदपाठ मुखसेदान और आदानका वाक्य उच्चारण करना, प्रायः ये सब काम मुख से ब्राह्मण करता है। परमात्माने वेदद्वारा जो धर्मोपदेश किया है सो भी ब्राह्मण ऋषियों के मुख द्वारा किया है। यथार्थ मे परमात्मा तो सर्वेन्द्रियगुणाभासं सर्वेन्द्रिय विवर्जितम्। श्वेता० इत्यादि प्रमाणो से मुखादिरहित ही है)॥९४॥

यस्यास्येन सदाऽश्नन्ति हव्यानि त्रिदिवौकसः।
कव्यानि चैव पितरः किं भूतमधिकं ततः॥९५॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

भूतानां प्राणिनः श्रेष्ठाः प्राणिनां बुद्धिजीविनः ।
बुद्धिमत्सु नराः श्रेष्ठाः नरेषु ब्राह्मणाः स्मृताः ॥९६॥

हवन में जिस के मुख से (मुखोच्चारित मन्त्र के साथ) त्रिदिवौकस (पृथ्वी अन्तरिक्ष दिव् के रहने वाले निरुक्तोक्त वायु आदि) देवता हव्यों और पितर कव्यों को पाते हैं, उस से अधिक कौन प्राणी होगा ॥९५॥ भूतों (स्थावर,जङ्गमों)में प्राणी (कीटादि) श्रेष्ठ हैं। इन में भी बुद्धिजीवी (पश्वादि)। इन सब में मनुष्य श्रेष्ठ हैं और मनुष्यों में ब्राह्मण ॥९६॥

ब्राह्मणेषु च विद्वांसो विद्वत्सु कृतबुद्धयः ।
कृतबुद्धिषु कर्त्तारः कर्तृषु ब्रह्मवेदिनः ॥९७॥
उत्पत्तिरेव विप्रस्य मूर्तिर्धर्मस्य शाश्वती ।
स हि धर्मार्थमुत्पन्नो ब्रह्मभूयाय कल्पते ॥९८॥

ब्राह्मणों में अधिक विद्यायुक्त श्रेष्ठ हैं, विद्वानों में जिन की श्रौतोक्त कर्मों के विषय कर्त्तव्यबुद्धि हो, और उन से करने वाले और करने वालों से ब्रह्मज्ञानी श्रेष्ठ है ॥९७॥ ब्रह्मयज्ञ की उत्पत्ति ही धर्म की शाश्वत मूर्ति है क्यों कि वह ब्राह्मण धर्मार्थ उत्पन्न हुवा है। मोक्ष का अधिकारी है।

(ब्राह्मण, क्षत्रिय वैश्य द्विज कहाते हैं अर्थात् इन का जन्म एक बार माता के गर्भ में दूसरा गायत्री माता और गुरु पिता से होता है। यह द्विज कहाने का अधिकारी यथार्थ में दूसरे जन्म से होता है। इस लिये यहां ब्राह्मण की उत्पत्ति का तात्पर्य दूसरे विद्यासम्बन्धी जन्म से है) ॥९८॥

ब्राह्मणो जायमानो हि पृथिव्यामधिजायते ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ईश्वरः सर्वभूतानां धर्मकोशस्य गुप्तये ॥९९॥

सर्वं स्वं ब्राह्मणस्येदं यत्किञ्चिज्जगतीगतम् ।
श्रैष्ठ्येनाभिजनेनेदं सर्वं वै ब्राह्मणोऽर्हति ॥१००॥

ब्राह्मण का उत्पन्न होना ही पृथ्वी में श्रेष्ठ होता है, क्योंकि सम्पूर्ण जीवों के धर्मरूपी खजाने की रक्षार्थ वह प्रभु है (अर्थात् धर्म का उपदेश ब्राह्मण द्वारा ही होता है) ॥९९॥ जो कुछ जगत् के पदार्थ हैं वे सब ब्राह्मण के हैं। ब्रह्मोत्पत्तिरूप श्रेष्ठता के कारण ब्राह्मण सम्पूर्ण को ग्रहण करने योग्य है। (यह ब्राह्मण की प्रशंसा है कि सम्पूर्ण को ब्राह्मण अपने सा जाने किन्तु ब्राह्मण यह नहीं समझे कि पराये धन को चोरी आदि से ग्रहण करलूं। क्योंकि ब्राह्मणों को भी चोरी का दण्ड आगे लिखा है) ॥१००॥

स्वमेव ब्राह्मणो भुङ्क्ते स्वं वस्ते स्वं ददाति च ।
आनृशंस्याद् ब्राह्मणस्य भुञ्जते हीतरे जनाः ॥१०१॥

"तस्य कर्मविवेकार्थं शेषाणामनुपूर्वशः ।
स्वायंभुवो मनुर्धीमानिदं शास्त्रमकल्पयत् ॥१०२॥"

(जो कि) ब्राह्मण (दूसरे का भी दिया अन्न) भोजन करे या (दूसरे का दिया वस्त्र) पहिने या (दूसरे का दिया लेकर और को) देवे, सो सब ब्राह्मण का अपना ही है। अन्य लोग जो भोजनादि करते हैं वे केवल ब्राह्मण की कृपा से। (तात्पर्य यह है कि ब्राह्मण के ६ कर्मों मे व्यापारादि करना धन कमाना नहीं कहा, केवल दान और यज्ञ कराने आदि कामों में दक्षिणा लेना ही उस की जीविका है। इस पर कोई कदाचित यह समझें कि ब्राह्मण सेंत मेंत खावा' (मुफ्तखोरे) रहे सो नहीं। किन्तु ब्राह्मण

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

धर्मानुसार सब जगत् को चला कर जगत् का उपकार करता है और इस से अर्थ (धनादि) प्राप्त होते हैं तो एक प्रकार से धर्मोपदेष्टा होनेसे सब जगत् की कमाई का ब्राह्मण प्रधान सहायक होने से किसी को यह न समझना चाहिये कि ब्राह्मण व्यर्थभोजी (मुफ्तखोर) है। किन्तु सब को ब्राह्मण के मुख्यकर्म धर्मोपदेश से जीविका है यही उस की कृपा जानो। परन्तु यह प्रशंसा जन्म-मात्र के ब्राह्मण हुवो की नहीं। ऐसा यथार्थ ब्राह्मण बड़े तप से कभी कठिनता से कोई हो पाता है) ॥१०१॥ 'उस ब्राह्मण के, और शेष क्षत्रियादि के भी कर्म क्रमश जानने के लिये बुद्धिमान् स्वायम्भुव मनु ने यह धर्म शास्त्र बनाया ॥१०२॥

"विदुषा ब्राह्मणेनेदमध्येतव्यं प्रयत्नतः ।
शिष्येभ्यश्च प्रवक्तव्यं सम्यङ्नान्येन केनचित् ॥१०३॥
इदं शास्त्रमधीयानो ब्राह्मणः शंसितव्रतः ।
मनोवाग्देहजैर्नित्यं कर्मदोषैर्न लिप्यते ॥१०४॥"

विद्वान् ब्राह्मण को यह धर्म शास्त्र पढ़ना और शिष्यों को पढाना योग्य है। परन्तु अन्य किसी को नहीं ॥१०३॥ इस शास्त्र को पढा इस शास्त्र की आज्ञानुसार कर्म करने वाला ब्राह्मण मन वाणी और देह से उत्पन्न होने वाले पापोंसे लिप्त नहीं होता ।१०४।

"पुनाति पंक्ति वंश्यांश्च सप्त सप्त परावरान् ।
पृथिवीमपि चैवेमां कृत्स्नामेकोपि सोऽर्हति ॥१०५॥
इदं स्वस्त्ययनं श्रेष्ठमिदं बुद्धिविवर्धनम् ।
इदं यशस्यमायुष्यमिदं निःश्रेयसं परम् ॥१०६॥"

'अपवित्र पांति को (इस धर्मशास्त्र का जानने वाला) पवित्र

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

'कर देता है और अपने वंश के सात पिता प्रपिता आदि और सात पुत्रादि क्रम से इन सब १४ को पवित्र कर देता है तथा इस सम्पूर्ण पृथ्वी को भी पाह (लेने) योग्य है ॥१०५॥ यह शास्त्र कल्याण देने वाला और बुद्धि का बढ़ाने वाला तथा यश का देने वाला और आयु का बढाने वाला है और मोक्ष का भी सहायक है ॥१०६॥'

"अस्मिन्धर्मोऽखिलेनोक्तो गुणदोषौ च कर्मणाम् ।
चतुर्णामपि वर्णानामाचारश्चैव शाश्वतः ॥१०७॥'

'इस (स्मृति) में सम्पूर्ण धर्म कहा है और कर्मों के गुण दोष तथा चारों वर्णों का शाश्वत (परम्परा से होता आया) आचार भी कथन किया है ॥१०७॥'

आचारः परमो धर्मः श्रुत्युक्तः स्मार्त एव च ।
तस्मादस्मिन्सदा युक्तो नित्यं स्यादात्मवान् द्विजः ॥१०८॥

श्रुति (वेद) और स्मृति में कहा हुवा आचार परम धर्म है। इस लिये अपना कल्याण चाहने वाला द्विज सदा आचारयुक्त रहे ॥१०८॥

आचाराद्विच्युतो विप्रो न वेदफलमश्नुते ।
आचारेण तु संयुक्तः सम्पूर्णफलभाग्भवेत् ॥१०९॥

एवमाचारतो दृष्ट्वा धर्मस्य मुनयो गतिम् ।
सर्वस्य तपसो मूलमाचारं जगृहुः परम् ॥११०॥

आचार से छुटा हुवा विप्र वेद के फल को नहीं पाता और जो आचार से युक्त है, वह सम्पूर्ण के फल का भागी होगा ।१०९। मुनियों ने आचार से धर्म की प्राप्ति इस प्रकार से देख कर धर्म

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

के परम मूल आचार को ग्रहण किया था ॥११०॥

"जगतश्च समुत्पत्तिं संस्कारविधिमेव च ।
व्रतचर्योपचारं च स्नानस्य च परं विधिम् ॥१११॥
दाराऽधिगमनं चैव विवाहानां च लक्षणम् ।
महायज्ञविधानं च श्राद्धकल्पश्च शाश्वतः ॥११२॥"

जगत् की उत्पत्ति (प्रथम अध्याय में कही है) और संस्कारों की विधि और ब्रह्मचारियों के व्रतधारण और स्नान की परम विधि ॥१११॥ तथा गुरु के अभिवादन का प्रकार और उपासनादि (दूसरे अध्याय में लिखे हैं) गुरु के पास से विद्याभ्यास कर स्त्री गमन और (ब्राह्मादि ८) विवाहों का लक्षण, महायज्ञविधि और श्राद्ध कल्प जो अनादि समय से चला आता है (तीसरे अध्याय का विषय) है। (श्राद्ध को ही 'अनादि काल से सनातन करके लिखा है। इस से सूची बनाने वाले की यह शङ्का झलकती है कि कोई इसे नवीन न समझे)।

"वृत्तीनां लक्षणं चैव स्नातकस्य व्रतानि च ।
भक्ष्याभक्ष्यं च शौचं च द्रव्याणां शुद्धिमेव च ॥११३॥
स्त्रीधर्मयोगं तापस्यं मोक्षं सन्यासमेव च ।
राज्ञश्च धर्ममखिलं कार्याणां च विनिर्णयम् ॥११४॥"

वृत्तियों के लक्षण और स्नातक के व्रत (चतुर्थ अध्याय में) भक्ष्य, अभक्ष्य, शौच द्रव्यों की शुद्धि ॥११३॥ स्त्रियों का धर्मोपाय (पांचवें अध्याय में) वानप्रस्थ आदि तपस्वियों का धर्म और मोक्ष तथा संन्यास धर्म (षष्ठाध्याय में) और राजा का सम्पूर्ण धर्म (सप्तमाध्याय में) और कार्यों का निर्णय (मुकदमों की छानबीन) ॥११४॥

"साक्षिप्रश्नविधानं च धर्मं स्त्रीपुंसयोरपि ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

विभागधर्मं द्यूतञ्च कण्टकानां च शोधनम्॥११५॥
वैश्यशूद्रोपचारं च संकीर्णानां च सम्भवम्।
आपद्धर्मञ्च वर्णानां प्रायश्चित्तविधिं तथा॥११६॥"

साक्षिप्रश्न (गवाहो के सवाल) (अष्टमाध्याय मे) स्त्री पुरुष के धर्म और विभाग (हिस्सा) तथा जुआरी चोर इत्यादि का शोधन॥११५॥ वैश्य शूद्रों के धर्म का अनुष्ठान प्रकार (नवे अध्याय मे) वर्णसङ्करों की उत्पत्ति और वर्णों का आपद्धर्म (दशमाध्याय मे) और प्रायश्चित्त विधि (एकादश मे)॥११६॥

"संसारगमनं चैव त्रिविधं कर्मसम्भवम्।
निःश्रेयसं कर्मणां च गुणदोषपरीक्षणम्॥११७॥
देशधर्माञ्जातिधर्मान्कुलधर्मांश्च शाश्वतान्।
पाषण्डगणधर्मांश्च शास्त्रेऽस्मिन्नुक्तवान्मनुः॥११८॥

देहान्तरप्राप्ति जो तीन प्रकार के कर्म (उत्तम मध्यम अधम) से होती है और मोक्ष का स्वरूप और कर्मों के गुणदोष की परीक्षा (द्वादश मे)॥११७॥ देशधर्म (जो प्रचार जिस देश मे बहुत कालसे चला आता है) और जो धर्म जाति में नियत है और जो कुल परम्परा से चला आता है और पाषण्ड (वेद शास्त्र मे निषिद्ध कर्म) और गणधर्म इस शास्त्रमें ‡ मनु ने कहे हैं॥११८॥"

"यथेदमुक्तवान् शास्त्रं पुरा पृष्टो मनुर्मया।
तथेदं यूयमप्यद्य मत्सकाशान्निबोधत॥११९॥

इति मानवे धर्मशास्त्रे (भृगुप्रोक्तायां संहितायां) प्रथमोऽध्यायः॥१॥

---

‡ इससे स्पष्ट है कि ये श्लोक अन्य ने सम्पादित करके कभी सूचीपत्र बनाया है।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

"जिस प्रकार मनु जी से पूर्व मैंने पूछा तब यह शास्त्र उन्होंने उपदेश किया। उसी प्रकार अब आप मुझ से सुनिये॥"

(१०२ वां श्लोक इस पुस्तक के सम्पादक का वचन है। मनु का नहीं। यह श्लोक ही से स्पष्ट पाया जाता है। १०३ मे इस ग्रन्थ पर ब्राह्मणों का अधिकार जमाना पक्षपात है। अन्यत्र यह कहीं नहीं लिखा कि स्मृति पर ब्राह्मणों का ही अधिकार है। जो ग्रन्थ शूद्र को वेदाध्ययन का निषेध भी लिखते हैं वे भी शूद्र को स्मृति पढ़ने का निषेध नहीं करते और द्विज मात्र को तो वेदके अधिकार मे भी कोई नवीन या प्राचीन ग्रन्थ निषेध नहीं करता फिर यह पक्षपात नहीं तो क्या है। ॥१०४ वे मे इस ग्रन्थ के पढ़ने से पापों का नाश लिखा है और कर्म दोष न लगना कहा है। यह भी ग्रन्थ की अत्युक्ति करके प्रशंसा है॥ १०५, १०६ मे भी यही बात है॥ १०७ वें श्लोक मे भी इस ग्रन्थ के सम्पादक ने इस ग्रन्थ का सूचीपत्र आरम्भ किया, परन्तु १०८ से ११० तक ३ श्लोकों मे धर्मशास्त्र की आज्ञा है और १११ से फिर सूचीपत्र है जो ११८ तक चला गया है ॥ ११९ मे पुस्तक का सम्पादक कहता है कि मैंने मनु से जैसे सुना वैसे मैं आपको सुनाता हूं। सो सम्पादक का मनु के समकाल होना तो असम्भावित है। हां मनु के धर्मशास्त्र से जो कि पूर्व सूत्ररूप में था इस भद्रपुरुष ने उस मूल से आशय लिया हो और वही मनु से सुनना समझा जाय तो दूसरी बात है) ॥११९॥

इति श्रीतुलसीरामस्वामिकृते मनुस्मृतिभाषानुवादे
प्रथमोऽध्याय ॥१॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

॥ ओ३म् ॥

॥ अथ द्वितीयोऽध्यायः ॥

विद्वद्भिः सेवितः सद्भिर्नित्यमद्वेषरागिभिः ।
हृदयेनाभ्यनुज्ञातो यो धर्मस्तं निबोधत ॥१॥
कामात्मता न प्रशस्ता न चैवेहास्त्यकामता ।
काम्यो हि वेदाधिगमः कर्मयोगश्च वैदिकः ॥२॥

वेद के जानने वाले और रागद्वेषादि से रहित महात्माओं ने जिस धर्म का सेवन किया और हृदय से जिसको अच्छे प्रकार जाना उस धर्म को सुनो ॥१॥ न तो कामात्मा होना और न केवल निष्काम होना ही अच्छा है क्योंकि वेद की प्राप्ति और वेदोक्त कर्मानुष्ठान कामना करने के ही योग्य हैं ॥२॥

संकल्पमूलः कामो वै यज्ञाः संकल्पसंभवाः ।
व्रतानि यमधर्माश्च सर्वे संकल्पजाः स्मृताः ॥३॥
अकामस्य क्रिया काचिद्दृश्यते नेह कर्हिचित् ।
यद्यद्धि कुरुते किञ्चित्तत्तत्कामस्य चेष्टितम् ॥४॥

(इस कर्म से यह इष्ट फल प्राप्त होगा, इसको संकल्प कहते हैं फिर जब पूरा विश्वास होता है तब) संकल्प से उसके करने की इच्छा होती है। यज्ञादि सब संकल्प ही से होते हैं और व्रत, नियम, धर्म, ये सब संकल्प ही से होते हैं (अर्थात् संकल्प बिना कुछ भी नहीं होता) ॥३॥ लोक में भी कोई क्रिया (भोजन गमन आदि) बिना इच्छा कभी देखने में नहीं आती, इस कारण जो कुछ कर्म पुरुष करता है, वह सम्पूर्ण काम ही से करता है ॥४॥

तेषु सम्यग्वर्त्तमानो गच्छत्यमरलोकताम् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

यथा सङ्कल्पितांश्चेह सर्वान्कामान्समश्नुते ॥५॥
वेदोऽखिलो धर्ममूलं स्मृतिशीले च तद्विदाम् ।
आचारश्चैव साधूनामात्मनस्तुष्टिरेव च ॥६॥

उन शास्त्रोक्त कर्मों में अच्छे प्रकार आचरण करने वाला अमरलोकता अर्थात् अविनाशी भाव को प्राप्त होता है और जो२ यहां सङ्कल्प करता है वह २ सम्पूर्ण पदार्थ भी प्राप्त होते हैं ॥५॥ सम्पूर्ण वेद धर्ममूल है और वेद के जानने वालों की स्मृति तथा शील भी धर्ममूल हैं। इसी प्रकार साधुजनों का आचार और आत्मा का सन्तोष भी धर्ममूल है ॥ ६ ॥

'य कश्चित्कस्यचिद्धर्मो मनुना परिकीर्तित. ।
स सर्वोऽभिहितो वेदे सर्वज्ञानमयोहि स' ॥७॥"

"जिस वर्णके लिये जो धर्म मनु ने कहा है वह सम्पूर्ण वेदमें कहा है क्योंकि वेद सब विद्याओं का भण्डार है अर्थात् सम्पूर्ण वेद को जान कर यह स्मृति बनाई। इससे सब स्मृतियों से इसकी उत्कृष्टता दिखाई है ॥"

(इस ७ वे श्लोक में ग्रन्थ के सम्पादक ने मनु की प्रशंसा और वेदानुकूलता पुष्ट की है) ॥ ७ ॥

सर्वं तु समवेक्ष्येदं निखिलं ज्ञानचक्षुषा ।
श्रुतिप्रामाण्यतो विद्वान्स्वधर्मे निविशेत वै ॥८॥

(ग्रन्थकार कहता है कि) विद्वान् को चाहिये कि इस सब धर्मशास्त्र को ज्ञान की आंख से वेद के प्रमाण से जांचे और अपने धर्म में श्रद्धा करे ॥ ८ ॥

श्रुतिस्मृत्युदितं धर्ममनुतिष्ठन् हि मानवः ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

इह कीर्तिमवाप्नोति प्रेत्य चानुत्तमं सुखम् ॥९॥
श्रुतिस्तु वेदो विज्ञेयो धर्मशास्त्रं तु वै स्मृतिः ।
ते सर्वार्थेष्वमीमांस्ये ताभ्यां धर्मोहि निर्बभौ ॥१०॥

वेद और स्मृतियों में कहे धर्म को जो मनुष्य करता है उसकी यहां कीर्ति होती है और परलोक मे अनुत्तम सुख की प्राप्ति होती है ॥९॥ श्रुति वेद है और (मन्वादिकों का) धर्मशास्त्र स्मृति है। ये दोनों सम्पूर्ण अर्थों में निर्विवाद हैं, क्योंकि इनसे धर्म का प्रकाश हुवा है ॥१०॥

योऽवमन्येत ते मूले हेतुशास्त्राश्रयाद्द्विजः ।
स साधुभिर्बहिष्कार्यो नास्तिको वेदनिन्दकः ॥११॥
वेदः स्मृतिः सदाचारः स्वस्य च प्रियमात्मनः ।
एतच्चतुर्विधं प्राहुः साक्षाद्धर्मस्य लक्षणम् ॥१२॥

जो द्विज कुतर्कादि से इन (धर्ममूलों) का अपमान करें वह साधुवों को निकाल देने योग्य हैं, क्योंकि वेदनिन्दक नास्तिक है ॥११॥ वेद=श्रुति, स्मृति (मन्वादिकों की) सदाचार शीलादि और अपना सन्तोष; यह चार प्रकार का साक्षात् धर्मलक्षण (मुनि लोग) कहते हैं ॥ १२ ॥

अर्थकामेष्वसक्तानां धर्मज्ञानं विधीयते ।
धर्मं जिज्ञासमानानां प्रमाणं परमं श्रुतिः ॥१३॥
श्रुतिद्वैधं तु यत्र स्यात्तत्र धर्मावुभौ स्मृतौ ।
उभावपि हि तौ धर्मौ सम्यगुक्तौ मनीषिभिः ॥१४॥

अर्थ और काम में जो पुरुष नहीं फंसे हैं, उनको धर्मोपदेश

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

का विधान है और जो पुरुष धर्म जानने की इच्छा रखते हैं उन को परम प्रमाण वेद हैं ॥१३॥ श्रुतियों के जहां दो प्रकार हों (अर्थात् भिन्न २ अर्थ का प्रतिपादन हो) वहां वे दोनो (तुल्य बल के कारण) ही धर्म हैं, दोनों विकल्पसे अनुष्ठेय हैं। यह ऋषियोंने कहा है ॥ १४ ॥

उदितेऽनुदिते चैव समयाध्युषिते तथा ।
सर्वथा वर्तते यज्ञ इतीयं वैदिकी श्रुतिः ॥१५॥

निषेकादिश्मशानान्तो मन्त्रैर्यस्योदितो विधिः ।
तस्य शास्त्रेऽधिकारोऽस्मिञ्ज्ञेयो नान्यस्य कस्यचित् ॥१६॥

(पूर्व जो कहा कि श्रुतिभेद दोनों माननीय हैं; उसको यहां दिखाते है, जैसे-) उदित समय मे अर्थात् सूर्य के प्रादुर्भाव के समय मे, अनुदित उसके विरुद्ध और समयाध्युषित अर्थात् सूर्य नक्षत्र रहित काल में सर्वथा यज्ञ (होम) होता है। यह वैदिकी श्रुति है अर्थात् वेदमूलकवाक्य सुनते हैं॥ (श्लोक १५ के आगे ३० प्रकार के पुस्तकोंमें से ३ मे ये दो श्लोक अधिक पाये जाते हैं -

[श्रुतिं पश्यन्ति मुनयः स्मरन्ति तु यथास्मृति ।
तस्मात्प्रमाणं मुनयः प्रमाणं प्रथितं भुवि ॥१॥
धर्मव्यतिक्रमोदृष्टः श्रेष्ठानां साहसं तथा ।
तदन्वीक्ष्य प्रयुञ्जानाः सीदन्त्यपरधर्मजाः ॥२॥]

हमारा तात्पर्य इनके लिखने से यह है कि लोग यह जान लेवें कि मनुस्मृति मे पाठों की अधिकता अवश्य होती आई है) ॥१॥ गर्भाधान से लेकर अन्त्येष्टिपर्यन्त जिस कर्म की वेदोक्त मन्त्रों से विधि कही है उस कर्मका अधिकार (प्रकरण) इस(मानवधर्मशास्त्र)

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

में जानिये. अन्य किसीका नहीं ॥ १६ ॥

सरस्वतीदृषद्वत्योर्देवनद्योर्यदन्तरम् ।
तं देवनिर्मितं देशं ब्रह्मावर्तं प्रचक्षते ॥१७॥
तस्मिन्देशे य आचारः पारम्पर्यक्रमागतः ।
वर्णानां सान्तरालानां स सदाचार उच्यते ॥१८॥

सरस्वती और दृषद्वती इन देवनदियों के मध्य में जो देश है वह देवताओं से बनाया गया है उस को ब्रह्मावर्त्त कहते हैं ॥१७॥ उस देश में परम्परा से प्राप्त जो वर्णों (अर्थात् ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य शूद्र) और वर्णसङ्करो का आचार है, उस को सदाचार (सदा का आचार) कहते हैं ॥ (१८ वें के आगे एक श्लोक मेधातिथिके भाष्य में पाया जाता है; अन्यत्र कहीं नहीं । वह यह है

[विरुद्धा च विगीता च दृष्टार्थादिष्टकारणे ।
स्मृतिर्न श्रुतिमूलास्याद्या चैषाऽसम्भवश्रुतिः ॥१॥]

इस से हमारा सन्देह पुष्ट होता है कि मनु मे कुछ पीछे की मेलावट अवश्य है और वेदविरुद्ध स्मृतियों का होना भी इससे पाया जाता है ॥१८॥

कुरुक्षेत्रं च मत्स्याश्च पञ्चालाः शूरसेनकाः ।
एष ब्रह्मर्षिदेशो वै ब्रह्मावर्त्तादनन्तरः ॥१९॥
एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः ।
स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवाः ॥२०॥

कुरुक्षेत्र और मत्स्य देश, पञ्चाल और शूरसेनक-यह ब्रह्मर्षि देश है जो ब्रह्मावर्त्त से समीप है ॥१९॥ इन (कुरुक्षेत्रादि)

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

देशों मे उत्पन्न ब्राह्मण से पृथिवी के सम्पूर्ण मनुष्य अपने २ कामो की शिक्षा पावे ॥२०॥

हिमवद्विन्ध्ययोर्मध्ये यत्प्राग्विनशनादपि ।
प्रत्यगेव प्रयागाच्च मध्यदेशः प्रकीर्तितः ॥२१॥
आसमुद्रात्तु वै पूर्वादासमुद्रात्तु पश्चिमात् ।
तयोरेवान्तरं गिर्योरार्यावर्तं विदुर्बुधाः ॥२२॥

हिमवान् और विन्ध्याचल के वीच जो सरस्वती के पूर्व और प्रयाग के पश्चिम मे देश है, उस को मध्यदेश कहते हैं ॥२१॥ पूर्वसमुद्र से पश्चिमसमुद्र तक और हिमाचलसे विन्ध्याचलके बीच मे जो देश है, उसको विद्वान लोग आर्यावर्त्त कहते हैं ॥२२॥

कृष्णसारस्तु चरति मृगो यत्र स्वभावतः ।
स ज्ञेयो यज्ञियो देशो म्लेच्छदेशस्त्वतः परः ॥२३॥
एतान् द्विजातयो देशान् संश्रयेरन् प्रयत्नतः ।
शूद्रस्तु यस्मिन्कस्मिन्वा निवसेद्वृत्तिकर्षितः ॥२४॥

कृष्णसार मृग जहां स्वभावसे विचरता है (अर्थात् वलात्कार से न छोड़ा हो) वह यज्ञिय देश है (अर्थात् यज्ञ करने योग्य देश) इस से परे जो देश है, वह म्लेच्छ देश है ॥२३॥ इस देश को द्विजाति लोग प्रयत्न के साथ आश्रय करें और शूद्र चाहे किसी देश में वृत्तिपीड़ित हुवा निवास करे ।

(यद्यपि धर्मानुष्ठान मनुष्य के अधीन है देश के अधीन नहीं तथापि जिस देश मे धर्मात्मा लोग अधिक रहते है, वहां धर्मानुष्ठान मे वाधा कम होती है और धर्मानुष्ठान के साधन सुगमता से मिलते हैं, इस लिये देश का धर्म से सम्बन्ध हो जाता है । पूर्वजों ने स्वाभाविक (नेचुरल) रीति पर भी इस देश को अच्छा और

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

यज्ञादि धर्मानुष्ठान के लिये उत्तम जान कर यहां ही रहना स्वीकार किया था। इसी से मनु ने १७ से २३ श्लोक तक धर्म के उपयोगी देशका वर्णन किया है और २३ वे में तो यज्ञयोग्य देशकी पहचान ही बतलाई है कि 'कृष्णसार" मृग (जिस का चर्म ऊपर से काला होता है) जिस देश में स्वभाव से उत्पन्न हो और विचरे उस देश को जानो कि यह यज्ञयोग्य देश है। इसमें वे बूंटी उत्पन्न होती हैं जिन से यज्ञानुष्ठान होता है) ॥२४॥

एषा धर्मस्य वो योनिः समासेन प्रकीर्तिता ।
संभवश्चास्य सर्वस्य वर्णधर्मान्निबोधत ॥२५॥
वैदिकैः कर्मभिः पुण्यैर्निषेकादिर्द्विजन्मनाम् ।
कार्यः शरीरसंस्कारः पावनः प्रेत्य चेह च ॥२६॥

यह धर्म की योनि (अर्थात् जानने का कारण) और इस सब (जगत्) की उत्पत्ति तुमसे संक्षेप से कही, अब वर्णधर्मों को सुनो ॥२५॥ वैदिक जो पुण्य कर्म हैं उन से ब्राह्मणादि तीन वर्णों का (गर्भाधानादि) शरीर संस्कार, जो दोनों लोकमें पवित्र करने वाला है, करना चाहिये ।२६।

गार्भैर्होमैर्जातकर्मचौडमौञ्जीनिबन्धनैः ।
बैजिकं गार्भिकं चैनो द्विजानामपमृज्यते ॥२७॥
स्वाध्यायेन व्रतैर्होमैस्त्रैविद्येनेज्यया सुतैः ।
महायज्ञैश्च यज्ञैश्च ब्राह्मीयं क्रियते तनुः ॥ २८ ॥

गर्भाधान संस्कार जातकर्म चूड़ाकर्म और मौञ्जीबन्धन इनमें के होमों से द्विजों के गर्भ और बीज के दोषादि की शुद्धि होती है ॥२७॥ वेदत्रयीका पढ़ना, व्रत होम, इज्याकर्म, पुत्रोत्पादनादि तथा पञ्च महायज्ञों और यज्ञोंसे यह तनु ब्राह्मी होताहै। (होम=पर्वादि

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

समय का । इज्या=अग्निष्टोमादि । यज्ञ=पौर्णमासादि । व्रत=सत्य भाषणादि) ॥२८॥

प्राङ्नाभिवर्धनात्पुंसो जातकर्म विधीयते ।
मन्त्रवत्प्राशनं चास्य हिरण्यमधुसर्पिषाम् ॥२९॥
नामधेयं दशम्यां तु द्वादश्यां वाऽस्य कारयेत् ।
पुण्ये तिथौ मुहूर्ते वा नक्षत्रे वा गुणान्विते ॥३०॥
मङ्गल्यं ब्राह्मणस्य स्यात्क्षत्रियस्य बलान्वितम् ।
वैश्यस्य धनसंयुक्तं शूद्रस्य तु जुगुप्सितम् ॥३१॥
शर्मवद्ब्राह्मणस्य स्याद्राज्ञो रक्षासमन्वितम् ।
वैश्यस्य पुष्टिसंयुक्तं शूद्रस्य प्रैष्यसंयुतम् ॥३२॥

नाभि छेदन के पूर्व पुरुष का जातकर्म संस्कार करे और गृह्योक्त वेदमन्त्रों से सुवर्ण मधु, घृत का प्राशन करावे (चटावे) ॥२९॥ दशवे या बारहवे दिन नामकरण करे अथवा जब शुद्ध तिथि मुहूर्त (दो घडी) नक्षत्र हो ॥ (इसका तात्पर्य साफ दिन और समय से है, जिसमे मेघाच्छन्नादि दुर्दिन न हो) ॥३०॥ सुखवाचक शब्दयुक्त ब्राह्मणका नाम हो क्षत्रिय का बलयुक्त, वैश्यका धनयुक्त शूद्रका दास्ययुक्त नाम होवे ॥३१॥ ब्राह्मण के नाम शर्मा, क्षत्रिय के वर्मादि, वैश्य के भूतियुक्त और शूद्र के दासयुक्त रक्खे ॥३२॥

स्त्रीणां सुखोद्यमक्रूरं विस्पष्टार्थं मनोहरम् ।
मङ्गल्यं दीर्घवर्णान्तमाशीर्वादाभिधानवत् ॥३३॥
चतुर्थे मासि कर्तव्यं शिशोर्निष्क्रमणं गृहात् ।
षष्ठेऽन्नप्राशनं मासि यद्वेष्टं मङ्गलं कुले ॥३४॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

और स्त्रियों के नाम सुख से उच्चारण करने योग्य हों। क्रूर न हों जिसके अक्षर स्पष्ट होवें और प्रीति का देने वाला और मङ्गलवाची, दीर्घ स्वर जिसके अन्त में हो और आशीर्वादात्मक शब्द से युक्त हो, ऐसा रक्खे (जैसे यशोदा देवी इत्यादि) ॥३३॥ चतुर्थ मास में बालक को घर से बाहर निकालने का संस्कार और छठे मास में अन्नप्राशन संस्कार करावे वा जिस प्रकार कुलाचार हो, उस समय करे ॥३४॥

चूडाकर्म द्विजातीनं सर्वेषामेव धर्मतः ।
प्रथमेऽब्दे तृतीये वा कर्तव्यं श्रुतिचोदनात् ॥३५॥
गर्भाष्टमेऽब्दे कुर्वीत ब्राह्मणस्योपनायनम् ।
गर्भादेकादशे राज्ञो गर्भात्तु द्वादशे विशः ॥३६॥

ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य का चूड़ाकर्म धर्मानुसार प्रथम वा तीसरे वर्ष में वेद की आज्ञा से करना चाहिये ॥३५॥ गर्भ से अष्टम वर्ष में ब्राह्मण का और गर्भ से एकादश में क्षत्रिय का और द्वादश में वैश्य का उपनयन करे ॥३६॥

ब्रह्मवर्चसकामस्य कार्यं विप्रस्य पञ्चमे ।
राज्ञो बलार्थिनः षष्ठे वैश्यस्येहार्थिनोऽष्टमे ॥३७॥
आषोडशाद्ब्राह्मणस्य सावित्री नातिवर्तते ।
आद्वाविंशात्क्षत्रबन्धोराचतुर्विंशतेर्विशः ॥३८॥

वेदाध्ययन के अर्थ ज्ञानादिसे बढ़ा तेज ब्रह्मवर्चस कहाता है। उसकी इच्छा करने वाले विप्र का पांचवें वर्षमें उपनयन करे और बलार्थी क्षत्रियका छठे वर्ष और कृष्यादि कर्मकी इच्छा वाले वैश्य का ८ वें में उपनयन करे ॥३७॥ सोलह वर्ष पर्यन्त ब्राह्मण की

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सावित्री नहीं जाती और क्षत्रिय की बाईस वर्ष पर्यन्त, वैश्य की २४ वर्ष पर्यन्त (अर्थात् उपनयन कालकी यह परमावधि है)॥३८॥

अतऊर्ध्वं त्रयोऽप्येते यथाकालमसंस्कृताः।
सावित्रीपतिता व्रात्या भवन्त्यार्यविगर्हिताः॥३६॥
नैतैरपूतैर्विधिवदापद्यपि हि कर्हिचित्।
ब्राह्मान्यौनांश्च संबन्धानाचरेद्ब्राह्मणः सह॥४०॥

इसके उपरान्त ये तीनों सावित्री पतित हो जाते हैं। अपने २ काल में उपनयन से रहित होने से इनकी संज्ञा 'व्रात्य' होती है और शिष्टोंसे निन्दित होते हैं॥३९॥ इन अपवित्र व्रात्यो के साथ जिनका प्रायश्चित्तादि विधिपूर्वक नहीं हुवा, आपत्काल में भी ब्राह्मणादि विद्या वा योनि का सम्बन्ध न करे॥४०॥

कार्ष्णरौरववास्तानि चर्माणि ब्रह्मचारिणः।
वसीरन्नानुपूर्व्येण शाणक्षौमाविकानि च॥४१॥
मौञ्जी त्रिवृत्समा श्लक्ष्णा कार्या विप्रस्य मेखला।
क्षत्रियस्यतु मौर्वीज्या वैश्यस्य शणतान्तवी॥४२॥

कृष्णमृग, रुरु मृग, अज इनके चर्मों का वस्त्र ३ वर्ण के ब्रह्मचारी क्रमश' रक्खें और सन, क्षौम (अलसी) तथा ऊन का भी॥४१॥ ब्राह्मण की मेखला तिलड़ी और चिकनी सुखस्पर्शवाली मञ्ज की और क्षत्रिय की मूर्वा तृण से धनुप के गुण सी और वैश्य की सन के डोरे की बनावें॥४२॥

मुञ्जालाभे तु कर्तव्या कुशाश्मन्तकबल्वजैः।
त्रिवृता ग्रन्थिनैकेन त्रिभिः पञ्चभिरेव वा॥४३॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

कार्पासमुपवीतं स्याद्विप्रस्योर्ध्वं वृतं त्रिवृत् ।
शणसूत्रमयं राज्ञो वैश्यस्याविकसौत्रिकम् ॥४४॥

मूञ्ज के न मिलने पर कुश, अश्मन्तक, वल्वज तृणों की क्रम से तीनों वर्णों की मेखला तीन लड़ वाली १ या ३ या ५ ग्रन्थि लगा कर बनावे ॥४३॥ कपास का जनेऊ ब्राह्मण का ऊपर को बटा हुआ और त्रिगुण (३ लड़) होवे और सन के डोरे का क्षत्रिय का और वैश्य का भेड़ की ऊन का होवे ॥४४॥

ब्राह्मणो वैल्वपालाशौ क्षत्रियो वाटखादिरौ ।
पैप्पलौदुम्बरौ वैश्यो दण्डानर्हन्ति धर्मतः ॥४५॥
केशान्तिको ब्राह्मणस्य दण्डः कार्यः प्रमाणतः ।
ललाटसंमितोराज्ञः स्यात्तु नासान्तिकोविशः ॥४६॥

ब्राह्मण बेल वा पलाश के दण्ड, क्षत्रिय वट वा खदिर के तथा वैश्य पीपल वा गूलर के दण्ड, क्रम से सब धर्मानुसार बनावें॥ (इस श्लोक में नन्दन टीकाकार ने ब्राह्मणादि ग्रन्थों के प्रमाण देकर बिल्वादि के साथ ब्राह्मणादि की समानता दिखाई है। वह लिखता है कि१-असौवा आदित्यो यतो जायत ततो बिल्व उदतिष्ठत स योन्यैव ब्रह्मवर्चसमवरुन्धे इति श्रुते:-अर्थात् जिस कारण की प्रधानता से सूर्य बना है, उसी से बिल्व का वृक्ष भी उपजा है, इसलिये वह जन्मसे ही ब्रह्मवर्चस का प्रभाव (असर) धारण करता है। इस कारण ब्राह्मण बेलका दण्ड धारण करे। २-तदुक्तमैतरेयब्राह्मणे क्षत्रं वा एतद्वनस्पतीनां यन्न्यग्रोध. । क्षत्र वै राजन्य इति=अर्थात् ऐतरेय ब्राह्मण में यह लिखा है कि वट वृक्ष वनस्पतियों में क्षत्रिय है। क्षत्रिय राजा है। इसलिये क्षत्रिय वड़ का दण्ड रक्खे। ३-मरुतोवा एतदोजो यदश्वत्थ । मरुतोवै

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

देवानां विशः, इति श्रुतेः"—अर्थात् अश्वत्थ (पीपल) वायु के बलसे प्रधानता से युक्त है और वायु देवता का वैश्य है, क्योंकि देवतों के हव्य पदार्थ इधर उधर लेचलता है। जैसे वैश्य लोग भोजनादि के अन्नादि एक देश से दूसरे देश मे ले जाते हैं। इसलिये वैश्य पीपल का दण्ड बनावे। इसके अतिरिक्त अन्य जिन वृक्षों वा तृणों के दण्ड वा मेखला का विधान है उनमे भी उस वर्ण के साथ किसी स्वाभाविक समानताका अनुमान होता है, जो ब्राह्मण ग्रन्थों के खोजने से मिल सकता है। किन्हीं पुस्तकों मे "पैलवौ-दुम्बरौ" भी पाठ है ॥४५॥ ब्राह्मण का केशान्तिक अर्थात शिर के बाल तक लम्बाई का दण्ड होवे और ललाट तक क्षत्रिय का तथा वैश्यका दण्ड नाक तक लम्बा होवे ॥४६॥

ऋजवस्ते तु सर्वे स्युरव्रणाः सौम्यदर्शनाः ।
अनुद्वेगकरा नृणां सत्वचोनाग्निदूषिताः ॥४७॥
प्रतिगृह्येप्सितं दण्डमुपस्थाय च भास्करम् ।
प्रदक्षिणं परीत्याग्निं चरेद्भैक्षं यथाविधि ॥४८॥

और वे सब (दण्ड) सीधे हों, कटे न हों, देखने मे सुन्दर हों तथा मनुष्यों को डरावने न हों, वल्कलसहित हों और आग से जले न हों ॥४७॥ यथेष्ट दण्ड को ग्रहण करके और आदित्य के सम्मुख स्थित होकर अग्नि को प्रदक्षिणा देकर यथाविधि भिक्षा करे ॥४८॥

भवत्पूर्वं चरेद्भैक्षमुपनीतो द्विजोत्तमः ।
भवन्मध्यं तु राजन्यो वैश्यस्तु भवदुत्तरम् ॥४९॥
मातरं वा स्वसारं वा मातुर्वा भगिनीं निजाम् ।
भिक्षेत भिक्षां प्रथमं या चैनं नावमानयेत् ॥५०॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

उपनीत ब्राह्मण भवन् शब्द को प्रथम उच्चारण करके भिक्षा करे। क्षत्रिय भवन् शब्द को मध्य में, वैश्य अन्त में (अर्थात् ब्राह्मण-'भवती भिक्षां ददातु' इस प्रकार उच्चारण करे। क्षत्रिय 'भिक्षां भवती ददातु', वैश्य-'भिक्षां ददातु भवती' इस प्रकार तीनों का क्रम है ॥४९॥ प्रथम माता से भिक्षा मांगे या मौसी या अपनी भगनी से और जो कोई इसका अपमान न करे ॥५०॥

समाहृत्य तु तद्भैक्षं यावदर्थममायया ।
निवेद्य गुरवेऽश्नीयादाचम्य प्राङ्मुखः शुचिः ॥५१॥

"आयुष्यं प्राङ्मुखो भुङ्क्ते यशस्यं दक्षिणामुखः।
श्रियं प्रत्यङ्मुखोभुङ्क्ते ऋतं भुङ्क्ते ह्युदङ्मुखः ॥५२॥"

वह भिक्षा लाकर निष्कपट होके गुरु को तृप्ति भर देकर आप आचमन करके पूर्वाभिमुख होकर भोजन करे ॥५१॥ "आयु के हित के लिये पूर्वाभिमुख होकर यश के अर्थ दक्षिण की ओर होकर, सम्पत्ति के निमित्त पश्चिम ओर सत्य चाहे तो उत्तर की ओर मुख करके भोजन करे ॥५२॥"

(पूर्वादि दिशाओं का आयु आदि के साथ कोई सम्बन्ध प्रतीत नहीं होता। केवल किन्हीं टीकाकारों ने इसे काम्य वचन कहा है। यदि उनका कहना मानें तो आयु आदि की कामना वाले क्रमश. पूर्वादि नियत दिशाओं में मुख करके भोजन किया करें, यह मानना होगा। ब्रह्मचारी के कर्तव्यों में यह कोई आवश्यक भी कर्तव्य नहीं। इस लिये हम को यह श्लोक प्रक्षिप्त सा प्रतीत होता है और इस से आगे एक अन्य श्लोक है, जो कि उज्जैन के (आठवले) नाना साहेब के रामचन्द्र टीकायुक्त पुस्तक और पूना के (जोशी) बलवन्तराव के मूल पुस्तक में पाया जाता है।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

तथा प्रयाग के (मुन्शी) हनुमानप्रसाद जी के मूल पुस्तक में (*श्रुतिनोदितम्) पाठभेद है। शेष २७ पुस्तकों मे नहीं पाया जाता। इस से जान पड़ता है कि थोड़े समय से ही बढ़ाया गया है। तथा रामचन्द्र टीकाकार के अतिरिक्त शेष ५ में से किसी ने भी इस पर टीका नहीं की, और रामचन्द्र सबसे अन्तिम समयके टीकाकार है। इस से भी प्रतीत होता है कि मेधातिथि आदि रामचन्द्र से पुराने टीकाकारों के समय मे यह श्लोक न था, जिस का पाठ इस प्रकार है :—

[सायं प्रातर्द्विजातीनामशनं स्मृति (*श्रुति) नोदितम् ।
नान्तरे भोजनं कुर्यादग्निहोत्रसमोविधिः ॥५२॥]

इस का अर्थ यह है कि द्विजों को (श्रुति वा) स्मृति ने सायं, प्रातः दो वार भोजन की आज्ञा दी है। बीच मे भोजन न करे। इस की विधि अग्निहोत्र के समान है। यद्यपि इस को इस में कोई बुराई नहीं प्रतीत होती, परन्तु यह श्लोक नवीन समय का है और कुछ आश्चर्य नहीं कि वह पहला श्लोक जो अब सब पुस्तकों और टीकाओं मे उपस्थित है वह भी कुछ पुराने समय मे मिलाया गया हो) ॥५२॥

उपस्पृश्य द्विजो नित्यमन्नमद्यात्समाहितः ।
भुक्त्वा चोपस्पृशेत् सम्यगद्भिः खानि च संस्पृशेत् ।५३।
पूजयेदशनं नित्यमद्याच्चैतदकुत्सयन् ।
दृष्ट्वा हृष्येत्प्रसीदेच्च प्रतिनन्देच्च सर्वशः ॥५४॥

ब्राह्मणादि नित्य आचमनादिक करके एकाग्र हो, भोजन करे। भोजन करने के पश्चात् भी भले प्रकार आचमन करे और चक्षुरादि का जल से स्पर्श करे ॥५३॥ और भोजन के समय

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अन्न का प्रति दिन संस्कार करे निन्दा न करके भोजन करे और देख के हृष्ट, प्रसन्न होवे और सर्वथा प्रशंसा करे ॥५४॥

पूजितं ह्यशनं नित्यं बलमूर्जं च यच्छति ।
अपूजितं तु तद्भुक्तमुभयं नाशयेदिदम् ॥५५॥
नोच्छिष्टं कस्यचिद्द्यान्नाद्याच्चैव तथान्तरा ।
न चैवाध्यशनं कुर्यान्न चोच्छिष्टः क्वचिद् व्रजेत् ।५६।

संस्कृत अन्न वीर्य को देता है और असंस्कृत, बल, सामर्थ्य इन दोनों का नाश करता है (इसलिये संस्कार करके भोजन करना चाहिये) ॥५५॥ उच्छिष्ट अन्न किसी को न दे भोजन के बीच में ठहर २ कर भोजन न करे. अधिक भोजन भी न करे और उच्छिष्ट कहीं गमन न करे ॥५६॥

अनारोग्यमनायुष्यमस्वर्ग्यं चातिभोजनम् ।
अपुण्यं लोकविद्विष्टं तस्मात्तत्परिवर्जयेत् ॥५७॥
ब्राह्मेण विप्रस्तीर्थेन नित्यकालमुपस्पृशेत् ।
कायत्रैदशिकाभ्यां वा न पित्र्येण कदाचन ॥५८॥

अति भोजन करना आरोग्य, आयु तथा सुख नहीं देता, पुण्य भी नहीं होता और लोगों में निन्दा होती है, इस लिये अति भोजन न करे ॥५७॥ विप्र सर्वदा ब्राह्मतीर्थ से आचमन करे अथवा प्राजापत्य या देवतीर्थ से करे, परन्तु पितृतीर्थ से कभी न करे ॥५८॥

(हाथ में काम करने के वा आचमन करने के वा आहुति छोड़ने के चार (तीर्थ) उतारने के स्थान हैं। उन में ब्राह्मादि उत्तरोत्तर अच्छे हैं। अर्थात् सुगमता से काम कर सकने योग्य

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

हैं। पित्र्यतीर्थ से आचमन न करने का हेतु वेदज्ञापन है ; क्योंकि अगले श्लोक में तर्जनी अंगुलि और अंगूठे के नीचे के स्थान को पित्र्यतीर्थ कहा है उस में आचमन करना अत्यन्त कठिन होने से वर्जित है। वह तीर्थ अग्नि में पित्र्य आहुति देने के लिये सुगम पड़ता है)।

अङ्गुष्ठमूलस्य तले ब्राह्मं तीर्थं प्रचक्षते ।
कायमङ्गुलिमूलेऽग्रे दैवं पित्र्यं तयोरधः ॥५९॥

त्रिराचामेदपः पूर्वं द्विः प्रमृज्यात्ततो मुखम् ।
खानि चैव स्पृशेदद्भिरात्मानं शिर एव च ॥६०॥

अंगुष्ठमूल के नीचे (कलाई) को ब्राह्मतीर्थ कहते हैं और कनिष्ठा अंगुलि के मूल में कायतीर्थ और उसी के अग्रभाग में देवतीर्थ और अंगुष्ठ तथा तर्जनी के मध्य में पित्र्य तीर्थ है। (यज्ञादि में आहुति आदि कामों के विभागार्थ यह कल्पना की होती है। विशेष प्रयोजन कुछ नहीं जान पड़ता)॥५९॥ प्रथम जलसे तीन वार आचमन करे, अनन्तर दो वार मुख धोवे, पश्चात् इंद्रियों, शिर और हृदय का जल से स्पर्श करे॥६०॥

अनुष्णाभिरफेनाभिरद्भिस्तीर्थेन धर्मवित् ।
शौचेप्सुः सर्वदाचामेदेकान्ते प्रागुदङ्मुखः ॥६१॥
हृद्गाभिः पूयते विप्रः कण्ठगाभिस्तु भूमिपः ।
वैश्योऽद्भिः प्राशिताभिस्तु शूद्रः स्पृष्टाभिरन्ततः ॥६२॥

फेनरहित शीतल जल से पवित्र होने की इच्छा करने वाला धर्मज्ञ एकान्त में पूर्व या उत्तर को मुख करके आचमन करे।६१। (वह पूर्वोक्त आचमन का जल) हृदय में पहुँचने से ब्राह्मण .

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

पवित्र होता है ; कण्ठ में प्राप्त होने से क्षत्रिय और मुख में पहुँचने से वैश्य तथा स्पर्शमात्र से शूद्र पवित्र होता है ॥६२॥

उद्धृते दक्षिणे पाणावुपवीत्युच्यते द्विजः ।
सव्ये प्राचीन आवीती निवीती कण्ठसज्जने ॥६३॥

मेखलामजिनं दण्डमुपवीतं कमण्डलुम् ।
अप्सु प्रास्य विनष्टानि गृह्णीतान्यानि मंत्रवत् ॥६४॥

दक्षिण हाथ को बाहर निकालने (बायें के ऊपर जनेऊ कर लेने) पर द्विज उपवीती कहाता है। इसके विपरीत करने पर प्राचीन आवीती, और जनेऊ कण्ठ से लगा हो तब 'निवीती' कहाता है ॥६३॥ मेखला और मृगचर्मादि तथा दण्ड जनेऊ और कमण्डलु, इन टूटे हुवों को पानी में डाल कर और नवीन को मन्त्र पढ़ कर ग्रहण करे ॥६४॥

केशान्तः षोडशे वर्षे ब्राह्मणस्य विधीयते ।
राजन्यबन्धोर्द्वाविंशे वैश्यस्य द्व्यधिके ततः ॥६५॥

"अमन्त्रिका तु कार्येयं स्त्रीणामावृदशेषतः ।
संस्कारार्थं शरीरस्य यथाकालं यथाक्रमम् ॥६६॥"

ब्राह्मण का केशान्त संस्कार सोलहवे वर्ष में करे और क्षत्रिय का २२ बाईसवें में तथा उससे २ अधिक (२४ चौबीसवे वर्ष) में वैश्य का ॥६५॥ यह (जातकर्मादि) सम्पूर्ण कार्य उक्त काल और क्रम से शरीर के संस्कारार्थ स्त्रियों के अमन्त्रक करे अर्थात् स्त्रियों के इन संस्कारों में वेदोक्त मन्त्र न पढ़े ॥६६॥

"वैवाहिको विधिः स्त्रीणां संस्कारो वैदिकः स्मृतः ।
पतिसेवा गुरौ वासो गृहार्थोऽग्निपरिक्रिया ॥६७॥"

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

एष प्रोक्तोद्विजातीनामौपनायनिको विधिः।
उत्पत्तिव्यञ्जकः पुण्यः कर्मयोगं निबोधत ॥६८॥

"स्त्रियों के विवाहसम्बन्धी जो विधि है, वही केवल वेदोक्त कही है और पतिसेवा = गुरुकुलवास, गृहकृत्यादि = सायंप्रातर्होम है॥" (६६ वें श्लोक का यह कहना तो ठीक है कि स्त्रियों के भी गर्भाधान से लेकर केशान्त संस्कार पर्यन्त सब संस्कार करने चाहियें, परन्तु इसके लिये किसी पृथक विधान की आवश्यकता नहीं, क्योंकि तीनो वर्णों के जो जो संस्कार पूर्व कह आये हैं, वे २ सब कन्या और पुत्र दोनों ही के हैं। पुल्लिङ्ग निर्देशअविवक्षित है। अर्थात् वक्ता का तात्पर्य वर्णमात्र में है, चाहे कन्या हो या पुत्र। जैसे कोई कहे कि (योत्राऽऽगमिष्यति स मृत्युमाप्स्यति = जो यहां आवेगा वह मर जायगा) इस दशा में यद्यपि पुल्लिङ्ग का निर्देश है, परन्तु कहने वाले का तात्पर्य स्त्री पुरुष दोनों से है। अथवा लौकिक शास्त्र में पुल्लिङ्ग करके निर्देश करते हुवे जो सामान्य विधि निषेध किये है, वे सब स्त्री पुरुष दोनों को समझे जाते हैं। ऐसे ही जो साधारण संस्कार हैं वे सब स्त्री पुरुषों के एक से और एक ही विधिवाक्य से विहित समझने चाहियें और कन्याओं के विवाह संस्कार को छोड़ कर अन्य सस्कारों में वेदमन्त्र पढने का निषेध भी प्रक्षिप्त है। जहां तक हमने देखा और विचारा है, वहां तक वेदों में कहीं यह निषेध नहीं पाया जाता। इसलिये ६६। ६७ श्लोक स्त्री जाति के विद्वेषी अन्य मतो के संसर्ग से प्रक्षिप्त जान पड़ते हैं। तथा ६५ वे श्लोक को ६८ वें श्लोक के साथ मिला कर पढिये तो ठीक सम्बन्ध चला जाता है) ॥६७॥ यह ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्यका उपनयन सम्बन्धी विधि कहा। यहविधि जन्मका जतलाने वाला और पवित्रकारक है (अब आगे) कर्त्तव्यको सुनो ॥६८॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

उपनीय गुरुः शिष्यं शिक्षयेच्छौचमादितः।
आचारमग्निकार्यं च संध्योपासनमेव च ॥६९॥
अध्येष्यमाणस्त्वाचान्तो यथाशास्त्रमुदङ्मुखः।
ब्रह्माञ्जलिकृतोऽध्याप्यो लघुवासा जितेन्द्रियः॥७०॥

गुरु उपनयन कराकर शिष्य को प्रथम शौच, आचार सायं प्रातः होम तथा संध्योपासन सिखावे ॥६९॥ पढ़ने वाले शिष्य को शास्त्र विधि से आचमन करके हाथ जोड़ कर उत्तर मुख हो, हलका वस्त्र पहिर, जितेन्द्रिय होकर पढ़ना चाहिये ॥७०॥

ब्रह्मारम्भेऽवसाने च पादौ ग्राह्यौ गुरोः सदा।
संहत्य हस्तावध्येयं स हि ब्रह्माञ्जलिः स्मृतः ॥७१॥
व्यत्यस्तपाणिना कार्यमुपसंग्रहणं गुरोः।
सव्येन सव्यः स्प्रष्टव्यो दक्षिणेन च दक्षिणः ॥७२॥

वेदाध्ययन के आरम्भ और समाप्ति के समय सदा गुरु के चरण छुवे और हाथ जोड़ के पढ़े। इसको ब्रह्माञ्जलि कहते हैं ॥७१॥ अलग २ हाथ करके गुरु के पैर छुवे, दाहिने से और बायें से बायां ॥७२॥

अध्येष्यमाणं तु गुरुर्नित्यकालमतन्द्रितः।
अधीष्व भो इति ब्रूयाद्विरामोऽस्त्विति चारमेत् ॥७३॥
ब्रह्मणः प्रणवं कुर्यादादावन्ते च सर्वदा।
स्रवत्यनोंकृतं पूर्वं पुरस्ताच्च विशीर्यति ॥७४॥

आलस्यरहित गुरु सर्वदा पढ़ने वाले शिष्यके प्रति प्रथम पढने के समय "अधीष्व भो." अर्थात् 'हे शिष्य पढ़' ऐसे कहे। पश्चात्

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

'विरामोस्त्विति' अर्थात् 'अब बस करो' ऐसे कहे, तब पढ़ना बन्द करे ॥७३॥ वेदके पढ़ने के प्रारम्भ में सदा प्रणव (ओ३म्) का उच्चारण करे और अन्त में भी। यदि आदि में और अन्त में ओ३म् का उच्चारण न करे तो उस का पढ़ा हुआ धीरे २ नष्ट होजाता है ॥७४॥

प्राक्कूलान् पर्युपासीनः पवित्रैश्चैव पावितः।
प्राणायामैस्त्रिभिः पूतस्तत ओङ्कारमर्हति ॥७५॥
अकारं चाप्युकारं च मकारं च प्रजापतिः।
वेदत्रयान्निरदुहद् भूर्भुवः स्वरितीति च ॥७६॥

पूर्वाग्र दर्भोंको बिछाकर उस पर बैठे और पवित्रोंसे मार्जनकर पवित्र होकर, तीनवार प्राणायामोंसे पवित्रहो, ओङ्कारके उच्चारण करने योग्य होता है ॥७५॥ ब्रह्मा ने तीनों वेदों से अकार उकार मकार और भूर्भुवः स्वः यह तीन व्याहृति सार निकाली हैं ॥७६॥

त्रिभ्य एव तु वेदेभ्यः पादं पादमदूदुहत्।
तदित्यृचोस्याः सावित्र्याः परमेष्ठी प्रजापतिः ॥७७।
एतदक्षरमेतां च जपन् व्याहृतिपूर्विकाम्।
संध्ययोर्वेदविद्विप्रो वेदपुण्येन युज्यते ॥७८॥

प्रजापति ब्रह्मा ने तीनो से 'तत्सवितु'०॥" इससावित्री ऋचा के एक एक पाद को दुहा है ॥७७॥ इस (ओङ्काररूप) अक्षर और त्रिपादयुक्त सावित्री को तीनों व्याहृति पूर्व लगा कर वेद का जानने वाला दोनों संध्याओं में जपता हुवा विप्र वेद पढने के फल को प्राप्त होता है ॥७८॥

सहस्रकृत्वस्त्वभ्यस्य बहिरेतत्त्रिकं द्विजः।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

महतोप्येनसो मासात्त्वचेवाहिर्विमुच्यते ॥७९॥
एतयर्चा विसंयुक्तः काले च क्रिययास्वया ।
ब्रह्मक्षत्रियविड्योनिर्गर्हणां यातिसाधुषु ॥८०॥

और इस त्रिक (अर्थात् प्रणव, व्याहृति, त्रिपादयुक्तगायत्री) को सहस्रवार ग्रामके बाहर (नदी तीर वा अरण्यमे) एक मास जपने से द्विज महापाप से भी छूट जाता है जैसे सर्प कंचली मे । (यह १ प्रायश्चित्त जानो । प्रायश्चित्त से पाप छूटने का एकादशाध्याय में व्याख्यान लिखेंगे) ॥७९॥ इस गायत्री के जप मे रहित और सायंप्रातः स्वक्रिया (अग्निहोत्रादि) से रहित ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य वर्ण सज्जनो मे निन्दा को पाता है ॥८०॥

ओङ्कारपूर्विकास्तिस्रो महाव्याहृतयोऽव्ययाः ।
त्रिपदा चैव सावित्री विज्ञेयं ब्रह्मणोमुखम् ॥८१॥

योऽधीतेऽहन्यहन्येतांस्त्रीणि वर्षाण्यतन्द्रितः ।
स ब्रह्म परमभ्येति वायुभूतः खमूर्तिमान् ॥८२॥

ओंकार से युक्त तीन अविनाशिनी महाव्याहृति और त्रिपदा गायत्री को वेद का मुख जानना (वेद के अध्ययन के पूर्व मे पढी जाती है और ब्रह्म जो परमात्मा, उसका प्राप्ति का हेतु है) ॥८१॥ जो पुरुष प्रति दिन आलस्य रहित होकर तीन वर्ष पर्यन्त ओ व्याहृति और गायत्री का जप करता है वह परब्रह्म को प्राप्त होता है । वायुवत् स्वतन्त्रचारी होकर खमूर्तिमान् शरीर बन्धनसे रहित हो जाता है ॥८२॥

एकाक्षरं परं ब्रह्म प्राणायामः परंतपः ।
सावित्र्यास्तु परं नास्ति मौनात्सत्यं विशिष्यते ॥८३॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

क्षरन्ति सर्वा वैदिक्यो जुहोति यजतिक्रियाः ।
अक्षरं दुष्करं ज्ञेयं ब्रह्मचैव प्रजापतिः ॥८४॥

ओ३म् यह एक अक्षर परब्रह्म का वाचक है और प्राणायाम बड़ा तप है और गायत्री से श्रेष्ठ कोई मन्त्र नहीं तथा मौन से सत्यभाषण श्रेष्ठ है ॥८३॥ संपूर्ण वेदविहित क्रिया (यज्ञयागादि) नाशवान है, परन्तु कठिन से जानने योग्य प्रजापति ब्रह्म का प्रतिपादक ओ३म् अक्षर अविनाशी है ॥८४॥

विधियज्ञाज्जपयज्ञो विशिष्टो दशभिर्गुणैः ।
उपांशुः स्याच्छतगुणः साहस्रो मानसः स्मृतः ॥८५॥

ये पाकयज्ञाश्चत्वारो विधियज्ञ समन्विताः ।
सर्वे ते जपयज्ञस्य कलां नार्हन्ति षोडशीम् ॥८६॥

विधियज्ञ (वैश्वदेवादिकों) से जपयज्ञ दशगुण अधिक है और वही यदि दूसरों के श्रवण में न आवे ऐसा जप शतगुण अधिक कहा है। और (जिह्वा के न हिलने से) केवल मनसे जो जप कियाजावे वह सहस्र गुण अधिक कहा है ॥८५॥ ये जो चार पाकयज्ञ हैं (अर्थात् वैश्वदेव १ बलिकर्म २ नित्यश्राद्ध ३ अतिथि भोजन ४) यज्ञ (पौर्णमासादि) से युक्त ये सब जपयज्ञ के षोडश भाग को भी नहीं पाते (अर्थात् जपयज्ञ सबसे श्रेष्ठहै)॥८६॥

जप्येनैवतु संसिध्येद् ब्राह्मणो नात्रसंशयः ।
कुर्यादन्यन्नवा कुर्यान् मैत्रो ब्राह्मण उच्यते ॥८७॥

इन्द्रियाणां विचरतां विषयेष्वपहारिषु ।
संयमे यत्नमातिष्ठेद्विद्वन्यन्तेव वाजिनाम् ॥८८॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ब्राह्मण जप करने ही से सिद्धि को प्राप्त होताहै (अर्थात मोक्ष प्राप्त होने के योग्य होता है) और अन्य कुछ (यागादि) करे अथवा न करे वह मैत्र अर्थात सर्वप्रिय कहा है। इसमें संशय नहीं ॥८७॥ अपनी ओर खैंचने के स्वभाव वाले विषयों में विचरने वाली इन्द्रियों के संयम में विद्वान् यत्न करे। जैसे सारथि घोड़ों के रोकने में यत्न करता है ॥८८॥

एकादशेन्द्रियाण्याहुर्यानि पूर्वे मनीषिणः ।
तानि सम्यक् प्रवक्ष्यामि यथावदनुपूर्वशः ॥८९॥
श्रोत्रं त्वक्चक्षुषी जिह्वा नासिका चैव पञ्चमी ।
पायूपस्थं हस्तपादं वाक् चैव दशमी स्मृता ॥९०॥

पूर्व मुनियों ने जो एकादश ११ इन्द्रिया कही हैं उनको क्रमशः ठीक२ अच्छे प्रकार कहता हूं कि ॥८९॥ कान त्वचा, नेत्र जिह्वा, और पांचवीं नाक और गुदा, शिश्न, हस्त पाद और १० वीं वाणी कही है ॥९०॥

बुद्धीन्द्रियाणि पञ्चैषां श्रोत्रादीन्यनुपूर्वशः ।
कर्मेन्द्रियाणि पञ्चैषां पाय्वादीनि प्रचक्षते ॥९१॥
एकादशं मनो ज्ञेयं स्वगुणेनोभयात्मकम् ।
यस्मिन् जिते जितावेतौ भवतः पञ्चकौ गणौ ॥९२॥

इन में श्रोत्रादि क्रमशः पांच बुद्धीन्द्रिय अर्थात् ज्ञानेन्द्रिय हैं और इनमें गुदा आदि पांच कर्मेन्द्रिय कहते हैं ॥९१॥ एकादशवां मन अपने गुण से दोनों (ज्ञानेन्द्रिय और कर्मेन्द्रियों) को चलाने वाला है। जिसके वश्य होने से यह दोनों पांच २ के गण वश में हो जाते हैं ॥९२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

इन्द्रियाणां प्रसंगेन दोषमृच्छत्यऽसंशयम् ।
सन्नियम्यतु तान्येव ततः सिद्धिं नियच्छति ॥९३॥

न जातु कामः कामानामुपभोगेन शाम्यति ।
हविषा कृष्णवर्त्मेव भूय एवाऽभिवर्धते ॥९४॥

इन्द्रियों के विषयों में फसने से निःसंदेह दोषको प्राप्त होता है और उन्हीं के रोकने से फिर सिद्धि को प्राप्त होता है ॥९३॥ विषय भोग की इच्छा विषयों के भोग से कभी शान्त नहीं होती, जैसे घृत से अग्नि (कभी शांत नहीं होती किन्तु) अधिक ही बढ़ती है ॥९४॥

यश्चैतान्प्राप्नुयात्सर्वान्यश्चैतान्केवलांस्त्यजेत् ।
प्रापणात्सर्वकामानां परित्यागो विशिष्यते ॥९५॥

न तथैतानि शक्यन्ते संनियन्तुमसेवया ।
विषयेषु प्रजुष्टानि यथा ज्ञानेन नित्यशः ॥९६॥

जो इन सब विषयों को भोगे और जो इनको केवल छोड़ देवे, (उन दोनों में) सपूर्ण कामनाओं के भोगने से छोड़ना बढ़ कर है ॥९५॥ ये विषयासक्त इन्द्रियें विषयों के सेवन बिना भी उस प्रकार नहीं जीती जा सकतीं जैसे कि सर्वदा (विषयों के दोष के) ज्ञान से ॥९६॥

वेदास्त्यागश्च यज्ञाश्च नियमाश्च तपांसिच ।
न विप्रदुष्टभावस्य सिद्धिं गच्छन्ति कर्हिचित् ॥९७॥

श्रुत्वा स्पृष्ट्वाच दृष्ट्वाच भुक्त्वा घ्रात्वाच योनरः ।
न हृष्यति ग्लायति वा सविज्ञेयो जितेन्द्रियः ॥९८॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

वेदाध्ययन, दान, यज्ञ, नियम और तप, ये दुष्ट भाव वाले को कभी सिद्ध नहीं होते ॥९७॥ जिस पुरुष को (निन्दा या स्तुति के) सुनने से और (कोमल या कड़ी वस्तु के) स्पर्श करनेसे तथा (सुन्दर या असुन्दर वस्तु के) देखने से और (अच्छे भोजन या सामान्य) भोजन से और (सुगन्ध या दुर्गन्ध) पदार्थ के सूंघने से हर्ष विषाद न हो, उसको जितेन्द्रिय जानना ॥९८॥

इन्द्रियाणां तु सर्वेषां यद्येकं क्षरतीन्द्रियम् ।
तेनास्य क्षरति प्रज्ञा दृतेपात्रादिवोदकम् ॥९९॥
वशे कृत्वेन्द्रियग्रामं संयम्य च मनस्तथा ।
सर्वान्संसाधयेदर्थानक्षिण्वन्योगतस्तनुम् ॥१००॥

संपूर्ण इन्द्रियों में यदि एक भी इन्द्रिय का विषय में झुकाव हो तो तत्वज्ञानी की बुद्धि उस से नष्ट होती है। जैसे दृति-मशक (या फूटे पात्र) से (उसका) पानी ॥९९॥ इन्द्रियों के गणों के स्वाधीन करके और मन का भी संयम करके युक्ति से शरीर को पीड़ा न देता हुआ सम्पूर्ण अर्थों (पुरुषार्थ चतुष्टय) को साधे ॥१००॥

पूर्वां संध्यां जपंस्तिष्ठेत्सावित्रीमार्कदर्शनात् ।
पश्चिमां तु समासीनः सम्यगृक्षविभावनात् ॥१०१॥
पूर्वां संध्यां जपं स्तिष्ठन्नैशमेनो व्यपोहति ।
पश्चिमांतु समासीनो मलंहन्ति दिवाकृतम् ॥१०२॥

प्रातःकाल की सन्ध्या को गायत्री का जप करता हुआ सूर्य-दर्शन होने तक स्थित होकर और सायंकाल की सन्ध्या को नक्षत्र

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

दर्शन ठीक २ होने तक बैठ कर करे ॥१०१॥ प्रातः सन्ध्या के जप से रात्रि भर की और सायं संध्या से दिन भरकी दुर्वासना का नाश होता है ॥१०२॥

नतिष्ठति तु यः पूर्वां नोपास्ते यश्च पश्चिमाम् ।
स शूद्रवद्बहिष्कार्यः सर्वस्माद् द्विजकर्मणः ॥१०३॥
अपांसमीपे नियतो नैत्यकं विधिमास्थितः ।
सावित्रीमप्यधीयीत गत्वारण्यं समाहितः ॥१०४॥

जो प्रात काल की संध्या न करे और जो सायङ्काल की भी न करे वह सम्पूर्ण द्विजो के कर्म से शूद्रवत् बहिष्कार्य है ॥१०३॥ जलके समीप एकाग्रचित्त से वन (वा एकान्त) मे जाकर (सन्ध्या वन्दनादि) नित्य कर्म और गायत्री का जाप भी करे ॥१०४॥

वेदोपकरणे चैव स्वाध्याये चैव नैत्यके ।
नानुरोधोस्त्यनध्याये होममन्त्रेषु चैव हि ॥१०५॥
नैत्यके नास्त्यनध्यायो ब्रह्मसत्रं हि तत्स्मृतम् ।
ब्रह्माहुतिहुतं पुण्यमनध्यायवषट्कृतम् ॥१०६॥

शिक्षादि के पढने और नित्य के स्वाध्याय और होममन्त्रो में अनध्याय के दिन भी रुकाई नहीं है ॥१०५॥ नित्य के कर्म में अनध्याय नही है। क्योंकि उस को ब्रह्मयज्ञ कहा है। उस में ब्रह्माहुति का ही होम है और (उस) अनध्याय मे भी वषट्कार (समाप्तिसूचक) शब्द किया जाता है ॥१०६॥

य स्वाध्यायमधीतेऽब्दं विधिना नियतः शुचिः ।
तस्य नित्यं क्षरत्येष पयो दधि घृतं मधु ॥१०७॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अग्नीन्धनं भैक्षचर्यामधः शय्यां गुरोर्हितम् ।
आसमावर्तनात्कुर्यात्कृतोपनयनो द्विजः ॥१०८॥

जो पुरुष एक वर्ष पर्यन्त विधियुक्त नियम से पवित्र होकर स्वाध्याय पढ़ता है, उसके लिये वह (स्वाध्याय) दूध, दही, घृत, मधु को वर्षाता है ॥१०७॥ उपनयन किया हुआ द्विज, ब्रह्मचर्य व्रत को जब तक समावर्त्तन न हो, इस प्रकार करे—(समावर्तन उस को कहते है, जो गुरु से सम्पूर्ण विद्या पढ़कर घर जाने की अवधि है) सायं प्रातर्होम, भिक्षा, भूमि पर शयन तथा गुरु का हित किया करे ॥१०८॥

आचार्यपुत्रः शुश्रूषुर्ज्ञानदो धार्मिकः शुचिः ।
आप्तः शक्तोऽर्थदः साधुः स्वोऽध्याप्यादशधर्मतः ॥१०९॥
नापृष्टः कस्यचिद् ब्रूयान्न चाऽन्यायेन पृच्छतः ।
जानन्नपि हि मेधावी जडवल्लोक आचरेत् ॥११०॥

आचार्यपुत्र, सेवक, ज्ञानान्तरदाता, धर्मात्मा, पवित्र, प्रामाणिक, धारणाशक्ति वाला, धन देने वाला, हितेच्छु और ज्ञाति ; ये दश धर्म से पढ़ाने योग्य है (अर्थात् इन को पढाना फर्ज है) ॥१०९॥ विना किसी के पूछे न बोले और अन्याय से पूछते हुवे से भी न बोले, किन्तु जान कर भी बुद्धिमान् उन लोगोंमे अनजान सा रहे ॥११०॥

अधर्मेण च यः प्राह यश्चाधर्मेण पृच्छति ।
तयोरन्यतरः प्रैति विद्वेषं वाधिगच्छति ॥१११॥
धर्मार्थौ यत्र न स्यातां शुश्रूषा वाऽपि तद्विधा ।
तत्र विद्या न वक्तव्या शुभं बीजमिवोषरे ॥११२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

क्योंकि जो अधर्म से उत्तर देता और जो अधर्म से पूछता है उन दोनों में एक मर जाता या द्वेषी हो जाता है ॥१११॥ जिस (शिष्य के पढ़ाने) में धर्म और अर्थ न हों और वैसी गुरु में भक्ति भी न हो, उस को विद्या न पढ़ावे। जैसे अच्छा बीज ऊसर में न बोवे (बोने से कुछ उत्पन्न नहीं होता) ॥११२॥

विद्ययैव समं कामं मर्तव्यं ब्रह्मवादिना ।
आपद्यपि हि घोरायां न त्वेनामिरिणे वपेत् ॥११३॥

विद्या ब्राह्मणमेत्याह शेवधिस्तेऽस्मि रक्ष माम् ।
असूयकाय मां मादास्तथा स्यां वीर्यवत्तमा ॥११४॥

चाहे विद्या के साथ मरना पड़े, परन्तु वेदाध्यापक घोर आपत्ति में भी अयोग्य शिष्य को विद्या न देवे ॥११३॥ विद्या ब्राह्मण के पास आकर बोली कि मैं तेरी निधि हूं, मेरी रक्षा कर। असूयकादि दोष वाले पुरुष को मुझे मत दे। इस प्रकार करने से मैं बलवती होऊंगी ॥११४॥

यमेव तु शुचिं विद्या न्नियतब्रह्मचारिणम् ।
तस्मै मां ब्रूहि विप्राय निधिपायाऽप्रमादिने ॥११५॥
ब्रह्म यस्त्वननुज्ञातमधीयानादवाप्नुयात् ।
स ब्रह्मस्तेयसंयुक्तो नरकं प्रतिपद्यते ॥११६॥

जिस को पवित्र, जितेन्द्रिय और ब्रह्मचारी जाने और मुझ निधि रूप की रक्षा करने वाला हो, ऐसे प्रमादरहित विप्र को पढ़ावो ॥११५॥ और जो कोई अन्य पढ रहा हो, उस से बिना उस के पढ़ाने वाले की आज्ञा के सीख लेवे, वह विद्या की चोरी से युक्त नरक को प्राप्त होता है (इस से ऐसा न करे) जो आशय यहां

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

मनु में श्लोक ११४। ११५ और ११६ का है, वही आशय निरुक्त २। ३—४ से भी प्रमाणित होता है। यथा—

नित्यं ह्यविज्ञातुर्विज्ञानेऽसूयोपसन्नाय तु निब्रूयाद्यो-चाऽलं विज्ञातुं स्यान्मेधाविने तपस्विने वा ॥३॥ विद्या ह वै ब्राह्मणमाजगाम गोपाय मा शेवधिष्टेहमस्मि। असूयकायानृजवेऽयताय न मा ब्रूया वीर्यवती तथा स्याम्। य आतृणत्त्यवितथेन कर्णावदुःखं कुर्वन्नमृतं संप्रयच्छन्। तं मन्येत पितरं मातरं च तस्मै न द्रुह्येत्कृ-तमच्चनाह ॥ अध्यापिता ये गुरुं नाद्रियन्ते विप्रा वाचा मनसा कर्मणा वा। यथैव ते न गुरोर्भोजनीयास्तथैव तान्न भुनक्ति श्रुतं तत्॥ यमेव विद्याः शुचिमप्रमत्तं मेधाविनं ब्रह्मचर्योपपन्नम्। यस्ते न द्रुह्येत्कतमच्चनाह तस्मै मा ब्रूया निधिपाय ब्रह्मन्॥ इति, निधिः शेवधिरिति ॥४

विद्या ने (अध्यापक) ब्राह्मण से कहा कि मेरी रक्षा कर मैं तेरा (खजाना) निधि हूं। चुगली करने वाले, क्रूर और ब्रह्मचर्य रहित को मेरा उपदेश न कर, जिस से मैं बलवती रहूं। जो सत्य से दोनों कान भरता है, दुःख दूर करता है और अमृत पिलाता है; उसे माता पिता करके मानना चाहिये उस से कभी द्वेष न करना चाहिये ॥११५॥ जो पढ़ लिख कर बुद्धिमान् हो, अपने गुरु का मन, वचन वा कर्म से आदर नहीं करते वे जिस प्रकार गुरु के भोजनीय नहीं; इसी प्रकार उनका पढना सुफल नहीं। किन्तु हे ब्रह्मन्! जिस को तू शुद्ध अप्रमादी, बुद्धिमान्, ब्रह्मचर्य से युक्त समझे और जो तुझ से कभी द्वेष न करे उस

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

निधि के रक्षक शिष्य को मरा जान दे ॥११६॥

लौकिकं वैदिकं वापि तथाध्यात्मिकमेव च ।
आददीत यतो ज्ञानं तं पूर्वमभिवादयेत् ॥११७॥

सावित्रीमात्रसारोऽपि वरं विप्रः सुयन्त्रितः ।
नायन्त्रितस्त्रिवेदोऽपि सर्वाशी सर्वविक्रयी ॥११८॥

जिस से लौकिक विद्या वा वेदोक्त कर्मकाण्ड तथा ब्रह्मविद्या पढे उस (प्रतिष्ठितों के बीच बैठे हुए) को प्रथम नमस्कार करे (पश्चात् अन्यों को) ॥११७॥ जो गायत्री मात्र का जानने वाला भी जितेन्द्रिय विप्र है, वह शिष्टों में मान्य है और जो तीनों वेदों को भी पढा हो, परन्तु भक्ष्याभक्ष्य का विचार न रखता हो तथा सम्पूर्ण वस्तुओं का विक्रय करता हो, वह अजितेन्द्रिय शिष्टों में माननीय नहीं है ॥११८॥

शय्यासनेऽध्याचरिते श्रेयसा न समाविशेत् ।
शय्यासनस्थश्चैवैनं प्रत्युत्थायाभिवादयेत् ॥११९॥

ऊर्ध्वं प्राणा ह्युत्क्रामन्ति यूनः स्थविर आयति ।
प्रत्युत्थानाभिवादाभ्यां पुनस्तान्प्रतिपद्यते ॥१२०॥

जो शय्या वा आसन विद्यादि से अधिक वा गुरु के स्वीकार किये हुवे हों उन पर आप बराबर न बैठे और वह (गुरु) आवे तो आप शय्या वा आसन पर बैठा हुआ भी उठ कर नमस्कार करे ॥११९॥ बडे आदमी के घर आने पर छोटे आदमी के प्राण ऊपर को उभरने लगते हैं। वे (प्राण) उठ कर नमस्कारादि करने से स्वस्थता को प्राप्त होते हैं (इससे अवश्य अपने से विद्यादि में अधिकों को उठ कर नमस्कार करे) ॥१२०॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः ।
चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्यायशोबलं ॥१२१॥

अभिवादात्परंविप्रो ज्यायांसमभिवादयन् ।
असौ नामाहमस्मीति स्वं नामपरिकीर्तयेत् ॥१२२॥

जो प्रति दिन वृद्धों की सेवा करता है और नमस्कार करने के स्वभाव वाला है, उसकी चार वस्तु बढ़ती हैं, आयु विद्या यश और बल ॥१२१॥ वृद्धको नमस्कारकरता हुआ विप्र "मैं नमस्कार करता हूं" इस अभिवादन वाक्य के अन्त "मैं अमुक नाम वाला हूं" ऐसे अपना नाम कहे ॥१२२॥

नामधेयस्य ये केचिदभिवादं न जानते ।
तान्प्राज्ञोहमिति ब्रूयात् स्त्रियःसर्वास्तथैव च ॥१२३॥

भोः शब्दं कीर्तयेदन्ते स्वस्य नाम्नोऽभिवादने ।
नाम्नांस्वरूपभावोहि भोभावऋषिभिःस्मृतः ॥१२४॥

जो कोई नामधेयके उच्चारणपूर्वक नमस्कार करना नहीं जानते उन से बुद्धिमान् ऐसा कहदे कि मैं नमस्कार करता हूं और सम्पूर्ण मान्य स्त्रियों को भी ऐसे ही कहदे ॥१२३॥ अभिवाद्य के नामों के स्वरूप में भो यह सम्बोधन ऋषियों ने कहा है। इस से अपना नाम लेकर अन्तमें भो शब्द कहा करे (अर्थात् अपने से बड़े अभिवादनीय पुरुष का नाम न ले किन्तु उस के नाम की जगह 'भोः शब्द कहे) ॥१२४॥

आयुष्मान्भव सौम्येति वाच्यो विप्रोभिवादने ।
अकारश्चास्य नाम्नोन्ते वाच्यःपूर्वाक्षरः प्लुतः ॥१२५॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

यो न वेत्त्यभिवादस्य विप्रः प्रत्यभिवादनम् ।
नाभिवाद्यः स विदुषा यथा शूद्रस्तथैव सः ॥१२६॥

नमस्कार करने पर आयुष्मान भवसौम्य ऐसा ब्राह्मणसे कहे। नमस्कार करने वाले के नाम के अन्त के व्यञ्जन (शर्मन इत्यादि) से पूर्व अकार (या किसी स्वर) को प्लुत करे (इससे उसका आदर होता है) ॥१२५॥ जो ब्राह्मण नमस्कार करने पर क्या कहना चाहिये इसको नहीं जानता, वह शूद्र तुल्य है, नमस्कार करने के योग्य नहीं है ॥१२६॥

ब्राह्मणं कुशलं पृच्छेत्क्षत्रबन्धुमनामयम् ।
वैश्यं क्षेमं समागम्य शूद्रमारोग्यमेव च ॥१२७॥
अवाच्यो दीक्षितो नाम्ना यवीयानपि योभवेत् ।
भोभवत्पूर्वकं त्वेनमभिभाषेत धर्मवित् ॥१२८॥

(नमस्कार के अनन्तर) मिलाप होने पर ब्राह्मण से "कुशल" पूछे, क्षत्रिय से "अनामय" वैश्यमे "क्षेम" और शूद्रसे "आरोग्य" ही पूछे ॥१२७॥ यदि दीक्षित कनिष्ठ (छोटा) भी हो तथापि उसका नाम लेकर न बोले। (जो कुछ बोलना हो तो) धर्म का जानने वाला भो दीक्षित' या आप (भवान्) कह कर बोले ॥१२८॥

परपत्नी तु या स्त्री स्यादसंबन्धा च योनितः ।
तां ब्रूयाद्भवतीत्येवं सुभगे भगिनीति च ॥१२९॥
मातुलांश्च पितृव्यांश्च श्वशुरानृत्विजो गुरून् ।
असावहमिति ब्रूयात्प्रत्युत्थाय यवीयसः ॥१३०॥

परस्त्री जो योनि सम्बन्ध (रिश्ते) वाली न हो, उसको

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

(बोलने के समय में) कहे कि भवति ! सुभगे ! भगिनि ! ॥१२९॥ मातुल पितृव्य, श्वसुर, ऋत्विज, गुरु, यदि ये कनिष्ठ (छोटे) तो भी इनके आने पर उठ कर "असौ अहम्" ऐसा कहे (अर्थात् अपना नाम प्रकट करे) ॥१३०॥

मातृष्वसा मातुलानी श्वश्रूरथ पितृष्वसा ।
सम्पूज्या गुरुपत्नीवत् समास्ता गुरुभार्यया ॥१३१॥
भ्रातुर्भार्योपसंग्राह्या सवर्णाऽहन्यहन्यपि ।
विप्रोष्य तूपसंग्राह्या ज्ञातिसम्बन्धियोषितः ॥१३२॥

माता की भगिनी, मामी, सास और पितृ-भगिनी, ये सम्पूर्ण गुरु भार्या के तुल्य हैं इससे इनका आदर सत्कार गुरुभार्यावत् करे ॥१३१॥ (ज्येष्ठ) भ्राता की सवर्णा भार्या से प्रतिदिन नमस्कार आदि करे और ज्ञाति सम्बन्धिनी जो स्त्री है (मातृपक्ष की मातुलानी इत्यादि और पितृपक्ष के पितृव्यादिकों की स्त्रियें) इनको परदेश से आने पर नमस्कार करे ॥१३२॥

पितुर्भगिन्यां मातुश्च ज्यायस्यां च स्वसर्यपि ।
मातृवद्वृत्तिमातिष्ठेन्माता ताभ्यो गरीयसी ॥१३३॥
दशाब्दाख्यं पौरसख्यं पञ्चाब्दाख्यं कलाभृताम् ।
त्र्यब्दपूर्वं श्रोत्रियाणां स्वल्पेनापि स्वयोनिषु ॥१३४॥

पितृभगिनी, मातृभगिनी और अपनी ज्येष्ठा भगिनी इनका माताके समान आदर करे परन्तु माता इनसे अधिकतर है ॥१३३॥ एक-पुरनिवासियों का दश वर्ष बड़ा होने तक सख्य (बराबरी) होता है और यदि सङ्गीतादि कला के जानने वाले हों तो पांच वर्ष बड़ा होने तक सख्य (बराबरी) होता है और श्रोत्रियो में तीन

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

वर्ष की ज्येष्टता तक और अपने ज्ञातियोंमें थोड़े ही दिनों में सख्य (बराबरी) होता है ॥१३४॥

ब्राह्मणं दशवर्षं तु शतवर्षं तु भूमिपम्।
पितापुत्रौ विजानीयात् ब्राह्मणस्तुनयोः पिता ॥१३५॥

वित्तं बन्धुर्वय: कर्म विद्या भवति पञ्चमी।
एतानि मान्यस्थानानि गरीयो यद्यदुत्तरम् ॥१३६॥

दश वर्ष का ब्राह्मण और सौ वर्ष का क्षत्रिय हो तो पिता पुत्र के समान जाने और ब्राह्मण उनमें पिता के समान है ॥१३५॥ १वित्त न्यायोपार्जित द्रव्य २ पितृव्यादि - बन्धु ३ श्रौतस्मार्तादिकै कर्म ४ आयु और ५ विद्या ये पांच बड़ाई के स्थान हैं। इनमें उत्तरोत्तर एक से एक अधिक है ॥१३६॥

पञ्चानां त्रिषु वर्णेषु भूयांसि गुणवन्ति च।
यत्रस्युः सोऽत्रमानार्हः शूद्रोऽपि दशमीं गतः ॥१३७॥

चक्रिणो दशमीस्थस्य रोगिणोभारिणःस्त्रियाः।
स्नातकस्य च राज्ञश्च पन्था देयो वरस्य च ॥१३८॥

तीन वर्णों (ब्राह्मण, क्षत्रिय वैश्य) में पूर्वोक्त पांच गुणों में से जिस में जितने अधिक हों वह उतना अधिक माननीय है और शूद्र भी सौ वर्ष का हुआ माननीय है ॥१३७॥ चक्रयुक्त रथादि पर सवार हुवे और ९० १०० वर्ष के वृद्ध रोगी, बोझ वाले, स्त्री स्नातक राजा और वर=जिसका विवाह हो इन सब को मार्ग (रास्ता) छोड़ देवें ॥ १३८ ॥

तेषान्तु समवेतानां मान्यौ स्नातकपार्थिवौ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

राजस्नातकयोश्चैव स्नातको नृपमान भाक्॥१३९॥

उपनीय तु यः शिष्यं वेदमध्यापयेद् द्विजः।
सकल्पं सरहस्यं च तमाचार्यं प्रचक्षते ॥१४०॥

ये सब जहां इकट्ठे हो वहां राजा और स्नातक अधिक माननीय हैं। उनमें भी राजा और स्नातक एक साथ मिल जावें तो राजा स्नातक को मान (रास्ता) देवे (स्नातक उस ब्रह्मचारी को कहते हैं जिसका समावर्तन हो चुका हो) ॥१३९॥ जो द्विज शिष्य का उपनयन करके कल्प और रहस्य के साथ वेद पढ़ावे उसको "आचार्य" कहते हैं (कल्प=यज्ञविधि। रहस्य=उपनिषद्) ॥१४०

एकदेशं तु वेदस्य वेदाङ्गान्यपि वा पुनः।
योऽध्यापयति वृत्यर्थमुपाध्यायः स उच्यते ॥१४१॥
निषेकादीनि कर्माणि यःकरोति यथाविधि।
संभावयति चान्नेन स विप्रो गुरुरुच्यते ॥१४२॥

वेद के एक देश वा वेद के अङ्ग (ज्योतिष व्याकरणादि) वृति के लिये जो पढ़ावे, उसको "उपाध्याय" कहते हैं॥१४१॥ जो गर्भाधानादि शास्त्रोक्त कर्म कराता है और जो अन्न से पोषण करता है उस ब्राह्मण को 'गुरु' कहते हैं॥१४२॥

अग्न्याधेयं पाकयज्ञानऽग्निष्टोमादिकान्मखान्।
यः करोति वृतो यस्य स तस्यर्त्विगिहोच्यते ॥१४३॥

य आवृणोत्यवितथं ब्रह्मणा श्रवणावुभौ।
स माता स पिता ज्ञेयस्तं न द्रुह्येत्कदाचन ॥१४४॥

(जो आहवनीय अग्नि को उत्पन्न करके कर्म किया जाता है

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

उसको) अग्न्याधेय (कहते हैं) और पाकयज्ञ (वैश्वदेवादि), और अग्निष्टोमादि यज्ञों का वरण लेकर जो जिसे करावे उसको इस शास्त्र मे उसका "ऋत्विज्" कहते हैं ॥१४३॥ जो (गुरु) सत्यविद्या वेद से दोनो कर्णों का भरता है वह माता पिता के तुल्य जानने योग्य है, उससे कभी द्रोह न करे ॥१४४॥

उपाध्यायान्दशाचार्य आचार्याणां शतं पिता ।
सहस्रं तु पितॄन्माता गौरवेणातिरिच्यते ॥१४५॥
उत्पादकब्रह्मदात्रोर्गरीयान्ब्रह्मदः पिता ।
ब्रह्मजन्म हि विप्रस्य प्रेत्य चेह च शाश्वतम् ॥१४६॥

दश १० उपाध्यायों के तुल्य गौरव (बडाई) एक आचार्य मे और शत १०० आचार्यों के समान पिता मे और पिता से सहस्र-गुणित माता मे होता है ॥१४५॥ उत्पन्न करने वाला और वेद का पढ़ाने वाला (ये दोनो पिता हैं) इनमें ब्रह्म का देने वाला बडा है क्योंकि विप्र का ब्रह्मजन्म ही इस लोक तथा परलोक मे शाश्वत (स्थिर फल का हेतु) है ॥१४६॥

कामान्मातापिता चैनं यदुत्पादयतो मिथः ।
सम्भूतिं तस्य तां विद्याद्योनावभिजायते ॥१४७॥
आचार्यस्त्वस्य यां जातिं विधिवद्वेदपारगः ।
उत्पादयति सावित्र्या सा सत्या साजरामरा ॥१४८॥

माता और पिता तो काम वश होकर भी इस बालक को उत्पन्न करते हैं इससे जिस योनि मे वह जाता है, उसी प्रकार उसके हस्त पादादि हो जाते है ॥१४७॥ परन्तु सम्पूर्ण वेद का जानने वाला आचार्य इस बालक को विधिवत् गायत्री उपदेश

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

द्वारा जो जाति उत्पन्न करता है वह जाति सत्य है और अजर अमर है (क्योंकि उसी से शाश्वत ब्रह्म की प्राप्ति होती है)॥१४८॥

अल्पं वा बहु वा यस्य श्रुतस्योपकरोति यः ।
तमपीह गुरुं विद्याच्छ्रुतोपक्रियया तया ॥१४९॥
ब्राह्मस्य जन्मनः कर्ता स्वधर्मस्य च शासिता ।
बालोपि विप्रो वृद्धस्य पिता भवति धर्मतः ॥१५०॥

जो (उपाध्याय) जिसको अल्प वा बहुत वेदाध्ययनादि कराकर उपकार करे, उसको भी इस लोक में पढाई के उपकार करने मे 'गुरु' जाने ॥१४९॥ ब्रह्म (वेद) के पढ़ाने से जन्म दिया है जिसने और स्वधर्म की शिक्षा करने वाला. ऐसा (आयु से) बालक भी विद्वान् पुरुप (आयुमात्रसे) वृद्ध (मूर्ख) का धर्मसे पिता है॥१५०॥

'अध्यापयामास पितृन् शिशुराङ्गिरसः कवि. ।
पुत्रका इति होवाच ज्ञानेन परिगृह्यतान् ॥१५१॥
ते तमर्थमपृच्छन्त देवानागतमन्यव. ।
देवाश्चैतान्समेत्योचुर्न्याय्यं वः शिशुरुक्तवान् ॥१५२॥"

'अङ्गिरस मुनि के विद्वान् पुत्र ने अपने पितृव्यादि को पढ़ाया और अपने अधिक विद्या ज्ञान से उनको शिष्य जान कर हे पुत्रकाः! अर्थात् 'हे लड़को' ऐसा कहा है ॥१५१॥ वे क्रोधयुक्त होकर देवताओं से 'पुत्र' के शब्दार्थ को पूछने गये। देवताओं ने मिलकर उनसे कहा कि उस लड़के ने तुमसे ठीक कहा है॥"

(मनु के पश्चात् अङ्गिरस गोत्र कवि हुआ और उसको भी लिट् लकार परोक्षभूत से बहुत पुराना करके इन श्लोको मे कहा होने से ये दोनों श्लोक नवीन ज्ञात हैं) ॥१५२॥

अज्ञो भवति वै बालः पिता भवति मन्त्रदः ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अज्ञं हि बालमित्याहुः पितेत्येव तु मन्त्रदम् ॥१५३

न हायनैर्न पलितैर्न वित्तेन न बन्धुभिः ।
ऋषयश्चक्रिरे धर्मं योऽनूचानः स नो महान् ॥१५४॥

अज्ञानी ही बालक है और मन्त्र का देने वाला पिता है इससे अज्ञ को बालक और मन्त्रदाता को पिता कहते हैं ॥१५३॥ न बहुत आयुसे, न श्वेत बालोंसे न द्रव्यसे, न नातेमें बड़ाईसे बड़ाई है । किन्तु जो वेदाध्ययनपूर्वक धर्म का जानने और करने वाला है वही हम ऋषियों में बड़ा है । यह धर्मव्यवस्था ऋषियों ने की है ॥१५४॥

विप्राणां ज्ञानतो ज्यैष्ठ्यं क्षत्रियाणां तु वीर्यतः ।
वैश्यानां धान्यधनतः शूद्राणामेव जन्मतः ॥१५५॥

न तेन वृद्धो भवति येनास्य पलितं शिरः ।
यो वै युवाप्यधीयानस्तं देवाः स्थविरं विदुः ॥१५६॥

ब्राह्मणो का ज्ञान की अधिकता से बड़प्पन होता है और क्षत्रियो का पराक्रम से, वैश्यों का धन धान्य की समृद्धि से और शूद्रो का जन्म से ॥१५५॥ शिर के केश श्वेत होने से वृद्ध नहीं होता, यदि युवाभी लिखा पढ़ाहो तो उसको देवता वृद्ध जानते हैं॥

यथा काष्ठमयो हस्ती यथा चर्ममयो मृगः ।
यश्च विप्रोनधीयान स्त्रयस्ते नाम बिभ्रति ॥१५७॥

यथा षण्ढोऽफलः स्त्रीषु यथा गौर्गविचाफला ।
यथा चाज्ञेऽफलं दानं तथाविप्रोनृचोऽफलः ॥१५८॥

जैसे काष्ठ का हाथी और चमड़े का मृग है वैसे बिना पढ़ा

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ब्राह्मण का पुत्र, ये तीनों नाममात्र को धारण करते हैं ॥१५७॥ जैसा स्त्रियों में नपुंसक निष्फल और गौ मे गौ तथा अज्ञानी में दान निष्फल है वैसे ही वेदरहित ब्राह्मण निष्फल है ॥१५८॥

अहिंसयैव भूतानां कार्यं श्रेयोऽनुशासनम् ।
वाक्चैव मधुराश्लक्ष्णा प्रयोज्याधर्ममिच्छता॥१५९॥
यस्य वाङ्मनसी शुद्धे सम्यग्गुप्ते च सर्वदा ।
स वै सर्वमवाप्नोति वेदान्तोपगतं फलम् ॥१६०॥

प्राणियों को श्रेय अर्थात् कल्याणरूपी अर्थकी शिक्षा अहिंसा (दुःख न देकर) ही से करे और वाणी मधुर और स्पष्ट कहे, धर्म की इच्छा करने वाला (क्रूर भाषणादि न करे) ॥१५९॥ जिसके वाणी और मन शुद्ध और (क्रोध मिथ्याभाषणादिकों से) सदा सुरक्षित हो वह वेदान्तके यथार्थ सब फल को प्राप्त होता है (मोक्ष लाभ करता है) ॥१६०॥

नारुन्तुदः स्यादार्तोऽपि न परद्रोहकर्मधीः ।
ययास्योद्विजतेवाचा नालोक्यां तामुदीरयेत्॥१६१॥
संमानाद् ब्राह्मणो नित्यमुद्विजेत विषादिव ।
अमृतस्येव चाकाङ्क्षेदवमानस्य सर्वदा ॥१६२॥

दबाव पड़ने पर भी किसी के मर्मच्छेदन करने वाली बात न बोले। दूसरे के साथ द्रोह करनेवाली बुद्धि नकरे और जिस वाणी से दूसरा डरे, लोक की अहित करने वाली ऐसी कोई बात न बोले ॥१६१॥ ब्राह्मण सम्मान से सर्वदा (सुख नहीं माने) विषवत् डरे और सर्वदा अपमान की अमृतवत् इच्छा करे (मान अपमान से उसको दुःखादि न होवे) ॥१६२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सुखं ह्यवमतः शेते सुखं च प्रतिबुध्यते ।
सुखं चरति लोकेऽस्मिन्नवमन्ता विनश्यति ॥१६३॥
अनेन क्रमयोगेन संस्कृतात्मा द्विजः शनैः ।
गुरौ वसन्संचिनुयाद् ब्रह्माधिगमिकं तपः ॥१६४॥

दूसरे से अपमान किये जाने पर भी खेद न करता हुआ पुरुष सुख पूर्वक शयन करता है, सुखपूर्वक जागता है लोगों मे व्यवहार करता है और अपमान करने वाला (उस पाप से) नष्ट हो जाता है ॥१६३॥ इस क्रम से (जातकर्म से उपनयनपर्यन्त) संस्कार किया हुआ द्विज, गुरु के समीप वास करता हुआ वेद के ग्रहणार्थ तप का संचय करे ॥१६४॥

तपोविशेषैर्विविधैर्व्रतैश्च विधिचोदितैः ।
वेदः कृत्स्नोऽधिगन्तव्यः सरहस्यो द्विजन्मना ॥१६५॥
वेदमेव सदाभ्यस्येत्तपस्तप्स्यन् द्विजोत्तमः ।
वेदाभ्यासो हि विप्रस्य तपः परमिहोच्यते ॥१६६॥

विधिविहित विविध तपोविशेष (समय नियमादि) और व्रतों (गुरुसेवनादि) से सम्पूर्ण वेद उपनिषदों के सहित, द्विजन्मा-ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य को पढ़ाना योग्य है ॥१६५॥ तप करना हो तो ब्राह्मण वेद ही का सदा अभ्यास करे । वेदाभ्यास ही ब्राह्मण का परम तप कहा है ॥१६६॥

आहैव स नखाग्रेभ्यः परमं तप्यते तपः ।
यः स्रग्व्यपि द्विजोऽधीते स्वाध्यायं शक्तितोऽन्वहम् ॥१६७॥
योऽनधीत्य द्विजो वेदमन्यत्र कुरुते श्रमम् ।
स जीवन्नेव शूद्रत्वमाशु गच्छति सान्वयः ॥१६८॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

जो द्विज पुष्पमाला को भी धारण करके (ब्रह्मचर्य समाप्त करके भी) प्रतिदिन यथाशक्ति वेदाध्ययन करताहै वह निश्चय नख शिख तक परम तप करता है (अर्थात् इससे अधिक कोई तप नहींहै) ॥१६७॥ जो द्विज वेद को विना पढ़े अन्य कार्यमे श्रमकरे, वह जीता हुआ ही वंश के सहित शूद्रता को प्राप्त होता है ॥१६८॥

मातुरग्रेधिजननं द्वितीयं मौञ्जिबन्धने ।
तृतीयं यज्ञदीक्षायां द्विजस्य श्रुतिचोदनात् ॥१६६॥
तत्र यद् ब्रह्मजन्मास्य मौञ्जीबंधनचिन्हितम् ।
तत्रास्य मातासावित्री पितात्वाचार्य उच्यते ॥१७०॥

श्रुति की आज्ञा से द्विज के प्रथम मातासे जन्म दूसरे मौञ्जी वन्धन तीसरे यज्ञ की दीक्षा मे ये तीन जन्म होतेहैं ॥१६९॥ इन पूर्वोक्त तीनों जन्मों में वेदग्रहणार्थ उपनयन संस्काररूप जो जन्म है उस जन्म में उस वालक की माता सावित्री और पिता आचार्य कहाते हैं ॥१७०॥

वेदप्रदानादाचार्यं पितरं परिचक्षते ।
नह्यस्मिन्युज्यते कर्म किंचिदामौञ्जिवन्धनात् ॥१७१॥
नाभिव्याहारयेद् ब्रह्म स्वधानिनयनादृते ।
शूद्रेण हि समस्तावद्यावद्वेदे न जायते ॥१७२॥

वेद के प्रदान से आचार्य को पिता कहते हैं । उस वालक की मौञ्जीवन्धन से पूर्व कोई (श्रौतस्मार्तादि) क्रिया ठीक नहीं है ॥१७१॥ (मौञ्जीवन्धन से पूर्व) वेद का उच्चारण न करावे परन्तु मृतक संस्कार मे वेद मन्त्रों का उच्चारण वर्जित नहीं है । जव तक वेद में जन्म नहीं हुआ तव तक शूद्र के तुल्य है ॥१७२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

कृतोपनयनस्यास्य व्रतादेशनमिष्यते ।
ब्रह्मणो ग्रहणं चैव क्रमेण विधिपूर्वकम् ॥१७३॥
यद्यस्य विहितं चर्म यत्सूत्रं या च मेखला ।
यो दण्डो यच्च वसनं तत्तदस्य व्रतेष्वपि ॥१७४॥

इस बालक को (सायं प्रात: होम करना और दिन मे न सोना इत्यादि) व्रत और क्रमपूर्वक विधिसे वेदका अध्ययन उपनयन हुवे को कहा है (इसलिये पूर्व न करे) ॥१७३॥ जो जिसको चर्म, सूत्र, मेखला, दण्ड और वस्त्र (उपनयन में) कहा है वही उसको व्रतों में भी जानें ॥१७४॥

सेवेतेमांस्तु नियमान्ब्रह्मचारी गुरौ वसन् ।
सन्नियम्येन्द्रियग्रामं तपो वृद्ध्यर्थमात्मनः ॥१७५॥
नित्यं स्नात्वा शुचिः कुर्याद्देवर्षि पितृतर्पणम् ।
देवताभ्यर्चनं चैव समिदाधानमेव च ॥१७६॥

ब्रह्मचारी गुरु के पास रहता हुआ इन्द्रियों का संयम करके अपने तप की वृद्धि के लिये इन (जो आगे वर्णित हैं) नियमों का पालन करे ॥१७५॥ प्रतिदिन स्नान करके पवित्र होके देव ऋषि और पितृसंज्ञक पुरुषो को जलादिसे तर्पण करे और समिधों का आधान कर होम से देवताओ का पूजन करे ॥१७६॥

वर्जयेन्मधुमांसं च गन्ध माल्यं रसान्स्त्रियः ।
शुक्तानि यानि सर्वाणि प्राणिनां चैव हिंसनम् ॥१७७॥
अभ्यङ्गमञ्जनं चाक्ष्णोरुपानच्छत्रधारणम् ।
कामं क्रोधं च लोभं च नर्तनं गीतवादनम् ॥१७८॥

इन वस्तुओं को छोड़ देवे-मधु, मांस गन्ध माल्य अच्छे

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

मधुरादि रस, स्त्री (लिङ्ग इत्यादि) जो मट्टी वस्तु हैं वे सब और प्राणियों की हिंसा ॥१७७॥ तैलादि का मर्दन आंखों में अञ्जन जूता पहरना, छत्र धारण, काम, क्रोध, लोभ, नाचना, गाना और बजाना ॥१७८॥

द्यूतं च जनवादं च परिवादं तथानृतम् ।
स्त्रीणां च प्रेक्षणालम्भमुपघातं परस्य च ॥१७९॥
एकः शयीत सर्वत्र न रेतः स्कन्दयेत्क्वचित् ।
कामाद्धि स्कन्दयन् रेतो हिनस्ति व्रतमात्मनः ॥१८०॥

जुआ, झगड़ा, दूसरे की निन्दा, झूंठ, स्त्रियों के साथ देखना का दिल्लगी करना और दूसरे का उपघात (न करे) ॥१७९॥ सर्वत्र एकाकी शयन करे और शुक्र (वीर्य) को न गिरावे क्योंकि इच्छा से शुक्र का पात करे तो अपने व्रत का नाश करता है ॥१८०॥

स्वप्ने सिक्त्वा ब्रह्मचारी द्विजः शुक्रमकामतः ।
स्नात्वार्कमर्चयित्वा त्रिः पुनर्मामित्यृचं जपेत् ॥१८१॥
उदकुम्भं सुमनसो गोशकृन्मृत्तिकाकुशान् ।
आहरेद्यावदर्थानि भैक्षं चाहरहश्चरेत् ॥१८२॥

स्वप्न में द्विज ब्रह्मचारी का बिना इच्छा के शुक्र गिर जावे तो स्नान कर परमात्मा का पूजन करके, तीन "पुनर्मामैत्विन्द्रियम्" इस ऋचा को पढ़े ॥१८१॥ पानी का घड़ा, पुष्प, गोबर, मट्टी, कुशा इनको जितना आवश्यक हो ले आवे और प्रतिदिन भिक्षा ले आवे ॥१८२॥

वेदयज्ञैरहीनानां प्रशस्तानां स्वकर्मसु ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ब्रह्मचार्याहरेद्भैक्षं गृहेभ्यः प्रयतोऽन्वहम् ॥१८३॥
गुरोः कुले न भिक्षेत न ज्ञातिकुलबन्धुषु।
अलाभे त्वन्यगेहानां पूर्वं पूर्वं विवर्जयेत् ॥१८४॥

वेद और यज्ञ से जो हीन नहीं हैं और अपने निज कर्म में प्रतिष्ठित हैं, ऐसों के घरों से ब्रह्मचारी प्रतिदिन नियम से भिक्षा लावे ॥१८३॥ गुरु और गुरु के ज्ञाति वाले कुल और बन्धु, इन के कुल से भिक्षा न मांगे। यदि और जगह न मिले तो (इन में से) पहिले पहिलों को छोड़ देवे ॥१८४॥

सर्वं वापि चरेद् ग्रामं पूर्वोक्तानामसम्भवे।
नियम्य प्रयतो वाचमभिशस्तांस्तु वर्जयेत् ॥१८५॥
दूरादाहृत्य समिधः संनिदध्याद्विहायसि।
सायं प्रातश्च जुहुयात्ताभिरग्निमतन्द्रितः ॥१८६॥

पूर्वोक्तों (वेदयज्ञ सहितों) से कहीं न मिले तो चाहे और सब ग्राम से भिक्षा मांगे, परन्तु बहुत न बोलकर, और उनमें भी महापातकी आदि को छोड़ दे ॥१८५॥ दूर से समिधा लाकर ऊंचे पर रक्खे, आलस्य छोड़कर सायं प्रात. उनसे अग्नि मे होम किया करे ॥१८६॥

अकृत्वा भैक्षचरणमसमिध्य च पावकम्।
अनातुरः सप्तरात्रमवकीर्णिव्रतं चरेत् ॥१८७॥
भैक्षेण वर्तयेन्नित्यं नैकान्नादी भवेद् व्रती।
भैक्षेण व्रतिनो वृत्तिरुपवाससमा स्मृता ॥१८८॥

(यदि) विना रोगादि बाधा ब्रह्मचारी सात दिन भिक्षावृत्ति और अग्नि मे समिधों से सायं प्रातर्होम न करे तो (ब्रह्मचर्यव्रत-

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

नष्ट होता है) उस पर अवकीर्णिव्रत (११ अध्यायोक्त) प्रायश्चित्त करे ॥१८७॥ ब्रह्मचारी भिक्षा करके नित्य भोजन करे और एक का अन्न भोजन न करे (किन्तु बहुत घरोंसे भिक्षा मांग के भोजन करे), क्योंकि भिक्षासमूह से जो ब्रह्मचारी की वृत्ति है वह उपवास के तुल्य (मुनियों ने कही) है ॥

(१८८ के आगे ३० पुराने पुस्तकों में से ८ जगह के पुस्तकों की टीका में मूल के स्थान में ये दो श्लोक अधिक पाये जाते हैं। शेष २२ पुस्तकों में नहीं। वे ये हैं :

[न भैक्ष्यं परपाकः स्यान्न च भैक्ष्यं प्रतिग्रहः ।
सोमपानसमं भैक्ष्यं तस्माद्भैक्ष्येण वर्त्तयेत् ॥
भैक्ष्यस्यागमशुद्धस्य प्रोक्षितस्य हुतस्य च ।
यांस्तस्य ग्रसते ग्रासांस्ते तस्य क्रतुभिः समाः ॥]

ये किसी ने भिक्षा की निन्दा वा ग्लानि देख कर बना दिये हैं। जिन का अर्थ यह है कि "भिक्षा का अन्न न तो परपाक है न प्रतिग्रह है, किन्तु सोमपान के तुल्य है, इस लिये भिक्षा के अन्न से वृत्ति करे। भिक्षा का अन्न शास्त्र से विहित, शुद्ध, प्रोक्षित हुत हो तो उनके जितने ग्रास खाता है, उतने यज्ञों का फल खाने वाले को होता है । इस से भी जाना जाता है कि समय २ पर मनु में प्रक्षेप होता रहा है) ॥१८८॥

व्रतवद्देवदैवत्ये पित्र्ये कर्मण्यथर्षिवत् ।
काममभ्यर्थितोऽश्नीयाद् व्रतमस्य न लुप्यते ॥१८९॥

ब्राह्मणस्यैव कर्मैतदुपदिष्टं मनीषिभिः ।
राजन्यवैश्ययोस्त्वेवं नैतत्कर्म विधीयते ॥१९०॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

परन्तु देवतोद्देश (देवयज्ञ सम्बन्धी ब्रह्म-याज) में निमंत्रित ब्रह्मचारी व्रतवत् (एक के घर भी चाहे) भोजन करे तो उस का व्रत लुप्त नहीं होता। तथा जीवित पितृनिमित्तक श्राद्धादि मे मुन्यन्नो के ऋषितुल्य भोजन करने से भी (व्रत नष्ट नहीं होता) ॥१८९॥ परन्तु मनीषियों ने यह कर्म ब्राह्मण ब्रह्मचारी को कहा है, क्षत्रिय, वैश्यों को यह कर्म ऐसा नहीं है ॥१९०॥

चोदितो गुरुणा नित्यमप्रचोदित एव वा ।
कुर्यादध्ययने यत्नमाचार्यस्य हितेषु च ॥१९१॥
शरीरं चैव वाचं च बुद्धीन्द्रियमनांसि च ।
नियम्य प्राञ्जलिस्तिष्ठेद्वीक्षमाणो गुरोर्मुखम् ॥१९२॥

गुरु प्रतिदिन कहे वा न कहे पढ़ने मे तथा गुरु की हित सेवा में यत्न करे ॥१९१॥ शरीर, वाणी, ज्ञानेन्द्रिय और मन का सयम कर हाथ जोड़ गुरु का मुख देखता हुआ (सामने) रहा करे ॥१९२॥

नित्यमुद्धृतपाणिः स्यात्साध्वाचारः सुसंयतः ।
आस्यतामिति चोक्तः सन्नासीताभिमुखं गुरोः ॥१९३॥
हीनान्नवस्त्रवेषः स्यात्सर्वदा गुरुसन्निधौ ।
उत्तिष्ठेत्प्रथमं चास्य चरमं चैव संविशेत् ॥१९४॥

निरन्तर (ओढने के वस्त्र से) दक्षिण हाथ बाहर निकाले रहे। अच्छे आचार से युक्त "बैठो" ऐसा (गुरु) कहे तब गुरु के सम्मुख बैठे ॥१९३॥ सदा गुरु से हीन (घटिया) अन्न वस्त्र वेष रख कर गुरु के पास रहे, गुरु से प्रथम जागे और गुरु के पश्चात् सोवे ॥१९४॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

प्रतिश्रवणसम्भाषे शयानो न समाचरेत् ।
नासीनो न च भुञ्जानो न तिष्ठन्नपराङ्मुखः ॥१९५॥

आसीनस्य स्थितः कुर्यादभिगच्छंस्तु तिष्ठतः ।
प्रत्युद्गम्य त्वाव्रजतः पश्चाद्धावंस्तु धावतः ॥१९६॥

सोता हुआ या आसन पर बैठा हुआ या भोजन करता हुआ या और ओर मुख करके खड़ा हुआ गुरु से आज्ञा का उत्तर या सम्भाषण न करे ॥१९५॥ आसन पर बैठे हुवे गुरु आज्ञा देवें तो आप आसन से उठ कर और गुरु खड़े हों तो आप समीप चलके और गुरु अपनी ओर आवें तो आप भी उन की ओर जाके और गुरु चलते २ बोलें तो आप उनके पीछे चलता हुआ (संभाषणादि करे) ॥१९६॥

पराङ्मुखस्याभिमुखो दूरस्थस्यैत्य चान्तिकम् ।
प्रणम्य तु शयानस्य निदेशे चैव तिष्ठतः ॥१९७॥

नीचं शय्यासनं चास्य सर्वदा गुरुसन्निधौ ।
गुरोस्तु चक्षुर्विषये न यथेष्टासनो भवेत् ॥१९८॥

गुरु पीछे हों तो सम्मुख होकर और दूर हों तो निकट आकर और लेटे हों तो नमस्कार करके और खड़े हों तो समीप होकर (कहें सो सुने) ॥१९७॥ गुरु के समीप इस (शिष्य) का बिछौना वा आसन उनसे सदा नीचा हो और गुरु के सामने मन मानी बैठक से न रहे ॥१९८॥

नोदाहरेदस्य नाम परोक्षमपि केवलम् ।
न चैवास्यानुकुर्वीत गतिभाषितचेष्टितम् ॥१९९॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

गुरोर्यत्र परीवादो निन्दा वापि प्रवर्तते ।
कर्णौ तत्र पिधातव्यौ गन्तव्यं वा ततोऽन्यतः ॥२००॥

गुरु का केवल नाम परोक्ष मे भी न लेवे और गुरुके चलने, बोलने या चेष्टा की नकल न करे (१९९ के पूर्वार्द्ध से आगे भी १ श्लोक मु० हनुमानप्रसाद प्रयाग के पुस्तक मे पाया जाता है कि-

[परोक्षं सत्कृपापूर्वं प्रत्यक्षं न कथंचन ।
दुष्टानुचारी च गुरोरिह वाऽमुत्र चैत्यधः ॥]

गुरु का नाम परोक्ष में लेना हो तो नाम से पूर्व "सत्कृपा" लगा कर नाम लेवे, प्रत्यक्ष में सर्वथा नहीं। गुरु का दुष्टाचारी शिष्य इस लोक और परलोक मे नीचता को प्राप्त होता है। इस से भी पाया जाता है कि मनु में श्लोक प्रायः मिलाये गये हैं, क्यों कि यह श्लोक शेष २९ पुस्तकों मे नहीं पाया गया) ॥१९९॥ जहां पर कोई गुरु के दोष कहता हो वा निन्दा करता हो वहां पर कान बन्द कर लेवे या वहां से और जगह चला जावे ॥२००॥

परीवादात्खरोभवति श्वा वै भवति निन्दकः ।
परिभोक्ता कृमिर्भवति कीटो भवति मत्सरी ॥२०१॥
दूरस्थो नार्चयेदेनं न क्रुद्धोनान्तिके स्त्रियाः ।
यानासनस्थश्चैवैनमवरुह्याभिवादयेत् ॥२०२॥

गुरु की निन्दा सुनने से (मर कर) गधा होता है और निन्दा करने से (दूसरे जन्म मे) कुत्ता होता है और गुरु के अनुचित द्रव्य का भोक्ता शिष्य कृमि होता है और मत्सरता करने वाला कीट होता है ॥२०१॥ गुरु की दूर से पूजा न करे, क्रोधयुक्त हुआ भी न करे और जब गुरु अपनी स्त्री के साथ बैठे हो तब भी । स्वयं

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

यान वा आसन पर बैठा हुआ इनको उतरकर नमस्कार करे ॥२०२

प्रतिवातेऽनुवाते च नासीत गुरुणा सह ।
असंश्रवे चैव गुरोर्न किञ्चिदपि कीर्तयेत् ॥२०३॥
गोऽश्वोष्ट्रयानप्रासादस्रस्तरेषु कटेषु च ।
आसीत गुरुणा सार्धं शिलाफलकनौषु च ॥२०४॥

जब सम्मुख शिष्य की ओर से गुरु की ओर वायु आवे वह प्रतिवात है। ऐसी जगह गुरु के साथ न बैठे और अनुवात (जहां गुरु का वायु अपने ऊपर आता हो) वहां भी न बैठे (किन्तु दाये बायें बैठे) और गुरु जो न सुन सके तो कुछ न कहे ॥२०३॥ बैल, घोड़े, ऊंट की जोती हुई गाड़ी मे और मकान की छत पर, पुराल तथा चटाई और पत्थर पर या लकड़ी की बडी चौकियों या नाव पर गुरु के साथ शिष्य बैठ सकता है ॥२०४॥

गुरोर्गुरौ सन्निहिते गुरुवद्वृत्तिमाचरेत् ।
न चानिसृष्टो गुरुणा स्वान्गुरूनभिवादयेत् ॥२०५॥
विद्यागुरुष्वेतदेव नित्यावृत्तिः स्वयोनिषु ।
प्रतिषेधत्सु चाधर्माद्धितं चोपदिशत्स्वपि ॥२०६॥

गुरु का गुरु समीप आवे, तो उससे भी गुरुवत् बर्ताव करे। गुरु के घर में रहने वाला शिष्य (गुरु के बिना कहे अपने गुरु) माता पित्रादि को नमस्कार न करे ॥२०५॥ विद्यागुरु पूर्वोक्त उपाध्यायादि और पिता आदि लोग तथा जो अधर्म से रोकने वाले और हित के उपदेश करने वाले हैं उनमे भी यही वृत्ति रक्खे (आचार्यवत् भक्ति रक्खे और नमस्कारादि प्रतिदिन विधि के अनुकूल करे) ॥२०६॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

श्रेयःसु गुरुवद्वृत्तिं नित्यमेव समाचरेत् ।
गुरुपुत्रेषु चार्येषु गुरोश्चैव स्वबन्धुषु ॥२०७॥
बालः समानजन्मा वा शिष्यो वा यज्ञकर्मणि ।
अध्यापयन्गुरुसुतो गुरुवन्मानमर्हति ॥२०८॥

विद्या तप से अधिको और आर्य गुरुपुत्रो तथा गुरु के बन्धुओं मे नित्य गुरु के सी वृत्ति रक्खे ॥२०७॥ छोटा हो वा समान आयु वाला हो वा अपना पढ़ाया हुआ हो, परन्तु यज्ञमे आकर ऋत्विज हुआ हो तब गुरुपुत्र पढ़ाता हुआ गुरु के समान पूजा पाने के योग्य है ॥२०८॥

उत्सादनं च गात्राणां स्नापनोच्छिष्टभोजने ।
न कुर्याद्गुरुपुत्रस्य पादयोश्चावनेजनम् ॥२०९॥
गुरुवत्प्रतिपूज्याः स्युः सवर्णा गुरुयोषितः ।
असवर्णास्तु संपूज्याः प्रत्युत्थानाभिवादनैः ॥२१०॥

शरीर मलना, निहलाना, उच्छिष्ट (शेष स्वच्छ) भोजन करना और पैर धोना, इतनी सेवा गुरुपुत्र की नकरे (अर्थात् ये गुरुकी ही करनी चाहिये) ॥२०९॥ सवर्णा गुरु की स्त्रियों का गुरुवत् पूजन करे और (अपने से) सवर्णा न हों तो उठकर नमस्कार करके ही उनका सत्कार करे (विशेष न करे) ॥२१०॥

अभ्यञ्जनं स्नापनं च गात्रोत्सादनमेव च ।
गुरुपत्न्या न कार्याणि केशानां च प्रसाधनम् ॥२११॥
गुरुपत्नी तु युवतिर्नाभिवाद्येह पादयोः ।
पूर्णविंशति वर्षेण गुणदोषौ विजानता ॥२१२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

उबटन लगाना, स्नान कराना, देह दबाना, फूलों से बाल गूंथना (ये सेवा) गुरुपत्नी की न करे ॥२११॥ पूर्ण २० वर्ष का (शिष्य) गुरुदोष का जानने वाला युवति गुरुपत्नी को पैर छूकर नमस्कार न करे (अर्थात् दूर से भूमि पर प्रणाम करले) ॥२१२॥

स्वभाव एष नारीणां नराणामिह दूषणम् ।
अतोऽर्थान्न प्रमाद्यन्ति प्रमदासु विपश्चितः ॥२१३॥

अविद्वांसमलं लोके विद्वांसमपि वा पुनः ।
प्रमदा ह्युत्पथं नेतुं कामक्रोधवशानुगम् ॥२१४॥

यह स्त्रियों का स्वभाव है कि पुरुषों को दोष लगा देना इससे पण्डित लोग स्त्रियों में प्रमत्त नहीं होते (बड़े सावधान रहते हैं) ॥२१३॥ काम क्रोध के वश हुआ पुरुष विद्वान वा मूर्ख हो, उसको बुरे मार्ग पर ले जाने को स्त्री समर्थ है ॥२१४॥

मात्रा स्वस्रा दुहित्रा वा न विविक्तासनो भवेत् ।
बलवानिन्द्रियग्रामो विद्वांसमपि कर्षति ॥२१५॥

कामं तु गुरुपत्नीनां युवतीनां युवा भुवि ।
विधिवद्वन्दनं कुर्यादसावहमिति ब्रुवन् ॥२१६॥

मां या बहिन या लड़की के साथ भी एकान्त स्थान में न बैठे क्योंकि अति बलवान् इन्द्रियों का गण, विद्वान् पुरुष को भी खींच सकता है ॥२१५॥ युवति गुरुपत्नी और आप भी युवा हों तो चाहे यथोक्त विधि से अमुक शर्माहम् यह कहकर (पैर बिना छुवे) पृथ्वी पर नमस्कार करले ॥२१६॥

विप्रोष्य पादग्रहणमन्वहं चाभिवादनम् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

गुरुदारेषु कुर्वीत सतां धर्ममनुस्मरन् ॥२१७॥
यथा खनन्खनित्रेण नरो वार्यधिगच्छति ।
तथा गुरुगतां विद्यां शुश्रूषुरधिगच्छति ॥२१८॥

प्रवास से आकर पादस्पर्श करके प्रतिदिन सत्पुरुषों के धर्म को स्मरण करता हुवा गुरुपत्नियों को (बिना पांव छुवे) नमस्कार मात्र कर ले ॥२१७॥ जैसे कोई पुरुष कुदाल (फावड़े) से भूमि खोदता हुवा पानी को पाता है, वैसे ही गुरुमे की विद्या को सेवा करने वाला पाता है ॥२१८॥

मुण्डो वा जटिलो वा स्यादथवा स्याच्छिखाजटः ।
नैनं ग्रामेऽभिनिम्लोचेत्सूर्यो नाभ्युदियात् क्वचित् ॥२१९॥
तं चेदभ्युदियात्सूर्यः शयानं कामचारतः ।
निम्लोचेद्वाऽप्यविज्ञानाज्जपन्नुपवसेद्दिनम् ॥२२०॥

मुण्डित अथवा शिखा वाला वा जटायुक्त, इन तीन प्रकार में से ब्रह्मचारी कोई प्रकार रक्खे। ग्राम में इसको कभी भी सूर्य अस्त वा उदित न हो ॥२१९॥ यदि ज्ञान पूर्वक शयन करते हुवे को सूर्य उदय वा अज्ञान से अस्त हो जावे तो दिन भर (गायत्री) जप करके उपवास करे ॥२२०॥

सूर्येण ह्यभिनिर्मुक्तः शयानोऽभ्युदितश्च यः ।
प्रायश्चित्तमकुर्वाणो युक्तः स्यान्महतैनसा ॥२२१॥
आचम्य प्रयतो नित्यमुभे सन्ध्ये समाहितः ।
शुचौ देशे जपञ्जप्यमुपासीत यथाविधि ॥२२२॥
यदि स्त्री यद्यवरजः श्रेयः किंचित्समाचरेत् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

तत्सर्वमाचरंयुक्तो यत्र नास्य रमेन्मनः ॥२२३॥
धर्मार्थावुच्यते श्रेयः कामार्थौ धर्म एव च ।
अर्थ एवेह वा श्रेयस्त्रिवर्ग इति तु स्थितिः ॥२२४॥

यदि सूर्य के उदय वा अस्त के समय सोजाय और प्रायश्चित्त न करें तो महापाप से युक्त होता है ॥२२१॥ आचमन करके प्रति दिन एकाग्रचित्त होकर दोनो सन्ध्याओं को पवित्र देश में यथा विधि जप करता हुआ उपासना करे ॥२२२॥ जिस किसी धर्मको स्त्री वा शूद्रभी आचरण करता हो और उसमें इसका चित्त लगे उस कोभी मन लगाकर करे ॥२२३॥ धर्म अर्थ येदोनो श्रेय कहाते हैं। कोई काम को भी श्रेय मानते हैं और अन्यो का मत यह है कि अर्थ ही श्रेय है। (अपना मत मनु बताते हैं कि) तीनों (पुरुषार्थ) त्रिवर्ग श्रेय हैं ॥२२४॥

आचार्यो ब्रह्मणो मूर्त्तिः पितामूर्त्तिः प्रजापतेः ।
माता पृथिव्यामूर्तिस्तु भ्रातास्वोमूर्तिरात्मनः ॥२२५॥
आचार्यश्च पिता चैव माता भ्राता च पूर्वजः ।
नार्त्तेनाप्यवमन्तव्या ब्राह्मणेन विशेषतः ॥२२६॥

आचार्य वेद की मूर्ति है, और पिता ब्रह्मा की मूर्ति है, माता पृथ्वी की और भ्राता आत्मा की मूर्ति है (इसलिये किसी का अपमान न करे) ॥२२५॥ ब्राह्मण को विशेष करके चाहिये कि आचार्य पिता माता और ज्येष्ठ भ्राता, इनका अपमान स्वयं क्लेशित होने पर भी न करे ॥२२६॥

यं माता पितरौ क्लेशं सहेते सम्भवे नृणाम् ।
न तस्यनिष्कृतिः शक्या कर्तुं वर्षशतैरपि ॥२२७॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

तयोर्नित्यं प्रियं कुर्यादाचार्यस्य च सर्वदा ।
तेष्वेव त्रिषु तुष्टेषु तपः सर्वं समाप्यते ॥२२८॥

मनुष्यों की उत्पत्ति और पालनादि में जो क्लेश माता पिता सहते हैं उस क्लेश का बदला सौ वर्षमे भी नही हो सकता ।२२७। माता पिता और गुरु का सर्वकाल में नित्य प्रिय करे। इन तीनों की ही प्रसन्नता होने पर सम्पूर्ण तप पूरा होता है ॥२२८॥

तेषां त्रयाणां शुश्रूषा परमं तप उच्यते ।
न तैरभ्यननुज्ञातो धर्ममन्यं समाचरेत् ॥२२९॥
त एव हि त्रयो लोकास्तएव त्रय आश्रमाः ।
त एव हि त्रयो वेदास्त एवोक्तास्त्रयोऽग्नयः ॥२३०॥

उन तीनों की शुश्रूषा परम तप कहाती है और कुछ अन्य धर्म उनकी आज्ञा के बिना न करे ॥२२९॥ माता पिता और गुरु ही तीनो लोक हैं और वेही तीनों आश्रम है और वेही तीनो वेद हैं और वे ही तीनो अग्नि हैं ॥२३०॥

पिता वै गार्हपत्योऽग्निर्माताग्निर्दक्षिणः स्मृतः ।
गुरुराहवनीयस्तु साग्नित्रेता गरीयसी ॥२३१॥
त्रिष्वप्रमाद्यन्नेतेषु त्रींल्लोकान्विजयेद् गृही ।
दीप्यमानः स्ववपुषा देववद् दिवि मोदते ॥२३२॥

(जिनमे) पिता तो गार्हपत्याग्नि और माता दक्षिणाग्नि और गुरु आहवनीयाग्नि हैं। ये तीन अग्नि प्रसिद्ध तीन अग्नियोसे बड़े हैं ॥२३१॥ गृहस्थ इन तीनो के विषय में प्रमाद को त्यागता हुवा (शुश्रूषा करे तो) मानो तीनो लोकों को जीते और अपने शरीर से प्रकाशमान होकर देवताओं के समान सुख में प्रसन्न रहे ॥२३२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

इमं लोकं मातृभक्त्या पितृभक्त्या तु मध्यमम् ।
गुरुशुश्रूषया त्वेवं ब्रह्मलोकं समश्नुते ॥२३३॥
सर्वे तस्यादृता धर्मा यस्यैते त्रय आदृताः ।
अनादृतास्तु यस्यैते सर्वास्तस्याऽफलाः क्रियाः ॥२३४॥

माता की भक्ति से मानों इस लोक को जीतता है और पिता की भक्ति से मध्य (अन्तरिक्ष) लोक को और ऐसे ही गुरु की शुश्रूषा से ब्रह्म लोकको प्राप्त होता है ॥२३३॥ जिस पुरुष ने माता पिता और गुरु का सत्कार किया उसको सम्पूर्ण धर्म फल देते हैं और जिसके इन तीनोंका सत्कार नहीं होता उसके (श्रौत स्मार्त) कर्म सब निष्फल होतेहै ॥२३४॥

यावत्त्रयस्ते जीवेयुस्तावन्नान्यं समाचरेत् ।
तेष्वेव नित्यं शुश्रूषां कुर्यात्प्रियहिते रतः ॥२३५॥
तेषामनुपरोधेन पारत्र्यं यद्यदाचरेत् ।
तत्तन्निवेदयेत्तेभ्यो मनोवचनकर्मभिः ॥२३६॥

इस कारण उनकी प्रीति और हित में परायण होता हुवा जब तक वे जीवें तब तक चाहे और कुछ न करे, किन्तु उनकी नित्य शुश्रूषा करे ॥२३५॥ माता पिता और गुरु की आज्ञा के अनुसार जो परलोक के निमित्त कर्म करे, सो मन, वचन और कर्म से उन ही से निवेदन करदे ॥२३६॥

त्रिष्वेतेष्वितिकृत्यं हि पुरुषस्य समाप्यते ।
एषधर्मः परः साक्षादुपधर्मोऽन्य उच्यते ॥२३७॥
श्रद्दधानः शुभां विद्यामाददीतावरादपि ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अन्त्यादपि परं धर्मं स्त्रीरत्नं दुष्कुलादपि ॥२३८॥

माता, पिता और गुरु की शुश्रूषा से पुरुष के सम्पूर्ण कर्म पूरे होते हैं। इस कारण यही साक्षात् परमधर्म है और अन्य उपधर्म है ॥२३७॥ श्रद्धायुक्त होता हुवा उत्तम विद्या शूद्र से भी ग्रहण करले और चाण्डाल से भी परम धर्म ग्रहण करले और स्त्रीरत्न अपने से नीचे कुलकी हो उसे भी (विवाह के निमित्त) अङ्गीकार करले ॥२३८॥

विषादप्यमृतं ग्राह्यं बालादपि सुभाषितम् ।
अमित्रादपि सद्वृत्तममेध्यादपि काञ्चनम् ॥२३९॥
स्त्रियोरत्नान्यथो विद्या धर्मः शौचं सुभाषितम् ।
विविधानि च शिल्पानि समादेयानि सर्वतः॥२४०॥

(विष और अमृत मिले हो तो) विष से अमृत और बालक से भी हित वचन ग्रहण करले। शत्रु से भी अच्छा कर्म और अमेध्य मे से भी सुवर्णादि ग्रहण करले ॥२३९॥ स्त्री, रत्न, विद्या, धर्म, शौच, अच्छे वचन और अनेक प्रकार की शिल्पविद्या सब से ग्रहण करले ॥२४०॥

अब्राह्मणादध्ययनमापत्काले विधीयते ।
अनुव्रज्या च शुश्रूषा यावदध्ययनं गुरोः ॥२४१॥
नाऽब्राह्मणे गुरौ शिष्यो वासमात्यन्तिकं वसेत् ।
ब्राह्मणे चाननूचाने काङ्क्षन्गतिमनुत्तमाम् ॥२४२॥

आपत्ति समय में ब्राह्मण के बिना (क्षत्रिय और वैश्य से) भी पढना कहा है और गुरु की आज्ञा मे चलना और शुश्रूषा जब तक पढे तब तक करे ॥२४१॥ ब्राह्मण गुरु न हो तो शिष्य सदा

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

गुरुकुल निवास न करे। ब्राह्मण भी साङ्ग वेदोंका पढ़ाने वाला न हो तो मोक्ष की इच्छा करता हुआ शिष्य सदा गुरुकुल निवास न करे ॥२४२॥

यदि त्वात्यन्तिकं वासं रोचयेत गुरोः कुले ।
युक्तः परिचरेदेनमाशरीरविमोक्षणात् ॥२४३॥
आसमाप्तेः शरीरस्य यस्तु शुश्रूषते गुरुम् ।
स गच्छत्यञ्जसा विप्रो ब्रह्मणः सद्म शाश्वतम् ॥२४४॥

जो गुरुकुल में सदा वास की रुचिही हो तो सावधानीसे जब तक जीवे गुरु की शुश्रूषा करता रहे और (ब्रह्मचर्य में) युक्त रहे ॥२४३॥ जो शरीर समाप्त होने तक गुरु की शुश्रूषा करता है वह ब्राह्मण अनायास मोक्ष को प्राप्त होता है ॥२४४॥

न पूर्वं गुरवे किञ्चिदुपकुर्वीत धर्मवित् ।
स्नास्यंस्तु गुरुणाज्ञप्तः शक्त्या गुर्वर्थमाहरेत् ॥२४५॥
क्षेत्रं हिरण्यं गामश्वं छत्रोपानहमासनम् ।
धान्यं शाकं च वासांसि गुरवे प्रीतिमावहेत् ॥२४६॥

धर्म का जानने वाला स्नान के अतिरिक्त कोई वस्तु गुरु से पूर्व न वर्ते। गुरु की आज्ञा से यथाशक्ति गुरुके लिये जलादि ला देवे ॥२४५॥ पृथिवी सुवर्ण गौ, घोड़ा छत्र, जूता, आसन अन्न, शाक और वस्त्र गुरुके निमित्त प्रीतिपूर्वक निवेदित करे ॥२४६॥

आचार्ये तु खलु प्रेते गुरुपुत्रे गुणान्विते ।
गुरुदारे सपिण्डे वा गुरुवद्वृत्तिमाचरेत् ॥२४७॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

एतेष्वविद्यमानेषु स्नानासनविहारवान् ।
प्रयुञ्जनोऽग्निशुश्रूषां साधयेद्देहमात्मनः ॥२४८॥

गुरु के मरे पीछे गुरुका पुत्र गुणों से युक्त हो और गुरु की स्त्री हो और गुरु के सपिण्ड अर्थात भ्राता आदि होवें तो उन को भी गुरु के तुल्य मानता रहे ॥२४७॥ और ये (गुरुपुत्र, गुरु की स्त्री और गुरु के पितृव्यादि) न होवें तो स्नानादि और होमादि करताहुवा अपने शरीरको साधे (ब्रह्मकी प्राप्तिके योग्य करे)।२४८।

एवं चरति यो विप्रो ब्रह्मचर्यमविप्लुतः ।
स गच्छत्युत्तमस्थानं न चेहाजायते पुनः ॥२४९॥

जो ब्राह्मण ऐसे अखण्डित ब्रह्मचर्य करता है वह ब्रह्म को प्राप्त होता है और फिर पृथिवी पर जन्म नहीं लेता ॥२४९॥

इति मानवे धर्मशास्त्रे (भृगुप्रोक्तायां संहितायां)
द्वितीयो ऽध्यायः ॥२॥

इति श्री तुलसी राम स्वामि विरचिते मनुस्मृति भाषानुवादे
द्वितीयोऽध्यायः ॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

* ओ३म् *

अथ तृतीयोऽध्यायः

षट्त्रिंशदाब्दिकं चर्यं गुरौ त्रैवेदिकं व्रतम् ।
तदर्धिकं पादिकं वा ग्रहणान्तिकमेव वा ॥१॥
वेदानधीत्य वेदौ वा वेदं वापि यथाक्रमम् ।
अविप्लुतब्रह्मचर्यो गृहस्थाश्रममाविशेत् ॥२॥

गुरुकुल में (ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद) तीनों वेद छत्तीस वर्ष पर्यन्त अथवा अठारह वर्ष पर्यन्त वा नव वर्ष पर्यन्त पढ़े अथवा जितने काल में पढ़ने की शक्ति है, उतने ही काल तक पढ़े और ब्रह्मचर्य रक्खे ॥१॥ क्रम से तीनों वेद वा दो वेद अथवा एक ही पढ़ कर ब्रह्मचर्य खण्डित न करके गृहस्थाश्रम में प्रवेश करे ॥२॥

तं प्रतीतं स्वधर्मेण ब्रह्मदायहरं पितुः ।
स्रग्विणं तल्प आसीनमर्हयेत्प्रथमं गवा ॥३॥
गुरुणानुमतः स्नात्वा समावृत्तो यथाविधि ।
उद्वहेत द्विजो भार्यां सवर्णां लक्षणान्विताम् ॥४॥

अपने धर्म के अनुसार पिता (आचार्य) से वेदरूपी दायभाग लाते हुवे लौट कर आये, उस माला से अलंकृत और शय्या पर स्थित हुवे को (पिता) गोदान से पूजित करे ॥३॥ गुरु की आज्ञा से यथाविधि स्नान और समावर्तन करके द्विज अपने वर्ण की शुभ लक्षणों से युक्त स्त्री से विवाह करे ॥४॥

असपिण्डा च या मातुरसगोत्रा च या पितुः ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सा प्रशस्ताद्विजातीनां दारकर्मणि मैथुने ॥५॥
महान्त्यपि समृद्धानि गोजाविधनधान्यतः ।
स्त्रीसम्बन्धे दशैतानि कुलानि परिवर्जयेत् ॥६॥

जो माता की सपिण्ड (मात पीढ़ी मे) न हो और पिता के गोत्र मे न हो (ऐसी स्त्री) ब्राह्मण, क्षत्रिय वैश्य को स्त्री कर्म-मैथुन में श्रेष्ठ है ॥५॥ यदि गौ, बकरी, भेड़, द्रव्य और अन्न से बहुत समृद्ध भी हो तो भी इन आगे कहे (दोषयुक्त) दश कुलों की कन्या से विवाह न करे ॥६॥

हीनक्रियं निष्पुरुषं निश्छन्दो रोमशार्शसम् ।
क्षय्यामयाव्यपस्मारिश्वित्रिकुष्ठिकुलानि च ॥७॥
नोद्वहेत्कपिलां कन्यां नाधिकाङ्गीं न रोगिणीम् ।
नालोमिकां नातिलोमां न वाचाटां नपिङ्गलाम् ॥८॥

(वे कुल ये हैं) १ हीनक्रिय (जातकर्मादि रहित) २ पुरुष रहित ३ वेदपाठरहित, ४ बहुत बडे बालों वाला, ५ बवासीरयुक्त, ६ क्षय व्याधि से युक्त ७ मन्दाग्नि ८ मृगी ९ श्वेत कुष्ठी और १० गलितकुष्ठी (इन दश कुलों को छोड़ देवे) ॥७॥ कपिल रङ्ग वाली, अधिक अङ्ग वाली, रोगिणी, बिना बालों वाली, बहुत बालों वाली कठोर बोलने वाली और कांजरी कन्या से विवाह न करे ॥८॥

नर्क्षवृक्षनदीनाम्नीं नान्त्यपर्वतनामिकाम् ।
न पक्ष्यहिप्रेष्यनाम्नीं नच भीषणनामिकाम् ॥९॥
अव्यङ्गाङ्गीं सौम्यनाम्नीं हंसवारणगामिनीम् ।
तनुलोमकेशदशनां मृद्वङ्गीमुद्वहेत्स्त्रियम् ॥१०॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

नक्षत्र, वृक्ष, नदी, अन्त्यज पहाड़, पक्षी, सर्प शूद्र (आदि) नामों और भयङ्कर नामों वालीसे भी न करे ।९। सुन्दर अङ्गवाली, अच्छे नाम वाली, हंस और गज के सदृश गमन वाली पतले रोमांवां, बालों और दांतों और कोमल शरीर वाली से विवाह करे ॥१०॥

यस्यास्तु न भवेद् भ्राता न विज्ञायेत वा पिता ।
नोपयच्छेत तां प्राज्ञः पुत्रिकाधर्मशङ्कया ॥११॥

"सवर्णाग्रे द्विजातीनां प्रशस्ता दारकर्मणि ।
कामतस्तु प्रवृत्तानामिमाः स्युः क्रमशोवरा ॥१२॥

जिसके भाई न हो या जिस के पिताका पता न लगे ज्ञानवान् पुरुष (जिस का प्रथम पुत्र अपने नाना की गोद धर्म से देना पड़े उस को 'पुत्रिका' कहते हैं) 'पुत्रिका' धर्म से डर कर उस से विवाह न करे ॥११॥ "ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्यों को स्त्री करने में प्रथम अपने वर्ण की कन्या से विवाह श्रेष्ठ है और कामाधीन विवाह करे तो क्रम से ये नीची भी श्रेष्ठ हैं ॥१२॥"

'शूद्रैव भार्या शूद्रस्य सा च स्वा च विशः स्मृते ।
ते च स्वा चैव राज्ञश्च ताश्च स्वा चाग्रजन्मन ॥१३॥'

'शूद्र को शूद्र ही की कन्या से, वैश्य को वैश्य की कन्या से, क्षत्रिय को शूद्र वैश्य और क्षत्रिय की कन्या से और ब्राह्मण को शूद्र वैश्य क्षत्रिय और ब्राह्मण की (कन्या से विवाह कर लेना बुरा नहीं है)।" (१२, १३ श्लोक स्वयं मनु.के ही अगले १४ । १५ । १७ । १८ और १९ वे श्लोकों से विरुद्ध हैं) ॥१३॥

न ब्राह्मणक्षत्रिययोरापद्यपि हि तिष्ठतोः ।
कस्मिंश्चिदपि वृत्तान्ते शूद्रा भार्योपदिश्यते ॥१४॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ब्राह्मण क्षत्रियको आपत्कालमे रहतोंको भी किसी दृष्टान्तमे शूद्रा भार्या नहीं बताई गई है ॥१४॥

हीनजातिस्त्रियं मोहादुद्वहन्तो द्विजातयः ।
कुलान्येव नयन्त्याशु ससन्तानानि शूद्रताम् ॥१५

शूद्रावेदी पतत्यत्रेरुतथ्यतनयस्य च ।
शौनकस्य सुतोत्पत्त्या तदपत्यतया भृगोः ॥१६॥

ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य मोहवश अपने वर्ण से हीन वर्णस्थ स्त्री से विवाह करें तो सन्तान समेत अपने कुल को शूद्रता को प्राप्त करते हैं ॥१५॥ "शूद्रा मे विवाह करने से पतित होता है यह अत्रि और उतथ्य के पुत्र का मत है। शूद्रा से सन्तान उत्पन्न होने से पतित होता है यह शौनक का मत है। और उस सन्तान के सन्तान होने से पतित हो यह भृगु का वचन है"। (स्पष्ट है कि यह श्लोक मनु का नहीं है ॥१६॥

शूद्रां शयनमारोप्य ब्राह्मणो यात्यधोगतिम् ।
जनयित्वा सुतं तस्यां ब्राह्मण्यादेव हीयते ॥१७॥

दैवपित्र्यातिथेयानि तत्प्रधानानि यस्य तु ।
नाश्नन्ति पितृदेवास्तन्न च स्वर्गं स गच्छति ॥१८॥

शूद्रा के शय्या पर आरोपण करने से ब्राह्मण नीच गति को प्राप्त होता है और उस के सन्तान उत्पन्न करके तो ब्राह्मणत्व से ही हीन हो जाता है ॥१७॥ और जिस ब्राह्मण ने शूद्रा स्त्री के प्रधानत्व से होम, श्राद्ध और अतिथि भोजन कराया चाहा है, उस का अन्न पितृसंज्ञक और देवतासंज्ञक पुरुष ग्रहण नहीं करते और वह पुरुष स्वर्ग को प्राप्त नहीं होता ॥१८॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

वृषलीफेनपीतस्य निःश्वासोपहतस्य च ।
तस्यां चैव प्रसूतस्य निष्कृतिर्न विधीयते ॥१९॥
चतुर्णामपि वर्णानां प्रेत्य चेह हिताऽहितान ।
अष्टाविमान्समासेन स्त्रीविवाहान्निबोधत ॥२०॥

शूद्रा के मुख चुम्बन करने वाले पुरुष की और उसके मुंह की भाफ लगने से उस पुरुष और उस से उत्पन्न सन्तान की शुद्धि नहीं होती ॥१९॥ चारों वर्णों के परलोक और इस लोक में अच्छे बुरे आठ प्रकार के विवाहों को संक्षेप से सुनों ॥२०॥

ब्राह्मोदैवस्तथैवार्षः प्राजापत्यस्तथासुरः ।
गान्धर्वोराक्षसश्चैव पैशाचश्चाष्टमोऽधमः ॥२१॥
'यो यस्य धर्मो वर्णस्य गुणदोषौ च यस्य यौ ।"
तद्वः सर्वं प्रवक्ष्यामि प्रसवे च गुणाऽगुणान् ॥२२॥

ब्राह्म १ दैव २ आर्ष ३ प्राजापत्य ४ आसुर ५ गान्धर्व ६ राक्षस ७ और आठवां पैशाच ८ अतिनिन्दित है ॥२१॥ 'जो (विवाह) जिस वर्ण को योग्य है और जो गुण दोष जिसमें है, सो तुमसे कहता हूं और सन्तान के गुण दोष भी (कहता हूं) ॥२२॥ '

"षडानुपूर्व्या विप्रस्य क्षत्रस्य चतुरोवरान ।
विट्शूद्रयोस्तु तानेव विद्याद्धर्म्यानऽराक्षसान् ॥२३॥
चतुरो ब्राह्मणस्याद्यान्प्रशस्तान्कवयो विन्दु ।
राक्षसं क्षत्रियस्यैकमासुरं वैश्यशूद्रयो ॥२४॥

'ब्राह्मण को क्रमसे (ब्राह्म दैव आर्ष प्राजापत्य आसुर गन्धर्व) छः विवाह धर्म्य हैं और क्षत्रिय को (आर्ष प्राजापत्य आसुर गान्धर्व) चार विवाह श्रेष्ठ हैं। वैश्य और शूद्रको भी ये ही (चारों)

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

विवाह धर्मसम्बन्धी हैं, परन्तु किसी को भी राक्षस विवाह योग्य नहीं ॥२३॥ ब्राह्मण को (ब्राह्म दैव आर्ष प्राजापत्य) पहले चार विवाह उत्तम हैं। क्षत्रिय को राक्षस विवाह श्रेष्ठ है और वैश्य शूद्र को एक आसुर विवाह उत्तम है ॥२४॥"

"पञ्चानां तु त्रयो धर्म्या द्वावधर्म्यौ स्मृताविह ।
पैशाचश्चासुरश्चैव न कर्त्तव्यौ कदाचन ॥२५॥

पृथक्पृथग्वा मिश्रौ वा विवाहौ पूर्वचोदितौ ।
गान्धर्वो राक्षसश्चैव धर्म्यौ क्षत्रस्य तौ स्मृतौ ॥२६॥

"पाच विवाहोंमें तीन धर्म सम्बन्धी और दो अधर्म सम्बन्धी हैं। पैशाच और आसुर कभी करने योग्य नहीं हैं ॥२५॥ पहले कहे हुवे न्यारे २ अथवा मिले हुवे गांधर्व और राक्षस विवाह क्षत्रियों के धर्म सम्बन्धी कहे है ॥' (२२। २३। २४। २५। २६ श्लोक प्रक्षिप्त जान पड़ते हैं। क्योंकि प्रथम तो २१ वें में जो ८ विवाह कहे हैं उनके लक्षण क्रम से २७ वे से वर्णन किये गये हैं। इसलिये उनसे ठीक सम्बन्ध मिल जाता है। दूसरे ये श्लोक स्वयं विरुद्ध हैं। क्योंकि आगे ३९। ४०। ४१ वें श्लोकों मे प्रथम के ब्राह्मादि विवाह उत्तम और पिछले ४ निन्दित बताये जायगे और यही उनके लक्षणों से पाया जाता है। परन्तु उनके विरुद्ध यहां २३ वें में ब्राह्मण को छ विवाह धर्मयुक्त बताये है। २५ वें में पैशाच और आसुर को वर्जित किया है। २३ और २४ वें में उन्हे विहित बताया है। इत्यादि बहुत विरोध हैं जो स्पष्ट हैं ॥२६॥

आच्छाद्य चार्चयित्वा च श्रुतिशीलवते स्वयम् ।
आहूय दानं कन्याया ब्राह्मोधर्मः प्रकीर्तितः ॥२७॥
यज्ञे तु वितते सम्यगृत्विजे कर्म कुर्वते ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अलंकृत्य सुतादानं दैवं धर्मं प्रचक्षते ॥२८॥

विद्यायुक्त शीलवान् वर को बुला कर वस्त्र तथा भूषणादि से सत्कृत करके कन्यादान करने को 'ब्राह्म' विवाह कहते हैं ॥२७॥ (ज्योतिष्टोमादि) यज्ञ में अच्छे प्रकार यज्ञ कराने वाले ऋत्विज वर को भूषण पहिरा कर कन्यादान करने को "दैव" विवाह कहते हैं ॥२८॥

एकं गोमिथुनं द्वे वा वरादादाय धर्मतः ।
कन्याप्रदानं विधिवदार्षो धर्मः स उच्यते ॥२९॥
सहनौ चरतां धर्ममिति वाचानुभाष्य च ।
कन्याप्रदानमभ्यर्च्य प्राजापत्यो विधिः स्मृतः ॥३०॥

एक गौ और एक बैल अथवा दो गौ और दो बैल (यज्ञादि के निमित्त अथवा कन्या को देने के निमित्त) वरसे लेकर शास्त्र मे कहे प्रकार से कन्यादान करने को "आर्ष विवाह करते हैं (आगे ५३ वे श्लोक मे कहेगे कि यह सब का मत नही है और बुरा है) ॥२९॥ 'तुम दोनों साथ धर्म के आचरण करो, कन्यादान के समय वाणी से यहप्रार्थना करके जो सत्कारपूर्वक कन्यादान किया जाता है वह "प्राजापत्य' विवाह है ॥३०॥

ज्ञातिभ्यो द्रविणं दत्वा कन्यायै चैव शक्तितः ।
कन्याप्रदानं स्वाच्छन्द्यादासुरोधर्म उच्यते ॥३१॥
इच्छयान्योन्यसंयोगः कन्यायाश्च वरस्य च ।
गांधर्वः स तु विज्ञेयो मैथुन्यः कामसंभवः ॥३२॥

वर के माता पिता आदि और कन्या को यथाशक्ति धन देकर जो इच्छापूर्वक कन्या का देना है वह "आसुर" विवाह कहा जाता

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

है ॥३२॥ अपनी इच्छा से कन्या और वर का मिलाप मात्र होना, यह कामियों का मैथुन्य 'गांधर्व विवाह' जानना चाहिये ॥३२॥

हत्वा छित्वा च भित्वा च क्रोशन्तींरुदतींगृहात् ।
प्रसह्य कन्याहरणं राक्षसो विधिरुच्यते ॥३३॥
सुप्तां मत्तां प्रमत्तां वा रहोयत्रोपगच्छति ।
स पापिष्ठो विवाहाना पैशाचश्चाष्टमोऽधमः ॥३४॥

विनाश करके हस्तपादादि पर चोट मारके, मकान आदि फोड के, गाली देती और रोती हुई कन्या को हठ से लेजाना राक्षस विवाह कहाता है ॥३३॥ सोती हुई और नशा पीहुई और प्रमादिनी को जहां मनुष्य न हों विषय करके प्राप्त होना यह पाप का मूल विवाहो मे अधम ८ वां "पैशाच" विवाह है ॥३४॥

अद्भिरेव द्विजाग्रयाणां कन्यादानं विशिष्यते ।
इतरेषां तु वर्णानामितरेतरकाम्यया ॥३५॥

"यो यस्यैषा विवाहानां मनुना कीर्त्तितोगुणः ।
सर्वं शृणुत तं विप्राः सर्वं कीर्तयतो मम ॥३६॥"

ब्राह्मणो को जलसे ही कन्यादान करना श्रेष्ठ है और क्षत्रियं आदि वर्णों का परस्पर की इच्छामात्र से कन्यादान होता है (जल का नियम नहीं है) ॥३५॥ इन विवाहो मे जो गुण जिस विवाह का मनुने कहा है सो सम्पूर्ण हे ब्राह्मणो ! मुझसे सब सुनो" (यह भृगु ने ब्राह्मणो से कहा है) ॥३६॥

दश पूर्वान्परान्वंश्यानात्मानं चैकविंशकम् ।
ब्राह्मीपुत्रः सुकृतकृन्मोचयेदेनसः पितॄन् ॥३७॥
दैवोढाजः सुतश्चैव सप्त सप्त परावरान् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

आर्षोढाजः सुतस्त्रींस्त्रीन्षट्षट्कायोढजः सुतः ॥३८॥

ब्राह्मविवाह की कन्या का पुत्र जो अच्छे कर्म करने वाला होवे तो दश पीढ़ी प्रथम (अपने जन्म से पहली) और दश पीढ़ी पर (पुत्रादि) तथा अपने को इस प्रकार इक्कीस को (अपयशरूपी) पाप से छुड़ाता है ॥३७॥ और दैव विवाह की स्त्री का पुत्र सात पीढ़ी पहली और सात अगली तथा ऋषि विवाह की स्त्री का पुत्र तीन पीढ़ी पहिली और तीन अगली और प्राजापत्य विवाह की स्त्री का पुत्र छ: पीढ़ी पहिली छः अगली और अपने को (अपयश) पाप से छुटाता है ॥

(ये दो श्लोक ब्राह्मादि चार विवाहों की प्रशंसा के हैं। यथार्थ में जब किसी कुल मे कोई धर्मात्मा प्रतिष्ठित पुरुष उत्पन्न होता है तो अगले पिछलों के नाम पर कोई बट्टा भी लगा हो तो उससे सब दब जाता है। और उत्तम विवाह उत्तम सन्तान का हेतु है ही। इसलिये ब्राह्म आदि ४ विवाहों का न्यूनाधिक उत्तमत्व दिखाया गया है) ॥३८॥

ब्राह्मादिषु विवाहेषु चतुर्ष्वेवानुपूर्वशः ।
ब्रह्मवर्चस्विनः पुत्रा जायन्ते शिष्टसम्मता ॥३९॥
रूपसत्त्वगुणोपेता धनवन्तो यशस्विनः ।
पर्याप्तभोगा धर्मिष्ठा जीवन्ति च शतं समाः ॥४०॥

ब्राह्मादि चार विवाहो में ही क्रम से ऐसे पुत्र होते हैं जो ब्रह्मतेजस्वी और श्रेष्ठ मनुष्यो के प्यारे ॥३९॥ रूपवान्, पराक्रमी, गुणवान धनवान यश वाले, पुष्कल भोग वाले, धर्मात्मा और १०० वर्ष की आयु वाले होते हैं ॥४०॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

इतरेषु तु शिष्टेषु नृशंसानृतवादिनः ।
जायन्ते दुर्विवाहेषु ब्रह्मधर्मद्विषः सुताः ॥४१॥
अनिन्दितैः स्त्रीविवाहैरनिन्द्या भवति प्रजा ।
निन्दितैर्निन्दिता नृणां तस्मान्निन्द्यान्विवर्जयेत् ॥४२॥

शेष दुष्ट विवाह के सन्तान निर्लज्ज, झूंठ बोलने वाले, ब्रह्म-धर्म द्वेषी (ब्राह्मणों व धर्मा के शत्रु) उत्पन्न होते हैं ॥४१॥ अच्छे स्त्री विवाहों में अच्छी और बुरे विवाहो से बुरी सन्तान मनुष्यों के होती है। इस कारण निन्दित विवाहों का त्याग करे ॥४२॥

"पाणिग्रहणसंस्कारः सवर्णासूपदिश्यते ।
असवर्णास्वयं ज्ञेयो विधिरुद्वाहकर्मणि ॥४३॥
शरः क्षत्रियया ग्राह्यः प्रतोदो वैश्यकन्यया ।
वसनस्य दशा ग्राह्या शूद्रयोत्कृष्टवेदने ॥४४॥"

पाणिग्रहण संस्कार अपने वर्ण की स्त्री के साथ कहा है और वर्ण से दूसरे वर्ण की स्त्रियो में विवाह कर्म में यह विधि जाननी चाहिये:-॥४३॥ उत्तम वर्ण का पुरुष हीन वर्ण की कन्या से विवाह करे तो क्षत्रिय की कन्या को बाण का एक सिरा और वैश्य की कन्या को सांटे का एक सिरा और शूद्र की कन्या को कपडे का एक सिरा पकड़ना चाहिये ॥४४॥

(४३। ४४ श्लोकों मे स्वयं ही कहते हैं कि यह पाणिग्रहण संस्कार नही हैं, जो असवर्णा के साथ हो। और असवर्णा के साथ विवाह करना पूर्व श्लोक ४ के विरुद्ध होने से त्याज्य भी है)

ऋतुकालाभिगामी स्यात्स्वदारनिरतः सदा ।
पर्ववर्जं व्रजेच्चैनां तद्व्रतो रतिकाम्यया ॥४५॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ऋतुः स्वाभाविकः स्त्रीणां रात्रयः षोडश स्मृताः ।
चतुर्भिरितरैः सार्धमहोभिः सद्विगर्हितैः ॥४६॥

अपनी स्त्री से (अमावस्यादि) पर्व वर्जित दिनों में ऋतुकालमें प्रीतिपूर्वक संभोग करे ॥४५॥ स्त्रियों की स्वाभाविक ऋतुकाल की १६ रात्री है जिन मे (पहले) चार दिन अच्छे मनुष्यो से निन्दित भी सम्मिलित हैं ॥४६॥

तासामाद्याश्चतस्रस्तु निन्दितैकादशी च या ।
त्रयोदशी च शेषास्तु प्रशस्ता दश रात्रयः ॥४७॥

युग्मासु पुत्राजायन्ते स्त्रियोऽयुग्मासु रात्रिषु ।
तस्माद्युग्मासु पुत्रार्थी संविशेदार्तवेस्त्रियम् ॥४८॥

उन में चार प्रथम की और ११ वीं और १३ वीं ये छ रात्रि (स्त्री भोगमें) निषिद्ध हैं और शेष दश रात्रि श्रेष्ठ हैं ॥४७॥ (उन दशों में भी) युग्म (छठी आठवीं इत्यादि) में पुत्र उत्पन्न होते है और अयुग्म (सातवीं आदि) रात्रियों में कन्या उत्पन्न होती हैं इस कारण पुत्र की इच्छा वाला युग्म तिथियो में ऋतुकाल मे स्त्री से संभोग करे ॥४८॥

पुमान्पुंसोऽधिके शुक्रे स्त्री भवत्यधिके स्त्रिया ।
समेऽपुमान्पुंस्त्रियौ वा क्षीणेऽल्पे च विपर्ययः॥४९॥

निन्द्यास्वष्टासु चान्यासु स्त्रियोरात्रिषुवर्जयन् ।
ब्रह्मचार्येव भवति यत्र तत्राश्रमे वसन् ॥५०॥

पुरुष का वीर्य अधिक हो तो पुत्र और स्त्री का अधिक हो तो कन्या जो दोनो का वीर्य बराबर हो तो नपुंसक वा १ कन्या

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

और १ पुत्र उत्पन्न होता है। वीर्य क्षीण हो अथवा, कम हो तो सन्तान नहीं होती ॥४९॥ चार रात्रि ऋतु की, ११ वीं १३ वीं और २ पर्व की इन ८ रात्रियों को त्याग कर, शेष रात्रियों में जिस किसी भी आश्रम में रहता हुवा (स्त्री संभोग करे तो) ब्रह्मचारी ही है ॥५०॥

न कन्यायाः पिता विद्वान्गृह्णीयाच्छुल्कमण्वपि ।
गृह्णंश्छुल्कं हि लोभेन स्यान्नरोऽपत्यविक्रयी ॥५१॥
स्त्रीधनानि तु ये मोहादुपजीवन्ति बान्धवाः ।
नारी यानानि वस्त्रं वा ते पापा यान्त्यधोगतिम् ॥५२॥

ज्ञानवान् पिता कन्या का अल्प द्रव्य भी शुल्क=मूल्य ग्रहण न करे। यदि लोभ से मूल्य ग्रहण करे तो वह मनुष्य सन्तान का बेचने वाला हो ॥५१॥ स्त्री धन (स्त्री को दिया हुआ धन) वा यान वा वस्त्र को (पति के) जो बान्धव ग्रहण करते हैं वे पापी अधोगति को प्राप्त होते हैं ॥५२॥

आर्षे गोमिथुनं शुल्कं केचिदाहुर्मृषैव तत् ।
अल्पोऽप्येवं महान्वापि विक्रयस्तावदेव सः ॥५३॥
यासां नाददते शुल्कं ज्ञातयो न स विक्रयः ।
अर्हणं तत्कुमारीणामानृशंस्यं च केवलम् ॥५४॥

आर्ष विवाह में गौ के जोड़े का ग्रहण करना जो कोई कहते हैं सो मिथ्या है क्योंकि बहुत मूल्य हो चाहे थोड़ा परन्तु बेचना तो है ही ॥५३॥ परन्तु जिन कन्याओं का द्रव्य पित्रादि न लें वह बेचना नहीं है किन्तु कन्याओं का पूजन और केवल दया है ॥५४॥

पितृभिर्भ्रातृभिश्चैताः पतिभिर्देवरैस्तथा ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

पूज्या भूषयितव्याश्च बहुकल्याणमीप्सुभिः ॥५५॥
यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः ।
यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राऽफलाः क्रियाः ॥५६॥

अपनी बहुत भलाई चाहे तो पिता भाई पति और देवर भी (वस्त्रालङ्कारादि से) इनका पूजन करे ॥५५॥ क्योंकि जिस कुलमें स्त्रियें पूजी जाती हैं, वहां देवता रमते हैं और जहां इनका पूजन नहीं होता वहां सम्पूर्ण कर्म (यज्ञादि) निरर्थक हैं ॥५६॥

शोचन्ति जामयो यत्र विनश्यत्याशु तत्कुलम् ।
न शोचन्ति तु यत्रैता वर्धते तद्धि सर्वदा ॥५७॥
जामयो यानि गेहानि शपन्त्यप्रतिपूजिताः ।
तानि कृत्याहतानीव विनश्यन्ति समन्ततः ॥५८॥

जिस कुल में स्त्रियें (दुखित हो) शोक करती हैं, वह कुल शीघ्र नाश को प्राप्त हो जाता है, जहां ये शोक नहीं करती वह (कुल) सर्वदा बढ़ता है ॥५७॥ जिन घरोंको अपूजित होकर स्त्रिया शाप देती हैं वे घर कृत्या (विषप्रयोगादि) के से मारे सब ओर से नाश को प्राप्त हो जाते हैं ॥५८॥

तस्मादेताः सदा पूज्या भूषणाच्छादनाशनैः ।
भूतिकामैर्नरैर्नित्यं सत्कारेषूत्सवेषु च ॥५९॥
सन्तुष्टो भार्यया भर्त्ता भर्त्रा भार्या तथैव च ।
यस्मिन्नेव कुले नित्यं कल्याणं तत्र वै ध्रुवम् ॥६०॥

इसलिये ऐश्वर्य की इच्छा करने वाले पुरुषों को भूषण और वस्त्र आदिसे अच्छे कर्मों और विवाहादि में इन (स्त्रियों) का सदा

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सत्कार रखना उचित है ॥५९॥ जिस कुल में नित्य स्त्री से पति और पति से स्त्री प्रसन्न रहती है उस कुल में निश्चय कल्याण होता है ॥६०॥

यदि हि स्त्री न रोचेत पुमांसं न प्रमोदयेत् ।
अप्रमोदात्पुनः पुंसः प्रजनं न प्रवर्त्तते ॥६१॥
स्त्रियां तु रोचमानायां सर्वं तद्रोचते कुलम् ।
तस्यां त्वरोचमानायां सर्वमेव न रोचते ॥६२॥

यदि स्त्री शोभित न हो तो पति को प्रसन्न न कर सके और पुरुष के प्रसन्न न रहने से सन्तान नहीं चलती ॥६१॥ स्त्री (वस्त्र आभूषणादि से) शोभित हो तो सम्पूर्ण कुल की शोभा है और उनके मलिन होने से सम्पूर्ण कुल मलिन रहता है ॥६२॥

कुविवाहैः क्रियालोपैर्वेदानध्ययनेन च ।
कुलान्यकुलतां यान्ति ब्राह्मणातिक्रमेण च ॥६३॥
शिल्पेन व्यवहारेण शूद्रापत्यैश्च केवलैः ।
गोभिरश्वैश्च यानैश्च कृष्या राजोपसेवया ॥६४॥

खोटे विवाहों से, कर्म के लोप से और वेद के न पढ़ने से कुल नीचपन को प्राप्त हो जाते हैं और ब्राह्मणों की आज्ञा भङ्ग करने से भी ॥६३॥ शिल्प और व्यवहार में केवल शूद्र सन्तानों से गाय, घोड़े और सवारियों से, खेती और राजा की नीची नौकरी से-॥६४॥

अयाज्ययाजनैश्चैव नास्तिक्येन च कर्मणाम् ।
कुलान्याशु विनश्यन्ति यानि हीनानि मन्त्रतः॥६५॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

मन्त्रतस्तु समृद्धानि कुलान्यल्पधनान्यपि ।
कुलसंख्यां च गच्छन्ति कर्षन्ति च महद्यशः ॥६६॥

और चाण्डालादि के यज्ञ कराने तथा श्रौत स्मार्त कर्मों की अश्रद्धा में और वे कुल जो वेदपाठ से हीन हैं, इन कामों से शीघ्र ही नाश को प्राप्त हो जाते हैं ॥६५॥ और वेदों में समृद्ध कुल चाहे अल्प धन वाले भी हों, परन्तु बड़े कुल की गिनती में गिने जाते हैं और बड़े यश को धारण करते हैं (अर्थात् कुल की प्रतिष्ठा वेदपाठ में है न कि नौकरी, व्यापार, सवारी और गौ आदि आडम्बर में) ॥६६॥

वैवाहिकेऽग्नौ कुर्वीत गृह्यं कर्म यथाविधि ।
पञ्चयज्ञविधानं च पक्तिं चान्वाहिकीं गृही ॥६७॥

पञ्च सूना गृहस्थस्य चुल्ली पेषण्युपस्करः ।
कण्डनी चोदकुम्भश्च बध्यते यास्तु वाहयन् ॥६८॥

विवाह की अग्नि में विधिपूर्वक गृह्योक्त कर्म (सायं प्रात होमादि) करे और पञ्चयज्ञान्तर्गत बलिवैश्वादि और नित्य करने का पाक भी गृहस्थ (इसी में) करे ॥६७॥ ये पांच वस्तु गृहस्थ को हिंसा का मूल हैं-चूल्हा १, चक्की २, बुहारी ३ उलूखल मूसल ४, जल का घडा ५, इनको अपने कामों में लाता हुआ (पाप में) बंध जाता है ॥६८॥

तासां क्रमेण सर्वासां निष्कृत्यर्थं महर्षिभिः ।
पञ्चक्लृप्ता महायज्ञाः प्रत्यहं गृहमेधिनाम् ॥६९॥

अध्यापनं ब्रह्मयज्ञः पितृयज्ञस्तु तर्पणम् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

होमोदैवोबलिर्भौतोनृयज्ञोऽतिथिपूजनम् ॥७०॥

गृहस्थों के उन पापों के प्रायश्चित्तार्थ महर्षियों ने प्रतिदिन के पांच महायज्ञ रचे हैं ॥६९॥ ब्रह्मयज्ञ = पढ़ाना और पितृयज्ञ = तर्पण और देवयज्ञ = होम और भूतयज्ञ = भूतबलि और मनुष्य यज्ञ = अतिथि भोजन (ये ५ हैं) ॥७०॥

पञ्चैतान्योमहायज्ञान्न हापयति शक्तितः ।
स गृहेऽपि वसन्नित्यं सूनादोषैर्न लिप्यते ॥७१॥

देवतातिथिभृत्यानां पितृणामात्मनश्च यः ।
न निर्वपति पञ्चानामुच्छ्वसन्न स जीवति ॥७२॥

जो इन ५ महायज्ञों को अपनी शक्ति भर न छोड़े वह पुरुष गृह में बसता हुआ भी हिंसा के दोषों से लिप्त नहीं होता ॥७१॥ देवता अतिथि भृत्य माता, पिता आदि और आत्मा इन पांचों को अन्न न दे तो जीता हुआ भी मरे के तुल्य है ॥७२॥

अहुतं च हुतं चैव तथा प्रहुतमेव च ।
ब्राह्मं हुतं प्राशितं च पञ्चयज्ञान्प्रचक्षते ॥७३॥

जपोऽहुतोहुतोहोमः प्रहुतो भौतिको बलिः ।
ब्राह्मं हुतं द्विजाग्र्यार्चा प्राशितं पितृतर्पणम् ॥७४॥

१ अहुत, २ हुत, ३ प्रहुत, ४ ब्राह्महुत, ५ प्राशित ये पांच दूसरे नाम पञ्चमहायज्ञों के (मुनि लोग) कहते हैं ॥७३॥ अहुत=जप, हुत = होम, प्रहुत=भूतबलि, ब्राह्महुत = ब्राह्मण की पूजा, प्राशित= नित्य श्राद्ध (कहाता है) ॥७४॥

स्वाध्यायेनित्य युक्तः स्याद्दैवेचैवेहकर्मणि ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

दैवेकर्मणि युक्तोहि बिभर्त्तीदं चराचरम् ॥७५॥
अग्नौ प्रास्ताहुतिः सम्यगादित्यमुपतिष्ठते ।
आदित्याज्जायते वृष्टिर्वृष्टेरन्नं ततः प्रजाः ॥७६॥

वेदाध्ययन और अग्निहोत्र में सर्वदा युक्त रहें। जो देव = होमकर्म में युक्त है, वह चराचर का पोषण करता है। क्योंकि- ॥७५॥ अग्नि में डाली आहुति आदित्य को पहुँचती है और सूर्य से वृष्टि होती है और वृष्टि से अन्न, अन्न से प्रजा होती है। (इस से जो अग्निहोत्र करता है, वह सम्पूर्ण प्रजा का पालन करता है।) ॥७६॥

यथावायुं समाश्रित्य वर्त्तन्ते सर्वजन्तवः ।
तथागृहस्थमाश्रित्य वर्त्तन्ते सर्व आश्रमाः ॥७७॥
यस्मात्त्रयोप्याश्रमिणो ज्ञानेनान्नेन चान्वहम् ।
गृहस्थेनैव धार्यन्ते तस्माज्ज्येष्ठाश्रमोगृही ॥७८॥

जैसे सम्पूर्ण जीव (प्राणी) वायु के आश्रय से जीते हैं, वैसे गृहस्थ के आश्रय (सहारे) से सब आश्रम चलते हैं ॥७७॥ जिस कारण तीनों आश्रम वालों का ज्ञान और अन्न से गृहस्थ ही प्रति दिन धारण करता है, इससे गृहाश्रमी बड़ा है ॥७८॥

स संधार्यः प्रयत्नेन स्वर्गमक्षयमिच्छता ।
सुखं चेहेच्छता नित्यं योऽधार्यो दुर्बलेन्द्रियैः ॥७९॥
ऋषयः पितरो देवा भूतान्यतिथयस्तथा ।
आशासते कुटुम्बिभ्यस्तेभ्यः कार्यं विजानता ॥८०॥

जो दुर्बल इन्द्रिय वालों से धारण नहीं किया जा सकता, वह

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

(गृहस्थाश्रम) इस लोक में सुख की इच्छा करने वाले तथा अक्षय सुख (मोक्ष) की इच्छा करने वाले को प्रयत्न से धारण करना चाहिये ॥७९॥ क्योंकि ऋषि, पितर, देव, अन्य जीव तथा अतिथि, ये सब कुटुम्बियों से आशा करते हैं, इस से इन के लिये जानते हुवे को (५ यज्ञ) करने चाहियें ॥८०॥

स्वाध्यायेनार्चयेतर्षीन्होमैर्देवान्यथाविधि ।
पितॄन् श्राद्धैश्च नानान्नैर्भूतानि बलिकर्मणा ॥८१॥
कुर्यादहरहः श्राद्धमन्नाद्येनोदकेन वा ।
पयोमूलफलैर्वापि पितृभ्यः प्रीतिमावहन् ॥८२॥

स्वाध्याय से ऋषियों, होम से देवताओं, श्राद्धों से पितरों अन्न से मनुष्यों तथा बलिकर्म से अन्य भूतों को सत्कृत करे ।८१। पितरों से प्रीति चाहने वाला, अन्नादि, दुग्ध, मूल, फल और जल से प्रतिदिन श्राद्ध करे ॥८२॥

एकमप्याशयेद्विप्रं पित्रर्थे पाञ्चयज्ञिके ।
न चैवात्राशयेत्किञ्चिद्वैश्वदेवं प्रतिद्विजम् ॥८३॥
वैश्वदेवस्य सिद्धस्य गृह्येऽग्नौ विधिपूर्वकम् ।
आभ्यः कुर्याद्देवताभ्यो ब्राह्मणो होममन्वहम् ॥८४॥

पञ्चमहाय सम्बन्धी पितृयज्ञनिमित्त (साक्षात् पिता आदि न हो तो चाहे पितृत्वगुणयुक्त छान्दोग्य में कहे अनुसार २४ वर्ष ब्रह्मचर्य धारण करने वाला वसुसंज्ञक ब्रह्मचारी जिस की २८४ वे श्लोक में वसु और पितृसंज्ञा करेंगे, उस प्रकार के) एक ब्राह्मण को भी भोजन करा देवे। परन्तु इस वैश्वदेव के स्थान में किसी को भोजन न करावे ॥८३॥ गृह्य अग्नि में सिद्ध वैश्वदेव का इन

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

देवताओं के लिये ब्राह्मणादि प्रतिदिन होम करे ॥८४॥

अग्नेः सोमस्य चैवादौ तयो श्चैव समस्तयोः ।
विश्वेभ्यश्चैव देवेभ्यो धन्वन्तरय एव च ॥८५॥
कुह्वै चैवानुमत्यै च प्रजापतय एव च ।
सह द्यावापृथिव्योश्च तथा स्विष्टकृतेऽन्ततः ॥८६॥

(वे देवता ये हैं :-) अग्नये, सोमाय, इस से पहिले होम करे फिर दोनों का नाम मिला कर, फिर विश्वेभ्योदेवेभ्य' और धन्वन्तरये।८५। और कुह्वै, अनुमत्यै, प्रजापतये, द्यावापृथिवीभ्याम् और अन्त में स्विष्टकृते (इन सब के साथ) 'स्वाहा' अन्त में लगा कर होम करे ॥८६॥

एवं सम्यग्घविर्हुत्वा सर्वदिक्षु प्रदक्षिणम् ।
इन्द्रान्तकाप्पतीन्दुभ्यः सानुगेभ्यो बलिं हरेत् ॥८७॥
मरुद्भ्य इति तु द्वारि क्षिपेदप्स्वद्भ्य इत्यपि ।
वनस्पतिभ्य इत्येवं मुसलोलूखले हरेत् ॥८८॥

उक्त प्रकार अच्छी विधि से होम करके, चारों दिशाओं में प्रदक्षिण क्रम से सानुग, इन्द्र, यम, वरुण और सोम, इन के लिये बलि दे ॥८७॥ मरुद्भ्यः ऐसा कह कर द्वार, अद्भ्य, ऐसा कह कर जल, वनस्पतिभ्य, कह कर उलूखल, मूसल निमित्त बलि दे ॥८८॥

उच्छीर्षके श्रियै कुर्याद्भद्रकाल्यै च पादतः ।
ब्रह्मवास्तोष्पतिभ्यां तु वास्तुमध्ये बलिं हरेत् ॥८९॥
विश्वेभ्यश्चैव देवेभ्यो बलिमाकाश उत्क्षिपेत् ।
दिवाचरेभ्यो भूतेभ्यो नक्तंचारिभ्य एव च ॥९०॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

वास्तु के शिर' प्रदेश छत मे श्री के लिये मकान के पैर=भूमि मे भद्रकाली के लिये, ब्राह्मण और वास्तोष्पति के लिये घर के बीच मे ॥८९॥ विश्वदेवों के लिये आकाश मे दिवाचर प्राणी तथा रात्रिचरों के लिये भी आकाश मे ॥९०॥

पृष्ठवास्तुनि कुर्वीत बलिं सर्वात्मभूतये ।
पितृभ्यो बलिशेषं तु सर्वं दक्षिणतो हरेत् ॥९१॥

मकान के पीछे सर्वात्मभूति के लिये और शेष बलि पितरों को दक्षिण में देवे ॥९१॥ (८७ से ९१ तक ५ श्लोकों में वैश्वदेव बलि का विधान या रीति है । वैश्वदेव शब्द विश्वदेवाः से बना है, जिस का अर्थ यह है कि सब देवों वा प्राणी, अप्राणी रूप जगत के पदार्थों को अपने भोजन से भाग देना । क्योंकि श्लोक ८१ मे इसका नाम भूतबलि कह आये हैं और श्लोक ६८ में गृहस्थ को ५ हिंसा लगना कह आये हैं कि चूल्हा चक्की आदि से काम लेते हुए गृहस्थ पुरुष कुछ न कुछ जगत् की हानि भी करता ही है । उसीके प्रायश्चित्तार्थ उस को सब जगत् के उपकाररूप वैश्वदेव बलि का विधान है । ८४ । ८५ । ८६ वें श्लोकों मे आहुतियों का वर्णन है, वे आहुति उस २ देवता=दिव्य पदार्थ के उपकारार्थ दी जाती हैं । उस २ देवता (अग्नि, सोम आदि में जो २ दिव्य सामर्थ्य है, वह २ दिव्य सामर्थ्य परमात्मा मे सर्वोपरि है । इस लिये कोई आचार्य परमात्मा की प्रसन्नता के लिये इस होम को मानते हैं । और भिन्न २ देवता के पक्ष में १ अग्नि । २ सोम । ३ अग्निषोम । ४ विश्वेदेवाः = सब देवता । ५ धन्वन्तरि = रोग निवारक । ६ कुहू=अमावस्या मे चन्द्रोदय होने से विशेष दिन मे विशेष । ७ अनुमति=पौर्णिमा मे भी उक्त रीति से । ८ प्रजापति= काम । ९ द्युलोक और भूमिलोक । १० स्विष्टकृत् अग्निः । ये सब

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

पदार्थ वायु के समान सर्वत्र फैले हुए हैं और मनुष्यादि के शरीर भी इन्हीं से बने हैं और बाह्य जगत् में जब हवन से इनकी उत्तम अवस्था रहती है तब शरीर देवता जो सूक्ष्म तत्व वा अंश है वे भी भले प्रकार आप्यायित रहते है। जैसे बाहर का वायु शुद्ध पवित्र हो तो शरीरस्थ प्राणादि भी स्वस्थ रहते हैं। वैसे ही बाह्य जगत् के व्याप्त द्रव्य अच्छे रहैं, तभी मनुष्यों के भीतरी त व भी परिष्कृत रहते हैं। इस लिये इन मन्त्रों से होम का तात्पर्य उन उन द्रव्यों की हृष्टि पुष्टि आदि से है। और आगे जो बलि लिखी हैं उन २ को भी उस २ देवता = तत्त्व वा द्रव्य की हृष्टि पुष्टि और शुद्धि को निमित्त मान कर (निमित्तार्थ मे ही इन श्लोकों की सप्तमी विभक्ति हैं, न कि अधिकरण मे इस लिये) द्वार आदि स्थानो में भाग रखना आवश्यक नहीं। किन्तु पत्तल पर रखकर पीछे श्लोक ८४ के अनुसार गृह्य अग्नि चूल्हे से निकाल कर उस मे चढादे। अब यह जानना शेष रहा कि इन २ इंद्रादि का उस उस पूर्व दिशा आदि से क्या सम्बन्ध है? यद्यपि अपनी बुद्धि के अनुसार हम लिखते हैं और हम से पूर्व के टीकाकारों ने भी अपनी २ समझ के अनुसार लिखा है परन्तु जितना हम लिखते हैं वा अन्यों ने लिखा है उस से पूरा २ सन्तोष न तो हम को है और न हम यह आशा करते हैं कि अन्यों को होगा। परन्तु हम इस सम्बन्ध को यह निश्चय विश्वास करते हैं कि यह आधुनिक कल्पना नहीं है किन्तु बहुत कुछ यह सम्बन्ध वेदों में भी देखा जाता है। उदाहरण के लिये सन्ध्या में मनसापरिक्रमा के मन्त्रो को देखिये जिन मे से पूर्वादि दिशाओं के साथ विशेष नाम एक प्रकार के क्रम से आये हैं, जो वेदों के अन्य मन्त्रों मे भी उस क्रम से प्राय. पाये जाते हैं। इस लिये हम अनुमान करते है कि इंद्र का पूर्व दिशा से, यम का दक्षिण से, वरुण का पश्चिम से

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सोम का उत्तर से वायु का (द्वार में होकर आने से) द्वार से, जल का जल से साक्षात्, वनस्पति का (काष्ठमयवृक्षजन्य) मूसल उलूखल से ऊपर का लक्ष्मी से, पृथिवी का भद्रकाल-पृथ्वी से, वेदवेत्ता पुरोहितादि और गृहपति का गृहमध्य से और सब सामान्य देवताओं और दिन में तथा रात्रि में विचरने वाले प्राणियों का आकाश से कुछ न कुछ विशेष सम्बन्ध है। सर्वात्मभूतिका पृष्ठ से तथा पितरों का दक्षिण से भी॥ जैसे इन्द्र वरुण यमादि तत्त्वों के विशेष नाम हैं वैसे ही यहां बलि-वैश्वदेव में पितर पद का भी एक प्रकार के आकाशगत तत्त्वों से ही अभिप्राय है। माता पिता आदि गुरुजनों का तो पृथक् पितृयज्ञ विहित ही है॥' वायुकोण मे जल भरा घड़ा रखना वहीं स्नानगृह और मोरी रखना, अग्नि कोण में वनस्पति शाकादि ऊखली मूसल आदि रखना ईशानकोण मे लक्ष्मी=धन, नैर्ऋत्यमे स्त्रीपुरोहितादि वेदपाठियों वा वेदपाठ और गृहपतिका मुख्यत. बीचमे यज्ञशाला। विश्वेदेवा. से विशेषत अग्नि वायु सूर्यका प्रायः आकाश दिवाचर मक्खी आदि और रात्रिचर दंश मशकादि जो निकृष्ट मलिन कारणसे उत्पन्न होतेहैं-उनका विरुद्ध धूमसे अपने ऊपरको उड़नेसे आकाश सब प्रकार के अन्नादि रखने का मकान के पृष्ठ भाग से सम्बन्ध रखना झलकता है इत्यादि विचार भी चिन्तनीय है। निदान यह सर्वभूत बलि का तात्पर्य मात्र तो (अहरहर्बलिमित्ते०), इत्यादि अथर्व १९।७।७ और (पुनन्तु विश्वाभूतानि०) इत्यादि यजु १९।३९ वेदमन्त्रों में भी पाया जाता है कि प्रतिदिन सब भूतों को बलि दे। परन्तु पूर्वादि दिशों के साथ का भेद और (सानुगायेन्द्रायनम.) इत्यादि मन्त्र, वेदमन्त्र नहीं हैं किन्तु गृह्यसूत्रों और स्मृतिके हैं। इसलिये यह कर्म स्मार्त्त वा गृह्य कहाता है और गृहस्थ का ही कर्त्तव्य है॥ हम लोग बहुत काल तक वेदशा आदि

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

में श्रद्धा रखते हुवे यदि यही तप करने चले जांयगे तो आशा है कि भविष्यत् में इन सब का पूरा २ भेद जान पड़ेगा और सब देवता कहाने वाले दिव्य पदार्थों में जो २ ऐसा गुण है जिस से वह २ पदार्थ (देवो दानाद्वा०) इत्यादि निरुक्त के अनुसार देवता कहाता है वह २ गुण परमात्मा में अवश्य अनन्तभाव से वर्त्तमान हैं। इस लिये उस २ देवतावाचक शब्द से परमात्मा का ग्रहण करना तो निर्विवाद ही है) ॥९१॥

शुनां च पतितानां च श्वपचां पापरोगिणां ।
वायसानां कृमीणां च शनकैर्निर्वपेद् भुवि ॥९२॥

कुत्ते पतित, चाण्डाल, पापरोगी, कव्वे, तथा कीड़े इन को धीरे से भूमि पर भाग डाले (जिसमें मिट्टी न लगे) ॥९२॥

एवं यः सर्वभूतानि ब्राह्मणो नित्यमर्चति ।
स गच्छति परं स्थानं तेजोमूर्तिः पथर्जुना ॥९३॥

कृत्वैतद्बलिकर्मैवमतिथिं पूर्वमाशयेत् ।
भिक्षां च भिक्षवे दद्याद्विधिवद् ब्रह्मचारिणे ॥९४॥

इसप्रकार जो ब्राह्मणादि नित्य सब प्राणियों का सत्कार करता है वह सीधे मार्ग से ज्योतिरूप परमधाम को प्राप्त होता है ॥९३॥ उक्त प्रकार से बलि कर्म करके अतिथि को प्रथम भोजन करावे और विधिवत् भिक्षा वाले ब्रह्मचारी को भिक्षा देवे ॥९४॥

यत्पुण्यफलमाप्नोति गां दत्त्वा विधिवद् गुरोः ।
तत्पुण्यफलमाप्नोति भिक्षां दत्त्वा द्विजो गृही ॥९५॥
भिक्षामप्युदपात्रं वा सत्कृत्य विधिपूर्वकम् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

वेदतत्त्वार्थविदुषे ब्राह्मणायोपपादयेत् ॥६६॥

जिस पुण्य का फल गुरु को गोदान करने से (शिष्य) पाता है वही फल (ब्रह्मचारीको) भिक्षा देनेसे द्विज गृहस्थ पाताहै ॥९५॥ भिक्षा वा जलपात्र मात्र ही विधिपूर्वक वेदतत्त्वार्थ जानने वाले ब्राह्मण को सत्कार करके देवे ॥९६॥

नश्यन्ति हव्यकव्यानि नराणामविजानताम् ।
भस्मीभूतेषु विप्रेषु मोहाद्दत्तानि दातृभिः ।६७॥
विद्यातपः समृद्धेषु हुतं विप्रमुखाग्निषु ।
निस्तारयति दुर्गाच्च महतश्चैव किल्विषात् ॥६८॥

जो भस्मीभूत (जैसे अङ्गार में से अग्नि निकल कर निस्तेज भस्म रह जाता है ऐसे ही ब्रह्मवर्चसादि हीन भस्मरूप कथनमात्र के जो ब्राह्मण हैं उन) ब्राह्मणों को जो दाता लोग अज्ञान से दान करते है उनके लिये हव्य कव्य सब नष्ट हो जाते हैं ॥९७॥ विद्या और तप से समृद्ध विप्रो के मुखरूप अग्नि मे हवन करना कठिनाई और बड़े पाप से बचाता है ॥९८॥

संप्राप्ताय त्वतिथये प्रदद्यादासनोदके ।
अन्नं चैव यथाशक्ति सत्कृत्य विधिपूर्वकम् ॥६६॥
शिलानप्युञ्छतो नित्यं पञ्चाग्नीनपि जुह्वतः ।
सर्वं सुकृतमादत्ते ब्राह्मणोऽनर्चितोवसन् ॥१००॥

आये हुवे अतिथि के लिये यथाशक्ति आसन, जल और अन्न सत्कृत करके विधिपूर्वक देवे ॥९९॥ नित्य शिल (खेत मे पीछे से रहे हुये अनाज के दानो) को बीन कर जीवन करने वाले और (आहवनीय, गार्हपत्य, दक्षिण, श्रौत आवसथ्य) पांच अग्नि में

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

होम करने वाले के भी उपार्जित सब पुण्यों को बिना पूजन किया हुआ ब्राह्मण (अतिथि) ले जाता है ॥१००॥

तृणानि भूमिरुदकं वाक्चतुर्थी च सूनृता ।
एतान्यपि सतां गेहे नोच्छिद्यन्ते कदाचन ॥१०१॥
एकरात्रं तु निवसन्नतिथिर्ब्राह्मणः स्मृतः ।
अनित्यं हि स्थितो यस्मात्तस्मादतिथिरुच्यते ॥१०२॥

(अन्न न हो तो) तृणासन, विश्राम के लिये स्थान, जल और चौथे अच्छा बोलना, ये चार बातें तो सत्पुरुषों के कभी कम रहती ही नहीं ॥१०१॥ एक रात्रि रहने वाला ब्राह्मण अतिथि होता है, क्योंकि नित्य नहीं रहता, इसी से अतिथि कहाता है ॥१०२॥

नैकग्रामीणमतिथिं विप्रं साङ्गतिकं तथा ।
उपस्थितं गृहे विद्याद्भार्या यत्राग्नयोऽपि वा ॥१०३॥
उपासते ये गृहस्थाः परपाकमबुद्धयः ।
तेन ते प्रेत्य पशुतां व्रजन्त्यन्नादिदायिनाम् ॥१०४॥

(उसी) एक ग्राम में रहने वाले सहाध्यायी और भार्या तथा अग्नि से युक्त गृहस्थ में रहने वाले (वैश्वदेव काल में) उपस्थित विप्र को अतिथि न जाने ॥१०३॥ जो निर्बुद्धि गृहस्थ (भोजन के लालच से) दूसरे के अन्न का सहारा देखते हैं, उससे वे मरने पर अन्नादि देने वाले के पशु बनते है ॥१०४॥

अप्रणोद्योऽतिथिः सायं सूर्योढो गृहमेधिना ।
काले प्राप्तस्त्वकाले वा नास्यानश्नन्गृहे वसेत् ॥१०५॥
न वै स्वयं तदश्नीयादतिथिं यन्न भोजयेत् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

धन्यं यशस्यमायुष्यं स्वर्ग्यं वाऽतिथिपूजनम् ॥१०६॥

सायङ्काल के सूर्य छिपने पर भोजन के समय अतिथि प्राप्त हो वा बेसमय (जबकि भोजन हो चुका हो) प्राप्त हो तो भी उसको भूखा घर से न भेजे (अर्थात् गृहस्थ यह न कहे कि चले जाओ) ॥१०५॥ जो वस्तु अतिथि को भोजनार्थ न दे उसे आप भी भोजन न करे। यह अतिथि पूजन धन्य=धनहितार्थ, यश आयु तथा स्वर्ग का देने वाला है ॥१०६॥

आसनावसथौ शय्यामनुव्रज्यामुपासनाम् ।
उत्तमेषूत्तमं कुर्याद्धीने हीनं समे समम् ॥१०७॥

वैश्वदेवे तु निर्वृत्ते यद्यन्योऽतिथिराव्रजेत् ।
तस्याप्यन्नं यथाशक्ति प्रदद्यान्न बलिं हरेत् ॥१०८॥

आसन और जगह तथा शय्या और अनुव्रज्या (विदाई) तथा उपासना (अरदली) ये सब उत्तमों को उत्तम और हीनों को हीन और समों को समानता से करे ॥१०७॥ वैश्वदेव के हो चुकने पर यदि दूसरा अतिथि आजावे तो उस को भी यथाशक्ति अन्न देवे, बलिहरण=पूरी पत्तल (चाहे) न करे ॥१०८॥

न भोजनार्थं स्वे विप्रः कुलगोत्रे निवेदयेत् ।
भोजनार्थं हि ते शंसन्वान्ताशीत्युच्यते बुधैः॥१०९॥

न ब्राह्मणस्य त्वतिथिर्गृहे राजन्य उच्यते ।
वैश्यशूद्रौ सखा चैव ज्ञातयो गुरुरेव च ॥११०॥

भोजन के लिये विप्र अपना कुल गोत्र न कहे और जो भोजन के लिये उन्हें कहे तो उसको विद्वान् लोग वान्ताशी=उगलन खाने

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

वाला कहते हैं (क्योंकि वह टुकड़ो के लिये वर्त्रों का सहारा लेता है) ॥१०९॥ ब्राह्मण के घर क्षत्रिय अतिथि नहीं होता और वैश्य, शूद्र, सखा तथा गुरु भी अतिथि नहीं समझने चाहियें ॥११०॥

यदि त्वतिथिधर्मेण क्षत्रियो गृहमाव्रजेत् ।
भुक्तवत्सुक्तविप्रेषु कामं तमपि भोजयेत् ॥१११॥
वैश्यशूद्रावपि प्राप्तौ कुटुम्बेऽतिथिधर्मिणौ ।
भोजयेत्सह भृत्यैस्तावानृशंस्यं प्रयोजयन् ॥११२॥

यदि अतिथि धर्म से क्षत्रिय भी उक्त ब्राह्मणों के भोजन करते हुवे गृह पर आजावे तो उसको भी चाहे भोजन करा देवे ॥१११॥ और यदि वैश्य शूद्र भी अतिथि होकर प्राप्त होवें तो कुटुम्ब में भृत्यों के सहित उन पर कृपा करता हुआ भोजन करादेवे ॥११२॥

इतरानपि सख्यादीन्संप्रीत्या गृहमागतान् ।
सत्कृत्यान्नं यथाशक्ति भोजयेत्सह भार्यया॥११३॥
सुवासिनीः कुमारीश्च रोगिणो गर्भिणीः स्त्रियः ।
अतिथिभ्योऽग्रएवैतान्भोजयेदविचारयन् ॥११४॥

क्षत्रियादि के अतिरिक्त मित्रादि प्रीति करके घर आजावे तो उनको भी यथाशक्ति सत्कार करके भार्या के सहित भोजन करावे ॥११३॥ सुवासिनी (जिनका अभी विवाह हुआ हो), कुमारी रोगी लोग तथा गर्भवती स्त्री इनको अतिथि के पहिले ही बिना विचार भोजन करा देवे ॥११४॥

अदत्त्वा तु य एतेभ्यः पूर्वं भुङ्क्तेऽविचक्षणः ।
सभुञ्जानो न जानाति श्वगृध्रैर्जग्धिमात्मनः ॥११५॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

भुक्तवत्स्वथ विप्रेषु स्वेषु भृत्येषु चैव हि ।
भुञ्जीयातां ततः पश्चादवशिष्टं तु दम्पती ।।११६।।

जो मूर्ख इनको बिना दिये पहिले भोजन करता है वह नहीं जानता है कि कुत्ते और गीधोंसे अपना भक्षण (मरणके अनन्तर) होगा ।।११५।। ब्राह्मण और पोष्यवर्ग ये सब भोजन कर चुकें, तत्पश्चात् बचे को (गृहस्थ) आप और स्त्री भोजन करें ।।११६।।

देवानृषीन्मनुष्यांश्च पितॄन्गृह्याश्च देवताः ।
पूजयित्वा ततः पश्चाद्गृहस्थः शेषभुग्भवेत् ।।११७।।
अघं स केवलं भुङ्क्ते यः पचत्यात्मकारणात् ।
यज्ञशिष्टाशनं ह्येतत्सतामन्नं विधीयते ।।११८।।

देव, ऋषि, मनुष्य पितर और गृह्योक्त विश्वेदेवाः, इन सबको सत्कृत करके पश्चात् गृहस्थ शेष अन्न का भोजन करने वाला हो ।।११७।। जो केवल अपने लिये अन्न पकाता है वह निरा पाप खाता है और जो यज्ञादि से शेष भोजन है, वह सज्जनों का भोजन है ।।११८।।

राजर्त्विक्स्नातकगुरून्प्रियश्वशुरमातुलान् ।
अर्हयेन्मधुपर्केण परिसंवत्सरात्पुनः ।।११९।।
राजा च श्रोत्रियश्चैव यज्ञकर्मण्युपस्थितौ ।
मधुपर्केण संपूज्यौ न त्वयज्ञ इति स्थितिः ।।१२०।।

राजा, ऋत्विज, स्नातक, गुरु, मित्र, श्वसुर, मामा एक वर्ष के ऊपर फिर आवें तो फिरभी इनका मधुपर्क से पूजन करे ।।११९।। राजा और स्नातक यज्ञ कर्म में प्राप्त हों तो मधुपर्क से पूज्य हैं बिना यज्ञ के नहीं ।।१२०।।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सायं त्वन्नस्य सिद्धस्य पत्न्यमन्त्रं बलिं हरेत्।
वैश्वदेवं हि नामैतत्सायं प्रातर्विधीयते ॥१२१॥

सायङ्काल में रसोई होने पर स्त्री बिना मंत्र बलि करे, क्योंकि वैश्वदेव नाम कृत्यका गृहस्थ को सायं प्रातः विधान कियाहै ।१२१।

"पितृयज्ञं तु निर्वर्त्य विप्रश्चन्द्रक्षयेऽग्निमान् ।
पिण्डान्वाहार्यकं श्राद्धं कुर्यान्मासानुमासिकम् ॥१२२॥"

"अग्निहोत्री अमावस्या में पितृयज्ञ करके 'पिण्डान्वाहार्यक' श्राद्ध प्रति मास किया करे ॥"

(यहां श्लोक १२२ से श्लोक १६९ तक "मृतकश्राद्ध" का वर्णन है। हमारी सम्मति में यह सभी प्रकरण प्रक्षिप्त है। १७० से उत्तम व्रती ब्राह्मणादि की प्रशंसा और विरुद्धों की निन्दा का प्रकरण कहेंगे जो मृतपितरों से सम्बद्ध नहीं है। इसलिये उनमें १२१ वें श्लोक का ठीक सम्बन्ध मिल जाता है। इन श्लोकों को प्रक्षिप्त मानने के हेतु ये भी हैं-१-इन श्लोकों के संस्कृत की शैली मनु के सी नहीं; किन्तु पुराणों के सी है। २-यह मासिक श्राद्ध का (जो अमावस्या में है) विधान है। जब नित्य श्राद्ध कह चुके तब अमावस्या भी आगई, इसलिये व्यर्थ है। ३-श्लोक १२३ में आमिष=मांस से इसका विधान है जो देव ऋषि पितरोंका भोजन नहीं, किन्तु 'यक्षरक्षः पिशाचान्नं मद्यं मांसं सुरासवम्" (मनु ११। ९५) मद्यमांसादि यक्ष राक्षसादि का भोजन है। कोई लोग 'आमिष' पद से 'भोज्यवस्तु' का ग्रहण करते हैं और जीवतों का ही श्राद्ध वर्णन कहते हैं, परन्तु मेधातिथि आदि ६ टीकाकार आमिष=मांस ही लिखते हैं। ४ और रामचन्द्र टीकाकार ने इसके आगे एक यह श्लोक और लिख कर व्याख्या की है कि-

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

[न निर्वपति यः श्राद्धं प्रमीतपितृको द्विजः ।
इन्दुक्षये मासि मासि प्रायश्चित्ती भवेत्तु सः ॥]

अर्थात् जिस द्विज के माता पिता मर गये हों और प्रतिमास अमावस्या को श्राद्ध न करे वह प्रायश्चित्ती होता है॥ इससे यह झलकता है कि यह प्रकरण मृतक श्राद्ध का ही है। यह श्लोक अन्य ५ टीकाकारों ने नहीं लिखा न ३० पुस्तकों में से एक पुस्तक के अतिरिक्त अन्य पुस्तकों में है। इससे पाया जाता है कि रामचन्द्र सब से पिछले टीकाकार हैं उन्हीं के समय में यह मिला हुवा था। पूर्व ५ टीकाकारों के समय मे नहीं था। १२४ वें श्लोक का फिर यह कहना कि जिन अन्नो से जैसे और जितने ब्राह्मण भोजनकराने हैं उन्हे कहेंगे,व्यर्थ है क्योकि ११२ में मांससे जिमाना कह चुके हैं। ५-पितृनिमित्त में ब्राह्मणों की गिनती का विधान भी मृतकश्राद्ध का ही सूचक है। ६-१२७ वें में स्पष्ट ही इसे प्रेत कृत्या लिखा है। ७-१३६ वें में परिडत के पुत्र मूर्ख ब्राह्मण की उत्तमता और मूर्ख के पुत्र विद्वान की भी निन्दा अन्याय और पक्षपातपूर्ण है। ८-१४६ वें में एक ब्राह्मण के भोजन से ७ पुरुषाओं की असम्भव तृप्ति वर्णित है। ९-१४९ वें में दैवकर्म में ब्राह्मण की परीक्षा न करना अन्याय है। १०-१५० वां श्लोक स्पष्ट मनु का नहीं, अन्यकृत है। ११-१५२ वें में मांस वेचने वाले ब्राह्मण को भोजन न कराना कहा है। इससे जाना जाता है कि उस श्लोक के बनते समय ब्राह्मण मास खाना क्या वेचने का भी पेशा करने लगे थे। १२-१५३ से १६७ तक जिन ब्राह्मणों को श्राद्ध मे वर्जित किया है उनमें बहुतो के ऐसे कर्म कहे हैं जो श्राद्ध मे ही क्या किसी भी कार्य मे सत्कार योग्य नहीं किन्तु राजदण्डके योग्य हैं) ॥१२२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

"पितृणां मासिकं श्राद्धमन्वाहार्यं विदुर्बुधाः। तच्चामिषेण कर्त्तव्यं प्रशस्तेन समंततः ॥१२३॥ तत्र ये भोजनीयाः स्युर्ये च वर्ज्या द्विजोत्तमा.। यावन्तश्चैव यैश्चान्नैस्तान्प्रवक्ष्याम्यशेषतः ॥१२४॥ द्वौ दैवे पितृकार्ये त्रीनेकैकमुभयत्र वा। भोजयेत्सुसमृद्धोऽपि न प्रसज्जेत विस्तरे ॥१२५॥ सत्क्रियां देशकालौ च शौचं ब्राह्मणसंपदः। पञ्चैतान्विस्तरोहन्ति तस्मान्नेहेत विस्तरम् ॥१२६॥ प्रथिता प्रेतकृत्यैषा पित्र्यं नाम विधुक्षये। तस्मिन्युक्तस्यैति नित्यं प्रेतकृत्यैव लौकिकी ॥१२७॥ श्रोत्रियायैव देयानि हव्यकव्यानि दातृभिः। अर्हत्तमाय विप्राय तस्मै दत्तं महाफलम् ॥१२८॥ एकैकमपि विद्वांसं दैवे पित्र्ये च भोजयेत्। पुष्कलं फलमाप्नोति नाऽमन्त्रज्ञान्बहूनपि ॥१२९॥ दूरादेव परीक्षेत ब्राह्मणं वेदपारगम्। तीर्थं तद्धव्यकव्यानां प्रदाने सोऽतिथिः स्मृतः॥१३०॥

"पितरों के मासिक श्राद्ध को पण्डित अन्वाहार्य जानते हैं। उसको श्राद्धविहित सर्वथा अच्छे मांस से करे ॥१२३॥ उस श्राद्ध में जो भोजन योग्य ब्राह्मण हैं और जो त्याज्य हैं और जितने और जिस अन्नसे जिमाने चाहियें यह सम्पूर्ण मैं आगे कहूंगा॥१२४॥ देवश्राद्ध में दो और पितृश्राद्ध में तीन ब्राह्मण वा देवश्राद्ध मे और पितृश्राद्ध मे एक एक को भोजन करावे। अच्छा समृद्ध (यजमान) भ विस्तार न करे ॥१२५॥ अच्छी पूजा,देश काल, पवित्रता।और श्राद्धोक्त गुण वाले ब्राह्मण, इन पांचो को विस्तार नष्ट करता है, इससे विस्तार न करे ॥१२६॥ यह जो पितृकर्म है, सो प्रेतकृत्या विख्यात है। अमावस्या के दिन उसमें युक्त होने वाला पुरुष नित्य के लौकिक श्राद्ध क फल को प्राप्त होता है ॥१२७॥ देने वाले

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

लोग श्रोत्रिय को ही हव्य और कव्य देवें और अधिक पूज्य को देवें तो बड़ा फल है ॥१२८॥ देवकर्म (यज्ञादि) मे और पितृ कर्म (श्राद्ध) मे एक ही ब्राह्मण को भोजन करावें तो भी बहुत फल को प्राप्त होता है और बहुत मूर्ख ब्राह्मणो के जिमाने से नहीं ॥१२९॥ प्रथम ही से एक सम्पूर्ण वेद की शाखाओ के पढ़ने वाले ब्राह्मण की परीक्षा करले। वह हव्य कव्यों का पात्र है देने में अतिथि कहा है ॥१३०॥"

'सहस्रं हि सहस्राणामनृचां यत्रभुञ्जते। एकास्तान्मन्त्रवित्प्रीतः सर्वानर्हति धर्मत.॥१३१॥ ज्ञानोत्कृष्टाय देयानि कव्यानि च हवींषि च। न हि हस्तावसृग्दिग्धौ रुधिरेणैव शुध्यत.॥१३२॥ यावतो ग्रसते ग्रासान्हव्यकव्येष्वमन्त्रवित्। तावतो ग्रसते प्रेत्य दीप्तान् शूलानयो गुडान् ॥१३३॥ ज्ञाननिष्ठा द्विजा. केचित् तपोनिष्ठास्तथा परे। तप स्वाध्यायनिष्ठाश्च कर्मनिष्ठास्तथापरे ॥१३४॥ ज्ञाननिष्ठेषु कव्यानि प्रतिष्ठाप्यानि यत्नत.। हव्यानि तु यथान्यायं सर्वेष्वेव चतुर्ष्वपि ॥१३५॥ अश्रोत्रिय पिता यस्य पुत्रः स्याद्वेदपारग.। अश्रोत्रियो वा पुत्र स्यात्पिता स्याद्वेदपारगः॥१३६॥ ज्यायांसमनयोर्विद्याद्यस्य स्याच्छ्रोत्रिय पिता। मन्त्रसंपूजनार्थं तु सत्कारमितरोऽर्हति ॥१३७॥ न श्राद्धे भोजयेन्मित्रं धनैः कार्योऽस्य संग्रह'। नारिं न मित्रं यं विद्यात्त श्राद्धे भोजयेद्द्विजम ॥१३८॥ यस्य मित्रप्रधानानि श्राद्धानि च हवींषि च। तस्य प्रेत्य फलं नास्ति श्राद्धेषु च हविष्षु च ॥१३९॥ य. संङ्गतानि कुरुते मोहाच्छ्राद्धेन मानव। स स्वर्गाच्च्यवते लोकाच्छ्राद्धमित्रो द्विजा धम.॥१४०॥ सम्भोजनीयाभिहिता पैशाची दक्षिणा द्विजैः

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

इहैवास्ते तु सा लोके गौरन्धेवैकवेश्मनि ॥१४१॥ यथेरिणे वीज-मुप्त्वा न वप्ता लभते फलम्। तथाऽनृचे हविर्दत्त्वा न दाता लभते फलम् ॥१४२॥ दातॄन्प्रतिग्रहीतॄंश्च कुरुते फलभागिनः। विदुषे दक्षिणां दत्वा विधिवत्प्रेत्य चेह च ॥१४३॥ कामं श्राद्धेऽर्चयेन्मित्रं नाभिरूपमपि त्वऽरिम्। द्विषता हि हविर्भुक्तं भवति प्रेत्य निष्फलम् ॥१४४॥ यत्नेन भोजयेच्छ्राद्धे वह्वृचं वेदपारगम्। शाखान्तगम-थाध्वर्युं छन्दोगं तु समाप्तिकम् ।१४५। एषामन्यतमो यस्य भुञ्जीत श्राद्धमर्चितः। पितॄणां तस्य तृप्तिः स्याच्छाश्वती साप्तपौरुषी ।१४६।

"जिस श्राद्ध में वेद के न जानने वाले दश लक्ष ब्राह्मण भोजन करते हों, वेद का जानने वाला सन्तुष्ट हो तो वह एक उन सब के बराबर फल देता है ॥१३१॥ विद्या से उत्कृष्टको हव्य व कव्य देना चाहिये क्यों कि रक्त से भरे हुवे हाथ रक्त ही से शुद्ध नहीं होते ॥१३२॥ वेद का न जानने वाला जितने ग्रास हव्य कव्य के खाता है उतने ही मरने पर जलते हुवे शूल और लोह के गोले खाता है" ॥१३३॥ कोई द्विज आत्मज्ञानपरायण होते हैं और

(*यह भी ज्ञात हो कि श्लोक १३८ के भाष्य में मेधातिथि जो अन्य पांच भाष्यकारों से प्राचीन हैं लिखते हैं कि. –

व्यासदर्शनात्तु भोजयितुरयं दोषः न भोक्तु न पितॄणां न तावन्मृतानामन्यकृतेन प्रतिषेधातिक्रमेण दोषसम्बन्धोयुक्त। अकृ-ताभ्यागमादिदोषापत्तेः। यदि हि पुत्रेण तादृशो ब्राह्मणो भोजित' को पराधो मृतानाम ? ननु चोपकारोऽपि पुत्रकृतः पितृणामनेन न्यायेन न प्राप्नोति ? न प्राप्नुयाद्यदि तादर्थ्येन श्राद्धादि नोदितं स्यात्। इह तु नास्ति चोदना॥ इत्यादि)

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

दूसरे तपस्तत्पर होते हैं और कोई तप अध्ययनरत होते हैं और कोई यज्ञादि कर्म मे तत्पर होते हैं ॥१३४॥ उन मे ज्ञाननिष्ठ को श्राद्धो मे यत्नपूर्वक भोजन देवे. अन्य यज्ञो में क्रम से चारों को भी भोजन देदे ॥१३५॥ जिस का पिता वेद न पढ़ा हो और पुत्र पढा हो या जिस का पुत्र न पढ़ा हो और पिता वेद जानने वाला हो ॥१३६॥ इन मे श्रेष्ठ उस को जाना, जिस का पिता श्रोत्रिय हो। परन्तु वेद पूजन को दूसरा योग्य है ॥१३७॥ श्राद्ध मे मित्र को भोजन न करावे, धन से इस का सत्कार करे और जिस को न तो मित्र जाने न शत्रु ऐसे द्विज को श्राद्ध में भोजन करावे ॥१३८॥ जिस के श्राद्ध और हवि, मुख्यतः मित्र खाते हैं, उस को पारलौकिक फल न श्राद्धो का है. न यज्ञो का ॥१३९॥ जो मनुष्य अज्ञानवश श्राद्ध द्वारा मित्रता करता है, वह अधम श्राद्ध मित्र द्विज स्वर्गलोक से पतित होता है ॥१४०॥ वह दान प्रक्रिया द्विजों ने पैशाची कही है कि जिस किसी के आपने भोजन किया है, उसी को परस्पर जिमाना, यह इसी लोक में फल देने वाली है, जैसे अन्धी गौ एक ही घर मे खड़ी रहती है (दूसरी जगह नहीं

अर्थात् व्यासस्मृति से तो भोजन कराने वाले को यह दोष है, न भोजन करने वाले और न पितरों को क्यों कि मरों को अन्य के किये अपराध का फल युक्त नहीं है। ऐसा हो तो अकृताभ्यागम= विना कर्म किये फल भोगादि दोष प्राप्त होगा। क्यों कि पुत्र ने ऐसे ब्राह्मण को भोजन कराया इस में मरे पितरों का क्या अपराध है ? तो फिर ऐसे न्याय से तो पुत्र का किया श्राद्धरूप उपकार भी पितरो को न मिलना चाहिये ? हां जो मरों के लिये विधान किया हो तो नहीं मिल सकता। परन्तु यहां तो मरों के लिये विधि नहीं है॥ (इत्यादि)

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

जाती) ॥१४१॥ जैसे ऊपर भूमि में बीज बोने से बोने वाला फल नहीं पाता, वैसे बिना वेद पढ़े को हवि देकर देने वाला फल नहीं पाता ॥१४२॥ वेद जानने वाले ब्राह्मण को यथाशास्त्र दिया हुवा दान; दाता और प्रतिग्रहीता दोनों को इस लोक और परलोक में फल का भागी करता है ॥१४३॥ श्राद्ध में मित्र को चाहे बैठा देवे, परन्तु शत्रु विद्वान हो तो भी उसे न बैठावे, क्यों कि जो द्वेषभावसे भक्षण किया हवि है, वह परलोकमें निष्फल होता है ।१४४। पूर्ण ऋग्वेदी को श्राद्ध में भोजन करावे, इसी प्रकार सशाख यजुर्वेदी और जो सम्पूर्ण सामवेद पढ़ा है और जिसने वेद समाप्त किया है ऐसे ब्राह्मण को यत्नपूर्वक भोजन करावे ॥१४५॥ इन में से कोई ब्राह्मण अच्छे प्रकार पूजित किया हुवा जिस के श्राद्ध में भोजन करता है, उस के पितरों की निरन्तर सात पुरुष तक तृप्ति होती है ॥१४६॥

"एष वै प्रथमः कल्पः प्रदाने हव्यकव्ययोः । अनुकल्पस्त्वयं ज्ञेयः सदा सद्भिरनुष्ठितः ॥१४७॥ मातामहं मातुलं च स्वस्रीयं श्वशुरं गुरुम् । दौहित्रं विट्पतिं बन्धुमृत्विग्याज्यौ च भोजयेत् ॥१४८॥ न ब्राह्मणं परीक्षेत दैवे कर्मणि धर्मवित् । पित्र्ये कर्मणि तु प्राप्ते परीक्षेत प्रयत्नतः ॥१४९॥ ये स्तेनपतितक्लीबा ये च नास्तिकवृत्तयः । तान् हव्यकव्ययोर्विप्राननर्हान् मनुरब्रवीत् ।१५०। जटिलं चानधीयानं दुर्बलं कितवं तथा । याजयन्ति च ये पूगांस्तांश्च श्राद्धे न भोजयेत् ॥१५१॥ चिकित्सकान्देवलकान्मांसविक्रयिणस्तथा । विपणेन च जीवन्तो वर्ज्याः स्युर्हव्यकव्ययोः ॥१५२॥ प्रेष्यो ग्रामस्य राज्ञश्च कुनखी श्यावदन्तकः । प्रतिरोद्धा गुरोश्चैव त्यक्ताग्निर्वार्धुषिस्तथा ॥१५३॥ यक्ष्मी च पशुपालश्च

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

परिवेत्ता निराकृति.। ब्रह्मद्विट्परिवित्तिश्च गणाभ्यन्तर एव च ॥१५४॥ कुशीलवोऽवकीर्णी च वृषलीपतिरेव च। पौनर्भवश्च काणश्च यस्य चोपपतिर्गृहे ॥१५५॥ भृतकाध्यापको यश्च भृत-काध्यापितस्तथा। शूद्रशिष्यो गुरुश्चैव वाग्दुष्टः कुण्डगोलकौ ॥१५६॥

"हव्य और कव्य के देने मे यह मुख्य कल्प कहा है और इसके अभाव मे आगे जो कहते हैं उस को अनुकल्प जाने। वह साधुओ से सर्वंग अनुष्ठान किया गया है ॥१४७॥ इन १० माता-महादि को भोजन करादेवे नाना १, मामा २, भानजा ३, ससुर ४, गुरु ५ धेवता ६, जंवाई ७, मौसी का लड़का ८ ऋत्विज् ९, तथा याज्य अर्थात् यज्ञ कराने योग्य १० ॥१४८॥ चाहे धर्म का जानने वाला यज्ञ मे भोजन के लिये ब्राह्मण की परीक्षा न करे परन्तु श्राद्ध मे यत्नपूर्वक परीक्षा करे ॥१४९॥ जो चोर महा पातकी नपुंसक और नास्तिक वृत्ति वाले हैं ये विप्र मनु ने हव्य कव्य के अयोग्य कहे हैं ॥१५०॥ जटाधारी परन्तु वेपढ़ा, दुर्बल, जुआरी और बहुत उद्यापन कराने वाला, इन सब को श्राद्ध मे भोजन न करावे ॥१५१॥ वैद्य, पुजारी, मांस का बेचने वाला और वाणिज्य से जीने वाला ये सब हव्य और कव्य में निषिद्ध हैं ॥१५२॥ ग्राम और राजा का हलकारा, कुनखी, काले दांत वाला, गुरु के प्रतिकूल चलने वाला, अग्निहोत्र का छोड़ने वाला ब्याज जीवी ॥१५३॥ क्षयरोगी वृत्ति के लिये गाय, भैंस, बकरी इत्यादि का पालने वाला, परिवेत्ता, नित्यकर्मानुष्ठान से रहित, ब्राह्मण का द्वेष करने वाला, परिवित्ति (देखो १७१) समुदाय के द्रव्य से अपना जीवन करने वाला ॥१५४॥ कथावृत्ति करने वाला, जिस का ब्रह्मचर्य नष्ट हुवा हो, शूद्रा से विवाह करने वाला, पुन-र्विवाह का लड़का, जिस की स्त्री का जार हो ॥१५५॥ वेतन

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

लेकर पढ़ाने वाला और उसी प्रकार पढ़ने वाला, जिस गुरु का शूद्रशिष्य हो, कटु बोलनेवाला, कुण्ड गोलक (देखो १७४) ।१५६।

"अकारणपरित्यक्ता मातापित्रोर्गुरोस्तथा । ब्राह्मैर्यौनैश्च सम्बन्धैः संयोगं पतितैर्गत. ॥१५७॥ अगारदाही गरदः कुण्डाशी सोमविक्रयी । समुद्रयायी वन्दी च तैलिकः कूटकारक. ॥१५८॥ पित्रा विवदमानश्च कितवो मद्यपस्तथा । पापरोग्यभिशस्तश्च दाम्भिको रसविक्रयी ॥१५९॥ धनुःशराणां कर्ता च यश्चाग्रे दिधिषूपति । मित्रध्रुग्द्यूतवृत्तिश्च पुत्राचार्यस्तथैव च ॥१६०॥ भ्रामरी गण्डमाली च श्वित्र्यथो पिशुनस्तथा । उन्मत्तोऽन्धश्च वर्ज्याः स्युर्वेदनिन्दक एव च ॥१६१॥ हस्तिगोश्वोष्ट्रदमको नक्षत्रैश्च जीवति । पक्षिणां पोषको यश्च युद्धाचार्यस्तथैव च ॥ १६२ ॥ स्रोतसां भेदको यश्च तेषां चावरणे रत. । गृहसंवेशको दूतो वृक्षारोपक एव च ।१६३। श्वक्रीडी श्येनजीवी च कन्यादूषक एव च । हिंस्रो वृषलवृत्तिश्च गणानां चैव याजक ।१६४। आचारहीन क्लीवश्च नित्यं याचनकस्तथा । कृषिजीवी श्लीपदी च सद्भिर्निन्दित एव च ॥१६५॥ औरभ्रिको माहिषिक परपूर्वापतिस्तथा । प्रेतनिर्यातकश्चैव वर्जनीयाः प्रयत्नत ॥१६६॥ एतान्विगर्हिताचारानपाङ्क्तेयान् द्विजाधमान् । द्विजातिप्रवरो विद्वानुभयत्र विवर्जयेत् ॥१६७॥ ब्राह्मणस्त्वनधीयानस्तृणाग्निरिव शाम्यति । तस्मै हव्यं न दातव्यं न हि भस्मनि हूयते ॥१६८॥ अपाङ्क्तदाने यो दातुर्भवत्यूर्ध्वं फलोदय. । दैवे हविषि पित्र्ये वा तत्प्रवक्ष्याम्यशेषत. ॥१६९॥"

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

"विना कारण माता पिता गुरु का त्यागने वाला, पतितों से अध्ययन और कन्यादानादि सम्बन्ध वाला ॥१५७॥ घर का जलाने वाला, विष देने वाला, कुण्ड का अन्न खाने वाला, सोम बेचने वाला, समुद्र पार जाने वाला, राजा की स्तुति करने वाला, तेली और झूंठा साक्षी, ॥१५८॥ पिता से लड़ने वाला, धूर्त, मद्य पीने वाला, कुष्ठी, कलङ्की, दम्भी, रस बेचने वाला ॥१५९॥ धनुष बाण का बनाने वाला (बड़ी बहिन से पहिले जिस छोटी का विवाह होता है वह अग्रेदिधिषू कहाती है) अग्रेदिधिषू का पति, मित्र से द्रोह करने वाला, जुवेका रोजगार करने वाला, पुत्रसे पढ़ा हुआ ॥१६०॥ मिरगी वाला, गण्डमाली, श्वेतकोढ़ वाला, चुगलखोर, उन्मादरोग वाला, और अन्धा ये वर्जित है। और वेद की निन्दा करने वाला ॥१६१॥ हाथी, बैल, घोड़ा और ऊंट को सीधा चलना सिखाने वाला, ज्योतिषी, पक्षियों का पालने वाला, युद्ध विद्या सिखाने वाला ॥१६२॥ नहर आदि तोड़ने वाला, उसका बन्द करने वाला, गृह-वस्तु विद्या से जीविका करने वाला, दूत, वृक्षो का लगाने वाला ॥१६३॥ कुत्तों से खेलने वाला, बाज खरीदने बेचने वाला, कन्या से गमन करने वाला हिंसा करनेवाला शूद्रवृत्तिवाला (विनायकादि) गणों की पूजा कराने वाला ॥१६४॥ आचारसे हीन, नपुंसक, नित्य भीख मागने वाला, खेती करनेवाला, पीलिया रोगवाला, और जो सत्पुरुषोंसे निन्दित हो॥१६५॥मेंढा और भैंससे जीनेवाला, द्वितीया विवाहिता का पति, प्रेतका धन लेने वाला, ये (ब्राह्मण) यत्नपूर्वक श्राद्ध में वर्जनीय हैं ॥१६६॥ इन निन्दित आचार वाले और पंक्ति-बाह्य अधमों को द्विजों मे श्रेष्ठ विद्वान् देव और पितृकर्मों मे त्याग देवे ॥१६७॥ विना पढ़ा ब्राह्मण फूंस की अग्नि के समान ठण्डा हो जाता है । इससे उस ब्राह्मण को हवि न देवे, क्योंकि

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

रात्र में होम नहीं किया जाता ॥१६८॥ पंक्तिबाह्य ब्राह्मणों को देवताओं के हव्य और पितरों के कव्य देने मे दातार को जो देने के ऊपर फल होता है, वह सम्पूर्ण मैं आगे कहूंगा ॥१६९॥"

अव्रतैर्यद् द्विजैर्भुक्तं परिवेत्रादिभिस्तथा ।
अपाङ्क्तेयैर्यदन्यैश्च तद्वै रक्षांसि भुञ्जते ॥१७०॥

वेदव्रत रहित ब्राह्मण और (वक्ष्यमाण) परिवेत्ता आदि वा और कोई (चोर इत्यादि) पंक्तिबाह्यों ने जो भोजन किया, उसको राक्षस भोजन कहते हैं ॥१७०॥

दाराग्निहोत्रसंयोगं कुरुते योऽग्रजे स्थिते ।
परीवेत्ता स विज्ञेयः परिवित्तिस्तु पूर्वजः ॥१७१॥
परिवित्तिः परीवेत्ता यया च परिविद्यते ।
सर्वे ते नरकं यान्ति दातृयाजकपञ्चमाः ॥१७२॥

जो कनिष्ठ ज्येष्ठ भ्राता के रहते, उससे प्रथम विवाह और अग्निहोत्र करे, उसको "परिवेत्ता" और ज्येष्ठ को "परिवित्ति" जानों ॥१७१॥ परिवित्ति और परिवेत्ता और वह कन्या तथा कन्या का देने वाला और याजक=विवाह का आचार्य, ये पांचों सब नरक को जाते हैं ॥१७२॥

भ्रातुर्मृतस्य भार्यायां योऽनुरज्येत कामतः ।
धर्मेणापि नियुक्तायां स ज्ञेयो दिधिषूपतिः ॥१७३॥
परदारेषु जायेते द्वौ सुतौ कुण्डगोलकौ ।
पत्यौ जीवति कुण्डः स्यान्मृते भर्तरि गोलकः ॥१७४॥

मरे भाई की भार्या से धर्मानुसार नियोग भी किया हो परन्तु

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

उसमें जो कामवश होकर प्रीति करे उसे दिधिषूपति जानें ॥१७३॥ परस्त्री से उत्पन्न हुये दो पुत्रों को कुण्ड और गोलक कहते हैं। पति के जीवते जो हो वह कुण्ड और मरने पर हो वह गोलक है (१७० से यहां तक भी चिन्त्य हैं) ॥१७४॥

'तौ तु जातौ परक्षेत्रे प्राणिनौ प्रेत्य चेह च। दत्तानि हव्यकव्यानि नाशयेते प्रदायिनाम् ॥१७५॥ अपङ्क्त्यो यावतः पाङ्क्त्यान् भुञ्जानाननुपश्यति। तावतां न फलं प्रेत्य दाताप्नोति वालिश ॥१७६॥ वीक्ष्यान्धो नवतेः काणः षष्टेः श्वित्री शतस्य तु। पापरोगी सहस्रस्य दातुर्नाशयते फलम् ॥१७७॥ यावतः संस्पृशेदङ्गैर्ब्राह्मणाञ्छूद्रयाजकः। तावतां न भवेद्दातुः फलं दानस्य पौर्तिकम् ॥१७८॥ वेदविच्चापि विप्रोऽस्य लोभात्कृत्वा प्रतिग्रहम् विनाशं व्रजति क्षिप्रमामपात्रमिवाम्भसि ॥१७९॥ सोमविक्रयिणे विष्ठा भिषजे पूयशोणितम्। नष्टं देवलके दत्तम प्रतिष्ठं तु वार्धुषौ ॥१८०॥"

"देने वाले के हव्य और कव्यों को इस लोक और परलोक में जो दूसरे के क्षेत्र में उत्पन्न हुवे है नष्ट करते हैं॥'

(श्लोक १७५ से फिर असम्बद्ध परस्पर विरुद्ध मृतकश्राद्ध के श्लोक चलते है। १७६-१८२ तक मे पङ्क्तिबाह्यों के भोजन कराने का फल नष्ट कह कर १८३-१८६ तक पङ्क्तिपावन ब्राह्मण गिनाये है। जबकि पङ्क्तिपावन पङ्क्ति को पवित्र कर देता है तो श्लोक १७७ का यह कहना वृथा है कि अन्धा ब्राह्मण अपनी दृष्टि से ९० वेदपाठियों के जिमाने के फल को नष्ट करता है। काणा ६० के श्वेतकुष्ठी १०० के और पापरोगी १००० के फल को नष्ट करता

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

है। फिर भला पंक्तिपावनता क्या रही? अन्धे आदि ही वलवान् रहे। अन्धा देख भी नहीं सकता इसलिये भी १७६ वां श्लोक असम्भव दोषयुक्त है। १७९ में कहा है कि वेदज्ञ ब्राह्मण भी पङ्क्तिबाह्य के साथ लोभ से प्रतिग्रह ले तो नष्ट हो जाता है और वेदज्ञ को १८४ वे मे पंक्तिपावन कहा है। यह परस्पर विरोधहै। १८७ वें में १,२ वा ३ ब्राह्मण श्राद्ध मे लिखे है और पूर्व भी विस्तार को वर्जित कियाहै तो फिर ६०। ९०। १००। १००० जब श्राद्ध में जिमाये ही नहीं जाते तब फल नाश किनका होगा? १८८ वे में श्राद्ध जिमाने और जीमनेवाले को उसदिन वेद पढ़नेका निषेध भी चिन्तनीयहै। १९४ में विराट् का मनु; मनुके मरीच्यादि, उनके पुत्र पितर लिखे हैं। फिर मनुष्यों के मृत माता पिता आदि का उद्देश्य कहां रहा? १९५ से १९७ तक भिन्न जातियोंके सोमसदादि भिन्न २ पितर कहे हैं तब मनुष्य जाति का सबका श्राद्ध व्यर्थ है।

२०५ से २८३ तक मृतकश्राद्धकी विधि और मांसोंका वर्णनहै जिनसे इन कल्पित पितरों की तृप्ति की कल्पना की गई है। जब मृतकश्राद्ध ही वेद विहित नहीं तब उनके विधानादि स्मृत्युक्त सभी निष्फल और दुष्फल हैं और तृतीयाऽध्याय के अन्तिम श्लोक २८६ में कहा है कि यह पञ्चमहायज्ञ का विधान वर्णन किया गया" इससे भी पाया जाता है कि बीच के २८३ तक कहे मृतक पितरों के मासिकादि श्राद्ध प्रक्षिप्त हैं क्योंकि पञ्चमहायज्ञ तो गृहस्थ का नैत्यिक कर्म है नैमित्तिक नहीं ॥१७५॥

पंक्ति के अयोग्य पुरुष अपाङ्क्तय पूर्वोक्त चौरादि, जितने भोजन करते हुवे श्रोत्रियादि को श्राद्ध मे देखते हैं, उतनों का फल भोजन कराने वाला मूर्ख नहीं पाता ॥१७६॥ अन्धा देखकर दाता के ९० श्रोत्रियादि ब्राह्मणों के भोजन का फल नष्ट करता है और काणा ६० का, श्वेद कोढ़ वाला १०० का और पापरोगी १०००

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ब्राह्मणों के भोजन का फल नष्ट करता है ॥१७७॥ शूद्र का यज्ञ कराने वाला अङ्गों से जितने श्राद्ध में भोजन करने वालों को छुवे, उतनों का पूर्त सम्बन्धी श्राद्ध का फल दाता को न होगा ॥१७८॥ वेद का जानने वाला भी विप्र शूद्रयाजक के साथ लोभ से प्रतिग्रह लेकर शीघ्र नष्ट हो जाता है जैसे कच्चा वर्तन पानी में नष्ट हो जाता है ॥१७९॥ सोमविक्रयी को जो हव्य कव्य देवे तो विष्ठा होती और वैद्य को देवे तो पीब रक्त और पुजारी को देने से नष्ट होता है तथा व्याजवृत्ति को देवे तो अप्रतिष्ठित होता है ॥१८०॥"

"यत्तु वाणिजके दत्तं नेह नामुत्र तद्भवेत्। भस्मनीव हुतं हव्यं तथा पौनर्भवे द्विजे ॥१८१॥ इतरेषु त्वपांक्त्येषु यथोद्दिष्टेष्वसाधुषु। मेदोसृङ्मांसमज्जास्थि वदन्त्यन्नं मनीषिणः ॥१८२॥ अपांक्त्योपहता पङ्क्तिः पाव्यते यैर्द्विजोत्तमैः। तान्निबोधत कार्त्स्न्येन द्विजाग्र्यान्पङ्क्तिपावनान् ॥१८३॥ अग्र्याः सर्वेषु वेदेषु सर्वप्रवचनेषु च। श्रोत्रियान्वयजाश्चैव विज्ञेयाः पङ्क्तिपावनाः ॥१८४॥ त्रिणाचिकेतः पञ्चाग्निस्त्रिसुपर्णः षडङ्गवित्। ब्रह्मदेयात्मसन्तानो ज्येष्ठसामग एव च ॥१८५॥ वेदार्थवित्प्रवक्ता च ब्रह्मचारी सहस्रदः। शतायुश्चैव विज्ञेया ब्राह्मणाः पङ्क्तिपावनाः ॥१८६॥ पूर्वेद्युरपरेद्युर्वा श्राद्धकर्मण्युपस्थिते। निमन्त्रयेत त्र्यवरान्सम्यग्विप्रान्यथोदितान् ॥१८७॥ निमन्त्रितो द्विजः पित्र्ये नियतात्मा भवेत्सदा। न च छन्दांस्यधीयीत यस्य श्राद्धं च तद्भवेत् ॥१८८॥ निमन्त्रितान्हि पितर उपतिष्ठन्ति तान्द्विजान्। वायुवच्चानुगच्छन्ति तथासीनानुपासते ॥१८९॥ केतितस्तु यथान्यायं हव्यकव्ये द्विजोत्तमः। कथञ्चिदप्यतिक्रामन्पापः

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सूकरतां व्रजेत् ॥१९०॥ आमन्त्रितस्तु यः श्राद्धे वृषल्या सह मोदते। दातुर्यद्दुष्कृतं किंचित्तत्सर्वं प्रतिपद्यते ।१९१। अक्रोधनाः शौचपराः संततं ब्रह्मचारिणः । न्यस्तशस्त्रा महाभागाः पितरः पूर्वदेवताः ॥१९२॥ यस्मादुत्पत्तिरेतेषां सर्वेषामप्यशेषतः । ये च यैरुपचर्याः स्युर्नियमैस्तान्निबोधत ॥१९३॥ मनोर्हैरण्यगर्भस्य ये मरीच्यादयः सुताः । तेषामृषीणां सर्वेषां पुत्राः पितृगणाः स्मृताः ॥१९४॥"

बनिये की वृत्ति करने वाले ब्राह्मण को देवे तो यहां तथा परलोक में कुछ फल नहीं जैसे राख में घी जलाना वैसे पुनर्विवाह के लड़के को देवे तो राख के होमवत् व्यर्थ है ॥१८१॥ और इतर, अपांक्तियों को देने में मेद रक्त मांस मज्जा हड्डी होती है। ऐसा विद्वान् कहते हैं ॥१८२॥ असाधुओं से भ्रष्ट पंक्ति जिन द्विजोत्तमों से पवित्र होती है उन पंक्तियों के पवित्र करने वाले सब द्विजश्रेष्ठों को सुनो ॥१८३॥ जो चारों वेदों के जानने वाले और वेद के सम्पूर्ण अङ्गों को जानने वाले, श्रोत्रिय, परम्परा से वेदाध्ययन जिन के होता है उनको पंक्तिपावन जाने ॥१८४॥ कठोपनिषद् में कहे व्रत को त्रिणाचिकेत कहते हैं उसको करने वाला भी त्रिणाचिकेत कहलाता है और पूर्वोक्त पञ्चाग्नि वाला वैसे ही ऋग्वेद के ब्राह्मणोक्त व्रत करने वाला त्रिसुपर्ण कहलाता है और छः अङ्गों का जानने वाला और ब्राह्मविवाहिता स्त्री से उत्पन्न हुआ और साम के आरण्यक (गान विशेष) का गाने वाला - इनको पंक्ति पावन जाने ॥१८५॥ वेद के अर्थ को, जानने वाला और उसी का पढ़ाने वाला और ब्रह्मचारी और सहस्र गोदान करने वाला और सौ वर्ष का इनको भी पंक्ति के पवित्र करने वाले जाने ॥१८६॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

श्राद्ध के प्रथम दिन वा उसी दिन यथोक्तगुण वाले और ब्राह्मणों को सत्कारपूर्वक तीन वा न्यून को निमन्त्रण देवे ॥१८७॥ श्राद्ध में निमन्त्रित ब्राह्मण श्राद्ध के दिन नियम वाला होवे और वेदाध्ययन न करे। ऐसे ही श्राद्ध करने वाला भी ॥१८८॥ पितर उन निमन्त्रित ब्राह्मणों के पास आते हैं और वायु तुल्य उनके पीछे चलते हैं और बैठों के पास बैठे रहते हैं ॥१८९॥ श्रेष्ठ ब्राह्मण हव्य कव्य में यथाशास्त्र निमन्त्रित किया हुआ निमन्त्रण स्वीकार करके फिर किसी प्रकार भोजन न करे तो उस पाप से जन्मान्तर में सूकर होवेगा ॥१९०॥ जो ब्राह्मण श्राद्ध में निमन्त्रित हुआ शूद्रा स्त्री के साथ मैथुन करे वह श्राद्ध करने वाले के सम्पूर्ण पाप को पाता है ॥१९१॥ क्रोध रहित भीतर बाहर से पवित्र निरन्तर जितेन्द्रिय, हथियार छोड़े हुवे और दयादि गुणों से युक्त पूर्व देवता पितर हैं ॥१९२॥ इन सब पितरों की जिससे उत्पत्ति है और जो पितर जिन नियमों से पूजित होते हैं उन नियमों को सम्पूर्णतया सुनो ॥१९३॥ स्वायम्भुव मनु के पुत्र मरीच्यादि हैं और उनके पुत्रों को पितृगण कहा है ॥१९४॥"

"विराट्सुताः सोमसदः साध्यानां पितरः स्मृताः। अग्निष्वात्ताश्च देवानां मारीचा लोकविश्रुताः ॥१९५॥ दैत्यदानवयक्षाणां गन्धर्वोरगरक्षसाम्। सुपर्णकिन्नराणां च स्मृता बर्हिषदोऽत्रिजाः ॥१९६॥ सोमपा नाम विप्राणां क्षत्रियाणां हविर्भुजः। वैश्यानामाज्यपा नाम शूद्राणां तु सुकालिनः ॥१९७॥ सोमपास्तु कवेः पुत्रा हविष्मन्तोऽङ्गिरस्सुताः। पुलस्त्यस्याज्यपाः पुत्रा वसिष्ठस्य सुकालिनः ॥१९८॥ अग्निदग्धानग्निदग्धान्काव्यान्बर्हिषदस्तथा। अग्निष्वात्तांश्च सौम्यांश्च विप्राणामेव निर्दिशेत् ॥१९९॥ य एते तु गणा मुख्याः पितॄणां परिकीर्त्तिताः। तेषामपीह विज्ञेयं पुत्र-

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

पौत्रमनन्तकम् ॥२००॥ ऋषिभ्य' पितरो जाता पितृभ्यो देव-मानवा.। देवेभ्यस्तु जगत् सर्वं चरस्थाण्वनुपूर्वश' ॥२०१॥ राजतैर्भाजनैरेषामथो वा राजतान्वितैः। वार्यपि श्रद्धया दत्तम-क्षयायोपकल्पते ॥२०२॥ दैवकार्याद् द्विजातीना पितृकार्यं विशिष्यते। दैवंहि पितृकार्यस्य पूर्वमाप्यायनं श्रुतम् ॥२०३॥ तेषामारक्षभूतं तु पूर्वं दैवं नियोजयेत्। रक्षांसि हि विलुम्पन्ति श्राद्धमारक्षवर्जितम् ॥२०४॥ दैवाद्यन्तं तदीहेत पित्राद्यन्तं न तद्भवेत्। पित्राद्यन्तं त्वीहमान क्षिप्रं नश्यति सान्वय. ॥२०५॥ शुचि देशं विविक्तं च गोमयेनोपलेपयेत्। दक्षिणाप्रवण चैव प्रयत्नेनोपपादयत् ॥२०६॥ अवकाशेषु चोक्षेपु नदीतीरेषु चैव हि। विविक्तेषु च तुष्यन्ति दत्तेन पितर सदा ॥२०७॥ आसनेषू-पक्लृप्तेषु बर्हिष्मत्सु पृथक् पृथक्। उपस्पृष्टोदकान्सम्यग्विप्रांस्ता नुपवेशयेत् ॥२०८॥ उपवेश्य तु तान्विप्रानासनेष्वजुगुप्सितान्। गन्धमाल्यै. सुरभिभिरर्चयेद्देवपूर्वकम् ॥२०९॥ तेषामुदकमानीय सुपवित्रांस्तिलानपि। अग्नौ कुर्यादनुज्ञातो ब्राह्मणो ब्राह्मणै. सह ॥२१०॥

"विराट् के पुत्र सोमसद् नाम वाले साध्यों के पितर हैं। मरीचिके पुत्र लोक विख्यात अग्निष्वात्त देवोंके पितर हैं ॥१९५॥ बर्हिषद् नाम अत्रि के पुत्र दैत्य दानव यक्ष, गन्धर्व सर्प, राक्षस सुपर्ण और किन्नरों के पितर हैं ॥१९६॥ सोमपा नाम ब्राह्मणों के और क्षत्रियों के हविर्भुज तथा वैश्यों के आज्यपा नाम और शूद्रो के सुकालिन् पितर कहे हैं ॥१९७॥ भृगु के पुत्र सोमपा और अङ्गिरा केपुत्र हविष्मन्त और पुलस्त्य के पुत्र आज्यपा और

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

वसिष्ठ के सुकालिन. ये पितर इन ऋषियों से उत्पन्न हुवे ॥१९८॥ अग्निदग्ध अनग्निदग्ध काव्य. वर्हिषद् और अग्निष्वात्त तथा सौम्यों को ब्राह्मणों के पितर कहा है ॥१९९॥ ये इतने तो पितरों के गण मुख्य कहे हैं, परन्तु इस जगत् में उनके पुत्र पौत्र अनन्त जानने ॥२००॥ ऋषियों से पितर हुवे और पितरों से देवता तथा मनुष्य हुवे और देवतों से ये सम्पूर्ण स्थावर जङ्गम क्रम से हुवे ॥२०१॥ चांदी के पात्रों से या चांदी लगे पात्रों से पितरों का श्रद्धा करके दिया पानी भी अक्षय सुख का हेतु होता है ॥२०२॥ (इन श्लोकों में पाया जाता है कि मरे हुवे पिता आदि पितर नहीं हैं) द्विजातियों को देव कार्य से पितृ कार्य अधिक कहा है। क्योंकि देवकार्य पितृकार्य का पूर्वाङ्ग तर्पण सुना है ॥२०३॥ पितरों के रक्षा करने वाले देवताओं का श्राद्ध में प्रथम स्थापन करे क्योंकि रक्षक रहित श्राद्ध को राक्षस नष्ट कर देते हैं ॥२०४॥ श्राद्ध में प्रारम्भ और समाप्ति दोनों देवतापूर्वक करे, पित्रादि पूर्वक न करे। पित्रादिपूर्वक करने वाला शीघ्र वंशसहित नष्ट हो जाता है ॥२०५॥ एकान्त और पवित्र देश को गोवर से लीपे और दक्षिण की ओर को नीची वेदी प्रयत्न से बनावे ॥२०६॥ खुली जगह और पवित्र देश वा नदी के तीर पर या निर्जन देश में श्राद्ध करने से पितर प्रसन्न होते हैं ॥२०७॥ उस देश में कुशा सहित अच्छे प्रकार अलग २ विछाये हुवे आसनों पर स्नान आचमन किये हुवे निमन्त्रित ब्राह्मणों को बैठावे ॥२०८॥ अनिन्दित ब्राह्मणों को आसन १२ बैठा कर अच्छे सुगन्धित गन्धमाल्यों से देवपूर्वक पूजे (अर्थात प्रथम देवस्थान के ब्राह्मणों को पूज कर पश्चात् पितृस्थानीय ब्राह्मणों की पूजा करे) ॥२०९॥ उन ब्राह्मणों का पवित्री और तिलों से युक्त अर्घ्योदक लाकर ब्राह्मणों के साथ श्राद्ध करने वाला ब्राह्मण अग्नि में होम करे ॥२१०॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

"अग्नेः सोमयमाभ्यां च कृत्वाप्यायनमादित । हविर्दानेन विधिवत्पश्चात् संतर्पयेत्पितृन् ॥२११॥ अग्न्यभावे तु विप्रस्य पाणावेवोपपादयेत् । यो ह्यग्नि. स द्विजोविप्रैर्मन्त्रदर्शिभिरुच्यते ॥२१२॥ अक्रोधनान्सुप्रसादान्वदन्त्येतान् पुरातनान । लोकस्याप्यायने युक्तान् श्राद्धदेवान् द्विजोत्तमान् ॥२१३॥ अपसव्यमग्नौ कृत्वा सर्वमावृत्य विक्रमम् । अपसव्येन हस्तेन निर्वपेदुदकं भुवि ॥२१४॥ त्रींस्तु तस्माद्धविः शेषात्पिण्डान्कृत्वा समाहित. । औदकेनैव विधिना निर्वपेद्दक्षिणामुख ॥२१५॥ न्युप्य पिण्डांस्ततस्तांस्तु प्रयतो विधिपूर्वकम् । तेषु दर्भेषु तं हस्तं निमृज्याल्लेपभागिनाम् ॥२१६॥ आचम्योदक्परावृत्य त्रिरायम्य शनैरसून् । षड्ऋतूंश्च नमस्कुर्यात्पितॄनेव च मन्त्रवित् ॥२१७॥ उदकं निनयेच्छेषं शनैः पिण्डान्तिके पुन । अवजिघ्रेच्च तान्पिण्डान्यथान्युप्तान्समाहित. ॥२१८॥ पिण्डेभ्यस्त्वल्पिकां मात्रां समादायानुपूर्वश. । तेनैव विप्रानासीनान विधिवत्पूर्वमाशयेत ॥२१९॥ ध्रियमाणे तु पितरि पूर्वेषामेव निर्वपेत । विप्रवद्वापि तं श्राद्धे स्वकं पितरमाशयेत् ॥२२०॥ पिता यस्य निवृत्त स्याज्जीवेच्चापि पितामहः । पितुः स नाम संकीर्त्य कीर्तयेत्प्रपितामहम् ॥२२१॥ पितामहो वा तच्छ्राद्धं भुञ्जीतेत्यब्रवीन्मनु । कामं वा समनुज्ञात. स्वयमेव समाचरेत् ॥२२२॥ तेषां दत्वा तु हस्तेषु सपवित्रं तिलोदकं । तत्पिण्डाग्रं प्रयच्छेत स्वधैषामस्त्विति ब्रुवन् ॥२२३॥ पाणिभ्यां तूपसंगृह्य स्वयमन्नस्य वर्धितम् । विप्रान्तिके पितॄन्ध्या-

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

यन शनकैरुपनिक्षिपेत् ॥२२४॥ उभयोर्हस्तयोर्मुक्तं यदन्नमुपनीयते तद्विप्रलुम्पन्त्यसुरा सहसा दुष्टचेतसः ॥२२५॥ गुणांश्च सूपशाकाद्यान् पयोदधि घृतं मधु। विन्यसेत्प्रयतः पूर्वं भूमावेव समाहित ॥२२६॥"

प्रथम यथाविधि होम करके अग्नि सोम यम का पर्युक्षण पूर्वक तर्पण करके पश्चात् पितरो को तृप्त करे ॥२११॥ अग्नि के अभाव मे होम न करे तो ब्राह्मण के हाथ पर (उक्त तीन) आहुति दे देवे क्योंकि जो अग्नि है वही ब्राह्मण हैं, ऐसा मन्त्र के जानने वाले कहते हैं ॥२१२॥ क्रोध रहित और प्रसन्नचित्त वाले और वृद्ध तथा लोगों की वृद्धि मे उद्योग करने वाले द्विजोत्तमो को श्राद्ध पात्र कहते हैं ॥२१३॥ अपसव्य से अग्नौकरणादि होम और अनुष्ठानक्रम करके पश्चात् दक्षिण हाथ से भूमि पर पानी डाले ॥२१४॥ उस होम द्रव्य के शेष से तीन पिण्ड बनाके जल वाली विधि से दक्षिण मुख होकर स्वस्थचित्त से (कुशो पर) चढ़ावे ॥२१५॥ विधिपूर्वक उन पिण्डों को (दर्भोपर) स्थापन करके उन दर्भों के ऊपर लेपभागी पितरों की तृप्ति के लिये हाथ पूंछ डाले ॥२१६॥ अनन्तर उत्तर मुख होकर आचमन और ३ प्राणायाम शनैः २ करके मन्त्र का जानने वाला षट्ऋतुओं और पितरों को भी नमस्कार करे ॥२१७॥ एका चित्त वाला पिण्डदान के पात्र में जो शेष पानी बचा हो उसको पिण्डो के समीप धीरे २ छोड़े। सावधान हुवा जिस क्रम से पिण्डो को रक्खा था उसी क्रम से सूंघे ॥२१८॥ क्रम के साथ प्रत्येक पिण्ड से थोड़ा २ भाग लेकर विधि के साथ उन्हीं अल्प भागो को भोजन के समग्र ब्राह्मणो को प्रथम खिलावे ॥२१९॥ पिता जीता हो तो बाबा आदि का ही श्राद्ध करे वा पिता के स्थान मे अपने (जीवते) पिता को भोजन करा देवे

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

॥२२०॥ पिता जिसका मरगया हो और बाबा जीता हो, तो पिता का नाम उच्चारण करके प्रपितामह का उच्चारण (श्राद्ध मे) करे ॥२२१॥ वा उस श्राद्ध मे जीते पितामह को भोजन करावे ऐसा मनु कहते हैं वा पितामह की आज्ञा पाकर जैसा चाहे वैसा करे ॥२२२॥ उन (ब्राह्मणों) के हाथ मे सपवित्र तिलोदक देकर पितृ पितामह प्रपितामह के साथ 'स्वधा अस्तु' ऐसा उच्चारण करता हुवा क्रम से वह पिण्डका अन्य भाग देवे ॥२२३॥ परिपक्व अन्नो के पात्रो को अपने हाथों मे 'वृद्धिरस्तु' कह कर पितरों का स्मरण करता हवा ब्राह्मणों के समीप धीरे २ रक्खे ॥२२४॥ (ब्राह्मणोंको) दोनो हाथो मे न लाये हुवे अन्न को अकस्मात् दुष्ट बुद्धि वाले असुर छीन खाते हैं (इससे एक हाथ से लाकर न रक्खे)॥२२५॥ चटनी दाल तरकारी इत्यादि नाना प्रकार के व्यञ्जन दूध दही घृत और मधु को पवित्र होकर तथा स्वस्थचित्त से प्रथम (पात्र सहित) भूमि पर रक्खे ॥२२६॥

भक्ष्यं भोज्यं च विविधं मूलानि च फलानि च । हृद्यानि चैव मांसानि पानानि सुरभीणि च ॥२२७॥ उपनीय तु तत्सर्वं शनकैः सुसमाहितः । परिवेषयेत् प्रयतो गुणान्सर्वान्प्रचोदयन् ॥२२८॥ नास्रमापातयेज्जातु न कुप्येन्नानृतं वदेत् । न पादेन स्पृशेदन्नं न चैतदवधूनयेत् ॥२२९॥ अस्रं गमयति प्रेतान्कोपोऽरीनऽनृतंशुन पादस्पर्शस्तु रक्षांसि दुष्कृतीनवधूननम् ॥२३०॥ यद्यद्रोचेत विप्रेभ्यस्तत्तद्दद्यादमत्सरः। ब्रह्मोद्याश्च कथाः कुर्यात्पितॄणामेतदीप्सितम् ॥२३१॥ स्वाध्यायं श्रावयेत्पित्र्ये धर्मशास्त्राणि चैव हि । आख्यानानीतिहासांश्च पुराणान्यखिलानि च ॥२३२॥ हर्षयेद् ब्राह्मणांस्तुष्टो भोजयेच्च शनैः शनैः । अन्नाद्येनासकृच्चैतान् गुणैश्च

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

परिचालयेत ॥२३३॥ व्रतस्थमपि दौहित्रं श्राद्धे यत्नेन भोजयेत्। कुतपं चासने दद्यात्तिलैश्च विकिरेन्महीम् ॥२३४॥ त्रीणि श्राद्धे पवित्राणि दौहित्रः कुतपस्तिलाः। त्रीणि चात्र प्रशंसन्ति शौच-मक्रोधमत्वराम् ॥२३५॥ अत्युष्णं सर्वमन्नं स्याद्भुञ्जीरंस्ते च वाग्यता। न च द्विजातयो ब्रूयुर्दात्रा पृष्टा हविर्गुणान् ॥२३६॥ यावदुष्णा भवत्यन्नं यावदश्नन्ति वाग्यताः। पितरस्तावदश्नन्ति यावन्नोक्ता हविर्गुणा ॥२३७॥ यद्वेष्टितशिरा भुङ्क्ते यद्भुङ्क्ते दक्षिण-मुखः। सोपानत्कश्च यद् भुंक्ते तद्वै रक्षांसि भुञ्जते ॥२३८॥ चण्डालश्च वराहश्च कुक्कुटः श्वा तथैव च। रजस्वला च षण्ढश्च नेक्षेरन्नश्नतो द्विजान् ॥२३९॥ होमे प्रदाने भोज्ये च यदेभिरभिवीक्ष्यते। दैवे कर्मणि पित्र्ये वा तद्गच्छत्ययथातथम् ॥२४०॥ घ्राणेन सूकरो हन्ति पक्षवातेन कुक्कुटः। श्वा तु दृष्टि-निपातेन स्पर्शेनाऽवरवर्णजः ॥२४१॥ खञ्जो वा यदि वा काणो दातुः प्रेष्योऽपि वा भवेत्। हीनातिरिक्तगात्रो वा तमप्यपन-येत्पुनः ॥२४२॥"

"नाना प्रकार के भक्ष्य भोजन, मूल, फल और हृदय के मांस और सुगन्धि युक्त पीने के द्रव्य ॥२२७॥ ये सम्पूर्ण अन्न धीरे से ब्राह्मणों के समीप लाकर पवित्रता और स्वस्थ चित्त से मुख के गुण कहता हुआ परोसे ॥२२८॥ (श्राद्ध के समय में) रोदन और क्रोध न करे, झूंठ न बोले, अन्न में पैर न लगावे और अन्न को न फेंके ॥२२९॥ रोने से वह अन्न प्रेतों को मिलता है, क्रोध करने से शत्रुओं को प्राप्त होता है और असत्य भाषण करने से कुत्तों को पहुँचता है तथा पैर लगाने से राक्षस खाते हैं और

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

फेंका हुआ पापी पाते हैं ॥२३०॥ और जो २ अन्न ब्राह्मणों को अच्छा लगे वह २ देवे। मत्सरतारहित होकर ईश्वर सम्बन्धी बात करे क्योंकि पितरों को यही इष्ट है ॥२३१॥ वेद, धर्मशास्त्र और आख्यान तथा इतिहास पुराण इत्यादि श्राद्धमें सुनवावे ।२३२। प्रसन्न चित्त हुआ आप ब्राह्मणों को प्रसन्न करे और अन्न से जल्दी न करता हुआ भोजन करावे और मिष्टान्न के गुणों से ब्राह्मणों को प्रेरणा करे ॥२३३॥ श्राद्ध मे दौहित्र (नाती) ब्रह्मचारी हो तो भी यत्न से भोजन करावे। बैठने को नेपाली कम्बल देवे और श्राद्ध भूमि में तिल डाले ॥२३४॥ श्राद्ध मे तीन पवित्र हैं- नाती, कम्बल और तिल। और तीन प्रशंसा के योग्य हैं-१ क्रोध को न करना २ पवित्रता तथा ३ जल्दी न करना ॥२३५॥ बोलना बन्द करके ब्राह्मण भोजन करे। भोजन योग्य जो पदार्थ हैं वे सब उष्ण (गरम) होने चाहियें और श्राद्ध करने वाला भोजनों का गुण पूछे तो भी विप्र न बोलें ॥२३६॥ जब तक अन्न उष्ण है और जब तक मौनयुक्त भोजन करते हैं और जब तक भोजन के गुण नहीं कहे जाते तब तक पितर भोजन करते हैं ॥२३७॥ सिर बांधे हुवे जो भोजन करता है और दक्षिण मुख जो भोजन करता है तथा जूता पहरे जो खाता है वे सब राक्षस भोजन करते है (पितर नहीं) ॥२३८॥ चाण्डाल, सूकर मुरगा, कुत्ता रजस्वला स्त्री और नपुंसक, ये सब भोजन करते हुवे ब्राह्मणों को न देखे ॥२३९॥ अग्निहोत्र, दान, ब्रह्म भोज, देवकर्म वा पितृकर्म मे जो ये देखें तो वह सब निष्फल हो जाता है ॥२४०॥ सूकर (उस अन्न को) सूंघने से (कर्म को) निष्फल करता है। परों की हवा से मुरगा और देखने से कुत्ता और छूने से शूद्र निष्फल कर देता है ॥२४१॥ जिसका पैर मारा गया हो वा काणा वा दाता का दास हो वा न्यून या अधिक अङ्ग वाला हो उसको भी (श्राद्ध के

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

स्थान से) हटा देवे ॥२४२॥"

'ब्राह्मणं भिक्षुकं वापि भोजनार्थमुपस्थितम्। ब्राह्मणैरभ्यनुज्ञातः शक्तितः प्रतिपूजयेत् ॥२४३॥ सार्ववर्णिकमन्नाद्यं सन्नीयाप्लाव्य वारिणा। समुत्सृजेद् भुक्तवतामग्रतो विकिरन्भुवि ॥२४४॥ असंस्कृतप्रमीतानां त्यागिनां कुलयोषिताम्। उच्छिष्टं भागधेयं स्याद्दर्भेषु विकिरश्च यः ॥२४५॥ उच्छेषणं भूमिगतमजिह्मस्याशठस्य च। दासवर्गस्य तत्पित्र्ये भागधेयं प्रचक्षते ॥२४६॥ आसपिण्डक्रियाकर्म द्विजातेः संस्थितस्य तु। अदैवं भोजयेच्छ्राद्धं पिण्डमेकं तु निर्वपेत् ॥२४७॥ सहपिण्डक्रियायां तु कृतायामस्य धर्मतः। अनयैवावृता कार्यं पिण्डनिर्वपणं सुतैः ॥२४८॥ श्राद्धं भुक्त्वा य उच्छिष्टं वृषलाय प्रयच्छति। स मूढो नरकं याति कालसूत्रमवाक्शिराः ॥२४९॥ श्राद्धभुग्वृषलीतल्पं तदहर्योऽधिगच्छति। तस्याः पुरीषे तन्मासं पितरस्तस्य शेरते ॥२५०॥ पृष्ट्वा स्वदितमित्येवं तृप्तानाचामयेत्ततः। आचान्तांश्चानुजानीयादभितो रम्यतामिति ॥२५१॥ स्वधास्त्वित्येव तं ब्रूयुर्ब्राह्मणास्तदनन्तरम्। स्वधाकारः परा ह्याशीः सर्वेषु पितृकर्मसु ॥२५२॥ ततो भुक्तवतां तेषामन्नशेषं निवेदयेत्। यथा ब्रूयुस्तथा कुर्यादनुज्ञातस्ततो द्विजैः ॥२५३॥ पित्र्ये स्वदितमित्येव वाच्यं गोष्ठेषु सुश्रुतम्। संपन्नमित्यभ्युदये दैवे रुचितमित्यपि ॥२५४॥ अपराह्णस्तथा दर्भा वास्तुसंपादनं तिलाः। सृष्टिर्मृष्टिर्द्विजाश्चाग्र्याः श्राद्धकर्मसु संपदः ॥२५५॥ दर्भाः पवित्रं पूर्वाह्णो हविष्याणि च सर्वशः।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

पवित्रं यच्च पूर्वोक्तम् विज्ञेया हव्यसम्पद. ॥२५६॥ मुन्यन्नानि पयः सोमो मांसं यच्चानुपस्कृतम् । अक्षारलवणं चैव प्रकृत्या हविरुच्यते ॥२५७॥ विसृज्य ब्राह्मणांस्तांस्तु नियतो वाग्यतः शुचिः । दक्षिणां दिशमाकाङ्क्षन्याचेतेमान्वरान् पितृन् ॥२५८॥"

भिक्षुक वा ब्राह्मण उस काल में भोजनार्थ प्राप्त हो तो उस का भी, ब्राह्मण की आज्ञा पाकर यथाशक्ति पूजन करे (भोजन करावे या भिक्षा देवे) ॥२४३॥ सर्व प्रकार के अन्नादि को एकत्र करके पानीसे छिड़क कर भोजन किये हुये ब्राह्मणोंके आगे दर्भपर बखेरता हुआ रक्खे ॥२४४॥ संस्कार के अयोग्य मरे बालकों तथा त्यागियों और कुल स्त्रियों का उच्छिष्ट कुश पर का भाग विकिर (२४४ में कहा) है ॥२४५॥ जो कि भूमि पर गिरा श्राद्ध में उच्छिष्ट है वह दासों के समुदाय का भाग है ऐसा मनु कहते हैं। परन्तु यह दास समुदाय सीधा हो और कुटिल न हो ॥२४६॥ मरे द्विजों की सपिण्डी तक वैश्वदेवरहित श्राद्धान्न (ब्राह्मणों को) जिमावे और एक पिण्ड देवे ॥२४७॥ परन्तु धर्म से सपिण्डी हो जाने पर पुत्रों को उक्त प्रकार से पिण्ड प्रदान करना चाहिये ॥२४८॥ जो श्राद्धोच्छिष्ट को भोजन करके शूद्र को देता है वह मूर्ख कालसूत्र नाम नरक को जाता है जिसको नीचे को शिर और ऊपर को पैर होते हैं ॥२४९॥ जो श्राद्धान्न भोजन करके उस दिन वेश्याप्रसङ्ग करता है उसके पितर उस वेश्याके विष्ठा में उस महीने तक लेटते हैं ॥२५०॥ तृप्त ब्राह्मण को 'अच्छे भोजन हुआ' ऐसा पूछकर आचमन करावे पश्चात् आचमन कियों को 'आराम कीजिये' ऐसा कहे ॥२५१॥ इस कहने के अनन्तर ब्राह्मण श्राद्धकर्ता के प्रति 'स्वधा अस्तु' ऐसा कहें। क्योंकि सब श्राद्धकर्म में स्वधा शब्द का उच्चारण परम आशीर्वाद है ॥२५२॥ स्वधा शब्द के उच्चारणाऽनन्तर निवेदन

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

करे कि 'यह शेष अन्न है' । तब ब्राह्मण इसको जैसा कहें वैसा करे ॥२५३॥ पितृश्राद्ध में स्वदितम्=खूब भोजन किया ऐसा कहे और गोष्ठ श्राद्ध मे "सुश्रुतम्" ऐसा कहै और अभ्युदय श्राद्धमें सम्पन्नम् इस प्रकार कहे और देव श्राद्ध मे 'रुचितम्' ऐसा कहे ॥२५४॥ दोपहर का समय दर्भ और गोबर से लेपन तिल और उदारता से अन्नादि का देना और अन्न का संस्कार और पूर्वोक्त पंक्तिपावन ब्राह्मण ये श्राद्ध की सम्पत्ति हैं ।२५५॥ दर्भ और पवित्र और पहला पहर और सब मुनियों के अन्न और जो पूर्वोक्त पवित्र ये हव्य की सम्पत्ति जानें ॥२५६॥ मुनियों के अन्न दूध सोमलता का रस मांस जो पकाया नहीं गया और सैन्धव नमक को स्वभाव से हवि कहते हैं ॥२५७॥ उन ब्राह्मणों को विसर्जन करके एकाग्र चित्त और पवित्र, मौनी दक्षिण दिशा में देखता हुआ, पितरों से अपने अभिलषित ये वर मांगे कि—॥२५८॥

"दातारो नोऽभिवर्धन्तां वेदाः सन्ततिरेव च। श्रद्धा च नो माव्यगमद् बहुदेयं च नोऽस्त्विति ॥२५९॥ [अन्नं च नो बहु भवेदतिथींश्च लभेमहि । याचितारश्च नः सन्तु मा स्म याचिष्म कञ्चन ॥१॥ श्राद्धभुक् पुनरश्नाति तदहर्यो द्विजाधमः। प्रयाति सूकरीं योनिं कृमिर्वा नात्र संशयः ॥२॥] एवं निर्वपणं कृत्वा पिण्डांस्तांस्तदनन्तरम् । गां विप्रमजमग्निं वा प्राशयेदप्सु वाक्षिपेत् ॥२६०॥ पिण्डनिर्वपणं केचित्पुरस्तादेव कुर्वते । वयोभिः खादयन्त्यन्ये प्रक्षिपन्त्यनले प्सुवा ॥२६१॥ पतिव्रता धर्मपत्नी पितृपूजनतत्परा । मध्यमं तु ततः पिण्डमद्यात्सम्यक् सुतार्थिनी ॥२६२॥ आयुष्मन्तं सुतं सूते यशोमेधासमन्वितम् । धनवन्तं प्रजावन्तं सात्त्विकं धार्मिकं तथा ॥२६३॥ प्रक्षाल्य हस्तावाचम्य

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

माग्निप्रायं प्रकल्पयेत् । ज्ञातिभ्य. सत्कृतं दत्वा बान्धवानपि भोजयेत् ॥२६४॥ उच्छेषणं तु तत्तिष्ठेद्यावद्विप्रा विसर्जिता. । ततो गृहबलिं कुर्यादिति धर्मो व्यवस्थित. ॥२६५॥ हविर्यच्चिररात्राय यच्चानन्त्याय कल्पते । पितृभ्यो विधिवद्दत्तं तत्प्रवक्ष्याम्यशेषतः ॥२६६॥ तिलैर्व्रीहियवैर्माषैरद्भिर्मूलफलेन वा । दत्तेन मासं तृप्यन्ति विधिवत्पितरो नृणाम् ॥२६७॥ द्वौ मासौ मत्स्यमांसेन त्रीन् मासान्हारिणेन तु । औरभ्रेणाथ चतुरः शाकुनेनाथ पंच वै ॥२६८॥ षण्मासांश्छागमांसेन पार्षतेन च सप्त वै । अष्टावैणस्य मांसेन रौरवेण नवैव तु ॥२६९॥ दशमासांस्तु तृप्यन्ति वराहमहिषामिषैः । शशकूर्मयोस्तु मांसेन मासानेकादशैव तु ।२७०।"

"हमारे कुल मे देने वाले, वेद और पुत्र पौत्रादि बढ़े श्रद्धा हमारे कुल से न हटे और धनादि बहुत होवें ॥

[" हमारे अन्न बहुत होवें हम अतिथियों को भी पावें हमसे मांगने वाले हों और हम किसी से न मांगें ॥ जो ब्राह्मण-धम श्राद्ध भोजन करके उस दिन दूसरी बार भोजन करता है वह सूकर वा कीड़े की योनी पाता है। इसमें संशय नहीं ॥] (ये दो श्लोक तो बहुत ही थोड़े दिनों से मिलाये गये हैं क्योंकि इनमे पहला श्लोक पुराने लिखे ३० मे से ७ पुस्तकों में है, २३ में नहीं तथा राघवानन्द और रामचन्द्र इन दो ने ही इस पर टीका किया है, औरों ने नहीं। दूसरा श्लोक ३० मे केवल १ लिखित पुस्तक में ही मिलता है शेष २९ में नहीं। इस पर टीका भी किसी ने नहीं की) ॥२५९॥ उक्त प्रकार से पिण्डदान करके उन पिण्डों को गाय, ब्राह्मण, बकरा वा अग्नि को खिलावें वा पानी में डाल देवे ॥२६०॥ कोई ब्राह्मण भोजन के अनन्तर पिण्डदान

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

करते हैं और कोई पक्षियों को पिण्ड खिलाते हैं और दूसरे अग्नि वा पानी में डालते हैं ॥२६१॥ सजातीय विवाहिता पतिव्रत धर्म की करने वाली, श्राद्ध में श्रद्धा रखने वाली, लड़के की इच्छा करने वाली स्त्री, उन ३ में से विधियुक्त बीच के पिण्ड का भक्षण करे ॥२६२॥ (उस पिण्डभक्षण से) दीर्घायु, कीर्ति और यश धारण करने वाला भाग्यवान्, सन्तति वाला सत्वगुणी, धर्मात्मा पुत्र उत्पन्न करती है ॥२६३॥ हाथों को धोकर आचमन करके जाति वालों का भोजन करावे। सत्कार पूर्वक जाति वालों को अन्न देकर भाइयों का भी भोजन करावे ॥२६४॥ वह ब्राह्मणों का उच्छिष्ट अन्न, ब्राह्मणों के विसर्जन तक रहे। उस के अनन्तर वैश्वदेव करे। यह धर्म की व्यवस्था है ॥२६५॥ जो हवि पितरों को यथाविधि दिया हुआ बहुत कालपर्यन्त और अनन्त तृप्ति देता है वह सम्पूर्ण आगे कहते हैं-॥२६६॥ तिल, धान्य यव, उड़द, जल, मूल और फल विधिवत् देने से मनुष्यों के पितर एक मास पर्यन्त तृप्त होते हैं ॥२६७॥ मछली के मास से दो महीने तक, हरिण के मास से तीन महीने, भेड़ा के मास से चार महीने, पक्षियों के मास से पाच महीने (तृप्त रहते हैं। क्या अब भी मृतकश्राद्ध को प्रक्षिप्त न मानियेगा ?) ॥२६८॥ और बकरे के मास से छः महीने, चित्र मृग के मांस से सात महीने, एण मृग के मास से आठ महीने और रुरु मृग के मास से नौ महीने ॥२६९॥ सूकर और भैंसे के मांस से दश महीने तृप्त रहते हैं और शशा तथा कछुवे के मांस से ग्यारह महीने (तृप्ति रहती है) २७०॥"

"सम्वत्सरं तु गव्येन पयसा पायसेन च। वार्ध्रीणसस्य मासेन तृप्तिर्द्वादशवार्षिकी ॥२७१॥ कालशाकं महशल्काः खड्गलोहामिषं मधु। आनन्त्यायैव कल्प्यन्ते मुन्यन्नानि च सर्वश ।२७२।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

यत्किंचिन्मधुना मिश्रं प्रदद्यात्तु त्रयोदशीम् । तदप्यक्षयमेव स्याद्वर्षासु च मघासु च ॥२७३॥ अपि न. स कुले जायाद्यो नो दद्यात् त्रयोदशीन । पायसं मधुसर्पिर्भ्यां प्राक्छाये कुञ्जरस्य च ॥२७४॥ यद्यद्ददाति विधिवत्सम्यक्श्राद्धसमन्वित. । तत्तत् पितृणां भवति परत्रानन्तमक्षयम ॥२७५॥ कृष्णपक्षे दशम्यादौ वर्जयित्वा चतुर्दशीम् । श्राद्धे प्रशस्तास्तिथयो यथैता न तथेतरा ॥२७६॥ युक्षु कुर्वन् दिनर्क्षेषु सर्वान्कामान्समश्नुते । अयुक्षु तु पितॄन्सर्वान्प्रजां प्राप्नोति पुष्कलाम ॥२७७॥ यथा चैवापर पक्ष. पूर्वपक्षाद्विशिष्यते । तथा श्राद्धस्य पूर्वाह्णादपराह्णो विशिष्यते ॥२७८॥ प्राचीनावीतिना सम्यगपसव्यमतन्द्रिणा । पित्र्य- मानिधनात्कार्यं विधिवद्दर्भपाणिना ॥२७९॥ रात्रौ श्राद्धं न कुर्वीत राक्षसी कीर्तिता हि सा । सन्ध्ययोरुभयोश्चैव सूर्ये चैवा- चिरोदिते ॥२८०॥ अनेन विधिना श्राद्धं त्रिरब्दस्येह निर्वपेत् । हेमन्त ग्रीष्मवर्षासु पाञ्चयज्ञिकमन्वहम् ॥२८१॥ न पैतृयज्ञियो होमोलौकिकेऽग्नौ विधीयते । न दर्शेन विना श्राद्धमाहिताग्ने- र्द्विजन्मन ॥२८२॥"

"गाय के दूध वा उस की खीर से १ वर्ष पर्यन्त और वाध्रीणस (लम्बे कान वाले बकरे) के मांस से बारह वर्ष तृप्ति रहती है ॥२७१॥ कालशाक महाशल्क (मछलियो के भेद हैं) और गेंडा, लाल बकरा, मधु और सम्पूर्ण मुनियों के अन्न अनन्त तृप्ति देते हैं ॥२७२॥ वर्षा काल की मघायुक्त त्रयोदशी मे श्राद्ध निमित्त (ब्राह्मण को) जो कुछ मधुयुक्त देवे उस से अक्षय तृप्ति होती है ॥२७३॥ इस प्रकार का कोई हमारे कुल मे हो जो हम

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

को चतुर्दशी मे दूध, मधु घृत से युक्त भोजन देवे या हस्ती की पूर्व दिशा की छाया में देवे (यह पितर आशा करते हैं) ॥२७४॥ अच्छे श्राद्धयुक्त जो कुछ विधिपूर्वक पितरोंको देता है, वह परलोक मे पितरों की अक्षय तृप्ति के लिये होता है ॥२७५॥ कृष्णपक्ष में दशमी से लेकर चतुर्दशी छोड़ कर ये तिथि श्राद्ध में जैसी प्रशस्त है वैसी और नहीं ॥ २७६ ॥ युग्मतिथि और युग्म नक्षत्रों में श्राद्ध करने वाला पुत्रादि सन्तति को पाता है ॥२७७॥ जैसे शुक्ल पक्ष से कृष्णपक्ष श्राद्धादि करने मे अधिक फल का देने वाला है, वैसे ही पहले पहर से दूसरे पहर मे अधिक फल होता है ॥२७८॥ दहिने कन्धे पर यज्ञोपवीत करके, आलस्य रहित हो, कुशा हाथ में लेकर, अपसव्य हो शास्त्रानुसार सब पितृसम्बन्धी कर्म मृत्युपर्यन्त करे ॥२७९॥ रात्रि मे श्राद्ध न करे। उस (रात्रि) को राक्षसी कहा है और दोनों सन्ध्याओं तथा सूर्योदय से (छः घड़ी वा) थोड़ा दिन चढ़े तक समय मे भी श्राद्ध न करे ॥२८०॥ इस विधि से एक वर्ष मे तीन वार—हेमन्त, ग्रीष्म वर्षा में श्राद्ध करे और पञ्चयज्ञान्तर्गत श्राद्ध को प्रतिदिन करे ॥२८१॥ श्राद्ध सम्बन्धी होम लौकिक अग्नि में नहीं कहा है और आहिताग्नि ब्राह्मणादि को अमावास्या से अतिरिक्त तिथि मे श्राद्ध नहीं कहा है ॥२८२॥'

'यदेव तर्पयत्यद्भिः पितॄन्स्नात्वा द्विजोत्तमः ।
तेनैव कृत्स्नमाप्नोति पितृयज्ञक्रियाफलम् ॥२८३॥"

"जो द्विज स्नान करके जल से ही पितृतर्पण करता है, उसी से सम्पूर्ण नित्य श्राद्ध का फल पाता है ॥२८३॥"

वसून्वदन्ति तु पितॄन्रुद्रांश्चैव पितामहान् ।
प्रपितामहांश्चादित्यान्श्रुतिरेषा सनातनी ॥२८४॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

पितर=वसुओं और पितामह=रुद्रों और प्रपितामह=आदित्यों को कहते हैं। यह सनातन से सुनते हैं। (इस विषय में छान्दोग्य उपनिषद् ३। १२ में भी लिखा है सो देखने योग्य है-

पुरुषोवाव यज्ञस्तस्य यानि चतुर्विंशतिर्वर्षाणि तत् प्रातः सवनं, चतुर्विंशत्यक्षरा गायत्री, गायत्रं प्रातः सवनं, तदस्य वसवोऽन्वायत्ताः, प्राणा वाव वसव एते हीदंसर्वं वासयन्ति ॥१॥ अथयानि चतुश्चत्वारिंशद्वर्षाणि तन्माध्यन्दिनंसवनं, चतुश्चत्वारिंशदक्षरा त्रिष्टुप् त्रैष्टुभं माध्यन्दिनंसवनं, तदस्य रुद्रा अन्वायत्ताः, प्राणावाव रुद्रा एते हीदंसर्वं रोदयन्ति ॥२॥ अथयान्यष्टाचत्वारिंशद्वर्षाणि तत्तृतीयसवनमष्टाचत्वारिंशदक्षरा जगती, जागतं तृतीयसवनं, तदस्यादित्याअन्वायत्ताः, प्राणा वावादित्या एते हीदंसर्वमाददते ॥३॥

भावार्थ—मनुष्य भी एक यज्ञ है। जैसे यज्ञ के प्रातः सवन, माध्यन्दिनसवन और सायंसवन वा तृतीयसवन ये ३ सवन होते है, ऐसे ही मनुष्य देहयात्रा रूप यज्ञ के २४। ४४। ४८ वर्ष ३ सवन हैं। गायत्री के २४ अक्षर हैं। प्रात. सवन का भी गायत्री छन्द है उसमें इसके प्राण वसुसंज्ञक होतेहैं। ४४ अक्षरका त्रिष्टुप् छन्द है और माध्यन्दिन सवन का भी त्रिष्टुपछन्द है। उस में इस के प्राण रुद्र संज्ञक होते हैं। और ४८ अक्षर का जगती छन्द है और तृतीयसवन का भी जगती छन्द है। उस मे इस के प्राण आदित्यसंज्ञक होते हैं (निदान २४ वर्ष तक ब्रह्मचर्य व्रतधारी के प्राण वसु, ४४ वर्ष वाले के रुद्र और ४८ वर्ष वाले के आदित्य

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

कहाते है। ये ब्रह्मचारी यज्ञस्वरूप हैं और क्रम से पिता पितामह और प्रपितामह के समान सत्करणीय है) ॥२८४॥

विघसाशी भवेन्नित्यं नित्यं वामृतभोजनः ।
विघसो भुक्तशेषं तु यज्ञशेषं तथामृतम् ॥२८५॥
एतद्वोऽभिहितं सर्वं विधानं पाञ्चयज्ञिकम् ।
द्विजातिमुख्यवृत्तीनां विधानं श्रूयतामिति ॥२८६॥

सर्वदा विघस भोजन करने वाला वा अमृत भोजन करने वाला होवे। (ब्राह्मणादिकों के) भोजन के शेष को विघस और यज्ञशेष को अमृत कहते हैं ॥२८५॥ यह पञ्चयज्ञानुष्ठान की सब विधि तुम से कही। अब द्विजों में मुख्य (ब्राह्मण) की वृत्तियों का विधान सुनो ॥२८६॥

इति मानवे धर्मशास्त्रे (भृगुप्रोक्तायां संहितायां)
तृतीयेऽध्यायः ॥३॥

इति श्री तुलसीरामस्वामिविरचिते मनुस्मृतिभाषानुवादे
तृतीयोऽध्याय. ॥३॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

* ओ३म् *

अथ चतुर्थोऽध्यायः

चतुर्थमायुषो भागमुषित्वाऽऽद्यं गुरौ द्विजः ।
द्वितीयमायुषो भागं कृतदारो गृहे वसेत् ॥१॥
अद्रोहेणैव भूतानामल्पद्रोहेण वा पुनः ।
या वृत्तिस्तां समास्थाय विप्रो जीवेदनापदि ॥२॥

आयु के प्रथम चौथाई भाग (१०० वर्ष प्रमाण से चौथाई २५ वर्ष) द्विज गुरुकुल में निवास करके आयु के द्वितीय भाग मे गृहस्थाश्रम को धारण करे ॥१॥ जिस वृत्ति मे जीवो को पीड़ा न हो वा अल्प पीड़ा ऐसी वृत्ति को धारण करके आपत्ति रहित कालमें विप्र निर्वाह करे ॥२॥

यात्रामात्रप्रसिद्ध्यर्थं स्वैः कर्मभिरगर्हितैः ।
अक्लेशेन शरीरस्य कुर्वीत धनसञ्चयम् ॥३॥
ऋतामृताभ्यां जीवेत्तु मृतेन प्रमृतेन वा ।
सत्यानृताभ्यामपि वा न श्ववृत्त्या कदाचन ॥४॥

प्राणरक्षक शास्त्रानुसार कुटुम्बपोषण और नित्यकर्मानुष्ठान मात्र के लिये अपने अनिन्दित कर्मों से तथा शरीर मे क्लेश न करके धन सञ्चय करे ॥३॥ ऋत-अमृत वा मृत-प्रमृत से वा सत्य-अनृत से जीवन करे परन्तु कुत्ते की वृत्ति से कभी नहीं ॥४॥

ऋतमुञ्छशिलं ज्ञेयममृतं स्यादयाचितम् ।
मृतं तु याचितं भैक्षं प्रमृतं कर्षणं स्मृतम् ॥५॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सत्यानृतं तु वाणिज्यं तेन चैवापि जीव्यते।
सेवा श्ववृत्तिराख्याता तस्मात्तां परिवर्जयेत् ॥६॥

उञ्छ और शिल को ऋत, न मांगने की वृत्ति को अमृत और मांगी भिक्षा को मृत तथा कृषिको प्रमृतजानना चाहिये ॥५॥ इनसे या सत्यानृत= वाणिज्य वृत्ति से जीवे और सेवा कुत्ते की वृत्ति कही है इससे उसे वर्जित करे ॥६॥

कुशूलधान्यको वा स्यात्कुम्भीधान्यक एव वा।
त्र्यहैहिको वापि भवेदश्वस्तनिक एव वा ॥७॥
चतुर्णामपि चैतेषां द्विजानां गृहमेधिनाम्।
ज्यायान्परः पराज्ञेयो धर्मतो लोकजित्तमः ॥८॥

कोठार मे धान्य का सञ्चय करने वाला हो वा घड़े भर अन्न सञ्चय वाला हो या दिनत्रय के निर्वाहमात्र का सञ्चय करने वाला हो या कल को भी न रखने वाला हो॥ (७ वें के आगे ३० मे से केवल एक पुस्तकमें यह श्लोक अधिक पाया जाता है)-

सद्य प्रक्षालिको वा स्यान्माससञ्चयिकोपि वा।
षण्मासनिचयोवापि समानिचय एव वा॥१॥

तुरन्त हाथ धो डालने वाला वा एकमास वा छःमास यवा एक वर्ष के लिये धान्यादि सञ्चय करने वाला होवे॥१॥

(यथार्थ में मनु के लेखानुसार गुण कर्म स्वभावयुक्त ब्राह्मण हों और तदनुसार ही उनकी जीविका का भार क्षत्रिय वैश्यों पर रहे तो संचय की ब्राह्मणों को कुछ आवश्यकता नहीं है) ॥७॥ उन चार गृहस्थ द्विजो में एक से दूसरा फिर तीसरा इस क्रम से श्रेष्ठ (अर्थात् जितना जिसके कम संग्रह हो उतना वह श्रेष्ठ है) धर्म से लोक का अत्यन्त जीतने वाला समझना चाहिये ॥८॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

षट्कर्मैको भवत्येषां त्रिभिरन्यः प्रवर्त्तते ।
द्वाभ्यामेकश्चतुर्थस्तु ब्रह्मसत्रेण जीवति ॥९॥
वर्त्तयंश्च शिलोञ्छाभ्यामग्निहोत्रपरायणः ।
इष्टीः पार्वायनान्तीयाः केवलानिर्वपेत्सदा ॥१०॥

इन में कोई गृहस्थ षट्कर्मोंसे जीता है (ऋत प्रयाचित भिक्षा कृषि, वाणिज्य और कुसीद से) और कोई तीन कर्मों से जीता है,(याजन, अध्यापन प्रतिग्रह) और कोई दो (याजन और अध्यापन) से और कोई एक (पढ़ाने) से ॥९॥ शिलोञ्छा से जीवन करता हुआ केवल सदा अग्निहोत्र और पर्व तथा अयन के अन्त में इष्टि-यज्ञ करे ॥१०॥

न लोकवृत्तं वर्त्तेत वृत्तिहेतोः कथञ्चन ।
अजिह्मामशठां शुद्धां जीवेद् ब्राह्मणजीविकाम् ॥११॥
संतोषं परमास्थाय सुखार्थी संयतो भवेत् ।
संतोषमूलं हि सुखं दुःखमूलं विपर्ययः ॥१२॥

जीविकाके लिये लोकवृत्त (नाटकादि)कभी नकरे किन्तु असत्य और दम्भादिसे रहित पवित्र जीविका जो ब्राह्मण को कही है करे ॥११॥ सुखार्थी सन्तोषसे रहकर स्वस्थ चित्तरहे क्योंकि सन्तोष ही सुख का कारण है और तृष्णा दुःख का हेतु है ॥१२॥

अतोऽन्यतमया वृत्त्या जीवंस्तु स्नातको द्विजः ।
स्वर्ग्यायुष्य यशस्यानि व्रतानीमानि धारयेत् ॥१३॥
वेदोदितं स्वकं कर्म नित्यं कुर्यादतन्द्रितः ।
तद्धिकुर्वन्यथाशक्ति प्राप्नोति परमांगतिम् ॥१४ ॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

इन मे कोईसी वृत्तिसे निर्वाह करता हुआ स्नातक द्विज,स्वर्ग, आयु और यश देने वाले इन व्रतो का धारण करे ॥१३॥ अपना वेदोक्तकर्म नित्य आलस्यरहित होकर यथाशक्ति करे क्योकि उसको करता हुआ निश्चय परमगति (मोक्ष) को प्राप्त होता है ॥१४॥

नेहेतार्थान्प्रसंगेन न विरुद्धेन कर्मणा ।
न विद्यमानेष्वर्थेषु नार्त्यामपि यतस्ततः ॥१५॥
इन्द्रियार्थेषु सर्वेषु न प्रसज्येत कामतः ।
अतिप्रसक्तिं चैतेषां मनसा संनिवर्तयेत् ॥१६॥

गाने बजाने आदिसे शास्त्रविरुद्ध किसी कर्म से द्रव्योपार्जन न करे । द्रव्य होने परभी न करे और कष्टमेभी इधरउधरसे(पतितों) द्रव्यों का उपार्जन न करे ॥ (९ प्राचीन लिखित पुस्तकोमे उत्तरार्ध इस प्रकार है किन्त कल्प्यमानेष्वर्थेषु नान्त्यादपि यतस्ततः) ॥१५॥ संपूर्ण इन्द्रियों के अर्थों (शब्द स्पर्श रूप रस गन्ध) में इच्छा से न फंसे। इन की वहुत आसक्ति को मन से हटा देवे (मेधातिथि के भाष्य मे-सन्निवर्तयेत् = सन्निवेशयेत् पाठ है) ॥१६॥

सर्वान्परित्यजेदर्थान्स्वाध्यायस्य विरोधिनः ।
यथातथाऽध्यापयंस्तु सा ह्यस्य कृतकृत्यता ॥१७॥
वयसः कर्मणोऽर्थस्य श्रुतस्याभिजनस्य च ।
वेषवाग्बुद्धिसारूप्यमाचरन्विचरेदिह ॥१८॥

वेदाध्ययन के विरोधी जितने अर्थ हैं सब को छोड़ देवे । जैसे बने वैसे वेदाध्ययन से निर्वाह करे यही उसकी कृतकृत्यताहै ॥१७॥ आयु क्रिया धन विद्या और कुल इनके अनुरूप वेष वाणी और समझ आचरण करता हुआ इस जगत् मे रहे ॥१८॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

बुद्धिवृद्धिकराण्याशु धन्यानि च हितानि च।
नित्यं शास्त्राण्यवेक्षेत निगमांश्चैव वैदिकान् ॥१९॥
यथायथा हि पुरुषः शास्त्रं समधिगच्छति।
तथातथा विजानाति विज्ञानं चास्यरोचते ॥२०॥

शीघ्र बुद्धि के बढ़ाने वाले, धन के सञ्चय कराने वाले और शरीर को सुख देने वाले शास्त्रों को और वेद के अर्थ जताने वाले शास्त्रों को भी नित्य देखे ॥१९॥ जैसे २ मनुष्य अच्छे प्रकार शास्त्र का अभ्यास करता है, वैसे २ शास्त्र को जानता जाता है और इस को विज्ञान रुचता जाता है ॥२०॥

(३० में से १ पुस्तक में यह श्लोक अधिक पाया जाता है.-

[शास्त्रस्य पारङ्गत्वा तु भूयोभूयस्तदभ्यसेत्।
तच्छास्त्रं शबलं कुर्यान्न चाधीत्य त्यजेत्पुनः ॥१॥

अर्थात् शास्त्र के पार को प्राप्त होकर भी बार २ अभ्यास करता रहे। उस शास्त्र को उज्वल करे न कि पढ़ कर फिर छोड़ दे॥

ऋषियज्ञं देवयज्ञं भूतयज्ञं च सर्वदा।
नृयज्ञं पितृयज्ञं च यथाशक्ति न हापयेत् ॥२१॥
एतानेके महायज्ञान्यज्ञशास्त्रविदो जनाः।
अनीहमानाः सततमिन्द्रियेष्वेव जुह्वति ॥२२॥

स्वाध्यायादि पञ्चयज्ञों को यथाशक्ति कभी न छोड़े ॥२१॥ कोई यज्ञशास्त्र के जानने वाले पुरुष इन पंच महायज्ञों को (ब्रह्म चर्य के अभ्यास से) ब्रह्म चेष्टा से निरन्तररहित हुए पञ्चज्ञानेन्द्रियों में ही संयम करते हैं ॥२२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

वाच्येके जुह्वति प्राणं प्राणे वाचं च सर्वदा ।
वाचि प्राणे च पश्यन्तो यज्ञनिर्वृत्तिमक्षयाम् ॥२३॥
ज्ञानेनैवापरे विप्रा यजन्त्येतैर्मखैः सदा ।
ज्ञानमूलां क्रियामेषां पश्यन्तो ज्ञानचक्षुषा ॥२४॥

कोई वाणी का प्राण मे और प्राण का वाणी में हवन करते हैं और इन्हीं मे यज्ञ की अक्षय फलसिद्धि देखते हैं (अर्थात् प्राणायाम और मौन धारण करते हैं) ॥२३॥ ज्ञानचक्षु से इन क्रियाओं को ज्ञानमूलक जानने वाले दूसरे विप्र इन यज्ञों को ज्ञान से ही करते हैं ॥२४॥

अग्निहोत्रं च जुहुयादाद्यन्ते द्युनिशोः सदा ।
दर्शेन चार्धमासान्ते पौर्णमासेन चैव हि ॥२५॥
'सस्यान्ते नवसस्येष्टया तथर्त्वन्ते द्विजोऽध्वरैः ।
पशुना त्वयनस्यादौ समान्ते सौमिकैर्मखैः ॥२६॥

दिन और रात्रि के आदिमे नित्य अग्निहोत्र करे। अर्धमास के अन्तमें अमावस्या और पूर्णमास यजन करे ॥२५॥ "नवीन अन्न की उत्पत्ति मे नवीन धान्य से नवसस्येष्टि करे ऋतुओ के अन्त में अध्वर याग करे और अयन के आदि मे पशु से याग करे और वर्ष के अन्तमें सोमयाग करे" ॥ (मेधातिथि के भाष्य में पाठ भेद भी है—पशुताह्ययनस्यादौ। इस से भी यह नवीन प्रक्षेप संशयित होता है) ॥२६॥

'नानिष्ट्वा नवसस्येष्टया पशुना चाग्निमान्द्विजः ।
नवान्नमद्यान्मांसं वा दीर्घमायुर्जिजीविषुः ॥२७॥
नवेनानर्चिता ह्यस्य पशुहव्येन चाग्नयः ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

प्राणानेवाऽत्तुमिच्छन्ति नवान्नामिषगर्द्धिनः" ॥२८॥

अग्निहोत्री ब्राह्मणादि दीर्घ आयु की इच्छा करने वाला नवीन अन्न से इष्टि किये विना नवान्न भक्षण न करे और पशुयाग किये विना मांस भक्षण न करे ॥२७॥ नवीन अन्न और पशु से यजन किये विना अग्नि इनके प्राणों को खाने की इच्छा करते हैं क्योंकि अग्नि नवीन अन्न और मांस के अत्यन्त अभिलाष वाले हैं" ॥ (इस प्रसङ्ग में पशुयाग का अर्थ पशु के घृतादि से यथार्थ लेकर कोई लोग २६ वें का समाधान करते हैं परन्तु आगे २७ वे के अर्थ बाद में मांस का वर्णन आने से स्पष्ट जान पड़ता है कि यह लीला हिंसकों की है। यज्ञ देवकार्य है और मनु एकादशाध्याय में मांस देव भोजन नहीं किन्तु राक्षसी वा पैशाच भोजन कहेंगे। इसलिये ये श्लोक हमारी सम्मति में मनु के विरुद्ध होने से प्रक्षिप्त हैं ॥२८॥

आसनाशनशय्याभिरद्भिर्मूलफलेन वा ।
नास्य कश्चिद्वसेद्गेहे शक्तितोऽनर्चितोऽतिथिः ॥२९॥

पाषण्डिनो विकर्मस्थान्बैडालव्रतिकाञ्छठान् ।
हैतुकान्बकवृत्तींश्च वाङ्मात्रेणापि नार्चयेत् ॥३०॥

आसन भोजन शय्या जल मूल वा फल से यथाशक्ति विना पूजन किया कोई अतिथि इस (गृहस्थ) के घर में न रहे ॥२९॥ परन्तु पाखण्डी और निषिद्ध कर्म करने वालो बिडालव्रत वालो शठों वेद में श्रद्धा न रखने वालों और बकवृत्ति वालों को वाणी मात्र से भी न पूजे ॥३०॥

वेदविद्याव्रतस्नाताञ्छ्रोत्रियान्गृहमेधिनः ।
पूजयेद्धव्यकव्येन विपरीतांश्च वर्जयेत् ॥३१॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

शक्तितोऽपचमानेभ्यो दातव्यं गृहमेधिना।
संविभागश्च भूतेभ्यः कर्तव्योऽनुपरोधतः ॥३२॥

वेद विद्या की समाप्ति करने वाले और व्रतको, सम्पूर्ण करने वाले तथा श्रोत्रिय गृहस्थों का हव्य कव्य से पूजित करे और इन से विपरीतो को नहीं ॥३१॥ गृहस्थ यथाशक्ति पाक न करने वाले (सन्यासी वा ब्रह्मचारी) को भिक्षा देवे और सम्पूर्ण जीवों को विना रुकावट के जलादि भाग देवे ॥३२॥

राजतो धनमन्विच्छेत्संसीदन्स्नातकः क्षुधा।
याज्यान्तेवासिनोर्वापि नत्वन्यत इति स्थितिः ॥३३॥

न सीदेत्स्नातको विप्रः क्षुधाशक्तः कथंचन।
न जीर्णमलवद्वासा भवेच्च विभवे सति ॥३४॥

क्षुधा से पीडित स्नातक राजा से और यजमान वा शिष्य से द्रव्य की इच्छा करे अन्य से न मांगे। इस प्रकार शास्त्र मर्यादा है ॥३३॥ स्नातक ब्राह्मण क्षुधा से पीडित कभी न रहे और धन-पास होने पर पुराना मैला वस्त्र न रक्खे ॥३४॥

क्लृप्तकेशनखश्मश्रुर्दान्तः शुक्लाम्बरः शुचिः।
स्वाध्याये चैवयुक्तः स्यान्नित्यमात्महितेषु च ॥३५॥

वैणवीं धारयेद्यष्टिं सोदकं च कमण्डलुम्।
यज्ञोपवीतं वेदं च शुभे रौक्मे च कुण्डले ॥३६॥

केश नख दाढी मुन्डाये हुवे (ऐसी हजामत बनवाया करे) और इन्द्रियों का दमन करने वाला श्वेतवस्त्रधारी और पवित्र रहे और नित्य वेद पाठ तथा आत्मा का हित किया करे॥ (यह प्राचीन

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

कालीन रहन सहन [एटीकेट] है जो मनु ने अपने समय में नियमबद्ध किया था। इस मे से जो २ बातें धर्माऽधर्म मे कारण हैं, वे वे माध्य अग्राह्य है। शेष देशकाल की रीति नीति मात्र थी जो बहुत सी अब आवश्यक नहीं रही) ॥३५॥ बांसकी छड़ी, जल भरा लोटा, यज्ञोपवीत, वेद पुस्तक और अच्छे सोने के दो कुण्डल धारण करे ॥३६॥

नेक्षेतोद्यन्तमादित्यं नास्तं यान्तं कदाचन।
नोपसृष्टं न वारिस्थं न मध्यनभसो गतम् ॥३७॥
न लङ्घयेद्वत्सतन्त्रीं न प्रधावेच्च वर्षति।
न चोदके निरीक्षेत स्वं रूपमिति धारणा ॥३८॥

उदय और अस्त होते हुवे सूर्य को कभी न देखे,ग्रहोंसे मिलने ५८ और जलमें सूर्य का प्रतिविम्ब और बीच आकाश में भी सूर्य को न देखे (इस से दृष्टि की हानि होती है) ॥३७॥ और बछड़े के बन्धे होते उसके रस्से को न लांघे, पानी वर्षतेमें न दौड़े, अपना स्वरूप पानी मे न देखे ऐसा नियम है ॥३८॥

मृदं गां दैवतं विप्रं घृतं मधु चतुष्पथम्।
प्रदक्षिणानि कुर्वीत प्रज्ञातांश्च वनस्पतीन् ॥३९॥
नोपगच्छेत्प्रमत्तोऽपि स्त्रियमार्तवदर्शने।
समानशयने चैव न शयीत तया सह ॥४०॥

मिट्टी के टीलो, गौवो, यज्ञशालाओं, ब्राह्मणों, घृत और मधुके समूहो, चौराहों और बड़े प्रसिद्ध २ वनस्पतियों को दक्षिण ओर करके जावे ॥३९॥ कामार्त्त पुरुष भी रजस्वला स्त्री के पास न जावे और उसके साथ बराबर बिछौने पर भी न सोवे ॥४०॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

रजसाभिप्लुतां नारीं नरस्य ह्युपगच्छतः ।
प्रज्ञा तेजो बलं चक्षुरायुश्चैव प्रहीयते ॥४१॥
तां विवर्जयतस्तस्य रजसा समभिप्लुताम् ।
प्रज्ञा तेजोबलं चक्षुरायुश्चैव प्रवर्धते ॥४२॥

रजस्वला स्त्री के पास जाने वाले पुरुष की प्रज्ञा, तेज, बल, आंख तथा आयु नष्ट होती है ॥४१॥ उसी (रजस्वला) के पास न जाने वाले की 'प्रज्ञा, तेज बल, आंख की दृष्टि और आयु बढ़ती है (४ पुस्तकों में "प्रज्ञा लक्ष्मीर्यशश्चक्षु" पाठ है) ॥४२॥

नाश्नीयाद्भार्यया सार्धं नैनामीक्षेत चाश्नतीम् ।
क्षुवतीं जृम्भमाणां वा न चासीनां यथासुखम् ॥४३॥
नाञ्जयन्तीं स्वके नेत्रे न चाभ्यक्तामनावृताम् ।
न पश्येत्प्रसवन्तीं च तेजस्कामो द्विजोत्तमः ॥४४॥

तेज चाहने वाला भार्या के साथ भोजन न करे इस को भोजन करते हुए भी न देखे तथा छींकती जम्भाई लेती हुई और आराम से बैठी हुई को भी न देखे (इस से लज्जाभङ्ग का भय है) ॥४३॥ अपने नेत्रों में अञ्जन करती हुई, बिना कपड़ों नङ्गी तैलादि लगाती हुई, बच्चा जन्मती हुई को तेज की इच्छा करने वाला ब्राह्मणादि न देखे। (चार पुस्तकों और रामचन्द्र के टीके में ४४ से आगे यह श्लोक अधिक पाया जाता है :—

[उपेत्य स्नातको विद्वान्नेक्षेन्नग्नां परस्त्रियम् ।
सरहस्यं च सम्वादं परस्त्रीषु विवर्जयेत् ।']

अर्थात् स्नातक विद्वान् पराई नग्न स्त्री के समीप न जावे और

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

न देखे और पर स्त्रियों से एकान्त सम्वाद वर्जित करे) ॥४४॥

नाचमद्यादेकवासा न नग्नः स्नानमाचरेत् ।
नमूत्रं पथि कुर्वीत न भस्मनि न गोव्रजे ॥४५॥
न फालकृष्टे न जले न चित्या न च पर्वते ।
न जीर्णदेवायतने न वल्मीके कदाचन ॥४६॥

एक वस्त्र पहन कर भोजन न करे नङ्गा स्नान न करे, मार्ग में गौ के खरक में, ॥४५॥ खेत तथा जल में चिता और पर्वत में, पुराने टूटे देव स्थान में, यज्ञशाला में और वमी में कभी मूत्र न करे ॥४६॥

न ससत्वेषु गर्तेषु न गच्छन्नापि च स्थितः ।
न नदीतीरमासाद्य न च पर्वतमस्तके ॥४७॥
वाय्वग्निविप्रमादित्यमपः पश्यंस्तथैव गाः ।
न कदाचन कुर्वीत विण्मूत्रस्य विसर्जनम् ॥४८॥

रहते हुवे जानवरों के बिलों में, चलते हुवे, खड़े हुवे, नदी के किनारे, पर्वत की चोटी पर ॥४७॥ वायु अग्नि, विप्र, सूर्य, जल और गौवों को देखता हुआ कभी मल, मूत्र त्याग न करे ॥४८॥

तिरस्कृत्योच्चरेत्काष्ठलोष्ठपत्रतृणादिना ।
नियम्य प्रयतो वाचं सम्वीताङ्गोऽवगुण्ठितः ॥४९॥
मूत्रोच्चारसमुत्सर्गं दिवा कुर्यादुदङ्मुखः ।
दक्षिणाभिमुखो रात्रौ सन्ध्ययोश्च यथा दिवा ॥५०॥

लकड़ी, ढेला, पत्ता, घास आदि से छिप कर दिशा फिरे, बोले नहीं, शरीर पर कपड़ा ओढ़ लेवे और गठकर बैठे ॥४९॥ दिन और

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

दोनों सन्ध्याओं मे उत्तर की ओर मुख करके और रातको दक्षिण मुख होकर मल, मूत्र त्याग किया करे ॥५०॥

छायायामन्धकारे या रात्रावहनि वा द्विजः ।
यथासुखमुखः कुर्यात्प्राणबाधभयेषु च ॥५१॥
प्रत्यग्निं प्रतिसूर्यं च प्रतिसोमोदकद्विजान् ।
प्रतिगां प्रतिवातं च प्रज्ञा नश्यति मेहतः ॥५२॥

छाया, अन्धकार, रात्रि वा दिन में (जिस मे दिशा का ज्ञान न हो) वा (व्याघ्रादिकों से) प्राण के भय मे जैसे चाहे वैसे मुख करके मल मूत्र त्यागले ॥५१॥ अग्नि, सूर्य, चन्द्र, जल, ब्राह्मण आदि गौ और वायु इन के सम्मुख मूत्र करने वाले की बुद्धि नष्ट होती है ॥५२॥

(जैसे स्वच्छ वस्त्र पर थोड़ी मलीनता बहुत प्रतीत होती है, वा अति स्वच्छ वस्त्र धारण करने वाले थोड़ा भी छींटा पड़ जाने से वस्त्र को मलिन और न पहरने योग्य समझते हैं, परन्तु साधारण लोग उतने मैले वस्त्रादि को मैला ही नहीं समझते। इसी प्रकार धर्मशास्त्र के अनुसार चलने वाले लोगों को ही उसके विपरीत चलने की हानि वा ग्लानि प्रतीत हो सकती हैं, सब को नहीं। और जो लोग जिस प्रकार से सदा रहन सहन करते हैं उस से नई वा विरुद्ध वा भिन्न रीतिसे करने मे उन्हे ही कष्ट होता है अन्यो को नहीं। जैसे अंगरेजी पाट (पाखाने) मे इस देश वालो को कष्ट होता है। मलमूत्रादि करने मे जहां २ किसी की कोई भी हानि हो वहां न करे। जो २ स्थान वा ढङ्ग धर्मशास्त्र मे यहां बतलाये हैं वे उपलक्षणमात्र हैं। इस से अन्यत्र भी हानि देखे तो न करे। और इन स्थानो में भी करने से लाभ और न करने

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

मे हानि हो तो इस मर्यादा को चाहे न माने। यही विचार ५१ वें श्लोक का मुख्य करके है। ब्राह्मणादि के सामने मूत्रादि करने से उन का अपमान और अपने मे धृष्टतादि दोषोत्पत्ति तथा वायु आदि की परीक्षा करते एक काल में दो कामों के करने से विघ्न और शौच का ठीक २ न होना, बवासीर और मूत्रकृच्छ्रादि रोगो की वृद्धि सम्भव है। इत्यादि स्वयं विचारते रहना चाहिये) ॥५२॥

नाग्निं मुखेनोपधमेन्नग्नां नेक्षेत च स्त्रियम्।
नामेध्यं प्रक्षिपेदग्नौ न च पादौ प्रतापयेत् ॥५३॥
अधस्तान्नोपदध्याच्च न चैनमभिलंघयेत्।
न चैनं पादतः कुर्यान्न प्राणाबाधमाचरेत् ॥५४॥

आग को मुख से न फूंके और नङ्गी स्त्रीको न देखे, मल मूत्र आग में न डाले और पैरों को आग पर न तपावे ॥५३॥ (चारपाई आदिके) नीचे आग न धरे और इस (आग) को न लांघे और पैरों को आग पर न रक्खे और जीवों को पीड़ा होने वाला कर्म न करे ॥५४॥

नाश्नीयात्संधिवेलायां न गच्छेन्नापि संविशेत्।
न चैव प्रलिखेद्भूमिं नात्मनोपहरेत्स्रजम् ॥५५॥
नाप्सु मूत्रं पुरीषं वा ष्ठीवनं वा समुत्सृजेत्।
अमेध्यलिप्तमन्यद्वा लोहितं वा विषाणि वा ॥५६॥

सन्ध्याकाल में भोजन, शयन, यात्रा न करे और न भूमि पर लकीर खींचे और पहनी हुई माला को न निकाले ॥५५॥ मूत्र, मल और थूक वा मलमूत्रयुक्त वस्तु, रक्त और विष भी जल में न डाले ॥५६॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

नैकः स्वपेच्छून्यगेहे श्रेयांसं न प्रबोधयेत् ।
नोदक्ययाभिभाषेत यज्ञं गच्छेन्न चाऽवृतः ॥५७॥
अग्न्यगारे गवां गोष्ठे ब्राह्मणानां च सन्निधौ ।
स्वाध्याये भोजने चैव दक्षिणं पाणिमुद्धरेत् ॥५८॥

सूने मकान में अकेला न सोवे, अपने से बड़े को (सोते हुये) न जगावे, रजस्वला से न बोले और बिना वरण किये यज्ञ में न जावे। (५७ वे के आगे ३ पुस्तकों में यह श्लोक अधिक है:-

[एकः स्वादु न भुञ्जीत स्वार्थमेको न चिन्तयेत् ।
एको न गच्छेदध्वानं नैकः सुप्तेषु जागृयात् ॥१॥]

अर्थात् अकेला स्वादु पदार्थ न खावे, न अकेला स्वार्थ की चिन्ता करे। अकेला दीर्घयात्रा न करे, सब के सोते हुवे अकेला न जागे) ॥५७॥ यज्ञशाला गोशाला तथा ब्राह्मणों के समीप वेद के पढ़ने और भोजन मे दाहिना हाथ उठावे ॥५८॥

न वारयेद् गां धयन्तीं न चाचक्षीत कस्यचित् ।
न दिवीन्द्रायुधं दृष्ट्वा कस्यचिद्दर्शयेद् बुधः ॥५९॥
नाधार्मिके वसेद् ग्रामे न व्याधिबहुलेभृशम् ।
नैकः प्रपद्येताध्वानं न चिरं पर्वते वसेत् ॥६०॥

(जल) पीती गायको न हांके और न दूसरेको बतावे, आकाश मे इन्द्र धनुष देख कर किसी को न दिखावे (आंख की हानि है) ॥५९॥ अधर्मी ग्राम और जहां बहुत बीमारी हो वहां न रहे. अकेला मार्ग न चले और पर्वतपर बहुत काल निवास न करे।६०

न शूद्रराज्ये निवसेन्नाधार्मिकजनावृते ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

न पाषण्डिगणाक्रान्ते नोपसृष्टेऽन्त्यजैर्नृभिः॥६१॥

न भुञ्जीतोद्धृतस्नेहं नातिसौहित्यमाचरेत् ।
नातिप्रगे नातिसायं न सायं प्रातराशितः ॥६२॥

शूद्रों के राज्य मे निवास न करे. अधार्मिक पुरुषो से घेरे हुवे और पाषण्डियों के वास किये हुवे तथा चाण्डालों से भरे हुवे देश में भी न वसे ॥६१॥ जिसकी चिकनाई निकाल ली हो उसको न खावे (जैसे खल) अति तृप्ति न करे, उदय तथा अस्त काल के समीप भोजन न करे, प्रातः काल अति तृप्त हुआ सायंकाल मे भोजन न करे ॥६२॥

न कुर्वीत वृथा चेष्टां न वार्यञ्जलिना पिबेत् ।
नोत्सङ्गे भक्षयेद्भक्ष्यान्न जातु स्यात्कुतूहली ॥६३॥

न नृत्येदथवा गायेन्न वादित्राणि वादयेत् ।
नास्फोटयेन्न च क्ष्वेडेन्न रक्तो विराययेत् ॥६४॥

निष्फल कर्म न करे, अञ्जली से पानी न पीवे। (मोदकादि) भक्ष्य को गोद में रख कर भोजन न करे और कभी व्यर्थ वाते न करे ॥६३॥ न नाचे न गान करे, बाजो को न बजावें, तान्नी न वजावे और तुतलाकर न बोले और बहुत प्रसन्न होकर (गधेका सा) कुशब्द न करे ॥६४॥

न पादौ धावयेत्कांस्ये कदाचिदपि भाजने ।
न भिन्नभाण्डे भुञ्जीत न भावप्रतिदूषिते ॥६५॥

उपानहौ च वासश्च धृतमन्यैर्न धारयेत् ।
उपवीतमलङ्कारं स्रजं करकमेव च ॥६६॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

कांसे के बर्तन में कभी पैर न धुवावे, फूटे बर्तन में भोजन न करे और विरोध वाले के घर भोजन न करे ॥६५॥ जूता, कपड़ा, यज्ञोपवीत, अलङ्कार, पुष्पमाला और कमण्डलु दूसरे के ओढ़े पहरे, बर्ते हुवे धारण न करे ॥६६॥

नाविनीतैर्व्रजेद्धुर्यैर्न च क्षुद्व्याधिपीडितैः ।
न भिन्नशृङ्गाक्षिखुरैर्न वालधिविरूपितैः ॥६७॥

विनीतैस्तु व्रजेन्नित्यमाशुगैर्लक्षणान्वितैः ।
वर्णरूपोपसम्पन्नैः प्रतोदेनातुदन्भृशम् ॥६८॥

अशिक्षित क्षुधा व्याधि से पीड़ित तथा सींग आंख और खुर से खण्डित घोड़ों वा बैलों की सवारी न करे। लांडे बैलों से यात्रा न करे ॥६७॥ किन्तु शिक्षित तथा अच्छे प्रकार शीघ्र चलने वाले शुभ लक्षण युक्त वर्णरूप सहित (अश्वादि) से प्रतोद (कोड़े) से निरंतर न चुभाता हुआ यात्रा करे ॥६८॥

बालातपः प्रेतधूमो वर्ज्यं भिन्नं तथासनम् ।
न छिन्द्यान्नखलोमानि दन्तैर्नोत्पाटयेन्नखान् ॥६९॥

न मृल्लोष्टंच मृद्नीयान्नच्छिन्द्यात्करजैस्तृणम् ।
न कर्म निष्फलं कुर्यान्नायत्यामसुखोदयम् ॥७०॥

उदय काल का घाम और जलते मुर्दे का धुआं और टूटा आसन त्याज्य हैं। रोम वा नखों को न उखाड़े तथा दांतों से नखों को न उपाड़े (दो पुस्तकों में ६९ वें बीच में यह अर्ध श्लोक अधिक पाया जाता है: -

(श्रीकामोवर्जयेन्नित्यं मृण्मये चैव भोजनम्)

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अर्थात् शोभा का इच्छुक मिट्टी के पात्र मे न खाया करे॥६९॥ मिट्टी के ढले को न मसला करे, नखो से तृणो को न काटा करे व्यर्थ काम न करे और आगामी काल में दुःख का देने वाला काम न करे ॥७०॥

लोष्टमर्दी तृणच्छेदी नखखादी च यो नरः ।
स विनाशं व्रजत्याशु सूचकोऽशुचिरेव च ॥७१॥
न विगह्य कथां कुर्याद् बहिर्माल्यं न धारयेत् ।
गवां च यानं पृष्ठेन सर्वथैव विगर्हितम् ॥७२॥

ढेलेको मसलने वाला तृण का छेदने वाला, और नखो के चवाने के अभ्यास वाला मनुष्य शीघ्र नाश को प्राप्त हो जाता है और चुगलखोर तथा अपवित्र भी ॥७१॥ उद्दण्डता से बात नकरे, माला को बाहर धारण न करे और बैल की पीठ पर सवारी न करे। यह सर्वथा ही निन्दित है ॥७२॥

अद्वारेण च नातीयाद् ग्रामंवा वेश्म वावृतम् ।
रात्रौ च वृक्षमूलानि दूरतः परिवर्जयेत् ॥७३॥
नाक्षैः क्रीडेत्कदाचित्तु स्वयं नोपानहौ हरेत् ।
शयनस्थो न भुञ्जीत न पाणिस्थं न चासने ॥७४॥

घिरे हुवे नगर या मकानमें विना दरवाजे के न जावे (अर्थात् दरवाजे से जावे दीवार कूद कर न जावे) और रात को वृक्ष के नीचे न रहे ॥७३॥ कभी जुवा न खेले अपने जूतों को हाथ से उठा कर न चले शय्या पर वा हाथ मे लेकर वा आसन पर रख कर न (किन्तु पात्र में रख कर) खावे ॥७४॥

सर्वं च तिलसंबद्धं नाद्यादस्तमिते रवौ ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

न च नग्नः शयीतेह नचोच्छिष्टः क्वचिद्व्रजेत्॥७५।
आर्द्रपादस्तु भुञ्जीत नार्द्रपादस्तु संविशेत् ।
आर्द्रपादस्तु भुंजानो दीर्घमायुरवाप्नुयात् ॥७६॥

सूर्य के अस्त होने पर तिलयुक्त सब पदार्थों का भोजन न करे और नङ्गा न सोवे और झूंठे मुंह कहीं न जावे ॥७५॥ गीले पैर भोजन करे किन्तु गीले पैर सोवे नहीं । क्योंकि गीले पैर भोजन करने वाला दीर्घायु पाता है ॥७६॥

अचक्षुर्विषयं दुर्गं न प्रपद्येत कर्हिचित् ।
न विण्मूत्रमुदीक्षेत न बाहुभ्यां नदीं तरेत् ॥७७॥

अधितिष्ठेन्न केशांस्तु न भस्मास्थिकपालिकाः ।
न कर्पासास्थि न तुषान्दीर्घमायुर्जिजीविषु ॥७८॥

आंखो से जो दुर्ग नहीं देखा वहां कभी न जावे और मल मूत्र को न देखे और बाहु से नदी को न तिरे ॥७७॥ बहुत दिन जीने की इच्छा वाला केश भस्म हड्डी खपरों के टुकड़े कपास की मींग और भूसे पर न बैठे ॥७८॥

न संवसेच्च पतितैर्न चाण्डालैर्न पुल्कसैः ।
१ न मूर्खैर्नावलिप्तैश्च नान्त्यैर्नान्त्यावसायिभिः ॥७९॥

पतितों के साथ न रहे । चाण्डालों के साथ तथा निषाद से शूद्रा में उत्पन्न हुवे पुल्कसों के साथ भी न बसे और मूर्ख तथा धनगर्वित और अन्त्यज और निषादस्त्री में चाण्डाल से उत्पन्न हुवों के साथ भी न बसे ॥ (७९ वें से आगे यह श्लोक १ पुस्तक में अधिक पाया जाता है '—

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

[न कृतघ्नैरयुक्तैर्न महापातकान्वितैः ।
न दस्युभिर्नाशुचिभिर्नाऽमित्रैश्च कदाचन ॥]

अर्थात् कृतघ्न, आलसी, उद्योगहीन, महापातकी, दस्यु अपवित्र और शत्रुओं के साथ कभी वास न करे) ॥७९॥

"न शूद्राय मतिं दद्यान्नोच्छिष्टं न हविष्कृतम् ।
न चास्योपदिशेद्धर्मं न चास्य व्रतमादिशेत्" ॥८०॥

शूद्र को बुद्धि और उच्छिष्ट और हविष्कृत अर्थात् होमशेष का भाग न दे। और उसको धर्म उपदेश न करे और व्रत भी न बतावे ॥ (एक पुस्तक में अर्ध श्लोक अधिक है—

[अन्तरा ब्राह्मणं कृत्वा प्रायश्चित्तं समादिशेत् ।]

अर्थात् शूद्र को प्रायश्चित बताना हो तो ब्राह्मण को बीच में करले) ॥८०॥

"यो ह्यस्य धर्ममाचष्टे यश्चैवादिशति व्रतम् ।
सोऽसंवृतं नाम तमः सह तेनैव मज्जति ॥८१॥"

न संहताभ्यां पाणिभ्यां कण्डूयेदात्मनः शिरः ।
न स्पृशेच्चैतदुच्छिष्टो न च स्नायाद्विना ततः ॥८२॥

"जो इस (शूद्र) को धर्मोपदेश और प्रायश्चित्तका उपदेश करे वह उस शूद्र के साथ "असंवृताख्य" (बड़े अन्धकार) वाले नरक में गिरता है ॥" (दशमाध्याय १२६ । १२७ में शूद्र के विषय में (न धर्मात्प्रतिषेधनम् । धर्मेप्सवस्तु धर्मज्ञा' सतां वृत्तमनुष्ठिता.) कहा है, जिस से शूद्रोंका भी धर्मात्मा धर्मज्ञ सदाचारी होना पाया जाता है । और बिना उपदेश धर्म ज्ञान असम्भव है । इसलिये ये ८० । ८१ श्लोक किसी शूद्र-द्वेषी के मिलाये प्रतीत होते हैं जो कि उक्त दशमाध्याय से विरुद्ध हैं और आगे २१ नरक

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

श्लोक ८८। ८९। ९० मे गिनाये हैं उनमे "असंवृत" नामका कोई नरक भी नहीं है और इसी के समीप उक्त ११॥ श्लोक सब पुस्तकों में नहीं है। इससे,भी; प्रक्षिप्तता का संशय होता है) ॥८१॥ दोनों हाथों से एक साथ अपना शिर न खुजावे और झूंठे हाथों से सिर को न छूवे और विना शिर पर पानी डाले स्नान न करे ॥८२॥

केशग्रहान्प्रहारांश्च शिरस्येतान्विवर्जयेत् ।
शिरः स्नातश्च तैलेन नाङ्गं किंचिदपि स्पृशेत् ॥८३॥
न राज्ञः प्रतिगृह्णीयादराजन्यप्रसूतितः ।
सूनाचक्रध्वजवतां वेषेणैव च जीवताम् ॥८४॥
दशसूना समं चक्रं दशचक्रसमो ध्वजः ।
दशध्वजसमो वेषो दशवेषसमो नृपः ॥८५॥
दशसूनासहस्राणि यो वाहयति सौनिकः ।
तेन तुल्यः स्मृतो राजा घोरस्तस्य प्रतिग्रहः ॥८६॥
योराज्ञःप्रतिगृह्णाति लुब्धस्योच्छास्त्रवर्त्तिनः ।
स पर्यायेण यातीमान्नरकानेकविंशतिम् ॥८७॥
तामिस्रमन्धतामिस्रं महारौरवरौरवौ ।
नरकं कालसूत्रं च महानरकमेव च ॥८८॥
संजीवनं महावीचिं तपनं संप्रतापनम् ।
संघातं च सकाकोलं कुड्मलं प्रतिमूर्त्तिकम् ॥८९॥
लोहशङ्कुमृजीषं च पन्थानं शाल्मलीं नदीम् ।
असिपत्रवनं चैव लोहदारकमेव च ॥९०॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

एतद्विदन्तो विद्वांसो ब्राह्मणा ब्रह्मवादिनः ।
न राज्ञः प्रतिगृह्णन्ति प्रेत्य श्रेयोऽभिकांक्षिणः ।६१।

केश का पकड़ना और मारना ये दो काम शिर मे न करे। शिर में तेल लगाकर अन्य किसी अङ्ग को न छूवे ॥८३॥ बिना क्षत्रिय से उत्पन्न राजा से दान न लेवे, सूना (जीवों के मारने की जगह), गाड़ी आदि, तथा कलालपन से वृत्ति करने वालों और बहुरूपियों के भी (धन को ग्रहण न करे) ॥८४॥ दश सूना वाले के बराबर एक गाड़ी वाला है और इन दस के बराबर एक कलाल, और दस कलालों के समान एक वेषधारी दस वेष वालों के बराबर एक उक्त अधर्मी राजा (अर्थात् उत्तरोत्तर अधिक निषिद्ध) हैं ॥८५॥ दस हजार जीवों को मारने का अधिष्ठाता सौनिक कहाता है। उक्त राजा उसके बराबर कहा है। इस लिये इस का प्रतिग्रह घोर है (अतएव न ले) ॥८६॥ जो कृपण और शास्त्र का उलंघन करने वाले राजा का प्रतिग्रह लेता है वह क्रम से इन इक्कीस नरकों को जाता है ॥८७॥ तामिस्र १ अन्धतामिस्र २ महारौरव ३ रौरव ४ नरक ५ कालसूत्र ६ महानरक ७ ॥८८॥ सञ्जीवन ८ महावीचि ९ तपन १० संप्रतापन ११ संघात १२ सकाकोल १३ कुड्मल १४ प्रतिमूर्तिक १५ ॥८९॥ लोहशंकु १६ ऋजीष १७ पन्थान १८ शाल्मली-नदी १९ असिपत्रवन २० और लोहदारक २१ (इन इक्कीस नरकों = स्थान विशेषों वा देश विशेषों को पाता है) ॥९०॥ यह प्रतिग्रह नाना प्रकार के नरकों का हेतु है, ऐसा जानने वाले विद्वान् वेद के जानने वाले और परलोक में कल्याण की इच्छा करने वाले ब्रह्मवादी ब्राह्मण ऐसे राजा का प्रतिग्रह नहीं लेते ॥

(८४ से ९१ तक ८ श्लोक भी प्रक्षिप्त से जान पड़ते हैं। एक

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

तो इनकी संस्कृत शैली मनु के सी नहीं। दूसरे ८५ वे श्लोक का पाठ २४ पुस्तकों में तो यही मिलता है जैसा मूल मे छपा है परन्तु ६ पुस्तको मे -(दशध्वजसमा वेश्या दशवेश्यासमो नृप.) पाठ भेद है। तीसरे राजा और पहियोंदार गाड़ीसे जीविका करनेवाले वैश्य. इनको खटीकों और कलालों तथा वेश्याओं के समान समझना और इससे भी नीच समझना चिन्त्य है। और ८९ वें श्लोक के "प्रतिमूर्तिक" नरक का नाम ८ पुराने लिखे पुस्तकों मे "पूतिमृत्तिक" पाया जाता है। जिससे भिन्न २ पुस्तकों में भिन्न २ पाठ भी संशय का हेतु है। इन तथा अन्य हेतुओ से हमने पहले तीन वार के एडीशनों (छापों) मे प्रक्षिप्त लिखा था परन्तु अब चौथी वार इसलिये प्रक्षिप्त नहीं रक्खा कि स्वामी दयानन्द सरस्वतीजी ने भी संस्कारविधि गृहाश्रम प्र० मे श्लोक ८५ माना है और नरक योनियों के नाम प्रायः मनु के माननीय श्लोकों में भी आये है। अत हमने अब मान लिया है परन्तु ऊपर लिखे कारणों से संदेहयुक्त अब भी हैं) ॥९१॥

ब्राह्मे मुहूर्ते बुध्येत धर्मार्थौ चानुचिन्तयेत् ।
कायक्लेशांश्च तन्मूलान्वेदतत्वार्थमेव च ॥९२॥

प्रात दो घड़ी रात से उठे और धर्म अर्थ का चिन्तन करे। उनके उपार्जन के शरीर क्लेशों को समझे और वेदतत्वार्थ को भी सोचे ॥९२॥

उत्थायावश्यकं कृत्वा कृतशौचः समाहितः ।
पूर्वां सन्ध्यांजपंस्तिष्ठेत्स्वकाले चापरां चिरम् ॥९३॥
ऋषयो दीर्घसंध्यात्वाद् दीर्घमायुरवाप्नुयुः ।
प्रज्ञांयशश्च कीर्त्तिं च ब्रह्मवर्चसमेव च ॥९४॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

फिर उठ कर दिशा जङ्गल होकर पवित्र हो एकाग्रचित्त से प्रात: सन्ध्यार्थ बहुत काल पर्यन्त जप करता रहे और सायं सन्ध्या को भी अपने काल मे देर तक करे ॥९३॥ क्योंकि ऋषि-लोग दीर्घ सन्ध्याके अनुष्ठान से दीर्घ आयु, प्रज्ञा, यश, कीर्त्ति तथा ब्रह्म तेज को भी पा सकते हैं ॥९४॥

श्रावण्यां प्रौष्ठपद्यां वाऽप्युपाकृत्य यथाविधि ।
युक्तश्छन्दांस्यधीयीत मासान्विप्रोऽर्धपंचमान् ॥९५॥
पुष्ये तु छन्दसां कुर्याद् बहिरुत्सर्जनं द्विजः ।
माघशुक्लस्य वा प्राप्ते पूर्वाह्णे प्रथमेऽहनि ॥९६॥

ब्राह्मणादि श्रावणी वा भाद्रपदी पौर्णिमा को उपाकर्म करके साढ़ेचार मास मे उद्यत होकर वेदाध्ययन करे ॥९५॥ पुष्यनक्षत्र वाली पौर्णमा (पौषी) मे या माघ शुक्ला के प्रथम दिन के पूर्वाह्ण मे वेद का 'उत्सर्जन कर्म (ग्राम के) बाहर जाकर करे ॥९६॥

यथाशास्त्रं तु कृत्वैवमुत्सर्गं छन्दसां बहिः ।
विरमेत्पक्षिणीं रात्रिं तदेवैकमहर्निशम् ॥९७॥
अत ऊर्ध्वं तु छन्दांसि शुक्लेषु नियतः पठेत् ।
वेदाङ्गानि च सर्वाणि कृष्णपक्षेषु संपठेत् ॥९८॥

शास्त्र के अनुसार (ग्राम के) बाहर वेदों का उत्सर्जन कर्म करके दो दिन और एक बीच की रात्रि भर अनध्याय करे वा उसी दिन और रात्रि का अनध्याय करे ॥९७॥ उत्सर्जन अनध्याय के उपरान्त शुक्लपक्ष मे नियम पूर्वक वेद और कृष्णपक्ष मे वेदो के सम्पूर्ण अङ्गो को पढ़ा करे ॥९८॥

नाविस्पष्टमधीयीत न शूद्रजनसन्निधौ ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

न निशान्ते परिश्रान्तो ब्रह्माधीत्य पुनःस्वपेत्॥९९॥
यथोदितेन विधिना नित्यं छन्दस्कृतंपठेत् ।
ब्रह्मछन्दस्कृतं चैव द्विजो युक्तोह्यनापदि ॥१००॥

अस्पष्ट न पढे और शूद्रों के पास बैठ कर न पढ़ा करे और प्रभात काल पढ़ कर थका हुवा फिर शयन न करे॥९९॥ यथोक्त विधि से नित्य गायत्र्यादि छन्दों से युक्त मन्त्र पढ़े और द्विजमात्र अनापत्तिकाल मे साधारण वेदपाठ और छन्दोयुक्त मन्त्र नियम पूर्वक पढ़ा करे॥१००॥

इमान्नित्यमनध्यायानधीयानो विवर्जयेत् ।
अध्यापनं च कुर्वाणः शिष्याणां विधिपूर्वकम्॥१०१॥
कर्णश्रवेऽनिले रात्रौ दिवा पांसुसमूहने ।
एतौ वर्षास्वनध्यायावध्यायज्ञाः प्रचक्षते ॥१०२॥

इन आगे कहे अनध्यायों को सर्वदा यथोक्तविधि से पढ़ने वाला और शिष्यों को पढ़ाने वाला (गुरु) छोड़ देवे ॥१०१॥ रात्रि में कान मे शब्द करने वाले वायु के चलते हुवे और दिन मे गर्द उड़ाने वाले वायु के चलते हुवे, ये वर्षा ऋतु मे दो अनध्याय स्वाध्यायज्ञ (मुनि) कहते हैं ॥१०२॥

"विद्युत्स्तनितवर्षेषु महोल्कानां च संप्लवे ।
आकालिकमनध्यायमेतेषु मनुरब्रवीत् ॥१०३॥"
एतांस्त्वभ्युदितान्विद्याद्यदा प्रादुष्कृताग्निषु ।
तदा विद्यादनध्यायमनृतौ चाभ्रदर्शने ॥१०४॥

बिजुली गरजते हुवे वर्षा मे और उल्काओं के गिरने मे अनध्याय उस समय तक करे जिस समय तक ये उत्पात वा वर्षा होते

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

रहें। ऐसा मनु कहते हैं॥' (यह श्लोक भी स्पष्ट मनुप्रोक्त नहीं है तथा १०५-१०६ से पुनरुक्त भी है)॥१०३॥ इन विद्युदादि को अग्निहोत्र के होम समय उत्पन्न होते जाने तो न पढ़े और उसी समयमें विना वर्षा ऋतुके बादल दीखे तो भी अनध्याय करे॥१०४॥

निर्घाते भूमिचलने ज्योतिषां चोपसर्जने।
एतानाकालिकान्विद्यादनध्यायानृतावपि ॥१०५॥
प्रादुष्कृतेष्वग्निषु तु विद्युत्स्तनितनिःस्वने।
सज्योतिः स्यादनध्यायः शेषे रात्रौ यथा दिवा ॥१०६॥

अन्तरिक्ष मे उत्पात शब्द होने और भूकम्प और सूर्यादिकों के उपद्रव में जिन ऋतुओं में भूकम्पादि हुवा करते हों उन में भी जब तक उपद्रव रहे तब तक अनध्याय करे॥१०५॥ होमार्थ अग्नि प्रकट होने के समय बादल मे बिजुली का शब्द हो तो दिन भर का अनध्याय करे और शेष समयो वा रात्रि मे पूर्वोक्त दिन के समान "आकालिक" अनध्याय करे॥१०६॥

नित्यानध्याय एव स्याद्ग्रामेषु नगरेषु च।
धर्मनैपुण्यकामानां पूतिगन्धे च सर्वदा ॥१०७॥
अन्तर्गतशवे ग्रामे वृषलस्य च सन्निधौ।
अनध्यायो रुद्यमाने समवाये जनस्य च ॥१०८॥

धर्म की अतिशय इच्छा वालो को ग्राम वा नगर मे सर्वदा अनध्याय (किन्तु एकान्त जङ्गल मे पढना उत्तम है) और दुर्गन्ध में कभी पढ़ना नहीं चाहिये॥१०७॥ जिस मे मुर्दा पड़ा हो ऐसे छोटे ग्राम में और अधर्मी के पास और रोने तथा भीड में न पढ़े॥१०८॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

'उदके मध्यरात्रे च विण्मूत्रस्य विसर्जने ।
उच्छिष्ट' श्राद्धभुक्चैव मनसाऽपि न चिन्तयेन् ॥१०९॥
प्रतिगृह्य द्विजो विद्वानेकोद्दिष्टस्य केतनम् ।
त्र्यहं न कीर्तयेद्‌ब्रह्म राज्ञो राहोश्च सूतके ॥११०॥'

"जल और मध्य रात्रि मे और मल ,त्र करने के समय और भोजनादि करके झूंठे मुंह और श्राद्ध में भोजन करके वेद को मन मे भी याद न करे ॥१०९॥ विद्वान् ब्राह्मण एकोदिष्ट श्राद्ध का निमन्त्रण ग्रहण करके तीन दिन वेद का अध्ययन न करे और राजा के (पुत्रजन्मादि के) सूतक तथा राहू के सूतक मे तीन दिन अनध्याय करे ॥११०॥"

"यावदेकानुदिष्टस्य गन्धोलेपश्च तिष्ठति ।
विप्रस्य विदुषो देहे तावद् ब्रह्म न कीर्तयेत् ॥१११॥
शयान. प्रौढपादश्च कृत्वा चैवावसक्थिकाम् ।
नाधीयीतामिषं जग्ध्वा सूतकान्नाद्यमेव च ॥११२॥"

"जब तक एकोदिष्ट का देह में गन्ध और लेप रहता है विद्वान् ब्राह्मण तब तक वेद न पढ़े ॥१११॥ लेटा हुआ और पैरों को ऊंचा किये, बैठनेमे दोनों पैरों को भीतर की ओर मोड़े हुवे, मांस तथा सूतकियों का अन्न भोजन करके भी न पढ़े ॥११२॥"

"नीहारे बाणशब्दे च संध्ययोरेव चोभयो ।
अमावास्याचतुर्दश्यो पौर्णमास्यष्टकासु च ॥११३॥
अमावास्या गुरुं हन्ति शिष्यं हन्ति चतुर्दशी ।
ब्रह्माऽष्टकापौर्णमास्यौ तस्मात्ता. परिवर्जयेत् ॥११४॥"

कुहर में और ब्राह्मणों के शब्द में तथा दोनो सन्ध्याओ में अमावास्या तथा चतुदर्शी और पूर्णमासी और हेमन्त शिशिर की कृष्ण अष्टमी मे नपढ़े ॥११३॥ क्योंकि अमावस्या (को पढ़ने मे)

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

गुरुको नष्ट करती है और चतुर्दशी शिष्य को और वेदको अष्टमी पौर्णमासी नष्ट करती हैं ॥११४॥'

पांशुवर्षे दिशादाहे गोमायुविरुते तथा ।
श्वखरोष्ट्रे च रुवति पंक्तौ च न पठेद् द्विजः॥११५॥
नाधीयीत श्मशानान्ते ग्रामान्ते गोव्रजेऽपि वा ।
"वसित्वा मैथुनं वासः श्राद्धिकंप्रतिगृह्य च"॥११६॥

धूल वर्षने और दिशाओं के जलने और सियारों के चिल्लाने और कुत्ता, ऊंट, गधे के शब्द करने और पंक्तियों में द्विज वेद न पढ़ा करे ॥११५॥ श्मशान और ग्राम के समीप तथा गोशाला मे न पढ़े, और मैथुन समय के वस्त्रों को पहन कर और श्राद्धान्न को भोजन करके न पढ़े ॥११६॥

'प्राणि वा यदि वाऽप्राणि यत्किंचिच्छ्राद्धकं भवेत् ।
तदालभ्याप्यनध्याय पाण्यास्यो हि द्विज स्मृत "॥११७॥
चौरैरुपप्लुते ग्रामे संभ्रमे चाग्निकारिते ।
आकालिकमनध्यायं विद्यात्सर्वाद्भुतेषु च ॥११८॥

"श्राद्धसम्बन्धी पशु वा शाकादि को हाथ में काट कर बनार कर न पढ़े । क्यों कि ब्राह्मण "पाण्यास्य" (अर्थात् हाथ ही हैं मुख जिसका) कहा है ॥११७॥" चोरों के उपद्रवमे ग्राममे, और मकान इत्यादि जलते समय मे पूर्वोक्त आकालिक अनध्याय जाने और संपूर्ण अद्भुत कर्मों के होने में भी ॥११८॥

उपाकर्मणि चोत्सर्गे त्रिरात्रं क्षेपणं स्मृतम् ।
अष्टकासु त्वहोरात्रमृत्वन्तासु च रात्रिषु ॥११९॥
नाधीयीताश्वमारूढो न वृक्षं न च हस्तिनम् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

न नावं न खरं नोष्ट्र नेरिणस्थो न यानगः॥१२०॥

उपाकर्म और उत्सर्ग में तीन रात्रि अनध्याय कहा है। अष्टकाओं मे एक दिन रात्रि और ऋतुके अन्त की १ रात्रिमें अनध्याय करे॥११९॥ घोड़े पर बैठा हुवा और वृक्ष पर चढ़ा हुआ न पढ़े और हाथी, नाव, गधा, ऊंट, और ऊषर भूमि और गाड़ी आदि पर भी बैठ कर न पढे॥१२०॥

न विवादे न कलहे न सेनायां न सङ्गरे।
न भुक्तमात्रेनाजीर्णे न वमित्वा न सूतके॥१२१॥
अतिथिं चाऽननुज्ञाप्य मारुतेवाति वा भृशम्।
रुधिरे च स्रुते गात्राच्छस्त्रेण च परिक्षते॥१२२॥

विवाह मे, झगडे मे सेना में, लड़ाई मे तत्काल भोजन करके अजीर्ण मे वमन करके और सूतक मे न पढ़े॥१२१॥ अतिथि की आज्ञा विना वायु के बहुत प्रचण्ड चलने और शस्त्रसे वा फोड़े से शरीरका रक्त निकलते (न पढ़े)॥१२२॥

सामध्वनावृग्यजुषी नाधीयीत कदाचन।
वेदस्याधीत्य वाप्यन्तमारण्यकमधीत्य च॥१२३॥

"ऋग्वेदो देवदैवत्यो यजुर्वेदस्तु मानुषः।
सामवेदः स्मृतः पित्र्यस्तस्मात्तस्याऽशुचिर्ध्वनिः॥१२४॥

साम की ध्वनि मे ऋग्वेद और यजुर्वेद कभी न पढ़े और वेदान्त वा वेद के आरण्यक को पढ़ कर (तत्काल) वेद न पढ़े॥१२३॥"ऋग्वेद देवताओंका है यजुर्वेद मनुष्यसम्बन्धी और पितृसम्बन्धी साम है। इसकारण उसकीध्वनि अशुचि है [ऋग्यजुसाम के पाठ से पढ़ने वाला जान सकता है कि उन मे देव मनुष्य और

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

पितरों का इस क्रम से वर्णन नहीं है जैसा श्लोक में बताया जाता है इस लिये यह वेद विरुद्ध है] ॥१२४॥

एतद्विदन्तो विद्वांसस्त्रयीनिष्कर्षमन्वहम् ।
क्रमतः पूर्वमभ्यस्य पश्चाद्वेदमधीयते ॥१२५॥
पशुमण्डूकमार्जारश्वसर्पनकुलाखुभिः ।
अन्तरागमने विद्यादनध्यायमहर्निशम् ॥१२६॥

इस प्रकार जानने वाले विद्वान् प्रतिदिन गायत्री, ओ३म् और व्याहृति, इस वेद के सार को क्रमपूर्वक प्रथम जप कर पश्चात् वेद को पढ़ते हैं ॥१२५॥ बैल इत्यादि पशु मेंढक बिल्ली, कुत्ता, सांप, नेवला चूहा ये पढ़ते समय (गुरु शिष्य) के बीच मे होकर निकल जावें तो दिन रात्रि अनध्याय करे ॥ (पशु आदि सब मनुष्योंसे डरते और बैठे मनुष्योंके बीच मे नहीं निकलते हैं और जब निकलते हैं तो कुछ उपद्रव और अपवित्रता हो जाती है इत्यादि कारण हैं। और अगलेश्लोकमे मनु जी ने सब अनध्यायों को दो बातों के अन्तर्गत कर दिया है अर्थात् एक तो जब २ पढ़ने के स्थान में कोई बाह्य विघ्न हो दूसरे जब २ आत्मा मे व्यग्रता आजावे) ॥१२६॥

द्वावेव वर्जयेन्नित्यमनध्यायौ प्रयत्नतः ।
स्वाध्यायभूमिं च शुद्धामात्मानं चाशुचिं द्विजः ॥१२७॥
अमावास्यामष्टमीं च पौर्णमासीं चतुर्दशीम् ।
ब्रह्मचारी भवेन्नित्यमप्यृतौस्नातको द्विजः ॥१२८॥

(वस्तुतः) दो ही अनध्याय सर्वदा यत्नपूर्वक छोड़े। एक पढ़ने की अशुद्ध जगह और दूसरे आप पढ़ने वाला द्विज अपवित्र

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

है। तब (अर्थात् अच्छे स्थान में और आप पवित्र होकर पढ़े) [अनध्याय प्रकरण समाप्त हुआ] ॥१२७॥ अमावस्या अष्टमी पौर्णमासी और चतुर्दशी इन तिथियों में पूर्वोक्त स्नातक द्विज ऋतु काल में भी भार्या के पास न जावे ॥१२८॥

न स्नानमाचरेद्भुक्त्वा नातुरो न महानिशि ।
न वासोभिः सहाजस्रं नाऽविज्ञाते जलाशये ॥१२९॥

देवतानां गुरोराज्ञः स्नातकाचार्ययोस्तथा ।
नाक्रामेत्कामतश्छाया बभ्रुणो दीक्षितस्य च॥१३०

भोजन करके, रोग मे मध्यरात्रिमें, कपड़ों के साथ और जहां पानी गहरा हो और विदित न हो ऐसे जलाशय में स्नान न करे ॥१२९॥ देव = प्रसिद्ध२ विद्वान् और गुरु, राजा स्नातक आचार्य, कपिल, दीक्षित इन की छाया इच्छा से न लांघे (इस से इन का अनादर होता है) ॥१३०॥

"मध्यन्दिनेऽर्धरात्रे वा श्राद्धं भुक्त्वा च सामिषम् ।
सन्ध्ययोरुभयोश्चैव न सेवेत चतुष्पथम् ॥१३१॥"

दोपहर दिन आधी रात्रि और श्राद्धमें मांसभोजन करके और दोनो सन्ध्याओं मे चौराहे पर अधिक काल तक न रहे ॥

(१०९ । ११० । १११ । ११२ । ११३ । ११४ । आधा ११६ । ११७ । १२४ । १३१ । ये श्लोक प्रक्षिप्त है क्योंकि जल में पढना किसी को इष्ट ही नही । मध्यरात्रि शयनार्थ है ही । विष्ठा मूत्र के त्याग समय सभी काम पूर्व निषिद्ध कर आये फिर भला वेदपाठ का निषेध कहां रह गया झूंठे मुंह कहीं जाना तक निषिद्ध है, फिर वेदाध्ययन कैसा ? मांस और मृतक श्राद्धनिषिद्ध और वेदवाह्य

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

है ये सर्वत्र ही निन्दित हैं, स्वाध्याय में क्या ? मांस भक्षण ब्रह्मचारी को विशेषतः और सामान्यता सबही को प्रथम निषिद्ध कर आये हैं और करेंगे। फिर मास खाकर वेद न पढे यह कथन कैसा निरंकुश है। अमावास्यादि का पाठ पर्व होने से ही वर्जित है। परन्तु गुरु शिष्य वा विद्या की हानि और नाश लिखना अनर्गल है। ब्रह्मचारी को मैथुन ही अप्राप्त है फिर मैथुन के वस्त्र धारे हुवे वेद पाठ निषेधकी क्या आवश्यकता है। प्राणिवध वर्जित है, तब वेदपाठी को उसकी आशङ्का ही क्या है। १२४मे ऋग्वेदको देवयजु को मानुष साम को पित्र्य बताना सकल वैदिक सिद्धान्त के विरुद्ध है। न ३ वेदों में इन ३ की कोई विशेषता पाई जाती है। १३१ वे मे मांस और श्राद्धभोजी का अनध्याय प्रक्षेपक से भी पुनरुक्त है। १११ मेंनन्दन टीकाकार ने (गन्धोलिपश्र=स्नेहोगन्धश्च) व्याख्यात कियाहै। यह्पाठ भेदभी प्रक्षिप्तताके संशयको दृढ़ करता है)॥१३१॥

उद्वर्तनमपस्नानं विण्मूत्रे रक्तमेव च।
श्लेष्मनिष्ठ्यूतवान्तानि नाधितिष्ठेत्तु कामतः ॥१३२॥

उबटनके मैलकी पीठी स्नानका पानी, मल, मूत्र, रक्त कफ पीक और वमन, इन के ऊपर जान कर खड़ा न होवे ॥१३२॥

वैरिणं नोपसेवेत सहायं चैव वैरिणः।
अधार्मिकं तस्करं च परस्यैव च योषितम्। १३३॥

न ीदृशमनायुष्यं लोके किञ्चन विद्यते।
यादृशं पुरुषस्येह परदारोपसेवनम् ॥१३४॥

शत्रु और उसके सहायक से और अधर्मी चोर तथा पराई स्त्री से मेल न रक्खे ॥१३३॥ इस प्रकार का आयुक्षय करनेवाला

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

संसार में कोई कर्म नहीं है जैसा (मनुष्य की आयु घटाने वाला) दूसरे की स्त्री का सेवन है ॥१३४॥

क्षत्रियं चैव सर्पं च ब्राह्मणं च बहुश्रुतम् ।
नावमन्येत वैभूष्णुः कृशानपि कदाचन ॥१३५॥

एतत्त्रयं हि पुरुषं निर्दहेदवमानितम् ।
तस्मादेतत्त्रयं नित्य नावमन्येत बुद्धिमान् ॥१३६॥

(धर्मादि से) वृद्धि चाहने वाला क्षत्रिय, सर्प और बहुश्रुत ब्राह्मण दुबले भी हों तो भी इन का अपमान न करे ॥१३५॥ ये तीन अपमान करने से अपमान करने वाले को भस्म कर देते हैं। इस से बुद्धिमान् इन का अपमान न करे ॥१३६॥

नात्मानमवमन्येत पूर्वाभिरसमृद्धिभिः ।
आमृत्योः श्रियमन्विच्छेन्नैनां मन्येत दुर्लभाम् ॥१३७॥

सत्यं ब्रूयात्प्रियं ब्रूयान्न ब्रूयात् सत्यमप्रियम् ।
प्रियं च नानृतं ब्रूयादेष धर्मः सनातनः ॥१३८॥

यत्न करने से द्रव्य न मिले तो भी अपने को अभागी कह कर अपना अपमान न करे, किन्तु मरने तक सम्पत्ति के लिये यत्न करे इस को दुर्लभ न जाने ॥१३७॥ सच बोले, प्रिय बोले और जो प्रिय न हो ऐसा न बोले (मौन रहे) और असत्य प्रिय भी न बोले, यह सनातनधर्म है ॥१३८॥

भद्रं भद्रमिति ब्रूयाद्भद्रमित्येव वा वदेत् ।
शुष्कवैरं विवादं च न कुर्यात्केनचित्सह ॥१३९॥

नातिकल्पं नातिसायं नातिमध्यंदिने स्थिते ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

नाऽज्ञाते न समं गच्छेन्नैको न वृषलैः सह ।१४०।

भद्र भद्र (अच्छा बहुत अच्छा) कहे या केवल "अच्छा" ही कहे, किन्तु निष्प्रयोजन वैर वा झगड़ा किसीसे न करे ॥१३९॥ सवेरे उषः काल और प्रदोष समय में तथा दोपहर दिन को और अनजान के साथ तथा अकेला और शूद्रों के साथ मार्ग न चले ॥१४०॥

हीनाङ्गानतिरिक्ताङ्गान्विद्याहीनान्वयोऽधिकान् ।
रूपद्रव्यविहीनांश्च जातिहीनांश्च नाक्षिपेत् ॥१४१॥

न स्पृशेत्पाणिनोच्छिष्टो विप्रो गोब्राह्मणानलान् ।
न चापि पश्येदशुचिः सुस्थो ज्योतिर्गणान्दिवि ॥१४२॥

अङ्गहीन, अधिक अङ्ग वाले, मूर्ख, वृद्ध, कुरूप तथा द्रव्य हीन और जाति से हीन को ताना न दे ॥१४१॥ भोजन करके झूठे हाथों से इन्द्रियों, ब्राह्मणो और अग्नि का स्पर्श न करे। व्याधिरहित पुरुष अपवित्र हुवा आकाशमे सूर्यादिको न देखे।१४२।

स्पृष्ट्वैतानशुचिर्नित्यमद्भिः प्राणानुपस्पृशेत् ।
गात्राणि चैवसर्वाणि नाभिं पाणितलेन तु ॥१४३॥

अनातुरः स्वानि खानि न स्पृशेदनिमित्ततः ।
रोमाणि च रहस्यानि सर्वाण्येव विवर्जयेत् ॥१४४॥

यदि अपवित्र हुवा पुरुष भूल से इन इन्द्रियादि का स्पर्श करले तो आचमन कर हाथ से जल लेकर चक्षुरादि का स्पर्श करे और सम्पूर्णगात्र तथा नाभि को स्पर्श (करना रूप प्रायश्चित्त) करे ॥१४३॥ स्वस्थ मनुष्य अपने इन्द्रियों और सब गुप्त वालों

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

को विना निमित्त न छुवे ॥१४४॥

मङ्गलाचारयुक्तः स्यात्प्रयतात्मा जितेन्द्रियः ।
जपेच्च जुहुयाच्चैव नित्यमग्निमतन्द्रितः ॥१४५॥
मङ्गलाचारयुक्तानां नित्यं च प्रयतात्मनाम् ।
जपतां जुहतां चैव विनिपातो न विद्यते ॥१४६॥

शुभाचारयुक्त, शुचि तथा जितेन्द्रिय रहे। सर्वदा आलस्य रहित होकर जप और अग्निहोत्र करे ॥१४५॥ शुभ आचारयुक्त और सर्वदा पवित्र रहने वाले और जप तप तथा होम करने वालों को उपद्रव (रोगादि) नहीं होता ॥१४६॥

वेदमेवाभ्यसेन्नित्यं यथाकालमतन्द्रितः ।
तं ह्यस्याहुः परंधर्ममुपधर्मोऽन्य उच्यते ॥१४७॥
वेदाभ्यासेन सततं शौचेन तपसैव च ।
अद्रोहेण च भूतानां जातिं स्मरति पौर्विकीम् ॥१४८॥

सर्वदा आलस्यरहित होकर यथावसर वेद ही को पढे। क्योंकि यह इसका परमधर्म कहा है और दूसरा धर्म इससे नीचे है ॥१४७॥ निरन्तर वेदाभ्यास करने, शुचि रहने तप करने और जीवों के साथ द्रोह न करने से (अपने) पूर्व जन्म का ज्ञान जाता है ॥१४८॥

पौर्विकीं संस्मरञ्जातिं ब्रह्मैवाभ्यसते पुनः ।
ब्रह्माभ्यासेन चाजस्रमनन्तं सुखमश्नुते ॥१४९॥
सावित्राञ्छान्तिहोमांश्च कुर्यात् पर्वसु नित्यशः ।
पितृंश्चैवाष्टकास्वर्चेन्नित्यमन्वष्टकासु च ॥१५०॥

पूर्व जन्म को स्मरण करता हुवा पुन नित्य वेद ही का

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अभ्यास करता है। उस वेदाभ्यास से अनन्त सुख (मोक्ष) को भोगता है ॥१४९॥ सविता देवता के मन्त्र और शान्तिपाठ से सर्वत्र अमावास्या तथा पौर्णमासी आदि पर्वों मे होम करे और हेमन्त शिशिर ऋतु की कृष्णा अष्टमी और नवमियों मे यथाविधि पितरों का (विशेष) पूजन करे। (नन्दन टीकाकार ने सावित्रान-साविष्या' पाठ की व्याख्या की है) जिस प्रकार नित्य भी गुरु का सत्कार करते ही हैं परन्तु आषाढी गुरुपूर्णिमा मे विशेष गुरु पूजन की रीति है। इसी प्रकार माता पिता आदि के नित्य सत्कार के अतिरिक्त हेमन्त और शिशिर की कृष्णपक्ष की ४ अष्टमी और ४ नवमियों मे पितृपूजा का विशेष उत्सव जानो ॥१५०॥

दूरादावसथान्मूत्रं दूरात्पादावसेचनम् ।
उच्छिष्टान्ननिषेकं च दूरादेव समाचरेत् ॥१५१॥
मैत्रं प्रसाधनं स्नानं दन्तधावनमञ्जनम् ।
पूर्वाह्ण एव कुर्वीत देवतानां च पूजनम् ॥१५२॥

गृह से मल, मूत्र और पैर धोना और जूठन का त्याग भी दूर ही करे ॥१५१॥ मल का त्याग शरीर शुद्धि, स्नान दन्तधावन अञ्जन और देवतोंके लिये होम ये कर्म प्रथम पहर मे करे ।१५२।

दैवतान्यभिगच्छेत्तु धार्मिकांश्च द्विजोत्तमान् ।
ईश्वरं चैव रक्षार्थं गुरूनेव च पर्वसु ॥१५३॥
अभिवादयेद् वृद्धांश्च दद्याच्चैवासनं स्वकम् ।
कृताञ्जलिरुपासीत गच्छतः पृष्ठतोऽन्वियात् ॥१५४॥

यज्ञशालाओं धार्मिक ब्राह्मणों और गुरुओं के मिलने वा ईश्वर की उपासना को अपनी रक्षा के लिये पर्वों मे जावे ॥१५३॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

(घर में आये) वृद्धों को नमस्कार करे और बैठने के लिये अपना आसन देवे और हाथ जोड़ कर उन के पास रहे और चलते हुओं के पीछे २ (थोड़ी दूर) चले ॥१५४॥

श्रुतिस्मृत्युदितं सम्यङ् निबद्धं स्वेषु कर्मसु ।
धर्ममूलं निषेवेत सदाचारमतन्द्रितः ॥१५५॥
आचाराल्लभते ह्यायुराचारादीप्सिताः प्रजाः ।
आचाराद्धनमक्षय्यमाचारो हन्त्यलक्षणम् ॥१५६॥

वेद और स्मृति में कहा हुवा और अपने कर्मों में नियम से बांधा हुआ और धर्म का मूल जो सदाचार है, उस को आलस्य रहित होकर सेवन करे ॥१५५॥ आचार से आयु, इच्छित (पुत्र पौत्रादि) सन्तति तथा अक्षय धन प्राप्त होता है और आचार अशुभ लक्षण को नष्ट करता है ॥१५६॥

दुराचारो हि पुरुषो लोके भवति निन्दितः ।
दुःखभागी च सततं व्याधितोऽल्पायुरेव च ॥१५७॥
सर्वलक्षणहीनोऽपि यः सदाचारवान्नरः ।
श्रद्दधानोऽनसूयश्च शतं वर्षाणि जीवति ॥१५८॥

दुष्ट आचरण करने वाला पुरुष लोक में निन्दित, दुःख का भागी, निरन्तर रोगी रहता तथा अल्पायु भी होता है ॥१५७॥ साधुओं के आचार करने वाला, श्रद्धायुक्त और दूसरों के दोषों को न कहने वाला पुरुष चाहे सम्पूर्ण अन्य शुभ लक्षणों से रहित भी हो तौ भी सौ वर्ष जीता है (तात्पर्य बड़ी आयु से है) ॥१५८॥

यद्यत्परवशं कर्म तत्तद्यत्नेन वर्जयेत् ।
यद्यदात्मवशं तु स्यात्तत्तत्सेवेत यत्नतः ॥१५९॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सर्वं परवशं दुःखं सर्वमात्मवशं सुखम् ।
एतद्विद्यात्समासेन लक्षणं सुखदुःखयोः ॥१६०॥

जो २ कर्म दूसरे के आधीन है उन २ को यत्न से छोड़ देवे और जो २ अपने आधीन है, उनको यत्न से करे ॥१५९॥ दूसरे के आधीन होना ही सम्पूर्ण दुःख है और स्वाधीनता ही सम्पूर्ण सुख है। यह सुख दुःख का संक्षिप्त लक्षण जाने ॥१६०॥

यत्कर्म कुर्वतोऽस्य स्यात्परितोषोन्तरात्मनः ।
तत्प्रयत्नेन कुर्वीत विपरीतं तु वर्जयेत् ॥१६१॥
आचार्यं च प्रवक्तारं पितरं मातरं गुरुम् ।
न हिंस्याद्ब्राह्मणान्गाश्चसर्वांश्चैव तपस्विनः ।१६२।

जिस कर्मके करने से इस (कर्म करने वाले पुरुष) का अन्तरात्मा प्रसन्न होवे वह कर्म यत्नपूर्वक करे और इसके विपरीत कर्मों को छोड़ दे ॥१६१॥ आचार्य वेद की व्याख्या करने वाला, पिता, माता, गुरु, ब्राह्मण, गौ और सम्पूर्ण तपस्वी, इनको न मारे (अन्य प्राणियों की अपेक्षा ये अधिक उपकारक होने से विशेष हैं) ॥१६२॥

नास्तिक्यं वेदनिन्दां च देवतानां च कुत्सनम् ।
द्वेषं दम्भं च मानं च क्रोधं तैक्ष्ण्यं च वर्जयेत् ।१६३।
परस्य दण्डं नोद्यच्छेत्क्रुद्धोनैव निपातयेत् ।
अन्यत्र पुत्राच्छिष्याद्वा शिष्ट्यर्थं ताडयेत्तु तौ ॥१६४॥

नास्तिकता और वेद की निन्दा तथा देवतों की निन्दा, वैर, दम्भ, अभिमान, क्रोध और तेजी छोड़दे ॥१६३॥ दूसरे के मारने को क्रोधयुक्त हुआ दण्डा न उठावे और (दूसरे के ऊपर) लाठी न

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

फेंके परन्तु पुत्र और शिष्य को छोड़कर, क्योंकि इनको तो शिक्षा के लिये ताड़ना करे ही ॥१६४॥

ब्राह्मणायावगुर्यैव द्विजातिर्वधकाम्यया ।
शतं वर्षाणि तामिस्रे नरके परिवर्तते ॥१६५॥
ताडयित्वा तृणेनापि संरम्भान्मतिपूर्वकम् ।
एकविंशतिमाजातीः पापयोनिषु जायते ॥१६६॥

प्राणघात के विचार से ब्राह्मण को दण्डादि उठाने ही से द्विजाति सौ वर्ष तामिस्र—अन्धनरक मे फिराया जाता है ॥१६५॥ क्रोध से तृण द्वारा भी बुद्धि पूर्वक मारने से २१ पाप योनियों में जन्मता है ॥१६६॥

अयुध्यमानस्योत्पाद्य ब्राह्मणस्यासृगङ्गतः ।
दुःखं सुमहदाप्नोति प्रेत्याऽप्राज्ञतया नरः ॥१६७॥
शोणितं यावतः पांसून्संगृह्णाति महीतलात् ।
तावतोऽब्दानमुत्रान्यैः शोणितोत्पादकोऽद्यते ॥१६८॥

न लड़ने वाले ब्राह्मणके शरीर से अज्ञान से रक्त निकाल कर मनुष्य मरकर जन्मान्तरमें बडा दुःख पाता है ॥१६७॥ (शास्त्रादिके मारने से निकला हुआ ब्राह्मण के शरीर का) रुधिर, जितने पृथ्वी के धूल के अणुओं को शोषता है उतने वर्ष पर्य्यन्त मारने वाला अन्यों (कुत्ते आदि) से मरकर जन्मान्तर मे खाया जाताहै ।१६८।

न कदाचिद् द्विजे तस्माद्विद्वानवगुरेदपि ।
न ताडयेत्तृणेनापि न गात्रात्स्रावयेदसृक् ॥१६९॥
अधार्मिको नरो योहि यस्य चाप्यनृतं धनम् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

हिंसारतश्च यो नित्यं नेहाऽसौ सुखमेधते ॥१७०॥

इसलिये द्विज के मारने को कभी लाठी भी न उठावे और न तृणादि से मारे और न शरीर से रक्त निकाले ॥१६९॥ अधर्म करने वाला और जिस के असत्य ही धन है और जो नित्य हिंसा करने में रत रहता है वह इस लोकमें सुखपूर्वक नहीं बढता ।१७०।

न सीदन्नपि धर्मेण मनोऽधर्मे निवेशयेत् ।
अधार्मिकाणां पापानामाशुः पश्यन्विपर्ययम् ॥१७१॥

नाधर्मश्चरितो लोके सद्यः फलति गौरिव ।
शनैरावर्तमानस्तु कर्तुर्मूलानि कृन्तति ॥१७२॥

अधर्म करने वाले पापियों को शीघ्र विपर्यय अर्थात् उलटा फल देखता हुआ धर्म करने मे पीडित होता है तौ भी मन को अधर्म में न लगावे ॥१७१॥ इस लोक में अधर्म किया हुआ उसी समयमें नहीं फलता जैसे पृथ्वी वा गौ(उसी समय फल नहीं देती) परन्तु धीरे २ फलता हुआ अधर्म करने वाले की जड़े काट देता है ॥१७२॥

यदि नात्मनि पुत्रेषु न चेत् पुत्रेषु नप्तृषु ।
न त्वेव तु कृतोऽधर्मः कर्तुर्भवति निष्फलः ॥१७३॥
अधर्मेणैधते तावत्ततो भद्राणि पश्यति ।
ततः सपत्नाञ्जयति समूलस्तु विनश्यति ॥१७४॥
सत्यधर्मार्यवृत्तेषु शौचे चैवारमेत्सदा ।
शिष्यांश्च शिष्याद्धर्मेण वाग्बाहूदरसंयतः ॥१७५॥
परित्यजेदर्थकामौ यौ स्यातां धर्मवर्जितौ ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

धर्मं चाप्यसुखोदर्कं लोकविक्रुष्टमेव च ॥१७६॥

किया हुआ अधर्म करने वाले को निष्फल नहीं होता किन्तु यदि तत्काल देह धर्मादि का नाश नहीं भी करे तो उसके पुत्र मे सफल होता है । यदि पुत्र मे न हो तो पौत्र मे सफल होता है ॥१७३॥ अधर्म से पहिले तो बढता है, फिर कल्याणो को देखता है (अर्थात् नौकर चाकर गाय गोडा इत्यादि से सुख भी पाता है) और शत्रुओ को भी जीतता है परन्तु फिर (पापके परिपाकसमय) मूल सहित नष्ट हो जाता है ॥१७४॥ सत्य धर्म सदाचार और शौच मे सर्वदा प्रीति करे और धर्म से शिष्यों को शिक्षा देवे और वाणी बाहु उदर इनका संयम करे (अर्थात् सत्यभाषण, दूसरे को पीड़ा न देना और न्यायोपार्जित अन्न का भोजन ऐसे तीनों का संयम करे) ॥१७५॥ धर्मरहित जो अर्थ और काम हो उनको त्याग दे (जैसे चोरी से द्रव्योपार्जन और पर-स्त्री से गमन) और उत्तर काल मे दुःख का देने वाला और जिसमे लोगों को क्लेश हो ऐसा धर्म भी न करे जैसे पुत्र पौत्रादि के रहते सर्वस्व दान और पुण्य धर्म की सहायतार्थ भी किसी को अत्यन्त सताना) ॥१७६॥

न पाणिपादचपलो न नेत्रचपलोऽनृजुः ।
न स्याद्वाक्चपलश्चैव न परद्रोहकर्मधीः ॥१७७॥
येनास्य पितरो याता येन याताः पितामहाः ।
तेन यायात्सतां मार्गं तेन गच्छन्न रिष्यते ॥१७८॥

निष्प्रयोजन हाथ पैर वाणी से चञ्चलता न करे, कुटिल न होवे और दूसरे को बुराई की बुद्धि (नियत) न करे ॥१७७॥ जिस मार्ग से इसके पिता पितामह चलते रहे हैं उसी सन्मार्ग मे चले, उस मे चलते की बुराई नहीं होती ॥१७८॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ऋत्विक्पुरोहिताचार्यैर्मातुलातिथिसंश्रितैः ।
बालवृद्धातुरैर्वैद्यैर्ज्ञातिसंबन्धिबान्धवैः ॥१७९॥
मातापितृभ्यां यामीभिर्भ्रात्रा पुत्रेण भार्यया ।
दुहित्रा दासवर्गेण विवादं न समाचरेत् ॥१८०॥

ऋत्विज्, पुरोहित, आचार्य माता अतिथि भिक्षुकादि बाल वृद्ध रोगी वैद्य, चाचा इत्यादि, साला इत्यादि और मां के पिता= नाना मामा आदि ॥१७९॥ मां बाप बहन, या पुत्र वधू आदि, भ्राता पुत्र स्त्री लड़की और नौकरों से झगड़ा न करे ॥१८०॥

एतैर्विवादान्संत्यज्य सर्वपापैः प्रमुच्यते ।
एभिर्जितैश्च जयति सर्वांल्लोकानिमान्गृही ॥१८१॥
आचार्यो ब्रह्मलोकेशःप्राजापत्ये पिताप्रभुः ।
अतिथिस्त्विन्द्रलोकेशोदेवलोकस्यचर्त्विजः ॥१८२॥

गृहस्थ इन (ऋत्विजादि) के साथ विवाद को छोड़कर सब टन्टों से छूटा रहता है और इनके जीतने से इन सब संसारस्थ लोगों को जीत लेता है (किन्तु जो घरमें लड़ता है वह बाहर हारे ही गा) ॥१८१॥ "आचार्य" ब्रह्म=वेदलोक का स्वामी है (उसके सन्तुष्ट होने से वेद प्राप्त होता है) ऐसे ही प्रजापति लोक के "पिता" स्वामी है और "अतिथि" इन्द्रलोकका प्रभु है। देवलोक के प्रभु "ऋत्विज" हैं इन्हीके अनुग्रहसे इनकी प्राप्ति होती है॥ (पिता उत्पादक होने से प्रजा का पति है। इन्द्र तत्व सम्बन्धिनी बुद्धिका उपदेशकहोने से अतिथि इन्द्रलोकेश कहा। ऋत्विज् यज्ञ करा कर वायु आदि देव लोक की सदऽवस्था करते है) ॥१८२॥

जामयोऽप्सरसां लोके वैश्वदेवस्य बान्धवाः ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सम्बन्धिनोह्यपांलोके पृथिव्यां मातृमातुलौ ॥१८३॥
आकाशेशास्तुविज्ञेया बालवृद्धकृशातुराः ।
भ्राता ज्येष्ठः समः पित्रा भार्या पुत्रः स्वकातनुः॥१८४॥

भगिनी और पुत्र वधू आदि अप्सरा लोक की स्वामिनी हैं। और वैश्वदेव लोक के बान्धव और जललोक के सम्बन्धी लोग और भूलोक के मां और मामा स्वामी हैं (इन सब की कृपा से इन की प्राप्ति होती है) ॥१८३॥ और बालक वृद्ध कृश, आतुर ये आकाश के स्वामी (निराधार) हैं। और ज्येष्ठ भ्राता पिता के तुल्य है। भार्या और पुत्र अपने शरीर के तुल्य है (इससे इनसे विवाद करना उचित नहीं) ॥१८४॥

छायास्वोदासवर्गश्च दुहिता कृपणं परम् ।
तस्मादेतैरधिक्षिप्त सहेताऽसंज्वरः सदा ॥१८५॥
प्रतिग्रहसमर्थोपि प्रसंगं तत्र वर्जयेत् ।
प्रतिग्रहेणह्यस्याशु ब्राह्मं तेजः प्रशाम्यति ॥१८६॥

दासवर्ग अपनी छाया के तुल्य हैं और कन्या परम कृपापात्र है। इससे इनसे कुछ बुरा कहा गया भी सर्वदा सह लेवे बुरा न माने (यदि इस धर्म पर चले तो आज कल मुकद्मेबाज़ी द्वारा क्यों सत्यानाश हो। पुत्र वधू आदि देववधू उत्तमाङ्गनाओं के तुल्य होने से अप्सराओं के तुल्य घर की शोभा है। बान्धव लोग विश्वेदेवो के समान सर्वत, सुखदायक और सहायक हैं। साले आदि काम सुखदायक होने से जल के गुण शान्ति के दाता हैं। माता मामा आदि मातृपक्ष में पृथिवी के तुल्य उत्पत्ति की भूमि) ॥१८५॥ प्रतिग्रह लेने को समर्थ होने पर भी उस में फंसा= आसक्त न होवे क्योंकि प्रतिग्रह लेने से वेद सम्बन्धी तेज शीघ्र

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

नष्ट हो जाता है ॥१८६॥

न द्रव्याणामभिज्ञाय विधिं धर्म्यं प्रतिग्रहे ।
प्राज्ञः प्रतिग्रहं कुर्यादवसीदन्नपि क्षुधा ॥१८७॥
हिरण्यं भूमिमश्वं गामन्नं वासस्तिलान्घृतम् ।
प्रतिगृह्णन्नविद्वांस्तु भस्मी भवति दारुवत् ॥१८८॥

प्रतिग्रह में द्रव्यो की धर्मयुक्त विधि कोन जानकर क्षुधा से पीड़ित हुवा भी बुद्धिमान प्रतिग्रह न लेवे ॥१८७॥ अविद्वान् = वेदादि का न जानने वाला, सुवर्ण, भूमि, घोड़े गाय, वस्त्र अन्न, तिल, घृतादि का प्रतिग्रहण करता हुवा अग्नि संयोग से लकड़ी सा जल जाता है ॥१८८॥

हिरण्यमायुरन्नं च भूर्गौश्चाप्योषतस्तनुम् ।
अश्वश्चक्षुस्त्वचं वासो घृतं तेजस्तिलाः प्रजाः ॥१८९॥
अतपास्त्वनधीयानः प्रतिग्रहरुचिर्द्विजः ।
अम्भस्यश्मप्लवेनेव सह तेनैव मज्जति ॥१९०॥

सुवर्ण और अन्न आयु को जलाते हैं। भूमि और गाय शरीर को जलाती हैं। अश्व आंख को, वस्त्र त्वचा को, घृत तेज को और तिल प्रजा को जलाते हैं। (अर्थात् इन के प्रतिग्रह को मूर्ख ले तो येर नष्ट होते है। सुवर्ण और भोजनका दान अज्ञानी भोगासक्त करके आयु नष्ट करता है। भूमि और गोदान अज्ञानी के मुफ्त के आकर देह क्षीण करते हैं क्योंकि वह मिथ्याहार विहार करता है। घोड़ा और आंख दोनो इन्द्रतत्व प्रधान हैं। वस्त्र और त्वचा शरीर को ढांपते हैं। घृत वृथा दानसे मिला हुवा तेज नही बढ़ावा, किन्तु मिथ्याप्रयुक्त हुवा तेज का नाश करता है। तिल मिथ्या-

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

प्रयुक्त हो वीर्य को बिगाड कर सन्तति में बाधक होते हैं) ॥१८९॥ तप से शून्य और वेदादि जिसके पठित नहीं ऐसा प्रतिग्रह लेने की इच्छा करने वाला द्विज पानी मे पत्थर की नाव के समान उस प्रतिग्रह के साथ ही डूब जाता है ॥१९०॥

तस्मादविद्वान्बिभियाद्यस्मात्तस्मात्प्रतिग्रहात् ।
स्वल्पकेनाप्यऽविद्वान्हि पङ्के गौरिव सीदति॥१९१॥
न वार्यपि प्रयच्छेत्तु बैडाल व्रतिके द्विजे ।
न बकव्रतिके विप्रे नावेदविदि धर्मवित् ॥१९२॥

इस लिये मूर्ख ऐसे वैसे प्रतिग्रह से डरे। थोड़े प्रतिग्रह मे भी मूर्ख ऐसे फंस जाता है, जैसे कीचड मे गौ ॥१९१॥ धर्म का जानने वाला पूर्वोक्त वैडालव्रत वाले तथा बकव्रत वाले और वेद के न जानने वाले विप्र वा द्विज नामधारीको जल भी न देवे।१९२।

त्रिष्वप्येतेषु दत्तं हि विधिनाप्यर्जितं धनम् ।
दातुर्भवत्यनर्थाय परत्रादातुरेव च ॥१९३॥
यथाप्लवेनौपलेन निमज्जत्युदके तरन् ।
तथा निमज्जतोऽधस्तादज्ञौ दातृप्रतीच्छकौ ॥१९४॥

न्यायोपार्जित भी धन इन तीनो को दिया हुवा देने वाले और लेने वाले को परलोक मे अनर्थ का हेतु होता है ॥१९३॥ जैसे पत्थर की नाव से तरता हुवा नीचे को डूबता है वैसे ही लेने और देने वाले दोनों अज्ञानी डूबते हैं। (दाता को इस कारण पाप है कि मूर्खों को देकर मूर्ख, संख्या की वृद्धि करता है और लेने वाला मूर्ख जगत् का उपकार नहीं कर सकता) ॥१९४॥

धर्मध्वजी सदालुब्धश्छाद्मिको लोकदम्भकः ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

वैडालव्रतिको ज्ञेयो हिंस्रः सर्वाभिसन्धकः ॥१९५॥
अधोदृष्टिर्नैष्कृतिकः स्वार्थसाधनतत्परः ।
शठो मिथ्याविनीतश्च बकव्रतचरो द्विजः ॥१९६॥

(जो लोगों में प्रसिद्धि के लिये धर्म करता है और आप भी कहता है वा दूसरों से प्रख्यान कराता है वह) धर्मध्वजी और परधन की इच्छा वाला छली तथा लोगों में दम्भ फैलाने वाला, हिंसक स्वभाव वाला सबको बहका कर भड़काने वाला, बिलाव जैसा व्रत धारण करने वाला ब्राह्मण क्षत्री वैश्य बैडालव्रतिक मनुष्य जानिये। (इस से आगे चार पुस्तकों मे यह श्लोक अधिक मिलता है.—

[यस्य धर्मध्वजो नित्यं सुरध्वज इवोच्छ्रितः ।
प्रच्छन्नानि च पापानि वैडालं नाम तद्व्रतम् ॥]

जिस के धर्म का झण्डा तो देवध्वजा सा ऊंचा फहरावे, परन्तु पाप छिपे रहें। इस व्रत को "बैडाल" कहते हैं) ॥१९५॥ नीचे दृष्टि रखने वाले कर्महीन, स्वार्थ साधनमे तत्पर, शठ और झूंठा विनय करने वाले ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य को "बकव्रती" जानो ॥१९६॥

ये बकव्रतिनो विप्रा ये च मार्जारलिङ्गिनः ।
ते पतन्त्यन्धतामिस्रे तेन पापेन कर्मणा ॥१९७॥
न धर्मस्यापदेशेन पापं कृत्वा व्रतं चरेत् ।
व्रतेन पापं प्रच्छाद्य कुर्वन् स्त्रीशूद्रदम्भनम् ॥१९८॥

जो विप्र बकव्रत और मार्जारव्रत वाले हैं वे उस पाप से

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अन्धतामिस्र मे गिरते हैं॥१९७॥ पाप करके धर्म के बहाने (मिष) से व्रत न करे। (जैसा कि) व्रत से पाप को छिपाकर स्त्री और शूद्रो=मूर्खों को बहकाता हुवा (लोभी रहा करता है) ॥१९८॥

प्रेत्येह चेदृशा विप्रा गर्ह्यन्ते ब्रह्मवादिभिः ।
छद्मना चरितं यच्च व्रतं रक्षांसि गच्छति ॥१९९॥
अलिङ्गी लिङ्गिवेषेण यो वृत्तिमुपजीवति ।
स लिङ्गिनां हरत्येनस्तिर्यग्योनौ च जायते ॥२००॥

परलोक में तथा इस लोकमे ऐसे विप्र ब्रह्मवादियो से निन्दित हैं। और छल से किया हुवा व्रत राक्षसो को पहुँचता है ॥१९९॥ जो अब्रह्मचारी आदि ब्रह्मचारी आदिका वेश धारण करके भिक्षा मागता है वह ब्रह्मचारी आदि के पाप को आप लेता और तिर्यक् योनि में जन्म पाता है ॥२००॥

परकीय निपानेषु न स्नायाच्च कदाचन ।
निपानकर्तुः स्नात्वातु दुष्कृतांशेन लिप्यते ॥२०१॥
यानशय्यासनान्यस्य कूपोद्यानगृहाणि च ।
अदत्तान्युपभुञ्जान एनसः स्यात्तुरीयभाक् ॥२०२॥

(यदि बनाने वाले ने परोपकार्थ न बनाया हो तो) दूसरे के पोखर (हौज) मे कभी स्नान न करे। उसमे स्नान करने से पोखर वालो का बुरा अंश लग जाता है ॥ (इसका तात्पर्य यह है कि जो किसीने नित्य अपने स्नान के निमित पोखर (हौज) बना रखा है उसमें कुछ तो नित्य एक ही मनुष्य के स्नान योग्य थोडे जल मे उसके शारीरिक विकार सञ्चित रहते हैं वे अन्य को स्नान करने से लग जाते हैं। कुछ उस के साथ झगड़ा लड़ाई

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

टएटा होना भी संभव है। इसके आगे एक श्लोक ७ पुस्तकों मे अधिक भी पाया जाता हैः—

[सप्तोद्धृत्य ततः पिण्डान्कामं स्नायाच्च पञ्च वा।
उदपानात्स्वयं ग्राहाद्वहिः स्नात्वा न दुष्यति ॥]

यदि उस पोखर में ७ वा ५ (गारे के) पिण्ड निकाल देवे तो स्वयं गृह पोखर से बाहर स्नान चाहे करले दोष नहीं) ॥२०१॥ सवारी, शय्या, आसन कुवा, वगीचा घर, ये विना दिये भोग करने वाला उसके स्वामी के चौथाई पाप का भागी होता है ॥२०२॥

नदीषु देवखातेषु तडागेषु सरस्सु च।
स्नानं समाचरेन्नित्यं गर्तप्रस्रवणेषु च ॥२०३॥
यमान्सेवेत सततं न नित्यं नियमान् बुधः।
यमान्पतत्यकुर्वाणो नियमान्केवलान्भजन् ॥२०४॥

नदी या दैव(कुदरती) सरोवर या तालाव या सर या गड्ढे या झरने मे सर्वदा स्नान किया करे ॥२०३॥ विद्वान् सर्वदा यमो का सेवनकरे न कि केवल नियमोका। (हिंसानकरना सत्यभाषण चोरी न करना, ब्रह्मचर्य अपरिग्रह ये ५ यम हैं। शौच सन्तोष तप स्वाध्याय, ईश्वरप्रणिधान ये ५ नियमहैं। इनमे नियमो से यमोको प्रधानता है) जो यमो को न करता हुआ केवल नियमों को करता है वह गिर जाता है ॥

(इन से आगे निम्नलिखित चार श्लोकों मे से १ श्लोक १४ पुस्तकों मे दूसरा ४ पुस्तकों में तीसरा ११ पुस्तकों और चौथा ४ पुस्तकों मे अधिक पाया जाता है:—

आनृशंस्यं क्षमा सत्यमहिंसा दनमस्पृहा।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ध्यानं प्रसादो माधुर्यमार्जवं च यमा दश ॥१॥
अहिंसा सत्यवचनं ब्रह्मचर्यमकल्पता ।
अस्तेयमिति पंचैते यमाश्चोपव्रतानि च ॥२॥
शौचमिज्या तपो दानं स्वाध्यायोपस्थनिग्रहौ ।
व्रतोपवासौ मौनं च स्नानं च नियमा दश ॥३॥
अक्रोधगुरुसुश्रूषा शौचमाहार लाघवम् ।
अप्रमादश्च नियमाः पञ्चैवोपव्रतानि च ॥४॥

आनृशंस्य क्षमा, सत्य, अहिंसा, दम, अस्पृहा, ध्यान प्रसन्नता मधुरता ये दश यमहै ॥१॥ अहिंसा, सत्यवचन, ब्रह्मचर्य, बनावट न करना चोरीत्याग, ये ५ यम और उपव्रत भी कहाते हैं ॥२॥ शौच यज्ञ तप, दान, स्वाध्याय, उपस्थेन्द्रिय का निग्रह व्रत, उपवास, मौन, स्नान, ये १० नियम है ॥३॥ क्रोध न करना गुरु की सेवा, शौच, हलका भोजन, प्रमाद न करना, ये ५ नियम और उपव्रत भी कहाते हैं) ॥२०४॥

नाश्रोत्रियतते यज्ञे ग्रामयाजिकृते तथा ।
स्त्रिया क्लीवेन च हुते भुञ्जीत ब्राह्मणः क्वचित् ।२०५।
अश्लीलमेतत्साधूनां यत्र जुह्वत्यमी हविः ।
प्रतीपमेतद्देवानां तस्मात्तत्परिवर्जयेत् ॥२०६॥

जिस यज्ञ मे आचार्य वेदपाठी न हो और जिस मे समस्त ग्राम भर (विना विवेक) का अध्वर्यु तथा स्त्री वा नपुंसक होता हो-ऐसे यज्ञ में ब्राह्मण कभी भोजन न करे ॥२०५॥ जिस यज्ञ में पूर्वोक्त होता आदि काम करते हैं वह सज्जनों को बुरा लगने वाला और विद्वानों को अप्रिय है। इस से उसमे भोजन न करे ॥२०६॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

मत्तक्रुद्धातुराणां च न भुञ्जीत कदाचन ।
केशकीटावपन्नं च पदास्पृष्टं च कामतः ॥२०७॥
भ्रूणघ्नावेक्षितं चैव संस्पृष्टमेव चाप्युदक्यया ।
पतत्रिणावलीढं च शुना संस्पृष्टमेव च ॥२०८॥

उन्मत्त, क्रोधी, रोगीका अन्न तथा केश वा कीड़ा (के मिलने) से दुष्ट हुआ और इच्छा से पैर लगाया अन्न कभी भोजन न करें ॥२०७॥ भ्रूणहत्यारों का देखा हुआ रजस्वला का छूआ हुआ कौवा आदि पक्षियों का चाटा और कुत्ते का छूआ हुआ भी (अन्न भोजन न करे) ॥२०८॥

गवा चान्नमुपघ्रातं घुष्टान्नं च विशेषतः ।
गणान्नं गणिकान्नं च विदुषां च जुगुप्सितम् ॥२०९
स्तेनगायकयोश्चान्नं तक्ष्णो वाधुर्षिकस्य च ।
दीक्षितस्य कदर्यस्य बद्धस्य निगडस्य च ॥२१०॥

गौ का सूंघा हुआ और विशेष घोटा(घिचोला)हुआ या 'कोई है जो ले और खावे" ऐसे पुकार कर दिया हुआ समुदाय का अन्न तथा वेश्या का अन्न और विद्वानों का निन्दित (ऐसे अन्न का भी भोजन न करे) ॥२०९॥ चोर, गवैया तक्षवृत्ति-बढ़ई वृद्धि-ब्याज का उपजीवन करने वाले कृपण तथा बन्धुवे का (अन्न भोजन न करे) ॥२१०॥

अभिशस्तस्य षण्ढस्य पुंश्चल्या दाम्भिकस्य च ।
शुक्तं पर्युषितं चैव शूद्रस्योच्छिष्टमेव च ॥२११॥
चिकित्सकस्य मृगयोः क्रूरस्योच्छिष्टभोजिनः ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

उग्रान्नं सूतिकान्नं च पर्याचान्तमनिर्दशम् ॥२१२॥

लोगों में पातकोंसे प्रसिद्ध हुवे का, नपुंसक का, व्यभिचारिणी का, दम्भी का और खमीर वाला खट्टा सड़ा बासी तथा शूद्र का भोजन करके बचाहुआ अन्न (भोजन न करे) ॥२११॥ वैद्य शिकारी क्रूर(बदमिजाज) जूंठनखाने वाले, उग्रस्वभाव और सूतिका का एक के अपमान में दूसरा भोजन करे वह और सूतक निवृत्ति न हुवे का अन्न (न भोजन करे) ॥२१२॥

अनर्चितं वृथा मांसमवीरायाश्च योषितः ।
द्विषदन्नं नगर्यन्नं पतितान्नमवक्षुतम् ॥२१३॥
पिशुनानृतिनोश्चान्नं क्रतुविक्रयिणस्तथा ।
शैलूषतुन्नवायान्नं कृतघ्नस्यान्नमेव च ॥२१४॥

बिना सत्कार के दिया हुआ, वृथा अन्न, मांस, जिस स्त्री के पति पुत्र न हों उसका शत्रु का, ग्रामाधिपति का जाति के निकाले का और छींका हुआ अन्न ॥(३ पुस्तकों में नगर्यन्नं=कदर्यान्नं पाठ है । यही अच्छा भी प्रतीत होता है) ॥२१३॥ चुगलखोर, झूंठी गवाही देने वाले यज्ञ वेचने वाले, नट, सौचिक=दर्जी और कृतघ्न का अन्न (न भोजन करे) ॥२१४॥

कर्मारस्य निषादस्य रङ्गावतारकस्य च ।
सुवर्णकर्तुर्वैणस्य शस्त्रविक्रयिणस्तथा ॥२१५॥
श्ववतां शौण्डिकानां च चैलनिर्णेजकस्य च ।
रञ्जकस्य नृशंसस्य यस्य चोपपतिर्गृहे ॥२१६॥

लोहार, निषाद, तमाशा करने वाले, सुनार बांस का काम बनाने वाले शास्त्र वेचनेवाले ।२१५। और कुत्ते पालनेवाले, कलाल,

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

धोबी, रङ्गरेज निर्दयी और जिसके मकानमें जार हो (अर्थात् जिस की स्त्री व्यभिचारणी हो) उसका (अन्न भोजन न करे) ॥२१६॥

मृष्यन्ति ये चोपपतिं स्त्रीजितानां च सर्वशः ।
अनिर्दशं च प्रेतान्नमतुष्टिकरमेव च ॥२१७॥
राजान्नं तेज आदत्ते शूद्रान्नं ब्रह्मवर्चसम् ।
आयुः सुवर्णकारान्नं यशश्चर्मावकर्तिनः ॥२१८॥

(जो घर में) स्त्री के जार को (जानकर) सहन करते हैं उनका और जो सब प्रकार स्त्री के आधीन हैं उनका, दशाहके भीतर जो सूतकान्न है वह और तृप्ति का न करने वाला अन्न (भोजन न करे) ॥२१७॥ राजा का अन्न तेज को और शूद्र का अन्न ब्रह्म सम्बन्धी तेज को स्वर्णकार का अन्न आयु को और चमार का अन्न यश को ले जाता है ॥२१८॥

कारुकान्नं प्रजां हन्ति बलं निर्णेजकस्य च ।
गणान्नं गणिकान्नं च लोकेभ्यः परिकृन्तति ॥२१९॥
पूयं चिकित्सकस्यान्नं पुंश्चल्यास्त्वन्नमिन्द्रियम् ।
विष्ठा वार्धुषिकस्यान्नं शस्त्रविक्रयिणो मलम् ॥२२०॥

बढ़ई का अन्न सन्तति का नाश करता है। धोबीका बल नाश और समुदाय तथा गणिका का अन्न लोकों का नाश करता (अप्रतिष्ठित है) ॥२१९॥ वैद्य का अन्न पीक के समान है और वेश्या का अन्न इन्द्रिय सम है तथा व्याजवृद्धिजीवी का अन्न विष्टा और शस्त्र बेचने वालेका अन्न (शरीरके) मैलके समान है ॥२२०॥

य एतेऽन्ये त्वभोज्यान्नाः क्रमशः परिकीर्त्तिताः ।
तेषां त्वगस्थिरोमाणि वदन्त्यन्नं मनीषिणः ॥२२१॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

भुक्त्वातोऽन्यतमस्यान्नममत्या क्षपणं त्र्यहम् ।
मत्या भुक्त्वाचरेत्कृच्छ्रं रेतोविण्मूत्रमेव च ॥२२२॥

ये और दूसरे कि जिन के अन्न क्रम से भोजन करने योग्य नहीं उनके अन्न को मनीषी लोग त्वचा, हड्डी, रोम के समान कहते हैं। (इस से आगे दो पुस्तकों में यह श्लोक अधिक पाया जाता है :-

[अमृतं ब्राह्मणस्यान्नं क्षत्रियान्नं पयः स्मृतम् ।
वैश्यान्नमन्नमित्याहुः शूद्रस्य रुधिरं स्मृतम् ॥]

ब्राह्मण का अन्न अमृत, क्षत्रिय का दूध वैश्य का अन्न अन्न और शूद्र का रुधिर के समान है। इसी से हम को यह शङ्का होती है कि अन्य श्लोक भी जो भिन्न २ अन्नोंको भिन्न २ निन्दनीय उपमा देते हैं, कदाचित् पीछे ही से निन्दार्थवाद के लिये बढ़ाये गये हों। परन्तु आशय कुछ बुरा नहीं) ॥२२१॥ इन में से किसी का अन्न बिना जाने भोजन करे तो तीन दिन उपवास प्रायश्चित्त करे और जान कर भोजन करे तो कृच्छ्र व्रत करे। ऐसे ही बिना जाने वीर्य मल मूत्र के भक्षण में भी (कृच्छ्र व्रत करे) ॥२२२॥

नाद्याच्छूद्रस्य पक्वान्नं विद्वानश्राद्धिनोद्विजः ।
आददीताममेवास्मादवृत्तावेकरात्रिकम् ॥२२३॥

श्रोत्रियस्य कदर्यस्य वदान्यस्य च वार्धुषेः ।
मीमांसित्वोभयं देवाः सममन्नमकल्पयन् ॥२२४॥

विद्वान् ब्राह्मण,श्रद्धासे शून्य शूद्र का पक्वान्न भोजन न करे। परन्तु बिना लिये काम न चले तो कच्चा अन्न एक दिन के

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

निर्वाह मात्र ले लेवे (नन्दन टीकाकार ने "अश्रद्धिनः" पाठ माना है और उत्तम भी यही है। तथा सब से प्राचीन भाष्यकार मेधातिथि ने भी इस पाठान्तर का वर्णन किया है। और अगले श्लोक में श्रद्धा की प्रधानता का वर्णन है। सर्वज्ञ नारायण भाष्यकार भी श्रद्धा अर्थ करते हैं। नन्दन टीकाकार यह भी कहते हैं कि "श्रद्धा रहित शूद्र का पक्वान्न न खावे, इस कहने से श्रद्धालु शूद्र का पक्वान्न ग्राह्य समझना चाहिये"। इस से आगे एक श्लोक १ पुस्तक मे और रामचन्द्र की टीका में जो सब से नवीन है पाया जाता है :-

[चन्द्रसूर्यग्रहेनाद्यादद्यात्स्नात्वा तु मुक्तयोः।
अमुक्तयोरगतयोरद्याच्चैव परेऽहनि ॥]

चन्द्र सूर्य के ग्रहण मे भोजन न करे। जब ग्रहण होकर (चन्द्र और सूर्य) मुक्त हो जावे, स्नान करके भोजन करे। यदि बिना मुक्त हुवे छिप जावें तो अगले दिन भोजन करे। यह लीला ग्रहण में भोजन न करने की चाल को पुष्ट करने के लिये की गई जान पड़ती है) ॥२२३॥ कृपण श्रोत्रिय और वृद्धिजीवी दाता, इन दोनोंके गुण दोषोंको विचार कर देवता लोग दोनोंके अन्नों को समान कहते थे। इस पर-[देखो सम्बन्ध अध्याय ३ श्लोक २८४ की व्याख्या]।

(२०५ से २२४ तक जिन जिन के अन्न अभक्ष्य कहे है उन में कारणों से दोष हैं। कहीं तो अन्न मे दोष की सम्भावना है। कहीं अन्न वाले की वृत्ति वा जीविका निन्दित है। कहीं उस का अन्न खाने में अपने ऊपर उस का दबाव रहना अनुचित है। कुछ कुछ अत्युक्ति भी है। कई जगह नवीन श्लोक भी मिलाये गये हैं

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

जो सब पुस्तकों मे नही पाये जाते। कहीं २ उस उस का अन्न खाने से अपने गौरव=बड़प्पन का नाश है। कहीं अवेदवित् के कराये वेदविरुद्ध यज्ञ की निन्दार्थ ही उस यज्ञका अन्न वर्जित है। कहीं कच्चे अन्न मे न्यून विकार और पक्के मे अधिक विकार वा संसर्ग दोष लगना कारण है। कहीं अपनी उच्चता की रक्षामात्र ही तात्पर्य है। और जो २ यहां गिनाये हैं उनके अतिरिक्त भी जहां २ हानि का कारण उपस्थित हो, वहा का अन्न त्याज्य और जो त्याज्य गिनाये हैं उन मे हानि की सम्भावना न हो तो ग्राह्य समझना चाहिये। कारण को प्रधान समझना बुद्धिमानों का काम है। यह भोजन (न्योता जीमने) का बहुत प्रपञ्च इस लिये कहा है कि जो पुरुष अत्यन्त शुद्ध पवित्र धर्मात्मा आत्मा की उन्नति का चाहने वाला द्विजोत्तम है, उसे सूक्ष्म से सूक्ष्म भी कोई बुराई न लगने पावे। राजा के अन्न त्याग का तात्पर्य अपने से अति अधिक प्रभुता रखने वाले मात्र के अन्न का त्याग है। उस के भोजन से अपना महत्व घटता है। महत्त्व और तेज के घटने से धर्म कर्म का उत्साह भी कम हो जाता है। शूद्र के अन्न से नीचपन आकर उत्तमता घटती है। स्वर्ण की चोरी महापातक है और सुनार प्राय. उसे कर सकते हैं। इस से उस का अन्न दुराचार प्रवर्त्तक होने से आयु का नाशक है। बढई प्राय' हरे वृक्षों को भी लोभ से काटते हैं। उनके अन्न से सन्तति पर प्रभाव पड़ना सम्भव है। धोबी कपड़े के और अपने बल का घटाने वाला है। समुदाय और वेश्या से वृथाऽऽगत धन बहुत मिलना सम्भव है। उस से जैसे शहद की लोभिनी मक्खी उड़ती नहीं, मर रहती है, वैसे फंसना सम्भव है। चिकित्सक चीर फाड़ करने वाले वैद्य की वृत्ति निघृण हो जाती है। ब्याज वाला वृद्धि ही प्रतिक्षण शोचता है। शस्त्र वेचने वाला एक क्रूर जीविका

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

करता है। इत्यादि कारण स्वयं विचारणीय हैं) ॥२२४॥

तान्प्रजापतिराहैत्यमाकृष्ण विषमं समम्।
श्रद्धापूतं वदान्यस्य हतमश्रद्धयेतरत् ॥२२५॥

श्रद्धयेष्टं च पूर्तं च नित्यं कुर्यादतन्द्रितः।
श्रद्धाकृते ह्यक्षये ते भवतः स्वागतैर्धनैः ॥२२६॥

ब्रह्मा उन देवतों के पास आकर बोले कि तुम लोग विषम को सम मत करो। क्यों कि वृद्धि जीवी दाता का अन्न श्रद्धा से पवित्र होता है और कृपण श्रोत्रिय का अश्रद्धा से अपवित्र (सम नहीं) होता है ॥२२५॥ श्रद्धा से यज्ञादि और कूप तड़ागादि को आलस्यरहित होकर सर्वदा बनावे। न्यायार्जित धनों से श्रद्धा से किये हुवे ये कर्म अक्षय फल देते हैं ॥२२६॥

दानधर्मं निषेवेत नित्यमैष्टिकपौर्तिकम्।
परितुष्टेन भावेन पात्रमासाद्य शक्तितः ॥२२७॥

यत्किंचिदपि दातव्यं याचितेनाऽनुसूयया।
उत्पत्स्यते हि तत्पात्रं यत्तारयति सर्वतः ॥२२८॥

आनन्द से युक्त होकर योग्य पात्र को पाकर यथाशक्ति यज्ञादि और कूपतड़ागादि दान धर्मों को सदा करे।

(२२७ से आगे केवल एक पुस्तक में ये दो, श्लोक अधिक पाये जाते हैं:-

[पात्रभूतोहि यो विप्रः प्रतिगृह्य प्रतिग्रहम्।
असत्सुविनियुञ्जीत तस्मै देयं न किञ्चिन ॥
संचयं कुरुते यश्च प्रतिगृह्यसमन्ततः।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

धर्मार्थं नोपयुङ्क्ते च न तं तस्करमर्चयेत् ॥]

जो ब्राह्मण दानपात्र बना हुआ प्रतिग्रह लेकर बुरे कामो में लगाता हो उसे कुछ न दे। जो चारों ओर से प्रतिग्रह लेकर धन सञ्चय करे, परन्तु धम के कामों मे न लगावे, उस तस्कर को न पूजे ॥२२७॥ दोष न लगाकर कोई अपने से कुछ मांगे तो यथा शक्ति कुछ न कुछ देवे ही, क्यो कि देने वाले को वह पात्र भी कभी मिल जावेगा जो कि भव से तार देगा ॥२२८॥

वारिदस्तृप्तिमाप्नोति सुखमक्षयमन्नदः ।
तिलप्रदः प्रजामिष्टां दीपदश्चक्षुरुत्तमम् ॥२२९॥

भूमिदो भूमिमाप्नोति दीर्घमायुर्हिरण्यदः ।
गृहदोऽग्र्याणि वेश्मानि रूप्यदोरूपमुत्तमम् ॥२३०।

जल देने वाला तृप्ति, अन्न का देने वाला अक्षय सुख, तिल का देने वाला यथेष्ट सन्तति और दीपक देने वाला अच्छी आंख पाता है ॥२२९॥ भूमि देने वाला भूमि, सोना,.देने वाला दीर्घायु, घर देने वाला अच्छे महल और चांदी देने वाला अच्छा रूप पाता है ॥ (एक पुस्तक में भूमिमाप्नोति=सर्वप्रेति पाठ है) ॥२३०॥

वासोदश्चन्द्रसालोक्यमश्विसालोक्यमश्वदः ।
अनडुह्.श्रियं पुष्ठां गोदो ब्रध्नस्यविष्टपम् ॥२३१॥

यानशय्याप्रदो भार्यामैश्वर्यमभयप्रदः ।
धान्यदः शाश्वतंसैाख्यं ब्रह्मदोब्रह्मसार्ष्टिताम्॥२३२॥

वस्त्र देने वाला चन्द्रसमान लो॰ = शरीर पाता है। घोड़े का देने वाला अश्व वालि की जगह पाता है। बैल का देने वाला

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

बहुत सम्पत्ति और गौ देने वाला सूर्य के तुल्य प्रकाश को पाता है ॥ (एक पुस्तकमें अश्विसालोक्य=सूर्यसालोक्यपाठ है) ॥२३१॥ सवारी और शय्याका देने वाला भार्या. अभयका देने वाला राज्य, धान्य देने वाला निरन्तर सुख और वेद देने वाला ब्रह्म को प्राप्त होता है ॥२३२॥

सर्वेषामेव दानानां ब्रह्मदानं विशिष्यते ।
वार्यन्नगोमहीवासास्तिलकांचनसर्पिषाम् ॥२३३॥
येन येन तु भावेन यद्यद्दानं प्रयच्छति ।
तत्तत्तेनैव भावेन प्राप्नोति प्रतिपूजितः ॥२३४॥

जल अन्न गाय भूमि वस्त्र तिल सुवर्ण और घृत, इन सब दानों से ब्रह्मदान (वेद का पढ़ाना) अधिक है ॥२३३॥ जिस जिस भाव से जो २ दान देता है उसी २ भाव से दिया हुआ सत्कार पूर्वक पाता है ॥२३४॥

योऽर्चितं प्रतिगृह्णाति ददात्यर्चितमेव च ।
तावुभौ गच्छतः स्वर्गं नरकं तु विपर्यये ॥२३५॥
न विस्मयेत तपसा वदेदिष्ट्वा च नानृतम् ।
नार्तोऽप्यपवदेद्विप्रान्न दत्वा परिकीर्तयेत् ॥२३६॥

जो सत्कारपूर्वक दान लेता है और जो सत्कार पूर्वक देता है वे दोनों स्वर्ग में जाते हैं और उस के विपरीत करने वाले दोनों नरक में जाते हैं ॥२३५॥

(२२७ से २३५ तक दान का माहात्म्य है। जल प्रत्यक्ष तृप्ति का हेतु है। अन्न भोजन से जैसा सुख मिलना प्रसिद्ध है वैसा अन्य पदार्थ से नहीं। तिलो में सन्तानोत्पादन का प्रभाव है। जब

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

स्त्रियो का रज रुक जाता है वा सन्तानोत्पत्ति में बाधा होती है तब वैद्य तिल प्रधानभोजन बनाते हैं। जैसे गालीदेने वाले गालीखाते हैं वैसेही जोअन्योंके लिये भलाई करेगा वह परमात्मा की व्यवस्थासे वैसे हीभलाई पावेगा। सोनेके वर्क खानेसे आयु बढ़ना वैद्यककाभी मत है। जैसे पृथिवी को किसान बीज देते हैं पृथिवी उन्हे बीज देती है। कूप लोगों को जल देता है तो उसका जल बढता है। चन्द्रमा का रूप सौन्दर्य उपमा मे भी। लिया जाता है। वस्त्रकी श्वेतता प्रशंसनीय है और चन्द्रमा की भी बैल-कृष्यादि से वैश्य कीलक्ष्मी बढाने वाले है। दानके परिमाणानुसार फलका परिमाण या देश काल वस्तु श्रद्धा आदि के अनुसार फल की न्यूनाधिकता माननी ही पडगी) ॥२३५॥ तप करके आश्चर्य न करे (किमेरातप बहुत हैं) यज्ञ करके असत्य न बोले (कि मैंने यह किया और वह किया)पीड़ित होने पर भी विप्रो की निन्दा न करे और दान देकर चारो ओर (लोगो से) कहता न फिरे ॥२३६॥

यज्ञोऽनृतेन चरति तपः चरति विस्मयात् ।
आयुर्विप्रापवादेन दानं च परिकीर्त्तनात् ॥२३७॥
धर्मं शनैः संचिनुयाद्वल्मीकमिव पुत्तिकाः ।
परलोकसहायार्थं सर्वभूतान्यऽपीडयन् ॥२३८॥

असत्य भाषण से यज्ञ नष्ट होता है। विस्मय से तप तथा ब्राह्मणो की निन्दा से आयु और चारों ओर कहने से दान घटता है ॥२३७॥ परलोक के हित के लिये सम्पूर्ण जीवो को पीड़ा न देता हुआ धीरे धीरे धर्म को सञ्चित करे, जैसे दीमक बंबो को बनाती है ॥२३८॥

नामुत्र हि सहायार्थं पिता माता च तिष्ठतः ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

न पुत्रदारं न ज्ञातिर्धर्मस्तिष्ठति केवलः ॥२३९॥

एकः प्रजायते जन्तुरेक एव प्रलीयते ।

एकोऽनुभुङ्क्ते सुकृतमेक एव च दुष्कृतम् ॥२४०॥

परलोक मे सहाय के लिये मां बाप नहीं रहते न पुत्र न स्त्री, केवल एक धर्म रहता है ॥२३९॥ अकेला ही जीव उत्पन्न होता है और अकेला ही मरता है। अकेला ही सुकृत को और अकेला ही दुष्कृत को भोगता है ॥२४०॥

मृतं शरीरमुत्सृज्य काष्ठलोष्टसमं क्षितौ ।

विमुखा बान्धवा यान्ति धर्मस्तमनुगच्छति ॥२४१॥

तस्माद्धर्मं सहायार्थं नित्यं संचिनुयाच्छनैः ।

धर्मेण हि सहायेन तमस्तरति दुस्तरम् ॥२४२॥

लकड़ी और ढेला सा मृतक शरीर को भूमि पर छोड़ कर बान्धव पीछे लौट जाते हैं (उस मरे के पीछे कोई नहीं जाता) धर्म उस के पीछे जाता है ॥२४१॥ इस कारण धर्म को सहायता के लिये सर्वदा धीरे २ सञ्चित करे क्योंकि धर्म ही की सहायता से अति कठिन दुःख से तरता है ॥२४२॥

धर्मप्रधानं पुरुषं तपसा हतकिल्विषम् ।

परलोकं नयत्याशु भास्वन्तं खशरीरिणम् ॥२४३॥

उत्तमैरुत्तमैर्नित्यं संबन्धानाचरेत्सह ।

निनीषुः कुलमुत्कर्षमधमानधमांस्त्यजेत् ॥२४४॥

तप से नष्ट हुवा है पाप जिसका ऐसे धर्मपरायण प्रकाशयुक्त मुक्तस्वरूप पुरुष को (धर्म) शीघ्र मोक्षधाम को लेजाता है ॥२४३॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

कुल उत्पन्न करने की इच्छा करने वाला सर्वदा अच्छे २ पुरुषों के साथ (कन्यादानादि) संबन्ध करे और अधम २ मनुष्यों के साथ छोड़ देवें (न करे) ॥२४४॥

उत्तमानुत्तमान्गच्छन्हीनान्हीनांश्च वर्जयन् ।
ब्राह्मणः श्रेष्ठतामेति प्रत्यवायेन शूद्रताम् ॥२४५॥

दृढकारीमृदुर्दान्तः क्रूराचारैरसंवसन् ।
अहिंस्रो दमदानाभ्यां जयेत्स्वर्गं तथाव्रतः ॥२४६॥

(क्योंकि) उत्तम पुरुषों से सम्बन्ध करने और हीनोंके त्याग सेब्राह्मण श्रेष्ठताको पाता है। नीचसंबन्ध वनीचताको (प्राप्तहोजाता) ॥२४५॥ दृढ वृत्ति वाला निष्ठुरता,रहित शीत उष्णादिका सहन करने वाला, क्रूर आचरण वाले पुरुषों का सहवास छोड़ता हुआ हमा रहित पुरुष दम = इन्द्रियसंयम और दान से स्वर्ग को जीतता है ॥२४६॥

एधोदकं मूलफलमन्नमभ्युद्यतं च यत् ।
सर्वत. प्रतिगृह्णीयान् मध्वथाऽभयदक्षिणाम् ॥२४७॥

आहृताभ्युद्यतांभिक्षांपुरस्ताद प्रचोदिताम् ।
मेने प्रजापतिर्ग्राह्यमपिदुष्कृतकर्मणः ॥२४८॥"

'इन्धन, जल, मूल, फल, अन्न और अभयदक्षिणा ये बिना मांगे प्राप्त हों तो सबसे ग्रहण करले ॥२४७॥ ले आई और सामने रक्खी लेने वाले ने पूर्व न मांगी हुई भिक्षा पापकारी से भी ग्रहण करे ब्रह्मा ने माना है" ॥२४८॥

'नाश्नन्ति पितरस्तस्य दशवर्षाणि पञ्च च ।
न च हव्यं वहत्यग्निर्यस्तामभ्यवमन्यते ॥२४९॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

[चिकित्सककृतघ्नानां शिल्पकर्तुश्च वार्धुषे ।
षण्ढस्य कुलटायाश्च उद्यतामपि वर्जयेत् ॥
न विद्यमानमेवैवं प्रतिग्राह्यं विजानता ।
विकल्पाविद्यमाने तु धर्महीनः प्रकीर्त्तितः ॥]
शय्यां गृहान्कुशान्गन्धानपः पुष्पं मणीन्दधि ।
धानामत्स्यान् पयोमांसं शाकं चैव न निर्णुदेत् ॥२५०॥

"उसके किये श्राद्ध मे पितर पन्द्रह वर्ष भोजन नहीं करते और अग्नि उसके हवि को ग्रहण नहीं करता जो कि अयाचित भिक्षा का अपमान करता है ॥२४९॥"

[वैद्य कृतघ्न शिल्पी व्याजजीवी, नपुंसक और वेश्या का प्रतिग्रह बिना मागे मिलने पर भी न ले। यह प्रतिग्रह जान बूझ कर अपने पास होते हुवे न ले परन्तु न होते हुवे लेने मे विकल्प करने से धर्महीन हो जाता है। इन दोनों श्लोकों पर मबसे पिछले रामचन्द्र टीकाकार की टीका है। मेधातिथि आदि अन्य ५ की नहीं। इससे नूतनकाल मे ही इनका मिलाया जाना पाया जाता है। पिछले और अगले श्लोकों से सम्बन्ध ऐसा मिलाया है कि कोई जानने न पावे। इन दो में से पहला श्लोक ११ पुस्तकों मे पाया जाता है और दो पुस्तकों में कुछ २ पाठान्तर से पाया जाता है तथा दूसरा श्लोक केवल एक पुस्तक मे ही मिलता है] ॥२४९॥

"शय्या, घर, कुशा गन्ध, जल पुष्प, मणि, दधि, धाना, मत्स्य, दूध, मांस और शाक इनका प्रत्याख्यान न करे (कोई देवे वो न लौटावे) ॥२५०॥"

'गुरून्भृत्यांश्चोज्जिहीर्षन्नर्चिष्यन्देवतातिथीन् ।
सर्वतः प्रतिगृह्णीयान्न तु तृप्येत्स्वयं ततः ॥२५१॥
गुरुषुत्वभ्यतीतेषु विनावातैर्गृहे वसन् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

आत्मनोवृत्तिमन्विच्छन्गृह्णीयात्साधुतः सदा ॥२५२॥'

'गुरु और भृत्य भार्यादि क्षुधा से पीडित हों तो इनकी तृप्ति और देवता अतिथि के पूजन के लिये सबसे ग्रहण करले, परन्तु आप उसमे से भोजन न करे ॥२५१॥ किन्तु माता पिता के मरने पर वा उनके बिना घर में रहता हुवा अपनी वृत्ति की इच्छा करता हुवा सदा साधु से ही ग्रहण करे ॥२५२॥"

"आर्धिकः कुलमित्रं च गोपालोदासनापितौ ।
एते शूद्रेषु भोज्यान्ना यश्चात्मानं निवेदयेत् ॥२५३॥"

"आधी साझे की खेती आदि करने वाला और कुल मित्र और गोपाल तथा दास और नापित, ये शूद्रो मे भोज्यान्न हैं (अर्थात् इनका अन्न भोजन योग्य है) और जो अपने को निवेदन करे (उसका भी अन्न) भोजन योग्य है ॥२५३॥'

(सबका जल पीना बिना मांगे मिलने पर भी अपेय है और इस २४७ वें मे तो मूल फल अन्न सभी बिना मांगे स्वयं कोई कहे कि लीजिये तो गड़प करना विधान करके पिछली सारी शुद्धि पर पानी फेर दिया। २४८ वे में दुष्कृतकर्मा की भी अयाचित भिक्षा का ग्रहण अनुचित है। प्रथम तो अयाचित का नाम भिक्षा रखना ही व्यर्थ है और श्लोक बनाने वालेको अपने हृदयमे भी घिन और त्याज्य होने का सन्देह है उसी को दाबता हुवा कहता है कि 'इस को प्रजापति ने ग्राह्य माना है" अर्थात् मेरा कहना तुम न मानो तो प्रजापति की अनुमति तो माननी ही चाहिये। धन्य! २४७ में कहा है कि जो अयाचित भिक्षाका अनादर करता है उसके पितर और अग्नि १५ वर्ष तक कव्य हव्य नही खाते हैं। मरे पितरों की दशा तो श्लोक बनाने वाले जाने परन्तु जीते पितर और अग्नि तो खाते प्रत्यक्ष दीखते हैं। तथा मनु ने ही जब कि दान लेने से

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

न लेने को उत्तम लिखा है कि (आपणात्सर्वकामानां परित्यागो-विशिष्यते) वा (प्रतिग्रह. प्रत्यवर) दान लेना हलका तुच्छ काम है तो न लेने वाले को ऐसा भ्रष्ट बताना कि उसका हव्य अग्नि भी नहीं ग्रहण करता कैसे अन्धेर की बात है। २५० में पाठभेद भी है। ३ पुस्तकों मे (मणीन्=फलम्) पाठ है और इस श्लोक बनाने वाले का जी मछली को ऐसा ललच गया कि प्रक्षिप्त श्लोकों मे ही अध्याय ५ श्लोक १५ मे मछली को खाना सर्व-भक्षीपना होने से वर्ज्य बतावेंगे उसे भी भूल गया। वा इन प्रक्षिप्तों का कर्त्ता भी एक पुरुष नहीं किन्तु अनेकों ने भिन्न २ समयो मे ये श्लोक मिलाये हैं और चोर को सुध भी नहीं रहती आगे पीछे क्या है। २५१ में सब प्रतिग्रह माता पिता आदि तथा देवता अतिथि की पूजार्थ ग्राह्य कर दिया। भला जो अपना पेट नहीं भर सकता न अपने माता पिता का, उसके अतिथि क्यो आने लगा है स्नातक विप्र की वृत्तियो का वर्णन करते हुवे खेती वाणिज्यादि जब उसका कर्म ही नहीं तब २५३ वे का यह कहना कि आधा साझा खेती व्यापारादि मे जिनका हो इत्यादि शूद्रों का अन्न भी भक्ष्य है असङ्गत है। खेती वैश्य कर्म है शूद्रकर्म नहीं। (२४९ के आगे जो दो श्लोक सब पुस्तकों मे भी नहीं मिलते वे भी अपने साथियो के प्रक्षिप्त होने के सशय को दृढ करते हैं और २४६ का २५४ से सम्बन्ध भी नहीं बिगडता। इत्यादि कारणों से हमारी सम्मति मे २४७ से २५३ तक ७ श्लोक प्रक्षिप्त हैं) ॥२५३॥

यादृशोऽस्य भवेदात्मा यादृशं च चिकीर्षितम् ।
यथा चोपचरेदेनं तथात्मानं निवेदयेत् ॥२५४॥

जैसा इसका आत्मा हो और इस को करना हो और जैसे इसकी कोई सेवा करे वैसा ही अपने को निवेदन करे ॥२५४॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

योऽन्यथा सन्तमात्मानमन्यथासत्सु भाषते ।
स पापकृत्तमो लोकेस्तेन आत्मापहारकः ॥२५५॥
वाच्यर्था नियताः सर्वे वाङ्मूला वाग्विनिःसृताः ।
तां तु यः स्तेनयेद्वाचं स सर्वस्तेयकृन्नरः ॥२५६॥

जो अपने को और कुछ बताता है और है कुछ और वह लोगो मे बड़ा पाप करने वाला आत्मा का चुराने वाला चोर है ॥२५५॥ सम्पूर्ण अर्थवाणी में बन्धे हैं और सबका मूल वाणी ही है और सब वाणी से निकले हैं उस वाणी को जो चुरावे वह मनुष्य सम्पूर्ण चोरियो का करने वाला है ॥२५६॥

महर्षिपितृदेवानां गत्वाऽऽनृण्यं यथाविधि ।
पुत्रे सर्वं समासज्य वसेन्मध्यस्थमाश्रितः ॥२५७॥
एकाकी चिन्तयेन्नित्यं विविक्ते हितमात्मनः ।
एकाकी चिन्तयानोहि परं श्रेयोधिगच्छति ॥२५८॥

ऋषि पितर देवता इनका ऋण देकर और यथाविधि पुत्र को कुटुम्ब भार सौंप कर समदर्शी होकर रहे ॥२५७॥ निर्जन स्थान में अकेला आत्मा का हित चिन्तन करे, क्योंकि अकेला ध्यान करता हुवा परम श्रेय (मोक्ष) पाता है ॥२५८॥

एषोदितागृहस्थस्य वृत्तिर्विप्रस्य शाश्वती ।
स्नातकव्रतकल्पश्च सत्त्ववृद्धिकरः शुभः ॥२५९॥
अनेन विप्रो वृत्तेन वर्तयन्वेदशास्त्रवित् ।
व्यपेतकल्मषो नित्यं ब्रह्मलोके महीयते ॥२६०॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

यह गृहस्थ ब्राह्मण की सनातन वृत्ति और स्नातक का व्रत और कल्प जो शुभ गुणकी वृद्धि करता है कहा ॥२५९॥ वेद शास्त्र का जानने वाला विप्र इस शास्त्रोक्त आचार से नित्य कर्मानुष्ठान करता हुआ पापको नष्ट कर ब्रह्मलोक मे बड़ाई को पाता है ।२६०।

इति मानवे धर्मशास्त्रे (भृगुप्रोक्तायां संहितायां)

चतुर्थोऽध्यायः ॥४॥

इति श्री तुलसीरामस्वामिविरचिते मनुस्मृतिभाषानुवादे

चतुर्थोऽध्यायः ॥४॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ओ३म्

अथ पञ्चमोऽध्यायः

'श्रुत्वैतानृपयोधर्मान्स्नातकस्य यथो दितान् ।
इदमूचुर्महात्मानमनलप्रभवं भृगुम् ॥१॥
एवं यथोक्तं विप्राणां स्वधर्ममनुतिष्ठताम् ।
कथं मृत्युः प्रभवति वेदशास्त्रविदां प्रभो ! ॥२॥

"ऋषि लोग स्नातकके यथोक्त धर्म सुनकर महात्मा अग्निवंशी भृगु के प्रति यह वचन बोले ॥१॥ (कि) हे प्रभु ! जो ब्राह्मण स्वधर्म करते और वेद शास्त्र के जानने वाले हैं ऐसे विप्रो की (अकाल) मृत्यु कैसे हो जाती है ? ॥२॥

"स तानुवाच धर्मात्मा महर्षीन्मानवो भृगुः ।
श्रूयतां येन दोषेण मृत्युर्विप्राञ्जिघांसति ॥३॥"
अनभ्यासेन वेदानामाचारस्य च वर्जनात् ।
आलस्यादन्नदोषाच्च मृत्युर्विप्राञ्जिघांसति ॥४॥

'मनुवंशी भृगु जी उन महर्षियोंके प्रति बोले कि सुनिये जिस दोपसे मृत्यु (अकाल में) विप्रोंको मारना चाहता है'॥ (इन श्लोकों से यह स्पष्ट पाया जाता है कि इनका कर्त्ता मनु नहीं है, न भृगु किन्तु किसी ने 'विप्राञ्जिघांसति" इन चतुर्थ श्लोक में आये पदों की सङ्गति मिलाकर ये श्लोक बना दिये हैं) ॥३॥ वेदों के अनभ्यास और आचार के छोड़ने तथा सत्कर्मों मे आलस्य करने और अन्न के दोप से (अकाल) मृत्यु विप्रों को मारना चाहता है (आगे अन्न दोप बताते हैं) ॥४॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

लशुनं गृञ्जनं*चैव पलाण्डुं कवकानि च ।
अभक्ष्याणि द्विजातीनाममेध्यप्रभवाणि च ॥५॥
लोहितान्वृक्षनिर्यासान्वृश्चन प्रभवांस्तथा ।
शेलुं गव्यं च पेयूषं प्रयत्नेन विवर्जयेत् ॥६॥

लहसन* शलगम पियाज कुकुरमुत्ता: और जो मैले में उत्पन्न हो द्विजातियों को अभक्ष्य है ॥५॥

* साधारणतया गृञ्जन को ३ अर्थों मे लेते हैं । १-गाजर २-शलजम वा शलगम ३-लहसन, परन्तु मुख्य करके गृञ्जन का अर्थ शलगम ही जान पड़ता है । जैसा कि धन्वन्तरि निघन्टु करवीरादि ४ वर्ग अङ्क १० में —

गृञ्जनं शिखिमूलं च यवनेष्टं च वर्त्तुलम् ।
ग्रन्थिमूलं शिखाकन्दं कन्दं डिण्डीरमोदकम् ॥
गृञ्जनं कटुकोष्णं च दुर्गन्धं गुल्मनाशनम् ।
रुच्यं च दीपनं हृद्यं कफवातरुजापहम् ॥

गृञ्जन जिसके मूल पर शिखा है. जो यवनों का इष्ट (पसन्द) है गोल है जो गांठदार मूल है शिखा कन्द, कन्द डिण्डीरमोदक जिसके नामान्तर हैं वह गृञ्जन कटु गर्म दुर्गन्ध है और गुल्म रोग नाशक है । रुचि, अग्नि और हृदय को बढाने वाला वात कफ रोगों का नाशक है ॥ इससे शलजम का अर्थ पाया जाता है क्यों कि ये गुण जिनमें विशेपकर यवनेष्टता, कटुता, दुर्गन्ध, वात, कफ नाशकता, उष्णता गोलहोना, गांठ होना. ऐसे लक्षण हैं जो गाजर से नहीं मिलते, शलजम से ही मिलते हैं । गृञ्जन से लहसन के ग्रहण में प्रमाण —

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

महाकन्दोरसोनोऽन्यो गृंजनो दीर्घपत्रकः ।

धन्वन्तरि निघण्टु करवीरादि ४ वर्ग—इस मे लम्बे पत्ते वाले (रसोन लहसन) को भी गृञ्जन कहा है ॥ गृञ्जन का अर्थ गाजर होने मे प्रमाण - गाजर के नाम और गुण उक्त ग्रन्थ के उक्त पते पर—

गर्जरं पिङ्गलं मूलं पीतकं मूलकं तथा ।
स्वादुमूलं सुपीतं च नागरं पीतमूलकम् ॥
गर्जरं मधुरं रुच्यं किंचित्कटु कफावहम् ।
आध्मानक्रिमिशूलघ्नं दाहपित्ततृषापहम् ॥

इसमें गर्जरके बदले ३ पाठ पाये जाते हैं। १ गृञ्जन २ गृञ्जर ३ गर्जर। यही गाजरहै क्योंकि इसका पीला होना कफकारक होना स्वादुमूल होना, मधुर होना ऐसे गुण हैं जो गाजरमे पाये जातेहैं।

अब गृञ्जन का अर्थ गाजर लेने मे केवल १ पाठान्तर का सहारा है, अन्य कुछ नहीं। फिर कलकत्ते के छपे बड़े कोश 'शब्द कल्पद्रुम' मे जो राधाकान्त देवबहादुर ने प्रकाशित किया है उस मे भी गृञ्जन का अर्थ शलगम है। यथा

गृंजनम्—क्ली० । मूलविशेषः । (विषदिग्धपशोर्मांसम्, इति मेदिनी) शलगम इति ख्यातः । यवनेष्टम् । शिखाकन्दम् । कन्दम् । कटुत्वम् । उष्णत्वं कफवातरोगगुल्मनाशित्वम् । रुच्यं, दीपनं, हृद्यं, दुर्गन्धम् ॥

इत्यादि से भी पाया जाता है कि स्पष्ट शलगमही गृञ्जन है। मैदनी कोषकार गृञ्जन का अर्थ जहर (विष) मे सनापशुमांस

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

कहते हैं। तथा अन्यत्र यह भी सुनते हैं कि

गोलोम्यां गृञ्जन प्रोक्तं लशुने वृत्तमूलके ।

अर्थात् गोलोमी ओषधि का नाम गृञ्जन है और गोल आकार मूल लशुनके अर्थमें भी गृञ्जन शब्द है। अमरकोष २।४।१४८ में

लशुनं गृञ्जनारिष्टमहाकन्दरसोनकाः

कहा है जिसमें लशुन शब्द का पर्याय गृञ्जन पाया जाता है। इसी की महेश्वरकृत अमरविवेकनाम्नी टीकामें कहा है कि—

लशुनगृञ्जनयोराकृतिभेदेऽपिरसैक्यादऽभेदइतिवृद्धा मन्यन्ते

लशुन और गृञ्जन के आकार (सूरत शकल) में भेद होने पर भी रस (स्वादु) एकसा होने से यहां अमरकोष दोनों को एक (अभिन्न) कहा है । ऐसा वृद्धों का मत है ।

वैदिक निघण्टु में गृञ्जन शब्द पाया ही नहीं जाता । उणादि-कोष में भी इस शब्द का पता नहीं मिलता।

बहुतत्र और बहुत गुणों के मेल से गृञ्जन का अर्थ शलगम पाया जाता है। यदि यवनेष्ट आदि विशेषण वा किन्हीं ऐतिहासिक प्रमाणों से यहां भी गृञ्जनका अर्थ गोलोमी हो वा अन्य हो गाजर नहीं समझ पडता।

उक्त मनु के श्लोक में लशुन शब्द पृथक् पठित है, अत गृञ्जन का अर्थ लशुन भी नहीं ले सकते क्योंकि वैद्यक शास्त्र का मत है कि-

तुल्याभिधानानितु यानिशिष्टैर्द्रव्याणि रोगेविनिवेशितानि ।

अर्थाधिकारागमसंप्रदायैर्विभज्यतर्केण च तानिप्रज्यात् ॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अर्थात् शिष्टो के प्रयुक्त अनेकार्थवाचक एक शब्द के प्रयोग मे अर्थ अधिकार=प्रकरण शास्त्र के संप्रदाय और तर्क से विभाग कर के काम म लावे।

सो यहां लशुन शब्द के भिन्न २ प्रयोग से और ब्रह्मचर्य के प्रकरण से ब्रह्मचर्यनाशक शलगम का अर्थ ही गृञ्जन शब्द से ग्राह्य है वा गोलोमी का किन्तु गाजर का नहीं ॥५॥ रक्तवर्ण वृक्षों के गोद और वृक्षों के छेदने से जो रस निकलता है वह तथा लिसोड़ा=लभेड़ा और नवीन व्याई हुई गाय का दूध (पेवसी) यत्न से छोड़ देवे ॥६॥

'वृथा कृसरसंयावं पायसापूपमेव च।
अनुपाकृतमांसानि देवान्नानि हवींषि च ॥७॥
अनिर्दशाया गोः क्षीरमौष्ट्रमैकशफं तथा।
आविकं सन्धिनीक्षीरं विवत्सायाश्च गोः पयः॥८॥

'(तिल चावल मिलाकर पकाया) कृसरसंयाव लपसी वा खीर तथा मात्र पूआ ये सब वृथा पक्वान्न (अर्थात् बिना वैश्वदेव) और बलि बिना मांस और हवन के पुरोडाशों को (न भक्षण करे)"।

जब कि बलिवैश्वदेवादि न करके भोजनमात्र ही पूर्व निषिद्ध कर आये तब तिल चावल लपसी पूड़े मांस हव्य आदि के गिनाने की क्या आवश्यकता है क्या अन्य वस्तु खाने पकाने मे वैश्व-देवादि आवश्यक नहीं ? यह मांसाहारियों की लीला प्रक्षिप्त है। एक पुस्तकमे 'पूपमेव च=पूपशष्कुली"पाठभेदभी है) ॥७॥ १०दिन तक प्रसूता गौ का दूध ऊंटनी का घोड़ी आदि एक खुर वाली का और भेड़ का ऋतुमती का तथा जिसका बच्चा मर गया हो उस गौ का दूध (त्याग देवे। इससे आगे १ पुस्तकमें यह श्लोक अधिक पाया जाता है:--

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

[क्षीराणि यान्यभक्ष्याणि तद्विकाराशने बुधः ।
सप्तरात्रव्रतं कुर्यात्प्रयत्नेन समाहितः ॥]

जो दूध अभक्ष्य हैं उनकी बनी वस्तु खा लेवे तो जानने पर एकाग्रता से यत्नपूर्वक ७ रात्रि का व्रत करे) ॥८॥

आरण्यानां च सर्वेषां मृगाणां माहिषं विना ।
स्त्री क्षीरं चैव वर्ज्यानि सर्व शुक्तानि चैवहि ॥९॥

दधिभक्ष्यं च शुक्तेषु सर्वं च दधिसंभवम् ।
यानि चैवाभिषूयन्ते पुष्पमूलफलैः शुभैः ॥१०॥

भैंस को छोड़कर, वन में रहने वाले सब मृगों का दुग्ध और निज स्त्री का दुग्ध तथा बहुत समय के खट्टे हुवे सब पदार्थ भी न खावे पीवे ॥९॥ खट्टे हुवे द्रव्यों में दही मट्ठा और जो दही में बने पकौड़ी आदि तथा उत्तम पुष्प, मूल फल के संधान से जो पदार्थ (अचार आदि) बनते हैं वे भक्षण योग्य हैं)।

(इन भक्ष्यों में कोई दुर्गन्ध युक्त कोई शलगम आदि कामोत्तेजक होकर विषयी बना केवल वीर्य नाशक कोई तमोगुणी बुद्धि नाशक है। और यदि कहीं म्लेच्छादि अभक्ष्यभक्षियों की दीर्घ आयु और फलादि शुद्ध सात्विकादि खाने वालों की भी अल्प आयु देखते हैं वह अन्य कारणों से हो भी सकती है ॥१०॥

क्रव्यादाञ्छकुनान्सर्वांस्तथा ग्रामनिवासिनः ।
अनिर्दिष्टांश्चैकशफांष्टिट्टिभं च विवर्जयेत् ॥११॥
कलविङ्कं प्लवं हंसं चक्राह्वं ग्रामकुक्कुटम् ।
सारसं रज्जुवालं च दात्यूहं शुकसारिके ॥१२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

कच्चे मांस के खाने वाले सब जानवरों, ग्राम के रहने वालों न बताये हुये एक खुर वाला तथा गर्दभ और टिट्टी को छोड़ देवे ॥११॥ चिड़िया, परेव, ...रा, चकवा ग्राम का मुरगा, सारस, बड़ी गुद्दी वाला जलकाक, पपीहा, तोता, मैना ॥१२॥

"प्रतुदाञ्जालपादांश्च कोयष्टिनखविष्किरान्।
निमज्जतश्च मत्स्यादान् शौनं वल्लूरमेव च ॥१३॥
बकंचैव बलाकां च काकोलं खञ्जरीटकम्।
मत्स्यादान्विड्वराहांश्च मत्स्यानेव च सर्वशः ॥१४॥"

"चोंच से फाड़ कर खाने वाले, जिन के पैरों में जाल सा हो (बाज इत्यादि) चील और जो नखों से फाड़ कर खाते हैं, तथा पानी में डूब कर जो मछलियों को खाते है और मीन=मारने के स्थान का मांस और शुष्क मांस ॥१३॥ बगुला और बत्तक करेरुवा, खञ्चन, (मीमला) और मछली के खाने वाले तथा विष्ठाभक्षी सूकर और सम्पूर्ण मछलियों को (न खावे) ॥१४॥"

"यो यस्य मांसमश्नाति स तन्मांसादउच्यते।
मत्स्याद सर्वमासादस्तस्मान्मत्स्यान्विवर्जयेत् ॥१५॥
पाठीनरोहितावाद्यौ नियुक्तौ हव्यकव्ययोः।
राजीवान्सिंहतुण्डांश्च सशल्कांश्चैव सर्वशः ॥१६॥"

"जो जिस का मांस खाता है, वह उस मांस का खाने वाला कहलाता है। (मछली सब का मांस खाती है) इस को जो खावे वह सब का खाने वाला कहलाता है। इस से मछली को न खावे ॥१५॥ पाठा और रोहू ये दो मछली हव्य कव्य में ली गई हैं इस से भक्षण योग्य हैं और राजीव सिंहतुण्ड और सब मोटी खाल वाली मछली (ये भी भक्षण योग्य हैं) ॥१६॥"

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

किया हो तो विशेष करके ॥२१॥ यज्ञ और पोष्यवर्ग की तृप्ति के लिये, ब्राह्मण भक्ष्य मृग पक्षियों को मारे क्योंकि पूर्व अगस्त्य मुनि ने भी किया है ॥२२॥"

'बभूवुर्हि पुरोडाशा भक्ष्याणां मृगपक्षिणाम् ।
पुराणेष्वपि यज्ञेषु ब्रह्मक्षत्रसवेषु च ॥२३॥"

यत्किंचित्स्नेहसंयुक्तं भक्ष्यं भोज्यमगर्हितम् ।
तत्पर्युषितमप्याद्यं हविःशेषं च यद्भवेत् ॥२४॥

'क्योंकि प्राचीन ऋषियों और ब्राह्मण, क्षत्रियों के यज्ञों में भक्ष्य मृग पक्षियों के पुरोडाश हुवा करते थे'। ११ से २३ वें तक १३ श्लोक मांसाहारियों ने अन्य मांसों की परिशेष से भक्ष्यता सिद्ध करने को मिलाये हैं। इस में कुछ भी संशय नहीं है। १० वें श्लोक मे बासी मडे, खट्टे खमीरी पदार्थों का वर्णन है। फिर २४ वें में भी बासी रक्खे हुवे पदार्थों का ही वर्णन है। इस से उस का सम्बन्ध निभ्रम है। लशुन छत्राक पलाण्डु गृञ्जन का निषेध ५ मे कर आये, फिर १९ मे लिखना प्रमाद है। २२ वें में यह जोर लगाना कि यज्ञार्थ ब्राह्मणों को भक्ष्य मृग पक्षी वध्य है पहले अगस्त्य मुनि ने भी मारे थे स्पष्ट बतलाता है कि यह अगस्त्य की पौराणिक कथा के भी बनने से पीछे किसी के मिलाये हैं। २३ वें में प्राचीन ऋषियों के भी यज्ञों में भक्ष्य मृग पक्षियों के मांस से पुरोडाश बनाये गये थे। यह कहना सिद्ध करता है कि श्लोक बनाने वाला अपने समय मे मांस को अभक्ष्य प्रसिद्ध जान कर प्राचीन साक्षी देने की कल्पना करता है और बभुवुः" इस परोक्ष भूत क्रिया से जतलाता है कि बात बहुत पुरानी है। जो आंखों से देखा नहीं है। भला स्वायंभुव मनु से पूर्व परोक्ष

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

भूत कौन लोग ऋषि थे) ॥२३॥ जो कुछ भक्ष्य या भोज्य निन्दित नहीं है, वह वासी होने पर भी घृतादियुक्त हो तो भक्षण करले और जो शेष चरु हवन में बचा है, उसे भी (अर्थात् पुरोडाश बिना घृतादि लगा भी भक्षण करले) ॥२४॥

चिरस्थितमपि त्वाद्यमस्नेहाक्तं द्विजातिभिः।
यवगोधूमजं सर्वं पयसश्चैव विक्रिया ॥२५॥

"एतदुक्तं द्विजातीनां भक्ष्याभक्ष्यमशेषतः।
मांसस्यातः प्रवक्ष्यामि विधिं भक्षणवर्जने ॥२६॥

बहुत काल की भी जौ या गेहूं की घृतरहित और दूध की (मिठाई आदि) बनी वस्तु ब्राह्मण, क्षत्रिय वैश्य भक्षण करलें ॥२५॥ 'यह द्विजातियों का निःशेष भक्ष्याभक्ष्य कहा, इसके उपरान्त मांस के भक्षण और त्याग की विधि कहेंगे। (जब निःशेष भक्ष्याभक्ष्य कह चुके और मांस भी प्रक्षिप्त श्लोकों में बता चुके फिर दुबारा इसका प्रस्ताव प्रमाद और बिगाड़ है। अतः आगे के श्लोक भी ४२ तक प्रक्षिप्त हैं) ॥२६॥

प्रोक्षितंभक्षयेन्मांसं ब्राह्मणानां च काम्यया।
यथाविधिनियुक्तस्तु प्राणानामेव चात्यये ॥२७॥

प्राणस्यान्नमिदं सर्वं प्रजापतिरकल्पयत्।
स्थावरं जङ्गमं चैव सर्वं प्राणस्य भोजनम् ॥२८॥"

'ब्राह्मणों की कामना मांसभक्षण की हो तो यज्ञ में प्रोक्षण विधि से शुद्ध करके भक्षण करें और प्राणरक्षा के हेतु विधि के नियम से ॥२७॥ प्राण का यह सम्पूर्ण अन्न प्रजापति ने बनाया है। स्थावर और जङ्गम सम्पूर्ण प्राण का भोजन है ॥२८॥'

'चराणामन्नमचरा दंष्ट्रिणामप्यदंष्ट्रिणः।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अहस्ताश्च सहस्ताना शूराणां चैव भीरवः ॥२९॥

नात्ता दुष्यत्यदन्नाद्यान्प्राणिनोऽहन्यहन्यपि ।
धात्रैव सृष्टाह्याद्याश्च प्राणिनोऽत्तार एव च ॥३०॥"

चर जीवों के अचर (घास आदि) और दंष्ट्रियों के अदंष्ट्र (व्याघ्रादि के हरिणादि) और हाथ वालों के विना हाथ वाले (मनुष्यों के मछली आदि) और शूरों के डरपोक ऐसे एक का एकभोजन बनाया है ॥२९॥ भक्षणयोग्यों को भक्षण करते हुवे खाने वाले को दोष नहीं लगता क्यों कि विधाता ने ही भोजन और भोजन करने वालों को उत्पन्न किया है"(यूं तो चोरों और धनियों को भी विधाता न ही बनाया है तो क्या चोरी पाप नहीं ?)॥३०॥

"यज्ञाय जग्धिर्मांसस्येत्येष दैवोविधिःस्मृतः ।
अतोन्यथाप्रवृत्तिस्तु राक्षसो विधिरुच्यते ॥३१॥

क्रीत्वा स्वयंवाप्युत्पाद्य परोपकृतमेव वा ।
देवान्पितॄंश्चार्चयित्वा खादन्मांसं न दुष्यति ॥३२॥"

'यज्ञके निमित्त मांस भक्षण करना देवविधि है और इसके सिवाय मासभक्षण राक्षसविधि कही है ॥३१॥ मोल लेकर अथवा आपही मार कर या दूसरे किसी ने लाकर दिया हो उसको देवता और पितरों को चढाकर खानेसे दोष नहीं । (४ पुस्तकोंमें परोपहृतम् पाठ है । मनु तो ११ वें अध्याय में इसे पिशाचादि का भक्ष्य कहेंगे)॥३२॥

नाद्यादविधिना मांसं विधिज्ञोऽनापदि द्विजः ।
जग्ध्वा ह्यविधिना मांसं प्रेत्य तैरद्यतेऽवशः ॥३३॥

न तादृशं भवत्येनो मृगहन्तुर्धनार्थिनः ।
यादृशं भवति प्रेत्य वृथा मांसानि खादतः ॥३४॥"

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अनापत्ति में विधि का जानने वाला द्विज बिना विधि के मांस भक्षण न करे क्योंकि बिना विधि के जो मांस भक्षण करता है उसके मरने पर जिन का मांस उस ने खाया है, उसे वे खाते हैं ॥३३॥ रोजगार के लिये जो पशु मारते हैं, उनको वैसा पाप नहीं होता जैसा कि बिना देवपितरों को चढ़ाये मांस भक्षण करने वाले को पाप होता है ॥३४॥'

> 'नियुक्तस्तु यथान्यायं यो मांसं नात्ति मानवः ।
> स प्रेत्य पशुतां याति संभवानेकविंशतिम् ॥३५॥
>
> असंस्कृतान्पशून्मन्त्रैर्नाद्याद्विप्रः कदाचन ।
> मन्त्रैस्तु संस्कृतानद्याच्छाश्वतं विधिमास्थितः ॥३६॥"

मधुपर्क या श्राद्ध में विधि से नियुक्त हुआ जो मांसभक्षण न करे, वह मर के इक्कीस बार पशुयोनि में जन्म लेता है (इस विचार से तो देखो कि खाने वाले को दोष न मानना तो एक ओर रहा न खाये तो २१ जन्म तक पशु बने। इस से भी मांस-भक्षी वाममार्गियों का प्रक्षेप नहीं जान पड़ता) ॥३५॥ मन्त्रों से जिन का संस्कार नहीं हुआ उन पशुओं को विप्र कभी भक्षण न करे और शाश्वत वेद की विधि से यागादिकों में संस्कृत किये हुओं को भक्षण करे (किसी वेदानुकूल पक्ष में पशुवध विहित भी नहीं श्रौतसूत्रों में जो कुछ है, वह भी उन्हीं वाममार्गियों की लीला है)॥३६॥

> 'कुर्याद् घृतपशुं सङ्गे कुर्यात्पिष्टपशुं तथा ।
> नत्वेव तु वृथा हन्तुं पशुमिच्छेत्कदाचन ॥३७॥
>
> यावन्ति पशुरोमाणि तावत्कृत्वोह मारणम् ।
> वृथापशुघ्नः प्राप्नोति प्रेत्य जन्मनि जन्मनि ॥३८॥

'खाने की इच्छा ही हो तो घृत का पशु या पिष्ट (मैदा) का पशु बना कर यथा विधि खावे परन्तु बिना देवता के उद्देश पशु

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

मारने की इच्छा न करे (धन्य !!! आटा वा घृत भी पशु के आकार का बनाकर रचता है !! इसीसे कोई २ गुप्त वाममार्गी वाह्य- भीरु यज्ञ में भी आटे वा घृत के पशु बनाया करते थे यह प्रसिद्ध है) ॥३७॥ बिना देवता के उद्देश जो पशु मारता है वह मरने पर जितने पशु के रोम है उतने ही जन्मों तक अन्यों से मारा जाता है (हमारी सम्मति में तो देवतों का नाम न लेकर खाने वाले पापी इतने बढ़िया कलङ्की नहीं हैं जितने ये हैं। ५ पुस्तकों मे "कृत्वेह" पाठ भद है) ॥३८॥,,

"यज्ञार्थं पशवः सृष्टाः स्वयमेव स्वयंभुवा ।
यज्ञस्य भूत्यै सर्वस्य तस्माद्यज्ञे वधोऽवधः ॥३९॥
ओषध्यः पशवो वृक्षास्तिर्यञ्चः पक्षिणस्तथा ।
यज्ञार्थं निधनं प्राप्ताः प्राप्नुवन्त्युत्सृती पुनः ॥४०॥"

"ब्रह्मा ने स्वयं ही सब यज्ञ की सिद्धि वृद्धि के अर्थ पशु बनाये हैं इसलिये यज्ञमें पशु वध नहीं है (८ पुस्तकोमे "यज्ञो स्य" पाठ है) ॥३९॥ ओषधि पशु वृक्ष कूर्मादि और पक्षी, यज्ञ के अर्थ मारे जावे तो उत्तम योनि को प्राप्त होते हैं ॥४०॥"

"मधुपर्के च यज्ञे च पितृदैवतकर्मणि ।
अत्रैव पशवो हिंस्या नान्यत्रेत्यब्रवीन्मनुः ॥४१॥
एष्वर्थेषु पशून् हिंसन्वेदतत्त्वार्थविद् द्विजः ।
आत्मानं च पशुं चैव गमयत्युत्तमां गतिम् ॥४२॥"

मधुपर्क यज्ञ और श्राद्ध तथा देवकर्म इन मे ही पशु वध करे अन्यत्र नहीं करे, "यह मनु ने कहाहै (जी हां आपके भी हृदय मे सन्देह है कि कदाचित् कोई इस को मनु वाक्य न समझे। चोर की दाढ़ी मे तिनका) ॥४१॥ वेद का तत्त्वार्थ जानने वाला द्विज इन्हीं मधुपर्कादि में पशुहिंसा करता हुवा आप और पशु दोनो

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

को उत्तम गति प्राप्त कराता है। (तो पहले अपने पुत्रादि को भेट चढ़ा कर उत्तम गति क्यो न दिखलाई जावे ? २६ से ४२ तक १७ श्लोक निकाल कर २५ वें से ४३ वें को मिला कर पढिये तो प्रकरण ठीक मिल जाता है और इन पांचको पिछि से मनु में मिलाने वालेने ऐसी अधिकतासे मिलाया है कि एकही बात (श्राद्धादि न कर के मांस नखावे) अनेकवार पिष्टपेषण करताही जाता है। यह मास भक्षण किसी कर्ममे मनुका संमत नहीं है. इसका निषेध मनुने स्वयं इसी अध्यायके ४३ वें से ५५वें तक १३ श्लोकों में बडे बलपूर्वक किया है और व्यौरेवार इस की बुराई घिनौनापन दुःखिलना एव पापता सब बतलाई हैं वे बुराइये यज्ञ मे कैसे दूर हो सकती है। मनु जब मास को राक्षसादि का भोजन मानते हैं. तो देव कार्य मे कैसे ग्राह्य हो सक्ता है। ये श्लोक अवश्य प्रक्षिप्त हैं जैसा कि महाभारत मोक्ष धर्म पर्व में कहा है कि-

> सर्वकर्मस्वहिंसां हि धर्मात्मा मनुरब्रवीत् ।
> कामकाराद्विहिंसन्ति बहिर्वेद्यां पशून्नराः ॥

धर्मात्मा मनु ने सब कर्म (वैश्यदेवादि) मे अहिंसा ही कही थी परन्तु अपनी इच्छा से शास्त्रबाह्य यज्ञ वेदी पर लोग पशुओ को मारते है ॥४२॥

> गृहे गुरावरण्ये वा निवसन्नात्मवान्द्विजः ।
> नावेदविहितां हिंसामापद्यपि समाचरेत् ॥४३॥
> या वेदविहिता हिंसा नियतास्मिंश्चराचरे ।
> अहिंसामेव तां विद्याद्वेदाद्धर्मो हि निर्बभौ ॥४४॥

गृहस्थाश्रम वा ब्रह्मचर्याश्रम वा वानप्रस्थाश्रम मे रहता हुआ जितेन्द्रिय द्विज अशास्त्रोक्त हिंसा आपत्काल मे भी न करे ॥४३॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

इस जगत में जो वेदविहित हिंसा चराचर में नियत है, उस को अहिंसा ही जाने (हिंसक मनुष्यां सिंह सर्पादि के दण्ड से तात्पर्य है। इसी को अगले श्लोक मे अहिंसकों के निषेध से स्पष्ट किया है) क्योकि वेद से धर्म का ही प्रकाश हुआ है ॥४४॥

योऽहिंसकानिभूतानि हिनस्त्यात्मसुखेच्छया ।
स जीवंश्च मृतश्चैव न क्वचित्सुखमेधते ॥४५॥
यो बन्धनवधक्लेशान्प्राणिनां न चिकीर्षति ।
स सर्वस्य हितप्रेप्सुः सुखमत्यन्तमश्नुते ॥४६॥

जो अहिंसक प्राणियों को अपने सुख की इच्छा से मारता है, वह पुरुष इस लोक मे जीवता और परलोक में मर कर सुख नहीं पाता ॥४५॥ जो पुरुष प्राणियों को बांधने वा मारनेका क्लेश दना नहीं चाहता, वह सबके हितकी इच्छा करनेवाला अनन्त सुख को प्राप्त होता है ॥४६॥

यद्ध्यायति यत्कुरुते धृतिं बध्नाति यत्र च ।
तदवाप्नोत्ययत्नेन यो हिनस्ति न किंचन ॥४७॥

नाऽकृत्वा प्राणिनां हिंसां मांसमुत्पद्यते क्वचित् ।
न च प्राणिवधः स्वर्ग्यस्तस्मान्मांसं विवर्जयेत् ॥४८॥

वह जो कुछ सोचता है जो कुछ करता है और जिस में धृति बांधता है, वह सब उसे सहज मे प्राप्त हो जाता है जो कि किसी को नहीं मारता ॥४७॥ प्राणियो की हिंसा किये विना मांस कभी उत्पन्न नहीं हो सक्ता और प्राणियों का वध स्वर्ग का देने वाला नहीं, अतः मांस को वर्ज देवे ॥४८॥

समुत्पत्तिं च मांसस्य वधबन्धौ च देहिनाम् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

प्रसमीक्ष्य निवर्तेत सर्वमांसस्य भक्षणात् ॥४९॥
न भक्षयति यो मांसं विधिं हित्वा पिशाचवत् ।
स लोके प्रियतांयाति व्याधिभिश्च न पीड्यते ॥५०॥

मांस की (घिनौने शुक्र शोणितसे) उत्पत्ति और प्राणियोंके वध और वन्धन (क्रूर कर्मों) को देख कर सब प्रकार के मांस भक्षण से बचे ॥ ४९ ॥ जो विधि छोड़ कर पिशाचवत् मास भक्षण नहीं करता वह लोगों में प्यारा होता और रोगों से कभी पीड़ित नहीं होता (इससे मांस भक्षण रोगकारक भी समझना चाहिये और प्रत्यक्ष जब से मांस भक्षणादि दुराचार फैले है तब से रोग भी अधिक देखे जाते हैं) ॥५०॥

अनुमन्ता विशसिता निहन्ता क्रयविक्रयी ।
संस्कर्ता चोपहर्ता च खादकश्चेति घातकाः॥५१॥
"स्वमांसं परमांसेन यो वर्धयितुमिच्छति ।
अनभ्यर्च्य पितृन्देवांस्ततोऽन्य. नास्त्यपुण्यकृत् ॥५२॥

१-जिसकी सम्मति से मारते हैं, २-जो अङ्गों को काट कर अलग अलग करता है ३-मारने वाला ४-खरीदने वाला ५-बेचने वाला ६-पकाने वाला, ७-परोसने वाला तथा ८-खाने वाला ये ८ घातक हैं ॥५१॥ "देव और पितरोंके पूजन बिना जो पराये मांस से अपना मांस बढ़ाने की इच्छा करताहै उससे बढ़ कर कोई पाप करने वाला नहीं" ॥५२॥

वर्षे वर्षेऽश्वमेधेन यो यजेत शतं समाः ।
मांसानि च न खादेद्यस्तयोः पुण्यफलं समम् ॥५३॥
फलमूलाशनैर्मेध्यैर्मुन्यन्नानां च भोजनैः ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

न तत्फलमवाप्नोति यन्मांसपरिवर्जनात् ॥५४॥

जो सौ वर्ष तक प्रति वर्ष अश्वमेध यज्ञ करता है और जो जन्म पर्यन्त मांस भक्षण नहीं करता दोनों का पुण्यफल समान है ॥५३॥

(५३ वें से आगे ३ पुस्तकों में यह श्लोक अधिक देखा गया है –

[सदा जयति यज्ञेन सदा दानानि यच्छति ।
स तपस्वी सदा विप्रो यश्च मांसं विवर्जयेत्] ॥

अर्थात् जो ब्राह्मण मांस नहीं खाता वह मानो सदा यज्ञ करता है और दान देता है, तपस्वी है) ॥५३॥ पवित्र फल मूल के भोजन और मुनियों के अन्न खाने में वह फल नहीं जो मांस छोड़ने से प्राप्त होता है ॥५४॥

'मां स भक्षयिताऽमुत्र यस्य मांसमिहाद्म्यहम् ।
एतन्मांसस्य मांसत्वं प्रवदन्ति मनीषिणः ॥५५॥
"न मांसभक्षणे दोषो न मद्ये, न च मैथुने ।
प्रवृत्तिरेषा भूतानां निवृत्तिस्तु महाफला ॥५६॥"

इस लोक में जिस का मांस मैं खाता हूं परलोक में (मां स.) वह मुझे खायगा। विद्वान् लोग यह मांसका मांसत्व कहते हैं ॥५५॥ मांस भक्षण और मद्यपान तथा मैथुन में मनुष्यों की स्वाभाविक प्रवृत्ति होती है, इस लिये इस में दोष नहीं और इन को छोड़ देवें तो बड़ा पुण्य है ॥ (स्वाभाविक बच्चे को तो मांस में घिन होती है। तथा यह श्लोक निषेध के प्रकरण में अनुचित भी स्पष्ट है। कोई लोग खेंचातानी से कई अर्थ करते हैं परन्तु वे अक्षरार्थ और ध्वन्यर्थ से बाहर हैं ॥ यद्यपि ये १२ श्लोक ४२ से ५५ तक मांस भक्षण निषेध विषयक धर्मशास्त्र के सिद्धान्तानुकूल होने से हम

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

को सभी मान्य है, परन्तु इन में से ५३। ५४। ५५ वे श्लोकों की शैली नवीन सी है और ऐसा सन्देह होता है कि ये श्लोक तब मांसनिषधार्थ मिलाये गये हैं जब कि मांस विधान के श्लोक मिलाये जा चुके थे)॥५६॥

प्रेतशुद्धिं प्रवक्ष्यामि द्रव्यशुद्धिं तथैव च।
चतुर्णामपि वर्णानां यथावदनुपूर्वशः ॥५७।
दन्तजातेऽनुजाते च कृतचूडे च संस्थिते।
अशुद्धा बान्धवाः सर्वे सूतके च तथोच्यते ॥५८।

अब चारो वर्णों की यथावत् क्रम से प्रेतशुद्धि और द्रव्य शुद्धि आगे कहूंगा ॥५७॥ दांत निकलने पर ही वा दांत निकलनेके अनन्तर और चूडाकर्म होने पर मरने मे सब बान्धवों को अशुद्धि और सूतक लगता है ॥५८॥

दशाहं शावमाशौचं सपिण्डेषु विधीयते।
अर्वाक्संचयनादस्थ्नां त्र्यहमेकाहमेव च ॥५९॥
सपिण्डता तु पुरुषे सप्तमे विनिवर्तते।
समानोदकभावस्तु जन्मनाम्नोरवेदने ॥६०॥

सपिण्डों में मृतक का आशौच दश दिन रहता है किन्हीं को अस्थिसञ्चयन तक, किन्हीं को ३ दिन और किन्ही को १ दिन ही (इस में ज्ञान और आचार की न्यूनाधिकता ही कारण है। जो गुणो से जितना हीन हो उतना ही उसे सूतक अधिक होता है। जैसे १।२।३ दिन बढ़ाये है और सर्वगुणों से रहित हो तो १० दिन आशौच होता है)॥ ५९॥ सातवीं पीढी में सपिण्डता का सम्बन्ध छूट जाता है और कुल में उत्पन्न हुवों के

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

नाम जन्मभी स्मरण न रहे तव समानोदकता छूट जाती है ॥६०॥

यथेदं शावमाशौचं सपिण्डेषु विधीयते।
जननेऽप्येवमेव स्यान्निपुणं शुद्धिमिच्छताम् ॥६१॥

जैसा मरने में सपिण्डो को यह आशौच कहा है, वैसे ही पुत्रादि उत्पन्न होने में भी अच्छी शुद्धता की इच्छा करने वालों को (आशौच) होता है॥

(६१ वें से आगे ४ पुस्तकों में यह श्लोक अधिक है:-

[उभयत्र दशाहानि कुलस्यान्नं न भुज्यते।
दानं प्रतिग्रहोयज्ञः स्वाध्यायश्च निवर्तते] ॥

जन्म और मृत्यु दोनो में १० दिन तक कुल का अन्न भोजन नहीं किया जाता। देना, लेना यज्ञ और स्वाध्याय रुके रहते हैं॥ इस प्रकरण में सपिण्ड शब्द से किसी को मृतक श्राद्ध का भ्रम न हो किन्तु शरीर का नाम पिण्ड है। सात पीढी तक पूर्वज के वीर्य से थोड़ा बहुत प्रभाव सन्तानों में चलता है इसके पश्चात् श्लोक ६० के अनुसार सपिण्डता नहीं रहती। और जो जिसको जब तक जानता रहे कि अमुकनामा पुरुष हमारे वंश मे था उस की सन्तान तव तक आपस मे श्लोक ६० के उत्तरार्धानुसार समानोदक होती हैं) ॥६१॥

सर्वेषां शावमाशौचं मातापित्रोस्तु सूतकम।
सूतकं मातुरेव स्यादुपस्पृश्य पिता शुचिः ॥६२॥

मृतनिमित्त आशौच सब सपिण्डो को और जन्मनिमित्त आशौच माता पिता को ही रहता है। उसमे भी पिता स्नान करने से शुद्ध हो जाता है, माता को ही सूतक रहता है॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

(६२वे से आगे भी ४ पुस्तकोंमें यह श्लोक अधिक प्रक्षिप्तहै:-

[सत्रधर्मप्रवृत्तस्य दानधर्मफलैषिणः ।
त्रेताधर्मापरोधार्थमारण्यस्यैतदुच्यते ॥]

जो ज्ञानयज्ञ में प्रवृत्त है और दान धर्म का फल चाहता है, त्रेतायुग के धर्म (ज्ञान) के अनुरोधार्थ उस वानप्रस्थ के लिये यह विधान है। इस पर सब से अन्तिम रामचन्द्र ने भाष्य किया है। अन्य किसी ने नहीं) ॥६२॥

'निरस्य तु पुमान् शुक्रमुपस्पृश्यैव शुद्धयति ।
वैजिकादभिसंबन्धादनुरुध्यादघं त्र्यहम् ॥६३॥"

अह्ना चैकेन रात्र्या च त्रिरात्रैरेव च त्रिभिः ।
शवस्पृशो विशुध्यन्ति त्र्यहादुदकदायिनः ॥६४॥

"पुरुष अपने वीर्य को निकालकर स्नानमात्र से शुद्ध होता है और पराई भार्यामें पुत्र उत्पन्न करनेसे तीनदिन आशौच रहताहै" ॥

(६३ वां श्लोक भी प्रक्षिप्त जान पड़ता है। एक तो सूतक मृतक के बीच में वीर्य निकालने की अशुद्धि का वर्णन मनु की इस प्रतिज्ञा के विरुद्ध है जो ५७ वे श्लोक में की गई है। दूसरे परस्त्री प्रसङ्ग वा उसके सन्तानोत्पादनरूप पाप पर केवल ३ दिन का प्रायश्चित मात्र भी सब धर्मशास्त्र के प्रतिकूल और अन्याय है। किसी पुस्तक में ६३ से आगे भी यह श्लोक अधिक है.-

[जननेऽप्येवमेव स्यान्मातापित्रोस्तु सूतकम् ।
सूतकं मातुरेव स्यादुपस्पृश्य पिता शुचिः ॥]

जन्म में भी ऐसे ही माता पिता को सूतक लगता है कि माता को ही सूतक और पिता स्नान करके शुद्ध है) ॥६३॥ मृतक के

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

स्पर्श करने वाले १ और ३ गुणा ३ = ९ = १० दिन रात में शुद्ध होते है और (मरते समय कण्ठ मे) पानी देने वाले (वा अस्थि-सञ्चयन में चिता पर जल छिड़कने वाले) तीसरे दिन शुद्ध होते हैं ॥६४॥

गुरोः प्रेतस्य शिष्यस्तु पितृमेधं समाचरन् ।
प्रेतहारैः समं तत्र दशरात्रेण शुद्ध्यति ॥६५॥
रात्रिभिर्मासतुल्याभिर्गर्भस्रावे विशुद्ध्यति ।
रजस्युपरते साध्वी स्नानेन स्त्री रजस्वला ॥६६॥

मृत गुरु की अन्त्येष्टि करता हुआ शिष्य प्रेत-मुर्दा उठाने वालों के साथ दशवें दिन शुद्ध होता है ॥६५॥ जितने मास का गर्भस्राव हो उतने दिन मे स्त्री शुद्ध होती है और रजस्वला स्त्री जिस दिन रज निवृत्ति हो, उस दिन स्नान करके शुद्ध होती है ॥६६॥

नृणामकृतचूडानां विशुद्धिर्नैशिकी स्मृता ।
निर्वृत्तचूडकानां तु त्रिरात्राच्छुद्धिरिष्यते ॥६७॥

जिन बालकों का चूडाकर्म नहीं हुआ, उनके मरने से एक दिन मे और जिनका चूडाकर्म हो गया है उनके मरने से तीन दिन में शुद्धि होती है ॥ (६७ वें से आगे २ श्लोक और भी १ पुस्तकमें प्रक्षिप्त मिलते हैं:-

[अ]संस्कारप्रमीतानां वर्णानामविशेषतः ।
त्रिरात्रात्तु भवेच्छुद्धिः कन्यास्वह्नो विधीयते ॥१॥
अदन्तजन्मनः सद्य आचूडान्नैशिकी स्मृता ।
त्रिरात्रमाव्रतादेश दशरात्रमतः परम् ॥२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

परपूर्वासु भार्यासु पुत्रेषु कृतेषु च ।
मातामहे त्रिरात्रं तु एकाहं त्वसपिण्डतः ॥३॥]

सब वर्णों के बच्चे जो संस्कार से पूर्व मर गये हों उनकी तीन दिन में शुद्धि होती है और कन्याओं की एक दिन मे ॥१॥ जिसके दांत न जमे हों उनकी तत्काल और फिर चूडाकर्म तक आयु वाले की एक रात्रि भर और फिर उपनयन संस्कार आयु वाले की ३ रात्रि और उसके पश्चात् १० रात्रिकी अशुद्धि है ॥२॥ जो स्त्री प्रथम किसी अन्य की थी उनकी और उनमें जन्मे पुत्रो की और नाना की अशुद्धि ३ रात्रि तक असपिण्डगोत्रियों की एक दिन है ॥३॥) ॥६७॥

ऊनद्विवार्षिकं प्रेतं निदध्युर्बान्धवा बहिः ।
अलंकृत्य शुचौ भूमावस्थिसंचयनादृते ॥६८॥

जिसकी आयु के पूरे दो वर्ष न हुवे हों ऐसे मृत बालक को बान्धव लोग ग्रामादि के बाहर शुद्ध भूमिमें स्वच्छ करके (अस्थिसञ्चयन विना ही) दबा देवें । (विना दाह व अस्थि संचयन)॥६८॥

नास्यकार्योऽग्निसंस्कारो न च कार्योदकक्रिया ।
अरण्ये काष्ठवत्त्यक्त्वा क्षपेयुस्त्र्यहमेव च ६९॥
नाऽत्रिवर्षस्य कर्तव्या बान्धवैरुदकक्रिया ।
जातदन्तस्य वा कुर्युर्नाम्नि वापि कृते सति ॥७०॥

इस (पूर्वोक्त बच्चे) का अग्निसंस्कार न करे, इसकी उदक क्रिया (अस्थिसञ्चयनादि) भी न करे, किन्तु जङ्गल में काष्ठवत् दबा देवे और तीन दिन आशौच रक्खे ॥६९॥ अथवा-जिसके तीन वर्ष पूरे न हुवे हो उस बालक की बान्धव उदकक्रिया न करें

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अथवा जिसके दांत ही उत्पन्न हुवे हों वा नामकरण ही हुवा हो। उसके दाहादि संस्कार करे तो अच्छा है (यह दूसरा पक्ष है)॥७०॥

सब्रह्मचारिण्येकाहमतीते क्षपणं स्मृतम्।
जन्मन्येकोदकानां तु त्रिरात्राच्छुद्धिरिष्यते ॥७१॥

"स्त्रीणामसंस्कृतानां तु त्र्यहाच्छुद्धयन्ति बान्धवाः।
यथोक्तेनैव कल्पेन शुद्धयन्ति तु सनाभयः ॥७२॥"

सहाध्यायी के मरनेमे एक दिन आशौच कहा है और समानोदकों के पुत्रादि जन्मे तो तीन दिन मे शुद्धि चाही है॥७१॥ 'जिन स्त्रियो का संस्कार नहीं हुआ उन के मरने में उनके बान्धव और उनके सनाभि भी तीसरे दिन शुद्ध होते हैं" ॥ (७२ वें से आगे एक पुस्तक मे यह श्लोक अधिक है जो कि ६७ वें के आगे दिखाये ३ अधिक श्लोकों में से तीसरे प्रक्षिप्त के सा आशय रखता है, परन्तु चतुर्थ पाद उसके ठीक विरुद्ध है:-

[परपूर्वासु पुत्रेषु सूतके मृतकेषु च।
मातामहे त्रिरात्रं स्यादेकाहं तु सपिण्डने] ॥

पूर्वली पराई स्त्रियो मे, उन के जन्म तथा मृत्यु और नाना के सूतक मे ३ दिन मे शुद्धि होती है। परन्तु सपिण्डों में १ रात्रि में ही) ॥७२॥

"अक्षारलवणान्नाः स्युर्निमज्जेयुश्च ते त्र्यहम्।
मांसाशनं च नाश्नीयुः शयीरंश्च पृथक् क्षितौ ॥७३॥"

"क्षारलवणरहित अन्न का भोजन करें, तीन दिन स्नान करें, मांस भक्षण न करें और भूमि पर अकेले सोवें। (७२वे से अगला श्लोक तो एक ही पुस्तक में मिलता है, सब मे नहीं। परन्तु ७२ वां और ७३ वां भी प्रक्षिप्त जान पड़ता है। क्यो कि

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

असंस्कृत स्त्रियों का अशौच जब पुरुषों के समान है तो पृथग्विधान व्यर्थ है। और जो लोग सगाई मात्र का अर्थ करते हैं सो धर्मशास्त्रों में सगाई कोई संस्कार १६ संस्कारों मे से नहीं है। ७२ वें में ३ दिन स्नानविधान कहना असङ्गत है। क्यों कि आशौच १० दिन और स्नान ३ दिन कैसा? जब कि विना मृतक मृतक भी नित्य शरीर शुद्धिकर्त्तव्य है। मांस का निषेध भी व्यर्थ है, जब कि सब काल में ही मांस निषिद्ध है। ५७ वें श्लोक से यह प्रेतशुद्धि का वर्णन आरम्भ हुआ है। जिस के साथ कहीं २ जन्म शुद्धि को भी कहते जाते हैं यथार्थ में जन्म और मृत्यु दो संसार में बड़ी घटना हैं। इन से बढ़ कर कोई घटना नहीं। जिन में एक हर्ष और दूसरी शोक का कारण सर्वसाधारण के लिये होती है। जन्म समय १० मास का रुका मल जिस घर में निकलता है और वायु तथा अन्य घर के पदार्थों पर अपना प्रभाव डालता है, कुटुम्बी लोग तो हानि लाभ के साथी साझी हैं, उन्हें संसर्ग से बचना कठिन है। परन्तु अन्य वर्ण, पास पड़ोसी आदि को स्वाभाविक रीति पर कुछ घिन अवश्य उस घर के पदार्थों से होती है। इस लिये अपवित्रता के परिमाण से न्यूनाधिक यथासम्भव सूतक लगाया गया है। ऐसे ही मृतक भी। अग्नि सूर्य काल, वायु आदि पदार्थ उस अशुद्धि को क्रम से घटाते हैं। (देखो १०५) और लीपने पोतने, धोने मांजने आदि से भी क्रम पूर्वक शुद्धि होती है। इस लिये जितना २ सम्बन्ध समीप है वा जितना २ जस जिस वर्ण आश्रम आदि के विचार से जिस को अधिक संसर्ग सम्भव देखा, उस २ को अधिक सूतक मृतक का आशौच विधान किया है। मृतक आशौच में मरने वालेकी आयु की न्यूनाधिकता से बान्धवादि के संसर्ग में भी न्यूनाधिकता देख कर आशौच की न्यूनाधिकता कथन की गई है। एक बात अधिक

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

विचारणीय है कि दो वर्ष से न्यून आयु वाले बच्चों का गाड़ना क्यों कहा, जब कि दाह संस्कार वेदोक्त है। इस में एक पक्ष यह भी ७० वे श्लोक मे किया है कि जिस का नामकरण हो गया वा जिस के दांत निकल आये उस के दाहादि संस्कार करने चाहियें। यथार्थ मे दाह करने का तात्पर्य यही है कि मरने वाले देही ने संसारयात्रा मे मल संसर्ग से शरीर पर बहुत बड़ी मलिनता संग्रह करली है। वह मलिनता अन्य जीवते प्राणियों को वायु में परिणत हो हो कर दीर्घकाल तक रोगादि का हेतु न हो। परन्तु संसार के सभी कार्य आरम्भ काल में नहीं के समीप २ होते हैं। ऐसे ही गर्भस्थिति से नामकरण तक उस मलिनता का संग्रह उस के शरीर मे बहुत कम होता है। कहीं न कहीं मर्यादा रखनी ही पड़ती है। यहां से आगे दाहसंस्कार द्वारा निवारण करने योग्य मलिनता का आरम्भ है। इस से पूर्व सूक्ष्म रूप पृथिवीस्थ अग्नि ही उसे भस्म करने मे समर्थ समझा गया। और जन्मते बच्चे का दाहविधान करते तब भी यह शङ्का रह ही जाती कि गर्भपात वा गर्भस्राव का दाह क्यों न करना चाहिये। इस से आगे वीर्य-पात मात्र के दाह की भी आशङ्का होती। इस लिये शास्त्रकार ने दाह की योग्यता की अवधि नियत करके मर्यादा स्थापित करदी है। विशेष स्वयं बुद्धिमान् विचार सकते हैं। मृत्यु में शोक भी एक प्रकार की भीतरी मलिनता अशौच का कारण है)॥७३॥

सन्निधावेष वै कल्पः शावाशौचस्य कीर्तितः।
असन्निधावयं ज्ञेयो विधिः सम्बन्धिबान्धवैः॥७४॥

यह समीप रहने में मृतसम्बन्धी आशौचका विधान कहा और विदेश रहने मे उस के सम्बन्धी बांधव आगेकहे अनुसार आशौच विधान जानें॥७४॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

विगतं तु विदेशस्थं शृणुयाद्यो ह्यनिर्दशम्।
यच्छेषं दशरात्रस्य तावदेवाशुचिर्भवेत् ॥७५॥

विदेश में मरा हो और १० दिन पूरे न हुवे हों तो सुनने पर जितने दिन १० दिन में शेष हों उतने दिन आशौच रहे।

(७५ वें के आगे एक पुस्तक में यह श्लोक अधिक है -

[मासत्रये त्रिरात्रं स्यात्षण्मासे पक्षिणी तथा।
अहस्तु नवमादर्वागूर्ध्वं स्नानेन शुध्यति ॥]

तीन मास बीतने पर सुने तो ३ रात्रि तक आशौच और छः मास बीतने पर १॥ दिन और ९ वें मास के भीतर १ दिन तथा इस के पश्चात् स्नान मात्र से शुद्ध होता है) ॥७५॥

अतिक्रान्ते दशाहे च त्रिरात्रमशुचिर्भवेत्।
संवत्सरे व्यतीते तु स्पृष्ट्वैवापो विशुद्ध्यति ॥७६॥

और दश दिन व्यतीत होने के अनन्तर सुने तो तीन दिन आशौच रहे परन्तु एक वर्ष बीत गया हो तो स्नान करने से ही शुद्ध हो जाता है ॥७६॥

निर्दशं ज्ञातिमरणं श्रुत्वा पुत्रस्य जन्म च।
सवासा जलमाप्लुत्य शुद्धो भवति मानवः ॥७७॥

बाले देशान्तरस्थे च पृथक् पिण्डे च संस्थिते।
सवासा जलमाप्लुत्य सद्य एव विशुद्ध्यति ॥७८॥

दश दिन हो जाने पर ज्ञातिमरण या पुत्र का जन्म सुन कर मनुष्य सचैल स्नान करके शुद्ध होता है ॥७७॥ सगोत्र बालक देशान्तरस्थ तथा असपिण्ड का मरण (सुन के) सचैल स्नान

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

करने से उसी समय शुद्ध हो जाता है ॥७८॥

अन्तर्दशाहे स्यातां चेत्पुनर्मरणजन्मनी ।
तावत्स्यादशुचिर्विप्रो यावत्तत्स्यादनिर्दशम् ॥७९॥
त्रिरात्रमाहुराशौचमाचार्ये संस्थिते सति ।
तस्य पुत्रे च पत्न्यां च दिवारात्रमिति स्थितिः ।८०।

दशाह के बीच यदि पुनः किसी के मरने वा उत्पन्न होने से आशौच होजावे तो विप्र तब तक शुद्ध न होगा जब तक कि उस के दश दिन पूरे न हो जावें ॥७९॥ आचार्य के मरने मे शिष्य को तीन दिन आशौच रहता है और आचार्य के लड़के या स्त्री के मरने में एक दिन ॥८०॥

श्रोत्रिये तूपसंपन्ने त्रिरात्रमशुचिर्भवेत् ।
मातुले पक्षिणीं रात्रिं शिष्यर्त्विग्बान्धवेषु च ॥८१॥
प्रेते राजनि सज्योतिर्यस्य स्याद्विषयेस्थितः ।
अश्रोत्रिये त्वहः कृत्स्नमनूचाने तथा गुरौ ॥८२॥

श्रोत्रिय के मरने मे तीन दिन और मामा, शिष्य, ऋत्विक्, और बांधवों के मरने में सूर्यास्त तक आशौच रहे और जो श्रोत्रिय न हो तो सारा दिन और जिस ने पूर्ण वेदाध्ययन किया हो वा गुरु हो उस का भी ॥८२॥

शुध्येद्विप्रो दशाहेन द्वादशाहेन भूमिपः ।
वैश्यः पञ्चदशाहेन शूद्रो मासेन शुद्ध्यति ॥८३॥

ब्राह्मण १० दिन में, क्षत्रिय १२ दिन में, वैश्य १५ दिन में, और शूद्र एक मास मे शुद्ध होता है। (८३ से आगे दो पुस्तकों

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

मे पहले दो श्लोक और अन्य दो पुस्तकों मे चार श्लोक जो नीचे लिखे हैं, अधिक हैं :—

[क्षत्रविट्शूद्रदायादाः स्युश्चेद्विप्रस्य बान्धवाः ।
तेषामशौचं विप्रस्य दशाहाच्छुद्धिरिष्यते ॥१॥
राजन्यवैश्ययोश्चैवं हीनयोनिषु बन्धुषु ।
स्वमेव शौचं कुर्वीत विशुद्ध्यर्थमिति स्थितिः ॥२॥
विप्रः शुद्ध्येद्दशाहेन जन्महानौ स्वयोनिषु ।
षड्भिस्त्रिभिरथैकेन क्षत्रविट् शूद्रयोनिषु ॥३॥
सर्वे चोत्तमवर्णास्तु शौचं कुर्युरतन्द्रिताः ।
तद्वर्णविधिदृष्टेन स्वं तु शौचं स्वयोनिषु ॥४॥]

हम ३। १३ श्लोकको प्रक्षिप्त बता आये हैं जिसमे ब्राह्मणादि को अपने से नीचे वर्णों की कन्या लेने का विधान है। यहा इन ४ श्लोकों में उन्हीं नीच विवाह के सम्बन्धियो का मृतक आशौच बताया जाता है। परन्तु ये श्लोक केवल ४पुस्तको मे हैं सबमे नहीं इसलिये यहतो स्पष्ट हो है कि ये प्रक्षिप्तहैं और यहभी निश्चयहोता है कि ३. १३ भी ठीकप्रक्षिप्तथा। यदि मनुप्रोक्त होतातो यहांआशौच प्रकरण में उसका आशौच विधान भी सब पुस्तकों मे होता।

यदि क्षत्रिय वैश्य शूद्र ब्राह्मण के दायाद बान्धव हों तो उनके आशौच मे ब्राह्मण की १० दिन में शुद्धि चाही है ॥१॥ इसी प्रकार क्षत्रिय और वैश्य को भी अपने से हीन योनि सम्बन्धियों की मृत्यु मे अपने वर्णानुसार शुद्धि के लिये शौच करना चाहिये यह नियम है ॥२॥ ब्राह्मण अपन वर्णस्थ सम्बन्धियो के जन्म वा मृत्यु मे १० दिन में, क्षत्रिय वर्णस्थ सम्बन्धियो के जन्म वा मृत्यु में ६ दिन मे,

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

वैश्य सम्बन्धियो के ३ दिन मे और शूद्र सम्बन्धियों के जन्माग्नि में १ दिन मे शुद्ध होता है ॥३॥ सब उत्तम वर्ण निरालस्य होकर उस २ वर्णस्थ सम्बन्धियों का उस २ वर्णानुसार और स्ववर्णस्थों का स्ववर्णानुसार आशौच माने ॥४॥) ॥८३॥

न वर्धयेदघाहानि प्रत्यूहेन्नाग्निषु क्रियाः ।
न च तत्कर्म कुर्वाणः सनाभ्योऽप्यशुचिर्भवेत् ॥८४॥

मरणाऽशौच के दिन न बढावे और अग्निहोत्रादि क्रिया का विधान नकरे उस कर्मके करतेहुवे सनाभिभी अशुचि नहींहै ॥८४॥

दिवाकीर्तिमुदक्यांच पतितं सूतिकां तथा ।
शवं तत्स्पृष्टिनं चैव स्पृष्ट्वा स्नानेन शुद्ध्यति ॥८५॥
आचम्य प्रयतो नित्य जपेदशुचिदर्शने ।
सौरान्मन्त्रान्यथोत्साहं पावमानीश्च शक्तितः ॥८६॥

चण्डाल, रजस्वला, पतित, प्रसूता तथा शव और शवके स्पर्श करने वाले को छूने पर स्नानसे शुद्ध होता है ॥८५॥ आचमन कर के शुद्ध हुआ मनुष्य चाण्डलादि के अशुचि दर्शन होने पर सौर मन्त्र (उदुत्यं जातवेदसम् इत्यादि) और पवमान देवता वाले मन्त्रो को शक्ति और उत्साह के अनुसार जपे ॥८६॥

नारं स्पृष्ट्वास्थि सस्नेहं स्नात्वा विप्रो विशुद्ध्यति ।
आचम्यैवतु निःस्नेहं गामालभ्यार्कमीक्ष्य वा ॥८७॥
आदिष्टी नोदकं कुर्यादाव्रतस्य समापनात् ।
समाप्ते तूदकं कृत्वा त्रिरात्रेणैव शुद्ध्यति ॥८८॥

मनुष्य की स्नेहयुक्त अस्थि छूने से विप्र स्नान करके शुद्ध हो

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

जाना है और जिसमें चिकनाई न हो उस के स्पर्श करने से आचमन ही से या गौ=भूमि के स्पर्शसे या सूर्य के दर्शन से पवित्र होता है। (यहां दो पुस्तकों में, "गां स्पृष्ट्वा वीक्ष्य वा रविम्" पाठ भेदहै। और मेधातिथि आदि छहों भाष्यकार "आलभन" का अर्थ "स्पर्श" करते हैं) ॥८७॥ ब्रह्मचारी व्रत की समाप्ति पर्यन्त प्रेतोदक न करे। समाप्ति के अनन्तर प्रेतोदक करे तो त्रिरात्रसे ही शुद्ध हो जाता है ॥८८॥

वृथासंकरजातानां प्रव्रज्यासु च तिष्ठताम् ।
आत्मनस्त्यागिनां चैव निवर्तेतोदकक्रिया ॥८९॥

पाषण्डमाश्रितानां च चरन्तीनां च कामतः ।
गर्भभर्तृद्रुहां चैव सुरापीनां च योषिताम् ॥९०॥

वृथा वर्णसङ्करों, सन्यासियों और आत्मघातियों की उदक क्रिया आवश्यक नहीं ॥८९॥ पाषण्डियों, स्वैरिणियों और गर्भपात पतिघात, सुरापान करने वाली स्त्रियों की (उदकक्रिया नकरे)।९०।

आचार्यं स्वमुपाध्यायं पितरं मातरं गुरुम् ।
निर्हृत्य तु व्रती प्रेतान्न व्रतेन वियुज्यते ॥९१॥

दक्षिणेन मृतं शूद्रं पुरद्वारेण निर्हरेत् ।
पश्चिमोत्तरपूर्वैस्तु यथायोगं द्विजन्मनः ॥९२॥

अपने आचार्य उपाध्याय पिता माता तथा गुरु के प्रेतकृत्य करने से ब्रह्मचारी का व्रत भङ्ग नहीं होता ॥९१॥ शूद्रके मुर्दे नगर के दक्षिणद्वार से और वैश्य के पश्चिम, क्षत्रिय के उत्तर और ब्राह्मण के पूर्व से निकाले ॥९२॥

न राज्ञामघदोषोऽस्ति व्रतीनां न च सत्रिणाम् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ऐन्द्रं स्थानमुपासीना ब्रह्मभूताहि ते सदा ॥९३॥
राज्ञो माहात्मिके स्थाने सद्यः शौचं विधीयते ।
प्रजानां परिरक्षार्थमासनं चात्रकारणम् ॥९४॥

राजा और ब्रह्मचारी व चान्द्रायणादि व्रत करने वाले और यज्ञ करने वालों को आशौच नहीं लगता । क्योंकि ये इन्द्रके पद पर बैठे हुवे और सदा निष्पाप हैं ।(इन्द्र पद शुद्ध स्थान का नाम है जैसा कि "इन्द्र शुद्धो न आगहि०' इत्यादि । और इन्द्र शुद्धोहि नो रयिम०" इत्यादि सामवेद उत्तरार्चिक १२ । ३ । २ । ३ मे लिखा है) ॥९३॥ माहात्मिक राजपद में स्थित राजा को उसी समय पवित्र कहा है (अर्थात् राज्य से भ्रष्ट क्षत्रियों को सद्यः शुद्धि नहीं है) प्रजा की रक्षार्थ न्यायासन पर बैठना इस मे कारण है ॥९४॥

डिम्बाहवहतानां च विद्युतापार्थिवेन च ।
गोब्राह्मणस्य चैवार्थे यस्यचेच्छति पार्थिवः ॥९५॥
सोमाग्न्यर्कानिलेन्द्राणां वित्ताप्पत्योर्यमस्य च ।
अष्टानां लोकपालानां वपुर्धारयते नृपः ॥९६॥

विना शस्त्र की लड़ाई में और बिजली से तथा राजाज्ञा= फांसी से और गौ ब्रह्मण की रक्षा के लिये मरे हुवे का और जिस को राजा अपने कार्य के लिये चाहे उसका (तत्काल शौच कहा है) ॥९५॥चन्द्र अग्नि, सूर्य, वायु, इन्द्र कुवेर, वरुण और यम इन आठ लोकपालों का शरीर राजा धारण करता है (अर्थात् राजा में लोकपालनार्थ ये आठ गुण रहते है, जो दिव्य हैं) ॥९६॥

लोकेशाधिष्ठितो राजा नास्याशौचं विधीयते ।
शौचाशौचं हि मर्त्यानां लोकेशप्रभवाप्ययम् ॥९७॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

उद्यतैराहवे शस्त्रैः क्षत्रधर्म हतस्य च ।
सद्यः संतिष्ठते यज्ञस्तथा शौचमिति स्थितिः ॥९८॥

इन्द्रादि ८ लोकपालो के स्थान पर रहता है इसलिये राजा को आशोच नहीं कहा, क्योंकि मनुष्यों का शौच और आशौच लोकपालो से उत्पन्न और नष्ट होता है ॥९७॥ संग्राम मे उद्यत शस्त्रों से क्षात्रधर्म से (ढेला लकड़ी से नही किन्तु) सामने लड़ाई मे मरे का यज्ञ उसी समय समाप्त होता है और शौच भी तत्काल हो जाता है ॥९८॥

विप्र शुद्धयत्यपः स्पृष्ट्वा क्षत्रियो वाहनायुधम् ।
वैश्यः प्रतोदं रश्मीन्वा यष्टिं शूद्रः कृतक्रियः ॥९९॥
एतद्वोऽभिहितं शौचं सपिण्डेषु द्विजोत्तमाः ।
असपिण्डेषु सर्वेषु प्रेतशुद्धिं निबोधत ॥१००॥

प्रेतक्रिया करके ब्राह्मण जल को स्पर्श कर, क्षत्रिय शस्त्र और वाहन आदि को तथा वैश्य हांकने के दण्डे वा लगाम को और शूद्र लाठी को छूके शुद्ध होता है (अर्थात् आशौच समाप्ति के दिन इन इनको ये २ वस्तु छूनी चाहिये यह रीति है) ॥९९॥ हे द्विजश्रेष्ठो ' यह सपिण्डो में आशौच विधान तुम से कहा और असपिण्डो मे प्रेत शुद्धि का विधान (आगे) सुनो ॥१००॥

असपिण्डं द्विजं प्रेतं विप्रोनिर्हृत्य बन्धुवत् ।
विशुद्ध्यतित्रिरात्रेण मातुराप्तांश्च बान्धवान् ॥१०१॥
यद्यन्नमत्ति तेषां तु दशाहेनैव शुध्यति ।
अनदन्नन्नमन्हैव न चेत्तस्मिन्गृहे वसेत् ॥१०२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

यदि ब्राह्मण असपिण्ड मृत द्विज का स्नेहसे बन्धु के समान अन्त्येष्ट्यादि कर्म करे और माता के सम्बन्ध वाले बान्धवों के दाहादि करे तो तीन दिनमे शुद्ध होता है ॥१०१॥ जो दाहादि करने वालाविप्र सूतकके सपिन्डोंका अन्न खाताहो तो १० दिनमें और जो उनका अन्न न खाता हो और उस घर मे भी न रहता हो तो एक दिन मे शुद्ध हो जाता है ॥१०२॥

अनुगम्येच्छया प्रेतं ज्ञातिमज्ञातिमेव च ।
स्नात्वा सचैलः स्पृष्ट्वाग्निं घृतं प्राश्यविशुध्यति ॥१०३॥

न विप्रं स्वेषु तिष्ठत्सु मृतं शूद्रेण नाययेत् ।
अस्वर्ग्या ह्याहुतिः सा स्याच्छूद्रसंस्पर्शदूषिता ॥१०४॥

स्वजाति वा अन्य जाति के मुर्देके पीछे जान बूझकर जाने से सचैल स्नान, अग्नि स्पर्श और घृतको खाकर शुद्ध होताहै॥१०३॥ सजातियों के रहते हुये ब्राह्मण के मुर्दे को शूद्र के दाहार्थ न लिया जावे क्योंकि शूद्र के स्पर्श से दूषित आहुति (संसार को) सुख देने वाली न होगी ॥१०४॥

ज्ञानं तपोऽग्निराहारो मृन्मनोवार्युपाञ्जनम् ।
वायुः कर्मार्ककालौ च शुद्धेः कर्तॄणि देहिनाम् ॥१०५

सर्वेषामेव शौचानामर्थशौचं परं स्मृतम् ।
योऽर्थेशुचिर्हि स शुचिर्न मृद्वारिशुचिः शुचिः ॥१०६॥

मनुष्यों को ये ज्ञानादि शुद्ध करने वाले हैं-ज्ञान, तप, अग्नि, आहार मृतिका, मन, पानी लीपना, वायु यज्ञादि सूर्य और काल (इसी से आशौच और शौच के हेतु समझ लेने चाहिये) ॥१०५॥ इन सब शौचों में अर्थ शौच (अन्याय करके दूसरे का धन न लेने

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

की इच्छा रूप शौच) मत्र मे श्रेष्ठ कहा है । यदि अर्थशौच नहीं तो मृत्तिकादि से कुछ शुद्धि नहीं होती । जो अर्थ मे शुद्ध है वही शुद्ध है ॥१०६॥

क्षान्त्या शुध्यन्तिविद्वांसो दानेनाकार्यकारिणः ।
प्रच्छन्नपापा जप्येन तपसा वेदवित्तमाः ॥१०७॥
मृत्तोयैः शुध्यते शोध्यं नदी वेगेन शुध्यति ।
रजसा स्त्री मनोदुष्टा संन्यासेन द्विजोत्तमः ॥१०८॥

क्षमा से विद्वान शुद्ध होते हैं। जो यज्ञादि क्रिया नहीं कर सकते वे दान से, गुप्त पाप वाले जप से और उत्तम वेद के जानने वाले तप से (शुद्ध होते हैं) ॥१०७॥ मलयुक्त अशुद्ध वस्तु मृत्तिका और जलसे शुद्ध होती है। नदी वेगसे शुद्धहोती है। मनमे दूषित स्त्री रजस्वला होनेपर और ब्राह्मण त्यागसे (शुद्ध होता है)॥१०८॥

अद्भिर्गात्राणि शुध्यन्ति मनः सत्येन शुध्यति ।
विद्या तपोभ्यां भूतात्मा बुद्धिर्ज्ञानेन शुध्यति ॥१०९॥
एष शौचस्य वः प्रोक्तः शारीरस्य विनिर्णयः ।
नानाविधानां द्रव्याणां शुद्धेः शृणुतनिर्णयम् ॥११०॥

पानी से शरीर शुद्ध होते हैं। मन सत्य बोलने से शुद्ध होता है। सूक्ष्म लिङ्ग शरीर से युक्त जीवात्मा विद्या और तप से (शुद्ध होता है) ज्ञान से बुद्धि शुद्ध होती है ॥१०९॥ यह तुमसे शरीर शुद्धि का निर्णय कहा। अब नाना प्रकार के द्रव्यों की शुद्धि का निर्णय सुनो ॥११०॥

तैजसानां मणीनां च सर्वस्याश्ममयस्य च ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

भस्मनाद्भिर्मृदा चैव शुद्धिरुक्ता मनीषिभिः ॥१११॥
निर्लेपं काञ्चनं भाण्डमद्भिरेव विशुध्यति ।
अब्जमश्ममयं चैव राजतं चानुपस्कृतम् ॥११२॥

सुवर्णादि और हीरा आदि मणियों और सम्पूर्ण पाषाणमय पदार्थों की राख मिट्टी और पानी से मनीषियों ने शुद्धि कही है ॥१११॥ सौने का बर्तन जिसमें उच्छिष्ट न लगा हो और शङ्ख मोती आदि जलज और पत्थर के बर्तन तथा चांदी जिन पर नकशा न हो वे केवल जल से शुद्ध होते हैं ॥११२॥

अपामग्नेश्च संयोगाद्धैमं रौप्यं च निर्बभौ ।
तस्मात्तयोः स्वयोन्यैव निर्णेको गुणवत्तरः ॥११३॥

ताम्रायः कांस्यरैत्यानां त्रपुणः सीसकस्य च ।
शौचं यथार्हं कर्त्तव्यं क्षाराम्लोदकवारिभिः ॥११४॥

जल और अग्नि के संयोग से चांदी सौना उत्पन्न हुआ है इसलिये इनका शोधन अपनी योनि=पानी और अग्निसे ही बहुत उत्तम है ॥११३॥ तांबा लोहा कांसी, पीतल, लाख और सीसे के बर्तनों कोखार खट्टे पानी और केवल पानी से जिसमें उचित हो उससे उसका शोधन करे ॥११४॥

द्रवाणां चैव सर्वेषां शुद्धिराप्लवनं स्मृतम् ।
प्रोक्षणं संहतानां च दारवाणां च तक्षणम् ॥११५॥
मार्जनं यज्ञपात्राणां पाणिना यज्ञकर्मणि ।
चमसानां ग्रहाणां च शुद्धिः प्रक्षालनेन तु ॥११६॥

द्रवों को पिघला कर छान लेने से और जमे हुवों की प्रोक्षण

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

से और लकड़ियों के बर्तनादि की छीलनेसे शुद्धि होती है ॥११५॥ परन्तु यज्ञकर्म में यज्ञपात्रों की हाथ से मार्जन द्वारा और चमसों तथा ग्रहों=संडासी वा चिमटों को धोने से शुद्धि होती है ॥११६॥

चरूणांस्रुक्स्रुवाणां च शुद्धिरुष्णेन वारिणा ।
स्फ्यशूर्पशकटानां च मुसलोलूखलस्य च ॥११७॥

अद्भिस्तु प्रोक्षणं शौचं बहूनां धान्यवाससाम् ।
प्रक्षालनेन त्वल्पानामद्भिः शौचं विधीयते ॥११८॥

यज्ञ पात्र चरु, स्रुच, स्रुव, स्फ्य, शूर्प, शकट, ओखली और मूसल की शुद्धि गरम पानी से होती है ॥११७॥ बहुत धान्यों और कपड़ों की शुद्धि पानी के प्रोक्षण से और थोड़े हों तो धोने से कही है। (इस से आगे दो पुस्तकों में एक श्लोक अधिक पाया जाता है-

(त्र्यहकृतशौचानां तु वायसी शुद्धिरिष्यते ।
पर्युक्षणाद्रूपनाद्वा मलिनानांतधावनात् ॥)

३ दिन में जिसकी शुद्धि कही है, उन मृतबालकों के वस्त्र उन की आयु के अनुसार शुद्ध होते हैं-किन्हीं को छिड़कने, किन्हीं को धूपदेने और किन्हीं मैले वस्त्रों को अत्यन्त धुलानेसे शुद्धि जानो॥११८॥

चैलवच्चर्मणां शुद्धिर्वैदलानां तथैव च ।
शाकमूलफलानां च धान्यवच्छुद्धिरिष्यते ॥११९॥

कौशेयाविकयोरूषैः कुतपानामरिष्टकैः ।
श्रीफलैरंशुपट्टानां क्षौमाणां गौरसर्षपैः ॥१२०॥

चमड़ों और चटाइयों की शुद्धि वस्त्रवत् होती है और शाक मूल फलों की शुद्धि धान्य के समान चाही गई है ॥११९॥ रेशमी

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

और ऊनी कपड़ो की (शुद्धि) रेह वा सुनहरी मिट्टी से और नैपाल के कम्बलों की रीठों से तथा शणादि घास के कपड़ो की वेल से और छालटी वस्त्रोकी श्वेत सरसोंसे शुद्धि होती है।१२०।

शंखवच्छृंग शृङ्गाणामस्थिदन्तमयस्य च ।
शुद्धिर्विजानता कार्या गोमूत्रेणोदकेन वा ॥१२१॥
प्रोक्षणात्तृणकाष्ठं च पलालं चैव शुध्यति ।
मार्जनोपाञ्जनैर्वेश्म पुनः पाकेन मृण्मयम् ॥१२२॥

शंख, शृङ्ग, हड्डी और दांत के पात्रादि की शुद्धि शास्त्र का जानने वाला पुरुष पानी या गोमूत्र से करे या जैसे छालटी की होती है ॥१२१॥ घास और फूंस प्रोक्षण से और घर मार्जन तथा लीपने से और मिट्टी का बर्तन पुनः आग मे देने से शुद्ध होता है ॥१२२॥

मद्यैर्मूत्रैः पुरीषैर्वा ष्ठीवनैः पूयशोणितैः ।
संस्पृष्टं नैव शुध्येत पुनः पाकेन मृण्मयम् ॥१२३॥
संमार्जनोपाञ्जनेन सेकेनोल्लेखनेन च ।
गवां च परिवासेन भूमिः शुध्यति पञ्चभिः ॥१२४॥

परन्तु मदिरा, मूत्र मल थूक, राध और रक्त से दूषित हुवा मृत्तिका का पात्र पुनः अग्नि में पकाने से भी शुद्ध नहीं होता ॥१२३॥ मार्जन, लीपने, छिड़कने, छीलने और गौ के वास करने, इन पांचों से भूमि शुद्ध होती है ॥१२४॥

पक्षिजग्धं गवा घ्रातमवधूतमवक्षुतम् ।
दूषितं केशकीटैश्च मृत्प्रक्षेपेण शुध्यति ॥१२५॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

यावन्नापैत्यमेध्याक्ताद्गन्धो लेपश्च तत्कृतः ।
तावन्मृद्वारि चादेयं सर्वासु द्रव्यशुद्धिषु ॥१२६॥

पक्षी ने खाया हो और गाय ने सूंघा हो वा पैर से कुचला हो तथा जिस के ऊपर छींक दिया हो और जो कीड़ो तथा केशों से दूषित हुवा हो।वह (स्थान) मृत्तिका डालने से शुद्ध होता है ॥१२५॥ अमेध्य (विष्ठादि) के लेप से समस्त द्रव्यशुद्धियो में जब तक उस का गन्ध और लेप रहे तब तक पानी और मिट्टी से उस को धोवे ॥१२६॥

त्रीणिदेवाः पवित्राणि ब्राह्मणानामकल्पयन् ।
अदृष्टमद्भिर्निर्णिक्तं यच्च वाचा प्रशस्यते ॥१२७॥

आपःशुद्धाभूमिगता वैतृष्ण्यं यासु गोर्भवेत् ।
अव्याप्ताश्चेदमेध्येन गन्धवर्णरसान्विताः ॥१२८॥

देवतों ने ब्राह्मणो के तीन पदार्थ पवित्र कहे हैं। एक अदृष्ट दूसरा जो पानी से धो लिया हो, तीसरे (ब्राह्मण की) वाणी से जो प्रशंसित हो ॥१२७॥ जिस पानी में गाय की प्यास निवृत्त हो सके अमेध्ययुक्त न हो तथा गन्ध वर्ण रस से ठीक हो ऐसा पानी भूमि में शुद्ध है ॥१२८॥

नित्य शुद्धः कारुहस्तः पण्ये यच्च प्रसारितम् ।
ब्रह्मचारिगतं भैक्ष्यं नित्यं मेध्यमिति स्थितिः ॥१२९॥

"नित्यमास्यं शुचिः स्त्रीणां शकुनि. फलपातने ।
प्रस्रवे च शुचिर्वत्सः श्वा मृगग्रहणे शुचि ॥१३०॥"

कारीगरों का हाथ और दुकान मे बेचने को जो रक्खा है,

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

वह और ब्रह्मचारी की भिक्षा, ये सर्वदा पवित्र हैं। यह शास्त्र की मर्यादा है ॥१२९॥ "स्त्रियों का मुख सर्वदा पवित्र माना जाता है तथा पक्षी फल गिराने मे और बछड़े का मुख दोहन के समय, कुत्ते का मुख शिकार पकड़ने के समय पवित्र माना जाता है"। (यह कामी स्वार्थी और मांस भक्षियों का प्रक्षेप धर्मशास्त्र से विरुद्ध त्याज्य है) ॥१३०॥

"श्वभिर्हतस्य यन्मांसं शुचि तन्मनुरब्रवीत्।
क्रव्याद्भिश्च हतस्यान्यैश्चण्डालाद्यैश्च दस्युभिः ॥१३१॥"

"कुत्तों से मारे हुवे का जो मांस है वह पवित्र है—ऐसा मनु ने कहा है और दूसरे व्याघ्र, चील आदि चण्डाल आदि या दस्युओं के मारे का मांस भी पवित्र है। (यह भी पूर्व श्लोक के समान प्रक्षिप्त है। 'मनुरब्रवीत्' से भी यही झलकता है"। (१३१ वें के आगे ४ पुस्तकों मे यह श्लोक अधिक पाया जाता है और इस पर अन्तिम भाष्यकार रामचन्द्र का भाष्य है अन्यों का नहीं:-

[शुचिरग्निः शुचिर्वायुः प्रवृत्तोहि बहिश्चरः।
जलं शुचि विविक्तस्थं पन्थाः सञ्चरणे शुचिः ॥]

अग्नि शुद्ध है और वायु बाहर बहता हुवा शुद्ध है। एकान्त देश का जल और चलते हुवे मार्ग शुद्ध हैं) ॥१३१॥

ऊर्ध्वं नाभेर्यानि खानि तानि मेध्यानि सर्वशः।
यान्यधस्तान्यमेध्यानि देहाच्चैव मलाश्च्युताः ॥१३२॥

नाभिके ऊपर जो इन्द्रियां हैं वे पवित्र और जो नाभि से नीचे हैं वे अपवित्र हैं और देह से निकले मल अशुद्ध है ॥१३२॥

मक्षिका विप्रुषश्छाया गौरश्वः सूर्यरश्मयः।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

रजोभूर्वायुरग्निश्च स्पर्शे मेध्यानि निर्दिशेत् ॥१३३॥
विण्मूत्रोत्सर्गशुध्यर्थं मृद्वार्यादेयमर्थवत् ।
दैहिकानांमलानां च शुद्धिषु द्वादशस्वपि ॥१३४॥

मक्षिका और उड़ते हुवे छोटे २ जलविन्दु और छाया, गाय, घोड़ा, सूर्य की किरण, धूलि, भूमि, पवन और अग्नि, इन सब को स्पर्श में पवित्र समझे ॥१३३॥ मल मूत्र के त्याग और देह के बारहों मलों की शुद्धि के लिये उतनी मृत्तिका और जल लेवे जितने से दुर्गन्धादि मिट सके ॥१३४॥

वसाशुक्रमसृङ्मज्जामूत्रविड्घ्राणकर्णविट् ।
श्लेष्माश्रु दूषिका स्वेदो द्वादशैते नृणां मलाः ॥१३५॥
एका लिङ्गे गुदे तिस्रस्तथैकत्र करे दश ।
उभयोःसप्त दातव्या मदः शुद्धिमभीप्सता ॥१३६॥

चर्बी=वसा, वीर्य, रक्त, मज्जा, मूत्र विष्ठा नाक का मैल, कान का मैल, कफ, आंसू, आंख की कीचड और पसीना, ये मनुष्यों के १२ मल हैं ॥१३५॥ शुद्धि को चाहने वाला मूत्र की जगह एक बार, गुदा में तीन बार, बायें हाथ मे दश बार तथा दोनों हाथों में सात बार मिट्टी लगावे (दो पुस्तकों मे 'तथा वाम करे दश' पाठ है) ॥१३६॥

एतच्छौचं गृहस्थानां द्विगुणं ब्रह्मचारिणाम् ।
त्रिगुणंस्याद्वनस्थानां यतीनां तु चतुर्गुणम् ॥१३७॥
कृत्वा मूत्रं पुरीषंवा खान्याचान्त उपस्पृशेत् ।
वेदमध्येष्यमाणश्च अन्नमश्नंश्च सर्वदा ॥१३८॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

यह शुद्धि गृहस्थों की है। ब्रह्मचारियों की इस से दूनी और वानप्रस्थों की तिगुनी तथा यतियों की चौगुनी है ॥१३७॥ मल मूत्र करने के पश्चात् शुद्ध होकर आचमन करे और चक्षुरादि का जल से स्पर्श करे। वेद पढ़ने के पूर्व समय तथा भोजन के समय सदा आचमन करे ॥१३८॥

त्रिराचामेदपः पूर्वं द्विःप्रमृज्यात्ततो मुखम्।
शारीरं शौचमिच्छन्हि स्त्रीशूद्रस्तु सकृत्सकृत् ॥१३९॥
शूद्राणां मासिकं कार्यं वपनं न्यायवर्त्तिनाम्।
वैश्यवच्छौचकल्पश्च द्विजोच्छिष्टं च भोजनम् ॥१४०॥

शरीर के पवित्र करने की इच्छा वाला भोजनोत्तर तीन वार आचमन करे फिर दो वार मुख धोवे और शूद्र तथा स्त्री एक बार ॥१३९॥ न्याय पर चलने वाले शूद्रों का मुण्डन महीने भर में कराना और सूतकादि में वैश्य के तुल्य शौचविधि तथा द्विजों के भोजन से शेष भोजन है ॥१४०॥

नोच्छिष्टं कुर्वते मुख्या विप्रुषोऽङ्गे पतन्ति याः।
न श्मश्रूणि गतान्यास्यान्न दन्तान्तरधिष्ठितम् ॥१४१॥

मुख से निकले जो थूक के छींटे शरीर पर गिरते हैं वे और मुख में गई हुई मूंछें और दांत के भीतर रहने वाला अन्न झूंठा नहीं कहाता ॥१४१॥ (इससे आगे एक पुस्तकमें २श्लोक अधिक हैं-

[अजाश्वं मुखतोमेध्यं गावो मेध्याश्च पृष्ठतः।
ब्राह्मणाः पादतोमेध्याः स्त्रियोमेध्याश्च सर्वतः ॥
गौरमेध्या मुखे प्रोक्ता अजा मेध्या ततः स्मृता।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

गोः पुरीषं च मूत्रं च मेध्यमित्यब्रवीन्मनुः ॥]

बकरी, घोड़े मुखसे पवित्र है। गौ पीठ से पवित्र है। ब्राह्मण पांव से पवित्र हैं और स्त्रियां सब ओर से पवित्र हैं। गौ का मुख अपवित्र है, परन्तु बकरी का मुख पवित्र है और गौ का गोबर और मूत्र पवित्र है। यह मनु ने कहा है) ॥

स्पृशन्ति बिन्दवः पादौ य आचामयतः परान् ।
भौमिकैस्ते समाज्ञेया न तैरप्रयतोभवेत् ॥१४२॥

दूसरे के आचमन को जल देने वाले के पैरो पर जो बिन्दु (भूमिसे उछट कर) पड़ते हैं उनको भूमि के जल बिन्दु समान जाने। उनसे अशुद्ध नहीं होता ॥१४२॥

(इससे आगे भी एक पुस्तक में यह श्लोक अधिक है -

[दन्तवद्दन्तलग्नेषु जिह्वास्पर्शेषु चेन्न तु ।
परिच्युतेषु तत्स्थानान्निगिरन्नेव तच्छुचिः॥]

दांतों में घुसा अन्न दांतो के तुल्य शुद्ध है, परन्तु जीभ से न लगता हो और वह अन्न दांतोंसे छूटनेपर निगलनेमें ही शुद्ध है ॥

उच्छिष्टेन तु सम्पृष्टो द्रव्यहस्तः कथञ्चन ।
अनिधायैवतद्द्रव्यमाचान्तः शुचितामियात् ॥१४३॥
वान्तो विरक्तः स्नात्वा तु घृतप्राशनमाचरेत् ।
आचामेदेवभुक्त्वान्नं स्नानंमैथुनिनः स्मृतम् ॥१४४॥

उच्छिष्ट पुरुष से कोई द्रव्य हस्त में लिये हुवे छू गया हो तो उस द्रव्य को अलग किये बिना ही आचमन करके शुद्ध हो जाता है ॥१४३॥ वमन तथा दस्त जिसे हुवा हो वह स्नान करके (थोड़ा)

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

घृत खावे और भोजन करके वमन किया हो तो आचमन करके शुद्ध हो और मैथुन वाला स्नान से शुद्ध होता है ॥१४४॥ थे से आगे ४ पुस्तकों में यह श्लोक अधिक है:-

[अनृतौ तु मृदा शौचं कार्यं मूत्रपुरीषवत् ।
ऋतौ तु गर्भशंकित्वात्स्नानं मैथुनिनः स्मृतम् ॥]

ऋतु से भिन्न काल मे मैथुन करने वाले को मिट्टी से शौच करना चाहिये, जैसे मल मूत्र करने से आकर करते हैं, परन्तु ऋतु मे गर्भ की शङ्कायुक्त होने से स्नान करना कहा है) ॥१४४॥

सुप्त्वा क्षुत्वा च भुक्त्वा च निष्ठीव्योक्त्वाऽनृतानि च ।
पीत्वापोऽध्येष्यमाणश्च आचामेत्प्रयतोऽपि सन् ॥१४५॥

एष शौचविधिः कृत्स्नो द्रव्यशुद्धिस्तथैव च ।
उक्तो वः सर्ववर्णानां स्त्रीणां धर्मान्निबोधत ॥१४६॥

सोकर छींक कर भोजन करके थूक कर, (भूल से) झूठ बोल कर और पानी पीकर और पढ़ने के पूर्व समय में शुद्ध हुआ भी आचमन करे ॥१४५॥ यह संपूर्ण शौच विधि और सब कर्मों की द्रव्यशुद्धि तुम से कही। अब स्त्रियों के धर्म सुनो ॥१४६॥

बालया वा युवत्या वा वृद्धया वापि योषिता ।
न स्वातन्त्र्येण कर्तव्यं किंचित्कार्यं गृहेष्वपि ॥१४७॥

बाल्ये पितुर्वशे तिष्ठेत्पाणिग्राहस्य यौवने ।
पुत्राणां भर्तरि प्रेते न भजेत्स्त्री स्वतन्त्रताम् ॥१४८॥

बालक या वृद्ध या युवति स्त्री स्वतन्त्रता से कोई काम घरों में भी न करे ॥१४७॥ बाल्य अवस्थामे पिता के, यौवन में पति के

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

और पति मरने पर पुत्रों के अधीन रहे। स्त्री कभी रहे (कहीं २ "पितृगृहे" पाठ है) ॥१४८॥

पित्रा भर्त्रा सुतर्वापि नेच्छेद्विरहमात्मनः ।
एषांहि विरहेण स्त्री गर्ह्ये कुर्यादुभे कुले ॥१४६॥
सदा प्रहृष्टया भाव्यं गृहकार्येषु दक्षया ।
सुसंस्कृतोपस्करया व्यये चामुक्तहस्तया ॥१५०॥

पिता भर्त्ता, पुत्र इन से अलग होना न चाहे क्योंकि इन से अलग होने से स्त्री दोनों कुलों को निन्दित करती है ॥१४९॥ सर्वदा प्रसन्न चित्त और घरके कामों में चतुर तथा घर के बर्तन भांडे ठीक करके रक्खे और व्यय करने में स्त्री सर्वदा हाथ सकोड़े रहे ॥१५०॥

यस्मै दद्यात्पितात्वेनां भ्राताचानुमते पितुः ।
तं शुश्रूषेतजीवन्तं संस्थितं च न लंघयेत् ॥१५१॥
मङ्गलार्थं स्वस्त्ययनं यज्ञश्चासां प्रजापतेः ।
प्रयुज्यते विवाहेषु प्रदानं स्वाम्यकारणम् ॥१५२॥

पिता या पिता को अनुमति से भाई जिस (स्वयंवृत पति) को इसे देवे उसकी जीवते की सेवा करे और मरने पर व्यभिचारादि न करे ॥१५१॥ इनका जो स्वस्त्ययन और प्राजापत्य होम विवाहमें किया जाता है वह मङ्गलार्थ है। कन्यादान (पतिके) स्वामी होने का कारण है ॥१५२॥

अनृतावृतुकाले च मन्त्रसंस्कारकृत्पतिः ।
सुखस्य नित्यं दातेह परलोके च योषितः ॥१५३॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

विशीलः कामवृत्तो वा गुणैर्वा परिवर्जितः ।
उपचर्यः स्त्रिया साध्व्या सततं देववत्पतिः ॥१५४॥

मन्त्र संस्कार (विवाह) करने वाला पति ऋतु और अनृतु मे सदा सुख देन वाला है उसकी सेवा से यहा और परलोक में भी सुख प्राप्त होता है ॥१५३॥ पति शीलरहित कामी तथा विद्यादि गुणो से हीन भी हो तथापि अच्छी स्त्री को देववत् आराधन योग्य है ॥

(१५४ के आगे भी ३ पुस्तकों में यह श्लोक अधिक है:-

[दानप्रभृति या तु स्यादावदायुः पतिव्रता ।
भर्तृलोकं न त्यजति यथैवारुन्धती तथा ॥]

जो स्त्री पिता आदि ने जब कन्यादान किया उस समयसे सारी आयु पतिव्रता रहती है वह अरुन्धती (तारा) के समान भर्तृलोक नहीं त्यागती ॥१५४॥

नास्ति स्त्रीणां पृथग्यज्ञो न व्रतं नाप्युपोषितम् ।
पतिं शुश्रूषते येन तेन स्वर्गे महीयते ॥१५५॥

स्त्रियोका अलग कोई यज्ञ नहीं, न व्रत न उपवास केवल एक पति की शुश्रूषा से स्वर्ग मे पूज्या हो जाती है ॥ (इसके आगे का एक श्लोक ३ पुस्तको मे मिलता है.-

[पत्यौ जीवति या तु स्त्री उपवासं व्रतं चरेत् ।
आयुष्यं बाधते भर्त्तुर्नरकं चैव गच्छति ॥]

जो स्त्री पति के जीवते भूखी रहने वाला व्रत करती है, वह पति की आयु को बाधा पहुँचाती और नरकको जाती है) ॥१५५॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

पाणिग्राहस्य साध्वी स्त्री जीवतो वा मृतस्य वा ।
पतिलोकमभीप्सन्ती नाचरेत्किञ्चिदप्रियम् ॥१५६॥

पति की इच्छा करने वाली स्त्री जीवित या मृत पति को अप्रिय कोई कर्म न करे ॥१५६॥

कामं तु क्षपयेद्देहं पुष्पमूलफलैः शुभैः ।
न तु नामापि गृह्णीयात् पत्यौ प्रेते परस्य तु ॥१५७॥
आसीतामरणात्क्षान्ता नियता ब्रह्मचारिणी ।
यो धर्म एकपत्नीनां काङ्क्षन्ती तमनुत्तमम् ॥१५८॥

चाहे तो स्त्री पवित्र पुष्प, मूल, फलों से देह को कृश करदे परन्तु पति के मरने पर परपुरुष का (व्यभिचार की इच्छा से) नाम भी न लेवे ॥१५७॥ (चाहे तो) क्षमायुक्त नियमवाली और पवित्र एक पतिधर्म की इच्छा करने वाली और मैथुन की इच्छा न करती हुई मरणपर्यन्त रहे ॥१५८॥

अनेकानि सहस्राणि कुमारब्रह्मचारिणाम् ।
दिवं गतानि विप्राणामकृत्वा कुलसंततिम् ॥१५९॥
मृते भर्तरि साध्वी स्त्री ब्रह्मचर्ये व्यवस्थिता ।
स्वर्गं गच्छत्यपुत्रापि यथा ते ब्रह्मचारिणः ॥१६०॥

कुमार ब्रह्मचारी ब्राह्मणों के कई हजार समुदाय बिना पुत्रोत्पादन किये स्वर्ग को गये ॥१५९॥ इसी प्रकार साध्वी स्त्री पति के मरने पर ब्रह्मचर्य में रहे तो अपुत्रा भी स्वर्ग को जाती है जैसे वे ब्रह्मचारी ॥१६०॥

अपत्यलोभाद्या तु स्त्री भर्तारमतिवर्तते ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सेह निन्दामवाप्नोति पतिलोकाच्च हीयते ॥१६१।

नान्योत्पन्ना प्रजास्तीह न चाप्यन्यपरिग्रहे ।
न द्वितीयश्च साध्वीनां क्वचिद्भर्तोपदिश्यते॥१६२॥

पुत्र के लाभ से जो स्त्री परपुरुष से सम्बन्ध करती है वह यहां निन्दा को पाती है और पतिलोक से भी वञ्चित रहती है। (मेधातिथि ने 'परलोकात्' पाठ माना है) ॥१६१॥ दूसरे पुरुष से (व्यभिचार की) उत्पन्न हुई सन्तान शास्त्र से उस की नहीं है और न दूसरी स्त्री मे उत्पन्न करने वाले की है। और न कहीं साध्वी स्त्रियो का दूसरा (विवाहित) पति कहा है ॥१६२॥

पति हित्वापकृष्टं स्वमुत्कृष्टं या निषेवते ।
निन्द्यैव सा भवेल्लोके परपूर्वेति चोच्यते ॥१६३॥

व्यभिचारात्तु भर्तुःस्त्री लोकेप्राप्नोति निन्द्यताम् ।
शृगालयोनि प्राप्नोति पापरोगैश्च पीड्यते ॥१६४॥

जो अपने न्यूनगुण पति को छोडकर श्रेष्ठ का सेवन करती है वह लोगो मे निन्दनीया होती है और उसको दो पति की स्त्री है, ऐसा कहते हैं ॥१६३॥ परपुरुष के भोग से स्त्री लोगो मे निन्दा और मरने पर स्यार की योनि को प्राप्त होती है और कुष्ठादि पापरोगो से पीडित होती है ॥१६४॥

पति यानाभिचरति मनो वाग्देहसंयता ।
साभर्तृलोकमाप्नोति सद्भिः साध्वीतिचोच्यते॥१६५॥

अनेन नारीवृत्तेन मनोवाग्देह संयता ।
इहाग्र्यां कीर्तिमाप्नोति पतिलोकं परत्र च ॥१६६॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

मन वाणी देह से जो पतिको दुःख नहीं देती वह पति लोक को प्राप्त होती है और अच्छे पुरुष उसको साध्वी कहते है ॥१६५॥ इस धर्म से मन वाणी और देह का संयम करने वाली स्त्री यहां श्रेष्ठ कीर्ति और परलोक में पतिलोकको प्राप्त होती है ॥१६६॥

एवं वृत्तां सवर्णांस्त्रीं द्विजातिः पूर्वमारिणीम्।
दाहयेदग्निहोत्रेण यज्ञपात्रैश्च धर्मवित् ॥१६७॥
भार्यायै पूर्वमारिण्यै दत्त्वाग्नीनन्त्यकर्मणि ।
पुनर्दारक्रियां कुर्यात्पुनराधानमेव च ॥१६८॥

ऐसी सवर्णा स्त्री (पति से) पूर्व मर जावे तो धर्मज्ञ द्विज उसे स्मार्ताग्नि और यज्ञपात्रों के सहित दाह देवे ॥१६७॥ पूर्व मरी स्त्री को अन्त्येष्टि में अग्नि देकर गृहस्थाश्रम के निमित्त पुनः विवाह करे तो फिर अग्निहोत्र लेवे ॥१६८॥

अनेन विधिना नित्यं पंचयज्ञान्न हापयेत् ।
द्वितीयमायुषोभागं कृतदारो गृहे वसेत् ॥१६९॥

इस विधि से विवाह करने वाला पुरुष आयु का दूसरा भाग गृहस्थाश्रम में व्यतीत करे और पञ्चमहायज्ञों का त्याग न करे ॥

(यद्यपि पुरुषों के साथ ही स्त्रियों का भी समान्य धर्म कहा गया समझना चाहिये, परन्तु १४७ से अध्याय समाप्ति तक स्त्र का जो विशेष धर्म है उस का वर्णन है । इसमे १४७ । १४८ वे श्लोकों का तात्पर्य नवमाध्याय में भी आवेगा इसलिये पुनरुक्त से हैं । १५४ वें मे पुरुष का अनुचित पक्षपात (हिमायत) है। १५७ से १६१ तक स्त्रीको विधवा होने पर ब्रह्मचर्य से रहने की उत्तमता का वर्णन है । नियोगादि करना उससे घटिया पक्ष है । १६३ ।१६४ में भी परपुरुष सङ्ग की निन्दा है वह व्यभिचार की निन्दा है।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

जिसमें पापरोग उपदंशादि प्रत्यक्ष होते देखे जाते हैं। १६२ में अन्यसे उत्पन्न सन्तान को सन्तान न मानना व्यभिचार की सन्तान के विषयमें है। नियमपूर्वक विधिवत् नियुक्तोंकी सन्तति तो संतति ही है। १६८ मे स्त्री मरने पर पुनर्विवाह का विधान आवश्यक नहीं है किन्तु उसका भाव यह है कि यदि पुरुष अक्षत वीर्य होने से पुनर्विवाह का अधिकारी हो और विवाह करना चाहे तो कर सकता है, परन्तु फिरसे अग्निहोत्र लेना होगा। इसमें ऊपर लिखे अनुसार दो श्लोक इस प्रकरण में ऐसे भी हैं जो सब पुस्तकों में नहीं पाये जाते और यह भी संशय है कि पुनरुक्तादि उक्त दोषों वाले श्लोक भी स्त्रियों की अत्यन्त परतन्त्रता के पक्षपाती लोगों ने कदाचित् बढाये हो क्योंकि १५९। १६० श्लोकों में तो बहुत ही नवीनता झलकती है) ॥१६९॥

इति मानवे धर्मशास्त्रे (भृगुप्रोक्तायां संहितायां)
पंचमोऽध्यायः ॥४॥

इति श्री तुलसीरामस्वामिविरचिते मनुस्मृतिभाषानुवादे
पंचमोऽध्याय. ॥४॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ओ३म्

अथ षष्ठोऽध्यायः

एवं गृहाश्रमे स्थित्वा विधिवत्स्नातको द्विजः ।
वने वसेत्तु नियतो यथावद्विजितेन्द्रियः ॥१॥

स्नातक द्विज ऐसे यथाविधि गृहस्थाश्रम मे रह कर नियम पूर्वक जितेन्द्रियता से वन मे निवास करे ॥ (एक पुस्तक और रामचन्द्र की टीका में इस से आगे यह श्लोक अधिक है -

[अतः परं प्रवक्ष्यामि धर्मं वैखानसाश्रमम् ।
वन्यमूलफलानां च विधिं ग्रहणमोक्षणे ॥]

इस से आगे वानप्रस्थाश्रमी का धर्म और वन के मूल तथ फलों के लेने और त्यागने का विधान कहूंगा) ॥१॥

गृहस्थस्तु यदा पश्येद्वलीपलितमात्मनः ।
अपत्यस्यैव चापत्यं तदारण्यं समाश्रयेत् ॥२॥

गृहस्थ जब अपने देह की त्वचा को ढीली, शिर के बाल श्वेत और सन्तान के भी सन्तान को देखले तब वनका आश्रय करे॥२॥

संत्यज्य ग्राम्यमाहारं सर्वं चैवपरिच्छदम् ।
पुत्रेषु भार्यां निक्षिप्य वनं गच्छेत्सहैव वा ॥३॥

अग्निहोत्रं समादाय गृह्यं चाग्नि परिच्छदम् ।
ग्रामादरण्यं निःसृत्य निवसेन्नियतेन्द्रियः ॥४॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ग्राम का भोजन (दाल चावल पक्वान्नादि) और गाय, घोड़ा शय्या इत्यादि को त्याग स्त्री को पुत्रों के पास छोड़ या साथ लेकर ही वन को गमन करे ॥३॥ अग्निहोत्र और उस के पात्र स्रुव इत्यादि का ग्रहण कर ग्रामसे निकल कर इन्द्रियों को स्वाधीन करता हुवा वन में निवास करे ॥४॥

मुन्यन्नैर्विविधैर्मेध्यैः शाकमूलफलेन वा ।
एतानेव महायज्ञान् निर्वपेद्विधिपूर्वकम् ॥५॥

वसीत चर्म चीरं वा सायं स्नायात् प्रगे तथा ।
जटाश्च विभृयान्नित्यं श्मश्रुलोमनखानि च ॥६॥

नाना प्रकार के मुनियों के पवित्र अन्न वा शाक मूल फलों से ही ये महायज्ञ करे ॥५॥ मृगों का चर्म या वृक्षों के वल्कलों को पहिने। प्रातः सायं दोनो समय स्नान करे। जटा और श्मश्रु तथा नख और रोम सर्वदा धारण करे ॥६॥

यद्भक्ष्यंस्यात्ततोदद्याद् वलिंभिक्षां च शक्तितः ।
अम्मूलफलभिक्षाभिरर्चयेदाश्रमागतान् ॥७॥

स्वाध्याये नित्ययुक्तः स्याद्दान्तोमैत्रः समाहितः ।
दाता नित्यमनादाता सर्वभूतानुकम्पकः ॥८॥

(अपने) भोजन मे से यथाशक्ति वलि और भिक्षा देवे और आश्रम मे आये हुवों का जल मूल और फल की भिक्षा से सत्कार करे ॥७॥ प्रति दिन वेदाध्ययन करे इन्द्रियों का दमन और सबका उपकार करने वाला तथा मन को स्वाधीन रखने वाला हो और नित्य देता रहे लेवे नहीं। सम्पूर्ण जीवोपर दया करनेवाला हो ।८।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

वैतानिकं च जुहुयादग्निहोत्रं यथाविधि ।
दर्शमस्कन्दयन्पर्व पौर्णमासं च योगतः ॥९॥
ऋक्षेष्ट्याग्रायणं चैव चातुर्मास्यानि चाहरेत् ।
उत्तरायणं च क्रमशो दक्षस्यायनमेव च ॥१०॥

(गार्हपत्य कुण्ड में के अग्नि को आहवनीय दक्षिणाग्नि में मिलाने का नाम वितान है) उसमें वैतानिक अग्निहोत्र यथाविधि करे और समय पर दर्श पौर्णमास इष्टियों को न टूटने दे ॥९॥ नक्षत्रेष्टि और आग्रायणेष्टि तथा चातुर्मास्य और उत्तरायण दक्षिणायन में भी विहित (श्रौतकर्म) करे (मेधातिथि ने-दर्शेष्टा-यामहरणम्' पाठ माना है। तथा दो पुस्तकोंमें "दक्षिणायनमेव च" और ७ पुस्तकों में "दक्षन्यायनमेव च" । पाठ है) ॥१०॥

वासन्तशारदैर्मेध्यैर्मुन्यन्नैः स्वयमाहृतैः ।
पुरोडाशांश्चरूंश्चैव विधिवन्निर्वपेत्पृथक् ॥११॥
देवताभ्यस्तु तद्धुत्वा वन्यं मेध्यतरं हविः ।
शेषमात्मनि युञ्जीत लवणं च स्वयंकृतम् ॥१२॥

अपने हाथ से लाये हुवे वसन्त और शरद् में उत्पन्न हुए पवित्र मुनियों के अन्नों से पुरोडाश और चरु बना कर विधिवत होम करे ॥११॥ वन का उत्पन्न हुआ अति पवित्र हवि होम करने से शेष अपना बनाया अन्न लवण मिलाकर भोजन करे ॥१२॥

स्थलजौदकशाकानि पुष्पमूलफलानि च ।
मेध्यवृक्षोद्भवान्यद्यात्स्नेहांश्च फलसंभवान् ॥१३॥
वर्जयेन्मधुमांसं च भौमानि कवकानि च ।
भूस्तृणं शिग्रुकं चैव श्लेष्मातकफलानि च ॥१४॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

भूमि वा जल मे उत्पन्न हुये शाकों और पवित्र वृक्षों के पुष्प मूल फलों तथा फलों मे उत्पन्न स्नेहों=तेलों का भोजन करे ॥१३॥ मद्य, मांस और भूमि के कुकुरमुत्तों और भूतृण (मालवामें प्रसिद्ध है) तथा सहोंजना और श्लेष्मातक फल=लिसौड़ोंको न खावे ।१४।

त्यजेदाश्वयुजे मासि मुन्यन्नं पूर्वसंचितम्
जीर्णानि चैव वासांसि शाकमूलफलानि च ॥१५॥

न फालकृष्टमश्नीयादुत्सृष्टमपि केनचित् ।
न ग्रामजातान्यार्तोऽपि मूलानि च फलानि च ॥१६॥

आश्विन के महीने मे संचय किया हुआ पहला मुन्यन्न और पुराने कपडे तथा वासी शाक मूल फल त्याग देवे ॥१५॥ खेतों के धान्यादि का चाहे किसी ने छोड़ भी दिये हों न भोजन करे और ग्राम मे होने वाले मूल और फल पीडित हुआ भी न खावे॥१६॥

अग्निपक्वाशनो वा स्यात्कालपक्वभुगेव वा ।
अश्मकुट्टो भवेद्वापि दन्तोलूखलिकोऽपि वा ॥१७।

सद्यः प्रक्षालको वा स्यान्मासंसंचयिकोऽपि वा ।
षण्मासनिचयो वा स्यात्समानिचय एव वा ॥१८॥

अग्नि का पका या समय से पके हुये फल ही या पत्थरों से कूटा हुवा या दांतों से चबाया हुवा खावे ॥१७॥ एक वार के भोजनमात्र का संचय करने वाला वा महीने भर का वा छः महीने का वा वर्ष दिन के निर्वाह योग्य का संचय करने वाला हो ॥१८॥

नक्तं चान्नं समश्नीयाद्दिवावा हृत्य शक्तितः ।
चतुर्थकालिको वा स्यात्स्याद्वाप्यष्टमकालिकः ॥१९॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

चान्द्रायणविधानैर्वा शुक्लकृष्णे च वर्तयेत् ।
पक्षान्तयोर्वाप्यश्नीयाद्यवागूं क्वथितां सकृत् ॥२०॥

अपने सामर्थ्य के अनुसार रात्रि वा दिन मे अन्न लाकर एक बार खावे वा एक दिन उपवास करके दूसरे दिन सायंकाल को भोजन करे वा तीन दिन रात्रि उपवास करके चौथे दिन रात्रि को भोजन करे ॥१९॥ वा चान्द्रायण के विधान से शुक्ल कृष्ण पक्ष में ग्रास घटावे बढ़ावे वा पौर्णमासी अमावस्या में पकी यवागू (लपसी) का एक वार भोजन करे।

(२० वें से आगे एक पुस्तकमें यह श्लोक अधिक मिलता है —

[यतः पत्रं समादद्यान्न ततः पुष्पमाहरेत् ।
यतः पुष्पं समादद्यान्न ततः फलमाहरेत् ॥]

जिस (वृक्ष) से पत्ते ले उससे फूल न ले जिससे फूल ले उस से फल न ले) ॥२०॥

पुष्पमूलफलैर्वापि केवलैर्वर्तयेत्सदा ।
कालपक्वैः स्वयं शीर्णैर्वैखानसमते स्थितः ॥२१॥
भूमौ विपरिवर्तेत तिष्ठेद्वा प्रपदैर्दिनम् ।
स्थानासनाभ्यां विहरेत्सवनेषूपयन्नपः ॥२२॥

अथवा पुष्प, मूल, फल जो काल पाकर पकें और आप ही गिरें उन से वानप्रस्थाश्रम मे रहने वाला निर्वाह करे ॥२१॥ भूमि में बैठा करे वा दिन भर खड़ा रहे। स्थान और आसन पर घूमे सायं प्रातः, मध्याह्न में त्रिकाल स्नान करे ॥२२॥

ग्रीष्मे पञ्चतपास्तु स्याद्वर्षास्वभ्रावकाशिकः ।
आर्द्रवासास्तु हेमन्ते क्रमशो वर्धयंस्तपः ॥२३॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

उपस्पृशंस्त्रिषवणं पितृन् देवांश्च तर्पयेत् ।
तपश्चरंश्चोग्रतरं शोषयेद्देहमात्मनः ॥२४॥

ग्रीष्म में पञ्चाग्निसाधन करे (चारों ओर अग्नि रक्खे, ऊपर से सूर्य) और वर्षाकाल मे बादल का आश्रय करे और हेमन्त मे भींगे कपडो से रहे। इस प्रकार क्रम से (सहिष्णुता) तपको बढावे ॥२३॥ त्रिकाल स्नान करके देवों और पितरों का तर्पण करे और उग्रतर तप करके अपने शरीर को सुखावे ॥२४॥

अग्नीनात्मनि वैतानान्समारोप्य यथाविधि ।
अनग्निरनिकेतः स्यान्मुनिर्मूलफलाशनः ॥२५॥
अप्रयत्नः सुखार्थेषु ब्रह्मचारी धराशयः ।
शरणेष्वममश्चैव वृक्षमूलनिकेतनः ॥२६॥

अग्नियो को (वैखानस शास्त्र के) विधान से आत्मा मे समारोपित करके मुनिव्रत वाला फल मूल का भोजन किया करे। अग्नि और निकेत-स्थान भी न रक्खे ॥२५॥ सुख के लिये प्रयत्न न करे और स्त्री संभोग रहित भूमि पर सोने वाला और निवासस्थानोंमें ममत्वरहित वृक्ष के नीचे वास करे ॥२६॥

तापसेष्वेव विप्रेषु यात्रिकं भैक्षमाहरेत् ।
गृहमेधिषु चान्येषु द्विजेषु वनवासिषु ॥२७॥
ग्रामादाहृत्य वाश्नीयादष्टौ ग्रासान वने वसन् ।
प्रतिगृह्य पुटेनैव पाणिना शकलेन वा ॥२८॥

वानप्रस्थाश्रम वाले विप्रो से प्राण बचाने भर ही भिक्षा लेलेवे उसके अभाव मे अन्य वनवासी गृहस्थ द्विजोसे लेलेवे ॥२७॥ ग्राम

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

से लाकर वनवासी अन्न के आठ ग्रास पत्ते वा सकोरे पर रखकर भोजन करे ॥२८॥

एताश्चान्याश्च सेवेत दीक्षा विप्रो वने वसन् ।
विविधाश्चौपनिषदीरात्मसंसिद्धये श्रुतिः ॥२६॥
ऋषिभिर्ब्राह्मणैश्चैव गृहस्थैरेव सेविताः ।
विद्यातपोविवृद्ध्यर्थं शरीरस्य च शुद्धये ॥३०॥

इन दीक्षाओं और अन्यों (जो वानप्रस्थाश्रम मे कही है) का वन में रहता हुआ विप्र सेवन करे और विविध उपनिषदो मे आई श्रुतियोंका आत्मज्ञानार्थ (अभ्यासकरे) ॥२९॥ जोकि ऋषि ब्राह्मण गृहस्थो ने ही विद्या और तप की वृद्धि तथा शरीर की शुद्धि के लिये सेवित की हैं ॥३०॥

अपराजितां वास्थाय व्रजेद्दिशमजिह्मगः ।
आनिपाताच्छरीरस्य युक्तो वार्यनिलाशनः ॥३१॥
आसां महर्षिचर्याणां त्यक्त्वाऽन्यतमया तनुम् ।
वीतशोकभयो विप्रो ब्रह्मलोके महीयते ॥३२॥

अथवा शरीर के छुटने तक जल वायु भक्षण करता हुवा जिसका पराजय नहो ऐसी दिशाको जितेन्द्रिय और कुटिल गतिसे रहित होकर गमनकरे ॥३१॥ इन महर्षियो के अनुष्ठानो में से कोई सा अनुष्ठान करके विप्र शरीर को छोड़ शोक भय से रहित हो, ब्रह्मलोक (मोक्ष) में महिमा को प्राप्त होता है। (यहां तक वानप्रस्थ आश्रम का वर्णन है। इसमें २९ वे से ३२ वें तक जो शरीर का वर्णन है, यह आवश्यक विधान नहीं किन्तु सहनशीलतादि तप की वृद्धि के लिये कथन है। जो ऐसा कर सके वा करना चाहे, करे) ॥३२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

वनेषु च विहृत्यैवं तृतीयं भागमायुषः ।
चतुर्थमायुषो भागं त्यक्त्वा सङ्गान्परिव्रजेत् ॥३३॥
आश्रमादाश्रमं गत्वा हुतहोमो जितेन्द्रियः ।
भिक्षाबलिपरिश्रान्तः प्रव्रजन् प्रेत्य वर्धते ॥३४॥

ऐसे आयु के तीसरे भाग को वन में व्यतीत कर, चतुर्थ भाग में (विषयादि का) सङ्ग छोड़ कर संन्यास आश्रम को धारण करें (आयु के चार भाग, चारों आश्रमों पर है) ॥३३॥ आश्रम से आश्रम में गमन करके (अर्थात् ब्रह्मचर्य से गृहस्थ, उससे वानप्रस्थ, उस से) हवन करके भिक्षा और बलि से थका हुवा जितेन्द्रिय "संन्यास आश्रम" करने वाला मरने पर बड़ता=मान प्राप्त करता है ॥३४॥

ऋणानि त्रीण्यपाकृत्य मनो मोक्षे निवेशयेत् ।
अनपाकृत्य मोक्षं तु सेवमानो व्रजत्यधः ॥३५॥
अधीत्य विधिवद्वेदान्पुत्रांश्चोत्पाद्य धर्मतः ।
इष्ट्वा च शक्तितो यज्ञैर्मनो मोक्षे निवेशयेत् ॥३६॥

तीन ऋतुओं को चुका कर मन को मोक्ष में लगाये। बिना ऋण के चुकाये मोक्ष का सेवन (चतुर्थ आश्रम का धारण) करने वाला नीचे गिरता है ॥३५॥ विधिपूर्वक वेदों को पढ़ कर विवाहादि धर्म से पुत्रों को उत्पन्न कर यथाशक्ति ज्योतिष्टोमादि यज्ञ करके (ऋषि-ऋण, पितृ-ऋण और देव-ऋण से निवृत्त हुआ) मोक्ष में मन लगावे ॥३६॥

अनधीत्य द्विजो वेदाननुत्पाद्य तथा सुतान् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अनिष्ट्वा चैव यज्ञैश्च मोक्षमिच्छन्व्रजत्यधः ॥३७॥
प्राजापत्यां निरूप्येष्टिं सर्ववेदसदक्षिणाम्।
आत्मन्यग्नीन्समारोप्य ब्राह्मणः प्रव्रजेद्गृहात् ॥३८॥

वेदाध्ययन किये बिना और पुत्रों को उत्पन्न किये बिना और यथाविधि यज्ञों को न करके मोक्ष की इच्छा करता हुआ नीचे गिरता है ॥३७॥ सर्वस्व दक्षिणा की प्रजापति देवता के उद्देश वाली इष्टि करके आत्मा में अग्नियों का समारोपण करके ब्राह्मण वानप्रस्थाश्रम से संन्यास को धारण करे ॥३८॥

यो दत्वा सर्वभूतेभ्यः प्रव्रजत्यभयं गृहात्।
तस्य तेजोमया लोका भवन्ति ब्रह्मवादिनः ॥३९॥
यस्मादण्वपि भूतानां द्विजान्नोत्पद्यते भयम्।
तस्य देहाद्विमुक्तस्य भयं नास्ति कुतश्चन ॥४०॥

जो सब प्राणियों को अभय देकर गृह से चतुर्थ आश्रम को जाता है, उस ब्रह्मज्ञानी को तेजोमय लोक (मोक्ष प्राप्त) होते है ॥३९॥ जिस द्विज से प्राणियों को थोड़ा भी भय उत्पन्न नहीं होता, देह छूटने पर उस को किसी से भय नहीं है (वह भी अभय हो जाता है) ॥४०॥

आगारादभिनिष्क्रान्तः पवित्रोपचितो मुनिः।
समुपोढेषु कामेषु निरपेक्षः परिव्रजेत् ॥४१॥
एकएव चरेन्नित्यं सिध्यर्थमसहायवान्।
सिद्धिमेकस्य संपश्यन्न जहाति न हीयते ॥४२॥

घर से निकला हुवा पवित्र दण्डकमण्डलयुक्त अच्छे प्रकार

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

मिलते हुवे कामो मे भी अपेक्षा रहित मुनि संन्यास धारण करे ॥४१॥ एकाकी को मोक्षप्राप्ति होती है। ऐसा जानता हुआ सदा सहायक रहित अकेला ही रहे (तब) वह न छोड़ता है न छूटता है (एकरस हो जाता है) ॥४२॥

अनग्निरनिकेतः स्याद् ग्राममन्नार्थमाश्रयेत् ।
उपेक्षकोऽशंकुसुको मुनिर्भावसमाहितः ॥४३॥
कपालं वृक्षमूलानि कुचैलमसहायता ।
समता चैव सर्वस्मिन्नेतन्मुक्तस्य लक्षणम् ॥४४॥

अग्नि तथा घरसे रहित, भिक्षा के लिये ग्राम का आश्रय करे और दुःख हो तो चिन्ता न करे तथा स्थिरचित्त और मुनि धर्म से युक्त रहे ॥४३॥ (भोजनार्थ) खपरा (स्थानाथ) वृक्ष के नीचे की भूमि, मोटे वस्त्रों की गुदड़ी किसीसे सहायता न चाहना और सब में समानबुद्धि, यह मुक्त का लक्षण है ॥४४॥

नाभिनन्देत मरणं नाभिनन्देत जीवितम् ।
कालमेव प्रतीक्षेत निर्देशं भृतको यथा ॥४५॥

न जीवन मे सुख माने न मरने मे दुःख माने, किन्तु (मृत्युके) समय की प्रतीक्षा करे। जैसे नौकर आज्ञा की (प्रतीक्षा करता है। "बहुत अच्छा" कह कर प्राण त्याग दे।) नीचे लिखे ३ श्लोकोंमें से एक पुस्तक मे पहले दो और एक पुस्तक मे पहला एक और ८ पुस्तकों में तीनों श्लोक अधिक पाये जाते हैं और एक पर राघवानन्द की तथा तीनों पर रामचन्द्र की टीका भी है:—

[ग्रैष्मान्हैमन्तिकान्मासानष्टौ भिक्षुर्विचक्रमेत् ।
दयार्थं सर्वभूतानां वर्षास्वेकत्र संवसेत् ॥१॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

नाऽसूर्ये हि व्रजेन्मार्गं नाऽदृष्टां भूमिमाक्रमेत् ।
परिभूताभिरद्भिस्तु कार्यं कुर्वीत नित्यशः ॥२॥
सत्यां वाचमहिंस्रां च वदेदनपकारिणीम् ।
कल्कापेतामऽपरुषामऽनृशंसामपैशुनाम् ॥३॥]

गर्मी और जाड़े के ८ मास में संन्यासी देशाटन करे और सब जीव जन्तुओं पर दया के लिये वर्षा के ४ मास तक एक स्थान में निवास करे ॥१॥ रात्रि में जब सूर्य न हो, तब मार्ग न चले। भूमि को बिना देखे न चले। अधिक जल से नित्य कार्य करे ॥२॥ सत्य हिंसारहित दूसरे की हानि न करने वाली और कठोरता, क्रोध, निन्दा और चुगलीसे रहित वाणी बोले) ॥४५॥

दृष्टिपूतं न्यसेत्पादं वस्त्रपूतं जलं पिबेत् ।
सत्यपूतां वदेद्वाचं मनःपूतं समाचरेत् ॥४६॥

दृष्टि से शोधित (मार्ग में) पैर रक्खे (देखकर चले) और वस्त्र से (छान कर) पवित्र हुवा जल पीवे और सत्य से पवित्र वाणी को बोले और मन से पवित्र आचरण को करे ॥४६॥

अतिवादांस्तितिक्षेत नावमन्येत कञ्चन ।
न चेमं देहमाश्रित्य वैरं कुर्वीत केनचित् ॥४७॥
क्रुध्यन्तं न प्रतिक्रुध्येदाक्रुष्टः कुशलं वदेत् ।
सप्तद्वाराऽवकीर्णां च न वाचमऽनृतां वदेत् ॥४८॥

दूसरों के बुरे कहने को सहन करे किसी का अपमान न करे और इस देह का आश्रय कर किसी के साथ वैर न करे ॥४७॥ क्रोध करते पर बदले में क्रोध न करे और निन्दा करने वाले से

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

आत्र अन्न्त्रा बोले और पञ्चेन्द्रिय, मन, बुद्धि इन ७ (अथवा १ मुख का, २ नाक के, २ कानों के, २ आंख के इन ७) छिद्रों में बिखरीहुई असत्य वाणी न बोले (किन्तु शास्त्रीयवचन बोले) ४८

अध्यात्मरतिरासीनो निरपेक्षो निरामिषः* ।
आत्मनैव सहायेन सुखार्थी विचरेदिह ॥४६॥

न चोत्पातनिमित्ताभ्यां न नक्षत्राङ्ग विद्यया ।
नानशासनवादाभ्यां भिक्षां लिप्सेत कर्हिचित् ॥५०॥

ब्रह्मध्यान में रहने और किसी की अपेक्षा न रखने वाला और विषयों के अभिलाष से रहित तथा अपनी ही सहायता से सुख चाहने वाला होकर इस संसार में विचरे ॥४९॥ (भविष्यत्) उत्पात (भूकम्पादि) बताने वा ग्रहों की विद्या वा उपदेश वा शास्त्रार्थों के बदले भिक्षा की इच्छा न करे ॥५०॥

न तापसैर्ब्राह्मणैर्वा वयोभिरपि वा श्वभिः ।
आकीर्णं भिक्षुकैर्वान्यै रागारमुपसं व्रजेत् ॥५१॥

क्लृप्तकेशनखश्मश्रुः पात्रीदण्डी कुसुम्भवान् ।
विचरेन्नियतो नित्यं सर्वभूतान्यपीडयन् ॥५२॥

वानप्रस्थों वा अन्य ब्राह्मणों तथा पक्षियों वा कुत्तों वा अन्य मांगने वालों से घिरे मकान में भिक्षा को न जाय ॥५१॥ नख केश, श्मश्रु जिस के मुंडे हों पात्र, दण्ड, कमण्डलु और रंगे कपड़ों से युक्त, किसी को पीड़ा न देता हुवा सदा नियम से विचरे ॥५२॥

---

*यहां सब टीकाकारों ने 'आमिष' का अर्थ 'विषय' ही किया है।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अतैजसानि पात्राणि तस्य स्युर्निर्व्रणानि च।
तेषामद्भिः स्मृतं शौचं,।चमसानामिवाध्वरे ॥५३॥
अलाबुन्दारुपात्रं च मृण्मयं वैदलं तथा।
एतानि यतिपात्राणि मनुः स्वायंभुवो ब्रवीत् ॥५४॥"

"उस के पात्र तेजस अर्थात् सोना चांदी, पीतल आदि धातुओं के न हों और छिद्ररहित हों। पानी से उन की पवित्रता कही है। जैसे यज्ञ मे चमसों की॥५३॥ तूंबी, लकड़ी मिट्टी वा बांस के बने हुवे, ये यतियों के भिक्षापात्र हैं। ऐसा "स्वायम्भुव मनु ने कहा है" (इसी से स्पष्ट है कि अन्यकृत हैं) ॥५४॥"

एककालं चरेद्भैक्षं न प्रसज्जे तविस्तरे।
भैक्षे प्रसक्तोऽहि यतिर्विषयेष्वपि सज्जति ॥५५॥
विधूमे सन्नमुसले व्यङ्गारे भुक्तवज्जने।
वृत्ते शरावसंपाते भिक्षां नित्यं यतिश्चरेत् ॥५६॥

एक वार भिक्षा करे, बहुत भिक्षा में आसक्त न हो. क्यों कि बहुत भिक्षा में फंसा संन्यासी अन्य विषयों मे भी आसक्त हो जाता है ॥५५॥ रसोई का धुआं निकल चुका हो, कूटना आदि बन्द हो गया हो आग बुझा दी गई हो सब भोजन कर चुके हो और रसोई के वर्तन डाल दिये हों, तब (ऐसे गृह मे) सदा संन्यासी भिक्षा करे ॥५६॥

अलाभे न विषादी स्याल्लाभे चैव न हर्षयेत्।
प्राणयात्रिकमात्रः स्यान्मात्रासंगाद्विनिर्गतः ॥५७॥
अभिपूजितलाभांस्तु जुगुप्सेतैव सर्वशः।
अभिपूजितलाभैश्च यतिर्मुक्तोऽपि बध्यते ॥५८॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

(भिक्षा) न मिले तो खेद न करे और मिले तो आनन्द न माने। जीवन मात्र का उपाय करे। मात्रासङ्ग (शब्द रूप रस गन्ध स्पर्श) विषयों में पृथक् रहे ॥५७॥ यति पूजापूर्वक (स्वादिष्ट भिक्षा) लाभ की निन्दा करे (अर्थात् ऐसी भिक्षा प्रसन्न न करे) क्योंकि ऐसी भिक्षा के लाभों से मुक्त भी यति (देने वाले के स्नेह ममत्वादि से) बन्धन को प्राप्त हो जाता है ॥५८॥

अल्पान्नाभ्यवहारेण रहः स्थानासनेन च।
ह्रियमाणानि विषयैरिन्द्रियाणि निवर्तयेत् ॥५९॥
इन्द्रियाणां निरोधेन रागद्वेषक्षयेण च।
अहिंसया च भूतानाममृतत्वाय कल्पते ॥६०॥

थोड़े भोजन, निर्जन देश और एकान्त स्थान में रहने से विषयों से खिंची हुई इन्द्रियों को रोके ॥५९॥ इन्द्रियों को रोकने, राग द्वेष के नाश तथा प्राणियों की हिंसा न करने से मोक्ष के योग्य होता है ॥६०॥

अवेक्षेत गतीर्नॄणां कर्मदोषसमुद्भवाः।
निरये चैव पतनं यातनाश्च यमक्षये ॥६१॥
विप्रयोगं प्रियैश्चैव संयोगं च तथाऽप्रियैः।
जरया चाभिभवनं व्याधिभिश्चोपपीडनम् ॥६२॥

मनुष्यों के कर्म दोषों से उत्पन्न दशाओं और नरक में गिरने और मृत्यु के पश्चात् नाना प्रकार की शिक्षाओं का चिन्तन करे ॥६१॥ और प्यारों के वियोग तथा शत्रुओं के संयोग, वृद्धावस्था से दबाये जाने तथा व्याधियों से पीड़ित होने पर भी (ध्यान करे) ॥६२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

देहादुत्क्रमणं चास्मात्पुनर्गर्भे च सम्भवम् ।
योनिकोटिसहस्रेषु सृतीश्चास्यान्तरात्मनः ॥६३॥
अधर्मप्रभवं चैव दुःखयोगं शरीरिणाम् ।
धर्मार्थप्रभवं चैव सुखसंयोगमक्षयम् ॥६४॥

इस देह से निकलना, फिर गर्भ मे उत्पत्ति और कोटि सहस्रो योनियो में इस जीवात्मा का जाना ॥६३॥ देह धारियों को अधर्म से दुःख के योग और धर्म अर्थ से उत्पन्न अक्षय सुख के योग का भी (चिन्तन करे) ॥६४॥

सूक्ष्मतां चान्ववेक्षेत योगेन परमात्मनः ।
देहेषु च समुत्पत्तिमुत्तमेष्वधमेषु च ॥६५॥
दूषितोऽपि चरेद्धर्मं यत्र तत्राश्रमे रतः ।
समः सर्वेषु भूतेषु न लिङ्गं धर्मकारणम् ॥६६॥

योग से परमात्मा की सूक्ष्मता का ध्यान करे। उत्तम और अधम योनियों मे जीवो के शुभाशुभ फल भोग के लिये उत्पत्ति का भी (चिन्तन करे) ॥६५॥ दोष लगाने पर भी सम्पूर्ण जीवो मे समदृष्टि करता हुआ चाहे किसी आश्रममे रहे पर धर्मके आचरण करे क्यों कि (दण्डादि) चिन्ह धर्म का कारण नहीं हैं। (एक पुस्तक में दूषितः=गृहस्थः और चार पुस्तकों मे भूषित पाठ भेद है) ॥६६॥

फलं कतकवृक्षस्य यद्यप्यम्बुप्रसादकम् ।
न नामग्रहणादेव तस्य वारि प्रसीदति ॥६७॥
संरक्षणार्थं जन्तूनां रात्रावहनि वा सदा ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

शरीरस्यात्यये चैव समीक्ष्य वसुधां चरेत् ॥६८॥

(जैसा कि) निर्मली का फल यद्यपि पानी शुद्ध करने वाला है तथापि निर्मली के नाम लेने से ही पानी शुद्ध नहीं होता ॥६७॥ (पिपीलिकादि सूक्ष्म) जन्तुओं की रक्षा के लिये रात्रि मे वा दिन में शरीर को क्लेश होने पर भी भूमि को देखकर चले ॥६८॥

अह्ना रात्र्या च याञ्जन्तून्हिनस्त्यज्ञानतो यतिः ।
तेषां स्नात्वा विशुद्ध्यर्थं प्राणायामान्षडाचरेत् ॥६९॥

प्राणायामा ब्राह्मणस्य त्रयोऽपि विधिवत्कृताः ।
व्याहृतिप्रणवैर्युक्ता विज्ञेयं परमं तपः ॥७०॥

यति से जो जीव विना जाने दिन या रात्रि में मर जाते हैं, उस पाप से दूर होने को स्नान करके छः प्राणायाम करे ॥६९॥ (भू, भुवः स्वः) इन व्याहृति और प्रणव (ओ३म्) युक्त विधि से किये हुवे ३ भी प्राणायाम ब्राह्मण का परम तप जानिये ॥७०॥

दह्यन्ते ध्मायमानानां धातूनां हि यथा मलाः ।
तथेन्द्रियाणां दह्यन्ते दोषाः प्राणस्य निग्रहात् ॥७१॥

प्राणायामैर्दहेद्दोषान्धारणाभिश्च किल्विषम् ।
प्रत्याहारेण संसर्गान्ध्यानेनानीश्वरान्गुणान् ॥७२॥

जैसे (सुवर्णादि) धातुओं के मैल अग्नि मे धोकने से फुंकते हैं वैसे ही प्राण के रोकने से इन्द्रियों के दोष जल जाते हैं ॥७१॥ प्राणायामों से रोगादि दोषो को धारणाओ से पाप को इन्द्रियों के रोकने से विषयों के संसर्गों को और ध्यानादि से मोहादि गुणों को जलावे ॥७२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

उच्चावचेषु भूतेषु दुर्ज्ञेयामकृतात्मभिः ।
ध्यानयोगेन संपश्येद् गतिमस्यान्तरात्मनः ॥७३॥
सम्यग्दर्शनसंपन्नः कर्मभिर्न निबद्ध्यते ।
दर्शनेन विहीनस्तु संसारं प्रतिपद्यते ॥७४॥

इस जीव की उत्तम, अधम योनियों में प्राप्ति को, जो अकृतात्म पुरुषों से नहीं जानीजाती ध्यान योगमे देखे (जाने) ॥७३॥ (ब्रह्म का) साक्षात् करने वाला कर्मों से नहीं बंधता और साक्षात्कार से रहित संसार को प्राप्त होता है ॥७४॥

अहिंसयेन्द्रियासङ्गैर्वैदिकैश्चैव कर्मभिः ।
तपसश्चरणैश्चोग्रैः साधयन्तीह तत्पदम् ॥७५॥
अस्थिस्थूणं स्नायुयुतं मांसशोणितलेपनम् ।
चर्मावनद्धं दुर्गन्धिपूर्णं मूत्रपुरीषयोः ॥७६॥

हिंसा न करने इन्द्रियों को विषयों में न फंसाने और वैदिक कर्मों और उग्रतप के आचरणों से इस लोक में उस पद को सिद्ध करते हैं ॥७५॥ हड्डी की स्थूणा (स्तम्भ) युक्त, स्नायुरूप जेवड़ी से बांधे, मांस रक्त से लिथड़े, चाम से मंढे हुये, दुर्गन्धित और मलमूत्र से पूर्ण ॥७६॥

जराशोकसमाविष्टं रोगायतनमातुरम् ।
रजस्वलमनित्यं च भूतावासमिमं त्यजेत् ॥७७॥
नदीकूलं यथा वृक्षो वृक्षं वा शकुनिर्यथा ।
तथा त्यजन्निमं देहं कृच्छ्राद् ग्राहाद्विमुच्यते ॥७८॥

जरा (बुढापे) और शोक से घिरे हुवे रोगके घर, क्षुधा प्यास

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

से पीडित, रजस्वल (मलीन) अनित्य तथा पञ्चभूतो के गृह "शरीर को छोड़ देवे (अर्थात् ऐसा करे कि फिर शरीर न हो) ॥७७॥ जैसे नदी के किनारेको वृक्ष छोड़ देता है ऐसे संन्यासी इस देहको छोडता हुआ कठिन (संसार रूपी) ग्राहसे छूट जाताहै ।७८।

प्रियेषु स्वेषु सुकृतमप्रियेषु च दुष्कृतम् ।
विसृज्य ध्यानयोगेन ब्रह्माभ्येति सनातनम् ॥७९॥
यदा भावेन भवति सर्वभावेषु निःस्पृहः ।
तदासुखमवाप्नोति प्रेत्य चेह च शाश्वतम् ॥८०॥

अपने प्रिय में (पूर्वजन्मार्जित) सुकृत और अप्रिय में दुष्कृत (जानकर उस मे होने वाले रागद्वेषादि) को छोड़ कर ध्यान योग से सनातन ब्रह्म को प्राप्त होता है ॥७९॥ जब (विषयों के दोषों के) ज्ञान से संपूर्ण पदार्थों मे निःस्पृह हो जाता है तब इस लोक और परलोकमे नित्य सुख को प्राप्त होता है ॥८०॥

अनेन विधिना सर्वांस्त्यक्त्वा सङ्गान् शनैः शनैः ।
सर्वद्वन्द्व विनिर्मुक्तो ब्रह्मण्येवावतिष्ठते । ८१॥
ध्यानिकम् सर्वमेवैतद्यदेतदभिशब्दितम् ।
न ह्य नध्यात्मवित्कश्चित्क्रिया फलमुपाश्नुते ॥८२॥

इस प्रकार संपूर्ण (पुत्र कलत्रादि के) सङ्गो को धीरे २ छोड़ कर संपूर्ण द्वन्द्वो (मानाऽपमानादि) से छूटा हुआ ब्रह्ममें ही स्थित हो जाता है ॥८१॥ यह जो (पुत्रादि का) ममत्व त्याग कहा है वह सम्पूर्ण मनसे ही होता है, क्योंकि मन से (त्याग) न करने वाला (केवल दिखावे को अलग रहने वाला) कोई उस क्रिया के फल को नहीं प्राप्त होता ॥८२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अधियज्ञं ब्रह्म जपेदाधिदैविकमेव च ।
आध्यात्मिकं च सततं वेदान्ताभिहितं च यत् ॥८३॥
इदं शरणमज्ञानामिदमेव विजानताम् ।
इदमन्विच्छतां स्वर्गमिदमानन्त्यमिच्छताम् ॥८४॥

यज्ञ और देवतो तथा आत्मा के विषय मे और वेदान्त (ब्रह्म-ज्ञान) विषय में जो वेदवाक्य है उनका निरन्तर जप करे ॥८३॥ यह (वेदाभ्यास) अज्ञानियों को और ज्ञानियों को भी हित है। यह स्वर्ग और मोक्ष की इच्छा करने वालो का भी शरण है (अर्थात वेदद्वारा सब की प्राप्ति है) ॥८४॥

अनेन कर्मयोगेन परिव्रजति यो द्विजः ।
स विधूयेह पाप्मानं परं ब्रह्माधिगच्छति ॥८५॥
एष धर्मोऽनुशिष्टो वो यतीनां नियतात्मनाम् ।
वेद संन्यासिकानां तु कर्मयोगं निबोधत ॥८६॥

इस क्रम के अनुष्ठान से जो द्विज संन्यास धारण करता है, वह यहां पापों का नाश करके परब्रह्म को प्राप्त हो जाता है ॥८५॥ जितेन्द्रिय यतियोंका यह धर्म तुमको बताया। अब वेद सन्यासियों (ज्ञान से ही संन्यासी जिन्होंने बाहर से संन्यस्थ चिन्ह वा गृहवास त्यागादि नहीं किये) का कर्मयोग सुनो ॥८६॥

ब्रह्मचारी गृहस्थश्च वानप्रस्थो यतिस्तथा ।
एते गृहस्थप्रभवाश्चत्वारः पृथगाश्रमाः ॥८७॥
सर्वेऽपि क्रमशस्त्वेते यथाशास्त्रं निषेविताः ।
यथोक्तकारिणं विप्रं नयन्ति परमां गतिम् ॥८८॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ब्रह्मचारी गृहस्थ, वानप्रस्थ और यति ये पृथक् २ चार आश्रम गृहस्थ से उत्पन्न हैं ॥८७॥ ये चारो ही आश्रम क्रम से शास्त्रानुकूल सेवित किये हुये उक्त विधि से करने वाले विप्र को मोक्ष प्राप्त कराते हैं ॥८८॥

सर्वेषामपि चैतेषां वेदस्मृतिविधानतः ।
गृहस्थ उच्यते श्रेष्ठः स त्रीनेतान्बिभर्ति हि ॥८९॥
यथा नदीनदाः सर्वे सागरे यान्ति संस्थितिम् ।
तथैवाश्रमिणः सर्वे गृहस्थे यान्ति संस्थितिम् ॥९०॥

इन सब आश्रमों में वेदों और स्मृतियों के विधान से गृहस्थ श्रेष्ठ कहा है क्योंकि वह तीनों का पोषण करता है ॥८९॥ जैसे सम्पूर्ण नदी और नद समुद्र में जाकर ठहरते हैं वैसे ही सब आश्रमी गृहस्थ में ठहरते हैं (आश्रय पाते हैं) ॥९०॥

चतुर्भिरपि चैवैतैर्नित्यमाश्रमिभिर्द्विजैः ।
दशलक्षणकोधर्मः सेवितव्यः प्रयत्नतः ॥९१॥
धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः ।
धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम् ॥९२॥

चारों आश्रमी द्विजों को दश लक्षण वाले धर्म का सेवन यत्न से करना चाहिये ॥९१॥ १-धैर्य २-दूसरे की करी हुई बुराई को सह लेना ३-मन का रोकना ४-चोरी न करना ५-शुद्ध होना ६-इन्द्रियों का रोकना ७-शास्त्र का ज्ञान ८-आत्मा का ज्ञान ९-सत्य बोलना और १०-क्रोध न करना। ये धर्म के दश लक्षण हैं (५ पुस्तकों और नन्दनकृत टीकामें-धी=ह्रीः पाठभेद है) ॥९२॥

दश लक्षणानि धर्मस्य ये विप्राः समधीयते ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अधीत्य चानुवर्तन्ते ते यान्ति परमां गतिम्॥९३॥
दशलक्षणकं धर्ममनुतिष्ठन् समाहितः ।
वेदान्तं विधिवच्छ्रुत्वा संन्यसेदनृणोद्विजः॥९४॥

जो विप्र धर्म के दश लक्षणों को पढते हैं और पढ़कर उसके अनुसार चलते हैं वे मोक्ष को प्राप्त होते हैं ॥९३॥ (ऋषि पितर देवों के) ऋणों से मुक्त द्विज स्वस्थचित्त होकर दश लक्षण वाले धर्म को करता हुआ विधि से वेदान्त का श्रवण करके संन्यास धारण करे ॥९४॥

संन्यस्य सर्वकर्माणि कर्मदोषानपानुदन् ।
नियतो वेदमभ्यस्य पुत्रैश्वर्ये सुखं वसेत् ॥९५॥

संपूर्ण (गृहस्थ के) कर्मों को छोड़कर और (विना जाने जीवो के नाशजनित) पापोंको (प्राणायामोंसे) नष्ट करता हुवा जितेन्द्रिय होकर वेद का अभ्यास करके पुत्र के ऐश्वर्य मे (वृत्ति की चिन्ता से रहित) सुख पूर्वक निवास करे॥ (९५ वें से आगे एक पुस्तक में यह श्लोक अधिक है:—

[संन्यसेत्सर्वकर्माणि वेदमेकं न संन्यसेत् ।
वेदसंन्यासतः शूद्रस्तस्माद्वेदं न संन्यसेत्॥]

सब काम छोड़ दे परन्तु एक वेद को न छोडे, क्योंकि वेदके छोड़ने से शूद्र हो जाता है इस लिये वेद को न छोडे ॥ इसी आशयका श्लोक पाठभदसे अन्य दो पुस्तकोंमें भी मिलता है कि —

संन्यसेत्सर्वकर्माणि वेदं तु न परित्यजेत् ।
परित्यागाद्धि वेदस्य शूद्रतामनुगच्छति ॥९५॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

एवं संन्यस्य कर्माणि स्वकार्यपरमोऽस्पृहः ।
संन्यासेनापहत्यैनः प्राप्नोति परमां गतिम्॥९६॥

इस प्रकार कर्मों को छोड़कर अपने कार्य (आत्म साक्षात्कार) मे तत्पर हुवा निःस्पृह सन्यास में पापको दूर करके परम गति को प्राप्त होता है ॥९६॥

एष वोऽभिहितो धर्मो ब्राह्मणस्य चतुर्विधः ।
पुण्योऽक्षयफलः प्रेत्य राज्ञां धर्मं निबोधत । ९७॥

(हे ऋषियों !) तुमसे यह ब्राह्मण का चार प्रकार का धर्म जो परलोक में पुण्य तथा अक्षय फल देने वाला है कहा । अब राजाओं का धर्म सुनो ॥९७॥

इति मानवे धर्मशास्त्रे (भृगुप्रोक्तायां संहितायां)

षष्ठोऽध्यायः ॥६॥

इति श्री तुलसीरामस्वामिविरचिते मनुस्मृतिभाषानुवादे

षष्ठोऽध्याय. ॥६॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ओ३म्

अथ सप्तमोऽध्यायः

राजधर्मान्प्रवक्ष्यामि यथावृत्तोभवेन्नृप. ।
संभवश्च यथा तस्य सिद्धिश्च परमा यथा ॥१॥
ब्राह्मं प्राप्तेन संस्कारं क्षत्रियेण यथाविधि ।
सर्वस्यास्य यथान्यायं कर्त्तव्यं परिरक्षणम् ॥२॥

जैसे आचरण वाले राजा होने चाहिये उस प्रकार के राजधर्मों और राजा की उत्पत्ति और जैसे (राजा के प्रभुत्व की) उत्तम सिद्धि हो उसको आगे कहूंगा ॥१॥ वेदोक्त संस्कार हुवे क्षत्रिय का इस सम्पूर्ण (राज्य) की न्यायानुसार रक्षा करनी चाहिये ॥२॥

अराजके हि लोकेऽस्मिन्सर्वतोविद्रुते भयात् ।
रक्षार्थमस्य सर्वस्य राजानमसृजत्प्रभुः ॥३॥
इन्द्रानिलयमार्काणामग्नेश्च वरुणस्य च ।
चन्द्रवित्तेशयोश्चैव मात्रा निर्हृत्य शाश्वती. ॥४॥

बिना राजा के इस लोक में भय से चारों ओर जग विचल होजाता इस कारण सबकी रक्षा के लिये ईश्वर ने राजा को उत्पन्न किया ॥३॥ इन्द्र, वायु, यम, सूर्य, अग्नि, वरुण, चन्द्र और कुबेर की शाश्वत मात्राओं (सारभूत अंशो) को निकाल कर (राजा को बनाया अर्थात् इन दिव्य गुणांशोसे युक्त पुरुष राजा होता है) ॥४॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

यस्मादेषां सुरेन्द्राणां मात्राभ्यो निर्मितो नृपः ।
तस्मादभिभवत्येष सर्वभूतानि तेजसा ॥५॥

तपत्यादित्यवच्चैषां चक्षूंषि च मनांसि च ।
न चैनं भुवि शक्नोति कश्चिदप्यभिवीक्षितुम् ॥६॥

क्योंकि देवेन्द्रों की मात्राओं से राजा बनाया गया है इसलिये यह (राजा) तेज से सब प्राणियों को दबाता है ॥५॥ (अब दो श्लोकों में यह बताते हैं कि राजा में कैसे उक्त आठ देवों का प्रभाव रहता है) राजा अपने तेज से इन (देखने वालों) की आंखों और मनों को सूर्य सा असह्य होता है और पृथिवी में कोई इस (राजा) के सामने होकर नहीं देख सकता (इससे सूर्यांश कहा। इसी प्रकार—) ॥६॥

सोऽग्निर्भवति वायुश्च सोऽर्कः सोमः स धर्मराट् ।
स कुबेरः स वरुणः स महेन्द्रः प्रभावतः ॥७॥

बालोऽपि नावमन्तव्यो मनुष्य इति भूमिपः ।
महती देवता ह्येषा नररूपेण तिष्ठति ॥८॥

वह राजा प्रभाव से अग्नि वायु सूर्य चन्द्र, यम कुबेर वरुण और इन्द्र है ॥७॥ मनुष्य जानकर बालक राजा भी अपमान करने योग्य नहीं है, क्योंकि यह एक बड़ा देवता मनुष्य रूप से स्थित है ॥८॥

एकमेव दहत्यग्निर्नरं दुरुपसर्पिणम् ।
कुलं दहति राजाऽग्निः स पशुद्रव्यसञ्चयम् ॥९॥

कार्यं सोऽवेक्ष्य शक्तिं च देशकालौ च तत्त्वतः ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

कुरुते धर्मसिद्ध्यर्थं विश्वरूपः पुनः पुनः ॥१०॥

अग्नि के ऊपर कोई मनुष्य कुचाल चले तो अग्नि उसी एक को जलाता है, परन्तु राजा (कुचाल चलन वाले के) कुल को भी पशु और धनसहित नष्ट कर देता है ॥९॥ कार्य शक्ति देश और काल को तत्त्व से देखकर धर्मसिद्धि के लिये राजा बार २ नाना प्रकार का रूप धरता है (कभी क्षमा, कभी कोप, कभी मित्रत्व, कभी शत्रुत्व इत्यादि) ॥१०॥

यस्य प्रसादे पद्मा श्रीर्विजयश्च पराक्रमे ।
मृत्युश्च वसति क्रोधे सर्वतेजोमयोहि सः ॥११॥
तं यस्तु द्वेष्टि संमोहात्स विनश्यत्यसंशयम् ।
तस्य ह्याशु विनाशाय राजा प्रकुरुते मनः ॥१२॥

जिसकी प्रसन्नता में लक्ष्मी रहती है (द्रव्यप्राप्ति होती है) और पराक्रम में जय रहता है और क्रोध में मृत्यु वास करता है, वह (राजा) अवश्य सर्वतेजोमय है ॥११॥ जो अज्ञानवश राजा से द्वेष करता है वह निश्चय नाश को प्राप्त होता है क्योंकि उसके शीघ्र नाश के लिये राजा मन बिगाड़ता है ॥१२॥

तस्माद्धर्मं यमिष्टेषु स व्यवस्येन्नराधिपः ।
अनिष्टं चाप्यनिष्टेषु तं धर्मं न विचालयेत् ॥१३॥
तस्यार्थे सर्वभूतानां गोप्तारं धर्ममात्मजम् ।
ब्रह्मतेजोमयं दण्डमसृजत्पूर्वमीश्वरः ॥१४॥

इस लिये राजा अपने अनुकूलों में जिस धर्म=कानून को और प्रतिकूलों में जिस अनिष्ट का निश्चय करे (कानून बनावे),

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

उस धर्म (कानून) को न विचलावे (न तोड़े) ॥१३॥ उस (राजा) के लिये प्राणिमात्र के रक्षक, आत्मा से उत्पन्न ब्रह्मतेज से बने दण्ड धर्म को ईश्वर ने पूर्व बनाया है ॥१४॥

तस्य सर्वाणि भूतानि स्थावराणि चराणि च ।
भयाद्भोगाय कल्पन्ते स्वधर्मान्न चलन्ति च ॥१५॥

तं देशकालौ शक्तिं च विद्यां चावेक्ष्य तत्त्वतः ।
यथार्हतः संप्रणयेन्नरेष्वन्यायवर्तिषु ॥१६॥

उस (दण्ड) के भय से सम्पूर्ण स्थावर और जङ्गम भोगको प्राप्त होते हैं और अपने धर्म से नहीं विचलते ॥१५॥ देश काल शक्ति और विद्या के तत्व को शास्त्रानुसार विचार कर अपराधी मनुष्यों को यथायोग्य उस दण्ड को देवे ॥१६॥

स राजा पुरुषोदण्डः स नेता शासिता च सः ।
चतुर्णामाश्रमाणां च धर्मस्य प्रतिभूः स्मृतः ॥१७॥

दण्डः शास्ति प्रजाः सर्वा दण्ड एवाभिरक्षति ।
दण्डः सुप्तेषु जागर्ति दण्डं धर्मं विदुर्बुधाः ॥१८॥

वह दण्ड ही राजा है वही पुरुष है और वही नेता तथा शासिता और चारों आश्रमों के कर्म का प्रतिभू (जामिन) है ॥१७॥ दण्ड सम्पूर्ण प्रजा का शासन करता है, दण्ड ही रक्षा करता है । सब के सोते हुवे दण्ड ही जगाता है (उसी के डर से चोर चोरी नहीकरते) विद्वान् लोग दण्डको धर्म जानते हैं ॥१८॥

समीक्ष्य स धृतः सम्यक् सर्वा रञ्जयति प्रजाः ।
असमीक्ष्य प्रणीतस्तु विनाशयति सर्वतः ॥१९॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

यदि न प्रणयेद्राजा दण्डं दण्डेयष्वतन्द्रितः ।
शूले मत्स्यानिवापक्ष्यन्दुर्बलान्बलवत्तराः ॥२०॥

वह (दण्ड) शास्त्र से अच्छे प्रकार देख कर धरा हुवा सम्पूर्ण प्रजा को प्रसन्न करता और बिना देखे किया हुआ, चारों ओर से नाश करता है ॥१९॥ आलस्य रहित राजा यदि अपराधियों को दण्ड न देवे तो शूल पर मछली के समान अति बलवान् लोग निर्बलों को भून डाले ॥२०॥

अद्यात्काकः पुरोडाशं श्वा च लिह्याद्धविस्तथा ।
स्वाम्यं च न स्यात्कस्मिंश्चित्प्रवर्तेताधरोत्तरम् ॥२१॥
सर्वो दण्डजितो लोको दुर्लभोहि शुचिर्नरः ।
दण्डस्य हि भयात्सर्वं जगद्भोगाय कल्पते ॥२२॥

(यदि राजा दण्ड न करे तो) कौवा, पुरोडाश भक्षण कर जावे, कुत्ता हवि का भक्षण करले और कोई किसी का स्वामी (मालिक) न हो सके नीचे ऊंचे और ऊंच नीचता मे प्रवृत्त हो जावे ॥२१॥ सम्पूर्ण लोग दण्ड से नियमित किये हुवे ही सन्मार्ग मे रहते है क्यों कि (स्वभाव से सन्मार्ग मे रहने वाला) शुचि मनुष्य दुर्लभ है। सम्पूर्ण जगत् दण्ड के भय से ही भोग कर सकता है ॥२२॥

देवदानवगन्धर्वा रक्षांसि पतगोरगाः ।
तेऽपि भोगाय कल्पन्ते दण्डेनैव निपीडिताः ॥२३॥
दुष्येयुः सर्ववर्णाश्च भिद्येरन् सर्वसेतवः ।
सर्वलोकप्रकोपश्च भवेद्दण्डस्य विभ्रमात् ॥२४॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

देव दानव, गन्धर्व, राक्षस, पक्षी, सर्प ये भी दण्ड के ही दबे हुवे भोग को पा सकते हैं ॥२३॥ दण्ड के बिना सम्पूर्ण वर्ण दुष्टाचरण में प्रवृत्त हो जावें और (चतुर्वर्णरूप) सब पुल टूट जावें और सम्पूर्ण लोगों में उपद्रव हो जावे ॥२४॥

यत्र श्यामो लोहिताक्षो दण्डश्चरति पापहा ।
प्रजास्तत्र न मुह्यन्ति नेता चेत्साधु पश्यति ॥२५॥
तस्याहुः सम्प्रणेतारं राजानं सत्यवादिनम् ।
समीक्ष्यकारिणं प्राज्ञं धर्मकामार्थकोविदम् ॥२६॥

जिस देश में श्याम वर्ण और लाल आंख वाला, पाप का नाशक दण्ड विचरता है, वहां प्रजा प्रमाद नहीं करती यदि नेता (राजा) अच्छे प्रकार देखता हो ॥२५॥ सत्य बोलने वाले और अच्छे प्रकार समझ कर करने वाले, बुद्धिमान् और धर्म अर्थ, काम के जानने वाले राजा को उस (दण्ड के) देने का अधिकारी कहते हैं ॥२६॥

तं राजा प्रणयन्सम्यक् त्रिवर्गेणाभिवर्धते ।
कामात्मा विषमः क्षुद्रोदण्डेनैव निहन्यते ॥२७॥
दण्डोहि सुमहत्तेजो दुर्धरश्चाऽकृतात्मभिः ।
धर्माद्विचलितं हन्ति नृपमेव सबान्धवम् ॥२८॥

जो राजा उस (दण्ड) को अच्छे प्रकार चलाता है, वह धर्म, अर्थ, काम से वृद्धि को प्राप्त होता है जो विषय का अभिलाष और उलटा चलने वाला तथा क्षुद्रता करनेवाला वह उसी दण्डसे नष्टहो जाताहै ॥२७॥ बड़े तेज वाला दण्ड है और शास्त्रोक्तसंस्कार

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

-रहित राजाओं से धारण नहीं किया जा सकता किन्तु राजधर्मसे विपरीतराजा ही का बन्धुसहित नाश कर देता है ॥२८॥

ततोदुर्गं च राष्ट्रं च लोकं च सचराचरम् ।
अन्तरिक्षगतांश्चैव मुनीन्देवांश्च पीडयेत् ॥२९॥
सोऽसहायेन मूढेन लुब्धेनाकृतबुद्धिना ।
न शक्यो न्यायतोनेतुं सक्तेन विषयेषु च ॥३०॥

राजा के नाश के अनन्तर किला राज्य और स्थावर जङ्गम प्रजा व अन्तरिक्ष के रहने वाले पक्षी और वायु आदि देवतों को (हव्यादि न मिलने से) और सब मुनियों को (वह अधर्मी राजा का दण्ड) पीड़ित करने लगेगा ॥२९॥ (मन्त्री वा सेनापतियों के) सहाय से रहित मूर्ख लोभी, निर्बुद्धि और विषयों मे आसक्त राजा से वह (दण्ड = राजधर्म) न्यायपूर्वक नहीं चल सकता ।३०।

शुचिना सत्यसन्धेन यथाशास्त्रानुसारिणा ।
प्रणेतुं शक्यते दण्डः सुसहायेन धीमता ॥३१॥
स्वराष्ट्रे न्यायवृत्तः स्याद् भृशदण्डश्च शत्रुषु ।
सुहृत्स्वजिह्मः स्निग्धेषु ब्राह्मणेषु क्षमान्वितः ॥३२॥

शौचादियुक्त सत्यप्रतिज्ञ शास्त्रके अनुसार चलने वाले अच्छे सहायकों वाले और बुद्धिमान् राजा से दण्ड चलाया जा सकता है (ऐसा राजा शिक्षा करने के योग्य है) ॥३१॥ राजा को अपने राज्य में न्यायकारी और शत्रुओं को सदा दण्ड देने वाला और प्यारे मित्रों से कुटिलता रहित और ब्राह्मणों पर क्षमायुक्त होना चाहिये ॥३२॥

एवं वृत्तस्य नृपतेः शिलोञ्छेनापि जीवतः ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

विस्तीर्यते यशो लोके तैलविन्दुरिवाम्भसि ॥३३॥
अतस्तु विपरीतस्य नृपतेरजितात्मनः ।
संक्षिप्यते यशोलोके घृतविन्दुरिवाम्भसि ॥३४॥

उक्त प्रकार चलने वाले शिलोञ्छवृत्ति से भी जीवते हुये राजा का यश जगत् मे फैल जाता है जैसे पानीमे तैलकी की बूंद ॥३३॥ विषयासक्त और इस से विपरीत चलने वाले राजा का यश लोकों मे संकोच को प्राप्त हो जाता है जैसे पानी मे घृत की बूंद ॥३४॥

स्वे स्वे धर्मे निविष्टानां सर्वेषामनुपूर्वशः ।
वर्णानामाश्रमाणां च राजा सृष्टोऽभिरक्षिता ॥३५॥
तेन यद्यत्सभृत्येन कर्तव्यं रक्षता प्रजाः
तत्तद्वोऽहं प्रवक्ष्यामि यथावदनुपूर्वशः ॥३६॥

अपने २ धर्म मे चलने वाले आनुपूर्व्य से सब वर्णों और आश्रमों की रक्षा करने वाला राजा (ईश्वर ने) उत्पन्न किया है ॥३५॥ प्रजा की रक्षा करते हुवे अमात्यो सहित उस राजा को जो २ करना चाहिये सो तुमसे मैं क्रमकेसाथ यथावत् कहूंगा ॥३६॥

ब्राह्मणान्पर्युपासीत प्रातरुत्थाय पार्थिवः ।
त्रैविद्यवृद्धान्विदुषस्तिष्ठेत्तेषां च शासने ॥३७॥
वृद्धांश्च नित्यं सेवेत विप्रान्वेदविदः शुचीन् ।
वृद्धसेवी हि सततं रक्षोभिरपि पूज्यते ॥३८॥

राजा को प्रातःकाल उठकर ऋग् यजु सामवेद और धर्मशास्त्र के जानने वाले ब्राह्मणो के साथ बैठना और उनके शासन को मानना चाहिये ॥३७॥ वेद जाननेवाले पवित्र, आयुमे वृद्ध ब्राह्मणों

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

को नित्य सेवा करे क्योंकि वृद्धे विद्वानों की सेवा करने वाला (राजा) दुष्ट जीवों से भी पूजा (सत्कार) पाता है ॥३८॥

तेभ्योऽधिगच्छेद्विनयं विनीतात्मापि नित्यशः ।
विनीतात्मा हि नृपतिर्न विनश्यति कर्हिचित् ।३९॥
बहवोऽविनयान्नष्टा राजानः सपरिच्छदाः ।
वनस्था अपि राज्यानि विनयात्प्रतिपेदिरे ॥४०॥

शिक्षित राजा भी उन (विद्वानों) से शिक्षा का नित्य अभ्यास करे क्योंकि सुशिक्षित राजा कभी नाश को प्राप्त नहीं होता ॥३९॥ (हाथी घोड़ा खजाना इत्यादि सब) सामानों से युक्त बहुत से राजा विनय रहित नष्ट होगये और बहुत से (वे सामान) जङ्गल में रहते हुवे भी विनय से राज्य को प्राप्त हो गये ॥४०॥

"वेनो विनष्टोऽविनयान्नहुषश्चैव पार्थिवः ।
सुदासो यवनश्चैव सुमुखो निमिरेव च ॥४१॥
पृथुस्तु विनयाद्राज्यं प्राप्तवान् मनुरेव च ।
कुवेरश्च धनैश्वर्यं ब्राह्मण्यं चैव गाधिजः ॥४२॥"

वेन, नहुष सुदास यवन, सुमुख और निमि भी अविनय से नष्ट हो गये ॥४१॥ पृथु और मनु विनय से राज्य पा गये और कुवेर ने विनय से धनाधिपत्य पाया और गाधि के पुत्र विश्वामित्र (विनय से) ब्राह्मण हो गये। (यह श्लोक मनु के नहीं क्योंकि स्वयं मनु और यवन तकको भी इनमें भूतकालस्थ वर्णन किया है)॥४२॥'

त्रैविद्येभ्यस्त्रयीं विद्यां दण्डनीतिं च शाश्वतीम् ।
आन्वीक्षिकीं चात्मविद्यां वार्तारम्भाश्च लोकतः ॥४३॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

इन्द्रियाणां जयेयोगं समातिष्ठेद्दिवानिशम् ।
जितेन्द्रियो हि शक्नोति वशेस्थापयितुं प्रजा: ॥४४॥

तीनो वेदों के जानने वालों से तीनो वेद (पढ़े) और सनातन दण्डनीति विद्या तथा वेदान्त (पढ़े) और लोगों से व्यवहारविद्या (पढ़े) ॥४३॥ इन्द्रियो के जय का रात दिन उद्योग करे क्योंकि जितेन्द्रिय ही प्रजा को वश मे कर सकता है ॥४४॥

दशकामसमुत्थानि तथाष्टौ क्रोधजानि च ।
व्यसनानि दुरन्तानि प्रयत्नेन विवर्जयेत् ॥४५॥

कामजेषु प्रसक्तोहि व्यसनेषु महीपति: ।
वियुज्यतेऽर्थधर्माभ्यां क्रोधजेष्वात्मनैव तु ॥४६॥

काम से उत्पन्न दश और क्रोध से उत्पन्न आठ (ऐसे १८ व्यसनों) को जिन का अन्त मिलना दुर्लभ है, यत्न से छोड़ देवें ॥४५॥ काम से उत्पन्न (दश॰) व्यसनों मे आसक्त हुवा, राजा अर्थ और धर्म से हीन हो जाता है और क्रोध से उत्पन्न (८) व्यसनोमे आसक्त तो अपने शरीरसे ही (नष्ट हो जाता है) ॥४६॥

मृगयाक्षादिवास्वप्नः परिवादः स्त्रियोमदः ।
तौर्यत्रिकं वृथाट्या च कामजो दशको गणः ॥४७॥

पैशुन्यं साहसं मोह ईर्ष्याऽसूयार्थदूषणम् ।
वाग्दण्डजं च पारुष्यं क्रोधजोऽपि गणोऽष्टकः ॥४८॥

शिकार करना, जुवा खेलना, दिन मे सोना, दूसरे के दोषों को कहते रहना, स्त्री सम्भोग मद्यपान, नाचना, गाना, बजाना और बिना प्रयोजन घूमना ये दश काम के व्यसन है ॥४७॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

चुगली; साहस, द्रोह, ईर्ष्या, दूसरे के गुणों में दोष लगाना, द्रव्य हरण, गाली देना और कठोरता, ये आठ क्रोध से उत्पन्न व्यसन हैं ॥४८॥

द्वयोरप्येतयोर्मूलं यं सर्वे कवयो विदुः ।
तं यत्नेन जयेल्लोभं तज्जावेतावुभौ गणौ ॥४६॥
पानमक्षाः स्त्रियश्चैव मृगया च यथाक्रमम् ।
एतत्कष्टतमं विद्याच्चतुष्कं कामजे गणे ॥५०॥

जिस को सम्पूर्ण विद्वान् इन दोनों गणों का कारण बताते हैं, उस लोभ को यत्नसे छोड़ देवे । उसीसे ये दोनों कारण उत्पन्न हैं ॥४९॥ काम से उत्पन्न हुवे गण में मद्यपान, जुआ खेलना, स्त्री प्रसङ्ग और शिकार, इस चौकड़े को बहुत कष्ट जाने ॥५०॥

दण्डस्य पातनं चैव वाक्पारुष्यार्थदूषणे ।
क्रोधजेऽपि गणे विद्यात्कष्टमेतत्त्रिकं सदा ॥५१॥
सप्तकस्यास्य वर्गस्य सर्वत्रैवानुषङ्गिणः ।
पूर्वं पूर्वं गुरुतरं विद्याद्व्यसनमात्मवान् ॥५२॥

क्रोध से उत्पन्न हुवे गण में कठोर वचन कहना, दण्डे से मारना और द्रव्यका हरण करना, इस त्रिक (३) को सदैव अति कष्ट जाने ॥५१॥ ये जो सब में साथ लगे, सात व्यसन हैं, इन में पहिले २ (व्यसन) को ज्ञानी पुरुष भारी (व्यसन) जाने ॥५२॥

व्यसनस्य च मृत्योश्च व्यसनं कष्टमुच्यते ।
व्यसन्यधोऽधोव्रजति स्वर्यात्यव्यसनीमृतः ॥५३॥
मौलाञ्छास्त्रविदः शूराँल्लब्धलक्षान् कुलोद्गतान् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सचिवान्सप्त चाष्टौवा प्रकुर्वीत परीक्षितान् ॥५४॥

व्यसन और मृत्यु (दोनों नाश करने वाले हैं) में मृत्यु से व्यसन कठिन है ; क्यों कि व्यसनी दिन दिन अवनति में जाता है और निर्व्यसनी मर कर स्वर्ग को जाता है ॥५३॥ मूल से नौकरी किये हुवे, शास्त्र के जानने वाले, शूरवीर, अच्छा निशाना लगाने वाले, अच्छे कुल के और परीक्षोत्तीर्ण ७ या ८ मन्त्री रक्खे ॥५४॥

अपि यत्सुकरं कर्म तदप्येकेन दुष्करम् ।
विशेषतोऽसहायेन किन्तु राज्यं महोदयम् ॥५५॥
तैः सार्धं चिन्तयेन्नित्यं सामान्यं सन्धिविग्रहम् ।
स्थान समुदयं गुप्तिं लब्धप्रशमनानि च ॥५६॥

जब कि सुगम काम भी एक से होना कठिन है तो विशेष कर बड़े फल का देने वाला राज्यसम्बन्धी काम अकेला कैसे कर सकता है ॥५५॥ इस लिये उन (मन्त्रियो) के साथ साधारण सन्धि विग्रह की और (दण्ड, कोश, पुर, राष्ट्र = चतुर्विध) स्थान की और द्रव्य धान्यादि की उन्नति और सब की रक्षा और जो प्राप्त है, उस की शान्ति का विचार करे ॥५६॥

तेषां स्वं स्वमभिप्रायमुपलभ्य पृथक् पृथक् ।
समस्तानां च कार्येषु विदध्याद्धितमात्मनः ॥५७॥
सर्वेषां तु विशिष्टेन ब्राह्मणेन विपश्चिता ।
मन्त्रयेत्परमं मन्त्रं राजा षाड्गुण्यसंयुतम् ॥५८॥

उन मन्त्रियो के अलग २ और सब के मिले अभिप्राय

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

(अलग अलग राय और मिली हुई राय) को जान कर कार्यों मे अपना हित करे ॥५७॥ उन सब (मन्त्रियों) मे अधिक धर्मात्मा और बुद्धिमान् ब्राह्मण (मन्त्री) के साथ राजा षड्गुणयुक्त परम मन्त्र (सलाह) करे ॥५८॥

नित्यं तस्मिन्समाश्वस्तः सर्वकार्याणि निक्षिपेत् ।
तेन सार्धं विनिश्चित्य ततः कर्मसमारभेत् ॥५९॥

अन्यानपि प्रकुर्वीत शुचीन्प्राज्ञानवस्थितान् ।
सम्यगर्थसमाहर्तॄनमात्यान्सुपरीक्षितान् ॥६०॥

उस (ब्राह्मण मन्त्री) मे अच्छा विश्वास करता हुआ सब काम उस को सौंपे और जो करना हो, उस के साथ निश्चय करके तब उस काम को करे ॥५९॥ अन्य भी पवित्र, बुद्धिमान् परीक्षित तथा द्रव्यके उपार्जनकी युक्ति जानने वालोंको मन्त्री बनावे ॥६०॥

निर्वर्तेतास्य यावद्भिरितिकर्तव्यता नृभिः ।
तावतोऽतन्द्रितान्दक्षान् प्रकुर्वीत विचक्षणान् ॥६१॥

तेषामर्थे नियुञ्जीत शूरान्दक्षान् कुलोद्गतान् ।
शुचीनाकरकर्मान्ते भीरूनन्तर्निवेशने ॥६२॥

इस (राजा) का जितने मनुष्यों से पूरा काम निकले उतने आलस्यरहित चतुर बुद्धिमानों को (मन्त्री) बनावे ॥६१॥ उनमे शूर चतुर कुलीन मन्त्रियो को धन के स्थान में और अर्थ शुचियों को रत्नों की खानि खोदवाने मे तथा डरपोकों को महलों के भीतर जाने आने मे नियुक्त करे ॥६२॥

दूतं चैव प्रकुर्वीत सर्वशास्त्रविशारदम् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

इङ्गिताकारचेष्टज्ञं शुचिं दक्षं कुलोद्गतम् ॥६३॥
अनुरक्तः शुचिर्दक्षः स्मृतिमान् देशकालवित् ।
वपुष्मान्वीतभीर्वाग्मी दूतोराज्ञः प्रशस्यते ॥६४॥

और दूत उसको रक्खे जो बहुश्रुत, हृदय के भाव आकार चेष्टाओं को जानने वाला अन्तःकरण का शुद्ध तथा चतुर और कुलीन हो ॥६३॥ प्रीति वाला, शुद्धचित्त, चतुर याद रखने वाला देश काल का जानने वाला अच्छे देह वाला निडर और बोलने वाला राजा का दूत प्रशस्त है (अर्थात राजा को ऐसा दूत रखना चाहिये) ॥६४॥

(६४ वें से आगे एक पुस्तक में ये ५॥ श्लोक अधिक हैं'-

[सन्धिविग्रहकालज्ञान्समर्थानायतिक्षमान् ।
परैरहार्यान्शुद्धांश्च धर्मतः कामतोऽर्थतः ॥१॥
समाहर्तुं प्रकुर्वीत सर्वशास्त्रविपश्चितः ।
कुलीनान्वृत्तिसंपन्नान्निपुणान्कोशवृद्धये ॥२॥
आयव्ययस्य कुशलान् गणितज्ञानलोलुपान् ।
नियोजयेद्धर्मनिष्ठान्सम्यक्कार्यार्थचिन्तकान् ॥३॥
कर्मणि चातिकुशलां ल्लिपिज्ञानायतिक्षमान् ।
सर्वविश्वासिनः सत्यान्सर्वकार्येषु निश्चितान्॥४॥
अकृताशांस्तथा भर्त्तुः कालज्ञांश्च प्रसङ्गिनः ।
कार्यकामोपधाशुद्धान् बाह्याभ्यन्तरचारिणः ॥५॥
कुर्यादारक्षकार्येषु गृहसंरक्षणेषु च ।]

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

कोशवृद्धि के लिये-सन्धि और विग्रह के समय को जानने वाले समर्थ, समय पड़े को झेल सकने वाले, शत्रुओं से न मिल जाने योग्य, धर्म अर्थ काम से शुद्ध, सब शास्त्रों के ज्ञाता, कुलीन पुष्कलजीविका वाले और चतुर पुरुषों के इकट्ठा करने का उद्योग किया करे। आय व्यय में चतुर हिसाब के पक्के, निर्लोभ, धर्म में श्रद्धालु और कार्यों का तात्पर्य समझने वालों को नियुक्त करे। जो काम में अतिकुशल, अच्छा लिखना जानने वाले भीड़ पड़ी को झेलने वाले, सबके विश्वासपात्र, सच्चे, सब कामोंमें निश्चित और स्वामी पर आशा न रखने वाले (सन्तुष्ट), समय और प्रसङ्ग (मौके) के जानने वाले हो। कार्य, काम और वरोहर में सच्चे, बाहर भीतर के भेदी (मन्त्री) लोगों को समीपी कामों और गृह की रक्षाओं में नियुक्त करे) ॥६४॥

अमात्ये दण्डआयत्तो दण्डे वैनयिकी क्रिया ।
नृपतौ कोशराष्ट्रं च दूते सन्धिविपर्ययौ ॥६५॥
दूत एव हि संधत्ते भिनत्त्येव च संहतान् ।
दूतस्तत्कुरुते कर्म भिद्यन्ते येन मानवाः ॥६६॥

मन्त्री के आधीन दण्ड और दण्डके आधीन सुशिक्षा और राजा के आधीन देश तथा खजाना और दूत के आधीन मेल वा बिगाड़ है ॥६५॥ क्योंकि दूत ही मेल कराता है और दूत ही मिले हुवों को फाड़ता है। दूत वह काम करता है जिससे मनुष्यों में भेद हो जाता है। (५ पुस्तकों में-मानवा =बा धवा पाठ है) ।६६।

स विद्यादस्य * कृत्येषु निगूढेङ्गितचेष्टितैः ।
आकारमिङ्गितं चेष्टां भृत्येषु च चिकीर्षितम् ॥६७।

इस श्लोक में राजदूत का कर्त्तव्य बताया गया है। अ -

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

(स.) वह दूत (अस्य) इस राजा के (कृत्येषु) असन्तुष्ट विरुद्ध लोगों मे (निगूढेङ्गितचेष्टितै') छिपे इङ्गित इशारों और चेष्टाओं से (आकारम) उनके आकार = सूरत शकल (इङ्गितम्) इशारे और (चेष्टाम) काम वा हरकत को (विद्यात्) जानने का यत्न करे (च) और (भृत्येषु) भरण पोषण योग्य पुरुषोंमे (चिकीर्षितम्) क्या करना चाहते हैं, उसको जाने॥

(इसमे जो कृत्य शब्द है वह राजनैतिक योगरुढ़ि शब्द है जिसका विवरण अमरकोष तृतीय काण्ड, नानार्थवर्ग ३ श्लोक १५८ में और उसी की अमरविवेक टीका मे इस प्रकार है कि-

कृत्या क्रियादेवतयोस्त्रिषु भेद्ये धनादिभिः॥
(अमरकोष ३। ३। १५८)

"धनस्त्रीभूम्यादिभिर्भेदनीयो यः परराष्ट्रगतपुरुषादिस्तत्र कृत्याशब्दोवाच्यलिङ्गः" टीका॥

पराये = शत्रु के राज्य मे जो कोई धनके स्त्री के वा पृथिवी आदि के लालच से तोड़ने (अपने अनुकूल कर लेने) योग्य पुरुष इत्यादि है, उसको "कृत्य" कहते हैं और उसका वाच्य के समान लिङ्ग होता है। स्त्री-कृत्या पुरुष'-कृत्य; नपुंसक-कृत्यम्॥

ये "कृत्य" ४ प्रकार के होते हैं। १-क्रुद्धकृत्य २-लुब्धकृत्य, ३-भीतकृत्य और ४-अवमानितकृत्य। यथा -

क्रुद्धलुब्धभीताऽवमानिताः परेषां कृत्याः॥ कौटिल्यसूत्र

जो शत्रुराज्य पर क्रोध रखते हैं वे 'क्रुद्धकृत्य"। जो लोभी हैं वे 'लुब्ध कृत्य'। जो डरेहुवे हैं वे "भीतकृत्य" और जो शत्रु राजा से अपमान किये गये हैं वे "अवमानितकृत्य" कहाते हैं। इस

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

श्लोक में राजदूत के कामों में एक यह काम भी बताया गया है कि वह शत्रुराज्यों में छिपी इङ्गित चेष्टाओं से गुप्त रूप से शत्रुराज्य से नाराज वेदिज्ञ असन्तुष्ट (Mal-content) पुरुषों के आकार इङ्गित और चेष्टाओं का भेद लेवे ॥

परन्तु मेधातिथि जैसे विद्वान् टीकाकार भी "कृत्येषु-कार्येषु" लिखकर भूल कर गये। कुल्लूकभट्ट ने भी भूल में कृत्य का अर्थ "कर्त्तव्य" ही लिख दिया। राघवानन्द भी भूल कर "कृत्य" का अर्थ "कर्तुमिष्ट" कर गये। रामचन्द्र टीकाकार भी "कर्त्तव्यं कार्यं" लिख कर भूल में ही रहे॥

हां, सर्वज्ञ नारायण टीकाकार का ध्यान "कृत्य" शब्द के योगरूढ अर्थपर पहुँचा उन्होंने 'कृत्येषु लुब्धभीतावमानितेषु' अर्थ लिखा तथा नन्दन टीकाकार ने भी "कृत्येषु - स्वराज्ञा भेद्येषु पर-पक्षस्थेषु पुरुषेषु" लिखकर राजनीतिज्ञान का परिचय दिया है॥

नवीन काल के पुस्तक "मुद्राराक्षस" में भी 'कृत्य' शब्द योगरूढ प्रयुक्त हुवा है। यथा—

कृत-कृत्यतामापादिताश्चन्द्रगुप्तसहोत्थायिनो
भद्रभटप्रभृतयः प्रधानपुरुषाः ॥

मुद्राराक्षस अङ्क १ पृ० ३२। ३३ तथा उसी की टीका में लिखा है कि—

स्त्रीमद्यमृगयाशीलावित्यादि तृतीयाङ्के वक्ष्यमा-णासुत्पाद्य इतो निःसार्य मलयकेतुना सह संधाय कृत-कृत्यताम् एते वयं देवकार्येऽवहिताःस्म इत्येवंरूपाम्० ॥

इत्यादि स्थलों पर "कृत्य" शब्द राजनैतिक योगरूढ पाया

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

जाता है। "कृत्य" शब्द भट्टी और कामन्दकीय, नीतिसार आदि ग्रन्थों मे भी प्रयुक्त है ॥६७॥

बुद्ध्वा च सर्वं तत्त्वेन परराजचिकीर्षितम् ।
तथा प्रयत्नमातिष्ठेद्यथात्मानं न पीडयेत् ॥६८॥

शत्रु राजा की सब इच्छाओं को ठीकर जान कर वैसा प्रयत्न करे जिसमें (वह) अपने को पीडा न दे सके ॥६८॥

जाङ्गलं सस्यसंपन्नमार्यप्रायमनाविलम् ।
रम्यमानतसामन्तं स्वाजीव्यं देशमावसेत् ॥६९॥

धनुर्दुर्गं महीदुर्गमब्दुर्गं वार्क्षमेव वा ।
गिरिदुर्गं नृदुर्गं वा समाश्रित्य वसेत्पुरम् ॥७०॥

जङ्गल जहां थोडा घास और पानी भी हो धान्य बहुत हो, अच्छे शिष्ट आर्य पुरुष निवास करते हों और रोगादि उपद्रव से रहित हों, देखने में मनोहर और जिसके पास अच्छे वृक्ष पत्ती खेती और व्यापार हों ऐसे देश मे रहे ॥६९॥ जहां धनुर्दुर्ग महीदुर्ग जलदुर्ग वृक्षदुर्ग सेना दुर्ग वा गिरिदुर्ग हों ऐसे किसी दुर्ग का आश्रय करके पुर बसावे (जहां धनुषों वा भूमि की बनावट वा जल वा वृक्ष वा सेना वा पहाडों का ऐसा घेरा हो जिसे दुर्ग (कठा) कह सकें। जहां शत्रु का आना कठिन हो ॥७०॥

सर्वेण तु प्रयत्नेन गिरिदुर्गं समाश्रयेत् ।
एषां हि बाहुगुण्येन गिरिदुर्गं विशिष्यते ॥७१॥

त्रीण्याद्यान्याश्रितास्त्वेषां मृगगर्ताश्रयाऽप्चराः ।
त्रीण्युत्तराणि क्रमशः प्लवङ्गमनरामराः ॥७२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सब दुर्गों मे पहाड़ी दुर्ग श्रेष्ठ है। इसलिये सब प्रयत्नों से उसका आश्रय करे क्योंकि इस में सब से अधिक गुण हैं ॥७१॥ (इन छः प्रकार के दुर्गों से छः प्रकार के प्राणी अपने को बचा लेते हैं जैसा कि-)इनमे से पहिले ३ दुर्गों मे क्रम से धनुर्दुर्ग मे मृग महीदुर्ग में मूसे आदि, जल दुर्ग मे असर-जलचर। अगले ३ में से वृक्षदुर्ग मे वानर, नृदुर्गमे साधारण मनुष्य और पहाडी-दुर्गमें पर्वतवासी देवजाति रहते (और अपनी रक्षा करते) हैं॥७२॥

यथा दुर्गाश्रितानेतान्नोपहिंसन्ति शत्रवः।
तथारयो न हिंसन्ति नृपं दुर्गसमाश्रितम् ॥७३॥
एकः शतं योधयति प्राकारस्थो धनुर्धरः।
शतं दशसहस्राणि तस्माद् दुर्गं विधीयते ॥७४॥

जैसे इन दुर्गवासियों को शत्रु पीड़ा नहीं दे सकते वैसे ही दुर्ग के आश्रय करने वाले राजा को शत्रु नहीं मार सकते ॥७३॥ किले के भीतर रहने वाला एक धनुर्धर सौ के साथ लड़ सकता है और सौ दश हजार के साथ लड़ सकते हैं, इसलिये किला बनाया जाता है ॥ (७४ से आगे २ पुस्तकों मे यह श्लोक अधिक है-

[मन्दरस्यापि शिखरं निर्मनुष्यं न शिष्यते।
मनुष्यदुर्गं दुर्गाणां मनुः स्वायम्भुवोऽब्रवीत् ॥]

स्वायंभुव मनु ने कहा है कि दुर्गों मे दुर्ग मनुष्यो का दुर्ग है क्योंकि मन्दराचल (पर्वत) का शिखर भी मनुष्यों से रहित होता तो शत्रु उसे शेष न छोड़ते) ॥७४॥

तत्स्यादायुधसम्पन्नं धनधान्येन वाहनैः।
ब्राह्मणैः शिल्पिभिर्यन्त्रैर्यवसेनोदकेन च ॥७५॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

तस्य मध्ये सुपर्याप्तं कारयेद् गृहमात्मनः ।
गुप्तं सर्वर्तुकं शुभ्रं जलवृक्षसमन्वितम् ॥७६॥

वह दुर्ग आयुध (शस्त्रादि) धन धान्य, वाहनों, ब्राह्मणों कलों के जानने वालों, कलो, चारा. जल और इन्धन से समृद्ध हो। (९पुस्तकों मे उदकेन च=उदकेन्धनै. पाठ है) ॥७५॥ उस किले के भीतर पर्याप्त (स्त्री-गृह देवागार आयुध मन्दिर अग्निशालादि और भित्तियों से रक्षित और सब ऋतुओ के फल पुष्पादि युक्त और सफेदी किया हुआ तथा जल और वृक्षो से युक्त अपना घर बनावे ॥७६॥

तदध्यास्योद्वहेद्भार्यां सवर्णां लक्षणान्विताम् ।
कुलेमहति सम्भूतां हृद्यां रूपगुणान्विताम् ॥७७॥
पुरोहितं च कुर्वीत वृणुयादेव चर्त्विजम् ।
तेऽस्यगृह्याणि कर्माणि कुर्युर्वैतानिकानि च ॥७८॥

उस घर मे रहकर अपनी सवर्णा शुभलक्षणयुक्त बड़े कुल में उत्पन्न हुई मन प्रसन्न करने वाली तथा रूप और गुणों से युक्त भार्या को विवाहे ॥७७॥ पुरोहित और ऋत्विज् का वरण करे। वे इसके गृह्यकर्म (अग्निहोत्र) और शान्त्यादि क्रिया करें (इनको भी किले में रक्खे) ॥७८॥

यजेत राजा क्रतुभिर्विविधैराप्तदक्षिणैः ।
धर्मार्थं चैव विप्रेभ्यो दद्याद्भोगान्धनानि च ॥७९॥
सांवत्सरिकमाप्तैश्च राष्ट्रादाहारयेद् बलिम् ।
स्याच्चाम्नाय परोलोके वर्तेत पितृवन्नृपु ॥८०॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

राजा नाना प्रकार के बहुत दक्षिणा वाले (अश्वमेधादि) यज्ञ करे और ब्राह्मणों को भोग और सुवर्ण वस्त्रादि धन धर्मार्थ देवे ॥७९॥ राज्य से प्रामाणिकों द्वारा वार्षिक बलि (मालगुजारी) उगहावे और लोक में शास्त्रानुकूल चलने में तत्पर हो। प्रजा में पिता के समान वर्ते ॥८०॥

अध्यक्षान्विविधान्कुर्यात्तत्र तत्र विपश्चितः।
तेऽस्य सर्वाण्यवेक्षेरन्नृणां कार्याणि कुर्वताम् ॥८१॥
आवृत्तानां गुरुकुलाद्विप्राणां पूजको भवेत्।
नृपाणामक्षयो ह्येष निधिर्ब्राह्मोऽभिधीयते ॥८२॥

नाना प्रकार के कामों को देखने वाले अध्यक्ष (अफसर) उन उन कामों में नियत करे। वे राजा के सब काम करने वालों के काम को देखें ॥८१॥ गुरुकुल से आये हुये ब्राह्मणों का (धन धान्यो से) पूजन किया करे। राजाओं की यह ब्राह्मनिधि अक्षय कही है (अर्थात् देने से कमी नहीं होती) ॥८२॥

न तं स्तेना न चामित्रा हरन्ति न च नश्यति।
तस्माद्राज्ञा निधातव्यो ब्राह्मणेष्वक्षयो निधिः ॥८३॥
न स्कन्दते न व्यथते न विनश्यति कर्हिचित्।
वरिष्ठमग्निहोत्रेभ्यो ब्राह्मणस्य मुखे हुतम् ॥८४॥

उस (ब्राह्मणार्थ दिये हुवे) निधि को चोर नहीं चुरा सकते और शत्रु नष्ट नहीं कर सकते इसलिये राजा ब्राह्मणों में अक्षय निधि जमा करे ॥८३॥ अग्नि में जो हवन किया जाता है वह कभी गिर जाता है कभी सूख जाता है और कभी नष्ट होजाता है परन्तु ब्राह्मण के मुख में जो हवन किया जाता है उसमें ये दोष नहीं होते। इसलिये अग्निहोत्रों से उक्त ब्राह्मण को देना श्रेष्ठ है ॥८४॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

"सममब्राह्मणे दानं द्विगुणं ब्राह्मणब्रुवे ।
प्राधीते शतसाहस्रमनन्तं वेदपारगे ॥८५॥"
पात्रस्य हि विशेषेण श्रद्धानतयैव च ।
अल्पं वा बहु वा प्रेत्य दानस्यावाप्यते फलम् ॥८६॥

क्षत्रियादि को देने में बराबर फल होता है (अर्थात् न्यूनाधिक नहीं) (जो क्रिया रहित) अपने को ब्राह्मण कहता है, उसको देने में दूना और पढ़े हुये को देने से १ लक्षगुणा और पूर्ण वेद पढ़े ब्राह्मण को देने से अनन्त फल होता है।" (यह नाममात्र के ब्राह्मण ब्रुवों ने बनाया जान पड़ता है) ॥८५॥ वेदाध्ययनादि पात्र के विशेष से और श्रद्धा की अतिशयता के अनुसार थोड़ा वा बहुत परलोक में दान का फल मिलता है।

(८६ वें से आगे २ श्लोक हैं, जिन में से पहिला ३ पुस्तकों में और दूसरा १ पुस्तक और मेधातिथि तथा राघवानन्दी टीका में पाया जाता है:—

[एष एव परोधर्मः कृत्स्नो राज्ञः उदाहृतः ।
जित्वा धनानि संग्रामाद् द्विजेभ्यः प्रतिपादयेत् ॥१॥
देशकालविधानेन द्रव्यं श्रद्धासमन्वितम् ।
पात्रे प्रदीयते यत्तु तद्धर्मस्य प्रसाधनम् ॥२॥]

राजा का सार परम धर्म यही है कि संग्राम से धन जीत कर द्विजों को बांट दे ॥१॥ देशकाल के विधान से श्रद्धासहित द्रव्य जो कुछ पात्र को दिया जाता है वह धर्म का शृङ्गार है ॥२॥ यह दानपात्र द्विजो ने पीछे से बढा दिये जान पड़ते हैं जो कि सब पुस्तको में नहीं पाये जाते, न सब की टीका इन पर है और आश्चर्य नहीं कि ८३। ८४वें भी इन्हीं दानपात्रो ने बनाये हों) ।८६।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

समोत्तमाधमैराजा त्वाहूतः पालयन्प्रजाः ।
न निवर्तेतसंग्रामात् क्षात्रं धर्ममनुस्मरन् ॥८७॥
संग्रामेष्वनिवर्तित्वं प्रजानां चैव पालनम् ।
शुश्रूषा ब्राह्मणानां च राज्ञां श्रेयस्करं परम् ॥८८॥

प्रजा का पालन करता हुवा राजा सम, उत्तम वा हीन शत्रु के साथ बुलाने पर क्षत्रियधर्म को स्मरण करता हुवा युद्ध से न हटे ॥८७॥ संग्राम से न भागना और प्रजा का पालन करना तथा ब्राह्मणों की सेवा, ये राजा के परम कल्याण करने वाले कर्म हैं ॥८८॥

आहवेषु मिथोऽन्योन्यं जिघांसन्तो महीक्षितः ।
युध्यमानाः परं शक्त्या स्वर्गं यान्त्यपराङ्मुखाः ।८९।
न कूटैरायुधैर्हन्याद्युध्यमानो रणे रिपून् ।
न कर्णिभिर्नापि दिग्धैर्नाग्निज्वलिततेजनैः ॥९०॥

संग्रामो मे एक को एक मारने की इच्छा करते हुवे राजा लोग परम शक्ति से लड़ते हुवे, पीछे न हटने वाले स्वर्ग को प्राप्त होते हैं ॥ ८९॥ लड़ता हुवा रण मे शत्रुओ को कूट (छिपे) आयुधों से न मारे और कर्णी (बाण जो फिर निकलने कठिन हो) उन से और विष मे बुझाये हुओं तथा जलतों से भी न मारे। (पूर्व श्लोको में योद्धा को स्वर्ग प्राप्ति कही थी। अब उस संग्राम के ऐसे नियमो का वर्णन है, जो अदृष्टार्थ है, अर्थात् जिन नियमों से लड़ने वालो को मानुषी स्वाभाविक अक्रूरता से लड़ते हुवे अदृष्ट पारलौकिक फल मिल सकता है क्यों कि केवल राज्य लोभार्थ, जैसे बने वैसे जीत कर लेने वाले स्वार्थी योद्धा उत्तम

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

गति के अधिकारी नहीं हो सकते) ॥९०॥

न च हन्यात्स्थलारूढं न क्लीबं न कृताञ्जलिम् ।
न मुक्तकेशं नासीनं न तवास्मीति वादिनम् ॥९१॥

न सुप्तं न विसन्नाहं न नग्नं न निरायुधम् ।
नायुध्यमानं पश्यन्तं न परेण समागतम् ॥९२॥

(रथ से उतरे) भूमि पर स्थित को न मारे, न नपुंसक को, न हाथ जोड़े हुवे को, न शिर के बाल खुले हुवे को, न बैठे हुवे को और न 'तुम्हारा हूं' ऐसे कहते को (मारे) ॥९१॥ न सोते को, न कवच उतारे हुवे को, न नङ्गे को न बे हथियार को, न बे, लड़ने वाले को न (तमाशा) देखने वाले को और न दूसरे से समागत करने वाले को (मारे) ॥९२॥

नायुधव्यसनप्राप्तं नार्तं नातिपरिक्षतम् ।
न भीतं न परावृत्तं सतां धर्ममनुस्मरन् ॥९३॥

यस्तु भीतः परावृत्तः संग्रामे हन्यते परैः ।
भर्तुर्यद् दुष्कृतं किञ्चित्तत्सर्वं प्रतिपद्यते ॥९४॥

न टूटे आयुध वाले को, न (पुत्रादि मरने से) आर्त को, न जिस के बहुत घाव हुवे हों उस को न डरपोक को न भागने वाले को, सत्पुरुषों के धर्मका अनुस्मरण करता हुआ (मारे) ॥९३॥ जो योद्धा युद्ध में डर कर पीछे हटा हुवा शत्रुओं से मारा जाता है, वह स्वामी का जो कुछ पाप है उस सब को पाता है ॥९४॥

यच्चास्य सुकृतं किञ्चिदमुत्रार्थमुपार्जितम् ।
भर्ता तत्सर्वमादत्ते परावृत्तहतस्य तु ॥९५॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

रथाश्वं हस्तिनं छत्रं धनं धान्यं पशून् स्त्रियः ।
सर्वद्रव्याणि कुप्यं च यो यज्जयति तस्य तत् ॥९६॥

पीछे हट के मरे का जो कुछ परलोक के लिये उपार्जन किया हुआ सुकृत है वह सम्पूर्ण स्वामी लेलेता है ॥९५॥ रथ घोड़े, हाथी, छत्र, धन धान्य (बैल आदि) पशु स्त्रियों और सब द्रव्यों घृत तैलादि, (इन में से) जो जिस को जीते, वह उसका है ॥९६॥

राज्ञश्च दद्युरुद्धारमित्येषा वैदिकी श्रुतिः ।
राज्ञा च सर्वयोधेभ्यो दातव्यमपृथग्जितम् ॥९७॥

(लूट में से) उत्तम धन और वाहनादि राजा को देवे, यह वेदों से सुना है । साथ मिल कर जीती वस्तु, विभाग पूर्वक राजा सब योद्धों को दे देवे । (९७ वें से आगे एक पुस्तक में यह श्लोक अधिक है :-

[भृत्येभ्यो विभजेदर्थान्नैकः सर्वहरो भवेत् ।
नागमात्रेण तुष्येत छत्रेण च महीपतिः ॥]

(राजा) नौकरोंको धन बांट दे अकेला ही सब न लेले । क्यों कि राजाको तो छत्र और नाम मात्रसे प्रसन्न होना चाहिये) ।९७।

एषोऽनुपस्कृतः प्रोक्तो योधधर्मः सनातनः ।
अस्माद्धर्मान्न च्यवेत क्षत्रियो घ्नन् रणे रिपून् ॥९८॥

यह सनातन अनुपस्कृत = अनिन्दित योद्धाओं का धर्म कहा । रण में शत्रुओं को मारता हुआ क्षत्रिय इस धर्म को न छोड़े ।९८।

अलब्धं चैव लिप्सेत लब्धं रक्षेत्प्रयत्नतः ।
रक्षितं वर्धयेच्चैव वृद्धं पात्रेषु निक्षिपेत् ॥९९॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

एतच्चतुर्विधं विद्यात्पुरुषार्थप्रयोजनम् ।
अस्य नित्यमनुष्ठानं सम्यक्कुर्यादतन्द्रितः ॥१००॥

जो नहीं मिला है, उस के लेने की इच्छा करे, मिले हुवे की प्रयत्न से रक्षा करे और जो रक्षित है, उस को बढावे और बढ़े को अच्छे योग्य पात्रों को देवे ॥९९॥ यह चार प्रकार का पुरुषार्थ प्रयोजन जाने। आलस्य रहित होकर नित्य अच्छे प्रकार इस का अनुष्ठान करे ॥१००॥

अलब्धमिच्छेद्दण्डेन लब्धं रक्षेदवेक्षया ।
रक्षितंवर्धयेद् वृध्या वृद्धं दानेन निक्षिपेत् ॥१०१॥
नित्यमुद्यतदण्डः स्यान्नित्यं विवृतपौरुषः ।
नित्यं संवृतसंवार्यो नित्यं छिद्रानुसार्यरेः ॥१०२॥

जो नहीं प्राप्त है उस को दण्ड से (जीतने की) इच्छा करे और प्राप्त की देखने से रक्षा करे और रक्षित को व्यापार से बढ़ावे और बढ़े को दान से जमा कर देवे ॥१०१॥ सदा दण्ड को उद्यत रक्खे, सदा फैले पुरुषार्थ वाला रहे और सदा अपने सम्पूर्ण अर्थोंको गुप्त रक्खे और शत्रुके छिद्रोंको सदा देखे ।१०२।

नित्यमुद्यतदण्डस्य कृत्स्नमुद्विजते जगत् ।
तस्मात्सर्वाणिभूतानि दण्डेनैव प्रसाधयेत् ॥१०३॥
अमाययैव वर्तेत न कथंचन मायया ।
बुध्येतारिप्रयुक्तां च मायां नित्यं स्वसंवृतः ॥१०४॥

नित्य उद्यत दण्ड वाले राजा से सम्पूर्ण जगत् डरता है, इस लिये दण्ड ही से सम्पूर्ण जीवों को स्वाधीन करे ॥१०३॥ छल

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

से रहित व्यवहार करे, किसी प्रकार छल से न करे और अपनी रक्षा करता हुआ शत्रु के किये छल को जानता रहे ॥१०४॥

नास्य छिद्रं परोविद्याद्विद्याच्छिद्रं परस्य तु ।
गूहेत्कूर्मइवाङ्गानि रक्षेद्विवरमात्मनः ॥१०५॥

(ऐसा यत्न करे कि जिस में) अपने छिद्रों को शत्रु न जाने परन्तु शत्रु के छिद्रों को आप जाने। कछुवे के समान राजा अपने (राज्य सम्बन्धी) अङ्गों को गुप्त रक्खे और अपने छिद्र का संरक्षण करे। (१०५ से आगे १ पुस्तकमें यह श्लोक अधिकहै :-

[न विश्वसेदविश्वस्ते विश्वस्ते नातिविश्वसेत् ।
विश्वासाद्भयमुत्पन्नं मूलादपि निकृन्तति ॥]

अविश्वासी पर विश्वास न करे, विश्वासी पर अति विश्वास न करे क्योंकि विश्वाससे उत्पन्न भय जड़से काट देता है) ॥१०५॥

बकवच्चिन्तयेदर्थान् सिंहवच्च पराक्रमेत् ।
वृकवच्चावलुम्पेत शशवच्च विनिष्पतेत् ॥१०६॥

बगला सा अर्थों (प्रयोजनों) का चिन्तन करे और सिंह सा पराक्रम करे और वृक सा मार डाले और शशसा भाग जावे॥१०६॥

एवं विजयमानस्य येऽस्य स्युः परिपन्थिनः ।
तानानयेद्वशं सर्वान्सामादिभिरुपक्रमैः ॥१०७॥

यदि ते तु न तिष्ठेयुरुपायैः प्रथमैस्त्रिभिः ।
दण्डेनैव प्रसह्यैतांश्छनकैर्वशमानयेत् ॥१०८॥

इस प्रकार विजय करने वाले राजा के जो विरोधी हों, उन को सामादि उपायों से वश में करे ॥१०७॥ यदि प्रथम के तीन (साम

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

दाम भेद) उपायों से न माने तो दण्ड से ही बल करके क्रम से वश मे लावे ॥१०८॥

सामादीनामुपायानां चतुर्णामपि पण्डिताः ।
सामदण्डौ प्रशंसन्ति नित्यं राष्ट्राभिवृद्धये ॥१०९॥

यथोद्धरति निर्दाता कक्षं धान्यं च रक्षति ।
तथा रक्षेन्नृपो राष्ट्रं हन्याच्च परिपन्थिनः ॥११०॥

पण्डित लोग सामादि चार उपायों मे सदा राज्य की वृद्धि के लिये साम और दण्ड की प्रशंसा करते हैं ॥१०९॥ जैसे खेती नलाने वाला धान्यों की रक्षा करता है और तृणको उखेड़ डालता है वैसे ही राजा राष्ट्र की रक्षा और विरुद्ध चलने वालों का नाश करे ॥११०॥

मोहाद्राजा स्वराष्ट्रं यः कर्षयत्यनवेक्षया ।
सोऽचिराद्भ्रश्यते राज्याज्जीविताच्च सबान्धवः ॥१११॥

शरीरकर्षणात्प्राणाः क्षीयन्ते प्राणिनां यथा ।
तथा राज्ञामपि प्राणाः क्षीयन्ते राष्ट्रकर्षणात् ॥११२॥

जो राजा अज्ञान से विना विचारे अपने राज्य को दुःख देता है वह शीघ्र ही राज्य तथा जीवन और बान्धवों से भ्रष्ट हो जाता है ॥१११॥ जैसे शरीर के शोषण से प्राणियों के प्राण क्षीण होते हैं वैसे राजाओं के भी प्राण राष्ट्र को पीड़ा देने से क्षीण होते हैं ॥११२॥

राष्ट्रस्य संग्रहे नित्यं विधानमिदमाचरेत् ।
सुसंगृहीतराष्ट्रो हि पार्थिवः सुखमेधते ॥११३॥
द्वयोस्त्रयाणां पञ्चानां मध्ये गुल्ममधिष्ठितम् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

तथा ग्रामशतानां च कुर्याद्राष्ट्रस्य संग्रहम् ॥११४॥

राज्य के संग्रहार्थ यह उपाय (जो आगे कहते हैं) करे, क्यों कि अच्छे प्रकार सुरक्षित राष्ट्र वाला राजा सुख पूर्वक बढ़ता है ॥११३॥ दो, तीन, पांच, तथा सौ ग्रामों के बीच में संग्रह करने वाले पुरुषों का समूह स्थापन करे अर्थात कलक्टरी इत्यादि राष्ट्र के स्थानों का स्थापन करे॥११४॥

ग्रामस्याधिपतिं कुर्याद्दशग्रामपतिं तथा ।
विंशतीशं शतेशं च सहस्रपतिमेव च ॥११५॥

ग्रामदोषान्समुत्पन्नान् ग्रामिकः शनकैः स्वयम् ।
शंसेद् ग्रामदशेशाय दशेशो विंशतीशिनम् ॥११६॥

विंशतीशस्तु तत्सर्वं शतेशाय निवेदयेत् ।
शंसेद् ग्रामशतेशस्तु सहस्रपतये स्वयम् ॥११७॥

यानि राजप्रदेयानि प्रत्यहं ग्रामवासिभिः ।
अन्नपानेन्धनादीनि ग्रामिकस्तान्यवाप्नुयात् ॥११८॥

एक गांव का अधिपति नियत करे वैसे ही दश गांव का और बीस का और सौ का तथा हजार का ॥११५॥ ग्रामाधीश उत्पन्न हुवे ग्रामों के दोषों को आप धीरे से जान कर (अपने योग्य न समझे) तो दश ग्राम के अधिपति को सूचित करे. इसीप्रकार दश ग्राम वाला बीसग्रामवाले को ॥११६॥ और बीसवाला यह सब सौ वालेको और सौ वाला हजार वालेको स्वयं सूचितकरे ।११७। और अन्न पान इन्धनादि जो ग्रामवासियों को प्रतिदिन देने योग्य हो उन को उस २ ग्राम पर नियत राजपुरुष ग्रहण करे ॥११८॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

दशी कुलंतुभुञ्जीत विंशी पञ्चकुलानि च ।
ग्रामंग्रामशताध्यक्षः सहस्राधिपतिः पुरम् ॥११६॥
तेषां ग्राम्याणि कार्याणि पृथक्कार्याणिचैवहि ।
राज्ञोऽन्यः सचिवः स्निग्धस्तानिपश्येदतन्द्रितः ॥१२०॥

(छः बैल का एक मध्यम हल ऐसे दो हलों से जितनी पृथिवी जोती जाय उस को 'कुल' कहते है, दश ग्राम वाला एक 'कुल' का भोग ग्रहणकरे और बीस गांव वाला पांच कुलका और १०० ग्राम वाला एक मध्यम ग्राम तथा हजार गांव वाला एक मध्यम नगर का भोग ग्रहण करें (अर्थात् यह २ उन २ की जीविका हो) ।११९। उन के ग्रामसम्बन्धी तथा अन्य कामों को एक प्रीति वाला राजा का (प्रतिनिधि) मन्त्री आलस्यरहित होकर देखे ॥१२०॥

नगरे नगरे चैकं कुर्यात्सर्वार्थचिन्तकम् ।
उच्चैः स्थानं घोररूपंनक्षत्राणामिवग्रहम् ॥१२१॥
स ताननुपरिक्रामेत्सर्वानेव सदा स्वयम् ।
तेषां वृत्तं परिणयेत्सम्यग्राष्ट्रेषु तच्चरैः ॥१२२॥

प्रति नगर मे एक एक बड़े कुल का प्रधान, सेना आदि से भय का दे सकने वाला और तारो मे (शुक्रादि) ग्रह सा तेजस्वी कार्य का द्रष्टा नगराधिपति नियत करे ॥१२१॥ वह नगराधिपति सर्वदा आप उन सब ग्रामाधिपतियो के ऊपर दौरा करे और राष्ट्र मे उन के समाचारो को उस विषय में नियुक्त दूतो से जाने ॥१२२॥

राज्ञो हि रक्षाधिकृताः परस्वादायिनः शठाः ।
भृत्याभवन्ति प्रायेणतेभ्योरक्षेदिमाः प्रजाः ॥१२३॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ये कार्यिकेभ्योऽर्थमेव गृह्णीयुः पापचेतसः ।
तेषां सर्वस्वमादाय राजा कुर्यात्प्रवासनम् ॥१२४॥

क्योंकि रक्षा के लिये नियत राजा के नौकर प्रायः दूसरों के द्रव्य के हरण करने वाले और वञ्चक होते हैं। राजा उन से इन प्रजाओं की रक्षा करे ॥१२३॥ जो पापबुद्धि कार्यार्थियों से द्रव्य ही ग्रहण करते हैं उन का राजा सर्वस्व हरण करके देशके बाहर निकाल देवे ॥१२४॥

राजा कर्मसु युक्तानां स्त्रीणां प्रेष्यजनस्य च ।
प्रत्यहं कल्पयेद् वृत्तिं स्थानं कर्मानुरूपतः ॥१२५॥

पणो देयोऽवकृष्टस्य षडुत्कृष्टस्य वेतनम् ।
षाण्मासिकस्तथाच्छादो धान्यद्रोणस्तु मासिकः॥१२६॥

राजा के काम में नियुक्त स्त्रियों और काम करने वाले पुरुषों की उन के कर्म के अनुसार पदवी और वृत्ति सदा नियत किया करे (अर्थात् वेतन से घटी वा वृद्धि आदि करे) ॥१२५॥ निकृष्ट चाकर को वेतन एक पण (जो आगे कहेंगे) देवे और छः महीने में दो कपड़े और एक महीने में द्रोण भर धान्य देवे और उत्कृष्ट= उत्तम काम वाले को छःगुणा देवे (मध्यम को तिगुणा समझना ॥ ५ पुस्तकों में वेतनं=भक्तकम् पाठ है) ॥१२६॥

क्रयविक्रयमध्वानं भक्तं च सपरिव्ययम् ।
योगक्षेमं च संप्रेक्ष्य वणिजो दापयेत्करान् ॥१२७॥

यथा फलेन युज्येत राजा कर्त्ता च कर्मणाम् ।
तथा वेक्ष्य नृपो राष्ट्रे कल्पयेत्सततं करान् ॥१२८॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

बेचना खरीदना और रास्ते के खर्च, रक्षादि के खर्च और उन के निर्वाह को देखकर बनियों से कर दिवावे ॥१२७॥ कामों के करने वाले और राजा दोनों को फल अच्छा रहे, ऐसा विचारकर सदा राज्य में कर (टैक्स) लगावे ॥१२८॥

यथाल्पाल्पमदन्त्याद्यं वार्यौकोवत्सषट्पदाः ।
तथाल्पाल्पो ग्रहीतव्यो राष्ट्राद्राज्ञाब्दिकः करः ॥१२९॥
पंचाशद्भाग आदेयो राज्ञा पशुहिरण्ययोः ।
धान्यानामष्टमो भागः षष्ठो द्वादश एव वा ॥१३०॥

जैसे जोक, बछड़ा और भौंरा धीरे २ अपनी खूराक को खींचते हैं वैसे राजा भी थोड़ा २ करके राष्ट्र से वार्षिक कर ग्रहण करे (अर्थात् थोड़ा कर लेवे उजाड़ न दे) ॥१२९॥ पशु और सुवर्ण के लाभ का पचासवां भाग और धान्य का आठवां वा छटा वा बारहवां भाग (पैदावारके श्रम को देखकर) राजा ग्रहणकरे ।१३०।

आददीताथ षड्भागं द्रुमांसमधुसर्पिषाम् ।
गन्धौषधिरसानां च पुष्पमूलफलस्य च ॥१३१॥
पत्रशाकतृणानां च चर्मणां वैदलस्य च ।
मृण्मयानां च भाण्डानां सर्वस्याश्ममयस्य च ॥१३२॥

वृक्ष, मांस, मधु घृत गन्ध औषधि रस पुष्प, मूल, फल और ॥१३१॥ पत्र शाक, तृण, चर्म और मिट्टी वा पत्थर की चीजों की आमदनी का छटा भाग ले (दो पुस्तकों में द्रुमांस-द्रुमाणां पाठ है) ॥१३२॥

म्रियमाणोऽप्याददीत न राजा श्रोत्रियात्करम् ।
न च क्षुधाऽस्य संसीदेच्छ्रोत्रियो विषयेवसन् ॥१३३॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

यस्य राज्ञस्तु विषये श्रोत्रियः सीदति क्षुधा ।
तस्यापि तत्क्षुधा राष्ट्रमचिरेणैव सीदति ॥१३४॥

. मरता हुआ भी राजा श्रोत्रिय से ग्रहण न करे और इसके राज्य में रहता हुआ श्रोत्रिय क्षुधा से पीडित न हो ॥१३३॥ जिस राजा के राज्य में श्रोत्रिय (वेदपाठी) क्षुधा से पीडित होता है उस की क्षुधा से उस राजा का राज्य भी थोड़े ही दिनों में बैठ जाता है ॥१३४॥

श्रुतवृत्ते विदित्वास्य वृत्तिं धर्म्यां प्रकल्पयेत् ।
संरक्षेत्सर्वतश्चैनं पिता पुत्रमिवौरसम् ॥१३५॥

संरक्ष्यमाणो राज्ञाऽयं कुरुते धर्ममन्वहम् ।
तेनायुर्वर्धते राज्ञो द्रविणं राष्ट्रमेव च ॥१३६॥

राजा इनका वेदाध्ययन पूर्वक कर्मानुष्ठान जान कर धर्मयुक्त जीविका नियत कर देवे और सब प्रकार इसकी रक्षा करे। जैसे पिता औरस पुत्र की (रक्षा करता है) ॥१३५॥ क्योंकि राजा से रक्षा किया हुआ यह (श्रोत्रिय) नित्य धर्म करता है उस पुण्य से राजा की आयु, धन और राज्य बढता है ॥१३६॥

यत्किंचिदपि वर्षस्य दापयेत्करसंज्ञितम् ।
व्यवहारेण जीवन्तं राजा राष्ट्रे पृथग्जनम् ॥१३७॥

कारुकाञ्छिल्पिनश्चैव शूद्रांश्चात्मोपजीविनः ।
एकैकं कारयेत्कर्म मासि मासि महीपतिः ॥१३८॥

राजा अपने राज्य में व्यापार वाले से भी कुछ वार्षिक थोडा सा कर दिलावे ॥१३७॥ लोहार बढ़ई आदि और दासों से राजा

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

महीने मे एक २ काम (राजकर के बदले) करावे ॥१३८॥

नोच्छिन्द्यादात्मनो मूलं परेषां चातितृष्णया ।
उच्छिन्दन्ह्यात्मनोमूलमात्मानं तांश्च पीडयेत् ॥१३९॥

तीक्ष्णश्चैव मृदुश्चस्यात्कार्यं वीक्ष्य महीपतिः ।
तीक्ष्णश्चैव मृदुश्चैव राजा भवति संमतः ॥१४०॥

(प्रजा के स्नेह से अपना कर न लेना) अपना मूलच्छेद और लालच से (बहुत कर ग्रहण करना) औरों का मूलच्छेद (है)। ये दोनो काम राजा न करे, अपना मूलच्छेद करता हुआ (कोप के क्षीण होनेमें) आप क्लेश को प्राप्त होगा और (अधिक कर ग्रहण करने से) प्रजा क्लेश को प्राप्त होगी ॥१३९॥ राजा काम को देख कर न्यायानुसार तीक्ष्ण और नम्र हो जाया करे, क्योंकि इस प्रकार का राजा सब के सम्मत होता है ॥१४०॥

अमात्यमुख्यं धर्मज्ञं प्राज्ञं दान्तं कुलोद्गतम् ।
स्थापयेदासने तस्मिन् खिन्नः कार्येक्षणे नृणाम् ॥१४१॥

एवं सर्वं विधायेदमिति कर्त्तव्यमात्मनः ।
युक्तश्चैवाऽप्रमत्तश्च परिरक्षेदिमाः प्रजाः ॥१४२॥

आप मनुष्यो के कामोंके देखने मे खिन्न (रोगादिवश मुकदमो को न देख सकता) हो तो मुख्य मन्त्री जो धर्म का जानने वाला बुद्धिमान्, जितेन्द्रिय और कुलीन हो, उस को उस जगह मनुष्यो के काम देखने पर योजना करे ॥१४१॥ अपने सम्पूर्ण कर्त्तव्य को इस प्रकार पूरा करके प्रमादरहित और युक्त राजा इन प्रजाओं की सब से रक्षा करे ॥१४२॥

विक्रोशन्त्यो यस्य राष्ट्राद्ध्रियन्ते दस्युभिः प्रजाः ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

संपश्यतः सभृत्यस्य मृतः स न तु जीवति ॥१४३॥

क्षत्रियस्य परोधर्मः प्रजानामेव पालनम् ।
निर्दिष्टफलभोक्ता हि राजा धर्मेण युज्यते ॥१४४॥

भृत्यों के सहित जिस राजा के देखते हुये चिल्लाती हुई प्रजा चोरों से लूटी जाती है, वह राजा जीता नहीं, किन्तु मरा है ॥१४३॥ प्रजा का पालन ही क्षत्रिय का परम धर्म है। इस लिये अपने धर्म ही से राजा को फल भोग करना ठीक है ॥१४४॥

उत्थाय पश्चिमे यामे कृतशौचः समाहितः ।
हुताग्निर्ब्राह्मणांश्चार्च्य प्रविशेत्स शुभां सभाम् ॥१४५॥

तत्रस्थितः प्रजाः सर्वाः प्रतिनन्द्य विसर्जयेत् ।
विसृज्य च प्रजाः सर्वा मन्त्रयेत्सहमन्त्रिभिः ॥१४६॥

(राजा) पहरभर के तड़के उठकर शौच (मुखमार्जन स्नानादि) कर, एकाग्रचित्त हो अग्निहोत्र और ब्राह्मण का पूजन करके सुन्दर सभा मे प्रवेश करे ॥१४५॥ उस सभा में स्थित संपूर्ण प्रजा को निवटेरे से प्रसन्न करके विसर्जन करे, अनन्तर मन्त्रियों से (राजसम्बन्धी सन्धि विग्रहादि) मन्त्र (मलाह) करे ॥१४६॥

गिरिपृष्ठं समारुह्य प्रासादं वा रहोगतः ।
अरण्ये निःशलाके वा मन्त्रयेदविभावितः ॥१४७॥

यस्य मन्त्रं न जानन्ति समागम्य पृथग्जनाः ।
स कृत्स्नां पृथिवीं भुङ्क्ते कोशहीनोऽपिपार्थिवः ॥१४८॥

पर्वत पर चढ़कर वा एकान्त घर मे वा वृक्ष रहित वन में व एकान्त में जहां भेद लेनेवाले न पहुँच सकें मन्त्र करे ॥१४७॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

जिस के मन्त्र को मिलकर अन्य मनुष्य नहीं जान पाते वह कोश-हीन राजा भी सम्पूर्ण पृथ्वी को भोगता है ॥१४८॥

जडमूकान्धबधिरा स्तिर्यग्योनान्वयोतिगान् ।
स्त्रीम्लेच्छव्याधितव्यङ्गान्मन्त्रकालेऽपसारयेत् ॥१५०॥
भिन्दन्त्यवमता मन्त्रं तिर्यग्योनास्तथैव च ।
स्त्रियश्चैव विशेषेण तस्मात्तत्रादृतो भवेत् ॥१४८॥

जड़, मूक, अन्ध, बधिर, पक्षी आदि वृद्ध, स्त्री म्लेच्छ, रोगी और विकृत अङ्ग वाले को मन्त्र के समय मे (वहां से) हटा देवे ॥१४९॥ पूर्वोक्त जड़ादि अपमान को प्राप्त हुये मन्त्रभेद कर देते हैं ऐसे ही शुक सारिकादि पक्षी और विशेष करके स्त्री मन्त्रभेदक हैं इसलिये उनको (अपमान न करे) आदर पूर्वक हटा दे ॥१५०॥

मध्यंदिनेर्धरात्रे वा विश्रान्तो विगतक्लमः ।
चिन्तयेद्धर्मकामार्थान् सार्धं तैरेक एव वा ॥१५१॥
परस्परविरुद्धानां तेषां च समुपार्जनम् ।
कन्यानां सम्प्रदानं च कुमाराणां च रक्षणम् ॥१५२॥

दोपहर दिन में वा अर्धरात्रि मे चित्त के खेद और शरीर के क्लेश से रहित हुवा मन्त्रियों के साथ वा अकेला धर्म अर्थ काम का चिन्तन करे ॥१५१॥ यदि धर्म अर्थ काम परस्पर विरुद्ध हों तो इन के विरोध दोष के परिहार द्वारा उपार्जन और कन्याओ के दान और पुत्रो के रक्षण शिक्षणादि (का चिन्तन करे) ॥१५२॥

दूतसंप्रेषणं चैव कार्यशेषं तथैव च ।
अन्तःपुरप्रचारं च प्रणिधीनां च चेष्टितम् ॥१५३॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

कृत्स्नं चाष्टविधं कर्म पञ्चवर्गं च तत्त्वतः ।
अनुरागापरागौ च प्रचारं मण्डलस्य च ॥१५४॥

परराज्य में दूत भेजने और शेष कामों तथा अन्तः पुर अर्थात् महल में जो प्रचार हो रहा है उसका और प्रतिनिधियों के काम का (विचार करे)॥१५३॥ सम्पूर्ण अष्टविधकर्म और पञ्चवर्ग का तत्व से विचार करे और अमात्यादि के अनुराग विराग को जाने और मण्डल के प्रचार (कौन लड़ना चाहता है और कौन सुलह करना चाहता है) को विचारे। (यहां ८ वा ५ प्रकार के कामों की गिनती नहीं लिखी है इसलिये हम मेधातिथि के भाष्य से उद्धृत करके उशन. स्मृति के श्लोकों को सार्थ लिखना उचित समझते हैं -

[आदाने च विसर्गे च तथा प्रैषनिषेधयोः ।
पञ्चमे चार्थवचने व्यवहारस्य चेक्षणे ॥
दण्डशुद्ध्योस्तथा युक्तस्तेनाष्टगतिको नृपः ॥]

भेंट वा कर लेना, वेतन वा पारितोषिकादि देना, दुष्टों को त्यागना-पृथक् करना, अधिकारियों के मतभेद का स्वीकार न करना (वा विधि और निषेध) बुरी वृत्तियों को नहीं करना (अपील में रद्द करना) व्यवहार पर दृष्टि अपराधियों को दण्ड और पराजितों की भूल के प्रायश्चित करना, ये आठ हैं॥ और दूसरे प्रकार से भी मेधातिथि ने गणना की है। यथा-व्यापार, पुल बांधना किले बनवाना उनकी स्वच्छता का ध्यान हाथी पकड़ना खानि खोदना, जङ्गलों को बसाना और वन कटवाना ॥८॥ अन्य भी कई प्रकार से भाष्यकारों ने गणना की है॥ अब पांच की गणना सुनिये-कोई तो मानते हैं कि १ कर्मारम्भोपाय २ पुरुष संपत्ति ३ हानि का प्रतिकार ४ देश कालका विभाग ५ कार्यसिद्धि।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

और कोई कहते हैं कि १ कापटिक २ उदासीन ३ वैदेह ४ गृहपति ५ तापस, ये ५ प्रकार के बनावटी साधु वेष बनाये अन्य राजों की ओर से अन्य राजों का भेद जानने को फिरा करते हैं, उनके लिये वैसे ही अपने यहां रक्खे ॥ इसी भाव के २ श्लोक नन्दन की टीका में मिलते हैं:-

[वने वनेचराः कार्याः श्रमणाटविकादयः ।
परप्रवृत्तिज्ञानार्थं शीघ्राचारपरंपराः ॥१
परस्य चैते बोद्धव्यास्तादृशैरेव तादृशाः ।
चारसंचारिणः संस्था. शठाश्चारूढसञ्ज्ञिताः ॥२]
मध्यमस्य प्रचारं च विजिगीषोश्च चेष्टितम् ।
उदासीनप्रचारं च शत्रोश्चैव प्रयत्नतः ॥१५५॥

एताः प्रकृतयो मूलं मण्डलस्य समासतः ।
अष्टौ चान्याः समाख्याता द्वादशैव तु ताः स्मृताः ॥१५६

१ मध्यम २ जीतने की इच्छा करने वाले ३ उदासीन और ४ शत्रु के प्रचार को प्रयत्न से (राजा विचारे) ॥१५५॥ ये चार प्रकृतियां संक्षेप से मण्डल की मूल हैं और आठ अन्य कही गई हैं (इन ४ के मित्र ४ और ४ के शत्रु ४=८) ये सब बारह हैं ।१५६।

अमात्यराष्ट्रदुर्गार्थदण्डाख्याः पंच चापराः ।
प्रत्येकं कथिता ह्येताः संक्षेपेण द्विसप्ततिः ॥१५७।
अनन्तरमरिं विद्यादरिसेविनमेव च ।
अरेरनन्तरं मित्रमुदासीनं तयोः परम् ॥१५८॥

अमात्य, देश, दुर्ग, कोश और दण्ड, ये पांच और भी

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

(प्रकृति) हैं। (पूर्वोक्त मूल प्रकृति चार और शाखा प्रकृति आठ, एवं बारह की पाच २ प्रत्येक की प्रकृति है (ये मिलकर साठ होती हैं और ये मूल बारह मिला कर) संक्षेप से बहत्तर होती हैं ॥१५७॥ शत्रु और शत्रु के संबियों को समीप ही जाने। उसके अनन्तर मित्र को जाने। पश्चात् उदासीन को अर्थात् इन पर उत्तरोत्तर दृष्टि रक्खे ॥१५८॥

> तान्सर्वानभिसंदध्यात्सामादिभिरुपक्रमैः
> व्यस्तैश्चैव समस्तैश्च पौरुषेण नयेन च ॥१५९॥
> सन्धिं च विग्रहं चैव यानमासनमेव च।
> द्वैधीभावं संश्रयं च षड्गुणांश्चिन्तयेत्सदा ॥१६०॥

उन सब को सामादि उपायों से वश मे करे। एक २ उपाय से या सब से और पुरुषार्थ तथा नीति से (वश में करे) ॥१५९॥ १ मेल २ लड़ाई ३ शत्रु पर चढ जाना ४ उसकी राह देखना ५ अपने दो भाग कर लेना और ६ दूसरे का आश्रय कर लेना इन छः गुणों को सर्वदा विचारे ॥१६०॥

> आसनं चैव यानं च सन्धिं विग्रहमेव च।
> कार्यं वीक्ष्य प्रयुञ्जीत द्वैधं संश्रयमेव च ॥१६१॥
> सन्धिं तु द्विविधं विद्याद्राजा विग्रहमेव च।
> उभे यानासने चैव द्विविधः संश्रयः स्मृतः ॥१६२॥

आसन यान, सन्धि, विग्रह, द्वैध और आश्रय इन गुणों को अवसर देखकर जब जैसा उचित हो तब वैसा करे ॥१६१॥ सन्धि दो प्रकार की जाने और विग्रह भी दो प्रकार का। यान, आसन और संश्रय भी दो दो प्रकार के हैं ॥१६२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

समानयानकर्मा च विपरीतस्तथैव च ।
तदा त्वायतिसंयुक्तः सन्धिर्ज्ञेयो द्विलक्षणः ॥१६३॥
स्वयंकृतश्च कार्यार्थमकाले काले एव वा ।
मित्रस्य चैवापकृते द्विविधो विग्रहः स्मृतः ॥१६४॥

(तत्काल वा आगामी समय के फल लाभ के लिये जहां दूसरे राजा के साथ किसी और राजा पर चढ़ाई की जाती है उसको) "समानयानकर्मा" सन्धि और ("हम इस पर चढ़ाई करेंगे तुम उस पर करो" इस प्रकार मेल करके दो भिन्न २ राज्यो पर चढ़ाई करने के लिये जो मेल किया जाता है उसको) 'असमानयानकर्मा' कहते हैं। इन दो को दो प्रकार की सन्धि जाने ॥१६३॥ शत्रु के जयरूप कार्य के लिये (शत्रु के व्यसनादि जानकर उचित मार्ग शीर्षादि) काल वा बिना काल मे स्वयं युद्ध करना एक विग्रह और अपने मित्रके अपकार होनमे (उसकी रक्षाको) जो युद्धहै सो दूसरा है, (ऐसे) दो प्रकारका विग्रह कहा है ॥१६४॥

एकाकिनश्चात्ययिके कार्ये प्राप्ते यदृच्छया ।
संहतस्य च मित्रेण द्विविधं यानमुच्यते ॥१६५॥
क्षीणस्य चैव क्रमशो दैवात् पूर्वकृतेन वा ।
मित्रस्य चानुरोधेन द्विविधं स्मृतमासनम् ॥१६६॥

दैवयोग से अत्यावश्यक कार्य मे अकेला शत्रुपर चढ़ाई करना या मित्र के साथ होकर शत्रु पर चढ़ाई करना यह दो प्रकार का 'यान" (धावा) है ॥१६५॥ पूर्व जन्म के दुष्कृत से वा यहीं की बुराई से क्षीण राजा का चुप चाप बैठा रहना १ आसन है और मित्र के अनुरोध से चुपचाप बैठे रखना २ दूसरा ये दो प्रकार के आसन कहे हैं ॥१६६॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

बलस्य स्वामिनश्चैव स्थितिः कार्यार्थसिद्धये ।
द्विविधं कीर्त्यते द्वैधं षाड्गुण्यगुणवेदिभिः ॥१६७॥
अर्थसंपादनार्थं च पीड्यमानस्य शत्रुभिः ।
साधुषु व्यपदेशार्थं द्विविधः संश्रयः स्मृतः ॥१६८॥

अर्थ सिद्धि के लिये कुछ सेना को एक स्थान पर स्थापित कर के शेष सेना के साथ राजा दुर्ग मे रहे। यह दो प्रकार का द्वैध षड्गुणज्ञ लोग कहते है ॥१६७॥ शत्रुओंसे पीड़ित राजाको प्रयोजन की सिद्धि के लिये किसी की शरण लेना और सज्जनो के साथ व्यपदेश के लिये शरण लेना (अर्थात् विना शत्रु पीड़ा भी किसी बड़े राजा के आश्रय रहना, जिससे अन्य राजों को उस बड़े के आश्रय का भय रहे) ऐसे दो प्रकार का संश्रय कहा है ॥१६८।

यदावगच्छेदायत्यामाधिक्यं ध्रुवमात्मनः ।
तदात्वेचाल्पिकां पीडां तदा सन्धिं समाश्रयेत् ॥१६९॥
यदा प्रकृष्टा मन्येत सर्वास्तु प्रकृतीर्भृशम् ।
अत्युच्छ्रितं तथात्मानं तदा कुर्वीत विग्रहम् ॥१७०॥

जब भविष्यत्काल मे निश्चय अपना आधिक्य जाने और वर्त्तमान समय में अल्प पीड़ा देख पड़, उस समय में सन्धि का आश्रय करे ॥१६९॥ जब (अमात्यादि) सब प्रकृति अत्यन्त बढ़ी हुई (उन्नत) जाने और अपने को अत्यन्त बलिष्ठ देखे तब विग्रह करे ॥१७०॥

यदा मन्येत भावेन हृष्टं पुष्टं बलं स्वकम् ।
परस्य विपरीतं च तदा यायाद्रिपुं प्रति ॥१७१॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

यदा तु स्यात्परिक्षीणो वाहनेन बलेन च ।
तदासीत प्रयत्नेन शनकैः सान्त्वयन्नरीन् ॥१७२॥

जब अपनी सेना हर्षयुक्त और (द्रव्यादि से)पुष्ट प्रतीतहो और शत्रु की निर्बल हो तब शत्रु के सामने जावे ॥१७१॥ परन्तु जब वाहन और बल से आप क्षीण हो तब धीरे २ शत्रुओं को प्रयत्न से शान्त करता हुवा आसन पर ठहरा रहे ॥१७२॥

मन्येतारिं यदा राजा सर्वथा बलवत्तरम् ।
तदा द्विधा बलं कृत्वा साधयेत्कार्यमात्मनः ॥१७३॥

यदा परबलानां तु गमनीयतमो भवेत् ।
तदा तु संश्रयेत्क्षिप्रं धार्मिकं बलिनं नृपम् ॥१७४॥

जब लड़ाई मे राजा शत्रुओं को सर्वथा अति बलवान् समझे तब कुछ सेना के साथ आप किले का आश्रय करे और कुछ सेना लड़ने को मोरचों पर रक्खे, इन दोनों प्रकार से अपना कार्य साधे ॥१७३॥ जब शत्रु सेना की बहुत चढाई हो (और आप क़िले के आश्रय से भी न बच सके) तब शीघ्र किसी धार्मिक बलवान् राजा का आश्रय (पनाह) लेवे ॥१७४॥

निग्रहं प्रकृतीनां च कुर्याद्योऽरिबलस्य च ।
उपसेवेत तं नित्यं सर्वयत्नैर्गुरुं यथा ॥१७५॥

यदि तत्रापि संपश्येद्दोषं संश्रयकारितम् ।
सुयुद्धमेव तत्रापि निर्विशङ्कः समाचरेत् ॥१७६॥

जो मित्र, प्रकृतियों का और अपने शत्रुओं के बल का निग्रह करे, उसका सदा सम्पूर्ण यत्नों से गुरुवत् सेवन करे ॥१७५॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

परन्तु यदि आश्रय किये जाने से भी दोष दखे (अर्थात् उसमें भी कुछ धोका समझे) तब उसके साथ भी निःशङ्क होकर युद्ध करे ॥१७६॥

सर्वोपायैस्तथा कुर्यान्नीतिज्ञः पृथिवीपतिः ।
यथास्याभ्यधिका नस्युर्मित्रोदासीनशत्रवः ॥१७७॥
आयतिं सर्वकार्याणां तदात्वं च विचारयेत् ।
अतीतानां च सर्वेषां गुणदोषौ च तत्त्वतः ॥१७८॥

नीति का जानने वाला राजा सामादि सब उपायों से ऐसा करे कि जिस में उसके मित्र उदासीन और शत्रु बहुत न होवें ॥१७७॥ सम्पूर्ण भावी गुण दोष और वर्त्तमान समय के कर्त्तव्य और सब व्यतीत हुवा को भी विचारे कि ठीक २ किस २ में क्या २ गुण दोष निकले ॥१७८॥

आयत्यां गुणदोषज्ञस्तदात्वे क्षिप्रनिश्चयः ।
अतीते कार्यं शेषज्ञः शत्रुभिर्नाभिभूयते ॥१७९॥
यथैनं नाभिसंदध्युर्मित्रोदासीन शत्रवः ।
तथा सर्वं संविदध्यादेष सामासिको नयः ॥१८०॥

जो होने वाले काम के गुण दोष को जानने वाला (अच्छे का प्रारम्भ करता है और बुरे को छोड़ देता है) और उस समय के गुण दोषों को शीघ्र निश्चय करके काम करता है और हुवे कार्यों के शेष कर्त्तव्य का जानने वाला है, वह शत्रु से नहीं दबता ॥१७९॥ जिस में मित्र उदासीन और शत्रु अपने को दबाने न पावें वैसे सब विधान करे। यह संक्षेप से नीति है ॥१८०॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

यदा तु यानमातिष्ठेदरिराष्ट्रं प्रति प्रभुः ।
तदाऽनेन विधानेन यायादरिपुरं शनैः ॥१८१॥
मार्गशीर्षे शुभे मासि यायाद्यात्रां महीपतिः ।
फाल्गुनं वाऽथचैत्रं वामासौ प्रति यथाबलम् ॥१८२॥

जब राजा शत्रु के राज्य मे जाने को यात्रा (चढाई) करे तब इस विधि से धीरे २ शत्रु के राज्य में गमन करे (कि) ॥१८१॥ जैसी अपनी सेना वा अन्य बल हो, तदनुसार शुभ मार्गशीर्ष अथवा फाल्गुन वा चैत्रके महीने में राजा यात्रा करे ॥१८२॥

अन्येष्वपि तु कालेषु यदा पश्येद् ध्रुवं जयम् ।
तदा यायाद्विगृह्यैव व्यसने चोत्थिते रिपोः ॥१८३॥
कृत्वा विधानं मूले तु यात्रिकं च यथाविधि ।
उपगृह्यास्पदं चैव चारान्सम्यग्विधाय च ॥१८४॥

और दूसरे कालों मे भी जब निश्चय जय समझे तब यात्रा करे चाहे तो अपनी ओर से ही युद्ध ठान कर अथवा जब शत्रु की ओर से उपद्रव उठे ॥१८३॥ अपने राज्य और दुर्ग की रक्षा करके और यात्रा सम्बन्धी ठीक २ विधान करके डेरा तम्बू आदि लेकर और दूतों को भले प्रकार नियत कर (यात्रा करे) ॥१८४॥

संशोध्य त्रिविधं मार्गं षड्विधं च बलं स्वकम् ।
सांपरायिक कल्पेन यायादरिपुरं शनैः ॥१८५॥
शत्रुसेविनि मित्रे च गूढे युक्ततरो भवेत् ।
गतप्रत्यागते चैव स हि कष्टतरो रिपुः ॥१८६॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

(जल स्थल, आकाश, वा ऊंचे, नीचे सम) तीन प्रकार के मार्गों का शोधन करके और छः प्रकार का अपना बल लेकर संग्राम कल्प की विधि से धीरे २ शत्रु के नगर की यात्रा करे। (६ प्रकार का बल यह है-१ मार्ग रोकने वाले वृक्षादि कटवाना, २ गढ़ों को बराबर करना, ३ नदी वा झीलों के पुल बांधना वा नौकादि रखना ४ मार्ग रोकने वालों को नष्ट करना, ५ जिन से शत्रु को सहारा मिलना सम्भव हो उन्हें अपना बनाना, ६ रसद और सैनादि तैयार रखना अथवा १ हस्त्यारोही २ अश्वारोही ३ रथारोही ४ पैदल सेना, ५ कोश और ६ नौकर चाकर) ॥१८५॥ जो मित्र छिपकर शत्रु से मिला हुवा हो और जो पहिले छुड़ाया फिर आया हुवा (नौकर) हो, इन से सचेत रहे क्योंकि ये (दोनो शत्रुता करें तो) बड़ा दुःख दे सकते हैं॥१८६॥

दण्डव्यूहेन तन्मार्गं यायात्तु शकटेन वा।
वराहमकराभ्यां वा सूच्या वा गरुडेन वा॥१८७॥
यतश्च भयमाशङ्केत्ततो विस्तारयेद् बलम्।
पद्मेन चैव व्यूहेन निविशेत सदा स्वयम्॥१८८॥

(दण्ड के आकर व्यूह की रचना दण्ड व्यूह कहलाती है। ऐसे ही शकटादि व्यूह भी जानिये। उसमें आगे सेना के अफसर बीच में राजा, पीछे सेनापति दोनो बगल हाथी उनके पास घोड़े और उनके आस पास पैदल। इस प्रकार लम्बी रचना दण्डव्यूह कहाती है। ऐसे) दण्डव्यूह से मार्ग चले अथवा शकट वराह मकर, सूची और गरुड़ के तुल्य आकृति वाले व्यूह से (जहां जैसा उचित समझे वहां वैसे यात्रा करे) ॥१८७॥ जिस ओर डर समझे उस ओर सेना बढ़ावे। सर्वदा आप (कमलाकार) पद्मव्यूह में रहे ॥१८८॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सेनापतिबलाध्यक्षौ सर्वदिक्षु निवेशयेत् ।
यतश्च भयमाशङ्केत् प्राचीं तां कल्पयेद्दिशम् ॥१८९॥
गुल्मांश्च स्थापयेदाप्तान् कृत संज्ञान्समन्ततः ।
स्थाने युद्धे च कुशलानभीरूनविकारिणः ॥१९०॥

सेनापति और सेनानायकों को सब दिशाओं मे नियुक्त करे और जिस दिशा मे भय समझे उसे पहली (पूर्व) दिशा कल्पना करे ॥१८९॥ सेना के स्तम्भ के समान दृढ आप्त पुरुषों को भिन्न भिन्न संज्ञा धर कर सब ओर स्थापित करे जो स्थान और युद्ध में प्रवीण तथा निर्भय हों और विगड़ने वाले न हों ॥१९०॥

संहतान्योधयेदल्पान्कामं विस्तारयेद् बहून् ।
सूच्या वज्रेण चैवैतान्व्यूहेन व्यूह्य योधयेत् ॥१९१॥
स्यन्दनाश्वैः समे युध्येदनूपे नौद्विपैस्तथा ।
वृक्षगुल्मावृते चापैरसिचर्मायुधैः स्थले ॥१९२॥

अल्प योद्धा हों तो उनको इकट्ठा करके युद्ध करावे और बहुतो को चाहे फैलाकर लड़ाये। पूर्वोक्त सूच्याकार वा वज्राकार व्यूह से रचना करके इनसे युद्ध करावे ॥१९१॥ बराबर की पृथिवी पर रथो और अश्वों से युद्ध करे पानी की जगह हाथी और नावों से वृक्ष लताओ से घिरी पृथिवी पर धनुओं और कण्टकादि रहित स्थल में खड्गचर्मादि आयुधो से (लड़े) ॥१९२॥

कुरुक्षेत्रांश्च मत्स्यांश्च पञ्चालान्शूरसेनजान् ।
दीर्घांल्लघूंश्चैव नरानग्रानीकेषु योजयेत् ॥१९३॥
प्रहर्षयेद् बलं व्यूह्य तांश्च सम्यक् परीक्षयेत् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

चेष्टाश्चैव विजानीयादरीन्योधयतामपि ॥१६४॥

कुरुक्षेत्र निवासी और मत्स्यदेश के निवासी तथा पाञ्चाल और शूरसेन देश निवासी नाटे और ऊंचे मनुष्यों को सेना के आगे करे (क्योंकि ये रणकर्कश वीर होते हैं) ॥१९३॥ व्यूह की रचना करके उनको उत्साहित करे और उनकीपरीक्षा करे। शत्रुओं से लड़ते हुवे भी उनकी चेष्टाओंको जाने (कि कैसे लड़ते हैं)।१९४।

उपरुध्यारिमासीत राष्ट्रं चास्योपपीडयेत् ।
दूषयेच्चास्य सततं यवसान्नोदकेन्धनम् ॥१६५॥
भिन्द्याच्चैव तडागानि प्राकारपरिखास्तथा ।
समवस्कन्दयेच्चैनं रात्रौ वित्रासयेत्तथा ॥१६६॥

शत्रुओं को घेर कर देश को उच्छिन्न करे और निरन्तर घास अन्न जल और इन्धन को नष्ट करे ॥१९५॥ तालाब और शहरपनाह और घेरे भी तोड़ डाले और शत्रु को निर्बल करे और रात्रि में कष्ट देवे ॥१९६॥

उपजप्यानुपजपेद् बुध्येतैव च तत्कृतम् ।
युक्ते च दैवे युध्येत जयप्रेप्सुरपेतभीः ॥१६७॥
साम्ना दानेन भेदेन समस्तैरथवा पृथक् ।
विजेतुं प्रयतेतारीन्न युद्धेन कदाचन ॥१६८।

शत्रु के मन्त्री आदि को तोड़ कर भेद लेवे। और उसके इसी काम का भेद जाने। यदि दैव सहायक हो तो निडर होकर जय की इच्छा करने वाला ऐसा युद्ध करे ॥१९७॥ (होसके तो) साम, दाम, भेद इन में से एक २ से वा तीनों से शत्रु को जय करने का प्रयत्न करे, (परन्तु) युद्ध से कभी नहीं ॥१९८॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अनित्योविजयो यस्माद्दृश्यते युध्यमानयोः ।
पराजयश्च संग्रामे तस्माद्युद्धं विवर्जयेत् ॥१९९॥
त्रयाणामप्युपायानां पूर्वोक्तानामसम्भवे ।
तथा युध्येत सम्पन्नो विजयेत रिपून्यथा ॥२००॥

(संग्राम मे) लड़ने वालों के जय पराजय अनित्य देखे जाते है। इस लिये (अन्य उपायों के होते) युद्ध न करे ॥१९९॥ पूर्वोक्त तीनो उपायों से जय सम्भव न हो तो सम्पन्न (हस्ती अश्व आदिसे युक्त) जिस प्रकार शत्रुओंको जीते, उसप्रकार लडे ।२००।

जित्वा सम्पूजयेद्देवान्ब्राह्मणांश्चैव धार्मिकान् ।
प्रदद्यात्परिहारांश्च स्थापयेदभयानि च ॥२०१॥
सर्वेषां तु विदित्वैषां समासेन चिकीर्षितम् ।
स्थापयेत्तत्र तद्वंश्यं कुर्याच्च समयक्रियाम् ॥२०२॥

परराज्य को जीत कर वहां देवता और धार्मिक ब्राह्मणों का पूजन करे और उस देश वालो को परिहार (लड़ाई के समय जिन दीन पुरुषों की हानि हुई हो, उन के निर्वाहार्थ) देवे और अभय की प्रसिद्धि करे ॥२०१॥ (शत्रु राजा और) उन सब के (मन्त्र्यादि के) अभिप्राय को संक्षेप से जान कर उस (शत्रु) राजा के वंश मे हुवे पुत्रादि को उस गद्दी पर बैठावे और "यह करो यह न करो" तथा उस के अन्य विषयों के नियम (अहद) स्वीकार करावे ॥२०२॥

प्रमाणानि च कुर्वीत तेषां धर्मान्यथोदितान् ।
रत्नैश्च पूजयेदेनं प्रधानपुरुषैः सह ॥२०३॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

आदानमप्रियकरं दानं च प्रियकारकम् ।
अभीप्सितानामर्थानां काले युक्तं प्रशस्यते ॥२०४॥

उनके यथोक्ति धर्मों (रिवाजों) को प्रमाण करे और रत्नों मे प्रधान पुरुषों के साथ उस का पूजन करे (अर्थात् नये वजीरों के उस गद्दी पर बैठाये राजा को खिलत देवे) ॥२०३॥ यद्यपि अभिलषित पदार्थों का लेना अप्रिय और देना (सब को) प्रिय है। तथापि समय विशेष में लेना और देना दोनों अच्छे है ।२०४।

सर्वं कर्मेदमायत्तं विधाने दैवमानुषे ।
तयोर्दैवमचिन्त्यं तु मानुषे विद्यते क्रिया ॥२०५॥

यह सम्पूर्ण कर्म दैव तथा मनुष्य के आधीन है। परन्तु उन दोनों में दैव अचिन्त्य है (उस की चिन्ता व्यर्थ है) इस लिये मनुष्य के आधीन अंश मे कार्य किया जाता है ॥२०५॥

(२०५से आगे छठे भाष्य मे प्राचीन भाष्यकार मेधातिथिका भाष्य इन ३ श्लोको पर अधिक है जो कि अब अन्य भाष्यो वा मूल पुस्तकों में नहीं पाये जाते। प्रतीत होता है कि ये श्लोक पीछे से नष्ट हो गये वा किये गये :-

[दैवेन विधिनाऽयुक्तं मानुष्यं यत्प्रवर्त्तते ।
परिक्लेशेन महता तदर्थस्य समाधकम् ॥१॥
संयुक्तस्यापि दैवेन पुरुषकारेण वर्जितम् ।
विना पुरुषकारेण फलं क्षेत्रं प्रयच्छति ॥२॥
चन्द्रार्काद्या ग्रहा वायुरग्निरापस्तथैव च ।
इह दैवेन साध्यन्ते पौरुषेण प्रयत्नतः ॥३॥]

जब कभी दैव की विमुखता मे पुरुषार्थ किया जाता है तब

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

भी अधिक कष्ट उठाने से काम बन ही जाता है ॥१॥ और दैव की अनुकूलता में पुरुषार्थ न किया जाय तो जैसे बोया हुवा ही बीज खेती से मिलता है (वैसे पूर्व पुरुषार्थ का ही फल होता है) ॥२॥ चन्द्र सूर्य आदि ग्रह, वायु और अग्नि तथा बादल सब संसार में यज्ञ पूर्वक ईश्वरीय पुरुषार्थ से ही सध रहे हैं ॥३॥) ॥२०५॥

सह वापि व्रजेद्युक्तः सन्धिं कृत्वा प्रयत्नतः ।
मित्रं भूमिं हिरण्यं वा सम्पश्यंस्त्रिविधं फलम् ।२०

अथवा मित्रता, सुवर्ण, भूमि, यह तीन प्रकार का यात्रा का फल देखते हुवे उस के साथ सन्धि करके वहां से गमन करे। (अथात् मित्रता या कुछ रुपया या भूमि लेकर उसके साथ प्रयत्न से सुलहकर चला आवे) ॥२०६॥

पार्ष्णिग्राहं च सम्प्रेक्ष्य तथाक्रन्दं च मण्डले ।
मित्रादथाप्यमित्राद्वा यात्राफलमवाप्नुयात् ॥२०७॥
हिरण्यभूमि सम्प्राप्त्या पार्थिवो न तथैधते ।
यथा मित्रं ध्रुवं लब्ध्वा कृशमप्यायति क्षमम् ।२०८।

(जो पराये राज्य का जय करते राजा के पीछे राज्य दबाता हुवा राजा आवे उस को) मण्डल में "पार्ष्णिग्राह" (कहते हैं) और (जो उस को ऐसा करने से रोके उस को) 'क्रन्द' (कहते है) दोनों को देख कर मित्र से वा अमित्र से यात्रा का फल ग्रहण करे। (ऐसा न करे जिस से पार्ष्णिग्राह वा क्रन्द अपने से विगड़ जावें) ॥२०७॥ राजा सुवर्ण और भूमि को पाकर वैसा नहीं बढ़ता, जैसा (वर्त्तमान) दुर्बल भी आगामी काल में काम देने योग्य स्थिर मित्र को पाकर बढ़ता है ॥२०८॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

धर्मज्ञं च कृतज्ञं च तुष्टप्रकृतिमेव च ।
अनुरक्तं स्थिरारम्भं लघु मित्रं प्रशस्यते ॥२०९॥
प्राज्ञं कुलीनं शूरं च दक्षं दातारमेव च ।
कृतज्ञं धृतिमन्तं च कष्टमाहुररिं बुधाः ॥२१०॥

धर्मज्ञ, कृतज्ञ, प्रसन्नचित्त प्रीति करने वाला, स्थिर कार्य का आरम्भ करने वाला छोटा मित्र अच्छा होता है ।२०९। बुद्धिमान् कुलीन शूर, चतुर, दाता, कृतज्ञ और धैर्य वाले शत्रु को विद्वान् लोग कठिन कहते हैं ॥२१०॥

आर्यता पुरुषज्ञानं शौर्यं करुणवेदिता ।
स्थौललक्ष्यं च सततमुदासीनगुणोदयः ॥२११॥
क्षेम्यां सस्यप्रदां नित्यं पशुवृद्धिकरीमपि ।
परित्यजेन्नृपो भूमिमात्मार्थमविचारयन् ॥२१२॥

सभ्यता मनुष्यों की पहचान, शूरता कृपालुता और मोटी २ बातों पर ऊपरी लक्ष्य रखना, यह उदासीन गुणों का उदय है ॥२११॥ कल्याण करने वाली सम्पूर्ण धान्यों को देने वाली और पशुवृद्धि करने वाली भूमि को भी राजा अपनी रक्षा के लिये विचार न करता हुआ छोड़ देवे ॥२१२॥

आपदर्थं धनं रक्षेद्दारान् रक्षेद्धनैरपि ।
आत्मानं सततं रक्षेद्दारैरपि धनैरपि ॥२१३॥
सह सर्वाः समुत्पन्नाः प्रसमीक्ष्यापदो भृशम् ।
संयुक्तांश्च वियुक्तांश्च सर्वोपायान्सृजेद् बुधः ।२१४।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

आपत्ति (की निवृत्ति) के लिये धन की रक्षा करे और धनों स्त्रियों की रक्षा करे और अपने को स्त्री और धनोंसे भी निरन्तर रक्षित करे ॥२१३॥ बहुत सी आपत्ति एक साथ उत्पन्न होती देखे तो (उनके हटाने को) बुद्धिमान् (सामादि) सब ही उपाय अलग २ या मिलकर करे ॥२१४॥

उपेतारमुपेयं च सर्वोपायांश्च कृत्स्नशः ।
एतत्त्रयं समाश्रित्य प्रयतेतार्थसिद्धये ॥२१५॥
एवं सर्वमिदं राजा सहसंमन्त्र्य मन्त्रिभिः ।
व्यायम्याप्लुत्यमध्यान्हे भोक्तुमन्तःपुरं विशेत् ॥२१६॥

उपाय करने वाले और उपाय के योग्य साध्य और उपाय इ तीनों का ठीक २ आश्रय करके अर्थसिद्धि के लिये प्रयत्न क ॥२१५॥ उक्त प्रकार से सम्पूर्ण वृत्त को राजा मन्त्रियों के सा विचार कर स्नान तथा (शस्त्र के अभ्यास द्वारा) व्यायाम (कसरत करके मध्याह्न में भोजन को अन्तःपुर में प्रवेश करे ॥२१६॥

तत्रात्मभूतैः कालज्ञैरहार्यैः परिचारकैः ।
सुपरीक्षितमन्नाद्यमद्यान्मन्त्रैर्विषापहैः ॥२१७॥
विषघ्नैरगदैश्चास्य सर्वद्रव्याणि योजयेत् ।
विषघ्नानि च रत्नानि नियतो धारयेत्सदा ॥२१८॥

उस अन्तःपुर में भोजन काल के भेद जानने वाले, दूट शत्रुपक्ष में न मिल जाने योग्य अपने सेवकों के द्वारा सिद्ध कर हुवा और (चकोरादि पक्षियों से) परीक्षित और विष के दूर क वाले मन्त्रों (गुप्त विचारों) से शुद्ध हुवे अन्न का भोजन करे ।२ राजा के सब भोग्य द्रव्यों में विष का नाश करने वाली दवा इ

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

और विष के दूर करने वाले रत्नों का नियम से सदा (राजा) धारण करे ॥२१८॥

परीक्षिताः स्त्रियश्चैनं व्यजनोदकधूपनैः ।
वेषाभरणसंशुद्धाः स्पृशेयुः सुसमाहिताः ॥२१९॥
एवं प्रयत्नं कुर्वीत यानशय्यासनाशने ।
स्नाने प्रसाधने चैव सर्वालङ्कारकेषु च ॥२२०॥

परीक्षा की हुई, वेष आभूषणों से शुद्ध, एकाग्रचित्त स्त्रियां पंखा, पानी, धूप, गन्ध से राजा की सेवा करें ॥२१९॥ इसी प्रकार का (परीक्षादि) प्रयत्न वाहन, शय्या, आसन, भोजन स्नान, अनुलेपन और सब अलङ्कारों में भी करे ॥२२०॥

भुक्तवान् विहरेच्चैव स्त्रीभिरन्तःपुरे सह ।
विहृत्य तु यथाकालं पुनः कार्याणि चिन्तयेत् ॥२२१॥
अलंकृतश्च संपश्येदायुधीयं पुनर्जनम् ।
वाहनानि च सर्वाणि शस्त्राण्याभरणानि च ॥२२२॥

भोजन करके इसी अन्तःपुर में स्त्रियों के साथ कुछ देर टहले फिर (राजसम्बन्धी) कामों का विचार करे ॥२२१॥ शस्त्राभूषणादि अलङ्कार धारण किये हुये आयुध से जीने वालों (सवार सिपाही आदि) और सम्पूर्ण वाहनों तथा शस्त्रों और आभूषणों को देखे ॥२२२॥

संध्यां चोपास्य शृणुयादन्तर्वेश्मनि शस्त्रभृत् ।
रहस्याख्यायिनां चैव प्रणिधीनां च चेष्टितम् ॥२२३॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

गत्वा कक्षान्तरं त्वन्यत्समनुज्ञाप्य तं जनम् ।
प्रविशेद्भोजनार्थं च स्त्रीवृतोऽन्तपुरं पुनः ॥२२४॥

फिर सन्ध्योपासन करके निवासगृह के एकान्त में शस्त्र धारण किये हुवे, गुप्त समाचार कहने वाले दूतों और प्रतिनिधियों के समाचार और कामों को सुने ॥२२३॥ अन्य कमरे में उन का विसर्जन कर अन्तःपुर की स्त्रियों के साथ फिर से भोजन के लिये अन्तःपुर में जावे ॥२२४॥

तत्र भुक्त्वा पुनः किंचित्तूर्यघोषैः प्रहर्षितः ।
संविशेत्तु यथाकालमुत्तिष्ठेच्च गतक्लमः ॥२२५॥
एतद्विधानमातिष्ठेदरोगः पृथिवीपतिः ।
अस्वस्थः सर्वमेतत्तु भृत्येषु विनियोजयेत् ॥२२६॥

वहां भोजन करके फिर थोड़े गाने बजाने से प्रसन्न किया हुवा उचित काल मे शयन करे। पुनः (४ घड़ी के तड़के) विश्रान्त होकर उठे ॥२२५॥ रोगरहित राजा यह सब इस प्रकार से (आप ही) करे और यदि अस्वस्थ होतो भृत्योंसे यहसब कार्यकरावे॥२२६॥

इति मानवे धर्मशास्त्रे (भृगुप्रोक्तायां संहितायां)
सप्तमोऽध्यायः ॥७॥

इति श्री तुलसीरामस्वामिविरचिते मनुस्मृतिभाषानुवादे
सप्तमोऽध्यायः ॥७॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ओ३म्

अथाष्टमोऽध्यायः

व्यवहारान्दिदृक्षुस्तु ब्राह्मणैः सह पार्थिवः ।
मन्त्रज्ञैर्मन्त्रिभिश्चैव विनीतः प्रविशेत्सभाम् ॥१॥
तत्रासीनः स्थितो वापि पाणिमुद्यम्य दक्षिणम् ।
विनीतवेषाभरणः पश्येत्कार्याणि कार्यिणाम् ॥२॥

विशेष करके नीति से सुशिक्षित राजा व्यवहारों के देखने को ब्राह्मणों और मन्त्र (सलाह) के जानने वाले मन्त्रियों के साथ सभा में प्रवेश करे ॥१॥ विनययुक्त वेष आभूषण धारण करके उस (सभा) में बैठा या खड़ा हुआ दाहिने हाथ को उठाकर काम वालों के कामों को देखे ॥२॥

प्रत्यहं देशदृष्टैश्च शास्त्रदृष्टैश्च हेतुभिः ।
अष्टादशसु मार्गेषु निबद्धानि पृथक् पृथक्॥३॥

(जो कि) अष्टादश १८ व्यवहार के मार्गों में नियत कार्य हैं उनको देश व्यवहार और शास्त्रद्वारा समझे हुवे हेतुओंसे पृथक् २ नित्य (विचारे) वे अठारह आगे कहेहैं। (इसमें "निबद्धानि=विविधानि' यह पाठ भेद मेधातिथि ने व्याख्यात किया है । तथा एक पुस्तक में इस तीसरे श्लोक से आगे एक श्लोक यह अधिक पाया जाता है:—

[हिंसां यः कुरुते कश्चिद्देयं वा न प्रयच्छति ।
स्थाने ते द्वे विवादस्य भिन्नाऽष्टादशधा पुनः]

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

कोई किसीकी हिंसाकरे वा देने योग्य न देवे ये दो [फौजदारी व दीवानी] विवाद के मुख्य स्थान हैं। फिर अष्टादश १८ प्रकार का विवाद है) ॥३॥

तेषामाद्यामृणादानं निक्षेपोऽस्वामिविक्रयः।
संभूय च समुत्थानं दत्तस्यानपकर्म च ॥४॥
वेतनस्यैव चादानं संविदश्च व्यतिक्रमः।
क्रयविक्रयानुशयोविवादः स्वामिपालयोः ॥५॥
सीमाविवादधर्मश्च पारुष्ये दण्डवाचिके।
स्तेयं च साहसं चैव स्त्रीसंग्रहणमेव च ॥६॥
स्त्रीपुंधर्मो विभागश्च द्यूतमाह्वय एव च।
पदान्यष्टादशैतानि व्यवहारस्थितानिह ॥७॥
एषु स्थानेषु भूयिष्ठं विवादं चरतां नृणाम्।
धर्मं शाश्वतमाश्रित्य कुर्यात्कार्यं विनिर्णयम् ॥८॥

उनमें पहिला १ ऋणाऽदान है कि ऋण लेकर न देना वा बिनो दिये मांगना, २ निक्षेप=धरोहर, ३ बिना स्वामी होने के बेचना, ४ साझे का व्यापार, ५ दान दिये को फिर लेलेना ॥४॥ ६ नौकरी का न देना, ७ इकरार नाम के विरुद्ध चलना ८ खरीदने बेचने का झगड़ा ९ पशु स्वामी और पशुपाल का झगड़ा ॥५॥ १० सरहदकी लड़ाई ११ कड़ी बात कहना १२ मारपीट १३ चोरी १४ जबरदस्ती धनादि का हरण करना १५ परस्त्री का लेलेना ॥६॥ १६ स्त्री और पुरुषके धर्म की व्यवस्था १७ धन का भाग १८ जुवा और जानवरों की लड़ाई में हार जीत का दाव लगाना। संसार में ये अठारह व्यवहार प्रवृत्तिके स्थान है ॥७॥ (इन ऋणा-

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ऽऽनादि) व्यवहारों मे बहुत झगड़ने वाले पुरुषों का तत्तात्तरां के अनुसार कार्यनिर्णय करे ॥८॥

यदा स्वयं न कुर्यात्तु नृपतिः कार्यदर्शनम् ।
तदा नियुञ्ज्याद्विद्वांसं ब्राह्मणं कार्यदर्शने ॥९॥
सोऽस्य कार्याणि संपश्येत्सभ्यैरेव त्रिभिर्वृतः ।
सभामेव प्रविश्याग्र्यामासीनः स्थित एव वा ॥१०॥

जब राजा आप (किसी कारण) कार्य दर्शन न कर सके अर्थात् कार्याधिकारादि में आप सब मुकद्दमों को न देख सके) तब विद्वान् (नीतिज्ञ) ब्राह्मण को कार्य देखने में नियुक्त करे ॥९॥ वह ब्राह्मण तीन सभ्य पुरुषों के ही साथ सभा में ही प्रवेश करके, एकाग्र खड़े हुवे वा बैठकर राजाके देखनेके सब कामों को देखे ॥१०॥

यस्मिन्देशे निषीदन्ति विप्रा वेदविदस्त्रयः ।
राज्ञश्चाधिकृतो विद्वान् ब्रह्मणस्तां सभांविदुः ॥११॥
धर्मो विद्धस्त्वधर्मेण सभां यत्रोपतिष्ठते ।
शल्यं चास्य न कृन्तन्ति विद्धास्तत्र सभासदः ॥१२॥

जिस देश में वेदों के जानने वाले ३ ब्राह्मण (राजद्वार में) रहते हैं और राजा के अधिकार को पाया हुवा १ विद्वान् ब्राह्मण रहता है उसको ब्रह्मा की सभा जानते हैं ॥११॥ जिस सभा में अधर्म से धर्म को बींधा जाता है (उस सत्यको क्लेश देने वाले) शल्य (कांटे) को जो सभासद् नहीं निकालते तब उसी अधर्मरूप कांटे से वे सभासद् बिंधते हैं (अर्थात् सभासद् लोग मुकद्दमे की पेचीदगी को न निकालें तो पाप भागी होते हैं। एक पुस्तक में यह पाठ भेद है कि "निकृन्तन्ति विद्वांसोऽत्रसभासदः" इस पक्ष में यह

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अर्थ है कि उस कांटे को विद्वान् सभासद् निकालते हैं) ॥१२॥

सभां वा न प्रवेष्टव्यं वक्तव्यं वा समञ्जसम् ।
अब्रुवन्विब्रुवन्वापि नरो भवति किल्बिषी ॥१३॥
यत्र धर्मोह्यधर्मेण सत्यं यत्राऽनृतेन च ।
हन्यते प्रेक्षमाणानां हतास्तत्र सभासदः ॥१४॥

या तो सभा (कचहरी) न जाना, जावे तो सच कहना । कुछ न बोले या झूंठ बोले तो मनुष्य पापी होता है। (८ पुस्तकों मे "सभा वा न प्रवेष्टव्या पाठ भेद है और एक में 'सभायां न प्रवेष्टव्यम्" पाठभेद भी देखा जाता है) ॥१३॥ जिस सभामें सभ्यों के देखते हुवे धर्म, अधर्म से और सच झूंठ से नष्ट होता है, वहां के सभासद् (उस पाप से) नष्ट होते हैं ॥१४॥

धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः ।
तस्माद्धर्मो न हन्तव्यो मा नोधर्मोहतोऽवधीत् ॥१५॥
वृषोहि भगवान्धर्मस्तस्य यः कुरुते ह्यलम् ।
वृषलं तं विदुर्देवास्तस्माद्धर्मं न लोपयेत् ॥१६॥

नष्ट हुवा धर्म ही नाश करता है और रक्षित हुवा धर्म रक्षा करता है। इस लिये धर्म को नष्ट न करना चाहिये जिस से नष्ट हुवा धर्म हमारा नाश न करे ॥१५॥ भगवान् धर्म को वृष कहते हैं उस को जो नष्ट करता है उस को देवता "वृषल जानते हैं। इस लिये धर्म का लोप न करे ॥१६॥

एक एव सुहृद्धर्मो निधनेऽप्यनुयाति यः ।
शरीरेण समं नाशं सर्वमन्यद्धि गच्छति ॥१७॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

पादोऽधर्मस्य कर्त्तारं पादः साक्षिणमृच्छति ।
पादः सभासदः सर्वान् पादो राजानमृच्छति ॥१८॥

एक धर्म ही मित्र है जो मरने पर भी साथ चलता है अन्य सब शरीरके साथ ही नाश को प्राप्त हो जाता है ॥१७॥ (दुर्व्यवहार के करने से अधर्म के चार भाग हैं उन मे) एक भाग अधर्म करने वालेका लगता है दूसरा भाग झूंठा साक्ष्य देने वाले को, तीसरा सभासदों को और चौथा राजा को लगता है ॥१८॥

राजा भवत्यनेनास्तु मुच्यन्ते च सभासदः ।
एनो गच्छति कर्त्तारं निन्दार्होयत्र निन्द्यते ॥१९॥

जातिमात्रोपजीवी वा कामं स्याद्ब्राह्मणब्रुवः ।
धर्मप्रवक्ता नृपतेर्न तु शूद्रः कथञ्चन ॥२०॥

जिस सभा मे असत्यवादी वा पापकर्त्ता की ठीक ठीक बुराई (निन्दा) की जाती है वहां राजा और सभासद् निष्पाप होजाते हैं और (उस अधर्म) करने वाले को ही पाप पहुंचता है ॥१९॥ जिस की जातिमात्र से जीविका है (किन्तु वेदादि का पूर्ण ज्ञान नहीं) ऐसा अपने को ब्राह्मण कहने वाला पुरुष चाहे (अभाव में) धर्म का प्रवक्ता हो परन्तु शूद्र कभी नहीं ॥ (इस का यह तात्पर्य नहीं है कि ब्राह्मण कुलोत्पन्न कुपढ़ लोग धर्मप्रवक्ताहों किन्तु एक तो ऐसा पुरुष हो जो ब्राह्मणकुल में उत्पन्न मात्र हुवा है, वेदाध्ययनादि विशेष विद्या नहीं रखता. दूसरा शूद्रकुलोत्पन्न हो और वह भी विशेष विद्यासे हीन हो तो इन दोनों मे वह उत्तम है जो कि ब्राह्मणकुलमे उत्पन्न है) ॥२०॥

यस्य शूद्रस्तु कुरुते राज्ञो धर्मविवेचनम् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

तस्य सीदति तद्राष्ट्रं पङ्के गौरिव पश्यतः ॥२१॥
यद्राष्ट्रं शूद्रभूयिष्ठं नास्तिकाक्रान्तमद्विजम् ।
विनश्यत्याशु तत्कृत्स्नं दुर्भिक्षव्याधिपीडितम् ॥२२॥

जिस राजा के यहां धर्म का निर्णय शूद्र करता है उस का वह राज्य देखते हुवे कीचड़ में गौ सा (फंस) पीड़ा को प्राप्त होजाता है ॥२१॥ जिस राज्य मे शूद्र और नास्तिक अधिक हों और द्विज न हों वह सम्पूर्ण राज्य दुर्भिक्ष और व्याधि से पीड़ित हुवा शीघ्र नाश को प्राप्त हो जाता है ॥२२॥

धर्मासनमधिष्ठाय संवीताङ्गः समाहितः ।
प्रणम्य लोकपालेभ्यः कार्यदर्शनमारभेत् ॥२३॥
अर्थानर्थावुभौ बुद्ध्वा धर्माधर्मौ च केवलौ ।
वर्णक्रमेण सर्वाणि पश्येत्कार्याणि कार्यिणाम् ॥२४॥

(राजा) धर्मासन (गद्दी) पर बैठ कर शरीर ढके स्वस्थचित्त, लोकपालों (जिन ८ दिव्यगुणों से राजा को युक्त होना चाहिये) को नमस्कार (आदर) करके काम देखना आरम्भ करे (अर्थात अच्छी तरह इजलास में बैठ कर मुकद्दमों को देखे) ॥२३॥ अर्थ अनर्थ दोनो को तथा केवलधर्म और अधर्म को जान कर वर्णक्रम से (अर्थात् प्रथम ब्राह्मण का फिर क्षत्रिय का-इस क्रम से) कार्य वालों के सम्पूर्ण कार्यों को देखे ॥२४॥

बाह्यैर्विभावयेल्लिङ्गैर्भावमन्तर्गतं नृणाम् ।
स्वरवर्णेङ्गिताकारैश्चक्षुषा चेष्टितेन च ॥२५॥
आकारैरिङ्गितैर्गत्या चेष्टया भाषितेन च ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

नेत्रवक्त्रविकारैश्च गृह्यतेऽन्तर्गतं मनः ॥२६॥

मनुष्यों के बाहर के लक्षण-स्वर (आवाज) और शरीर का) वर्ण और नीचे ऊपर देखना, आकार(पसीना रोमाञ्च आदि) और चक्षु तथा चेष्टा से भीतरी अभिप्राय को समझे ॥२५॥ आकार, आंकार, इशारे, गति चेष्टा, भाषण और नेत्र तथा मुख के विकारों से मन का भेद जाना जाता है ॥२६॥

बालदायादिकं रिक्थं तावद्राजानुपालयेत् ।
यावत्स्यात्समावृत्तो यावच्चातीतशैशवः ॥२७॥
वशाऽपुत्रासु चैवं स्याद्रक्षणं निष्कुलासु च ।
पतिव्रतासु च स्त्रीषु विधवास्वातुरासु च ॥२८॥

बालक के भाग भाग का द्रव्य राजा तब तक (जैसे कोर्ट आफवार्डस मे) पालन करे जब तक वह समावर्त्तन वाला (पढ लिख होशियार) हो और जबतक लड़कपन जाता रहे (अर्थात् जब तक बालिग हो) ॥२७॥ वन्ध्या अपुत्रा सपिण्डरहिता, पतिव्रता और विधवा तथा चिररोगिणी स्त्री म भी ऐसा ही हो (उनके द्रव्य की भी राजा रक्षा करे ॥

२८ वें मे आगे मेधातिथि के भाष्यानुसार एक यह श्लोक अधिक है:-

[एवमेव विधिं कुर्यायोषित्सु पतितास्वपि ।
वस्त्रान्नपानं देयं च वसेयुश्च गृहान्तिके ॥]

यही विधि पतित स्त्रियों मे करे कि वस्त्र अन्न पान और घर के समीप रहने की जगह दी जावे) ॥२८॥

जीवन्तीनां तु तासा ये तद्धरेयुः स्वबान्धवाः ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

तांछिष्याच्चौरदण्डेन धार्मिकः पृथिवीपतिः ॥२९॥

प्रणष्टस्वामिकं रिक्थं राजा त्र्यब्दं निधापयेत् ।
अर्वाक्त्र्यब्दाद्धरेत्स्वामी परेण नृपतिर्हरेत् ॥३०॥

उन जीवती हुई स्त्रियों का वह धन जो बान्धव हरण करे उन को चोर दण्ड के समान धार्मिक राजा दण्ड देवे ॥२९॥ जिस का स्वामी न हो उस (लावारिस) धन को राजा तीन वर्ष तक रक्खे तीन वर्ष के भीतर (उस के स्वामी का पता लगे तो वह) लेलेवे. अनन्तर राजा हरण (जप्त) करे अर्थात् ढढोरा पीटने मे कि "जिस की हो ले जाओ" ३ वर्ष तक कोई लेने वाला न मिले तो वह धन राजा का हो जावे) ॥३०॥

ममेदमिति यो ब्रूयात्सोऽनुयोज्यो यथाविधि ।
संवाद्यरूपसंख्यादीन् स्वामी तद्द्रव्यमर्हति ॥३१॥

अवेदयानो नष्टस्य देशं कालं च तत्त्वतः ।
वर्णं रूपं प्रमाणं च तत्समं दण्डमर्हति ॥३२॥

जो कहे कि यह धन मेरा है, तब उस से राजा यथाविधि पूछे कि क्या स्वरूप है और कितना है वा कैसा है इत्यादि । जब यह सब सही कहे तब उस धन को उसका स्वामी पावे ॥३१॥ नष्ट द्रव्य का देश काल वर्ण रूप प्रमाण (अर्थात् कहां, कब कौनसा रङ्ग कैसा आकार कितना यह सब अच्छे प्रकार न जानता हो तो उसी के बराबर दण्ड पाने योग्य है । अर्थात् झूठा दावा करने वाले को उस धनके बराबर दण्ड दिया जावे, जिस धन पर उसने दावा किया हो) ॥३२॥

आददीताथ षड्भागं प्रणष्टाधिगतान्नृपः ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

दशमं द्वादशं वापि सतां धर्ममनुस्मरन् ॥३३॥
प्रणष्टाधिगतं द्रव्यं तिष्ठेद् युक्तैरधिष्ठितम् ।
यास्तत्र चौरान्गृह्णीयात्तान् राजेभेन घातयेत् ॥३४॥

नष्ट द्रव्य फिर पावे तो उस में उस द्रव्य का छठा भाग वा दशवां वा बारहवां सत्पुरुषों के धर्म का अनुस्मरण करता हुआ राजा ग्रहण करे ॥३३॥ जो द्रव्य किसी का गिरा, राजपुरुषों को पाया पहरे में रक्खा हो, उस को जो चोर चुरावे, उनको राजा हाथीसे मरवा डाले ॥३४॥

ममायमिति यो ब्रूयान्निधिं सत्येन मानवः ।
तस्याददीत षड्भागं राजा द्वादशमेववा ॥३५॥
अनृतं तु वदन्दण्ड्यः स्ववित्तस्यांशमष्टमम् ।
तस्यैव वा निधानस्यसंख्यायाल्पीयसींकलाम् ॥३६॥

जो पुरुष सचाई से कहे कि 'यह निधि मेरा है" उस के निधि से राजा छठा वा बारहवां भाग ग्रहण करे (शेष उस को देदवे) ॥३५॥ (यदि वह पराये को "मेरा है" ऐसा) असत्य कहे तो अपने धनका आठवां भाग दण्डके योग्य है, वा गिन कर उसी धन के अल्प भाग पर दण्ड के योग्य है (निधि उसको कहते हैं जो पुराना बहुत काल पृथिवी मे दबा हुवा रक्खा हो। दैवयोग से वह कभी किसी को मिल जावे तो वह राजा का धन है और यदि उस पर कोई अपनेपन का दावा करे और सत्य २ सिद्ध होजावे तो छठा भाग राजाले, शेष उसे देदेवे। यदि झूंठा दावा हो तो दावा करने वाले की जितनी हैसियत हो उसका अष्टमांश वा उस निधि का कुछ अन्श दावा करने वाले पर दण्ड

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

किया जावे)॥३६॥

विद्वांस्तु ब्राह्मणो दृष्ट्वा पूर्वोपनिहितं निधिम् ।
अशेषतोऽप्याददीत सर्वस्याधिपतिर्हि सः ॥३७॥

यदि विद्वान् ब्राह्मण पूर्वकालस्थापित निधि को पावे तो वह सब लेले क्यों वह सब का स्वामी है (अर्थात् उस में से छठा भाग राजा न लेवे ॥

३७ वेसे आगे ४ पुस्तकोंमें यह श्लोक अधिक पाता जाता है:-

[ब्राह्मणस्तु निधिं लब्ध्वा क्षिप्रं राज्ञे निवेदयेत् ।
तेन दत्तं तु भुञ्जीत स्तेनः स्याद्ऽनिवेदयन् ॥

यदि ब्राह्मण भी निधिको पावे तो शीघ्र राजाको विदित करदे । फिर जब राजा उसे देदेवे तो भोग लगावे और राजा को निवेदन करता हुवा [किन्तु चुपचाप भोगता हुवा] चोर समझा जावे) ॥३७॥

यं तु पश्येन्निधिं राजा पुराणं निहितं क्षितौ ।
तस्माद् द्विजेभ्यो दत्त्वार्धमर्धं कोशे प्रवेशयेत् ॥३८।

राजा पडी हुई भूमि मे जो पुरानी निधि को (स्वयं) पावे तो उस में आधा द्विजो को दान देकर आधा कोश मे रक्खे ॥३८॥

निधीनां तु पुराणानां धातूनामेव च क्षितौ ।
अर्धभाग्रक्षणाद्राजा भूमेरधिपतिर्हि सः ॥३९॥

दातव्यं सर्ववर्णेभ्यो राज्ञा चौरैर्हृतं धनम् ।
राजातदुपयुञ्जानश्चौरस्याप्नोति किल्बिषम् ॥४०॥

पुरानी निधि (ब्राह्मण से भिन्न को पाई हुई) और सुवर्णादि

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

के उत्पत्तिस्थानों का, राजा आधे का भागी है। क्योंकि भूमिकी रक्षा करने से वह उसका स्वामी है ॥३९॥ जो धन चोरों ने हरण किया है उसको राजा पाकर धन के स्वामी को चाहे वह किसी वर्ण का हो देदेवे। उस धन का यदि राजा स्वयं भाग करे तो चोरके पाप को पाता है ॥४०॥

जातिजानपदान्धर्मान्श्रेणीधर्मांश्च धर्मवित्।
समीक्ष्य कुलधर्मांश्च स्वधर्मं प्रतिपादयेत् ॥४१॥
स्वानि कर्माणि कुर्वाणा दूरे सन्तोऽपि मानवाः।
प्रिया भवन्ति लोकस्य स्वेस्वे कर्मण्यवस्थिता ॥४२॥

धर्मका जानने वाला (राजा) जातिधर्म देशधर्म और श्रेणी धर्म (वणिग्वृत्यादि) और कुलधर्म इन को अच्छे प्रकार देखकर (इन के विरुद्ध न हो) राजधर्म को प्रचरित करे (यहां धर्मशब्द रिवाजो का वाचक है, जो रिवाज वैदिक धर्मके विरुद्ध न हों) ॥४१॥ जाति देश और कुल के धर्मों और अपने कर्मों को करते हुवे अपने अपने कर्म में वर्त्तमान दूर रहते हुवे लोग भी लोक (सोसाइटी) के प्रिय होते हैं (अर्थात् मनुष्य कहीं किसी विलायत में भी रहता हुआ, अपने देशादि के धर्म कर्म करता रहे तो सोसाइटी का प्रिय रहता है। इसलिये इन को न छोड़े न छुड़ावे) ॥४२॥

नोत्पादयेत्स्वयं कार्यं राजा नाप्यस्य पूरुषः।
न च प्रापितमन्येन ग्रसेदर्थं कथञ्चन ॥४३॥
यथा नयत्यसृक्पातैर्मृगस्य मृगयुः पदम्।
नयेत्तथाऽनुमानेन धर्मस्य नृपतिः पदम् ॥४४॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

राजा और राजपुरुष (कामदार) भी ऋणाऽदानादि का झगड़ा स्वयं उत्पन्न न करावें और यदि कोई पुरुष विवाद को प्रस्तुत (पेश) करे तो राजा और राजपुरुष उस की उपेक्षा (हजम) न करें। वा रिश्वत लेकर खारिज न कर देवें) ॥४३॥ जैसे मृग के रुधिर पात के मार्ग से खोजता हुआ व्याध ठिकाने को प्राप्त होता है, वैसे ही राजा अनुमानसे धर्म के पद (मुआमले की असलियत) को प्राप्त होवे ॥४४॥

सत्यमर्थं च संपश्येदात्मानमथ साक्षिणः ।
देशंरूपं च कालं च व्यवहारविधौ स्थितः ॥४५॥
सद्भिराचरितं यत्स्याद्धार्मिकैश्च द्विजातिभिः ।
तद्देशकुलजातीनामविरुद्धं प्रकल्पयेत् ॥४६॥

व्यवहार (मुआमला, मुकद्दमा) के देखने में प्रवृत्त (राजा वा राजपुरुष) सत्य अर्थ (गोहिरण्यादि) तथा आपे और साक्षियों तथा देश रूप और काल को देखे (विचारे) ॥४५॥ जो धार्मिक सत्पुरुष द्विजातियों से आचरण किया हुआ हो और कुल जाति तथा देश के विरुद्ध न हो ऐसा व्यवहार का निर्णय करे ॥४६॥

अधमर्णार्थसिद्ध्यर्थमुत्तमर्णेन चोदितः ।
दापयेद्धनिकस्यार्थमधमर्णाद्विभावितम् ॥४७॥
यैर्यैरुपायैरर्थं स्वं प्राप्नुयादुत्तमर्णिकः ।
तैस्तैरुपायैः संगृह्य दापयेदधमर्णिकम् ॥४८॥
धर्मेण व्यवहारेण छलेनाचरितेन च ।
प्रयुक्तं साधयेदर्थं पञ्चमेन बलेन च ॥४९॥
यः स्वयं साधयेदर्थमुत्तमर्णोऽधमर्णिकात् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

न स राज्ञाभियोक्तव्यः स्वकं संसाधयन्धनम् ॥५०॥

अधमर्ण (कर्जदार) से ऋण = कर्ज का धन मिलने के लिये उत्तमर्ण=महाजन के कर्जदार से महाजन का निश्चित धन दिलावे ॥४७॥ जिन २ उपायों से महाजन अपना रुपया पा सके उन २ उपायों से ऋण संग्रह करके दिलावे ॥४८॥ या तो धर्म से या व्यवहार=राजद्वार या छल की चाल से या आचरित (लेन देन के दबाव) से या पांचवें बलात्कार से यथार्थ धन का साधन करे (अदा करादे) ॥४९॥ जो महाजन आप कर्जदार से रुपया निकाल ले तो उस पर राजा अभियोग (मुकद्दमा कायम) न करे जब कि वह ठीक २ अपना धन निकाल रहा हो ॥५०॥

अर्थेऽपव्ययमानं तु करणेन विभावितम् ।
दापयेद्धनिकस्यार्थं दण्डलेशं च शक्तितः ॥५१॥

अपह्नवेऽधमर्णस्य देहीत्युक्तस्य संसदि ।
अभियोक्ता दिशेद्देश्यं करणं वान्यदुद्दिशेत् ॥५२॥

धन के विषय में नकार करने वाले से लेख साक्ष्यादि द्वारा प्रमाणित कर महाजन का रुपया और यथाशक्ति थोड़ा दण्ड भी (राजा) दिलावे ॥५१॥ प्रथम सभा में अभियोक्ता (धर्मासनस्थ) क़रज़ लेने वाले से कहे कि महाजन का रुपया दे। उस पर जब वह कहे कि मैं नहीं जानता तब राजा साक्षी (गवाह) वा अन्य कुछ साधन (तमस्सुक आदि) के प्रस्तुत करने की उत्तमर्ण को आज्ञा देवे ॥५२॥

अदेश्यं यश्च दिशति निर्दिश्यापह्नुते च यः ।
यश्चाधरोत्तरानर्थान्विगीतान्नावबुध्यते ॥५३॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अपदिश्यापदेश्यं च पुनर्यस्त्वपधावति ।
सम्यक्प्रणिहितं चार्थं पृष्टः सन्नाभिनन्दति ॥५४॥
असंभाष्ये साक्षिभिश्च देशे संभाषते मिथः ।
निरुच्यमानं प्रश्नं च नेच्छेद्यश्चापि निष्पतेत् ॥५५॥
ब्रूहीत्युक्तश्च न ब्रूयादुक्तं च न विभावयेत् ।
न च पूर्वापरं विद्यात्तस्मादर्थात्स हीयते ॥५६॥

जो झूंठ गवाह या कागज पत्र का निर्देश (पेश) करता है और जो निर्देश करके नकार करता है और जो कि आगे पीछे कहे का ध्यान नहीं रखता ॥५३॥ और जो बात को उलटता है अपने प्रतिज्ञात किये हुवे तात्पर्य को धर्मासनस्थ के पूछने से फिर नकार करता है ॥५४॥ और जो एकान्त मे गवाहो के साथ बात चीत करता है जो बात के सत्य होने की जांचके लिये अभियोक्ता (अदालत) के पूछने की अच्छा न समझे और जो इधर उधर बिना प्रयोजन बात को न मानता हुआ बूझे ॥५५॥ और पूछने पर कुछ न कहे और जो कहे तो दृढ़ता के साथ न कहे और जो पूर्वापर बात को न जाने वह अपने अर्थ (धन) को हार जाता है ॥५६॥

साक्षिणःसन्ति मेत्युक्त्वा दिशेत्युक्तो दिशेन्न यः ।
धर्मस्थः कारणैरेतैर्हीनं तमपि निर्दिशेत् ॥५७॥
अभियोक्ता न चेद्ब्रूयाद्बध्यो दण्ड्यश्च धर्मतः ।
न चेत्त्रिपक्षात्प्रब्रूयाद्धर्मं प्रति पराजितः ॥५८॥

मेरे साक्षी (हाजिर) हैं ऐसा कह कर जब (धर्माधिकारी) कहे कि लाओ तब (उनको) न लावे तो धर्मस्थ (अदालत) इन

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

कारणोसे उसको भी पराजित (हारा) कहदे ॥५७॥ जो अभियोक्ता (मुद्दई) राजद्वार मे निवेदन करके न बोले (अर्थात् नालिश करके जबानी न बोले) तव (छोटे बड़े मुकद्दमे के अनुसार) बन्ध वा जुर्माने के योग्य हो और यदि उस पर मुद्दआ-इलह डेढ़ महीने के भीतर झूंठ दावे से हुई हानि की नालिश न करे तो धर्मत (कानून से) हार जावे ॥५८॥

यो यावान्निह्नवीतार्थं मिथ्या यावति वा वदेत् ।
तौ नृपेण ह्यधर्मज्ञौ दाप्यौ तद्द्विगुणं दमम् ॥५६॥
पृष्टोऽपव्ययमानस्तु कृतावस्थो धनैषिणा ।
त्र्यवरैः साक्षिभिर्भाव्यो नृपब्राह्मणसन्निधौ ॥६०॥

जो (मुद्दआइलह असल धन मे से) जितने धनको न दे और जो (मुद्दई असल धन से) जितना बढ़ा कर दावा करे, उस (घटाये बढ़ाये) धन का दूना (अर्थात् घटाने वाले से घटाने का दूना और वढाने वालेसे वढानेका दूना) दण्ड उन दोनो अधर्मियो से राजा दिलावे ॥५९॥ राजा और ब्राह्मण के सामने पूछा जावे और नकारकरे तो मद्द्गन कमसे कमतीन गवाहांसे सिद्धकरे ।६०।

यादृशा धनिभिः कार्या व्यवहारेषु साक्षिणः ।
तादृशान्संप्रवक्ष्यामि यथावाच्यमृतं च तैः ॥६१॥
गृहिणः पुत्रिणोमौलाः क्षत्रविट्शूद्रयोनयः ।
अर्थ्युक्ताःसाक्ष्यमर्हन्ति नयेकेचिदनापदि ॥६२॥

मुकद्मो में महाजनों को जैसे गवाह करने चाहिये और उन (गवाहों) को जैसे सच बोलना चाहिये सो भी आगे कहता हूं ॥६१॥ कुटुम्बी पुत्र वाले उसी देश के रहने वाले क्षत्रिय वैश्य

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

शूद्र वर्ण वाले ये लोग जब कि अर्थी (मुद्दई) कहे कि मेरे साक्षी हैं तब साक्ष्य के योग्य होते हैं हर कोई नहीं। जब तक कि कुछ आपत्ति न हो। (यहां ब्राह्मण को गवाही में इस लिये नहीं कहा है कि सांसारिक कार्यो मे पड़ने से उस के पारमार्थिक कामों मे बाधा न पडे और यदि न्य साक्षी न मिल सके तो ब्राह्मण साक्षी वैसे तो सर्वोत्तम है, इस लिये आगे ब्रूहीति ब्राह्मणं 'पृच्छेत्' कहेंगे).॥६२॥

आप्ताः सर्वेषु वर्णेषु कार्याः कार्येषु साक्षिणः।
सर्वधर्मविदोऽलुब्धा विपरीतांस्तु वर्जयेत् ॥६३॥
नोर्थसंबन्धिनोऽनाप्ता न सहाया न वैरिणः।
न दृष्टदोषाः कर्तव्या न व्याध्यार्ता न दूषिताः॥६४॥

सब वर्णो मे जो यथार्थ कहने वाले और सम्पूर्ण धर्म के जानने वाले हों उन को कामो में साक्षी करना चाहिये और इन से विपरीतो को नहीं ॥६३॥ धन के सम्बन्धी, असत्यवादी, नौकर आदि सहायक, शत्रु दूसरी जगह जानकर झूंठी गवाही देने वाले, रोगी और (महापातकादि से) दूषितो को (गवाह) न करे॥६४॥

न साक्षी नृपतिः कार्यो न कारुककुशीलवौ।
न श्रोत्रियो न लिङ्गस्थो न संगेभ्यो विनिर्गतः ॥६५॥
नाध्यधीनो न वक्तव्यो न दस्युर्न विकर्मकृत्।
न वृद्धो न शिशुर्नैको नान्त्यो न विकलेन्द्रियः॥६६॥

राजा, कारीगर, नट श्रोत्रिय, ब्रह्मचारी और संन्यासी को भी साक्षी न बनावे ॥६५॥ परतन्त्र बदनाम दस्यु निषिद्धकर्म करने वाला, वृद्ध, बालक, और १ एक ही और चण्डाल और जिसकी

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

इन्द्रियें स्वस्थ न हों उसे (साक्षी) न करे ॥६६॥

नार्त्तो न मत्तो नोन्मत्तो न क्षुत्तृष्णोपपीडितः ।
न श्रमार्त्तो न कामार्त्तो न क्रुद्धो नापि तस्करः ॥६७॥
स्त्रीणांसाक्ष्यंस्त्रियः कुर्युर्द्विजानां सदृशा द्विजाः ।
शूद्राश्च सन्तः शूद्राणामन्त्यानामन्त्ययोनयः ॥६८॥

दुःखी मद्यादिमत्त, पागल, क्षुधा, तृषा से पीड़ित थका, कामपीडित, क्रोध वाला और चोर (ये भी साक्षी योग्य नहीं हैं) ॥६७॥ स्त्रियों का साक्ष्य स्त्रियां करें। द्विजों का (साक्ष्य) उन के सदृश द्विजकरे। शूद्रों का (साक्ष्य) सज्जन शूद्रकरें और चण्डालों का (साक्ष्य) चण्डाल करे ॥६८॥

अनुभावी तु यः कश्चित्कुर्यात्साक्ष्यं विवादिनाम् ।
अन्तर्वेश्मन्यरण्ये वा शरीरस्यापि चात्यये ॥६९॥
स्त्रियाप्यसंभवे कार्यं बालेन स्थविरेण वा ।
शिष्येण बन्धुना वापि दासेन भृतकेन वा ॥७०॥

घर के भीतर, वन मे, शरीर के अन्त (खून) मे, इन झगड़ों में जो कोई भी अनुभव करने वाला हो वही साक्षी किया जा सकता है ॥६९॥ (मकान के भीतर आदि स्थानों में ऊपर लिखे साक्ष्य के) न होने पर स्त्री, बालक, वृद्ध, शिष्य, बन्धु और नौकर चाकर भी साक्ष्य करें ॥७०॥

बालवृद्धातुराणां च साक्ष्येषु वदतां मृषा ।
जानीयादस्थिरां वाचमुत्सिक्तमनसां तथा ॥७१॥
साहसेषु च सर्वेषु स्तेयसंग्रहणेषु च ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

वाग्दण्डयोश्च पारुष्ये न परीक्षेत साक्षिणः ॥७२॥

बाल, वृद्ध आतुर और चलचित्त लोग साक्ष्य में झूंठ बोलें तो इनकी वाणी को स्थिर न जाने ॥७१॥ सम्पूर्ण साहसों (डाका मकान जलाना इत्यादि) मे चोरी, परस्त्रीसङ्ग, गाली और मारपीट मे साक्षियों की परीक्षा न करे (अथात् ६१ से ६८ श्लोक तक जिस प्रकार के साक्षी कहे हैं वैसो ही का नियम नहीं) ॥७२॥

बहुत्वं परिगृह्णीयात्साक्षिद्वैधे नराधिपः ।
समेषु तु गुणोत्कृष्टान् गुणिद्वैधे द्विजोत्तमान् ॥७३॥
समक्षदर्शनात्साक्ष्यं श्रवणाच्चैव सिध्यति ।
तत्र सत्यं ब्रुवन्साक्षी धर्मार्थाभ्यां न हीयते ॥७४॥

परस्पर विरुद्ध साक्षियों मे जिस बात को बहुत कहैं उसको राजा ग्रहण करे और विरुद्ध कहने वाले साक्षी जहां संख्या में समान हों वहां अधिक गुण वालों का और यदि गुण वाले विरुद्ध कहे तो वहां द्विजोत्तमों (ब्राह्मणों) का प्रमाण करे ॥७३॥ सामने देखने से और सुनने से भी साक्ष्य सिद्ध होताहै उसमे सच बोलने वाला साक्षी धर्म अर्थ से नहीं हारता ॥७४॥

साक्षी दृष्टश्रुतादन्यद्विब्रुवन्नार्यसंसदि ।
अवाङ्नरकमभ्येति प्रेत्य स्वर्गाच्च हीयते ॥७५॥
यत्रानिबद्धोऽपीक्षेत शृणुयाद्वापि किञ्चन ।
पृष्टस्तत्रापि तद्ब्रूयाद्यथादृष्टं यथाश्रुतम् ॥७६॥

आर्यों की सभा में देखे सुने से विरुद्ध कहने वाला साक्षी अधोमुख नरक में जाता है और मरकर भी स्वर्ग से हीन हो जाता है ॥७५॥ जिस (मुकद्दमे) में न भी कहा हुआ हो (कि तुम इसमे

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

साक्षी हो) उसमें भी जो देखे और सुने उस को पूछने पर जैसा देखे सुने वैसा ही कहे ॥७६॥

एकोऽलुब्धस्तु साक्षीस्याद्बह्वयः शुच्योपि न स्त्रियः ।
स्त्रीबुद्धेरऽस्थिरत्वात्तु दोषैश्चान्येऽपि ये वृताः ॥७७॥
स्वभावेनैव यद्ब्रूयुस्तद् ग्राह्यं व्यावहारिकम् ।
अतो यदन्यद्विब्रूयुर्धर्मार्थं तदपार्थकम् ॥७८॥

एक ही साक्षी लोभादि रहित हो तो पर्याप्त है परन्तु स्त्रियां बहुत और पवित्र भी होवें तो भी नहीं, क्योंकि स्त्री की बुद्धि स्थिर नहीं होती । और दोषों से युक्त अन्य लोगों को भी साक्षी न करे ॥७७॥ साक्षी स्वभाव से (अर्थात् भयादि से रहित होकर) जो कहे वह व्यवहार के निर्णय में ग्राह्य है और इससे विपरीत (भय लोभ आदि से) जो विरुद्ध वाक्य कहे सो व्यवहार के निर्णयार्थ निरर्थक है ॥७८॥

सभान्तः साक्षिणः प्राप्तानर्थिप्रत्यर्थिसन्निधौ ।
प्राड्विवाकोऽनुयुञ्जीत विधिनानेन सान्त्वयन् ॥७९॥
यद् द्वयोरनयोर्वेत्थकार्येऽस्मिंश्चेष्टितं मिथः ।
तद्ब्रूत सर्वं सत्येन युष्माकं ह्यत्र साक्षिता ॥८०॥

सभा के बीच प्राप्त हुये साक्षियों से अर्थी और प्रत्यर्थी के सामने प्राड्विवाक (वकील आदि) धैर्य देकर आगे कहे प्रकार से पूछे कि ॥७९॥ इन दोनों (मुद्दई मुद्दआइलह) ने आपस में इस काम में जो कुछ किया हो उसको तुम जो कुछ जानते हो सो सब सचाई से कहो क्योंकि तुम्हारी इसमें गवाही है ॥८०॥

सत्यं साक्ष्ये ब्रुवन्साक्षी लोकानाप्नोति पुष्कलान् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

इह चानुत्तमां कीर्त्तिं वागेषा ब्रह्मपूजिता ॥८१॥

साक्ष्येऽनृतं वदन्पाशैर्बध्यते वारुणैर्भृशम् ।
विवशः शतमाजातीस्तस्मात्साक्ष्यं वदेदृतम् ॥८२॥

साक्ष्य कर्म मे सच बोलता हुआ साक्षी उत्कृष्ट (ब्राह्मादि) लोको और इस लोक मे उत्तम कीर्त्ति को प्राप्त होता है क्योकि यह सत्य वाणी ब्रह्म=वेद से पूजी हुई है ॥८१॥ क्योंकि साक्ष्य मे असत्य कहने वाला वरुण के पाशो से परतन्त्र हुआ शत जन्म पर्यन्त अत्यन्त पीड़ितहोताहै (अर्थात् जलोन्दरादिसे पीड़ित) इस कारण सच्चा साक्ष्य (गवाही) दे ॥ (८२ वें सेआगे ३ श्लोक अधिक पाये जातेहैं। जिनमें से पहिला और तीसरा एक पुस्तक में औरदूसरा तीन पुस्तको मे मिलता है

[ब्राह्मणोवै मनुष्याणामादित्यस्तेजसां दिवि ।
शिरोवा सर्वगात्राणां धर्माणां सत्यमुत्तमम् ॥१॥
नास्तिसत्यात्परो धर्मो नानृतात्पातकं परम् ।
साक्षिधर्मे विशेषेण तस्मात् सत्यं विशिष्यते ॥२॥
एकामेवाऽद्वितीयं तु प्रब्रुवन्नावबुध्यते ।
सत्यं स्वर्गस्य सोपानं पारावारस्य नौरिव ॥३॥

जैसे मनुष्यो में ब्राह्मण, आकाश के तारागणो मे सूर्य और अन्य सब अङ्गो मे शिर (ऐसा ही) धर्मों मे सत्य उत्तम है ॥१॥ सत्य से बढकर धर्म नहींहै असत्य से बढकर पाप नही। विशेषकर साक्षी के धर्म मे। इस कारण सत्य उत्तम है॥२॥ जो एक सत्य ही कहता है दूसरी बात नही कहता वह भूलता नहीं। सत्य स्वर्ग की सीढीःहै, जैसे समुद्र मे नौका ॥३॥) ॥८२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सत्येन पूयते साक्षी धर्मः सत्येन वर्धते ।
तस्मात्सत्यं हि वक्तव्यं सर्ववर्णेषु साक्षिभिः ॥८३॥

आत्मैव ह्यात्मनः साक्षी गतिरात्मा तथात्मनः ।
मावसंस्थाः स्वमात्मानं नृणां साक्षिणमुत्तमम् ॥८४॥

सत्य से साक्षी पवित्र हो जाता है और सत्यभाषण से धर्म बढ़ता है। इसलिये सब वर्णों के साक्षियों को सत्य ही बोलना चाहिये ॥८३॥ (शुभ और अशुभ कर्मो मे) आत्मा ही अपना साक्षी है और आप ही अपनी गति (शरण) है। इसलिये इन मनुष्यों के उत्तम साक्षी अपने आत्मा का (झूंठ साक्ष्य से) अपमान मत कर ॥८४॥

मन्यन्ते वै पापकृतो न कश्चित्पश्यतीति नः ।
तांस्तु देवाः प्रपश्यन्ति स्वस्यैवान्तरपूरुषः ॥८५॥

द्यौर्भूमिरापो हृदयं चन्द्रार्काग्नि यमानिलाः ।
रात्रिः संध्ये च धर्मश्च वृत्तज्ञाः सर्वदेहिनाम् ॥८६॥

पापकरने वाले जानते हैं कि हम को कोई देखता नहीं। परंतु उन को देवता (जो अगले श्लोक में गिनाये गये है) देखते हैं और अपने ही शरीर का भीतर वाला पुरुष देखता है ॥८५॥ आकाश, भूमि जल, हृदय, चन्द्र, सूर्य, अग्नि यम, वायु रात्रि दोनों सन्ध्या और धर्म ये सब प्राणियों के शुभाशुभ कर्मोंको जानते हैं। (इस लिये साक्षी असत्य न बोले। इन जड़ पदार्थों का अधिष्ठातृ देव (परमात्मा) ज्ञाता समझो। प्रपञ्चपूर्वक कथन प्रभावार्थ है) ॥८६॥

देवब्राह्मणसान्निध्ये साक्ष्यं पृच्छेदृतं द्विजान् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

उदङ्मुखान्प्राङ्मुखान्वा पूर्वाह्णेवै शुचि शुचीन् ।८७।
ब्रूहीति ब्राह्मणं पृच्छेत्सत्यं ब्रूहीतिपार्थिवम् ।
गोवीजकाञ्चनैर्वैश्यं शूद्रं सर्वैस्तु पातकैः ॥८८॥

देवता और ब्राह्मण के समीप में पवित्र द्विजातियों को पूर्व मुख वा उत्तर मुख कराके आप शुद्ध स्वस्थचित्त हुवा अभियोक्ता सवेरेके समय सच सच वृत्तान्त पूछे ॥८७॥ 'कहो' ऐसा ब्राह्मण से पूछे। और "सच बोलो" ऐसा क्षत्रिय से पूछे और 'गाय, बीज, सुवर्ण के चुराने का पातक तुम को होगा जो झूंठ बोलोगे तो ऐसा कह कर वैश्य से पूछे। 'सब पातक तुम को लगेंगे जो झूंठ बोलोगेतो', ऐसा कह कर शूद्र से पूछे ॥८८॥

ब्रह्मघ्नोयेस्मृतालोका ये च स्त्रीबालघातिनः ।
मित्रद्रुहः कृतघ्नस्य ते ते स्युर्ब्रुवतो मृषा ॥८९।
जन्मप्रभृति यत्किञ्चित्पुण्यं भद्र त्वया कृतम् ।
तत्ते सर्वं शुनोगच्छेद्यदि ब्रूयास्त्वमन्यथा ॥९०॥

ब्राह्मण के मारने वाले और स्त्री घाती तथा बालघाती और मित्र द्रोही और कृतघ्न को जो २ लोक प्राप्त होने कहे हैं वेही झूंठ बोलने वाले को हों ॥८९॥ 'हे भद्र तूने आयु भर जो कुछ पुण्य किया है, वह सब तेरा पुण्य कुत्ते पावें, जो तू इस विषय मे अन्यथा कहे ॥९०॥

एकोऽहमस्मीत्यात्मानं यत्त्वं कल्याण मन्यसे ।
नित्यं स्थितस्ते हृद्येष पुण्यपापेक्षिता मुनिः ॥९१॥
यमो वैवस्वतो देवो यस्तवैष हृदि स्थितः ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

तेन चेद् विवादस्ते मा गङ्गां मा कुरून् गमः ।६२।

हे भद्र पुरुष ! 'मैं एकला ही हूं' ऐसा यदि अपने को मानता है तो तेरे हृदयमे नित्य पाप पुण्योंका देखने वाला मुनि (परमात्मा) तो स्थित है ॥९१॥ वैवस्वत यम (परमात्मा) जो यह तेरे हृदय में स्थित है, उस के साथ यदि विवाद नहीं है तो (पाप के प्रायश्चित्त या दण्डभोगार्थ) गङ्गा और कुरुदेशों को मत जा। (ऐसा जान पड़ता है कि आर्य राजों ने गङ्गा तट और कुरुदेशो में विकनफल भोगने के स्थान विशेष नियत कर रक्खे थे। और एक प्रकार से तो यह श्लोक पीछे का ही जान पढता है। क्यों कि गङ्गाको भागीरथ ने प्रकट किया मनु के समय मे तो यह गङ्गा का प्रवाह ही न था) ॥९२॥

नग्नो मुण्डः कपालेन भिक्षार्थी क्षुत्पिपासितः ।
अन्धः शत्रुकुलं गच्छेद्यः साक्ष्यमनृतं वदेत् ॥६३॥
अवाक्शिरास्तमस्यन्धे किल्बिषी नरकं व्रजेत् ।
यः प्रश्नं वितथं ब्रूयात्पृष्टः सन्धर्मनिश्चये ॥६४॥

जो झूंठ गवाही देवे वह कपड़े से नङ्गा, सिर मुण्डा, कपाल हाथ में लिये भिखमङ्गा, क्षुधा पिपासा से पीडित और अन्धा होकर शत्रुकुल मे गमन करे ॥९३॥ जो धर्म निर्णय के लिये पूछा हुवा असत्य बोले, वह पापी अधोमुख बडे अन्धकार रूप नरक में जावे ॥९४॥

अन्धो मत्स्यानिवाश्नाति स नरः कण्टकैः सह ।
योभाषतेऽर्थवैकल्पमप्रत्यक्षं सभां गतः ॥६५॥
यस्य विद्वान् हि वदतः क्षेत्रज्ञो नाभिशङ्कते ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

तस्मान्न देवाः श्रेयांसं लोकेऽन्यं पुरुषं विदुः ॥९६॥

जो सभामें जाकर बिना देखी बातको झूंठी बना कर बोलता है, वह अन्धा होकर कांटों सहित मछली सी खाता है ॥९५॥ जिस के बोलते हुवे चेतन जीवात्मा शङ्का नहीं करता उस से बढ़ कर देवता लोग दूसरे को अच्छा नहीं मानते ॥९६॥

यावतोबान्धवान् यस्मिन् हन्ति साक्ष्येऽनृतंवदन् ।
तावतः संख्यया तस्मिन् शृणु सौम्यानुपूर्वशः ।९७।

पञ्च पश्वनृते हन्ति दशहन्ति गवानृते ।
शतमश्वानृते हन्ति सहस्रम् पुरुषानृते ॥९८॥

हे सौम्य ! (साक्षिन्) जिस साक्ष्य मे झूंठ बोलने वाला जितनें बान्धवो को मारने का फल पाता है उस मे क्रमशः उतनों को गिनती से सुन। (देखिये बड़ो से भी भूल होती हैं। इस श्लोक में ' सौम्य '' यह सम्बोधन स्पष्ट प्रकरणानुसार गवाह (साक्षी) के लिये है। परन्तु प्राचीन भाष्यकार मेधातिथि कहते हैं कि यह सम्बोधन मनु ने भृगु को दिया है। एक पुस्तक मे इस से आगे १ प्रक्षिप्त श्लोक भी मिलता है परन्तु हमने व्यर्थ सा समझ कर उद्धृत नहीं किया) ॥९७॥ पशु के विषय मे झूंठ बोलने से पांच बान्धवो के मारने का फल पाता है। गौ के विषय में दश, घोड़े के विषय मे सौ और पुरुष के विषय में सहस्र (बान्धवो के हनन का पातक प्राप्त होता है) ॥९८॥

हन्ति जातानऽजातांश्च हिरण्यार्थेऽनृतं वदन् ।
सर्वं भूम्यऽनृते हन्ति मा स्म भूम्यऽनृतं वदीः ।९९।

सुवर्ण के लिये असत्य बोलने वाला, उत्पन्न हुवों और न हुवों

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

(होने वाले पुत्रादि) के मारने के फल को पाता है और भूमि के लिये असत्य बोलने वाला सम्पूर्ण प्राणियो के हनन का फल पाता है इस लिये तू भूमि के लिये भी झूठ मत बोल। (९९ वें से आगे नन्दन के टीके वाले पुस्तक में डेढ़ श्लोक यह अधिक प्रक्षिप्त हुआ है :-

[पशुवत्क्षौद्रघृतयोर्यच्चान्यत्पशुसम्भवम् ।
गोवद्वस्त्रहिरण्येषु धान्यपुष्पफलेषु च ।
अश्ववत्सर्वयानेषुखरोष्ट्रवतरादिषु]

शहद और घृत के विषय में झूंठी गवाही देने वाले को पशु विषयकसमानपातक लगता है और अन्यभी जो कुछ[पशुसे उत्पन्न (दुग्धादि) पदार्थ हैं, उन में भी। वछड़ों वा सुवर्ण के विषय में गौ के तुल्य,धान्य पुष्प और फलो के विषय में भी। गधा ऊंट बतरादि सब सवारियो के विषय में झूंठ गवाह को घोड़ेके विषय में कहे असत्य जनित पातक के तुल्य पातक लगता है) ॥९९॥

अप्सु भूमिवदित्याहुः स्त्रीणां भोगे च मैथुने ।
अब्जेषु चैव रत्नेषु सर्वेष्वश्ममयेषु च ॥१००॥

(तालाव, बावड़ी इत्यादि) जलाशय के विषयमे और स्त्रियो के भोग मैथुन मे और (मोत्तिकादि) जलोत्पन्न रत्नो के विषय मे तथा हीरा आदि पत्थरो के विषय मे (झूंठ बोलने का) भूमि के पातक समान (पातक) है। (१०० वें के आगे भी ५ पुस्तकों में यह श्लोक अधिक मिलता है:—

[पशुवत् क्षौद्रघृतयोर्यानेषु च तथाऽश्ववत् ।
गोवद्रजतवस्त्रेषु धान्ये ब्राह्मणवद्विधिः ॥]

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

शहद और घृत मे पशु के तुल्य सवारियों में घोड़े के तुल्य, चांदी और वस्त्रो मे गौ के तुल्य और धान्य के विषय मे असत्य गवाही देने वाले को ब्राह्मण विषयक पाप के समान पाप होता है] ॥१००॥

एतान्दोषानवेक्ष्य त्वं सर्वाननृतभाषणे ।
यथाश्रुतं यथादृष्टं सर्वमेवाञ्जसा वद ॥१०१॥
गोरक्षकान्वाणिजिकांस्तथा कारुकुशीलवान् ।
प्रेष्यान्वार्धुषिकांश्चैव विप्रान शूद्रवदाचरेत् ।१०२।

इन सब झूंठ बोलने मे पातकों को समझ कर जैसा देखा और सुना है, वही सब शीघ्र कह ॥१०१॥ गौ रखाने वाले, बनिये लुहार, बढई आदि के काम वा रसोई करने वाले, गाने बजाने वाले, हलकारे की नौकरी करने वाले और व्याज से जीने वाले ब्राह्मणों से भी (राजा) शूद्र के समान प्रश्न करे। (१०२ वें से आगे भी एक पुस्तक में यह श्लोक अधिक है :-

[येऽप्यतीताः स्वधर्मेभ्यः परपिण्डोपजीविनः ।
द्विजत्वमभिकाङ्क्षन्ति तांश्च शूद्रानिवाचरेत् ॥]

जो लोग अपने वर्ण धर्मों को छोड़ कर पराई जीविका करने लगे हों और द्विज होने की इच्छा करें उन को राजा शूद्र के तुल्य सम्बोधन करे। इसी तात्पर्य का श्लोक एक अन्य पुस्तक मे इसी जगह मिलता है। यथा-

[येऽप्यपेताः स्वकर्मभ्यः परकर्मोपजीविनः ।
द्विजा धर्मं विजानन्तस्तांश्च शूद्रवदाचरेत्]।१०२।

"तद्वदन्धर्मतोऽर्थेषु जानन्नप्यन्यथा नरः ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

न स्वर्गाच्च्यवते लोकाद्दैवीं वाचं वदन्ति ताम् ॥१०३॥
शूद्रविट्क्षत्रविप्राणां यत्रर्तोक्तौ भवेद्वधः ।
तत्र वक्तव्यमनृतं तद्धि सत्याद्विशिष्यते ॥१०४॥"

जो पुरुष जानता हुआ भी धर्म के व्यवहारों में अन्यथा कहने वाला है, वह स्वर्ग लोक से भ्रष्ट नहीं होता। क्यों कि उस (असत्य) को देववाणी कहते हैं ॥१०३॥ जिस मुकद्दमे में शूद्र, वैश्य, क्षत्रिय और ब्राह्मणों का सच बोलने से वध हो वहां झूंठ बोलना चाहिये, क्यों कि वह सच से अधिक है ॥१०४॥

"वाग्दैवत्यैश्च चरुभिर्यजेरंस्ते सरस्वतीम्।
अनृतस्यैनसस्तस्य कुर्वाणानिष्कृतिं पराम् ॥१०५॥
कूष्माण्डैर्वापि जुहुयाद् घृतमग्नौ यथाविधि।
उदित्यृचा वा वारुण्या तृचेनाब्दैवतेन वा ॥१०६॥

उस झूंठ बोलने के पाप का अत्यन्त प्रायश्चित्त करते हुवे (वे साक्षी) वाग्देवता सम्बन्धी चरु से सरस्वती का यजन करें ॥१०५॥ अथवा कूष्माण्डों (यद्देवादेवहेडनम् इत्यादि यजु० २० । १४ मन्त्रों) से यथाविधि घृत को अग्नि में हवन करे। वा 'उदुत्तमं वरुणपाशम०' यजु० १२। १२ इस वरुण देवता वाले मन्त्र से वा (आपोहिष्ठा० यजु० ११। ५०) इन जल देवता की ३ ऋचाओं से (पूर्वोक्त आहुति करे)॥"

(१०३ से १०६ तक ४ श्लोक ठीक नहीं जान पड़ते। १०३ में असत्य साक्ष्य से भी धर्मनिमित्त बोलने में दोष नहीं बताया; फिर १०४ में उस धर्मनिमित्त को स्पष्ट किया है कि ब्राह्मणादि चारों को सत्य साक्ष्य देने से वध दण्ड होता देखे तो झूठ बोल दे। वह झूंठ सच से बढ कर है। १०५। १०६ में उस झूठ बोलने के पाप का प्रायश्चित्त है। धर्मशास्त्र का सिद्धान्त है कि अन्यायोपार्जित

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

धनादि के व्यय से पुण्यकार्य करने मे पुण्य नहीं है जैसा कि पूर्व मनु ही कहते आये हैं। फिर चारों वर्ण किसी को मार डालें और राजा के सामने कोई सच्ची गवाही न दे तो कदाचित् चण्डालादि ही शेष बचे वध दण्ड पा सके। अन्य तो चार वर्ण छूट ही गये। फिर यह विचारना चाहिये कि यदि यह झूंठ सच से बढ़ कर है तो पाप के होते हुवे प्रायश्चित्त किस बात का है? इस विषय में मेधातिथि ने १०० श्लोको के बराबर इन्हीं चार श्लोकों पर भाष्य बढ़ा कर समाधान का उद्योग किया है परन्तु उस समाधान से सन्तोष नहीं होता) ॥१०६॥

त्रिपक्षादब्रुवन्साक्ष्यमृणादिषु नरोऽगदः।
तदृणं प्राप्नुयात्सर्वं दशबन्धं च सर्वतः ॥१०७॥
यस्य दृश्येत सप्ताहादुक्तवाक्यस्य साक्षिणः।
रोगोऽग्निर्ज्ञातिमरणमृणं दाप्योदमं च सः ॥१०८॥

व्याधि आदि विघ्नरहित मनुष्य लेन देन के विषय मे डेढ़ महीने तक गवाही न देवे तो महाजन का कुल ऋण (रुपया) देवे और उस सब रुपये का दशवां भाग राजा को दण्ड देवे ॥१०७॥ जिस गवाही देकर गये हुवे साक्षी के सात दिन के भीतर रोग, अग्नि और पुत्रादि का मरण होजाय तो वह महाजन को रुपया और राजा को दण्ड देने योग्य है।

(सब भाष्यकारों ने ऐसे साक्षी को इस हेतु झूंटा माना है कि दैवी आपत्तियां उस की झूंठी गवाही का प्रमाण हैं। सर्वज्ञ नारायण भाष्यकार ने इतना अधिक लिखा है कि (तत्प्रागनुत्पजा-तन्निमित्तकृतं माह्यम) "अर्थात् जब कि रोगोत्पत्ति गृहादिमे अग्नि लाने और पुत्रादि की मृत्यु का हेतु गवाही देने से पहला न हो तब उसे झूंठागवाह समझना चाहिये" परन्तु यह भी युक्ति दुर्बल

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

जान पड़ती है और प्रायः रोगादि के हेतु बहुत प्राचीन होते हैं और जाने नहीं जा सकते, इस दशा मे बड़ा अन्याय होगा। तथा वैद्यादि के भरोसे बड़ा कार्य जा पड़ेगा और अग्नि लगने के हेतु जानने में तथा पुत्रादि की मृत्यु का हेतु जानने मे असंख्य कठिनाई हैं और फिर भी पूरा निश्चय होना कठिन ही है। इत्यादि कारणों से हमारी सम्मति में तो राजद्वारादि लौकिक निर्णयो में दैवानुमान उचित नहीं है) ॥१०८॥

असाक्ष्यकेषु त्वर्थेषु मिथो विवदमानयोः।
अविन्दंस्तत्त्वतः सत्यं शपथेनापि लम्भयेत् ॥१०९॥
"महर्षिभिश्च देवैश्च कार्यार्थं शपथाः कृताः।
वसिष्ठश्चापि शपथं शेपे वै यवने नृपे ॥११०॥"

बिना गवाह के मुक़द्दमो मे आपस में झगड़े वाले दोनो के सत्य वृत्तान्त ज्ञात न होने पर शपथ (हलफ़) से भी निर्णय कर लेवे ॥१०९॥ "क्योंकि महर्षि और देवतो ने कार्य के लिये शपथें कीं, वसिष्ठ जी ने भी यवन राजा के सामने शपथ किया था॥" (कहां वसिष्ठ ! कहां यवन ! और कहां मनु ! यह सब पश्चात् की रचना स्पष्ट है) ॥११०॥

न वृथा शपथं कुर्यात्स्वल्पेऽप्यर्थे नरो बुधः।
वृथा हि शपथं कुर्वन्प्रेत्य चेह च नश्यति ॥१११॥
कामिनीषु विवाहेषु गवां भक्ष्ये तथेन्धने।
ब्राह्मणाभ्युपपत्तौ च शपथे नास्ति पातकम् ॥११२॥

थोड़े अर्थ में भी पण्डित मिथ्या शपथ न करे क्योंकि वृथा शपथ करने वाला इस लोक तथा परलोक में नाशको प्राप्त होता है ॥१११॥ सुरत लाभको कामिनीके विषयमे, विवाहोंमें, गौवोंके चारे

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

इन्धन और ब्राह्मण की रक्षा के लिये (वृथा शपथ करने मे पातक नहीं है ॥'

(यह अपवाद भी अन्यायप्रवर्त्तक, असत्यपोषक तथा धर्म शास्त्रके सत्यसिद्धान्तका बाधक और 'ब्राह्मणाभ्युपपत्तौ ब्राह्मणस्य विपत्तौ ब्राह्मणावपत्तौ' ये तीनपाठ भी भिन्न २ प्रकार मिलते हैं)११२

सत्येन शापयेद्विप्रं क्षत्रियं वाहनायुधैः।
गोबीजकाञ्चनैर्वैश्यं शूद्रं सर्वैस्तु पातकैः ॥११३॥

'अग्निं वा हारयेदेनमप्सु चैनं निमज्जयेत्।
पुत्रदारस्य वाप्येनं शिरांसि स्पर्शयेत्पृथक् ॥११४॥"

ब्राह्मण को सत्य की शपथ (कसम) करावे। क्षत्रिय को वाहन तथा आयुध (हथियार) की वैश्य को गाय या बैल, बीज और सोनेकी और शूद्र को सम्पूर्ण पातकों से [शपथ (कसम) करावे] ॥११३॥ "जलते अग्नि को (शुद्ध साक्षी) से उठवावे और पानी मे इस को डुबावे और पुत्र स्त्री के शिर पर अलग २ इस से हाथ धरावे ॥११४॥"

"यमिद्धो न दहत्यग्निरापो नोन्मज्जयन्ति च।
न चार्तिमृच्छति क्षिप्रं स ज्ञेयः शपथे शुचिः ॥११५॥
वत्सस्य ह्यभिशस्तस्य पुरा भ्रात्रा यवीयसा।
नाग्निर्ददाह रोमापि सत्येन जगतः स्पृशः ॥११६॥'

'जिस को जलती आग नहीं जलाती और पानी जिस को नहीं डुबाते और जिस को पुत्रादि के वियोगजनित बड़ी पीड़ा जल्दी नहीं प्राप्त होती वह (शूद्र) शपथ मे सच्चा जानना चाहिये ॥११५॥ क्योंकि पूर्व काल में वत्स ऋषि को छोटे भ्राता ने कहा कि (तू शूद्रा का लड़का है ब्राह्मण का नहीं, इस कहने से उस

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ने जगत् के शुभाशुभ जानने वाले अग्नि में प्रवेश किया, सो सत्य के कारण) अग्नि ने उसका एक रोम भी नहीं जलाया।

(११४ । ११५ । ११६ भी असंभवादि दोषों से चिन्त्य होने के अतिरिक्त वत्स ऋषि के इतिहास से अत्यन्त स्पष्ट है कि पीछे से मिलाये गये । इस प्रकरण में ८२ से आगे ३, ९९ से आगे १॥ १०० वे से आगे १, १०२ से आगे १ और दूसरे पुस्तक में १ सब ७॥ श्लोक तो स्पष्ट ही सब पुस्तको में नहीं पाये जाते । इसपर इन इतिहासों से और भी निश्चित होता है कि हमारे प्रक्षिप्त बताये हुवे श्लोक जो सब पुस्तको में मिल रहे है, वे भी अवश्य पीछे से ही मिले हैं)॥११६॥

यस्मिन्यस्मिन्विवादे तु कौटसाक्ष्यं कृतं भवेत् ।
तत्तत्कार्यं निवर्तेत कृतं चाप्यकृतं भवेत् ॥११७॥
लोभान्मोहाद्भयान्मैत्र्यात्कामात् क्रोधात्तथैव च ।
अज्ञानाद्बालभावाच्च साक्ष्यं वितथमुच्यते ॥११८॥

जिस मुकद्दमे मे गवाही ने झूंठी गवाही दी ऐसा निश्चय हो उस मुकद्दमे को फिर से दोहरावे और जो दण्डादि कर चुका हो उसे नहीं किया समझे (फिर से विचार हो) ॥११७॥ लोभ, मोह, भय, मित्रता काम क्रोध अज्ञान तथा लड़कपन से गवाही झूंठी कही जाती है ॥११८॥

एषामन्यतमे स्थाने यः साक्ष्यमनृतं वदेत् ।
तस्य दण्डविशेषांस्तु प्रवक्ष्याम्यनुपूर्वशः ॥११९॥
लोभात्सहस्रं दण्ड्यस्तु मोहात्पूर्वं तु साहसम् ।
भयाद् द्वौ मध्यमौ दण्डौ मैत्र्यात्पूर्वं चतुर्गुणम्॥१२०।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

इन लोभादि मे से किसी कारण मुकद्दमे मे जो झूंठी गवाही दे, उस के दण्ड विशेष क्रम ये आगे कहता हूं ॥११९॥ लोभ से (मिथ्या गवाही देने वाले पर) 'हजार" पण [१५॥≈)] दण्ड हो और मोह से कहने वाले को 'प्रथम साहस" [३॥≈)] दण्ड देवे और भय से कहने वाले को 'दो मध्यम साहस" [१५॥)] दण्ड और मैत्री से झूंठ कहने वाले को 'प्रथम साहस का चतुर्गुण [१५॥)] दण्ड देवे " " चिन्हित परिमाण संज्ञा आगे १३१ से १३८ तक संज्ञा प्रकरण मे कहे अनुसार जानिये) ॥१२०॥

कामाद्दशगुणं पूर्वं क्रोधात्तु त्रिगुणं परम् ।
अज्ञानाद् द्वे शते पूर्णे बालिश्याच्छतमेव तु ॥१२१॥

एतानाहुः कौटसाक्ष्ये प्रोक्तान्दण्डान् मनीषिभिः ।
धर्मस्याव्यभिचारार्थमधर्मनियमाय च ॥१२२॥

कामनिमित्त (असत्य गवाही दे तो) प्रथम साहस दशगुण' [३९-)] और क्रोध से (झूंठी गवाही दे तो) तिगुणा उत्तम साहस' [४६॥॥≈)] और अज्ञान से (झूंठी गवाही दे तो) सौ पण [१॥-)] दण्ड पावे ॥ (हमने पण को एक पैसा कल्पित करके ये रकम लिखी हैं परन्तु इसमे कुछ अन्तर है। आज कल का सिक्का उस में ठीक नहीं मिलता) ॥१२१॥ सत्यरूप धर्म के लोप न होने और असत्यरूपी अधर्म के दूर होने के लिये झूंठे साक्षी को ये दण्ड विद्वानो ने कहे हैं ॥१२२॥

कौटसाक्ष्यं तु कुर्वाणांस्त्रीन्वर्णान्धार्मिको नृपः ।
प्रवासयेद्दण्डयित्वा ब्राह्मणं तु विवासयेत् ॥१२३॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

दशस्थानानि दण्डस्य मनुः स्वायंभुवोऽब्रवीत् ।
त्रिषु वर्णेषु यानि स्युरक्षतो ब्राह्मणो व्रजेत् ॥१२४॥

धार्मिक राजा झूंठी गवाही देने वाले तीनों वर्ण को दण्ड देकर देश से बाहर निकाल देवे और ब्राह्मण को (केवल) निकाल दे ॥१२३॥ जो दण्ड के १० स्थान स्वायंभुव मनु ने कहे है, वे क्षत्रियादि तीन वर्णों को हैं। और ब्राह्मण को विना चोटके (केवल) निकाल देवे ॥ (मनुरब्रवीत्० से संदेह तो स्पष्ट है कि यह अन्यकृत है)॥१२४॥

उपस्थमुदरं जिह्वा हस्तौ पादौ च पञ्चमम् ।
चक्षुर्नासा च कर्णौ च धनं देहस्तथैव च ॥१२५॥
अनुबन्धं परिज्ञाय देशकालौ च तत्त्वतः ।
सारापराधौ चालोक्य दण्डं दण्ड्येषु पातयेत् ॥१२६॥

लिङ्ग उदर जीभ हाथ पाचवें पैर और आंख, नाक, कान धन और देह (ये १० दण्ड के स्थान हैं) ॥१२५॥ प्रकरण (सिलसिले) को समझ कर देशकाल को ठीक २ जानकर और (धन शरीरादि) सामर्थ्य तथा अपराधको देखकर दण्डके योग्यों को दण्ड देवे।१२६।

अधर्मदण्डनं लोके यशोघ्नं कीर्तिनाशनम् ।
अस्वर्ग्यं च परत्रापि तस्मात्तत्परिवर्जयेत् ॥१२७॥
अदंडयान्दण्डयन् राजा दण्डयांश्चैवाप्यदण्डयन् ।
अयशो महदाप्नोति नरकं चैव गच्छति ॥१२८॥

क्योंकि अधर्म से दण्ड देना लोगों में इस जन्म मे यश और (आगे को) कीर्ति का नाश करने वाला है और परलोक में

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

स्वर्ग का अहित करने वाला है। इस कारण उसे न करे (अर्थात् वेदन्साक्षी से स ना न देवे) ॥१२७॥ अदण्डनीयों को दण्ड देता हुआ और दण्डनीयों को छोड़ देने वाला राजा बड़े अपयश का पाता और नरक मे भी जाता है ॥१२८॥

वाग्दण्डं प्रथमं कुर्याद्धिग्दण्डं तदनन्तरम् ।
तृतीयं धनदण्डंतु वधदण्डमतः परम् ॥१२९॥
वधेनापि यदा त्वेतान्निग्रहीतुं न शक्नुयात् ।
तदेषु सर्वमप्येतत्प्रयुञ्जीत चतुष्टयम् ॥१३०॥

प्रथम वाग्दण्ड देवे (अर्थात् यह कहे कि तूने यह बुरा किया इस कहने पर न माने तो) दूसरी वार धिक्कार दण्ड देवे। तीसरी वार धनदण्ड (जुरमाना) करे। चौथी वार वधदण्ड=(अपराधानुसार) देह दण्ड देवे ॥१२९॥ यदि देहदण्ड मे भी इनको वश में न कर सके तो इन पर वाग्दण्डादि सब चारो दण्ड करे ॥१३०॥

लोकसंव्यवहारार्थं याः संज्ञाः प्रथिता भुवि ।
ताम्ररूप्यसुवर्णानां ताः प्रवक्ष्याम्यशेषतः ॥१३१॥
जालान्तरगते भानौ यत्सूक्ष्मं दृश्यते रजः ।
प्रथमं तत्प्रमाणानां त्रसरेणुं प्रचक्षते ॥१३२॥

तावा चान्दी और सोने की जो (पणादि) संज्ञा लोगों के व्यवहार के लिये पृथिवी मे प्रसिद्ध है उन सब को (दण्डप्रकरणोपयोगी होने से) आगे कहता हूं ॥१३१॥ मकान के रोशनदान मे सूर्य की धूप मे जो बारीक २ छोटे रज (जर्रे) दीखते हैं, इस मापे को प्रमाणोंमे पहिला (परिमाण) "त्रसरेणु" कहते है ॥१३२॥

त्रसरेणवोऽष्टौ विज्ञेया लिक्षैका परिमाणतः ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ता राजसर्षपस्तिस्रस्ते त्रयो गौरसर्षपः ॥१३३॥
सर्षपाःषड्यवो मध्यस्त्रियवं त्वेककृष्णलम् ।
पञ्चकृष्णलको माषस्ते सुवर्णस्तु षोडश ॥१३४॥

आठ त्रसरेणु की एक 'लिक्षा' और तीन लिक्षा की एक 'राज सर्षप'=राई और तीन राई का एक "श्वेत सरसों" जानिये ॥१३३॥ और छ सरसों का एक मझला "यव" और तीन यव का एक "कृष्णल" और पांच कृष्णल का एक "माष" और सोलह माषों का एक "सुवर्ण" होता है ॥१३४॥

पलं सुवर्णाश्चत्वारः पलानि धरणं दश ।
द्वे कृष्णले समधृते विज्ञेयो रौप्यमाषकः ॥१३५॥
ते षोडश स्याद्धरणं पुराणश्चैव राजतः ।
कार्षापणं तु विज्ञेयस्ताम्रिकः कार्षिकः पणः ॥१३६॥

चार सुवर्ण का एक "पल" दश पल का एक धरण बराबर केरे कृष्णल का १ रौप्यमाषक (चान्दी का मापक) जाने ॥१३५॥ सोलह मापक का १ "रौप्यधरण" और चान्दी का 'पुराण' भी होता है। तांबे के कर्ष भर के पण (पैसे) कार्षापण को ताम्रिक कार्षिक पण जाने ॥१३६॥

धरणानि दश ज्ञेयः शतमानस्तु राजतः ।
चतुःसौवर्णिको निष्को विज्ञेयस्तु प्रमाणतः ॥१३७॥
पणानां द्वे शते सार्धे प्रथमः साहसः स्मृतः ।
मध्यमः पञ्च विज्ञेयः सहस्रं त्वेव चोत्तमः ॥१३८॥

दश धरण का एक चांदी का "शतमान" जाने और प्रमाण

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

से चार सुवर्ण को १ "निष्क" जाने ॥१६७॥ दो सौ पचास पणों का प्रथम साहस' कहा है और पांच सौ पणों का 'मध्यमसाहस' तथा १ सहस्र पणों का उत्तम साहस जानें ॥१३८॥

ऋणेदेये प्रतिज्ञाते पञ्चकं शतमर्हति ।
अपह्नवे तद्द्विगुणं तन्मनोरनुशासनम् ॥१३९॥

वसिष्ठविहितां वृद्धिं सृजेद्वित्तविवर्धनीम् ।
अशीतिभागं गृह्णीयान्मासाद्वार्धुषिकः शते ॥१४०॥

यदि करजदार सभामें कहदे कि मुझे महाजन का रुपया देना है तो पांच प्रतिसैकड़ा दण्ड योग्य है और इंकार करे (परन्तु सभा मे फिर प्रमाणित हो) तो दश प्रति सैकड़ा दण्ड देने योग्य है। इस प्रकार (मुझ) मनु की आज्ञा है ॥१३९॥ धन को वढ़ाने वाली वसिष्ठोक्त वृद्धि (सूद) अस्सीवां भाग सौ पर व्याज खाने वाला मासिक ग्रहण करे (अर्थात् सवा रुपया सैंकड़ा व्याज ले ॥१३९ व १४० में भी नवीनता की झलक तो है क्योंकि 'मनु की आज्ञा" और वसिष्ठ का नाम आया है) ॥१४०॥

द्विकं शतं वा गृह्णीयात्सतां धर्ममनुस्मरन् ।
द्विकं शतंहि गृह्णानो न भवत्यर्थकिल्बिषी ॥१४१॥

द्विकं त्रिकं चतुष्कं च पंचकंच शतं समम् ।
मासस्य वृद्धिं गृह्णीयाद्वर्णानामनुपूर्वशः ॥१४२॥

सत्पुरुषो के धर्म का स्मरण कर (बड़ो का नाम ले) दो रुपया सैकड़ा व्याज ग्रहणकरे। दो रुपया सैंकड़ा व्याज ग्रहणकरने वाला उस धनसे पापी नहीं होता ॥१४१॥ ब्राह्मणादि वर्णों से क्रमसे दो, तीन, चार और पांच रुपये सैंकड़ा माहवारीव्याज ग्रहणकरे ।१४२।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

नत्वेवाधौसोपकारे कौसीदीं वृद्धिमाप्नुयात् ।
न चाधेः कालसंरोधान्निसर्गोऽस्ति न विक्रयः ॥१४३॥
न भोक्तव्यो बलादाधिर्भुञ्जानो वृद्धिमुत्सृजेत् ।
मूल्येन तोषयेच्चैनमाधिस्तेनोन्यथा भवेत् ॥१४४॥

(भूमि गौ धन आदि) भोगयुक्त पदार्थ बन्धक गिरवी रक्खे तो पूर्वोक्त ब्याज न ग्रहण करे और बहुत दिन होने पर भी उसके अन्य को देदेने या बेचने का धनी को अधिकार नहीं है ॥१४३॥ आधि (गिरवी की चीज) को जबरदस्ती भोग न करे । यदि भोग करे तो ब्याज छोड़ देवे या मूल्य से उस (वस्तु स्वामी) को (उन वस्त्रालङ्कारादि को भोगने से जो घाटा हुआ है उसका मूल्य देकर) प्रसन्न करे नहीं तो बन्धक चोर कहलावे ॥१४४॥

आधिश्चोपनिधिश्चोभौ न कालात्ययमर्हतः ।
अवहार्यौ भवेतां तौ दीर्घकालमवस्थितौ ॥१४५॥
सम्प्रीत्या भुज्यमानानि न नश्यन्ति कदाचन ।
धेनुरुष्ट्रो वहन्नश्वो यश्च दम्यः प्रयुज्यते ॥१४६॥

आधि=बन्धक (गिरवी) और उपनिधि (अमानत=प्रीतिपूर्वक उपयोग के लिये दी हुई वस्तु) इन दोनों में काल बीतने से स्वत्व नष्ट नहीं होता । बहुत दिन की भी रक्खी को जब स्वामी चाहे तब ले सकता है ॥१४५॥ प्रीतिपूर्वक (अन्य से) उपभोग किये जाते गाय ऊंट, घोड़ा..बैल आदि कामों में लाये जावें तो इन पर का स्वामित्व नहीं जाता रहता ॥१४६॥

यत्किञ्चिद्दश वर्षाणि सन्निधौ प्रेक्षते धनी ।
भुज्यमानं परैस्तूष्णीं न स तल्लब्धुमर्हति ॥१४७॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अजडश्चेदपौगण्डो विषये चास्य भुज्यते ।
भग्नं तद्व्यवहारेण भोक्ता तद् द्रव्यमर्हति ॥१४८॥

यदि किसी वस्तु को अन्य लोग दश वर्ष तक वर्तते रहें और उसका स्वामी चुपचाप देखतारहे तो फिर वह उसे नहीं पा सकता ॥१४७॥ जो (वस्तु स्वामी) पागल न हो और न पौगण्ड (बालक) हो और उसी के सामने वस्तु को पर पुरुष भोगता रहे तो अदालत में उसका अधिकार नहीं रहता किन्तु भोक्ता ही उसको पाने योग्य ॥१४८॥

आधिः सीमा बालधनं निक्षेपोपनिधिः स्त्रियः ।
राजस्वं श्रोत्रियस्वं च न भोगेन प्रणश्यति ॥१४९॥

यः स्वामिनाऽननुज्ञातमाधिं भुङ्क्ते विचक्षणः ।
तेनार्धवृद्धिर्मोक्तव्या तस्य भोगस्य निष्कृतिः ॥१५०॥

बन्धक (गिरवी) सीमा, बालधन, धरोहर प्रीतिपूर्वक भोगार्थ दिया धन, स्त्री और राजा का धन तथा श्रोत्रिय का धन इन को (दश वर्ष) भोगने से भी भोग करने वाला नहीं पासकता (इस से आगे १ पुस्तक मे एक श्लोक अधिक है) ॥१४९॥ जो चालाक मनुष्य आधि (गिरवी) को बिना स्वामी के कहे भोगता है, उसे उस भोग के बदले आधा सूद लेना चाहिये ॥१५०॥

कुसीदवृद्धिर्द्वैगुण्यं नात्येति सकृदाहृता ।
धान्ये सदे लवे वाह्ये नातिक्रामति पञ्चताम् ॥१५१॥

कृतानुसारादधिका व्यतिरिक्ता न सिध्यति ।
कुसीदपथमाहुस्तं पंचकं शतमर्हति ॥१५२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

(रुपयों का) सूद एकवार लेने पर मूल धन से दूने से अधिक नहीं होसकता और धान्य वृक्षके मूल और फल ऊन और वाहन ५ गुने से अधिक नहीं हो सकते ॥१५१॥ ठहराये से अधिक व्याज शास्त्र के विपरीत नहीं मिल सकता। व्याज का मार्ग इसीको कहा है कि (अधिक से अधिक) पांच रुपये सैकड़ा लिया जा सकता है ॥१५२॥

नातिसांवत्सरीं वृद्धिं न चादृष्टां पुनर्हरेत्।
चक्रवृद्धिःकालवृद्धिः कारिता कायिका च या ॥१५३॥
ऋणं दातुमशक्तोयः कर्तुमिच्छेत् पुनः क्रियाम्।
स दत्वा निर्जितावृद्धिंकरणं परिवर्तयेत् ॥१५४॥

एक वर्ष हो जानेपर (जो माहवारी सूद ठहरा हो ग्रहणकरले) अधिक समय न बढ़ावे और मूल पर सूद और माहवारी सूद और सूद के दबाव से ऋण कराके उस पर सूद और शरीर से कोई काम सूद में न ले ॥१५३॥ जो ऋण देने को असमर्थ है और फिर से हिसाब करना चाहे वह चढ़ा हुआ सूद देकर दूसरा करण (कागज=तमस्सुक) बदल देवे ॥१५४॥

अदर्शयित्वा तत्रैव हिरण्यं परिवर्तयेत्।
यावती संभवेद् वृद्धिस्तावतीं दातुमर्हति ॥१५५॥
चक्रवृद्धिं समारूढो देशकालव्यवस्थितः।
अतिक्रामन्देशकालौ न तत्फलमवाप्नुयात् ॥१५६॥

यदि सूद भी न दे सके तो सूद के धन को मूल में जोड़ देवे और फिर जितनी संख्या व्याज सहित हो उतनी देने योग्य है ॥१५५॥ चक्र वृद्धि का आश्रय करने वाला महाजन देश काल से

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

नियमित हुवा ही फल पावे, किन्तु नियत देश वा काल को उल्लंघित करने वाले फल को नहीं प्राप्त हो (मियाद गुज़रने पर हक़दार न रहें) ॥१५६॥

समुद्रयानकुशला देशकालार्थ दर्शिनः ।
स्थापयन्ति तु यां वृद्धिं सा तत्राधिगमं प्रति ॥१५७॥

यो यस्य प्रतिभूस्तिष्ठेद्दर्शनायेह मानवः ।
अदर्शयन् स तं तस्य प्रयच्छेत्स्वधनादृणम् ॥१५८॥

समुद्रपथ के यान में कुशल, और देश काल अर्थ के जानने वाले (अर्थात् इतनी दूर इतने दिन तक, इस काम के करने मे यह लाभ होता है इसको जानने वाले महाजन) जिस वृद्धि का स्थापन करते हैं वही उसमे प्रमाण है ॥१५७॥ जो मनुष्य जिस को हाज़िर करने के लिये प्रतिभू (जामिन) हो वह उसको सामने न करे तो अपने पास से उसका ऋण दे ॥१५८॥

प्रातिभाव्यं वृथादानमाक्षिकं सौरिकं च यत् ।
दण्डशुल्कावशेषं च न पुत्रो दातुमर्हति ॥१५९॥

दर्शनप्रातिभाव्ये तु विधिःस्यात्पूर्वचोदितः ।
दानप्रतिभुवि प्रेते दायादानपि दापयेत् ॥१६०॥

प्रतिभू होने (जमानत) का धन और वृथा दान तथा जुवे का रुपया मद्य का रुपया और दण्ड शुल्क का शेष, (ये सब पिता के मरने पर उसके बदले) पुत्र देने योग्य नहीं है ॥१५९॥ सामने कर देने के प्रतिभाव्य (जमानत) में ही पूर्वोक्त विधि है (अर्थात् पिता की जमानत पिता ही देवे) और धन देने का प्रतिभू (जामिन) मर जावे तो उस के वारिसो से भी दिलावे ॥१६०॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अदातरि पुनर्दाता विज्ञातप्रकृतावृणम् ।
पश्चात्प्रतिभुवि प्रेते परीप्सेत्केन हेतुना ॥१६१॥

निरादिष्टधनश्चेत्तु प्रतिभूः स्यादलंधनः ।
स्वधनादेव तद्दद्यान्निरादिष्ट इति स्थितिः ॥१६२॥

अदाता प्रतिभू (जिसने देने की जमानत न की हो किन्तु अधमर्ण को सामने कर देना मात्र स्वीकार किया हो) जिसकी प्रतिज्ञा दाता ने जान भी रक्खी है (कि वह देने का प्रतिभू नहीं बना था) उसके मर जाने के पश्चात् (उस के पुत्रादि दायादों से) दाता अपना ऋण किस हेतु से पाना चाहे? (किसी से भी नहीं) ॥१६१॥ यदि [प्रतिभू] (जामिन) को अधमर्ण रुपया सौंप गया हो इसलिये प्रतिभू के पास वह रुपया हो पर अधमर्ण ने आज्ञा न दी हो [कि तुम उत्तमर्ण को दे देना तो वह] निरदिष्ट प्रतिभू (जामिन) अपने पास अवश्य उत्तमर्ण का ऋण देवे यह निर्णय है ॥१६२॥

मत्तोन्मत्तार्त्ताध्यधीनैर्बालेन स्थविरेण वा ।
असंबद्धकृतश्चैव व्यवहारो न सिध्यति ॥१६३॥

सत्या न भाषा भवति यद्यपि स्यात् प्रतिष्ठिता ।
वहिश्चेद्भाष्यते धर्मान्नियताद्व्यावहारिकात् ॥१६४॥

मत्त, उन्मत्त, आर्त्त परतन्त्र, वाल और वृद्धों का तथा पूर्वापर विरुद्ध किया हुवा व्यवहार सिद्ध नहीं होता ॥१६३॥ आपस की भाषा (शर्त व इकरार) चाहे लिखा पढी से वा जवानी ठहरी भी हो तो भी यदि धर्म (कानून) या परम्परा के रिवाज के विरुद्ध ठहरी हो तो सच्ची नही मानी जाती ॥१६४॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

योगाधमनविक्रीतं योगदानप्रतिग्रहम् ।
यत्र वाप्युपधिं पश्येत्तत्सर्वं विनिवर्तयेत् ॥१६५॥
ग्रहीता यदि नष्टः स्यात्कुटुम्बार्थे कृतो व्ययः ।
दातव्यं बान्धवैस्तत्स्यात्प्रविभक्तैरपि स्वतः ॥१६६॥

छल से किये हुवे बन्धक (गिरवी) विक्रय दान, प्रतिग्रह और निक्षेप=धरोहर भी लौटा देवें ॥१६५॥ कुटुम्ब के लिये ऋण लेकर व्यय करने वाला यदि मरजावे तो उसके बान्धव विभाग किये हुवे वा न विभाग कियेहुवेहों अपनेधनसे उसके बदले ऋणदेवे ।१६६।

कुटुम्बार्थेऽध्यधीनोपि व्यवहारं यमाचरेत् ।
स्वदेशे वा विदेशेवा तं ज्यायान्नविचालयेत् ॥१६७॥
बलाद्दत्तं बलाद्भुक्तं बलाद्यच्चापि लेखितम् ।
सर्वान्बलकृतानर्थानकृतान्मनुरब्रवीत् ॥१६८॥

जो कोई अधीन (पुत्रादि) भी कुटुम्बके लिये स्वदेश वा विदेश में कुछ व्यवहार=लेन देन करले तो उसका बड़ा (अधिष्ठाता) उसे विचलित न करे (कबूल ही करे) ॥१६७॥ बलात्कारसे दिया, भोग किया और बलात्कार से जो कुछ लिखाया तथा बलात्कारसे कराये सब काम नहीं किये के समान (शुन्य) मनु ने कहे हैं ॥१६८॥

त्रयः परार्थे क्लिश्यन्तिसाक्षिणः प्रतिभूः कुलम् ।
चत्वारस्तूपचीयन्ते विप्रआढ्योवणिङ्नृपः ॥१६९॥
अनादेयं नाददीतपरिक्षीणोऽपिपार्थिवः ।
नचादेयं समृद्धोपि सूक्ष्ममप्यर्थमुत्सृजेत् ॥१७०॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

तीन दूसरे के लिये क्लेश पाते हैं साक्षी, प्रतिभू तथा कुल और चार दूसरे के कारण बढ़ते हैं ब्राह्मण धनी बनिया और राजा ॥१६९॥ क्षीण धन वाला भी राजा लेने के अयोग्य धन को न ग्रहण करे और समृद्ध भी (राजा) उचित थोड़े धन को भी न छोड़े ॥१७०॥

अनादेयस्य चादानादादेयस्य च वर्जनात् ।
दौर्बल्यं ख्याप्यते राज्ञः स प्रेत्येह च नश्यति ॥१७१॥
स्वादानाद्वर्णसंसर्गात्त्वबलानां च रक्षणात् ।
बलं संजायते राज्ञः स प्रेत्येह च वर्धते ॥१७२॥

अग्राह्य के ग्रहण तथा ग्राह्य के त्याग से राजा की दुर्बलता (ढील) प्रसिद्ध हो जाती है। इस कारण वह इस लोक और परलोक में नष्ट होता है ॥१७१॥ (न्यायोचित) धन के ग्रहण करने और वर्णों के नियम में रखने और निर्बलों के संरक्षण से राजा को बल होता है। इससे वह (राजा) इस लोक तथा परलोक में वृद्धि पाता है ॥१७२॥

तस्माद्यम इव स्वामी स्वयं हित्वा प्रियाप्रिये ।
वर्तेतयाम्यया वृत्त्या जितक्रोधोजितेन्द्रियः ॥१७३॥
यस्त्वधर्मेणकार्याणि मोहात्कुर्यान्नराधिपः ।
अचिरात्तं दुरात्मानं वशे कुर्वन्ति शत्रवः ॥१७४॥

इसलिये यमराज के तुल्य राजा जितक्रोध और जितेन्द्रिय होकर अपने प्रिय अप्रिय को छोड़कर यमराज (न्यायी ईश्वर) के सी (सबम सम) वृत्ति से वर्ते ॥१७३॥ जो राजा अज्ञानवश अधर्म से व्यवहारिक कार्य करता है उस दुष्टात्मा को थोड़े ही दिनों में शत्रु वश में करलेते हैं ॥१७४॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

कामक्रोधौ तु संयम्य योऽर्थान् धर्मेण पश्यति ।
प्रजास्तमनुवर्त्तन्ते समुद्रमिव सिन्धवः ॥१७५॥
यः साधयन्तं छन्देन वेदयेद्धनिकं नृपे ।
स राज्ञा तच्चतुर्भागं दाप्यस्तस्य च तद्धनम् ।१७६।

जो (राजा) कामक्रोधों को छोड़ कर धर्म के कार्यों को देखता है प्रजा उसके अनुकुल रहती है, जैसे समुद्र के नदियां ॥१७५॥ जो अधमर्ण स्वतन्त्रता से अपना रुपया वसूल करते हुवे उत्तमर्ण की राजा से सूचना (शिकायत) करे उस अधमर्ण से राजा वह रुपया और उसका चतुर्थांश दण्ड अधिक दिलावे ॥१७६॥

कर्मणापि समं कुर्याद्धनिकायाधमर्णिकः ।
समोऽवकृष्टजातिस्तु दद्याच्छ्रेयास्तु तच्छनैः ।१७७।
अनेनविधिना राजा मिथोविवदतां नृणाम् ।
साक्षिप्रत्ययसिद्धानि कार्याणि समतां नयत् ।१७८।

समान जाति वा हीन जाति (करजदार महाजन का रुपया न दे सके तो) काम करके पूरा कर देवे और उत्तम जाति धीरे २ रुपया दे देवें ॥१७७॥ राजा परस्पर झगड़ा करने वाले मनुष्यो के मुकद्दमे कागज आदि और गवाहो से ऐसे बराबर न्याय को प्राप्त करे ॥१७८॥

कुलजे वृत्तसम्पन्ने धर्मज्ञे सत्यवादिनि ।
महापक्षे धनिन्यार्ये निक्षेपं निक्षिपेद् बुधः ॥१७९॥
योयथा निक्षिपेद्धस्ते यमर्थं यस्य मानवः ।
स तथैव ग्रहीतव्यो यथा दायस्तथाग्रहः ॥१८०॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सत्कुल में उत्पन्न हुवे सदाचारी धर्मात्मा सत्यभाषण करनेवाले बड़े पक्ष वाले धनवान आर्य के पास बुद्धिमान पुरुष धरोहर रक्खे ॥१७९॥ जो मनुष्य जिस प्रकार जिस द्रव्य को जिस के हाथ रक्खे, उसको उसी प्रकार ग्रहण कराना योग्य है। जैसा देना वैसा लेना ॥१८०॥

यो निक्षेपं याच्यमानो निक्षेप्तुर्न प्रयच्छति।
स याच्यः प्राड्विवाकेन तन्निक्षेप्तुरसन्निधौ ॥१८१॥
साक्ष्यऽभावे प्रणिधिभिर्वयोरूपसमन्वितैः।
अपदेशैश्च संन्यस्य हिरण्यं तस्य तत्त्वतः ॥१८२॥

जो धरोहर रखने वाले की धरोहर मांगने पर नहीं देता उससे न्यायकर्त्ता राजपुरुष धरोहर रखने वाले के पीछे (सामने नहीं) मांगे ॥१८१॥ यदि धरोहर रखने वाले का कोई साक्षी न हो तो राजा अपने नौकरों से जो कि अवस्था और स्वरूप से भले मानुष प्रतीत हों उनके हाथ बहाने बनवा कर (कि हमारे धन की धरोहर रख लीजिये हमारे यहां इसकी रक्षा नहीं हो सकती इत्यादि) अपना धन उस धरोहर न देने वाले के यहां रखवावे जैसे कि ठीक ठीक धरोहर रक्खी जाती है ॥१८२॥

स यदि प्रतिपद्येत यथान्यस्तं यथाकृतम्।
न तत्र विद्यते किञ्चिद्यत्परैरभियुज्यते ॥१८३॥
तेषां न दद्याद्यदि तु तद्धिरण्यं यथाविधि।
उभौ निगृह्य दाप्यः स्यादिति धर्मस्य धारणा ॥१८४॥

यदि वह (राजा का भेजा हुवा पुरुष) ज्यों का त्यों अपनी धरोहर मांगने से पा जावे तो राजा जान ले कि और लोगों ने

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सो धरोहर न देने की नालिश (अभियोग) की है, उन का उस पर कुछ नही चाहिये ॥१८३॥ और यदि उन (राजपुरुषों) का यथाविधि धरोहर न देवे तो राजा पकड़वा कर उस से दोनों को दिलावे (अर्थात् पहिली भी नालिश सच समझे) यह धर्म का निर्णय है ॥१८४॥

निक्षेपोपनिधी नित्यं न देयौप्रत्यनन्तरे।
नश्यतो विनिपाते तावनिपाते त्वनाशिनौ ॥१८५॥
स्वयमेवतु यो दद्यान्मृतस्य प्रत्यनन्तरे।
न स राज्ञा नियोक्तव्योन निक्षेप्तुश्च बन्धुभिः ।१८६।

धरोहर और मङ्गनी धरने और देने वाले के वारिसों को न दे और यदि धरने वाला और मङ्गनो दन वाला विना अपने वारिसों को कहे मर जावे तो वे धरोहर और मङ्गनी नष्ट हो जाती है, परन्तु जीवते हुवे अविनाशी हैं ।।१८५।। जो स्वयं ही मरे हुवे के वारिसों को रखने वाला।उस का धरोहर वा मङ्गनी का धन दे देवे तो राजा और धरोहर वाले वारिसों को कुछ रोक टोक (मदाखलत) करनी योग्य नहीं है ॥१८६॥

अच्छलेनैव चान्विच्छेत्तमर्थं प्रीतिपूर्वकम्।
विचार्य तस्य वा वृत्तं साम्नैव परिसाधयेत् ॥१८७॥
निक्षेपेष्वेषु सर्वेषु विधिः स्यात्परसाधने।
समुद्रेनाप्नुयात्किञ्चिद्यदि तस्मान्न संहरेत् ।१८८।

यदि उसके पास द्रव्य हो तो छलरहित प्रीतिपूर्वकही लेना वा इस का वृत्तान्त समझ कर सीधेपन से ही उस से प्राप्त (बरामद) करे ॥१८७॥ इन सब धरोहरों मे सही करने की यह विधि है।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

(मुहर) चिन्ह सहित दिये हुवे में यदि कुछ मुहर (चिन्ह) के हरण न करे तो कुछ शङ्का नहीं पाई जाती ॥१८८॥

चौरैर्हृतं जलेनोढमग्निना दग्धमेव वा ।
न दद्याद्यदि तस्मात्स न संहरति किंचन ॥१८९॥
निक्षेपस्यापहर्त्तारमऽनिक्षेप्तारमेव च ।
सर्वैरुपायैरन्विच्छेच्छपथैश्चैव वैदिकैः ॥१९०॥

जो चोरों ने चुराया और जो पानी में डूब गया तथा आग में जल गया, वह द्रव्य धरने वाला न देवे, यदि उस में उसने स्वयं कुछ नहीं लिया है तो ॥१८९॥ धरोहर के हरण करने वाले और धरोहर बिना रक्खे मांगने वाले को राजा सम्पूर्ण (सामादि) उपायों और वैदिक शपथों (हलफों) से पता लगाने का उद्योग करे ॥१९०॥

यो निक्षेपं नार्पयति यश्चानिक्षिप्य याचते ।
तावुभौ चौरवच्छास्यौ दाप्यौ वा तत्समं दमम् ॥१९१
निक्षेपस्यापहर्तारं तत्समं दापयेद्दमम् ।
तथोपनिधिहर्तारमविशेषेण पार्थिवः ॥१९२॥

जो धरोहर नहीं देता और जो बिना रक्खे जाल करता है, वे दोनों चोर के समान दण्ड देने योग्य हैं वा उस धन के समान जुरमाना देने योग्य हैं ॥१९१॥ धरोहर (अमानत) हरण करने वाले को राजा उसी के समान दण्ड देवे तथा पूर्वोक्त उपनिधि के हरण करने वाले को भी यह दण्ड देवे ॥१९२॥

उपधाभिश्च यः कश्चित्परद्रव्यं हरेन्नरः ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

स सहायः स हन्तव्यः प्रकाशंविविधैर्वधैः ॥१६३॥
निक्षेपोयः कृतो येन यावांश्च कुलसन्निधौ ।
तावानेव स विज्ञेयो विब्रुवन्दण्डमर्हति ॥१६४॥

("तुम पर राजा अप्रसन्न है, उस से हम तुम को बचाते हैं, हम को धन दो ' इत्यादि धोखा वा दबाव) उपधा देकर दूसरे का धन जो कोई लेता है, वह सहायकों सहित नाना प्रकार की ताडना देकर प्रत्यक्ष मारने योग्य है ॥१९३॥ जो सुवर्णादि जितना. जितने साक्षियों के सामने धरोहर रक्खा हो, उस में (तोल का बखेड़ा होने पर) साक्षी जितना कहे, उतना ही जानना चाहिये (उस मे) तकरार करने वाला दण्ड पाने योग्य है ॥१९४॥

मिथो दायः कृतोयेन गृहीतो मिथएव वा ।
मिथएव प्रदातव्यो यथादायस्तथा ग्रहः ॥१६५॥
निक्षिप्तस्य धनस्यैवं प्रीत्योपनिहितस्य च ।
राजा विनिर्णयं कुर्यादक्षिण्वन्न्यासधारिणम् ।१६६।

जिस ने एकान्त में धरोहर रक्खी और लेने वाले ने भी एकान्त मे ली हो, वह एकान्त ही मे देने योग्य है । जैसे लेवे वैसे देवे ॥१९५॥ धरोहर का धन और प्रीति से उपभोग के लिये रक्खे, धन का राजा धरोहर धारी को पीड़ा न देता हुवा ऐसे निर्णय करे ॥१९६॥

विक्रीणीते परस्य स्वं योऽस्वामीस्वाम्यसंमतः ।
न तं नयेत साक्ष्यंतु स्तेनमस्तेनमानिनम् ।१६७।
अवहार्योभवेच्चैव सान्वयः षट्शतं दमम् ।
निरन्वयोऽनपसरः प्राप्तः स्याच्चौरकिल्बिषम्॥१६ ॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

दूसरे की वस्तु जिसने विना स्वामी की आज्ञा के बेची हो, अपने को साहु मानने वाले उस चोर को साक्षी न करे ॥१९७॥ दूसरे की वस्तु का बेचने वाला यदि धनस्वामी के वन्श में हो तो उसे छ: सौ पण दण्ड दे और यदि सम्बन्धी न हो तथा बेचने को प्रतिनिधि (मुखतार) न हो तो चोर के समान अपराधी है ॥१९८॥

अस्वामिना कृतोयस्तु दायोविक्रय एव वा ।
अकृतः स तु विज्ञेयो व्यवहारे यथा स्थितिः॥१९९॥

विना स्वामी जो दिया तथा बेचा, वह सब व्यवहार की जैसी मर्यादा है तदनुसार दिया वा बेचा नहीं समझा जावे ॥

(१९९ से आगे १३ पुस्तकों में यह श्लोक अधिक है:-

[अनेन विधिना शास्ता कुर्वन्नऽस्वामिविक्रयम् ।
अज्ञानाज्ज्ञानपूर्वं तु चौरवद्दण्डमर्हति ॥]

उक्त विधि से राजा अस्वामिविक्रयकर्त्ता को शासन करे यदि विना जाने किसी ने अस्वामिविक्रय किया हो, परन्तु जान बूझ कर करने वाला चोर तुल्यदण्ड योग्य है ॥१९९ में "दायोविक्रयएववा= क्रयोविक्रयएववा १ पाठभेदभी चार पुस्तकोंमें देखा जाता है)।१९९।

संभोगो दृश्यते यत्र न दृश्येतागमः क्वचित् ।
आगमः कारणं तत्र न संभोग इतिस्थितिः॥ २००॥

जिस वस्तु का संभोग तो देखा जाता हो और क्रियादि आगम नहीं वहां आगम प्रमाण है, संभोग नहीं। यह शास्त्र की मर्यादा है (अर्थात् जिस ने जिस वस्तु को खरीदने आदि के उचित (जाइज) द्वार से नहीं पाया केवल भोग रहा है, उस में खरीदने आदिसे प्राप्त करने वाला ठीक समझा जायगा भोक्ता नहीं) ।२००।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

विक्रयाद्योधनं किञ्चिद् गृह्णीयात्कुलसन्निधौ ।
क्रयेण स विशुद्धं हि न्यायतो लभते धनम् ।२०१।
अथ मूलमनाहार्यं प्रकाशक्रयशोधितः ।
अदण्ड्योमुच्यते राज्ञा नाष्टिको लभते धनम्।२०२।

जो कुल के सामने वेचने से खरीद कर कुछ धन ग्रहण करे, वह खरीदारी को सिद्ध करके राजा के न्याय से उस धन को पाता है ॥२०१॥ विना स्वामी वेचने वाले से प्रत्यक्ष खरीद करने वाला शुद्ध पुरुष यदि वेचने वाले को न भी लासके तो भी राजा का अदण्डय है। परन्तु नष्ट धनका स्वामी उस धनको (खरीदने वाले से) पाता है ।२०२।

नान्यदन्येन संसृष्टरूपं विक्रयमर्हति ।
न चासारं न च न्यूनं न दूरेण तिरोहितम् ॥२०३॥

"अन्यां चेद्दर्शयित्वाऽन्यांवोढुः कन्या प्रदीयते ।
उभे ते एकशुल्केन वहेदित्यब्रवीन्मनुः ॥२०४॥"

एक वस्तु दूसरी के रूप में मिलती हो तो भी उसके धोके से वेचना योग्य नहीं है और न सड़ी हुई न तोल में कम और न विना दिखाये ढकीको वेचना योग्य है ॥२०३॥ 'ठहराव में किसी और कन्या को दिखावे और विवाह समय वर को अन्य कन्या दे दे तो वे दोनो कन्यायें एक ही ठहराये मूल्य पर विवाह ले, ऐसा मनु ने कहा था" (मनु ने कन्या विक्रय वर्जित किया है, इसलिये भी यह वचन मनु का नहीं माना जा सकता) ॥२०४॥

नोन्मत्ताया न कुष्ठिन्या न च या स्पृष्टमैथुना ।
पूर्वं दोषानभिख्याप्य प्रदाताद‌ण्डमर्हति ॥२०५

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ऋत्विग्यदि वृतोयज्ञे स्वकर्म परिहापयेत् ।
तस्य कर्मानुरूपेण देयोंऽशः सह कर्तृभिः ॥२०६॥

पगली कोढ़िन और योनिविद्धा कन्या के दोषों को प्रथम न बता कर कन्या का दाता दण्ड के योग्य है ॥२०५॥ यज्ञ में वरण किया हुआ ऋत्विक् (बीमारी आदि से) कुछ कर्म करके छोड़ दे तो उसको काम किये के अनुसार कर्त्ताओं के साथ दक्षिणा का अन्श देना योग्य है ॥२०६॥

दक्षिणासु च दत्तासु स्वकर्म परिहापयन् ।
कृत्स्नमेव लभेतांशमन्येनैव च कारयेत् ॥२०७॥
यस्मिन् कर्मणि यास्तु स्युरुक्ताः प्रत्यङ्गदक्षिणाः ।
स एव ता आददीत भजेरन्सर्वएव वा ॥२०८॥

दक्षिणा देदेने पर (याजक व्याधि आदि से पीड़ित होने के कारण)अपने कर्म को समाप्त न करे तो सम्पूर्ण दक्षिणा पावे और शेष कर्म को दूसरे से करा देवे ॥२०७॥ जिस कम मे जो प्रत्यङ्ग दक्षिणा कही हैं उनको वही उस कर्म का कर्त्ता लेवे अथवा बांट कर ग्रहण करलें ॥२०८॥

रथं हरेतवाध्वर्यु र्ब्रह्माधाने च वाजिनम् ।
होता वापि हरेदश्वमुद्गाताचाप्यनः क्रये ॥२०९॥
सर्वेषामर्धिनो मुख्यास्तथार्धेनार्धिनोऽपरे ।
तृतीयिनस्तृतीयांशाश्चतुर्थांशाश्च पादिनः ॥२१०॥

आधान मे रथ को अध्वर्यु ग्रहण करे और ब्रह्मा अश्व को और होता भी अश्व को और उद्गाता सोमक्रय धारण करने के लिये शकट (गाड़ी) ग्रहण करे ॥२०९॥ सपूर्णों मे दक्षिणा का

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

आधा भाग लेने वाले (चार) मुख्य ऋत्विज् होते हैं और उससे आधी दक्षिणा ग्रहण करने वाले दूसरे (चार) ऋत्विज् होते हैं। ऐसे ही तीसरे भाग को ग्रहण करने वाले (चार) और चतुर्थ को ग्रहण करने वाले (चार, ऐसे सोलह ऋत्विक् होते हैं) ॥२१०॥

संभूय स्वानि कर्माणि कुर्वद्भिरिह मानवैः ।
अनेन विधियोगेन कर्त्तव्यांशप्रकल्पना ॥२११॥
धर्मार्थं येन दत्तं स्यात्कस्मैचिद्याचते धनम् ।
पश्चाच्च न तथा तत्स्यान्नदेयं तस्य तद्भवेत् ॥२१२॥

मिल कर काम करने वाले मनुष्यों को यहां इस विधि से बांट करना योग्य है ॥२११॥ जिसने किसी मांगने वाले को धर्मार्थ जो धन दे दिया फिर उसका दुबारा दान नहीं कर सकता क्योंकि वह दिया हुआ धन उसका नहीं रहा ॥२१२॥

यदि संसाधयेत्तत्तु दर्पाल्लोभेन वा पुनः ।
राज्ञादाप्यः सुवर्णं स्यात्तस्य स्तेयस्य निष्कृतिः ॥२१३॥
दत्तस्यैषोदिता धर्म्या यथावदनपक्रिया ।
अतऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि वेतनस्यानपक्रियाम् ॥२१४॥

यदि दान किये हुवे धनको लोभ से वा अहङ्कार से छीने तो राजा उस चोरी की निष्कृति को 'सुवर्ण' का दण्ड दे ॥२१३॥ यह दिये हुवे के उलट फेर करने का ठीक २ धर्मानुकूल निर्णय कहा। इस के उपरान्त वेतन (तनख्वाह) न देने का निर्णय करता हूं ॥२१४॥

भृतोनार्त्तो न कुर्याद्यो दर्पात्कर्म यथोदितम् ।
स दण्ड्यः कृष्णलान्यष्टौ न देयं चास्य वेतनम् ॥२१५॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

आर्तस्तु कुर्यात्स्वस्थः सन्यथाभाषितमादितः ।
स दीर्घस्यापि कालस्य तल्लभेतैव वेतनम् ॥२१६॥

जो नौकर विना बीमारी के अहङ्कार से कहे हुवे काम को न करे, वह आठ "कृष्णल" दण्ड के योग्य है। और वेतन भी उस को न देवे ॥२१५॥ यदि व्याध्यादि पीडा रहित नौकर जैसा काम कहा वैसा ठीक ठीक करता रहे तो बीमार होने पर बहुत दिन का भी वेतन पावे ॥२१६॥

यथोक्तमार्तः सुस्थो वा यस्तत्कर्म न कारयेत् ।
न तस्य वेतनं देयमल्पोनस्यापि कर्मणः ॥२१७॥
एषधर्मोऽखिलेनोक्तो वेतनादानकर्मणः ।
अत ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि धर्मं समयभेदिनाम् ॥२१८॥

जो कामजैसा ठहराहो वैसा स्वयं बीमार हो और दूसरेसे भी न करावे या स्वस्थ (तन्दुरुस्त) हुवा आप नकरे तो उसके थोडे ही काम शेष रहने पर भी सब काम का वेतन न देना चाहिये ॥२१७॥ वेतन के न देनेका यह सम्पूर्ण धर्म कहा। अब इसके आगे प्रतिज्ञा भेदियों का धर्म कहता हूं:— ॥२१८॥

यो ग्रामदेशसंघानां कृत्वा सत्येन संविदम् ।
विसंवदेन्नरो लोभात्तं राष्ट्राद्विप्रवासयेत् ॥२१९॥
निगृह्य दापयेच्चैनं समयव्यभिचारिणम् ।
चतुः सुवर्णान्षण्निष्कांश्छतमानं च राजतम् ॥२२०॥

जो मनुष्य ग्राम वा देश के समूहों का सत्य से समय (इकरार प्रतिज्ञा, ठेका या पट्टा) करके लोभ के कारण उसको छोड़ देवे तो

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

उसको राजा राज्य से निकाल दे ॥२१९॥ और उक्त समय व्यभिचारी को पकड़वाकर राजा चार सुवर्ण और छः निष्क और १ चांदी का शतमान दण्ड दे ॥२२०॥

एतद्दण्डविधिं कुर्याद्धार्मिकः पृथिवीपतिः ।
ग्रामजातिसमूहेषु समयव्यभिचारिणाम् ॥२२१॥
क्रीत्वा विक्रीय वा किञ्चिद्यस्येहानुशयो भवेत् ।
सोऽन्तर्दशाहात्तद्द्रव्यं दद्याच्चैवाददीत च ॥२२२॥

धार्मिक राजा ग्राम और जातिके समूहो मे प्रतिज्ञा के व्यभिचार करने वालों को ऐसे दण्ड देवे ॥२२१॥ कोई द्रव्य खरीदकर वा वेचकर दश दिन के बीचमें पसन्द न हो तो वापिस करदे और ले सकता है ॥२२२॥

परेण तु दशाहस्य न दद्यान्नापि दापयेत् ।
आददानोददच्चैव राज्ञादण्ड्यः शतानिषट् ॥२२३॥
यस्तु दोषवतीं कन्यामाख्याय प्रयच्छति ।
तस्य कुर्यान्नृपोदण्डं स्वयं षण्णवतिं पणान् ॥२२४॥

दश दिनके ऊपर न देवे न दिलावे नहीं तो देने और लेने वाले दोनो को राजा से ६०० पण के दण्ड योग्य हैं ॥ (२२३ से आगे दो पुस्तकों मे ३ श्लोक तथा एक पुस्तक मे पहला एक ही श्लोक अधिक है । परन्तु कुछ विशेष प्रयोजनीय नहीं होने से हमने उद्धृत नहीं किये) ॥२२३॥ जो दोषवाली कन्याका बिना कहे विवाह करता है उस पर राजा आप ९६ पण दण्ड करे ॥२२४॥

अकन्येतितु यः कन्यां ब्रूयाद्द्वेषेण मानवः ।
स शतं प्राप्नुयाद्दण्डं तस्यादोषमदर्शयन् ॥२२५॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

पाणिग्रहणिका मन्त्राः कन्यास्वेव प्रतिष्ठिताः।
नाकन्यासु क्वचिन्नॄणां लुप्तधर्मक्रियाहि ताः ॥२२६॥

जो मनुष्य द्वेष से कन्या को अकन्या (दुष्टा) कहे वह सौ पण दण्ड पावे यदि उस के कन्यात्वभङ्ग के दोष को न सिद्ध करे ॥२२५॥ क्योंकि मनुष्योंके पाणिग्रहण सम्बन्धी वैदिक मन्त्र कन्या के ही विषय में कहे हैं, अकन्या के विषय मे कहीं नहीं। क्योंकि विवाह के पूर्व दूषित कन्याओं का धर्मक्रिया लुप्त हो जातीहै।२२६।

पाणिग्रहणिका मन्त्रा नियतं दारलक्षणम्।
तेषां निष्ठातु विज्ञेया विद्वद्भिः सप्तमे पदे ॥२२७॥
यस्मिन्यस्मिन्कृते कार्ये यस्येहानुशयो भवेत्।
तमनेन विधानेन धर्मे पथि निवेशयेत् ॥२२८॥

पाणिग्रहण के मन्त्र निश्चय दार (स्त्री) हो जाने के लक्षण है उन मन्त्रों की समाप्ति सप्तपदी के ७ वें पद मे विद्वानो को जाननी चाहिये।२२७। जिस २ किये काममे पीछे पसंद नहो उसको राजा इस (उक्त) विधि से धर्ममार्ग मे स्थापन करे ॥२२८॥

पशुषु स्वामिनांचैव पालनां च व्यतिक्रमे।
विवादं संप्रवक्ष्यामि यथावद्धर्मतत्त्वतः ॥२२९॥
दिवा वक्तव्यता पाले रात्रौ स्वामिनि तद्गृहे।
योगक्षेमेऽन्यथा चेत्तु पालो वक्तव्यतामियात् ॥२३०॥

पशुओ के विषय मे पशु स्वामी और पशुपालों के बिगाड़ में यथावत् धर्मतत्व के विवाद कहता हूं ॥२२९॥ दिन में चरवाहे पर और रात्रि में स्वामी के घर मे स्वामी पर जवाबदेही है (और

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

कुछ चारे की कमी आदि हो तोभी,जवाबदेह [चरवाहा हो॥२३०॥

गोपः क्षीरभृतो यस्तु स दुह्याद्दशतोवराम् ।
गोस्वाम्यनुमते भृत्यः सा स्यात्पालेऽभृते भृतिः॥२३१॥

नष्टं विनष्टं कृमिभिः श्वहतं विषमे मृतम् ।
हीनं पुरुषकारेण प्रदद्यात्पाल एव तु ॥२३२॥

जो गोपाल दूध पर ही भृत्य हो वह स्वामी की अनुमति से १० गौओं में श्रेष्ठ १ गौ को भृति (तनख्वाह) के लिये दोहन कर ले वही उसका वेतन है। (उसी एक गौ के दोहन से दश गाय का पालन करे) ॥२३१॥ जो पशु खोया जावे या कीड़े पड़कर खराब हो जावे, कुत्तो से मारा जावे या पाव ऊपर नीचे पड़नेसे मर जावे या पुरुषार्थ हीन होजावे तो (स्वामी को) गोपाल ही पशु देवे ।२३२।

विघुष्य तु हृतं चौरैर्न पालो दातुमर्हति ।
यदि देशे च काले च स्वामिनः स्वस्यशंसति ।२३३।

कर्णौ चर्म च वालांश्च बस्तिं स्नायुं च रोचनाम् ।
पशुषु स्वामिनां दद्यान्मृतेष्वङ्गानि दर्शयेत् ॥२३४॥

यदि चोर जबरदस्ती छीन् ले तो गोपाल को (पशु देना) योग्य नहींहै यदि अपने स्वामीसे उसका वृत्तान्त उचित देशकालमें कहदे ॥२३३॥ और यदि स्वयं पशु मर जावे तो उस के अङ्ग स्वामी को पागोल दिखला दे और कान त्वचा, वाल वस्ति, स्नायु और रोचना स्वामी को दे देवे ॥२३४॥

अजाविके तु संरुद्धे वृकैः पाले त्वनायति ।
यां प्रसह्यवृकोहन्यात् पाले तत्किल्बिषं भवेत् ॥२३५॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

तासां चेदवरुद्धानां चरन्तीनां मिथो वने ।
यामुत्प्लुत्य वृकोहन्यान्न पालस्तत्र किल्बिषी ॥२३६॥

बकरी और भेड़ को भेड़िये रोकलें और चरवाहा छुडाने को न जावे इस पर जिन को भेड़िया मार डाले, उनका पातक चरवाहे को हो ॥२३५॥ परन्तु यदि उन (चरवाहे से) घेरी हुई बकरी भेडों को एकाएक आकर भेड़िया मार डाले तो उसका पातकी चरवाहा न हो ॥२३६॥

धनुःशत परीहारो ग्रामस्य स्यात्समन्ततः ।
शम्यापातास्त्रयो वाऽपि त्रिगुणोनगरस्य तु ॥२३७॥

तत्रापरिवृतं धान्यं विहिंस्युः पशवोयदि ।
न तत्र प्रणयेद्दण्डं नृपतिः पशुरक्षिणाम् ॥२३८॥

ग्राम के आस पास चार सौ हाथ या ३ वार लाठी फैंकने की दूरी तक छुटी भूमि (परिहार) और नगर में आस पास उस की तिगुना रखनी उचित है ॥२३७॥ उस परिहार स्थान में बाड़ रहित धान्य को यदि पशु नष्टकरें तो राजा चरवाहोंको दण्ड नकरे।२३८।

वृतिं तत्र प्रकुर्वीत यामुष्ट्रो न विलोकयेत् ।
छिद्रं च वारयेत् सर्वं श्वसूकरमुखानुगम् ॥२३९॥

पथिक्षेत्रे परिवृते ग्रामान्तीयेऽथवा पुनः ।
सपालः शतदण्डार्हो विपालांश्चारयेत्पशून् ॥२४०॥

उस खेत के बचाने को इतनी ऊंची (कांटेकी) बाड करे जिस में ऊंट न देख सके और बीच के छिद्र रोके जिनसे कुत्ते और सूअर का मुख न जा सके ॥२३९॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

बाड़ दिये हुवे मार्ग के पास के क्षेत्र में वा ग्राम समीपवर्ती क्षत्र में यदि चरवाहा साथ होने पर पशु खेत चरे तो चरवाहा १०० पण दण्ड के योग्य है और बिना चरवाहे पशुओं को खेत का रखवाला हांकदे ॥२४०॥

क्षेत्रेष्वन्येषु तु पशुः सपादं पणमर्हति ।
सर्वत्रतु सदो देयः क्षेत्रिकस्येति धारणा ॥२४१॥
अनिर्दशाहां गां सूतां वृषान्देवपशूंस्तथा ।
सपालान्वाविपालान्वानदण्ड्यान्मनुरब्रवीत् ।२४२॥

अन्य खेतों को पशु भक्षण करे तो चरवाहा सपाद् (सवा) पण दण्ड के योग्य है और सब जगह जितनी हानि हुई हो उतनी खेत वाले को दे, यह निश्चय है ॥२४१॥ दश दिन के भीतर की वियाई हुई गाय, सांड देवता संबन्धी पशु (जो दैवकार्य हवनार्थ घृतादि सम्पादनार्थ गौ आदि पाले रहते हों) के रखवालेके साथ वा बिना पशुपाल के किसी का खेत खाने पर (मुझ) मनु ने दण्ड नहीं कहा ॥२४२॥

क्षेत्रियस्यात्यये दण्डो भागाद्दशगुणो भवेत् ।
ततोऽर्धदण्डो भृत्यानामज्ञानात्क्षेत्रियस्यतु ॥२४३॥
एतद्विधानमातिष्ठेद्धार्मिकः पृथिवीपतिः ।
स्वामिनांच पशूनांच पालानांच व्यतिक्रमे ॥२४४॥

यदि खेत वाले के अपने पशु खेत चरें तो उसको राज भाग से दशगुणा दण्ड हो और खेतीवाले के अज्ञानसे नौकरों की रक्षा में पशु भक्षणकरें तो उससे आधा दण्ड हो ॥२४३॥ स्वामी और पशु तथा चरवाहे के अपराध में धार्मिक राजा इस प्रकार विधान करे ॥२४४॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सीमां प्रतिसमुत्पन्ने विवादे ग्रामयोर्द्वयोः।
ज्येष्ठे मासि नयेत्सीमां सुप्रकाशेषु सेतुषु ॥२४५॥
सीमावृक्षांश्च कुर्वीत न्यग्रोधाश्वत्थ किंशुकान्।
शाल्मलीन्शालतालांश्च क्षीरिणश्चैवपादपान्॥२४६॥

दो ग्रामों की सरहदके झगड़े उत्पन्न होने पर ज्येष्ठ मासमे जब तृणादि शुष्क होने से सरहद के चिन्ह सुप्रकाशित हों तब उसका निश्चय करे ॥२४५॥ सीमा (सरहद) का चिन्ह वट, पीपल पलाश सेमर साल और ताल तथा अन्य दूध वाले वृक्ष स्थापित करे ।२४६

गुल्मान्वेणूंश्च विविधाञ्छमीवल्लीस्थलानि च।
शरान्कुब्जकगुल्मांश्च तथासीमा ननश्यति ॥२४७॥
तडागान्युदपानानि वाप्यः प्रस्रवणानि च।
सीमासंधिषु कार्याणि देवतायतनानि च ॥२४८॥

गुल्म नाना प्रकार के बांस शमी वल्लीस्थल शर और कुब्जक-गुल्म स्थापित करे जिससे सीमा नष्ट न हो ॥४७॥ तगाड कूप बावड़ी झरना और यज्ञ मन्दिर सीमाके जोडोंपर बनावे (जिससे कि बहुत से मनुष्य जलपानादि करने तथा यज्ञार्थपरम्परासे सुनकर आते रहें इसी से वे सब साक्षी हों) ॥२४८॥

उपच्छन्नानि चान्यानि सीमालिङ्गानिकारयेत्।
सीमाज्ञानेनृणां वीक्ष्य नित्यंलोकेविपर्ययम् ॥२४९॥
अश्मनोऽस्थीनि गोवालांस्तुषान्भस्मकपालिकाः।
करीषमिष्टकाङ्गारांश्छर्करावालुकास्तथा ॥२५०॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

यानि चैवं प्रकाराणि कालाद्भूमिर्न भक्षयेत् ।
तानि सन्धिषु सीमायामप्रकाशानि कारयेत् ॥२५१॥

एतैर्लिङ्गैर्नयेत सीमां राजा विवदमानयोः ।
पूर्वभुक्त्या च सततमुदकस्यागमेन च ॥२५२॥

सीमा निर्णय में सर्वदा इस लोक मे मनुष्योंको भ्रम देख कर अन्य गूढ़ सीमाचिन्ह भी स्थापित करावे ॥२४९॥ पत्थर हड्डी गोवाल तुप, भस्म, खपड़ा, आरना, ईंट, कोयला, शर्करा और वालु ॥२५०॥ और जोकि इस प्रकार की वस्तु हों जिन्हें बहुत दिनो मे भी भूमि न खा जावे उनको सीमा की सन्धियो मे गुप्त करावे ॥२५१॥ राजा इन चिन्हों और पूर्व भोग तथा नदी आदि से जल के मार्ग इत्यादि चिन्हों से लड़ने वालो की सीमा का निर्णय करे ॥२५२॥

यदि संशय एव स्याल्लिङ्गानामपि दर्शने ।
साक्षिप्रत्ययएव स्यात् सीमावादविनिर्णयः॥२५३॥

ग्रामीयककुलानां च समक्षं सीम्निसाक्षिणः ।
प्रष्टव्याःसीमलिङ्गानि तयोश्चैव विवादिनोः ।२५४।

चिन्हो के देखने पर भी संशय रहे तो साक्षी के प्रमाण से सीमा विवाद का निश्चय करे ॥२५३॥ ग्राम के कुलों और वादी प्रतिवादियों (मुद्दई मुद्आईलह) के समक्ष सीमा मे साक्षियों से सीमा के चिन्ह पूछने योग्य है ॥२५४॥

ते पृष्टास्तुयथा ब्रूयुःसमस्ताः सीम्निनिश्चयम् ।
निबध्नीयात्तथा सीमां सर्वांस्तांश्चैव नामतः॥२५५॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

शिरोभिस्ते गृहीत्वोर्वीं स्रग्विणो रक्तवाससः।
सुकृतैः शापिताः स्वैः स्वैर्नयेयुस्तं समञ्जसम्॥२५६॥

सीमा के विषय में निश्चय के लिये वे पूछे हुवे लोग जैसा कहें वैसे ही सब सीमा को बाँधे और उन सब साक्षियों के नाम लिखले॥२५५॥ वे साक्षी फूलों की माला और लाल कपड़ा पहिन कर शिर पर मिट्टी के ढेले उठा कर कहें कि जो हमारा सुकृत है सो निष्फल हो जो हम असत्य कहें॥२५६॥

यथोक्तेन नयन्तस्ते पूयन्ते सत्यसाक्षिणः।
विपरीतं नयन्तस्तु दाप्याः स्युर्द्विशतं दमम्॥२५७॥
साक्ष्यभावे तु चत्वारो ग्रामाः सामन्तवासिनः।
सीमाविनिर्णयं कुर्युः प्रयता राजसन्निधौ॥२५८॥

वे सत्यप्रधान साक्षी शास्त्रोक्त विधि से निर्णय में सहायक रह कर निष्पाप होते हैं। और असत्य से निश्चय कराने वालों को दोषी पण दण्ड दिलावे॥२५७॥ साक्षी के अभाव में ग्राम पास के जमींदार ४ ग्राम के निवासी धर्म से राजा के सामने सीमा का निर्णय करें॥२५८॥

सामन्तानामभावे तु मौलानां सीम्नि साक्षिणाम्।
इमानप्यनुयुञ्जीत पुरुषान्वनगोचरान्॥२५९॥
व्याधांश्छाकुनिकान्गोपान्कैवर्तान्मूलखानकान्।
व्यालग्राहानुञ्छवृत्तीनन्यांश्च वनचारिणः॥२६०॥

सामन्त = ग्राम पास के जड़ साक्षियों के अभाव में इन वनचर पुरुषों को भी साक्षी करले॥२५९॥ व्याधशा कुनिक गोप कैवर्तक

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

मूल खोदने वाले और सपेरे तथा उञ्छवृत्ति और दूसरे वन-चारियों को ॥२६०॥

ते पृष्टास्तु यथा ब्रूयुः सीमांसन्धिषु लक्षणम् ।
तत्तथास्थापयेद्राजा धर्मेण ग्रामयोर्द्वयोः ॥२६१॥

क्षेत्रकूपतडागानामारामस्य गृहस्य च ।
सामन्तप्रत्ययो ज्ञेयः सीमासेतुविनिर्णयः ॥२६२॥

वे पूछे हुवे लोग जैसे सीमासन्धि का लक्षण बतावें राजा धर्म से दोनों के बीच में सीमा का वैसे ही स्थापन करे ॥२६१॥ क्षेत्र, कूप, तड़ाग बाग और गृहों के सीमा सेतु के निर्णय में सामन्त = समीपवासियों की प्रतीति करे ॥२६२॥

सामन्ताश्चेन्मृषाब्रूयुः सेतौ विवदतां नृणाम् ।
सर्वे पृथक्पृथग् दण्ड्या राज्ञा मध्यमसाहसम् ॥२६३॥

गृहतडागमारामं क्षेत्रं वा भीषयाहरन् ।
शतानि पञ्चदण्डयः स्यादज्ञानाद् द्विशतोदमः ॥२६४॥

विवाद करने वाले मनुष्यों के सेतु निर्णय में यदि सामन्त झूंठ बोलें तो राजा सब को 'मध्यमसाहस' ७॥-) अलग २ दण्ड दे ॥२६३॥ घर तडाग बाग वा क्षेत्र को भय देके जो हरण करे उस को पांच सौ पण दण्ड दे और अज्ञान से हरण करने में दो सौ पण दण्ड दे ॥२६४॥

सीमायामविषह्यायां स्वयं राजैव धर्मवित् ।
प्रदिशेद्भूमिमेतेषामुपकारादिति स्थितिः ॥२६५॥

सीमा का कोई पर्याप्त प्रमाण न मिलने पर धर्म का जानने

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

वाला राजा स्वयं ही उपकारसे इनकी भूमि बांटदे। यह मर्यादा है-

(२६५ से आगे यह श्लोक दो पुस्तकों मे अधिक है:-

[ध्वजिनी मत्सिनी चैव निधानीःभयवर्जिता ।
राजशासननीता च सीमा पञ्चविधा स्मृता ॥]

एषोऽखिलेनाभिहितो धर्मः सीमाविनिर्णये ।
अत ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि वाक्पारुष्यविनिर्णयम् ।२६६।

यह सम्पूर्ण सीमानिश्चय का धर्म कहा अब वाणी की क्रूरता (गाली) का निर्णय कहता हूं ॥२६६॥

शतं ब्राह्मणमाक्रुश्य क्षत्रियो दण्डमर्हति ।
वैश्योप्यर्धशतं द्वे वा शूद्रस्तु वधमर्हति ॥२६७॥

पञ्चाशद्ब्राह्मणो दण्ड्यः क्षत्रियस्याभिशंसने ।
वैश्ये स्यादर्धपञ्चाशच्छूद्रे द्वादशको दमः ॥२६८॥

ब्राह्मण को गाली देने से क्षत्रिय सौ पण दण्ड योग्य है और वैश्य भी डेढ़ सौ या दो सौ पण दण्ड और शूद्र तो (बेंत आदि से) पीटने योग्य है ॥२६७॥ और ब्राह्मण क्षत्रिय को गाली दे तो पचास पण वैश्य को गाली दे तो पच्चीस पण और शूद्र को गाली दे तो बारह पण दण्ड योग्य है ॥२६८॥

समवर्णे द्विजातीनां द्वादशैव व्यतिक्रमे ।
वादेष्ववचनीयेषु तदेव द्विगुणं भवेत् ॥२६९॥

द्विजातियों को अपने समान वर्णमें गाली आदि देने पर बारह पण दण्ड दे (मां बहिन की गाली आदि) न कहने योग्य गाली प्रदानादि में उस का दूना (२४ पण दण्ड दे)। (इस से आगे

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

३ पुस्तकों मे ये दो श्लोक अधिक पाये जाते हैं :—

[विप्रक्षत्रियवत्कार्यो दण्डो राजन्यवैश्ययोः ।
वैश्यक्षत्रिययोः शूद्रैः विप्रेयः क्षत्रशूद्रयोः ।
समुत्कर्षापकर्षास्तु विप्रदण्डस्य कल्पना ।
राजन्यवैश्यशूद्राणां धनवर्जमितिस्थितिः ॥]

"एकजातिर्द्विजातींस्तु वाचा दारुणया क्षिपन् ।
जिह्वायाः प्राप्नुयाच्छेदं जघन्यप्रभवोहि सः ॥२७०॥"

"यदि शूद्र द्विजातियों को गाली दे तो जीभके छेदनका दण्ड प्राप्त हो क्यों कि वह निकृष्ट से उत्पन्न है" (यह २६८ के विरुद्ध है) ॥२७०॥

"नामजातिग्रहं त्वेषामभिद्रोहेण कुर्वतः ।
निक्षेप्योयोमय शंकुर्ज्वलन्नास्ये दशांगुलः ॥२७१॥
धर्मोपदेशं दर्पेण विप्राणामस्य कुर्वतः ।
तप्तमासेचयेत्तैलं वक्त्रे श्रोत्रे च पार्थिव. ॥२७२॥"

"जो शूद्र द्विजातियों के नाम और जाति का उच्चारण करें उस के मुंह में जलती हुई दश अंगुल की लोहे की कील ठोकनी चाहिये ॥२७१॥ जो शूद्र अहङ्कार से ब्राह्मणों को धर्म का उपदेश करे उस के मुख और कान में राजा गरम तेल डलवावे। (ये दोनों श्लोक भी २७० के तुल्य उसी शैली के हैं) ॥२७२॥"

श्रुतं देशं च जातिं च कर्मशारीरमेव च ।
वितथेन ब्रुवन्दर्पाद्दाप्यः स्याद् द्विशतं दमम् ।२७३।

काणं वाप्यथवा खञ्जमन्यं वापि तथाविधम् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

तथ्येनापि ब्रुवन्दाप्योदण्डं कार्षापणावरम् ।२७४।

श्रुत=पढ़ाई=और देश तथा जाति और शारीरिक कर्म झूंठ बतलाने वाले को राजा दो सौ पण दण्ड दे ॥२७३॥ काणा तथा लङ्गड़ा और अन्य कोई इसी प्रकार का अङ्गहीन हो, उस को सच भी उसी दोष से पुकारने वाला एक "कार्षापण" तक दण्ड के योग्य है ॥२७४॥

मातरं पितरं जायां भ्रातरं तनयं गुरुम् ।
आक्षारयञ्छतं दाप्यः पन्थानं चाददद्गुरोः ।२७५।
ब्राह्मणक्षत्रियाभ्यांतु दण्डः कार्यो विजानता ।
ब्राह्मणे साहसः पूर्वः क्षत्रिये त्वेव मध्यमः ।२७६।

माता, पिता, स्त्री, भाई, पुत्र और गुरु को अभिशाप=गाली देने तथा गुरु को मार्ग न छोड़ने वाला सौ पण दण्ड के योग्य है ॥२७२॥ ब्राह्मण क्षत्रियों के आपस मे गाली गलौज करने में धर्म का जानने वाला राजा दण्ड करे तो उसमें (ब्राह्मण का अपराध हो तो) ब्राह्मण को "प्रथम साहस" तथा क्षत्रिय को "मध्यम साहस" दण्ड दे ॥२७६॥

"विट्शूद्रयोरेवमेव स्वजातिं प्रति तत्वतः ।
छेदवर्जं प्रणयनं दण्डस्येति विनिश्चयः ॥२७७॥"

"वैश्य शूद्रो को आपसमे इसी प्रकार गाली गलौज करने मे अपनी २ जाति के प्रति ठीक २ छेद रहित दण्ड का प्रयोग करे। इस प्रकार निर्णय है ॥"

(२७७ का कथन बड़ा अस्तव्यस्त है। प्रथम तो वैश्य शूद्रों को गाली देने का कथन है, फिर स्वजाति का वर्णन है। परन्तु

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

स्वजाति में शूद्र को जिह्वाछेद दण्ड का विधान प्रक्षिप्त २७० में भी नहीं है। इस लिये स्वजाति में जिह्वाछेदवर्ज कहना व्यर्थ है। तथा दण्ड का व्यौरा भी इस श्लोक में नहीं है। इन कारणों से यह श्लोक २७० के तुल्य प्रक्षिप्त जान पड़ता है। इस के आगे भी एक श्लोक है जो कि केवल दो पुस्तकों में पाया जाता है। यथा-

[पतित पतितेत्युक्त्वा चौरं चौरेति वा पुनः ।
वचनात्तुल्यदोषः स्यान्मिथ्या द्विर्दोषतां व्रजेत् ॥]

व्यवहारमयूख में इस को नारद का वचन बताया है) ॥२७७॥

एष दण्डविधिः प्रोक्तोवाक्पारुष्यस्य तत्त्वतः ।
अतऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि दण्डपारुष्यनिर्णयम् ।२७८।

यह वाक्पारुष्य की ठीक २ दण्डविधि कही (अब दण्डपारुष्य) विधि ('मार पीट का निर्णय) कहता हूं ॥२७८॥

येन केनचिदंगेन हिंस्याच्चेच्छ्रेष्ठमन्त्यजः ।
छेत्तव्यं तत्तदेवास्य तन्मनोरनुशासनम् ।२७९।

पाणिमुद्यम्य दण्डं वा पाणिच्छेदनमर्हति ।
पादेन प्रहरन्कोपात्पादच्छेदनमर्हति ॥२८०॥

अन्त्यज लोग जिस किसी अङ्ग से द्विजातियों को मारें, उन का वही अङ्ग कटवाना चाहिये। यह (मुक्त) मनु का अनुशासन है ॥२७९॥ हाथ वा लाठी उठा कर मारें तो हाथ काटना योग्य है (न कि लाठी काटी जावे) और क्रोध से लात मारे तो पैर काटना योग्य है ॥२८०॥

सहासनमभिप्रेप्सुरुत्कृष्टस्यापकृष्टजः ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

कठ्या कृताङ्को निर्वास्यः स्फिचं वास्यावकर्तयेत् ।२८१।
अवनिष्ठीवतो दर्पाद् द्वावोष्ठौ छेदयेन्नृपः ।
अवमूत्रयतो मेढ्रमवशर्धयतो गुदम् ॥२८२॥

उच्च के साथ बैठने की इच्छा करने वाले नीच की कटी (कमर) में (दाग) चिन्ह करके निकाल दे वा उस के चूतड़ को थोड़ा कटवा देवे (जिसमे न मरे) ॥२८१॥ अहङ्कार से नीच उच्च के ऊपर थूके तो राजा उसके दोनों होठ काटे और उस पर मूत्र डाले तो लिङ्ग और पादे तो उसकी गुदाका छेदन करे ।२८।२

केशेषु गृह्णतो हस्तौ छेदयेदविचारयन् ।
पादयोर्दाढिकायां च ग्रीवायां वृषणेषु च ॥२८३॥
त्वग्भेदकः शतं दण्ड्यो लोहितस्य च दर्शकः ।
मांसभेत्ता तु षण्निष्कान्प्रवास्यस्त्वस्थिभेदकः ।२८४।

अहङ्कार से (मार डालने का) बाल पकड़ने वालेके दोनो हाथो को विना विचारे (शीघ्र) कटवादे पैर डाढ़ी ग्रीवा तथा अण्डकोश को (मार डालने के विचार से) पकड़ने वालेके भी (हाथ कटवादे) ॥२८३॥ त्वचा का भेद करने वाले पर सौ पण दण्ड करना चाहिये और रक्त निकालने वाले को भी सौ पण दण्ड दे तथा मांस के भेदन करने वाले को छः "निष्क" दण्ड दे और अस्थि-भेदक को देश से निकाल दे ॥२८४॥

वनस्पतीनां सर्वेषामुपभोगं यथा यथा ।
तथा तथा दमः कार्यो हिंसायामिति धारणा ॥२८५॥
मनुष्याणां पशूनां च दुःखाय प्रहृते सति ।
यथा यथा महद्दुःखं दण्डं कुर्यात्तथा तथा ॥२८६॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सम्पूर्ण वनस्पतियोंका जैसा२ उपभोग करे वैसा २ हिंसा(हानि) में दण्ड दिया जावे। यह मर्यादा है ॥२८५॥ मनुष्यों और पशुओं को पीड़ा के लिये प्रहार करने पर जैसे पीड़ा अधिक हो वैसे २ दण्ड भी अधिक करे ॥२८६॥

अङ्गावपीडनायां च व्रणशोणितयोस्तथा ।
समुत्थानव्ययं दाप्यः सर्वदण्डमथापि वा ॥२८७॥
द्रव्याणि हिंस्याद्यो यस्य ज्ञानतोऽज्ञानतोऽपि वा ।
स तस्योत्पादयेत्तुष्टिं राज्ञो दद्याच्च तत्समम् ॥२८८॥

अङ्गो (चरणादि) और व्रण तथा रक्त की पीड़ा होने पर चोट करने वाला स्वस्थ होने का सम्पूर्ण खर्च दे अथवा पूर्ण दण्ड दे ॥ ८७॥ जो जिस की वस्तु का जानकर या बे जाने नुकसान करे वह उसको प्रसन्न करे और राजाको उसीके बराबर दण्डदे ।२८८।

चर्मचार्मिकभाण्डेषु काष्ठलोष्ठमयेषु च ।
मूल्यात्पंचगुणो दण्डः पुष्पमूलफलेषु च ॥२८९॥
यानस्य चैव यातुश्च यानस्वामिन एव च ।
दशातिवर्तनान्याहुः शेषे दण्डो विधीयते ॥२९०॥

चाम और चमड़े के बने मशकादि बर्तन तथा मिट्टी और लकड़ी की बनी वस्तुओ के मोल से पांच गुणा दण्ड ले। और पुष्पमूलफलों में भी (ऐसा ही करे) ॥२८९॥ सवारीके चलाने वाले तथा स्वामी को दश अवस्थायें (देखो अगला श्लोक) छोड़कर शेष अवस्थाओं में दण्ड कहा है ॥२९०॥

छिन्ननास्ये भग्नयुगे तिर्यक् प्रतिमुखागते ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अक्षभङ्गे च यानस्य चक्रभङ्गे तथैव च ।२९१।

छेदने चैव यन्त्राणां योक्त्ररश्म्योस्तथैव च ।
आक्रन्दे चाप्यपैहीति न दण्डं मनुरब्रवीत् ।२९२।

नाथ के टूटने, जुवे के टूटने, नीचे ऊंचेके कारण टेढे वा अड़ कर चलने रथ के धुरे टूटने और पहिये के टूटने ॥२९१॥ और बन्धनादि यन्त्र टूटने और गले की रस्सी टूटने लगाम टूटने पर और "हटो बचो" ऐसा कहने हुये (सारथि) से कोई किसी का नुकसान होने पर (मुझ) मनु ने दण्ड नहीं कहा ॥२९२॥

यत्रापवर्तते युग्यं वैगुण्यात्प्राजकस्य तु ।
तत्रस्वामी भवेद्दण्ड्यो हिंसायां द्विशतं दमम् ।२९३।

प्राजकश्चेद्भवेदाप्तः प्राजको दण्डमर्हति ।
युग्यस्थाः प्राजकेऽनाप्ते सर्वे दण्ड्याःशतंशतम् ।२९४।

जहां सारथि के कुशल (हुशियार) न होने से रथ इधर उधर चलता है उसमें हिंसा (नुकसान) होनेपर स्वामी दोसौ पण दण्ड के योग्य है ॥२९३॥ और यदि सारथि कुशलहो तो वही (सारथी) दो सौ पण दण्ड योग्य है और सारथि कुशल न होते हुवे यान पर सवार होने वाले सब सौ २ पण दण्ड योग्य हैं ॥२९४॥

स चेत्तु पथि संरुद्धः पशुभिर्वा रथेन वा ।
प्रमापयेत्प्राणभृतस्तत्र दण्डोऽविचारितः ।२९५।

मनुष्यमारणे क्षिप्रं चौरवत्किल्बिषं भवेत् ।
प्राणभृत्सु महत्स्वर्धं गोगजोष्ट्रहयादिषु ।२९६।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

वह सारथी यदि पशुओं से वा अन्य रथ से रुके हुये भी रथ को चलावे उससे जीव मर जावे तो उसको बिना विचारे दण्ड दे ॥२९५॥ (सारथि के रथ चलाने से मनुष्य के मर जाने में चोर का (उत्तम साहस) दण्ड दे और बडे पशु बैल हाथी ऊंट घोड़ों के मर जाने पर अर्ध (पांच सौ पण) दण्ड दे ॥२९६॥

क्षुद्रकाणां पशूनां तु हिंसायां द्विशतोदमः ।
पंचाशत्तु भवेद्दण्डः शुभेषु मृगपक्षिषु ।२९७।
गर्दभाजाविकानां तु दण्डः स्यात्पंचमाषिकः ।
माषकस्तु भवेद्दण्डः श्वसूकरनिपातने ।२९८।

क्षुद्र पशुओं की हिंसा में दो सौ (पण) दण्ड हो और अच्छे मृग पक्षियो की (हिंसा) मे पचास (पण) दण्ड हो ॥२९७॥ गधा बकरी भेड़के मरजाने में पांच "मापक" दण्ड और कुत्ते वा सूवर के मर जाने पर एक मापक दण्ड देवे ॥२९८॥

भार्या पुत्रश्च दासश्च प्रेष्यो भ्राता च सोदरः ।
प्राप्तापराधास्ताड्याः स्यूरज्ज्वा वेणुदलेनवा ।२९९।
पृष्ठतस्तु शरीरस्य नोत्तमाङ्गे कथञ्चन ।
अतोऽन्यथातु प्रहरन्प्राप्तः स्याच्चौरकिल्विषम् ।३००।

भार्या पुत्र दास हरकारा और छोटा सहोदर भाई अपराध करने पर रस्सी वा बांस की छडी से ताड़नीय है ॥२९९॥ (परन्तु इन को) शरीर के पीठ की ओर मारे शिर में कभी न मारे इससे विपरीत मारने वाला चोर का दण्ड पावेगा ॥३००॥

एषोखिलेनाभिहितो दण्डपारुष्यनिर्णयः ।
स्तेनस्यात प्रवक्ष्यामि विधिं दण्डविनिर्णये ।३०१।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

परमं यत्नमातिष्ठेत्स्तेनानां निग्रहे नृपः ।
स्तेनानां निग्रहा दस्यऽयशो राष्ट्रं च वर्धते ।३०२।

यह सम्पूर्ण मार पीट का निर्णय कहा अब चोर के दण्ड का निर्णय कहता हूं ॥३०१॥ राजा चोरोंके निग्रह के लिये बड़ा यत्न करे। चोरों के निग्रह से इसका यश और राज्य बढ़ता है ॥३०२॥

अभयस्य हि योदाता स पूज्यः सततं नृपः ।
सत्रंहि वर्धते तस्य सदैवाऽभयदक्षिणम् ।३०३।

सर्वतो धर्मषड्भागो राज्ञो भवति रक्षतः ।
अधर्मादपि षड्भागो भवत्यस्य ह्यऽरक्षतः ।३०४।

जो अभय का देने वाला राजा है वह सदा पूज्य है। उस का यह सत्र (यज्ञ) अभयरूपी दक्षिणा से वृद्धि को प्राप्त होताहै ।३०३। रक्षा करने वाले राजा को सब से धर्म का छठा भाग और रक्षा न करने वाले राजा को भी सब से अधर्म का छठा भाग मिलता है ॥३०४॥

यदधीते यद्यजते यद्ददाति यदर्चति ।
तस्य षड्भागमाप्राज्ञा सम्यग्भवति रक्षणात्॥३०५॥

रक्षन्धर्मेण भूतानि राजा वध्यांश्च घातयन् ।
यजतेऽहरहर्यज्ञैः सहस्रशतदक्षिणैः ॥३०६॥

जो कोई वेदपाठ, यज्ञ, दान, गुरु पूजनादि करता है, उसका छठा भाग अच्छे प्रकार रक्षा करने से राजा पाता है ॥३०५॥ प्राणियों की धर्म से रक्षा करता हुवा और वध्यों को दण्ड देता हुआ राजा मानो प्रतिदिन लक्षदक्षिणायुक्त यज्ञोंको करता है ।३०६।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

योऽरक्षन्बलिमादत्ते करं शुल्कं च पार्थिवः ।
प्रतिभागं च दण्डं च स सद्यो नरकं व्रजेत् ॥३०७॥
अरक्षितारं राजानं बलिषड्भागहारिणम् ।
तमाहुः सर्वलोकस्य समग्रमलहारकम् ॥३०८॥

जो रक्षा न करता हुवा राजा धान्य का छटा भाग चुङ्गी कर तथा दण्डका भाग लेता है वह शीघ्र नरकमे जावेगा (४ पुस्तकोंमें 'प्रति भोगम्' पाठ है) ॥३०७॥ जो राजा रक्षा नहीं करता और धान्य का छटा भाग लेता है उसको सब लोगो का सम्पूर्ण पाप ढोने वाला कहते हैं ॥३०८॥

अनपेक्षितमर्यादं नास्तिकं विप्रलुम्पकम् ।
अरक्षितारमत्तारं नृपं विद्यादधोगतिम् ॥३०९॥
अधार्मिकं त्रिभिर्न्यायैर्निगृह्णीयात्प्रयत्नतः ।
निरोधनेन बन्धेन विविधेन वधेन च ॥३१०॥

(शास्त्र की) मर्यादा के उलंघन करनेवाले- नास्तिक, अनुचित दण्डादि धनको ग्रहण करने वाले रक्षा न करने वाले (कर आदि) भक्षण करने वाले राजा को अधोगामी जाने ॥३०९॥ अधार्मिक पुरुष का तीन उपायो से यत्न पूर्वक निग्रह करे। एक कारागार (हवालात्) दूसरा बन्धन, और तीसरा विविध प्रकार वध (बेत आदि लगवाना) ॥३१०॥

निग्रहेणहि पापानां साधूनां संग्रहेण च ।
द्विजातय इवेज्याभिः पूयन्ते सततं नृपाः ॥३११॥
क्षन्तव्यं प्रभुणानित्यं क्षिपतां कार्यिणां नृणाम् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

वालवृद्धातुराणां च कुर्वता हितमात्मनः ॥३१२॥

पापियों के निग्रह और साधुओं के संग्रह से राजा सदा पवित्र होते हैं। जैसे यज्ञ करनेसे द्विज ॥३११॥ (दुःख से) आक्षेप करने वाले कार्यार्थी तथा वाल वृद्ध आतुरों को अपने हित की इच्छा करने वाला राजा क्षमा करे ॥३१२॥

यः क्षिप्तो मर्षयत्यार्तैस्तेन स्वर्गे महीयते।
यस्त्वैश्वर्यान्न क्षमते नरकं तेन गच्छति ॥३१३॥
राजा स्तेनेन गन्तव्यो मुक्तकेशेन धावता।
आचक्षाणेन तत्स्तेयमेवंकर्मास्मिशाधिमाम् ॥३१४॥

जो राजा दुःखितों से आक्षेप किया हुवा सहता है वह स्वर्ग में पूजा जाता है और जो ऐश्वर्य के मद से क्षमा नहीं करता उससे वह नरक को जाता है ॥३१३॥ चोरी करने वाला सिर के वाल खोले हुवे और दौड़ता हुवा राजा के पास जाकर उस चोरी को कहता हुवा यह कहे कि मुझे दण्ड दो मैं इस काम का करने वाला हूं ॥३१४॥

स्कन्धेनादाय मुसलं लगुडं वापि खादिरम्।
शक्तिं चोभयतस्तीक्ष्णामायसं दण्डमेव वा। ३१५।

खैर की लड़की के मूसल वा लट्ठ, वा जिस मे दोनो ओर धार हो ऐसी वरछी वा लोहे का दण्डा कन्धे पर उठा कर (कहे कि इस से मुझे मारो। ३१५ से आगे एक पुस्तक मे एक श्लोक अधिक मिलता है। यथा-

[गृहीत्वा मुसलं राजा सकृद्धन्यात्तु तं स्वयम्।
वधेन शुध्यते स्तेनो ब्राह्मणस्तपसैव वा॥]

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

शासनाद्वा विमोक्षाद्वा स्तेनः स्तेयाद्विमुच्यते ।
अशासित्वातुतंराजास्तेनस्याप्नोति किल्बिषम्॥३१६॥

तब चोर शासन से वा छोड़ देने से चोरी के अपराध से छूट जाता है और यदि राजा उसको दण्ड न दे तो उस चोर के पाप को पाता है ॥३१६॥

अन्नादे भ्रूणहा मार्ष्टिपत्यौ भार्यापचारिणी ।
गुरौशिष्यश्च याज्यश्च स्तेनोराजनिकिल्बिषम्॥३१७॥

राजनिर्धूतदण्डास्तु कृत्वा पापानि मानवाः ।
निर्मलाः स्वर्गमायान्ति सन्तः सुकृतिनोयथा ॥३१८॥

भ्रूणहत्या वाले का पाप उसके अन्न खाने वाले को और व्यभिचारिणी स्त्री का पाप पति को और शिष्य का पाप गुरु को तथा यज्ञ करने वाले का कराने वाले को (उपेक्षा करने से) लगता है। वैसे ही चोर का पाप (छोड़ने से) राजा को होता है ॥३१७॥ पाप करके भी राजा से उचित दण्ड पाये हुवे मनुष्य, निष्पाप होकर स्वर्ग को जाते हैं जैसे पुण्य करने से सन्त ॥३१८॥

यस्तुरज्जुं घटं कूपाद्धरेद्भिन्द्याच्चयः प्रपाम् ।
सदण्डं प्राप्नुयान्माषं तच्च तस्मिन्समाहरेत् ॥३१९॥

धान्यं दशभ्यः कुम्भेभ्योहरतोऽभ्यधिकं वधः ।
शेषेप्येकादशगुणं दाप्यस्तस्य च तद्धनम् ॥३२०॥

जो कुवे पर से रस्सी और घड़े को चुरावे और जो प्याऊ को तोड़े उसको सौने का एक 'माष' दण्ड हो और उस रज्जु और घड़े को उसी से रखावे और प्याऊ को भी वे बनावे ।३१९।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

(बीस द्रोणों का एक कुम्भ, ऐसे) दश कुम्भों से अधिक धान्य का चुराने वाला अधिक वध (पीटने) के योग्य है और शेष में उसका ११ गुणा धन दिलवावे ॥३२०॥

तथा धरिमसेयानां शतादभ्यधिके वधः ।
सुवर्णरजतादीनामुत्तमानां च वाससाम् ॥३२१॥
पञ्चाशतस्त्वभ्यधिके हस्तच्छेदनमिष्यते ।
शेषे त्वेकादशगुणं मूल्याद्दण्डं प्रकल्पयेत् ॥३२२॥

जैसे धान्य मे वध कहा है वैसे ही (तराजू वा कांटा) तुलादि से तोलने योग्य सुवर्ण चांदी आदि और उत्तम वस्त्र चुराने पर भी १०० से अधिक पर दण्ड जानो ॥३२१॥ और पचास (पल) से ऊपर चुराने से हाथ काटने चाहियें। शेष (एक से उनचास तक) चुराने में उसके मूल्य से ११ गुणा दण्ड देवे ॥३२२॥

पुरुषाणां कुलीनानां नारीणां च विशेषतः ।
मुख्यानां चैव रत्नानां हरणे वधमर्हति ॥३२३॥
महापशूनां हरणे शस्त्राणामौषधस्य च ।
कालमासाद्यकार्यं च दण्डं राजा प्रकल्पयेत् ॥३२४॥

बड़े कुल के पुरुषों और विशेष कर स्त्रियों और अधिक मूल्य के रत्नों के चुराने मे वध (देह दण्ड) योग्य है ॥३२३॥ बड़े पशुओ और शस्त्र तथा औषधि के चुराने में काल और कार्य को देख कर राजा दण्ड देवे ॥३२४॥

गोषु ब्राह्मणसंस्थासु छुरिकायाश्च भेदने ।
पशूनां हरणे चैव सद्यः कार्योऽर्धपादिकः ॥३२५॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सूत्रकार्पासकिएवानां गोमयस्य गुडस्य च ।
दध्नः क्षीरस्य तक्रस्य पानीयस्य तृणस्य च॥३२६॥

ब्राह्मण की गौवों के हरण और नाक काटने और पशुओं के हरण मे शीघ्र अर्धपाद के छेदने का दण्ड करे ॥३२५॥ सूत कपास मदिरा की गाद, गोवर, गुड़, दही, दूध, मटा, जल तृण ॥३२६॥

वेणुवैदलभाण्डानां लवणानां तथैव च ।
मृण्मयानां च हरणे मृदोभस्मन एव च ॥३२७॥
मत्स्यानां पक्षिणांचैव तैलस्य च घृतस्य च ।
मांसस्य मधुनश्चैव यच्चान्यत्पशुसंभवम् ॥३२८॥

बांसकी नली और वरतनों, नमक, मट्टी के वरतनों की चोरी और मट्टी, राख ॥३२७॥ मछली, पक्षी तेल घृत मांस मधु और जो कुछ पशु से उत्पन्न होता है (चाम सींग आदि) ॥३२८॥

अन्येषां चैव मादीनामाद्यानामोदनस्य च ।
पक्वान्नानां च सर्वेषां तन्मूल्याद् द्विगुणोदमः॥३२९॥
पुष्पेषु हरिते धान्ये गुल्मवल्ली नगेषु च ।
अन्येश्व परिपूतेषु दण्डः स्यात्पञ्चकृष्णलः॥३३०॥

और भी इसी प्रकार की खाने की चीजो, चावलों के भात और सम्पूर्ण पक्वानो की भी चोरी मे इनके मूल्य से दूना दण्ड होना चाहिये ॥३२९॥ पुष्पो और हरे धान्य तथा गुल्म वल्ली वृक्षों और अन्य जिनके तुषादि दूर करके अमनियां नहीं किये गये (उनकी चोरी करने वालेको) पाच 'कृष्णल" दण्ड हो।३३०।

परिपूतेषु धान्येषु शाकमूलफलेषु च ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

निरन्वये शतं दण्डः साऽन्वयेऽर्धशतं दमः ॥३३१
स्यात्साहसं त्वन्वयवत्प्रसभं कर्म यत्कृतम् ।
निरन्वयं भवेत्स्तेयं हृत्वाऽपव्ययते च यत् ॥३३२॥

पवित्र शोधित धान्य और शाक मूल फल के चुराने मे वंश सम्बन्ध रहितो को शत १०० दण्ड और वन्श में चोर हों तो पचास ५० दण्ड हों ॥३३१॥ जो धान्यादि को सामने बल से कुटुम्बियों के समान छीन लेवे, वह साहस है। और (स्वामी के पीछे) ऊपरियों के समान लेवे, वह चोरी है तथा लेकर जो नकार करे वह भी चोरी ही है ॥३३२॥

यस्त्वेतान्युपक्लृप्तानि द्रव्याणि स्तेनयेन्नरः ।
तमाद्यं दण्डयेद्राजा यश्चाग्निंचोरयेद्गृहात् ॥३३३॥
येन येन यथाङ्गेन स्तेनो नृषु विचेष्टते ।
तत्तदेव हरेत्स्य प्रत्यादेशाय पार्थिवः ।३३४॥

जो मनुष्य इन बनाई चीजों और अग्नि को चुरावे उसको राजा "प्रथम साहस" दण्ड दे ॥३३३॥ जिस २ अङ्ग से जिस २ प्रकार चोर चोरी करता है, राजा उसका आगे को प्रसङ्ग निवारण के लिये वही अङ्ग छिन्न करे ॥३३४॥

पिताचार्यः सुहृन्माता भार्यापुत्रः पुरोहितः ।
नाऽदंड्योनाम राज्ञोऽस्ति यः स्वधर्मे न तिष्ठति।३३५।
कार्षापणंभवेद्दण्ड्यो यत्रान्यः प्राकृतोजनः ।
तत्र राजा भवेद्दण्ड्यः सहस्रमिति धारणा ॥३३६॥

पिता आचार्य मित्र माता भार्या पुत्र और पुरोहित इन मे

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

जो स्वधर्म मे न रहे वह राजा को अदण्ड्य नहीं है (दण्ड योग्य है) ॥३३५॥ जिस अपराध मे अन्य लोग "कार्षापण" दण्ड के योग्य हैं, उसी अपराध मे राजा को "सहस्र पण दण्ड हो" यह मर्यादा है ॥३३६॥

अष्टापद्यं तु शूद्रस्य स्तेये भवति किल्बिषम् ।
षोडशैवतु वैश्यस्य द्वात्रिंशत्क्षत्रियस्य च ॥३३७॥
ब्राह्मणस्य चतुः षष्टिः पूर्णं वापि शतं भवेत् ।
द्विगुणा वा चतुः षष्टिस्तद्दोषगुणविद्धि सः ॥३३८॥

शूद्र को चोरी में आठ गुणा पाप होता है वैश्य को सोलह गुणा क्षत्रिय को बत्तीस गुणा ॥३३७॥ ब्राह्मण को चौंसठ गुणा वा एक सौ अट्ठाइस गुणा पाप होता है क्योंकि वह चोरी के दोष गुण जानने वाला है ॥३३८॥

"वानस्पत्यं मूलफलं दार्वग्न्यर्थं तथैव च ।
तृणं च गोभ्योग्रासार्थमस्तेयं मनुरब्रवीत् ॥३३९॥"

वनस्पति सम्बन्धी मूल फल और जलाने को काष्ठ और गायों के लिये घास यह चोरी नहीं है ऐसा मनु ने कहा है" ॥३३९॥

योऽदत्तादायिनो हस्ताल्लिप्सेत ब्राह्मणोधनम् ।
याजनाध्यापनेनापि यथा स्तेनस्तथैव सः ॥३४०॥

जो ब्राह्मण चोर के हाथसे यज्ञ कराने और पढ़ाने से भी धन लेने की इच्छा करे तो जैसा चोर है वैसा ही वह है ॥३४०॥

द्विजोऽध्वगः क्षीणवृत्तिर्द्वाविक्षू द्वे च मूलके ।
आददानः परक्षेत्रान्न दंडं दातुमर्हति ॥३४१॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अग्रन्थितानां ग्रन्थाता सन्धितानां च मोचकः।
दासाश्वरथहर्ता च प्राप्तः स्याच्चोरकिल्बिषम् ।३४२।

गर्व से बद्ध मार्ग का चलने वाला द्विज दूसरे के खेत से दो गन्ने और दो मूली ग्रहण कर लेने वाला दण्ड देने योग्य नहीं है ॥३४१॥ खुले हुवे दूसरे के पश्वादि का बांधने वाला और बंधों को खोल देने वाला और दास अश्व और रथ का हरण करने वाला चोर के दण्ड को प्राप्त हो ॥३४२॥

अनेन विधिना राजा कुर्वाणः स्तेननिग्रहम् ।
यशोऽस्मिन्प्राप्नुयाल्लोके प्रेत्य चानुत्तमं सुखम् ॥३४३॥

ऐन्द्रं स्थानमभिप्रेप्सुर्यशश्चाक्षमव्ययम् ।
नोपेक्षेतक्षणमपि राजा साहसिकं नरम् ॥३४४॥

इस प्रकार चोरों का निग्रह करने वाला राजा इस लोक में यश और परलोक में अनुत्तम सुख को पावेगा ॥३४३॥ इन्द्र के स्थान की इच्छा करने वाला और अक्षय यश का चाहने वाला राजा साहस करने वाले मनुष्य की क्षण भर भी उपेक्षा न करे (तुरन्त दण्ड दे) ॥३४४॥

वाग्दुष्टात्तस्कराच्चैव दण्डेनैव च हिंसतः ।
साहसस्य नरः कर्त्ता विज्ञेयः पापकृत्तमः ॥३४५॥

साहसे वर्त्तमानं तु यो मर्षयति पार्थिवः ।
स विनाशं व्रजत्याशु विद्वेषं चाधिगच्छति ॥३४६॥

वाक्पारुष्य (गाली गलौज) करने वाले चोर तथा दण्ड द्वारा मारने वाले से "साहस (जबरदस्ती) करने वाले मनुष्यको

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अधिक पापकारी जाने ॥३४५॥ साहस करने वाले को जो राजा क्षमा करता है वह शीघ्र विनाश और लोगों में द्वेष को प्राप्त होता है ॥३४६॥

न मित्रकारणाद्राजा विपुलाद्वाधनागमात् ।
समुत्सृजेत्साहसिकान्सर्वभूतभयावहान् ॥३४७॥
शस्त्रं द्विजातिभिर्ग्राह्यं धर्मो यत्रोपरुध्यते ।
द्विजातीनां च वर्णानां विप्लवे कालकारिते ॥३४८॥
आत्मनश्च परित्राणे दक्षिणानां च सङ्गरे ।
स्त्रीविप्राभ्युपपत्तौ च घ्नन्धर्मेण न दुष्यति ॥३४९॥
गुरुं वा बालवृद्धौ वा ब्राह्मणं वा बहुश्रुतम् ।
आततायिनमायान्तं हन्यादेवाविचारयन् ॥३५०॥

मित्र के कारण वा बहुत धन की प्राप्ति से भी राजा सब लोगों को भय देने वाले साहसी मनुष्यों को न छोड़े ॥३४७॥ ब्राह्मणादि तीन वर्णों को शस्त्र ग्रहण करना चाहिये, जिस समय कि वर्णा-श्रमियों का धर्म रोका जाता हो और त्रैवर्णिकों के मध्य विप्लव (बलवे) में ॥३४८॥ और अपनी रक्षा के लिये, दक्षिणा के छीनने पर स्त्रियों और ब्राह्मणों की विपत्ति में धर्मानुसार शत्रुओं की हिंसा करने वाला दोष भागी नहीं होता ॥३४९॥ गुरु वा बालक वा वृद्ध व बहुश्रुत ब्राह्मण इन में कोई हो जो आततायी होकर आवे, उसको राजा बिना विचारे (शीघ्र) मारे ॥

(३५० से आगे दो पुस्तकों में यह श्लोक अधिक पाया जाता है

[अग्निदोगरदश्चैव शस्त्रपाणिर्धनापहः ।
क्षेत्रदारहरश्चैव षडेते ह्याततायिनः ॥]

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अग्नि से स्थानादि जलाने वाला, विष देने वाला, (मारने को) शस्त्र हाथ में लिये हुये धन छीनने वाला, खेत और स्त्री का हरने वाला ये छः आततायी हैं॥ इसमें छः को आततायी कहने से जान पड़ता है कि बस ये ही आततायी हैं, विशेष नहीं। परन्तु किसी ने दो नीचे लिखे श्लोक आततायी के लक्षण के और भी बढ़ा दिये हैं जिन में से पहला ३ और दूसरा २ पुस्तकों में पाया जाता है—

[उद्यतासिर्विषाग्निभ्यां शापोद्यतकरस्तथा।
आथर्वणेन हन्ता च पिशुनश्चापि राजनि॥
भार्यारिक्थापहारी च रन्ध्रान्वेषणतत्परः।
एवमाद्यान्विजानीयात्सर्वाने वाततायिनः॥]

अर्थात्-प्रहारार्थ खड्ग उठाने वाला, विष और अग्निसे मारने वाला शाप के लिये हाथ उठाता हुआ, अथर्ववेदके मन्त्र से मारने वाला, राजा से झूंठी चुगली करने वाला॥ स्त्री धन का छीनने वाला छिद्र ढूंढने मे तत्पर इत्यादि सभी आततायी समझने चाहियें)॥३५०॥

नाततायिवधे दोषो हन्तुर्भवति कश्चन।
प्रकाशं वाऽप्रकाशं वा मन्युस्तं मन्युमृच्छति॥३५१॥
परदाराभिमर्शेषु प्रवृत्तान्नन्महीपतिः।
उद्वेजनकरैर्दण्डैश्छिन्नयित्वा प्रवासयेत्॥३५२॥

लोगों के सामने वा एकान्त मे मारने को तैयार हुवे के मारने मे मारने वाले को कुछ भी दोष नहीं होता क्योंकि वह क्रोध उस क्रोध को प्राप्त होता है॥३५१॥ परस्त्रीसंभोग मे प्रवृत्त पुरुषों को

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

डराने वाले दण्ड देकर और अङ्ग भङ्ग करके राजा देश से निकाल दे ॥३५२॥

तत्समुत्थोहि लोकस्य जायते वर्णसंकरः ।
येन मूलहरोऽधर्मः सर्वनाशाय कल्पते ॥३५३॥
परस्य पत्नया पुरुषः संभाषां योजयन् रहः ।
पूर्वमाचारितो दोषैः प्राप्नुयात्पूर्वसाहसम् ॥३५४॥

उस (परस्त्रीगमन) से लोगों मे वर्णसङ्कर उत्पन्न होते हैं क्योंकि मूल को नाश करने वाला अधर्म सब के नाश करने मे समर्थ है ॥३५३॥ पहले बदनाम हुआ पुरुष एकान्त में दूसरे की स्त्री के साथ बात चीत करे तो "प्रथम साहस" दण्ड पावे ।३५४।

यस्त्वनाचारितः पूर्वमभिभाषेत कारणात् ।
नदोषं प्राप्नुयात्किंचिन्नहि तस्य व्यतिक्रमः ॥३५५॥
परस्त्रियं योऽभिवदेत्तीर्थेऽरण्ये वनेऽपि वा ।
नदीनां वापि संभेदे स संग्रहणमाप्नुयात् ॥३५६॥

जो पहले से बदनाम नहीं है और किसी कार्य से लोगो के सामने (पर स्त्री से) बोले वह दोष को प्राप्त न हो क्योंकि उसका कोई अपराध नहीं है ॥३५५॥ जो पराई स्त्री से तीर्थ वा अरण्य (जङ्गल) वा वन वा नदी के सङ्गम मे सभाषण करे उस को पर-स्त्री हरण का अपराध हो ॥३५६॥

उपचारक्रिया केलिः स्पर्शो भूषणवाससाम् ।
सह खट्वासनं चैव सर्वं संग्रहणं स्मृतम् ॥३५७॥
स्त्रियं स्पृशेददेशे यः स्पृष्टोवा मर्षयेत्तया ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

परस्परस्यानुमते सर्वं संग्रहणं स्मृतम् ॥३५८॥

माला चन्दनादि का भेजना, परिहास, आलिङ्गनादि करना, वस्त्र आभूषण का स्पर्श करना आसन तथा शय्या पर साथ रहना इन सब कामों को भी परस्त्री संग्रहण के समान कहा है ॥३५७॥ जो परस्त्री को गुह्य स्थान में स्पर्श करे और जो परस्त्री से छुवा हुवा आपस की प्रसन्नता में सहन करे। यह सब पर स्त्री संग्रहण कहा है।

(३५८ से आगे १ श्लोक २ पुस्तकोंमें अधिक पाया जाता है

[कामाभिपातिनी या तु नरं स्वयमुपव्रजेत् ।
राज्ञा दास्ये नियोज्या सा कृत्वा तद्दोषघोषणम् ॥]

जो स्त्री काम के वश स्वयं परपुरुष के समीप जावे तो राजा उसके दोष की मनादी = डिंडमा पिटवा कर दासियों में नौकर रक्खे ॥३५८॥

'अब्राह्मणः संग्रहणे प्राणान्तं दण्डमर्हति ।
चतुर्णामपि वर्णानां दारा रक्ष्यतमाः सदा ॥३५९॥

भिक्षुका वन्दिनश्चैव दीक्षिताः कारवस्तथा ।
संभाषणं सह स्त्रीभिः कुर्युरप्रतिवारिताः ॥३६०॥

"ब्राह्मण को छोड़ कर अन्य जो कोई परस्त्री संग्रहण करे वह प्राणान्त दण्डयोग्य है, क्यों कि चारों वर्णों की स्त्री सर्वदा बहुत करके रक्षा के योग्य हैं (यह ३५० के विरुद्ध है) ॥३५९॥" भिक्षुक वन्दी दीक्षित और रसोई करने वाले परस्त्री के साथ निवारण न करने पर सम्भाषण कर सकते हैं ॥३६०॥

न सम्भाषां परस्त्रीभिः प्रतिषिद्धः समाचरेत् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

निषिद्धो भाषमाणस्तु सुवर्णं दण्डमर्हति ॥३६१॥

नैष चारणदारेषु विधिर्नात्मोपजीविषु ।
सज्जयन्ति हि ते नारीर्निगूढाश्चारयन्ति च ।३६२।

पराई स्त्री के साथ निषेध करने पर बात न करे और करे तो एक 'सुवर्ण' दण्ड योग्य है ॥३६१॥ यह विधि चारण=नट गायकादि की स्त्रियों में नहीं है (अर्थात् इन से बोलने का निषेध नहीं है) तथा (पुत्रादि) जो अपने अधीन जीविका वाले है उन में भी नहीं हैं। क्यों कि ये (चारणादि) छिपे हुवे आप ही स्त्रियो को सज्जित करके पर पुरुषो के साथ मिलाते हैं ॥३६२॥

किञ्चिदेव तु दाप्यः स्यात्सम्भाषां ताभिराचरन् ।
प्रैष्यासु चैकभक्तासु रहःप्रव्रजितासु च ॥३६३॥

योऽकामां दूषयेत्कन्यां स सद्यो वधमर्हति ।
सकामां दूषयंस्तुल्यो न वधं प्राप्नुयान्नरः ।३६४।

परन्तु उन के साथ भी निर्जन देश मे सम्भाषण करता हुवा कुछ थोड़ा दण्ड देने योग्य है और एकभक्ता तथा विरक्ताके साथ भी सम्भाषण करने से थोड़ा दण्ड दे ॥३६३॥ जो (हीन जाति) इच्छा न करने वाली कन्या से गमन करे, वह उसी समय वध के योग्य है और कन्या की इच्छा से गमन करने वाला सजातीय पुरुष वध के योग्य नहीं है (किन्तु अन्य दण्डके योग्य है) ।३६४।

"कन्यां भजन्तीमुत्कृष्टं न किञ्चिदपि दापयेत् ।
जघन्यं सेवमानां तु संयतां वासयेद् गृहे ॥३६५॥

उत्तमां सेवमानस्तु जघन्यो वधमर्हति ।
शुल्कं दद्यात्सेवमानः समामिच्छेत्पिता यदि ॥३६६॥"

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ब्राह्मणादि उत्तम के साथ सङ्गम करने वाली कन्या को थोडा भी दण्ड न देवे, और हीन जाति से सम्बन्ध करने वाली को रक्षा से घर में रक्खे ॥३६५॥ उत्कृष्ट जाति वाली कन्या के साथ सङ्गम करने वाला हीन जाति पुरुष बध के योग्य है। और समान जाति में हो तो सेवन करने वाला यदि उस कन्याका पिता स्वीकार करे तो शुल्क (मूल्य) दे । यह व्यभिचार प्रवर्त्तक है। यदि विवाहविषयक मानाजावे तो दण्डकी आशङ्का भी व्यर्थ है ।३६६।

अभिषह्य तु यः कन्यां कुर्याद्दर्पेण मानवः ।
तस्याशु कर्त्ये अंगुल्यौ दण्डंचार्हतिषट्शतम् ।३६७।

सकामां दूषयंस्तुल्यो नांगुलिच्छेदमाप्नुयात् ।
द्विशतं तु दमं दाप्यः प्रसङ्गविनिवृत्तये ॥३६८॥

जो मनुष्य बलात्कार से कन्या को घमण्ड से बिगाड़े, उस की दो अंगुली शीघ्र काट ली जावें और छ सौ पण दण्ड योग्य है ॥३६७॥ परन्तु कन्या की इच्छा के साथ बिगाड़ने वाले सजातीय की अंगुलियों का छेदन न हो, किन्तु प्रसङ्ग की निवृत्ति के लिये दो सौ पण दण्ड दिलाना चाहिये ॥३६८॥

कन्यैव कन्यां या कुर्यात्तस्याः स्याद् द्विशतोदमः ।
शुल्कं च द्विगुणं दद्याच्छिफाश्चैवाप्नुयाद्दश ।३६९।

या तु कन्यां प्रकुर्यात्स्त्री सा सद्योमौण्ड्यमर्हति ।
अंगुल्योरेव वाछेदं खरेणोद्वहनं तथा ॥३७०॥

और कोई कन्या ही कन्या को (अंगुलियों से) बिगाड़े तो उस को दो सौ पण दण्ड होना चाहिये और कन्या के पिता को (जितना दहेज देना पड़ता, अब क्षतयोनित्व की शङ्का से कन्या-

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

चित कोई न विवाहे, इस की कलौड में देने के लिये) द्विगुण धन दण्डरूप शुल्क देवे और दश बेत खावे ॥३६९॥ और जो स्त्री कन्या को (उङ्गली) से विगाड़े, वह उसी समय शिर मुण्डाने योग्य है, वा उङ्गलियों के कटवाने का दण्ड पावे और गधेपर चढ़ा कर घुमानी योग्य है ॥३७०॥

भर्तारं लंघयेद्या तु स्त्री ज्ञातिगुणदर्पिता ।
तां श्वभिःखादयेद्राजा संस्थाने बहुसंस्थिते ॥३७१॥
पुमांसं दाहयेत्पापं शयने तप्तआयसे ।
अभ्यादध्युश्च काष्ठानि तत्र दह्येत पापकृत् ॥३७२॥

जो स्त्री प्रबल पिता, बान्धव धनादि के अभिमान से पति छोड़ कर दूसरे से सम्बन्ध करे उस को राजा बहुत आदमियों के बीच में कुत्तों से नुचवावे ॥३७१॥ व्यभिचारी, पापी मनुष्य को जलते लोहे की चारपाई पर जलावे । सब लोग उस पर लकड़ियां डालें, उन में पाप करने वाला जले ॥३७२॥

संवत्सराभिशस्तस्य दुष्टस्य द्विगुणोदमः ।
व्रात्यया सह संवासे चण्डाल्या तावदेव तु ॥३७३॥
शूद्रो गुप्तमगुप्तं वा द्वैजातं वर्णमावसन् ।
अगुप्तमङ्गसर्वस्वैर्गुप्तं सर्वेण हीयते ॥३७४॥

परस्त्री गमन करते २ दुष्ट पुरुष को एक वर्ष हो जावे तो उस पुरुष को पूर्वोक्त दण्डसे दूना दण्ड होना चाहिये और व्रात्या तथा चण्डाली के साथ रहने में भी दूना दण्ड होना चाहिये ॥३७३॥ रक्षिता वा अरक्षिता द्विजाति वर्ण की स्त्री के साथ यदि शूद्र गमन करे तो उस को अरक्षिता में अङ्गछेदन तथा सर्वस्वहरण दण्ड हो और रक्षिता में सब (शरीर तथा धनादि) से हीन कर दे ॥३७४॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

वैश्यः सर्वस्वदण्डः स्यात्संवत्सरनिरोधतः ।
सहस्रं क्षत्रियोदण्ड्यो मौण्ड्यं मूत्रेण चार्हति ।३७५।
ब्राह्मणीं यद्यगुप्तां तु गच्छेतां वैश्यपार्थिवौ ।
वैश्यं पंचशतं कुर्यात् क्षत्रियं तु सहस्रिणम् ।३७६।

वैश्य यदि एक वर्ष तक परस्त्री को घर में डाले रहे तो सर्वस्व हरणरूप दण्ड करना चाहिये। और क्षत्रिय सहस्र दण्ड और मूत्र से शिर मुण्डाने योग्य है ॥३७५॥ और यदि अरक्षिता ब्राह्मणी से वैश्य, क्षत्रिय गमन करे तो क्षत्रिय को सहस्र और वैश्य को पाच सौ दण्ड चाहिये ॥३७६॥

उभावपि तु तावेव ब्राह्मण्या गुप्तया सह ।
विप्लुतौ शूद्रवद्दण्ड्यौ दग्धव्यौ वा कटाग्निना।३७७।
सहस्रं ब्राह्मणोदण्ड्योगुप्तां विप्रां बलाद्व्रजन् ।
शतानिपंचदण्डयःस्यादिच्छन्त्यासहसंगतः ॥३७८॥

वे दोनों (क्षत्रिय वैश्य) रक्षिता ब्राह्मणी के साथ डूबे तो शूद्रवत् दण्ड योग्य है। अथवा उन्हें चटाई में लपेट कर जला देवें ॥३७७॥ रक्षिता ब्राह्मणी से यदि ब्राह्मण बलात्कार से मैथुन करे तो सहस्र पण और चाहती हुई से करे तो पाच सौ पण दण्ड योग्य है ॥३७८॥

मौण्डयं प्राणान्तिकोदण्डोब्राह्मणस्य विधीयते।
इतरेषां तु वर्णाना दण्ड प्राणान्तिको भवेत् ॥३७९॥
न जातु ब्राह्मणं हन्यात्सर्वपापेष्वपि स्थितम।
राष्ट्रादेनं वहि. कुर्यात्समग्रधनमक्षतम्" ॥३८०॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

'ब्राह्मण का शिर मुण्डाना ही प्राणान्तिक दण्ड कहा है। अन्य वर्णों का प्राणदण्ड प्राणान्तिक ही है ॥३७९॥ सम्पूर्ण पापो मे भी स्थित ब्राह्मण को कभी न मारे। किन्तु सम्पूर्ण धन के साथ विना मारे पीटे राज्य से निकाल दे।" (य दोनो ३५० से विरुद्ध हैं। तथा ३८१ मे भी यही दशा है) ॥३८०॥

"न ब्राह्मणवधाद्भूयान धर्मो विद्यते भुवि।
तस्मादस्य वधं राजा मनसापि न चिन्तयेत् ॥३८१॥"

वैश्यश्चेत्क्षत्रियां गुप्तां वैश्यां वा क्षत्रियोव्रजेत्।
योब्राह्मण्यामगुप्तायां तावुभौ दण्डमर्हतः ॥३८२॥

"ब्राह्मण के वध से वड़ा कोई पाप पृथिवीमे नहीं है। इससे राजा इस के वध का मन से भी चिन्तन न करे ॥३८१॥" रक्षिता क्षत्रिया से यदि वैश्य गमन करे या वैश्या से क्षत्रिय गमन करे तो जो अरक्षिता ब्राह्मणी से गमन मे दण्ड कहा है वही (३७६ के अनुसार) दोनो को हो॥

(३८२ से आगे ११ पुस्तको में यह श्लोक अधिक है,—

[क्षत्रियां चैव वैश्यां च गुप्तां तु ब्राह्मणोव्रजन्।
न मूत्रमुण्डः कर्त्तव्योदाप्यस्तूत्तमसाहसम्] ॥

= यदि ब्राह्मण, रक्षिता क्षत्रिया या वैश्या से गमन करे तो मूत्रसे मुण्डित न कराया जावे किन्तु "उत्तमसाहस" (१००० पण) दण्ड दिलाया जावे ॥३८२॥

सहस्रं ब्राह्मणो दण्डं दाप्यो गुप्तेतु ते व्रजन्।
शूद्रायां क्षत्रियविशो साहस्रोवै भवेद्दमः ॥३८३॥
क्षत्रियायामगुप्तायां वैश्ये पञ्चशतं दमः।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

मूत्रेण मौण्ड्यमिच्छेत्तु क्षत्रियोदण्डमेव वा ॥३८४॥

रक्षिता क्षत्रिया और वैश्या से जो ब्राह्मण गमन करे तो सहस्र पण दण्ड होना चाहिये और रक्षिता शूद्रा से क्षत्रिय वैश्य गमन करें तो भी सहस्र दण्ड देना चाहिये ॥३८३॥ अरक्षिता क्षत्रिया के गमन से वैश्य को पांचसौ पण दण्ड और क्षत्रिय को पांच सौ पण धन दण्ड दे अथवा चाहे तो मूत्र से मुण्डन करावे ॥

(३८४ से आगे भी २॥ श्लोक २ पुस्तकों मे अधिक हैं –

[शूद्रोत्पन्नांश पापीयान्न वै मुच्येत किल्बिषात् ।
तेभ्यो दण्डाहृतं द्रव्यं न कोशे सम्प्रवेशयेत् ॥
अयाजिकंतु तद्राजा दद्याद् भृतकवेतनम् ।
यथा दंडगतं वित्तं ब्राह्मणेभ्यस्तु लम्भयेत् ॥
भार्यापुरोहितस्तेना ये चान्ये तद्विधा जनाः ॥]

अगुप्ते क्षत्रियावैश्ये शूद्रां वा ब्राह्मणो व्रजन् ।
शतानिपञ्चदण्ड्यःस्यात्सहस्रं त्वन्त्यजस्त्रियम् ।३८५

यस्यस्तेनः पुरे नास्ति नान्यस्त्रीगो न दुष्टवाक् ।
न साहसिकदण्डघ्नौ स राजा शक्रलोकभाक् ।३८६।

अरक्षिता क्षत्रिया वैश्या वा शूद्रासे ब्राह्मण गमन करे तो पांच सौ पण दण्ड और अन्त्यजा के साथ गमन में सहस्र पण दण्ड होना चाहिये ॥३८५॥ जिस राजा के राज्य मे चोरी परस्त्रीगमन, गाली देने, साहस करने और मारपीट करने वाले पुरुष नहीं हैं वह राजा स्वर्ग वा सत्यलोक का भागी होता है (एक पुस्तक में 'सत्यलोक' पाठभेद है) ॥३८६॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

एतेषां निग्रहो राज्ञः पञ्चानां विषये स्वके ।
साम्राज्य कृत्सजात्येषु लोके चैव यशस्करः ॥३८७॥
ऋत्विजं यस्त्यजेद्याज्यो याज्यं चर्त्विक्त्यजेद्यदि ।
शक्तं कर्मण्यदुष्टं च तयोर्दण्डः शतंशतम् ॥३८८॥

इन पांचों का अपने राज्य में निग्रह करना राजा को अपने साथी राजाओं में साम्राज्य करानें वाला और लोगों में यश करने वाला है ॥३८७॥ जो यजमान ऋत्विज को छोड़े जो कि कर्म करने में समर्थ और दुष्ट न हो और जो ऋत्विज यजमान को छोड़े उन को सौ २ पण दण्ड होना चाहिये ॥३८८॥

न माता न पिता न स्त्री न पुत्रस्त्य गमर्हति ।
त्यजन्नपतितानेतान् राज्ञा दंड्यः शतानिषट् ॥३८९॥
आश्रमेषु द्विजातीना कार्ये विव्रदतांमिथः ।
न विब्रूयान्नृपोधर्मं चिकीर्षन्हितमात्मनः ॥३९०॥

माता पिता पुत्र और स्त्री त्याग करनेके योग्य नहीं हैं। जो इन बिना पतित हुवों का त्याग करे उसको राजा छ सौ पण दे ।३८९। वानप्रस्थाश्रमी कार्य में परस्पर झगड़ा करने वाले द्विजों के बीचमे, अपना हित करना चाहनेवाला राजा धर्म (न्याय) न करे (अर्थात ऐसे कामो में वलपूर्वक राजाका हस्तक्षेप नहो) ॥३९०॥

यथार्हमेतानभ्यर्च्य ब्राह्मणैः सहपार्थिवः ।
सान्त्वेन प्रशमय्यादौ स्व धर्मं प्रतिपादयेत् ॥३९१॥
प्रतिवेश्यानुवेश्यौ च कल्याणे विंशति द्विजे ।
अर्हावभोजयन्विप्रो दंडमर्हति माषकम् ॥३९२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

जो जैसा पूजा के योग्य है उस की वैसी पूजा करके ब्राह्मणों के साथ प्रथम उन को समझावे उस के अनन्तर स्वधर्म बता देवे ॥३९१॥ निरन्तर अपने मकान में रहने वाले और कभी २ आने जाने वाले इन दोनों योग्यों को उत्सव में बीस ब्राह्मणों के भोजनावसर में जो ब्राह्मण, भोजन न करावे तो उसे १ रौप्य मापक दण्ड देना योग्य है ॥३९२॥

श्रोत्रियः श्रोत्रियं साधुं भूतिकृत्येष्वभोजयन् ।
तदन्नं द्विगुणं दाप्यो हिरण्यं चैव माषकम् ॥३९३॥
अन्धो जडः पीठसर्पी सप्तत्या स्थविरश्च यः ।
श्रोत्रियेषूपकुर्वंश्च न दाप्याः केनचित्करम् ॥३९४॥

यदि श्रोत्रिय विभव कार्य में एक साधु श्रोत्रियको भोजन न करावे तो उस अन्न से दूना अन्न और "हिरण्यमापक दण्ड दिलाना योग्य है ॥३९३॥ अन्ध बधिर,पंगु और सत्तर वर्ष का वृद्ध तथा श्रोत्रियों के उपकार करने वाला इनसे किसी को कर दिलाना योग्य नहीं है ॥३९४॥

श्रोत्रियं व्याधितार्तौ च बालवृद्धावकिञ्चनम् ।
महाकुलीनमार्यं च राजा संपूजयेत्सदा ॥३९५॥
शाल्मलीफलके श्लक्ष्णे नेनिज्यान्नेजकः शनैः ।
न च वासांसि वासोभिर्निर्हरेन्न च वासयेत् ॥३९६॥

श्रोत्रिय रोगी दुःखी बालक वृद्ध दरिद्र और बड़े कुल वाले आर्य का राजा सदा सम्मान करे ॥३९५॥ सेमर की चिकनी पटिया पर धोबी धीरे धीरे कपड़ों को धोवे और दूसरे के कपड़ों से औरों के कपड़े न बदले जावे और न बहुत दिन पड़े रक्खे ॥३९६॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

तन्तुवायो दशपलं दद्यादेकपलाधिकम् ।
अतोऽन्यथा वर्तमानो दाप्योद्वादशकं दमम् ॥३९७॥
शुल्कस्थानेषु कुशलाः सर्वपण्यविचक्षणाः ।
कुर्युरर्घं यथापण्यं ततो विंशं नृपो हरेत् ॥३९८

जुलाहा दश १० पल सूत लेके एकादश ११ पल (मांडी से बढने के कारण) वस्त्र तौल देवे इस से विपरीत करे तो (राजा) बारह पण दण्ड दिलावे ॥३९७॥ जो चुङ्गी आदि के विषय में कुशल और हर एक प्रकार के लेने देने मे चतुर हों उन सौदागरों को जो लाभ हो उसका बीसवां भाग राजा ले ॥३९८॥

राज्ञः प्रख्यातभाण्डानि प्रतिषिद्धानियानि च ।
तानि निर्हरतो लोभात्सर्वहारंहरेन्नृपः ॥३९९॥
शुल्कस्थानं परिहरन्न काले क्रयविक्रयी ।
मिथ्यावादी च संस्थानेदाप्योऽष्टगुणमत्ययम् ॥४००

राजाके जो प्रसिद्ध निज विक्रेय द्रव्य और जो राजाने बेचनेसे निषेध किये हुवे द्रव्य हैं उन को लोभके कारण और जगह लेजा कर बेचने वाले का सर्वस्व राजा हरण करले ॥३९९॥ चुङ्गी की जगह से हट कर (चोरी से) और जगह माल ले जाने वाला वे समय बेचने खरीदने वाला और गिनती व तौल मे झूंठ बोलने वाला उचित राज कर का ८ गुणा वा जितने का झूंठ बोला हो उसका आठ गुणा दण्ड दे ॥४००॥

आगमं निर्गमं स्थानं तथा वृद्धिक्षयावुभौ ।
विचार्य सर्वपण्यानां कारयेत्क्रयविक्रयौ ॥४०१॥
पञ्चरात्रे पञ्चरात्रे पक्षे पक्षेऽथवा गते ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

कुर्वीत चैषां प्रत्यक्षमर्घसंस्थापनं नृपः॥४०२॥

आने और जाने का खर्च स्थान तथा वृद्धि और क्षय दोनों, इन को विचार कर सब वस्तुओं को खरीदने बेचने का भाव करावे ॥४०१॥ पांच पांच दिन वा पक्ष (१५ वें) दिन के भाव को राजा प्रत्यक्ष नियत करावे ॥४०२॥

तुलामानं प्रतीमानं सर्वं च स्यात्सुरक्षितम् ।
षट्सु षट्सु च मासेषु पुनरेव परीक्षयेत् ॥४०३॥
पणं यानं तरे दाप्यं पौरुषोऽर्धपणं तरे ।
पादं पशुश्च योषिच्च पादार्धं रिक्तकः पुमान् ॥४०४

तुला की तोल और नापों को अच्छे प्रकार देखे और छ. छ. महीने में फिरसे दिखावे ॥४०३॥ पुल पर गाड़ी का महसूल १ पण दे और एक आदमी के बोझ का आधा पण और गाय बैल आदि पशु तथा स्त्री चौथाई पण और खाली आदमी १ पण का ८ वां भाग दे ॥४०४॥

भाण्डपूर्णानि यानानि तार्यं दाप्यानि सारतः ।
रिक्तभाण्डानि यत्किञ्चित्पुमांसश्चापरिच्छदाः ॥४०५॥
दीर्घाध्वनि यथादेशं यथाकालं तरो भवेत् ।
नदीतीरेषु तद्विद्यात्समुद्रे नास्ति लक्षणम् ॥४०६॥

पुल पर माल भरी गाड़ी का महसूल बोझ के अनुसार दे और खालीसवारी और दरिद्र पुरुषोंसे महसूल कुछ थोड़ा लेलेवे ॥४०५ लम्बी उतराई का महसूल देशकालानुसार हो। उसको नदी तीरमें हीजाने। समुद्रमे यह लक्षण नहीं है ॥४०६॥

गर्भिणी तु द्विमासादिस्तथा प्रव्रजितो मुनिः ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ब्राह्मणालिङ्गिनश्चैव न दाप्यास्तारिकं तरे ॥४०७॥

यन्नावि किञ्चिद्दासानां विशीर्येतापराधतः।
तद्दासैरेव दातव्यं समागम्य स्वतोंऽशतः ॥४०८॥

दो महीने ऊपर की गर्भिणी, संन्यासी, वानप्रस्थ ब्रह्मचारी और ब्राह्मण खेवट की खेवाई न दें ॥४०७॥ नाव पर बैठने वालों की खेवने वालों के अपराध से जो कुछ हानि हो वह अपने भाग में से सब खेवने वालों को मिल कर देनी चाहिये ॥४०८॥

एष नौयायिनामुक्तो व्यवहारस्य निर्णयः।
दासापराधतस्तोये दैविके नास्ति निग्रहः ॥४०९॥

वाणिज्यं कारयेद्वैश्यं कुसीदं कृषिमेव च।
पशूनां रक्षणं चैव दास्यं शूद्रं द्विजन्मनाम् ॥४१०॥

मल्लाहों के अपराध से पानी में हानि हो तो वे देवें। यह नाव से उतरने वालों के व्यवहार का निर्णय कहा। परन्तु दैवी तूफान में मल्लाहों को दण्ड नहीं है ॥४०९॥ वाणिज्य गिरवी बट्टा खेती और पशुओं की रक्षा वैश्यों से और शूद्र से द्विजों की सेवा (राजा) करावे ॥४१०॥

क्षत्रियं चैव वैश्यं च ब्राह्मणोवृत्तिकर्षितौ।
बिभृयादानृशंस्येन स्वानि कर्माणि कारयन् ॥४११॥
दास्यंतु कारयंल्लोभाद् ब्राह्मणः संस्कृतान्द्विजान्।
अनिच्छतः प्राभवत्याद्राज्ञादण्ड्यः शतानिषट् ॥४१२॥

क्षत्रिय और वैश्य वृत्ति के अभाव से पीड़ित हो तो दया से अपने २ कर्मों को करता हुवा ब्राह्मण उनका पोषण करे ॥४११॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ब्राह्मण, प्रभुता से वा लोभ से संस्कार किये हुवे द्विजो से बिना इच्छाके दास कर्म करावे तो राजा छ सोपण दण्ड दिलावे ॥४१२॥

शूद्रं तु कारयेद्दास्यं क्रीतमक्रीतमेव वा ।
दास्यायैव हि सृष्टोसौ ब्राह्मणस्य स्वयंभुवा ॥४१३॥

न स्वामिना निसृष्टोऽपि शूद्रोदास्याद्विमुच्यते ।
निसर्गजंहि तत्तस्य कस्तस्मात्तदपोहति ॥४१४॥

शूद्र से तो सेवा ही करावे, वह शूद्र खरीदा हो वा न खरीदा हुवा हो। क्योंकि ब्राह्मणादि की सेवा के लिये ही ब्रह्मा ने इसे उत्पन्न किया है ॥४१३॥ स्वामी से छुटाया हुवा भी शूद्र दास्य से नहीं छूट सकता। क्योंकि वह उसका स्वाभाविक धर्म है उस से उसको कौन हटा सकता है ॥४१४॥

ध्वजाहृतो भक्तदासो गृहजः क्रीतदत्रिमौ ।
पैत्रिको दण्डदासश्च सप्तैते दासयोनयः ॥४१५॥

भार्यापुत्रश्च दासश्च त्रय एवाऽधनाः स्मृताः ।
यत्ते समधिगच्छन्ति यस्य ते तस्य तद्धनम् ॥४१६॥

१-युद्ध मे जीत कर लाया हुआ २-भक्तदास ३-दासीपुत्र ४ खरीदा हुवा ५-दानमें दिया हुवा ६-जो बड़ो से चला आता हो और ७-दण्ड की शुद्धि के लिये जिस ने दास भाव स्वीकृत किया हो, ये सात प्रकार के दास होते हैं ॥४१५॥ भार्या, पुत्र और दास ये तीन निर्धन कहे हैं क्योंकि जो कुछ ये कमाते हैं वह उसका है जिस के कि ये हैं ॥४१६॥

विस्रब्धं ब्राह्मणः शूद्राद् द्रव्योपादानमाचरेत् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

न ाह तस्यास्ति किञ्चित्स्वं भर्तृहार्यधनोहि सः।४१७

वैश्यशूद्रौ प्रयत्नेन स्वानि कर्माणि कारयेत् ।
तौ हि च्युतौ स्वकर्मभ्यः क्षोभयेतामिदंजगत् ।४१८।

भरोसे से शूद्र=दास से ब्राह्मण धन ग्रहण करले क्योंकि उसका कुछ भी अपना नहीं है, किन्तु उसका धन भर्तृग्राह्य है ।।४१७।। वैश्य और शूद्रों से प्रयत्न से राजा अपने २ कर्म करावे नहीं तो वे अपने २ कार्मों से अलग होकर संपूर्ण जगत् को क्षोभ करा देंगे ।।४१८।।

अहन्यहन्यवेक्षेत कर्मन्तान्वाहनानि च ।
आयव्ययौ च नियतावाकरान्कोशमेव च ।।४१९।।
एवं सर्वानिमान् राजा व्यवहारान् समापयन् ।
व्यपोह्यकिल्विषं सर्वं प्राप्नोति परमां गतिम् ।।४२०।।

राजा कर्मों की निष्पत्ति (फल) और वाहनो तथा आय व्यय और खानि तथा कोष को प्रति दिन देखे ।।४१९।। इस उक्त प्रकार से इन (ऋणादानादि) व्यवहारो को ठीक २ निर्णय को पहुँचाता हुवा राजा सम्पूर्ण पाप को दूर करके परमगति पाता है ।। ।।४२०।।

इति मानवे धर्मशास्त्रे (भृगुप्रोक्तायां संहितायां)
अष्टमोऽध्यायः ।।८।।

इति श्री तुलसीरामस्वामिविरचिते मनुस्मृतिभाषानुवादे
अष्टमोऽध्यायः ।।८।।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ओ३म्

अथ नवमोऽध्यायः

पुरुषस्य स्त्रियाश्चैव धर्म्येवर्त्मनि तिष्ठतोः ।
संयोगे विप्रयोगे च धर्मान्वक्ष्यामि शाश्वतान् ॥१॥
अस्वतन्त्राः स्त्रियः कार्याः पुरुषैः स्वैर्दिवानिशम् ।
विषयेषु च सज्जन्त्यः संस्थाप्या आत्मनोवशे ॥२॥

धर्म मार्ग पर चलने वाले स्त्री पुरुषों के साथ रहने और अलग रहने के सनातन धर्मों को मैं आगे कहता हूं। (सुनो) ॥१॥ पतियों को अपनी स्त्रियें सदा स्वाधीन रखनी चाहिये और विषयों में आसक्त होती हुइयों को अपने वश मे रखना चाहिये॥२॥

पिता रक्षति कौमारे भर्ता रक्षति यौवने ।
रक्षन्ति स्थविरे पुत्रा न स्त्री स्वातन्त्र्यमर्हति ॥३॥

कालेऽदाता पितावाच्यो वाच्यश्चानुपयन्पतिः ।
मृते भर्तरि पुत्रस्तु वाच्यो मातुररक्षिता ॥४॥

बाल्याऽवस्था मे पिता रक्षा करता है। यौवन मे पति रक्षा करता है। बुढापे मे पुत्र रक्षा करते हैं। अतः स्वतन्त्रता के योग्य नहीं है ॥३॥ विवाह काल मे (१६ वे वर्ष मे) कन्यादान न करने वाला पिता और ऋतु काल मे स्त्री के पास गमन न करने वाला पति और पति के मरने पर माता की रक्षा न करने वाला पुत्र निन्दनीय है ॥४॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सूक्ष्मेभ्योपि प्रसङ्गेभ्यः स्त्रियोरक्ष्याविशेषतः।
द्वयोर्हि कुलयोः शोकमावहेयुररक्षिताः ॥५॥
इमं हि सर्व वर्णानां पश्यन्तो धर्ममुत्तमम्।
यतन्ते रक्षितुं भार्यां भर्तारोदुर्बला अपि ॥६॥

थोड़े से भी कुसंग से स्त्रियों की विशेषतः रक्षा करनी चाहिये क्योंकि अरक्षित स्त्रियें दोनों कुलों को शोक देने वाली होंगी ॥५॥ इस सब वर्णो के उत्तम धर्म को जानने वाले दुर्बल भी पति अपनी स्त्री की रक्षा का यत्न करते हैं ॥६॥

स्वां प्रसूतिं चरित्रं च कुलमात्मानमेव च।
स्वं च धर्मं प्रयत्नेन जायां रक्षन् हि रक्षति ॥७॥
पतिर्भार्यां सम्प्रविश्य गर्भोभूत्वेह जायते।
जायायास्तद्धि जायात्वं यदस्यां जायते पुनः ॥८॥

अपनी सन्तान और चरित्र तथा कुल और धर्म इन सब को यत्न से स्त्री की रक्षा करने वाला ही रक्षित करता है ॥७॥ एक प्रकार से पति ही स्त्री मे प्रवेश करके गर्भ रूप होकर संसार मे उत्पन्न होता है। जाया का जायात्व यही है जो कि इस मे फिर से जन्मता है ॥८॥

यादृशं भजते हि स्त्री सुतंसूते तथा विधम्।
तस्मात्प्रजाविशुद्ध्यर्थं स्त्रियं रक्षेत्प्रयत्नतः ॥९॥
न कश्चिद्योषितः शक्तः प्रसह्य परिरक्षितुम्।
एतैरुपाययोगैस्तु शक्यास्ताः परिरक्षितुम् ॥१०॥

जिस प्रकार के पुरुष को स्त्री सेवन करे उसी प्रकार का पुत्र

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

जनती है। इस कारण प्रजा की शुद्धि के लिये भी प्रयत्न से स्त्री की रक्षा करे ॥९॥ कोई बलात्कार से स्त्रियों की रक्षा नहीं कर सकता किन्तु इन उपायों से उनकी रक्षा कर सकता है.—॥१०॥

अर्थस्य संग्रहे चैनां व्यये चैव नियोजयेत् ।
शौचे धर्मेऽन्नपक्त्यां च पारिणाह्यस्य चेक्षणे ॥११॥
अरक्षिता गृहे रुद्धाः पुरुषैराप्तकारिभिः ।
आत्मानमात्मना यास्तु रक्षेयुस्ताः सुरक्षिताः॥१२॥

धन के संग्रह व्यय शौच धर्म रसोई पकाने और घर की वस्तुओं के देखने मे इस (स्त्री की) योजना करे ॥११॥ आप्तकारी पुरुषो से घर के परदे मे रोकी भी स्त्रियें सुरक्षित हैं। किन्तु जो अपने आप ही रक्षा करती हैं वे सुरक्षिता हैं ॥१२॥

पानं दुर्जनसंसर्गः पत्या च विरहोऽटनम् ।
स्वप्नोऽन्यगेहवासश्च नारीणां दूषणानि षट् ॥१३॥
"नैता रूपं परीक्षन्ते नासां वयसि संस्थितिः ।
सुरूपं वा विरूपं वा पुमानित्येव भुञ्जते ॥१४॥"

मद्यपान और दुर्जन संसर्ग तथा पति से अलग रहना और इधर उधर घूमना तथा समय सोना और दूसरे के घर मे रहना ये स्त्रियों के छः दूषण हैं ॥१३॥ "ये न तो रूप का विचार करती हैं न इनके आयु का ठिकाना है सुरूप अथवा कुरूप पुरुष मात्र हो उसे ही भोगती हैं ॥१४॥"

"पौंश्चल्याच्चलचित्ताच्च नैःस्नेह्याच्च स्वभावतः ।
रक्षिता यत्नतोऽपीह भर्तृष्वेता विकुर्वते ॥१५॥
एवं स्वभावं ज्ञात्वाऽऽसां प्रजापतिनिसर्गजम् ।
परमं यत्नमातिष्ठेत्पुरुषो रक्षणं प्रति ॥१६॥"

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

"पुरुष पर चलने वाली होने और चित्त की चञ्चल तथा स्वभाव से ही स्नेह रहिता होने से यत्न पूर्वक रक्षित स्त्रियें भी पति मे विकार कर बैठती हैं ॥१५॥ ब्रह्मा के सृष्टिकाल से साथ रहने वाला इस प्रकार इनका स्वभाव जान कर पुरुष इन की रक्षा का परम यत्न करे ॥१६॥"

"शय्यासनमलङ्कारं कामं क्रोधमनार्जवम् ।
द्रोहभावं कुचर्यां च स्त्रीभ्योमनुरकल्पयत् ॥१७॥
नास्ति स्त्रीणां क्रियामन्त्रैरिति धर्मे व्यवस्थिति. ।
निरिन्द्रिया ह्यमन्त्राश्च स्त्रियोऽनृतमितिस्थिति. ॥१८॥"

"शय्या आसन अलङ्कार काम क्रोध अनार्जव, द्रोहभाव और कुचर्या मनु ने स्त्रियो के लिये उत्पन्न किये हैं ॥१७॥ जात कर्मादि क्रिया स्त्रियों की मन्त्रो से नहीं हैं। इस प्रकार धर्मशास्त्र की मर्यादा है। स्त्रियां निरिन्द्रिया और अमन्त्रा हैं और इन की स्थिति असत्य है ॥१८॥"

तथा च श्रुतयो बह्व्यो निगीतानिगमेष्वपि ।
स्वालक्षण्यपरीक्षार्थं तासां शृणुत निष्कृती. ॥१९॥
यन्मे माता प्रलुलुभे विचरन्त्यऽपतिव्रता ।
तन्मे रेतः पिता वृङ्क्तामित्यस्यैतन्निदर्शनम् ॥२०॥"

व्यभिचारशीला स्त्रियों के स्वभाव की परीक्षार्थ वेदों मे बहुत श्रुतियें पठित हैं, उन श्रुतियो मे जो व्यभिचार के प्रायश्चित्त भूत हैं, उन को सुनो ॥१९॥ (कोई पुत्र माता का मानस व्यभिचार जान कर कहता है कि) जो कि मेरी माता अपतिव्रता हुई पर पुरुष को चाहने वाली थी, उस दुष्टता को मेरा पिता शुद्धवीर्य से शोधन करे यह उन श्रुतियो मे से नमूना दिखाया गया ॥२०॥"

"ध्यायत्यनिष्टं यत्किञ्चित्पाणिग्राहस्य चेतसा ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

तस्येव व्यभिचारस्य निन्हवः सम्यगुच्यते ॥२१॥
यादृग्गुणेनभर्त्रा स्त्री संयुज्येत यथाविधि।
तादृग्गुणा सा भवति समुद्रेणेव निम्नगा ॥२२॥"

"भर्ता के विपरीत जो कुछ स्त्री दूसरे पुरुष के साथ गमन चाहती है, उस के इस मानस व्यभिचार का यह अच्छे प्रकार शोधनमंत्र कहा है ॥२१॥ जिन गुणों वाले पति के साथ स्त्री रीति से विवाह करके रहे, वैसे ही गुण वाली वह (स्त्री) हो जाती है। जैसे समुद्र के साथ नदी" ॥२२॥"

"अक्षमाला वसिष्ठेन संयुक्ताऽधमयोनिजा।
शारङ्गी मन्दपालेन जगामाभ्यर्हणीयताम ॥२३॥
एताश्चान्याश्च लोकेऽस्मिन्नपकृष्टप्रसूतय।
उत्कर्षं योषित प्राप्ताः स्वैः स्वैर्भर्तृगुणैः शुभै" ॥२४॥

"अक्षमाला नाम की निकृष्टयोनिस्त्री वसिष्ठ से युक्त हो पूज्यता को प्राप्त हुई, ऐसी ही शारङ्गी मन्दपाल से युक्त होकर (पूज्यता को प्राप्त हुई) ॥२३॥ इस लोक में ये और अन्य अधम योनियो में उत्पन्न हुई स्त्रियें अपने अपने शुभ पतिगुणों से उच्चता को प्राप्त हुई।

(१५ वें से २४ तक ११ श्लोकों में ऐसी झलक है जैसी कि चाणक्य आदि के समय स्त्रियों की अत्यन्त अविश्वासिता की दशा थी। १४ वें में स्त्रियों को युवा आदि अवस्था और सुरूप पुरुष की आवश्यकता का अभाव लिखा है, जो तीन काल में कभी नहीं हो सकता कि स्त्रियें युवा और सुरूपपुरुष की इच्छा न करें। केवल पुरुष मात्र जिसे देखें उसे ही भोगने लगें। यदि कहीं अत्यन्त कामासक्ता स्त्री की यह दशा देखी भी जावे तो पुरुषों की इस से भी बुरी अवस्थायें प्रायः होती हैं। इस लिये स्त्रियों

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

की यह निन्दा अनुचित है। १५ वें में स्त्रियों में यह दोष बतलाया है कि उन का चित्त चञ्चल है और पुरुष पर चलता है उन में स्नेह वा प्रीति नहीं होती। चलचित्तता तो पुरुष मे भी कम नहीं होती। हां, स्नेह तो पुरुषसे स्त्रियो मे अधिक होता है। १६ वें मे इन के इस दोष को ब्रह्मा का बनाया हुवा स्वाभाविक बतलाया है। जिस से मानो यह कहा है कि उन का स्वभाव कभी धर्मानुकूल सुधर ही नहीं सकता। इस कथन ने ऐसा कलङ्क स्त्रियों पर लगाया है कि जो प्राचीन काल की सच्चरित्रा देवियों की निन्दा का तो कहना ही क्या है, वर्तमान घोर समय मे भी पुरुष चाहे कैसे ही घृणिताचार हो, किन्तु स्त्रियो मे अब भी अधिकांश सती वर्तमान हैं। उन की भी नितान्त असत्य निन्दा इससे होती है। १७वें मे जो शय्यासनादि दोष बताये हैं वे पुरुषो में भी कम नहीं होते। और इस श्लोक मे यह जो कहा है कि (स्त्रीभ्योमनुरकल्पयत्) ये दोष स्त्रियों के लिये मनु ने रचे। इस से इस प्रकरणगत स्त्री निन्दा का अन्यकृत होना तो संशयित हुवा ही, किन्तु यह असत्य भी है कि ये दोष जिन मे काम, क्रोध, अनार्जव और द्रोह भी गिनाये हैं, स्त्रियो के लिये मनु ने रचे। क्या ये दोष पुरुषों मे नहीं होते ? क्या मनु धर्म व्यवस्थापक होने के अतिरिक्त दोष युक्त स्त्री जातिके स्रष्टा भी थे ? १८ वें का यह कहना कि उन के इन्द्रियां नही होतीं कैसा श्वेत झूंठ है। जब कि उनके प्रत्यक्ष हस्त पादादि इन्द्रियों की सत्ता सर्व जगद्गोचरी भूत है। बस इसी से उन की अमन्त्रक क्रिया के पक्षपात और अज्ञान को भी समझ सकते हैं। १९ वें मे कहा है कि इस विषय मे वेद की श्रुतियें भी प्रमाण हैं। २० वे मे "भी किसी पुत्र का अपनी माता के मानस व्यभिचार को वर्णन करना" वेद की श्रुति का नमूना बताया है। परन्तु यह श्रुति वेद मे कहीं नही, सर्वथा असत्य है। २१ वें मे

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

इस असत्य कल्पित श्रुति को मानसी व्यभिचार रूप पाप का प्रायश्चित्त बताया है। २२ से २४ तक मे इतिहास से वसिष्ठ और मन्दपाल की स्त्री अक्षमाला और शारङ्गी नीच योनि के उदाहरणों से इस बात को पुष्ट किया है कि पुरुष चाहे जैसी नीच स्त्री को विवाह सकते हैं, वह उन पुरुषों के सङ्ग मे पवित्र होजाती हैं। धन्य ! पुरुष बड़े स्वतन्त्र रहे और पारस की पथरी हो गये" और पूर्व जो द्विजों को सवर्णा स्त्री से ही विवाह करना कहा था, उस के विरोध का भी इस रचना करने वाले ने कुछ भय न किया, तथा मन्दपाल के वर्णन को जो मनु जी से बहुत पीछे हुआ है, मनुवाक्य (वा भृगुवाक्य ही सही यदि मनु और भृगु एक कालमे वर्तमान थे तो) मे 'जगाम" इस परोक्षभूतार्थ लिट् लकार से अत्यन्त प्राचीन वर्णन करने मे भी यह असम्भव है। इत्यादि कारणों से हमारी सम्मति में यह रचना पश्चात् की है और १३ का २५ वें से सम्बन्ध भी ठीक मिलता है) ॥२४॥

एषोदिता लोकयात्रानित्यंस्त्रीपुन्सयोःशुभा।
प्रेत्येह च सुखोदर्कान्प्रजा धर्मान्निबोधत ॥२५।
प्रजनार्थं महाभागाः पूजार्हा गृहदीप्तयः।
स्त्रियः श्रियश्च गेहेषु नविशेषोऽस्ति कश्चन ॥२६॥

यह स्त्री पुरुष सम्बन्धी सदा शुभ लोकाचार कहा। अब इस लोक तथा परलोक में शुभ सुख के वर्धक सन्तानधर्मों को सुनो ॥२५॥ ये स्त्रियां बड़ी भाग्यवती, सन्तान की हेतु सत्कार (पूजन) योग्य घर की शोभा हैं और घरों में स्त्री तथा लक्ष्मी-श्री में कुछ भेद नहीं है (अर्थात् दोनो समान हैं) ॥२६॥

उत्पादनमपत्यस्य जातस्य परिपालनम्।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

प्रत्यहं लोकयात्रायाः प्रत्यक्षं स्त्रीनिबन्धनम् ।२७।
अपत्यं धर्मकार्याणि शुश्रूषा रतिरुत्तमा ।
दाराधीनस्तथा स्वर्गः पितॄणामात्मनश्च ह ॥२८॥

सन्तान का उत्पन्न करना और हुवे का पालन करना तथा प्रति दिन (अतिथि तथा मित्रों के) भोजनादि लोकाचार का प्रत्यक्ष आधार स्त्री ही है॥२७॥ सन्तानोत्पादन धर्म कार्य (अग्नि-होत्रादि) शुश्रूषा उत्तम रति तथा पितरों का और अपना स्वर्ग (सुख), ये सब भार्या के अधीन हैं॥२८॥

पतिं या नाभिचरति मनोवाग्देहसंयता ।
सा भर्तृलोकानाप्नोति सद्भिः साध्वीति चोच्यते ॥२९॥
व्यभिचारात्तु भर्तुः स्त्री लोके प्राप्नोति निन्द्यताम् ।
शृगालयोनिं चाप्नोति पापरोगैश्च पीड्यते ॥३०॥

"जो स्त्री मन वाणी और देह से संयम वाली पति से भिन्न व्यभिचार नहीं करती वह पति लोकों को प्राप्त होती है और शिष्ट लोगों से साध्वी कही जाती है ॥२९॥ पुरुषान्तर संपर्क से स्त्री, लोगों में निन्दा और जन्मान्तरमें शृगालयोनि को पाती तथा पाप के रोगों से पीडित होती है॥" (५ अध्याय के १६४ । १६५ से पुनरुक्त हैं। ठीक,यही पाठ और अर्थ वहां है) ॥३०॥

पुत्रं प्रत्युदितं सद्भिः पूर्वजैश्च महर्षिभिः ।
विश्वजन्यमिमं पुण्यमुपन्यासं निबोधत ॥३१॥
भर्तुः पुत्रं विजानन्ति श्रुतिद्वैधं तु भर्तरि ।
आहुरुत्पादकं केचिदपरे क्षेत्रिणं विदुः ॥३२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

पुत्र के विषयमे पहले शिष्ट महर्षियों का कहा हुवा यह वद्यमाण पवित्र सर्वजनहितकारी विचार सुनो ॥३१॥ भर्ता ही का पुत्र होता है । ऐसा लोग जानते हैं परन्तु भर्ता के विषय मे दो प्रकार की बात सुनते है। कोई उत्पन्न करने वाले को लडके वाला कहते हैं और दूसरे क्षेत्र के स्वामी=पति को लड़के वाला कहते हैं ॥३२॥ (आगे इस विवाद का निर्णय है —)

क्षेत्रभूता स्मृता नारी बीजभूतः स्मृतः पुमान् ।
क्षेत्रबीजसमायोगात्संभवः सर्वदेहिनाम् ॥३३॥
विशिष्टं कुत्रचिद्बीजं स्त्रीयोनिस्त्वेव कुत्रचित् ।
उभयं तु समं यत्र सा प्रसूतिः प्रशस्यते ॥३४॥

खेत रूप स्त्री और बीज रूप पुरुष होता है। इस कारण खेत और बीज के मिलने से सम्पूर्ण प्राणियो की उत्पत्ति होती है ।३३। कहीं बीज प्रधान है और कहीं क्षेत्र । परन्तु जहां दोनो समान हैं वह उत्पत्ती श्रेष्ठ है ॥३४॥

बीजस्य चैव योन्याश्च बीजमुत्कृष्टमुच्यते ।
सर्वभूतप्रसूतिर्हि बीजलक्षणलक्षिता । ३५॥
यादृशं तूप्यते बीजं क्षेत्रे कालोपपादिते ।
तादृग्रोहति तत्तस्मिन्बीजं स्वैर्व्यञ्जितं गुणैः ॥३६॥

बीज और खेत इन दोनो में बीज प्रधान है क्योंकि संपूर्ण जीवों की उत्पत्ति बीजों ही के लक्षण से जानी जातीहै ॥३५॥ जिस प्रकार का बीज उचित समय (वर्षादि ऋतु) मे सम्कृत खेतमे बोया जाता है उस प्रकार का ही बीज अपने रङ्गरूपादि गुणों से युक्त उस खेत मे उत्पन्न होता है ॥३६॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

इयं भूमिर्हि भूतानां शाश्वती योनिरुच्यते ।
न च योनिगुणान् कांश्चिद्बीजं पुष्यति पुष्टिषु ॥३७॥
भूमावप्येककेदारे कालोप्तानि कृषीवलैः ।
नानारूपाणि जायन्ते बीजानीह स्वभावतः ॥३८॥

यह भूमि प्राणियो की सनातन योनि कही जाती है, परन्तु बीज भूमि के किन्ही गुणो को पुष्ट नहीं करता (किन्तु अपने ही गुणो को बताता है) ॥३७॥ एक प्रकार की भूमि के खेत में भी किसान लोग समय पर अनेक बीज (यवगोधूम) बोते हैं परन्तु अपने २ स्वभाव से वे नानारूप उत्पन्न होते हैं (अर्थात् एक भूमि से एक रूप नहीं होता किन्तु बीजो के ही अनुरूप भिन्न २ वृक्षादि होते हैं) ॥३८॥

व्रीहयः शालयोमुद्गास्तिला माषास्तथा यवाः ।
यथा बीजं प्ररोहन्ति लशुनानीक्षवस्तथा ॥३९॥
अन्यदुप्तं जातमन्यदित्येतन्नोपपद्यते ।
उप्यते यद्धि यद्बीजं तत्तदेव प्ररोहति ॥४०॥

साठी, धान, मूंग, तिल, उड़द, यव, लहसन और गन्ने सब जैसे २ बीज हों वैसे ही उत्पन्न होते हैं ॥३९॥ बोया कुछ हो और उत्पन्न कुछ हो, ऐसा नहीं होता जो २ बीज बोया जाता है वही २ उत्पन्न होता है ॥४०॥

तत्प्राज्ञेन विनीतेन ज्ञानविज्ञानवेदिना ।
आयुष्कामेन वप्तव्यं न जातु परयोषिति ॥४१॥

अत्र गाथा वायुगीताः कीर्तयन्ति पुराविदः ।
यथाः बीजं न वप्तव्यं पुंसा पर परिग्रहे ॥४२॥"

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

वह बीज बुद्धिमान् और शिष्ट तथा ज्ञान विज्ञान के जानने वाले और आयु की इच्छा करने वाले को दूसरे की स्त्रियों में कभी न बोना चाहिये ॥४१॥ "भूतकाल के जानने वाले इस विषय में वायु की कही गाथा (छन्दो विशेषयुक्त वाक्यों) को कहते हैं। यथा- पुरुष को पराई स्त्री में बीज न बोना चाहिये ॥४२॥'

नश्यतीषुर्यथाविद्धः खे विद्धमनुविध्यतः ।
तथा नश्यति वैक्षिप्रं बीजं परपरिग्रहे ॥४३॥
पृथोरपीमां पृथिवीं भार्यां पूर्वविदोविदुः ।
स्थाणुच्छेदस्य केदारमाहुः शल्यवतो मृगम् ॥४४॥

जैसें दूसरे के बींधे मृग को फिर से मारने से बाण निष्फल होता है । ऐसे ही दूसरे की स्त्री में बीज का बोना शीघ्र निष्फल होता है ॥४३॥ इस पृथिवी को जो पहले राजा पृथु की भार्या थी (अनेक राजाओं के सम्बन्ध होते भी) पुराने लोग पृथु की भार्या ही जानते हैं। ऐसे ही लकड़ी आदि काटकर प्रथम खेत बनाने वाले का खेत और जिसने पहले शिकार किया उसी का मृग है (ऐसे ही पहले विवाह करने वाले का पुत्र होता है । पश्चात् केवल उत्पन्न करने वाले का नहीं ॥ 'स्पष्ट है कि यह वायु गीता पृथु राजा से पीछे मनु में मिल गई) ॥४४॥

एतवानेव पुरुषो यज्जायात्मा प्रजेतिह ।
विप्राः प्राहुस्तथा चैतद्यो भर्त्ता सा स्मृताङ्गना ॥४५॥

न निष्क्रयविसर्गाभ्यां भर्तुर्भार्या विमुच्यते ।
एवं धर्मं विजानीमः प्राक्प्रजापतिनिर्मितम् ॥४६॥

स्त्री और आपा तथा सन्तान ये तीनों मिलकर एक पुरुष कहलाता है। तथा वेद के जानने वाले विप्र कहते हैं कि जो पति

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

है, वही भार्या है (जैसा कि कुल्लूक ने शतपथ का प्रमाण दिया है कि 'अर्धोह् वा एष आत्मनस्तस्माद्यज्जायां न विन्दते०" इत्यादि) ॥४५॥ विक्रय वा त्याग से स्त्री पति से नहीं छूट सकती ऐसा पूर्व से प्रजापति का रचा हुआ नित्य धर्म हम जानते हैं ॥४६॥

सकृदंशो निपतति सकृत्कन्या प्रदीयते ।
सकृदाह ददानीति त्रीण्येतानि सतां सकृत् ॥४७॥
यथागोश्वोष्ट्रदासीषु महिष्यजाविकासु च ।
नोत्पादकः प्रजाभागी तथैवान्याङ्गनास्वपि ॥४८॥

विभाग एक वार ही किया जाता है और एक ही वार कन्या-दान होता है और एक ही वार वचन दिया जाता है। सज्जनों की ये तीन बातें एक ही वार होती हैं (लौट फेर नहीं होती) ॥४७॥ जैसे गाय, घोड़ा, ऊंट, दासी भैंस और भेड़ इनमे सन्तान उत्पन्न करने वाला उसका भागी नहीं होता, वैसे ही दूसरे की स्त्री मे भी (जानो) ॥४८॥

येऽक्षेत्रिणो बीजवन्तः परक्षेत्रप्रवापिणः ।
ते वै सस्यस्य जातस्य न लभन्ते फलं क्वचित् ॥४९॥
यदन्यगोषु वृषभो वत्सानां जनयेच्छतम् ।
गोमिनामेव ते वत्सा मोघं स्कन्दितमार्षभम् ॥५०॥

जो विना खेतके बीज वाले (अपने बीज को) दूसरे के खेत मे बोते हैं वे उत्पन्न हुवे अनाज के भागी कभी नही होते ॥४९॥ दूसरे की गायों मे सांड सौ १०० बछड़े भी पैदा करे तो भी वे बछड़े गाय वालो के ही होते हैं सांड का शुक्र सेचननिष्फल होता है ॥५०॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

तथैवाऽक्षेत्रिणो बीजं परक्षेत्रप्रवापिणः ।
कुर्वन्ति क्षेत्रिणामर्थं न बीजीलभते फलम् ॥५१॥
फलं त्वनभिसंधाय क्षेत्रिणां बीजिनां तथा ।
प्रत्यक्षं क्षेत्रिणामर्थो बीजाद्योनिर्गरीयसी ॥५२॥

उसी प्रकार बिना खेत वाले बीज को दूसरे के खेत में बोवें तो खेत वाले का ही प्रयोजन सिद्ध करते हैं। बीज वाला फल नहीं पाता ॥५१॥ जहां पर खेत वाले और बीज वाले इन दोनों के फल के बांट का नियम कुछ न हुवा हो वहां प्रत्यक्ष में खेत वाले का प्रयोजन सिद्ध होता है। इस लिये बीज से योनि बहुत बलवती है ॥५२॥

क्रियाभ्युपगमात्त्वेतद्बीजार्थं यत्प्रदीयते ।
तस्येह भागिनौ दृष्टौ बीजी क्षेत्रिक एव च ॥५३॥
ओघवाताहृतं बीजं यस्य क्षेत्रे प्ररोहति ।
क्षेत्रिकस्यैव तद्बीजं न वप्ता लभते फलम् ॥५४॥

परन्तु "जो इस खेत में उत्पन्न होगा वह हमारा तुम्हारा दोनों का होगा" इस नियम पर खेत वाला बोने के लिये बीज वाले को देता है तो दोनों लोग भागी होते देखे गये हैं ॥५३॥ जो बीज जल के वेग वा वायु से उड़ कर दूसरे के खेत में गिर कर उत्पन्न हो उस के फल का भागी खेत वाला ही होता है, न कि बोने वाला ॥५४॥

एष धर्मो गवाश्वस्य दास्युष्ट्राजाविकस्य च ।
विहङ्गमहिषीणां च विज्ञेयः प्रसवं प्रति ॥५५॥
एतद्वः सारफल्गुत्वं बीजयोन्योः प्रकीर्तितम् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अतः परं प्रवच्यामि योषितां धर्ममापदि ॥५६॥

यह (४९ से ५४ तक) व्यवस्था गाय, घोड़ा दासी, ऊंट, बकरी, भेड़, पक्षी और भैंस की सन्तति में जाननी चाहिये ॥५५॥ यह बीज और योनि के प्राधान्य और अप्राधान्य तुम लोगो से कहे अब स्त्रियों के आपत्काल का धर्म (अर्थात् सन्तान न होने मे क्या होना चाहिये सो) कहता हूं ॥५६॥

भ्रातुर्ज्येष्ठस्य भार्या या गुरुपत्न्यनुजस्य सा ।
यवीयसस्तुयाभार्या स्नुषा ज्येष्ठस्य सा स्मृता ॥५७॥
ज्येष्ठो यवीयसो भार्यां यवीयान् वाग्रजस्त्रियम् ।
पतितौ भवतो गत्वा नियुक्तावप्यनापदि ॥५८॥

बड़े भाई की स्त्री छोटे भाई के। गुरुपत्नी केसमान है और छोटे की स्त्री बड़े को पुत्रवधू के समान कही है ॥५७॥ बड़ा भाई छोटे भाई की स्त्री के साथ वा छोटा भाई बड़े भाई की स्त्रीके साथ बिना आपत्काल के (सन्तान रहते हुवे) नियोग विधिसे भी गमन करने से (दोनों) पतित होते हैं (किन्तु) ॥५८॥

देवराद्वा सपिण्डाद्वा स्त्रियासम्यङ् नियुक्तया ।
प्रजेप्सिताधिगन्तव्या सन्तानस्य परिक्षये ॥५९॥
विधवायां नियुक्तस्तु घृताक्तोवाग्यतोनिशि ।
एकमुत्पादयेत्पुत्रं न द्वितीयं कथञ्चन ॥६०॥

सन्तान न हो तौ, पुत्र की इच्छा से भले प्रकार नियोग की हुई स्त्री को देवर या अन्य सपिण्ड से यथेष्ट सन्तान उत्पन्न कर लेनी चाहिये ॥५९॥ विधवा के साथ नियोग करने वाला शरीर में

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

घृत लगा मौन होकर रात्रि मे (भोग करे इस प्रकार) एक पुत्र उत्पन्न करे दूसरा कभी नहीं ॥६०॥

द्वितीयमेके प्रजनं मन्यन्तेस्त्रीषु तद्विदः ।
अनिर्वृत्तं नियोगार्थं पश्यन्तोधर्मतस्तयोः ॥६१॥
विधवायां नियोगार्थे निर्वृत्ते तु यथाविधि ।
गुरुवच्च स्नुषावच्च वर्त्तेयातां परस्परम् ॥६२॥

दूसरे आचार्य जो नियोग से पुत्रोत्पादन की विधि को जानने वाले हैं उनदोनों स्त्रीपुरुषोंके नियोगके तात्पर्यको (१ पुत्रसे) सिद्ध न होता देखते हुवे स्त्रियों मे दूसरा पुत्र उत्पन्न करना भी धर्म से मानते हैं ॥६१॥ विधवा में नियोग के प्रयोजन (गर्भ धारण) को विधिसे सिद्धहो जाने पर बड़े और छोटे भाईकी स्त्रियोंसे दोनो आपस में गुरुपत्नी और पुत्रवधू के सा व्यवहार करें ॥६२॥

नियुक्तौ यौविधिं हित्वा वर्त्तेयातां तु कामतः ।
तावुभौ पतितौ स्यातां स्नुषागगुरुतल्पगौ ॥६३॥
नान्यस्मिन्विधवा नारी नियोक्तव्या द्विजातिभिः ।
अन्यस्मिन् हिनियुञ्जाना धर्महन्युःसनातनम् ॥६४॥

जो छोटे और बड़े भाई अपनी भौजाइयों के साथ नियोग किये हुवे भी विधि को छोड़कर काम वश भोग करें वे दोनो पतित गुरु की स्त्री और पुत्रवधु से गमन करने,वाले हो ॥६३॥ ब्राह्मण क्षत्रिय और वैश्यों को विधवा स्त्रियों का दूसरे (वर्ण) के साथ नियोग न करना चाहिये। दूसरेवर्णके साथ नियोगकी हुई (स्त्रियें) सनातन धर्म का नाश करती हैं ॥६४॥

"नोद्वाहिकेषु मन्त्रेषु नियोग कीर्त्यते क्वचित् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

न विवाहविधावुक्तं विधवावेदनं पुनः ॥६५॥

अयं द्विजैर्हि विद्वद्भिः पशुधर्मो विगर्हित. ।

मनुष्याणामपि प्रोक्तोवेने राज्यं प्रशासति ॥६६॥"

विवाह सम्बन्धी मन्त्रों मे कहीं नियोग नहीं कहा है और न विवाह की विधि मे विधवा का पुनर्विवाह कहा है ॥६५॥ यह प्रोक्त—विधान किया हुवा भी मनुष्यों का नियोग राजा वेन के शासनकाल मे विद्वान् द्विजों द्वारा पशु धम और निन्दायुक्त कहा गया (क्यो कि .–) ॥६६॥

" स महीमखिलां भुञ्जन् राजर्षिप्रवरः पुरा ।

वर्णानांसकरं चक्रे कामोपहतचेतनः ॥६७॥

तत प्रभृति यो मोहात्प्रमीतपतिकां स्त्रियम् ।

नियोजयत्यपत्यार्थं तं विगर्हन्ति साधव. ॥६८॥"

"वह वेन राजा जो राजर्षियों मे बड़ा और पूर्वकाल मे सम्पूर्ण पृथ्वी को भोगता था, काम से नष्ट बुद्धि होकर वर्णसङ्कर करने लगा था ॥६७॥ उस (वेन राजा के) समय से जो कोई मोह के कारण सन्तान के लिये विधवा स्त्री का नियोग करता है उसकी साधु लोग निन्दा करते हैं (किन्तु वेन से पूर्व इस की निन्दा न थी)।"

यद्यपि ६५ से ६८ तक ४ श्लोक मनु वा भृगु के वनाये भी नहीं है। क्यो कि स्वायम्भुव मनु सृष्टि के आरम्भ मे हुवे और वेन राजा वह था, जिस से पृथु हुवा तो वेन के वैवस्वत मन्वन्तर होने वाले जन्म को स्वायम्भुव मनु अपने से पूर्व की भांति कैसे कह सकते कि भूतकाल मे राजा वेन के राज्य समय से नियोग की परिपाटी निन्दित होगई। इस लिये निश्चय ये श्लोक प्रक्षिप्त हैं।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

तथापि इन से नियोग की बुराई वा पूर्व मनुप्रोक्त नियोग से परस्पर विरोध नहीं आता, किन्तु यह आशय निकलता है कि वेन राजा ने कामवश नियोग की स्ववर्णानुसारिणी परिपाटी को तोड़ कर एक वर्ण का दूसरे वर्ण में नियोग प्रचरित कर वर्णसङ्कर कर दिया। तब से सज्जनों मे नियोग निन्दित समझा जाने लगा। ६५ का आशय नियोग के निषेध मे नहीं है किन्तु यह है कि विवाह और नियोग भिन्न २ हैं। एक वात नहीं है। क्यो कि विवाह के मन्त्रों मे नियोग नहीं कहा। किन्तु वह विवाह से भिन्न प्रकरणके मन्त्रों (अथर्व ९।५।२७।२८॥ ५।१७।८॥ १८। ३।१ ऋ० १०।१८।८ इत्यादि)मे तो नियोग विधान है। विधवा का पुनर्विवाह विहित नहीं है। इस से नियोग का निषेध नहीं आता. किन्तु पुनर्विवाह का निषेध है। ६६ का तात्पर्य भी यही है कि पहिले द्विजो का सवर्णों में. ५९ के अनुसार नियोग चला आता था, परन्तु जब राजा वेन ने एक वर्ण का दूसरे वर्ण से भी प्रचरित कर दिया, तव से यह निन्दित और पशु धर्म कहाने लगा। इस में भी सब से पुराने भाष्यकार मेधातिथि ने (द्विजै-र्हिविद्वद्भिः) के स्थान मे (द्विजैरऽविद्वद्भिः) पाठ माना है और यह भाष्य किया है कि (येऽविद्वांसः सम्यक् शास्त्रं न जानन्ति) जो शास्त्र के न जानने वाले थे, उन्होंने ने पशु धर्म और निन्दित कहना आरम्भ कर दिया। ६७ वें मे उस का कारण भी स्पष्ट बताया है कि क्यों यह कर्म निन्दित माना जाने लगा कि उस ने वर्णों का सङ्कर (घोल मेल) कर दिया। ६८ वें में स्पष्ट कथन है कि तब से नियोग करने वालों की निन्दा होने लगी है। अथात् वेन से पूर्व द्विजों का द्विजों में सवर्ण स्त्री पुरुषो का नियोग निन्दित न था)॥६८॥

यस्याम्रियेत कन्याया वाचा सत्ये कृते पतिः।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

तामनेन विधानेन निजो विन्देत देवरः ॥६९॥
यथाविध्यधिगम्यैनां शुक्लवस्त्रां शुचिव्रताम् ।
मिथो भजेताप्रसवात्सकृत्सकृदृतावृतौ ॥७०॥

जिस कन्या (पतिसम्भोग रहिता) का सत्य वाग्दान (कन्या दान सङ्कल्प) करने के पश्चात् पति मर जावे, उस को इस विधान से निज देवर प्राप्त हो (कि-) ॥६९॥ (वह देवर) नियोग विधि से इस के पास जाकर श्वेत वस्त्र धारण किये हुई और काय, मन वाणी से पवित्र हुई के साथ सन्तानोत्पत्ति पर्यन्त गर्भाधानकाल में एक एक वार परस्पर गमन करे (गर्भाधान हो जावे तव मैथुन त्याग दे) ॥७०॥

न दत्वा कस्यचित्कन्यां पुनर्दद्याद्विचक्षणः ।
दत्वा पुनः प्रयच्छन् हि प्राप्नोतिपुरुषानृतम् ॥७१॥
विधिवत्प्रतिगृह्यापि त्यजेत्कन्यां विगर्हिताम् ।
व्याधितां विप्रदुष्टां वाछद्मनाचोपपादिताम् ॥७२॥

ज्ञानी पुरुष किसी को कन्यादान देकर फिर दूसरे को न देवे । क्यों कि एक को देकर दूसरे को देने वाला मनुष्य भी चोरी के दोष को प्राप्त होता है ॥७१॥ विधिपूर्वक ग्रहण की हुई भी निन्दित कन्या का त्याग करदे जो कि दुष्टा वा रोगणी और छल से दी गई हो ॥७२॥

यस्तु दोषवतीं कन्यामनाख्यायोपपादयेत् ।
तस्य तद्वितथं कुर्यात् कन्यादातुर्दुरात्मनः ॥७३॥
विधाय वृत्तिं भार्यायाः प्रवसेत् कार्यवान्नरः ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अवृत्तिकर्षिताहि स्त्री प्रदुष्येत्स्थितिमत्यपि ॥७४॥

जो दोष वाली कन्या का बिना दोष प्रकट किये विवाह करदे उस कन्या के देने वाले दुष्ट के कन्यादान को निष्फल कर देवे। (अर्थात् उस का त्याग कर दे) ।७३। कार्य वाला पुरुष स्त्रीके भोजन कपड़े आदि का विधान कर के परदेश जावे, क्यों कि भोजन आदि से पीड़ित शीलवती भी स्त्री बिगड़ सकती है ॥७४॥

विधाय प्रोषिते वृत्तिं जीवेन्नियममास्थिता।
प्रोषिते त्वविधायैव जीवेच्छिल्पैरगर्हितैः ।७५।

प्रोषितो धर्मकार्यार्थं प्रतीक्ष्योऽष्टौनरः समाः।
विद्यार्थंषड् यशोर्थं वा कामार्थंत्रींस्तुवत्सरान् ॥७६॥

भोजन आच्छादनादि देकर पति के देशान्तर जाने पर स्त्री शरीर के शृङ्गार त्यागादि नियम से निर्वाह करे और बिना प्रबन्ध किये जावे तो अनिन्दित शिल्पों से (निर्वाह करे) ॥७५॥ धर्म कार्य के लिये परदेश गये नर की स्त्री आठ वर्ष पर्यन्त यश और विद्या के लिये गया हो तो छः वर्ष और काम को गया हो तो ३ वर्ष प्रतीक्षा करे ॥७६॥

संवत्सरं प्रतीक्षेत द्विषन्तीं योषितं पतिः।
ऊर्ध्वं सम्वत्सरात्त्वेनां दायं हृत्वा न संवसेत् ।७७।

अतिक्रामेत्प्रमत्तं या मत्तं रोगार्त्तमेव वा ।।
सात्रीन्मासान्परित्याज्या विभूषणपरिच्छदा ।७८।

द्वेष करने वाली स्त्री की एक वर्ष पर्यन्त पति प्रतीक्षा करे। फिर उस के अलङ्कारादि सब छीन ले और उस के साथ न रहे,

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

(केवल अन्न वस्त्र मात्र दे) ॥७७॥ जो स्त्री प्रमादी वा मदमत्त वा उन्मादी वा रोगी पति की आज्ञा भङ्ग करे वह वस्त्र भूषण उतार कर तीन महीने तक त्यागने योग्य है ॥७८॥

उन्मत्तं पतितंक्लीवमबीजं पापरोगिणम् ।
न त्यागोऽस्ति द्विषन्त्याश्च नच दायापवर्त्तनम् ॥७९॥
मद्यपाऽसाधुवृत्ता च प्रतिकूला च या भवेत् ।
व्याधिताबाधिवेत्तव्या हिंस्रार्थघ्नी च सर्वदा ॥८०॥

पागल और पतित तथा नपुन्सक और बीज रहित और पाप रोगी- इन से द्वेष करने वाली का त्याग नहीं है और न उस का धन छीनना उचित है ॥७९॥ मद्य पीने वाली और बुरे चलन वाली तथा पति के विरुद्ध चलने वाली और सदा बीमार और मारने वाली और सदा धन का नाश करने वाली स्त्री हो तो उस के रहते हुवे भी दूसरी स्त्री करनी उचित है ॥८०॥

वन्ध्याऽष्टमेधिवेद्याब्दे दशमे तु मृतप्रजा ।
एकादशे स्त्रीजननी सद्यस्त्वप्रियवादिनी ॥८१॥
या रोगिणीस्यात्तु हिता संपन्नाचैव शीलतः ।
सानुज्ञाप्याधिवेतव्या नावमान्या च कर्हिचित् ॥८२॥

आठ वर्ष तक कोई सन्तान न हो तो दूसरी स्त्री करले और सन्तान होकर मरते ही रहें तो दशवर्ष में और लड़की ही होती हो तो ग्यारह वर्ष के पश्चात् तथा अप्रिय बोलने वाली हो तो उसी समय (दूसरी कर ले) ॥८१॥ जो सदा बीमार रहे परन्तु पति के अनुकूल और शीलवती हो तो उस से आज्ञा लेकर दूसरी स्त्री करले और पहली का अपमान करना उचित नहीं है ॥८२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अधिविन्नातु या नारीनिर्गच्छेद्रुपिता गृहात् ।
सासद्यः सन्निरोद्धव्या त्याज्यावाकुलसन्निधौ ॥८३॥

प्रतिषिद्धापि चेद्या तु मद्यमभ्युदयेष्वपि ।
प्रेक्षासमाजं गच्छेद्वा सादण्ड्याकृष्णलानिपट्॥८४॥

दूसरी स्त्री आने से रूठी हुई पूर्व स्त्री घर से निकल जावे तो वह उसी समय रोक कर रखनी चाहिये या मा बाप के घर पहुंचा देवे॥८३॥ जो स्त्री विवाहादि उत्सवों मे निषेध करने पर भी मद्य पीवे या नाच तमाशे में जावे तो पूर्वोक्त छः ६ "कृष्णल" राज दण्ड योग्य है ॥८४॥

"यदि स्वाश्चापराश्चैव विन्देरन्योषितो द्विजा. ।
तासां वर्णक्रमेण स्याज्ज्यैष्ठ्यं पूजा च वेश्म च ॥८५॥

भर्तुः शरीरशुश्रूषां धर्मकार्यं च नैत्यिकम् ।
स्वा चैव कुर्यात्सर्वेषां नाऽस्वजाति. कथंचन ॥८६॥

"यदि द्विजाति (ब्राह्मण क्षत्रिय, वैश्य) अपनी जाति वाली या दूसरी जाति वालियों से विवाह करें तो उनकी बडाई और मान तथा घर वर्णक्रमसे हो (२ पुस्तकोंमे "वेश्म." पाठ है)॥८५॥ पति के शरीर की सेवा और नैत्यिक धर्मकार्य को सब की स्वजातीय स्त्रियां ही करें अन्य जाति की कभी न (करे) ॥८६॥

'यस्तु तत्कारयेन्मोहात्सजात्या स्थितयाऽन्यया ।
यथा ब्राह्मणचाण्डाल. पूर्वदृष्टस्तथैव स ॥८७॥

"जो स्वजातीय के रहते हुवे दूसरी से पूर्वोक्त कर्म मोह वश करावे वह जैसा ब्राह्मण चण्डाल पुरातन मुनियों ने कहा है वैसा ही है॥ (८५।८६।८७ वें श्लोक इस लिये माननीय नहीं कि

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ये द्विजो के लिये अध्याय ३ के श्लोक १५ । १६ के अनुसार पतित कराने वाले और सवर्णाके साथ विवाह्की विवाह्प्रकरणाक्त "सवर्णां लक्षण०" इत्यादि मनु की पूर्वाज्ञा के विरुद्ध हैं) ॥८७॥

उत्कृष्टायाभिरूपाय वराय सदृशाय च ।
अप्राप्तामपि तां तस्मै कन्यां दद्याद्यथाविधि ॥८८॥

कुल आचारादिसे उच्च और सुन्दर तथा गुणों मे बराबर वर के लिये कुछ कम आयु वाली भी कन्या यथा विधि देदेवे । ८८ वें से आगे ४ पुस्तकों मे यह श्लोक अधिक प्रक्षिप्त है—

[प्रयच्छेन्नग्निकां कन्यामृतुकालभयान्वितः ।
ऋतुमत्यां हि तिष्ठन्त्यामेनो दातारमृच्छति]

ऋतु काल के भय से अनृतुमती कन्या का ही दान करदे । क्योंकि ऋतुमतीके बैठे रहने से दाता को पापचढ़ता है)॥

कामामरणात्तिष्टेद् गृहे कन्यर्तुमत्यपि ।
न चैवैनां प्रयच्छेत्तु गुणहीनाय कर्हिचित् ॥८९॥

त्रीणि वर्षाण्युदीक्षेत कुमार्यृतुमती सती ।
ऊर्ध्वं तु कालादेतस्माद्विन्देत सदृशं पतिम् ॥९०॥

चाहे कन्या ऋतुवाली होकर मरने तक घर मे बैठीरहे परन्तु गुणहीन के लिये इसका कभी दान न करे ॥८९॥ रजस्वला कन्या तीन वर्ष तक प्रतीक्षा करे फिर अपने बराबर गुण वाले पति को विवाह ले ॥९०॥

अदीयमाना भर्तारमधिगच्छेद्यदि स्वयम् ।
नैनः किञ्चिदवाप्नोति न च यं साधिगच्छति ।९१।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अलङ्कारं नाददीत पित्र्यं कन्या स्वयंवरा ।
मातृकं भ्रातृदत्तं वा स्तेना स्याद्यदि तं हरेत् ॥९२॥

(यदि पिता आदि की) न दी हुई कन्या आप ही पति को वर ले तो कन्या को कुछ पाप नहीं और न जिस (पति) को वह व्याही जाती है (उसे कुछ पाप होता है) ॥९१॥ परन्तु स्वयं विवाह करने वाली कन्या पिता और माता या भाई का दिया हुवा आभूषण न ले यदि उसे ले तो चोर हो ॥९२॥

"पित्रे न दद्याच्छुल्कं तु कन्यामृतुमतीं हरन् ।
स हि स्वाम्यादतिक्रामेदृतूनां प्रतिरोधनात् ॥९३॥
त्रिंशद्वर्षोद्वहेत्कन्यां हृद्यां द्वादश वार्षिकीम् ।
त्र्यष्टवर्षोऽष्टवर्षां वा धर्मे सीदति सत्वर ॥९४॥"

'ऋतु वाली कन्या को हरण करता हुवा उस के पिता को शुल्क न दे । क्योंकि रजों के रोकने से वह स्वामित्व से हीन हो जाता है । (धन्य ! क्या विना ऋतुमती का पिता "स्वामी" था !!) ॥९३॥ तीस वर्ष का पुरुष बारह वर्ष की मनोहारिणी कन्या से विवाह करे वा चौबीस वर्ष वाला ८वर्षवाली से करे जबकि शीघ्र न करने से धर्म पीड़ित होता हो"

(९३ । ९४ के श्लोक इस लिये माननीय नहीं जान पड़ते हैं कि इन मे कन्या का मूल्य ऋतुमती होने पर न देना कहा है तो क्या विना ऋतुमती का विवाह हो सकता है ? और क्या विना ऋतुमती का मूल्य देना ही चाहिये ? विना ऋतु के विवाह करना ९० के विरुद्ध है और मूल्य लेना ९८ के विरुद्ध है) ॥९४॥

देवदत्तां पतिर्भार्यां विन्दते नेच्छयात्मनः ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

तां साध्वीं बिभृयान्नित्यं देवानां प्रियमाचरन् ।९५।
प्रजनार्थं स्त्रियः सृष्टाः संतानार्थं च मानवाः ।
तस्मात्साधारणो धर्मः श्रुतौपत्न्यासहोदितः ।९६।

('भगो अर्यमा सविता पुरंधिर्मह्यं त्वादुर्गार्हपत्याय देवाः" इत्यादि मन्त्रानुसार) देवतोंकी दी हुई भार्या को पति पाता है कुछ अपनी इच्छा से ही नहीं, इसलिये देवतो का प्रिय आचरणकरता हुवा उस सती का नित्य पालन करे ॥९५॥ गर्भ धारण करने के लिये स्त्रियो को (ईश्वरने) उत्पन्न किया और वीर्य सन्तान के लिये पुरुष उत्पन्न किये हैं। इसीसे स्त्री के साथ पुरुष का वेद मे समान धर्म कहा है ॥९६॥

'कन्यायां दत्तशुल्कायां म्रियेत यदि शुल्कद ।
देवराय प्रदातव्या यदि कन्याऽनुमन्यते ॥९७॥"

आददीत न शूद्रोऽपि शुल्कं दुहितरं ददन् ।
शुल्कं हि गृह्णन्कुरुते छन्नं दुहितृ विक्रयम् ।९८।

कन्या का शुल्क देने पर यदि शुल्क देने वाला मर जावे तो देवर को कन्या देदेनी चाहिये यदि कन्या स्वीकार करे तो (यह अगले ही ९८ के विरुद्ध है) ॥९७॥" शूद्रभी (द्विजों की तो कथा ही क्याहै) लड़की देताहुआ शुल्क ग्रहण न करे। शुल्क ग्रहणकरने वाला छिपा हुवा कन्या का विक्रय करता है ॥९८॥

एतत्तु न परे चक्रुर्नापरे जातु साधवः ।
यदन्यस्य प्रतिज्ञाय पुनरऽन्यस्य दीयते ॥९९॥
नानुशुश्रुम जात्वेतत्पूर्वेष्वपि हि जन्मसु ।
शुल्कसंज्ञेन मूल्येन छन्नं दुहितृविक्रयम् ॥१००॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

यह पहिले शिष्ट पुरुष कभी नहीं करते थे और न कोई (शिष्ट) इस समय करते हैं जो कि एक के लिये कन्यादान करके दूसरे को दी जावे ॥९९॥ पूर्व जन्मों में भी हमने कभी शुल्क संज्ञक मूल्य से छिपा लड़की को बेचना नहीं सुना ॥१००॥

अन्योन्यस्याव्यभीचारो भवेदामरणान्तिकः ।
एषधर्मः समासेन ज्ञेयः स्त्रीपुंसयोः परः ॥१०१॥
तथा नित्यं यतेयातां स्त्रीपुंसौ तु कृतक्रियौ ।
यथा नाभिचरंतां तौ वियुक्ताविरेतरम् ॥१०२॥

भार्या पति का मरण पर्यन्त आपस में व्यभिचार न होना ही स्त्री पुरुषों का संक्षेप से श्रेष्ठ धर्म जानना चाहिये ॥१०१॥ विवाह वाले स्त्री पुरुषों को सदा ऐसा यत्न करना चाहिये जिस में कभी आपस में जुदाई न हो ॥१०२॥

एष स्त्रीपुंसयोरुक्तो धर्मो वो रतिसंहित. ।
आपद्यपत्यप्राप्तिश्च दायभागं निबोधत ॥१०३॥
ऊर्ध्वं पितुश्च मातुश्च समेत्य भ्रातरं समम् ।
भजेरन्पैतृकं रिक्थमनीशास्ते हि जीवतोः ॥१०४॥

यह भार्या और पतिका आपसमें प्रीतियुक्ति धर्म और सन्तान के न होने में सन्तान की प्राप्ति भी तुमसे कही । अब दायभाग को सुनो ॥१०३॥ माता पिता के मरने पर भाई लोग मिलकर बाप के रिक्थ (जायदाद आदि) के बराबर भाग करें । उनके जीवते पुत्रों को अधिकार नहीं ॥१०४॥

ज्येष्ठ एव तु गृह्णीयात्पित्र्यं धनमशेषतः ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

शेषास्तमुपजीवेयुर्यथैव पितरं तथा ॥१०५॥
ज्येष्ठेन जातमात्रेण पुत्री भवति मानवः ।
पितॄणामनृणश्चैव स तस्मात्सर्वमर्हति ॥१०६॥

(अथवा) पिता के सम्पूर्ण धन को ज्येष्ठ पुत्र ही ग्रहण करे और शेष छोटे भाई खाना कपड़ा लेवे, जैसे पिता के सामने रहते थे ॥१०५॥ ज्येष्ठ के उत्पन्न होने मात्र से मनुष्य पुत्र वाला कहलाता और पितृऋण से छूट जाता है । इस कारण ज्येष्ठ पुत्र सम्पूर्ण धन लेने योग्य है ॥१०६॥

यस्मिन्नृणं सन्नयति येन चानन्त्यमश्नुते ।
स एव धर्मजः पुत्रः कामजानितरान्विदुः ॥१०७॥
पितेव पालयेत्पुत्रान्ज्येष्ठो भ्रातॄन् यवीयसः ।
पुत्रवच्चापिवर्त्तेरन् ज्येष्ठे भ्रातरि धर्मतः ॥१०८॥

जिस के उत्पन्न होने से (पितृ) ऋण दूर होता है और मोक्ष प्राप्त होता है उसी को धर्मज पुत्र जाने । और को कामज कहते हैं ॥१०७॥ ज्येष्ठ भ्राता छोटे भाइयो का पिता पुत्र के समान पालन करे और छोटे भाई भी बड़े भाई को धर्म से पिता के समान माने ॥१०८॥

ज्येष्ठः कुलं वर्धयति विनाशयति वा पुनः ।
ज्येष्ठः पूज्यतमो लोके ज्येष्ठः सद्भिरगर्हितः ॥१०९॥
योऽज्येष्ठो ज्येष्ठवृत्तिः स्यान्मातेव स पितेवसः ।
अज्येष्ठवृत्तिर्यस्तु स्यात्स संपूज्यस्तु बन्धुवत् ॥११०॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ज्येष्ठ कुल को बढ़ाता है ज्येष्ठ ही कुल का नाश करता है। ज्येष्ठ ही लोगों मे अति पूज्य है और ज्येष्ठ सत्पुरुषो से निन्दा को नहीं पाता ॥१०९॥ जो ज्येष्ठ वृत्ति हो (पितृवत् पोषणादि करे) वह माता पिता के समान पूज्य और यदि माता पिता तुल्य पोषण आदि न करे तो बन्धुवत् ॥११०॥

एवं सह वसेयुर्वा पृथग्वा धर्मकाम्यया ।
पृथग्विवर्धते धर्मस्तस्माद्धर्म्या पृथक्क्रिया ॥१११॥
ज्येष्ठस्य विंशउद्धारः सर्वद्रव्याच्च यद्वरम् ।
ततोऽर्धं मध्यमस्य स्यात्तुरीयं तु यवीयसः ॥११२॥

इस प्रकार बिना बांटे सब भाई साथ रहें अथवा धर्म की इच्छा से सब भाई विभाग करके अलग रहें। अलग २ मे धर्म बढ़ता है इसलिये विभाग धर्मानुकूल है ॥१११॥ उद्धार (जो निकालकर भाग के अतिरिक्त भेट दियाजाय) बड़ेका सब द्रव्योंमें से उत्तम बीसवां बिचलेका ४०वां तथा छोटे का ८०वां भाग होना चाहिये (जोबचे उसको ११६के अनुसार सब बराबर बांटलेवे ।११२

ज्येष्ठश्चैव कनिष्ठश्च संहरेतां यथोदितम् ।
येऽन्येज्येष्ठकनिष्ठाभ्यां तेषां स्यान्मध्यमं धनम् ॥११३॥
सर्वेषां धनजातानामाददीताग्र्यमग्रजः ।
यच्च सातिशयं किञ्चिद्दशतश्चाप्नुयाद्वरम् ॥११४॥

ज्येष्ठ और कनिष्ठ पूर्व श्लोकानुसार उद्धार ग्रहण करें और ज्येष्ठ और कनिष्ठो से जो अतिरिक्त हो उन (मध्यमो) का मध्यम भाग होना चाहिये ॥११३॥ सब प्रकार के धनो मे जो श्रेष्ठ धन हो उसको और जो सब से अधिक हो उसको तथा जो एक वस्तु

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

१० वस्तुओं मे अधिक उत्तम हो उसको भी ज्येष्ठ ग्रहण करे।११४।

उद्धारो न दशस्वस्ति संपन्नानां स्वकर्मसु ।
यत्किञ्चिदेव देयं तु ज्यायसे मानवर्धनम् ॥११५॥

एवं समुद्धृतोद्धारे समानंशान्प्रकल्पयेत् ।
उद्धारे ऽनुद्धृते त्वेषामियं स्यादंशकल्पना ॥११६॥

पूर्व श्लोक मे दश में श्रेष्ठ वस्तु बड़ा पावे इत्यादि उद्धार कहा परन्तु स्वकर्मों मे समृद्ध भ्राताओं का नहीं है किन्तु वे जो कुछ ज्येष्ठ को दे देवें, वही सम्मानार्थ है ॥११५॥ पूर्वोक्त प्रकार से उद्धार निकलने पर बराबर भाग करें यदि कोई उद्धार न निकाले तो आगे कहे अनुसार भाग बांटे ॥११६॥

एकाधिकं हरेज्ज्येष्ठः पुत्रोऽध्यर्धं ततोनुजः ।
अंशमंशं यवीयांस इति धर्मो व्यवस्थितः ॥११७॥

स्वेभ्योंऽशेभ्यस्तु कन्याभ्यः प्रदद्युर्भ्रातरः पृथक् ।
स्वात्स्वादंशाच्चतुर्भागं पतिताः स्युरदित्सवः ॥११८॥

ज्येष्ठ पुत्र का एक भाग अधिक (अर्थात् दो भाग) और उस से छोटा डेढ़ भाग और शेष छोटे सब एक २ ग्रहण करें। इस प्रकार धर्म की व्यवस्था है ॥११७॥ भाई लोग अपने २ भागो मे से चौथा भाग बहनो को देवें । यदि देना न चाहे तो पतित हो ॥११८॥

अजाविकं सैकशफं न जातु विषमं भजेत् ।
अजाविकं तु विषमं ज्येष्ठस्यैव विधीयते ॥११९॥

यवीयान् ज्येष्ठभार्यायां पुत्रमुत्पादयेद्यदि ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

समस्तत्र विभाग: स्यादिति धर्मोव्यवस्थितः ॥१२०॥

बकरी भेड़ तथा घोड़ाआदि एक खुर वाले पशुका विषमसंख्या होने पर कभी भाग न करे किन्तु वह ज्येष्ठ पुत्र का ही है ।११९। यदि कनिष्ठ भाई ज्येष्ठ की भार्या मे (नियोग विधि से) पुत्र उत्पन्न करे तो वहां समविभाग होना चाहिये। ऐसी धर्म की व्यवस्था है ॥१२०॥

उपसर्जनं प्रधानस्य धर्मतो नोपपद्यते ।
पिता प्रधानं प्रजने तस्माद्धर्मेण तं भजेत् ॥१२१॥

पुत्रः कनिष्ठो ज्येष्ठायां कनिष्ठायां च पूर्वज. ।
कथं तत्र विभाग: स्यादिति चेत्संशयो भवेत् ॥१२२॥"

प्रधान की अप्रधानता धर्मानुकूल सिद्ध नहीं है। 'और उत्पादन मे पिता प्रधान है। इस कारण धर्म से उसकी सेवा करे ॥१२१॥ प्रथम विवाहिता मे कनिष्ठ पुत्र और द्वितीय विवाहिता मे ज्येष्ठ पुत्र होवे तो वहां किस प्रकार विभाग होना चाहिये? यदि इस प्रकार का संशय हो तो-॥१२२॥"

"एकं वृषभमुद्धारं संहरेत स पूर्वजः ।
ततोऽपरे ज्येष्ठवृषास्तदूनानां स्वमातृतः ॥१२३॥
ज्येष्ठस्तु जातो ज्येष्ठायां हरेद्वृषभषोडशाः ।
ततः स्वमातृत. शेषा भजेरन्निति धारणा ॥१२४॥"

पहिली में उत्पन्न हुवा वह कनिष्ठ भी एक श्रेष्ठ बैल भेंट मे ग्रहण करे। उस के अनन्तर कनिष्ठाओं से उत्पन्न हुवे पुत्र क्रम से अपनी २ माताओं के विवाहक्रमानुसार ज्येष्ठ हों, वे एक एक वृषभ ग्रहण करें॥ १२३॥ (इस श्लोक का पाठ भी अस्तव्यस्त

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

है) यदि ज्येष्ठ पुत्र ज्येष्ठा मे उत्पन्न हो तो एक बैल के साथ पन्द्रह गाय ग्रहण करे उसके अनन्तर अपनी माता की छोटाई के हिसाब से शेष भाग बांट लेवें यह निर्णय है ॥१२४॥

"सदृशस्त्रीषु जातानां पुत्राणामविशेषतः ।
न मातृतोज्यैष्ठ्यमस्ति जन्मतोज्यैष्ठ्यमुच्यते ॥१२५॥"

"समस्त समान जाति की स्त्रियों मे उत्पन्न हुवे पुत्रो को माता की ज्येष्ठता से ज्येष्ठता नहीं, किन्तु जन्मसे ज्येष्ठता कहाती है ॥"

(१२१ से १२५ तक श्लोक अविहित शास्त्र विरुद्ध अनेक तथा असवर्णा से विवाहो के समर्थक और ३।१५-१६ के विरुद्ध होने से त्याज्य हैं) ॥१२५॥

जन्मज्यैष्ठ्येन चाह्वानं सुब्रह्मण्यास्वपि स्मृतम् ।
यमयोश्चैव गर्भेषु जन्मतोज्येष्ठता स्मृता ॥१२६॥

सुब्रह्मण्याख्य मन्त्र ("सुब्रह्मण्यो ३ इन्द्र आगच्छ०")इत्यादि ज्योतिष्टोम में इन्द्र को बुलाने मे पढ़ते हैं उस मे ज्येष्ठ पुत्र के नाम से कहते हैं (कि अमुक का पिता यज्ञ करता है) सो वहा भी और जोड़िया दो पुत्रो में से गर्भों में प्रथम जन्मने वाले को ज्येष्ठता कही है ॥१२६॥

अपुत्रोऽनेन विधिना सुतां कुर्वीत पुत्रिकाम् ।
यदपत्यं भवेदस्यां तन्मम स्यात्स्वधाकरम् ॥१२७॥

बिना पुत्र वाला इस विधि से कन्या को "पुत्रिका" करे कि विवाह के समय मे (जामाता से) कहे कि जो पुत्र इसके होगा वह मेरा जलादि दान करने वाला हो (ऐसी प्रतिज्ञा करके विवाह करे ॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

१२७वे के आगे एक श्लोक ३ पुस्तकोंमे अधिक पाया जाता है-

[अभ्रातृकां प्रदास्यामि तुभ्यं कन्यामलंकृताम् ।
अस्यां यो जायते पुत्रः स मे पुत्रोभवेदिति ॥]

भ्राता से रहित अलंकृता कन्या आपको दूगा, परन्तु इसमे जो पुत्र उत्पन्न हो वह मेरा पुत्र हो जावे यह) ॥१२७॥

"अनेन तु विधानेन पुरा चक्रेऽथ पुत्रिकाः ।
विवृद्धयर्थं स्ववंशस्य स्वयं दक्षः प्रजापतिः ॥१२८॥"

"पहिले अपने वंश की वृद्धि के लिये आप दक्ष प्रजापति ने भी इस विधान से पुत्रिकाएं की थी ॥१२८॥" (यह दक्ष के पश्चात् की रचना १२८।१२९ मे है) ॥

"ददौ स दश धर्माय कश्यपाय त्रयोदश ।
सोमाय राज्ञे सत्कृत्य प्रीतात्मा सप्तविंशतिम् ॥१२९॥"

"उस प्रीतात्मा दक्ष प्रजापति ने सत्कार करके दश धर्म को और तेरह कश्यप को तथा सत्ताईस कन्या चन्द्रमा को (पुत्रिका धर्म से) दीं थीं ॥१२९॥"

यथैवात्मा तथा पुत्रः पुत्रेण दुहिता समा ।
तस्यामात्मनि तिष्ठन्त्यां कथमन्योधनं हरेत् ॥१३०॥

जैसा आप वैसा पुत्र और पुत्र के समान कन्या है। फिर भला उसके होते हुवे अपने यहां का धन दूसरा कैसे हरे ? ॥१३०॥

मातुस्तु यौतकं यत्स्यात्कुमारीभाग एवसः ।
दौहित्र एव च हरेदपुत्रस्याखिलं धनम् ॥१३१॥
दौहित्रो ह्यखिलं रिक्थमपुत्रस्य पितुर्हरेत् ।
स एव दद्याद्द्वौ पिण्डौ पित्रे मातामहाय च ॥१३२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

माता का कोचड़ा कुमारी का ही भाग है और अपुत्र का संपूर्ण धन दौहित्र ही लेवे ॥१३१॥ दौहित्र ही अपुत्र पिता का संपूर्ण धन ले और वही पिता और नाना, इन दोनो को पिण्ड देवें (पिण्डदान का तात्पर्य वृद्धावस्था में सेवार्थ भोजन ग्रासादि देना जानो) ॥१३२॥

पौत्रदौहित्रयोर्लोके न विशेषोऽस्ति धर्मतः ।
तयोर्हि मातापितरौ संभूतौ तस्य देहतः ॥१३३॥
पुत्रिकायां कृतायां तु यदि पुत्रोऽनुजायते ।
समस्तत्रविभागः स्याज्ज्येष्ठता नास्ति हि स्त्रियः ।१३४

लोक मे पुत्र और दौहित्रो की धर्म से विशेषता नहीं है क्योंकि उनके माता पिता उसी के देह से उत्पन्न हैं ॥१३३॥ पुत्रिका करने पर यदि पीछे से पुत्र हो जावे तो वहां (पुत्र तथा दौहित्र के) सम विभाग करे। क्योकि स्त्री की ज्येष्ठता नहीं है ॥१३४॥

अपुत्रायां मृतायां तु पुत्रिकायां कथञ्चन ।
धनं तत्पुत्रिकाभर्ता हरेतैवाऽविचारयन् ॥१३५॥
अकृता वा कृता वापि यं विन्देत्सदृशात्सुतम् ।
पौत्री मातामहस्तेन दद्यात्पिण्डं हरेद्धनम् ॥१३६॥

"पुत्रिका" कदाचित् पुत्र रहिता ही मर जावे तो उस धनको पुत्रिका का पति ही विना विचार किये लेले ॥१३५॥ पुत्रिका का विधान किया हो वा न भी किया हो समान जाति वाले जामाता से जिस पुत्रको पावे उसी से मातामह पौत्र वाला कहावे और पिण्ड दे और धन ले ॥१३६॥

पुत्रेण लोकान् जयति पौत्रेणाऽनन्त्यमश्नुते ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अथ पुत्रस्य पौत्रेण ब्रध्नस्याप्नोति विष्टपम्॥१३७॥
पुन्नाम्नोनरकाद्यस्मात्त्रायते पितरं सुतः।
तस्मात्पुत्र इतिप्रोक्तः स्वयमेव स्वयम्भुवा॥१३८॥

पुत्र के होने से लोकों को जीतता और पौत्र के होने से चिरकाल पर्यन्त सुख मे निवास करता है। और पुत्र के पौत्र (प्रपौत्र) से तो मानों आदित्य लोक को पाता है॥१३७॥ जिस कारण पुन्नाम नरक से पुत्र (सेवा करके) पिता को बचाता है इस कारण आप ही ब्रह्मा ने 'पुत्र' कहा है॥१३८॥

पौत्रदौहित्रयोर्लोके विशेषो नोपपद्यते।
दौहित्रोपि ह्यमुत्रैनं संतारयति पौत्रवत्॥१३९॥

मातुः प्रथमतः पिण्डं निर्वपेत्पुत्रिकासुतः।
द्वितीयं तु पितुस्तस्यास्तृतीयं तत्पितुः पितुः॥१४०।

लोकमे पौत्र और दौहित्र में कुछ विशेषता नहीं समझी जाती क्योकि दौहित्र भी इस (मातामह) को पौत्रवत् ही परलोक पहुँचाता है॥१३९॥ पुत्रका पुत्रि प्रथम माता का पिण्ड करे और दूसरा मातामह का तीसरा मातामहके पिता का (इस प्रकार तीनों की अन्नादि से सेवा करे)॥१४०॥

उपपन्नोगुणैः सर्वैः पुत्रो यस्य तु दत्रिमः।
स हरेतैव तद्रिक्थं संप्राप्तोऽप्यन्यगोत्रतः॥१४१॥

गोत्ररिक्थे जनयितुर्न हरेद्दत्रिमः क्वचित्।
गोत्ररिक्थानुगः पिण्डोव्यपैति ददतः स्वधा॥१४२॥

जिसका दत्तक पुत्र (अध्ययनादि) सम्पूर्ण गुणो से युक्त है

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

वह दूसरे गोत्रसे प्राप्त हुवा भी उसके भाग के ग्रहण करे ॥१४१॥ (जो उत्पादक पिता ने अन्यको दे दिया उस) उत्पन्न करने वाले पिताके गोत्र और धन को दत्तक कभी न पावे क्योंकि पिण्ड-ग्रास आदि देना ही गोत्र और धन का अनुगामी है और दिये हुवे पुत्रका पिण्डादि उस जनक पिता से छूट जाता है ॥१४२॥

अनियुक्ता सुतश्चैव पुत्रिण्याप्तश्च देवरात् ।
उभौ तौ नार्हतो भागं जारजातककामजौ ॥१४३॥
नियुक्तायामपि पुमान्नार्यां जातोऽविधानतः ।
नैवार्हः पैतृकं रिक्थं पतितोत्पादितोहि सः ॥१४४॥

विना नियोग विधि से उत्पन्न हुवा पुत्र और लड़के वाली का नियोग विधि से भी देवर से उत्पन्न हुवा पुत्र ये दोनो भाग को नहीं पाते। क्योंकि ये दोनों जार से उत्पन्न और कामज हैं ॥१४३॥ नियुक्ता स्त्री में भी विना विधान उत्पन्न हुवा पुत्र (अर्थात् घृतादि लगाकर जिस नियम से रहना चाहिये उसके विपरीत करने वालों से उत्पन्न पुत्र) क्षेत्र वाले पिता के धन को पाने योग्य नहीं है। क्योंकि वह पतित से उत्पन्न हुवा है ॥१४४॥

हरेत्तत्र नियुक्तायां जातः पुत्रो यथौरसः ।
क्षेत्रिकस्य तु तद्बीजं धर्मतः प्रसवश्च सः ॥१४५॥
धनं योबिभृयाद्भ्रातुर्मृतस्य स्त्रियमेव च ।
सोऽपत्यं भ्रातुरुत्पाद्य दद्यात्तस्यैव तद्धनम् ॥१४६॥

नियुक्ता मे उत्पन्न हुआ पुत्र, क्षेत्र वाले पिता का धन लेवे जैसे औरस पुत्र लेताहै क्योंकि वह धर्म से उत्पन्न हुवा, इस कारण क्षेत्र वाले का वीज समझा जाता है ॥१४५॥ जो मरे भाई की

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

स्त्री तथा धनका धारण करे वह (नियोग विधि से) भाई का पुत्र उत्पन्न करके उस धन को उसी को दे देवे ॥१४६॥

या ऽनियुक्ताऽन्यतः पुत्रं देवराद्वाऽप्यऽवाप्नुयात् ।
तं कामजमऽरिक्थीयं वृथोत्पन्नं प्रचक्षते ॥१४७॥
"एतद्विधानं विज्ञेयं विभागस्यैकयोनिषु ।
बह्वीषु चैकजातानां नानास्त्रीषु निबोधत॥१४८॥'

जो स्त्री विना नियोग देवर से वा दूसरे से पुत्र को प्राप्त हो उस कामज को द्रव्य का भागी नहीं कहते ॥१४७॥ "समान जाति वाली भार्या में एक पति से उत्पन्न पुत्रों के विभाग का यह विधान जानना चाहिये। अब नाना जाति का बहुत स्त्रियों मे एक पति से उत्पन्न पुत्रो का (विभाग) सुनो ॥१४८॥'

"ब्राह्मणस्यानुपूर्व्येण चतस्रस्तु यदि स्त्रियः ।
तासां पुत्रेषु जातेषु विभागेऽयं विधिः स्मृतः ॥१४९॥
कीनाशो गोवृषो यानमलङ्कारश्च वेश्म च ।
विप्रस्यौद्धारिकं देयमेकांशश्च प्रधानतः ॥१५०॥'

"ब्राह्मण की क्रम से (ब्राह्मणी से आदि लेके) यदि चार भार्या होवें तो उन के पुत्रों में यह विभाग विधि कही है कि.- ॥१४९॥ कृषि वाला बैल अश्वादि सवारी आभूषण घर और प्रधान अंश प्रधान भूत ब्राह्मणी के पुत्र को देवे (औरों को आगे कहे अनुसार दे) ॥१५०॥'

"त्र्यंशं दायाद्धरेद्विप्रो द्वावंशौ क्षत्रियासुतः ।
वैश्याजः सार्धमेवांशमंशं शूद्रासुतोहरेत् ॥१५१॥
सर्वं वा रिक्थजातं तद्दशधा परिकल्प्य च ।
धर्म्यं विभागं कुर्वीत विधिनाऽनेन धर्मवित् ॥१५२॥"

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

"पिता के धनसे ब्राह्मणी का पुत्र तीन अंश लेवे और क्षत्रिया का सुत दो अंश तथा वैश्या का पुत्र डेढ़ अंश और शूद्रा का एक अंश लेवे ॥१५१॥ अथवा (बिना उद्धार के निकाले) सम्पूर्ण धन के दश भाग करके धर्म का जानने वाला इस विधि से धर्म्य विभाग करे कि:-॥१५२॥"

"चतुरोंशान्हरेद्विप्र स्त्रीनंशान्क्षत्रियासुतः ।
वैश्यापुत्रो हरेद द्वयंशमंशं शूद्रासुतो हरेत् ॥१५३॥
यद्यपि स्यात्तु सत्पुत्रोऽप्यसत्पुत्रोऽपि वा भवेत् ।
नाधिकं दशमाद्दद्याच्छूद्रापुत्राय धर्मत. ॥१५४॥"

"(१० भागों में से) चार अंश ब्राह्मणी का पुत्र और क्षत्रिया का तीन अंश तथा वैश्या का पुत्र दो अंश और शूद्रा का पुत्र दो अंश ले ॥१५३॥ यद्यपि सत्पुत्र हो वा असत्पुत्र परन्तु धर्म से शूद्रा के पुत्र को दशमांश से अधिक न दे ॥१५४॥"

"ब्राह्मणक्षत्रियविशां शूद्रापुत्रोन रिक्थभाक् ।
यदेवास्य पिता दद्यात्तदेवास्य धनं भवेत् ॥१५५॥
समवर्णासु ये जाताः सर्वेपुत्रा द्विजन्मनाम् ।
उद्धारं ज्यायसे दत्वा भजेरन्नितरे समम ॥१५६॥

"ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्यो का शूद्रा से उत्पन्न हुवा पुत्र धनका भागी नहीं किन्तु जो कुछ उसका पिता दे दे वही उसका धन हो ॥१५५॥ समान जातिकी भार्या मे द्विजातियो से उत्पन्न हुये सब पुत्र ज्येष्ठ को उद्धार देकर शेष का सम भाग करके बांटलें ।१५६।'

'शूद्रस्य तु सवर्णैव नान्या भार्या विधीयते ।
तस्यां जाताः समांशाः स्युर्यदि पुत्रशतं भवेत् ॥१५७॥
पुत्रान् द्वादश यानाह नृणां स्वायंभुवो मनुः ।
तेषां षड्बन्धुदायादा षडऽ दायादबान्धवा. ॥१५८॥'

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

"शूद्र को समान जाति ही की भार्या कही है दूसरे वर्ण की नहीं कही। उस शूद्र मे यदि १०० पुत्र भी उत्पन्न हों तो भी समान अंश वाले ही हों ॥१५७॥ जो मनुष्यो के द्वादश पुत्र स्वायम्भुव मनुने कहे हैं उनमें छः बन्धुदायाद हैं और छ:अदायाद बान्धव हैं ॥"

(१४८ से १५८ तक ११ श्लोक भी हमारी सम्मति मे अमान्य हैं। क्योंकि यथार्थ मे मनु की आज्ञा से द्विजो को सवर्णा से ही विवाह कहा है। असवर्णा से विवाह करने पर पतित हो जाते हैं। तब ब्राह्मणत्वादि द्विजत्व ही नही रहता। १४८ में इन असवर्णाओ के दाय भाग की प्रस्तावना है। १४९ से १५४ तक ब्राह्मण की ४ स्त्रियों के जो चारों वर्णों में से एक २ हों पुत्रो का दायभाग है। फिर १५५ मे शूद्र पुत्र को दायभागित्व का निषेध करके ये अमान्य श्लोक आपस मे भी लड़ते हैं। तथा ब्राह्मण की चारों वर्ण की ४ स्त्रियो के पुत्रों का तो वर्णन किया परन्तु क्षत्रिय की ३ वर्ण की ३ स्त्रियो और वैश्य की २ वर्ण की २ स्त्रियो के पुत्र कोरमकोर ही रक्खे हैं। १५८ वां स्पष्ट ही अन्य कृत है जो इन अपने से पूर्वले १० केभी अन्यकृत होने की पुष्टि करता है।१५८।"

औरसः क्षेत्रजश्चैव दत्तः कृत्रिमएव च ।
गूढोत्पन्नोऽपविद्धश्च दायादाबान्धवाश्च षट् ॥१५९॥

कानीनश्च सहोढश्च क्रीतः पौनर्भवस्तथा ।
स्वयंदत्तश्च शौद्रश्च षडदायादबान्धवाः ॥१६०॥

औरस, क्षेत्रज, दत्तक, कृत्रिम, गूढोत्पन्न, अपविद्ध ये छ: धन के भागी बान्धव हैं ॥१५९॥ कानीन, सहोढ, क्रीत, पौनर्भव, स्वयंदत्त और शौद्र ये छः धन के भागी नही किन्तु केवल बान्धव

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

हैं (इनके लक्षण १६६ में कहेंगे) ॥१६०॥

यादृशं फलमाप्नोति कुप्लवैः सन्तरञ्जलम् ।
तादृशं फलमाप्नोति कुपुत्रैः संतरंस्तमः ॥१६१॥

यद्येकरिक्थिनौ स्यातामौरसक्षेत्रजौ सुतौ ।
यस्य यत्पैतृकं रिक्थं स तद् गृह्णीत नेतरः ॥१६२॥

बुरी (टूटी फूटी) नावों से जल में तरता हुवा जिस प्रकार के फल को पाता है उसी प्रकार का फल कुपुत्रों से दुःख को तिरने वाला पाता है ॥१६१॥ यदि अपुत्र के क्षेत्र में नियोग विधि से एक पुत्र हो, और किसी प्रकार दूसरा औरस पुत्र भी होजावे तो दोनों अपने २ पिता के धन को ग्रहण करें, अन्य को अन्य का पुत्र न ले ॥१६२॥

एकएवौरसपुत्रः पित्र्यस्य वसुनः प्रभुः ।
शेषाणामानृशंस्यार्थं प्रदद्यात्तु प्रजीवनम् ॥१६३॥
षष्ठं तु क्षेत्रजस्यांशं प्रदद्यात्पैतृकाद्धनात् ।
औरसो विभजन्दायं पित्र्यं पञ्चमेव वा ॥१६४॥

एक औरस पुत्र ही पिता के धन का भागी होता है शेष सब को दया से भोजन वस्त्रादि दे देवे ॥१६३॥ औरस पुत्र दाय का विभाग करता हुवा क्षेत्रज को छठा वा पांचवा भाग पितृधन से दे देवे ॥१६४॥

औरसक्षेत्रजौ पुत्रौ पितृरिक्थस्य भागिनौ ।
दशापरेतुक्रमशो गोत्ररिक्थांशभागिनः ॥१६५॥
स्वक्षेत्रे संस्कृतायांतु स्वयमुत्पादयेद्धि यम् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

तमौरसं विजानीयात्पुत्रं प्रथमकल्पितम् ॥१६६॥

औरस और क्षेत्रज ये दोनो पुत्र (उक्त प्रकार से) पितृधन के लेने वाले हों और क्रमशः शेष दस पुत्र गोत्रधन के भागी हों ॥१६५॥ विवाहादि संस्कार किये हुवे अपने क्षेत्र में आप जिस को उत्पन्न करे उसको पहिले कहा हुवा "औरस" पुत्र जानिये।१६६।

यस्तल्पजः प्रमीतस्य क्लीबस्य व्याधितस्य वा ।
स्वधर्मेण नियुक्तायां स पुत्रः क्षेत्रजः स्मृतः॥१६७॥

माता पिता वा दद्यातां यमद्भिः पुत्रमापदि ।
सदृशं प्रीतिसंयुक्तं स ज्ञेयो दत्रिमः सुतः ॥१६८॥

जो मृत वा नपुंसक वा प्रसवविरोधी व्याधि से युक्त की स्त्री में नियोग विधि से उत्पन्न होवे वह 'क्षेत्रज' पुत्र कहा है ॥१६७॥ माता वा पिता आपत्काल में जिस समान जाति वाले प्रीतियुक्त पुत्र को सङ्कल्प करके देदे वह 'दत्रिम' पुत्र (दत्तक) जानने योग्य है ॥१६८॥

सदृशं तु प्रकुर्याद्यं गुणदोषविचक्षणम् ।
पुत्रं पुत्रगुणैर्युक्तं स विज्ञेयश्च कृत्रिमः ॥१६९॥
उत्पद्यते गृहे यस्य न च ज्ञायेत कस्य सः ।
स गृहे गूढउत्पन्नस्तस्य स्याद्यस्य तल्पजः ॥१७०॥

जो समान जाति वाला और गुण दोष का जानने वाला तथा पुत्र के गुणों से युक्त पुत्र कर लिया जावे उसको "कृत्रिम" पुत्र जानना चाहिये ॥१६९॥ जिस के घर में उत्पन्न होवे और न जाना जाय कि वह किसका है वह घर में "गूढोत्पन्न" उस का पुत्र है जिसकी कि स्त्री ने जना है ॥१७०॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

मातापितृभ्यामुत्सृष्टं तयोरन्यतरेण वा ।
यं पुत्रं परिगृह्णीयादपविद्धः स उच्यते ॥१७१॥
पितृवेश्मनि कन्या तु यं पुत्रं जनयेद्रहः ।
तं कानीनं वदेन्नाम्ना वोढः कन्यासमुद्भवम् ॥१७२॥

जो माता पिताका अथवा इन दोनोंमें से किसी एक का छोड़ा हुवा है उस पुत्र को जो ग्रहण करे उसको उसका "अपविद्ध" पुत्र कहते हैं ॥१७१॥ पिता के घर मे जो कन्या विना प्रकट किये पुत्र को जने उस कन्योत्पन्न को उस के पति का "कानीन" पुत्र नाम से कहे ॥१७२॥

या गर्भिणी संस्क्रियते ज्ञाताऽज्ञातापिवा सती ।
वोढुः सगर्भो भवति सहोढ इति चोच्यते ॥१७३॥
क्रीणीयाद्यस्त्वपत्यार्थं मातापित्रोर्यमन्तिकात् ।
स क्रीतकः सुतस्तस्य सदृशोऽसदृशो पवा ॥१७३॥

जो ज्ञात वा अज्ञात गर्भिणी के साथ विवाह किया जावे वह उसी पति का गर्भ है और उसको 'सहोढ" कहते हैं ॥ १७३ ॥ सन्तान चलानेके लिये माता पिताके पाससे जिसे मोल ले लेवे वह उसके सदृश हो वा असदृश हो उसको उस का " क्रीतक " पुत्र कहते है ॥ १७४ ॥

यो पत्या वापरित्यक्ता विधवावा स्वयेच्छया ।
उत्पादयेत्पुनर्भूत्वा स पौनर्भव उच्यते ॥१७५॥
सा चेदक्षतयोनिः स्याद्गतप्रत्यागतापि वा ।
पौनर्भवेन भर्त्रा सा पुनः संस्कारमर्हति ॥१७६॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

जो पति की छोड़ी हुई या विधवा स्त्री अपनी इच्छा से की भार्या होकर पुत्र को जने, उस को "पौनर्भव" पुत्र कहते ॥१७५॥ वह स्त्री यदि पूर्व पुरुष से संयुक्त न हुई तो दूसरे पौनर्भव पति से फिर विवाह संस्कार करने के योग्य है। (अथवा फिर से उसी के पास जावे तो भी पुनः विवाह संस्कार करना योग्य है ॥१७६॥

मातापितृविहीनो यस्त्यक्तो वा स्यादकारणात् ।
आत्मानं स्पर्शयेद्यस्मै स्वयंदत्तस्तु स स्मृतः ॥१७७॥
यम्ब्राह्मणस्तु शूद्रायां कामादुत्पादयेत्सुतम् ।
स पारयन्नेव शवस्तस्मात्पारशवः स्मृतः ॥१७८॥

जो माता पिता से हीन वा बिना अपराध निकाला हुआ अपने को जिसे दे दे, वह 'स्वयंदत्त' कहा है ॥१७७॥ जिस को ब्राह्मण शूद्रा में काम से उत्पन्न करे, वह जीता हुआ भी शव (मृतक) के तुल्य है, इस से उस को 'पारशव' (वा 'शौद्र" कहा है ॥१७८॥

दास्यांवा दासदास्यां वा यः शूद्रस्य सुतो भवेत् ।
सोऽनुज्ञातो हरेदंशमिति धर्मो व्यवस्थितः ॥१७९॥
क्षेत्रजादीन्सुतानेतानेकादश यथोदितान् ।
पुत्रप्रतिनिधीनाहुः क्रियालोपान्मनीषिणः ॥१८०॥

दासीमें वा दास की स्त्रीमें जो शूद्र का पुत्र हो, वह (पिताकी आज्ञा से) भाग लेवे। यह शास्त्र की मर्यादा है ॥१७९॥ इन उक्त क्षेत्रजादि एकादश पुत्रों को (सेवादि) क्रिया का लोप न हो, इस कारण पुत्र का प्रतिनिधि बुद्धिमानों ने कहा है ॥१८०॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

य एतेऽभिहिताः पुत्राः प्रसङ्गादन्यबीजजाः ।
यस्यतेबीजतो जातास्तस्यते नेतरस्य तु ॥१८१॥
भ्रातणामेकजातानामेकश्चेत्पुत्रवान्भवेत् ।
सर्वांस्तांस्तेन पुत्रेण पुत्रिणो मनुरब्रवीत् ॥१८२॥

जो ये (औरस के) प्रसङ्ग से दूसरे के बीज से उत्पन्न हुवे पुत्र कहे हैं वे जिस के बीज से उत्पन्न हुवे हो उसी के हैं; दूसरे के नहीं ॥१८१॥ सहोदर भाइयो मे एक भाई भी पुत्रवान् हो तो उन सब को पुत्र वाला (मुक्त) मनु ने कहा है (अर्थात् अन्य भाइयों को नियोग वा पुनर्विवाहादि नहीं करना चाहिये) ॥१८२॥

सर्वासामेकपत्नीनामेका चेत्पुत्रिणी भवेत् ।
सर्वास्तास्तेन पुत्रेण प्राह पुत्रवतीर्मनुः ॥१८३॥
श्रेयसः श्रेयसोऽलाभे पापीयान् रिक्थमर्हति ।
बहवश्चेत्तु सदृशाः सर्वेरिक्थस्य भागिनः ॥१८४।

एक पुरुष की कई स्त्रियों मे यदि एक पुत्र वाली हो तो उस पुत्र से सब को (मुक्त) मनु ने पुत्र वाली कहा है ॥१८३॥ औरसादि पुत्रों मे पूर्व २ के अभाव मे दूसरे २ नीच पुत्र धन को पाने योग्य हैं और यदि बहुत से समान हो तो सब धन के भागी होवे ॥१८४॥

न भ्रातरो न पितरः पुत्रारिक्थहराः पितुः ।
पिता हरेदपुत्रस्य रिक्थं भ्रातरएव च ॥१८५॥
त्रयाणामुदकं कार्यं त्रिषु पिण्डः प्रवर्त्तते ।
चतुर्थः सम्प्रदातैषां पञ्चमो नोपपद्यते ॥१८६॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

न सहोदर भाई न पिता धन को लेने वाले हैं, किन्तु पुत्र ही धन के लेने वाले है, परन्तु अपुत्र का धन पिता और भाई ले लेवें ॥१८५॥ पित्रादि तीनो को जल और पिण्ड (भोजन) देवे चौथा पिण्ड वा उदक का देने वाला है। पांचवें का यहां (सवादि वार्य में) सम्बन्ध ही नही हो सकता।

(१८६ से आगे यह श्लोक केवल एक पुस्तक में ही मिलता है अनुमान है कि अन्यो में से जाता रहा :—

[असुतास्तु पितुः पत्न्यः समानांशाःप्रकीर्तिताः ।
पितामह्यश्च ताः सर्वा मातृकल्पाः प्रकीर्तिताः ॥]

अर्थात् अपने पिता की जो अन्य अपुत्र भार्या (अपनी मौसी) हों वे सब समान अंशकी भागिनी हैं और पितामही भी। यह सब (माताके समान ही कही हैं) ॥१८६॥

अनन्तरः सपिण्डाद्यस्तस्य तस्य धनं भवेत् ।
अतऊर्ध्वं सकुल्यः स्यादाचार्यः शिष्यएववा ॥१८७॥
सर्वेषामप्यभावे तु ब्राह्मणा रिक्थभागिनः ।
त्रैविद्याः शुचयो दान्तास्तथा धर्मो न हीयते ॥१८८॥

सपिण्डों में जो २ बहुत समीपी हो, उस २ का धन हो और इस के उपरान्त (सपिण्ड न हो तो) आचार्य, इस के अनन्तर शिष्य धन का भागी हो ॥१८७॥ और यदि ये भी न हों तो उस धन के भागी ब्राह्मण हैं। वे ब्राह्मण वेदत्रय के जानने वाले और पवित्र तथा जितेन्द्रिय हों तो धर्म नष्ट नहीं होता ॥१८८॥

अहार्यं ब्राह्मणद्रव्यं राज्ञा नित्यमितिस्थितिः ।
इतरेषां तु वर्णानां सर्वाभावे हरेन्नृपः ॥१८९॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

संस्थितस्यानपत्यस्य सगोत्रात्पुत्रमाहरेत् ।
तत्र यद्रिक्थजातं स्यात्तत्तस्मिन्प्रतिपादयेत् ॥१९०॥

ब्राह्मण का धन राजा कभी भी न ले, यह शास्त्र की नित्य मर्यादा है (अर्थात् वेवारिस ब्राह्मण का धन ब्राह्मणों ही को दे देवे) अन्य सब वर्णों का धन दायभागी न हो तो राजा ले लेवे ॥१८९॥ राजा, अपुत्र मरे ब्राह्मण की सन्तति के लिये समान गोत्र वाले से पुत्र दिला कर उस ब्राह्मण का जो कुछ धन हो वह उस पुत्र को दे देवे ॥१९०॥

द्वौतु यौ विवदेयातां द्वाभ्यां जातौ स्त्रिया धने ।
तयोर्यद्यस्य पित्र्यं स्यात्तत्स गृह्णीत नेतरः ॥१९१॥

जनन्यां संस्थितायां तु समं सर्वे सहोदराः ।
भजेरन्मातृकं रिक्थं भगिन्यश्च सनाभयः ।१९२।

दो पिताओं से एक माता मे उत्पन्न हुवे दो पुत्र यदि स्त्री धन के लिये लड़ें तो उन मे जो जिस के पिता का धन हो वह उस को ग्रहण करे, अन्य न लेवे ॥१९१॥ माता के मरने पर सब सहोदर भाई और सहोदरा भगिनी मिल कर मातृधन को बराबर बांट लेवें ॥१९२॥

यास्तासां स्युर्दुहितरस्तासामपि यथार्हतः ।
मातामह्या धनात्किंचित्प्रदेयं प्रीतिपूर्वकम् ।१९३।

अध्यग्न्यध्यावाहनिकं दत्तञ्च प्रीतिकर्मणि ।
भ्रातृमातृपितृप्राप्तं षड्विधं स्त्रीधनं स्मृतम् ।१९४।

उन लड़कियों की जो (अविवाहिता) कन्या हो उन को भी

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

यथायोग्य मातामही के धन से प्रीतिपूर्वक थोड़ा सा धन देना चाहिये ॥१९३॥ १ विवाह काल मे अग्नि के सन्निधि मे पित्र आदि का दिया हुवा धन, २ बुलाकर दिया हुवा, ३ प्रीति कर्म मे तथा समयान्तरमे पति का दिया हुवा, ४ पिता, ५ भ्राता, ६ माता से पाया हुवा। यह ६ प्रकार का स्त्री धन कहा है ॥१९४॥

अन्वाधेयं च यद्दत्तं पत्याप्रीतेन चैवयत्।
पत्यौजीवति वृत्तायाः प्रजायास्तद्धनं भवेत्॥१९५॥
ब्राह्मदैवार्षगान्धर्वप्राजापत्येषु यद्वसु।
अप्रजायामतीतायां भर्तुरेव तदिष्यते॥१९६॥

(विवाहके ऊपर पतिके कुलमें स्त्री जो धनपावे वह) अन्वाधेय धन और जो पति ने प्रीतिकर्म मे दिया हो, पति के जीते हुवे मरी स्त्री का वह सम्पूर्ण धन सन्तान का हो ॥१९५॥ ब्राह्म दैव आर्ष गांधर्व और प्राजापत्य, इन पांच प्रकार के विवाहो में जो (स्त्रियो का छ प्रकार का धन है) वह अपुत्रा स्त्री के मरने पर पति का ही कहा है ॥१९६॥

यत्त्वस्याः स्याद्धनं दत्तं विवाहेष्वासुरादिषु।
अप्रजायामतीतायां मातापित्रोस्तदिष्यते॥१९७॥
स्त्रियां तु यद्भवेद्वित्तं पित्रा दत्तं कथञ्चन।
ब्राह्मणीतद्धरेत्कन्या तदपत्यस्य वा भवेत्॥१९८॥

परन्तु आसुरादि (३) विवाहोमे जो स्त्री को दिया धन है उस स्त्री के अपुत्रा मरने पर वह (धन) माता पिता का है ॥१९७॥ स्त्रीके पास जो कुछ धन किसी प्रकार पिताका दियाहो वह उसकी ब्राह्मणी कन्या ग्रहण करे अथवा उसकी संतानका होजावे ॥१९८॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ननिर्हारं स्त्रियः कुर्युः कुटुम्बाद्बहुमध्यगात् ।
स्वकादपि च वित्ताद्धि स्वस्य भर्तुरनाज्ञया ॥१९९॥
पत्यौ जीवति यः स्त्रीभिरलङ्कारो धृतोभवेत् ।
न तं भजेरन्दायादा भजमानाः पतन्ति ते ॥२००॥

बहुत कटुम्ब के धन से स्त्रियें धनसञ्चय (कांरचा) न करें और न अपने धनसे विना पतिकी आज्ञा अलङ्कार आदि (कांरचा) करे ॥१९९॥ पति के जीवते हुए (उसकी सम्मति से) जो कुछ अलङ्कार स्त्रियो ने धारण किया हो उसको (पतिके मरने पर) दायाद लोग न बांटे। जो उसको बांटते हैं वे पतित होते हैं ॥२००॥

अनंशौ क्लबपतितौ जात्यन्धबधिरौ तथा ।
उन्मत्तजडमूकाश्च ये च केचिन्निरिन्द्रियाः ॥२०१॥
सर्वेषामपितु न्याय्यं दातुं शक्त्या मनीषिणा ।
ग्रासाच्छादनमत्यन्तं पततो ह्यददद्भवेत् ॥२०२॥

नपुंसक पतित, जन्मान्ध, बधिर, उन्मत्त, जड़, मूक और जो कोई जन्म से निरिन्द्रिय हो वे सब (पिता के धन के) भागी नहीं हैं ॥२०१॥ इन सब (नपुंसकादि) को आयु पर्यन्त न्याय से अन्न वस्त्र यथाशक्ति शास्त्र के जानने वाले धन स्वामी को देना चाहिये यदि न देवे तो पतित हो ॥२०२॥

यद्यर्थितातु दारैः स्यात्क्लीवादीनां कथञ्चन ।
तेषामुत्पन्नतन्तूनामपत्यं दायमर्हति ॥२०३॥
यत्किञ्चित्पितरि प्रेते धनं ज्येष्ठोऽधिगच्छति ।
भागो यवीयसां तत्र यदि विद्यानुपालितः ॥२०४॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

यदि कदाचित् नपुंसक को छोड़कर (अतद्गुण संविज्ञान बहुव्रीहि समास जानो) पतितादि का विवाह करने की इच्छा हो तो उन सन्तान वालों के सन्तान धन के भागी है ॥२०३॥ पिता के मरने पर ज्येष्ठ पुत्र जो कुछ धन पावे, यदि छोटा भाई विद्वान् हो तो उस में भी उसका भाग है ॥२०४॥

अविद्यानां तु सर्वेषामीहातश्चेद्धनं भवेत् ।
समस्तत्र विभागः स्यादपित्र्यइति धारणा ॥२०५॥
विद्याधनं तु यद्यस्य तत्तस्यैव धनं भवेत् ।
मैत्र्यमौद्वाहिकं चैव माधुपर्किकमेव च ॥२०६॥

सब विद्वान् भाइयों का यदि कृषि वाणिज्यादिसे कमाया हुवा धन हो तो उस में पिता के कमाये धन को छोड़ कर समविभाग करें (अर्थात् ज्येष्ठ को कुछ निकाल कर न देवें) यह निश्चय है ।२०५। विद्या मैत्री विवाह इनसे सम्पादित और मधुपर्कदानके काल में प्राप्त धन जिस को मिला हो उसी का हो ॥२०६॥

भ्रातृणां यस्तु नेहेत धनं शक्तः स्वकर्मणा ।
सनिर्भाज्यः स्वकादंशात्किंचिद्दत्वोपजीवनम् ।२०७।
अनुपघ्नन्पितृद्रव्यं श्रमेण यदुपार्जितम् ।
स्वयमीहितलब्धं तन्नाकामोऽदातुमर्हति ॥२०८॥

जो अपने पुरुषार्थ से धन कमा सकता है और भाइयों के साधारण धनों को नहीं चाहता, उस को अपने भाग मे से कुछ निर्वाह योग्य धन देकर अलग करें (जिस से सब भाइयों के साझले धन में उस भाग न चाहने वाले के पुत्रादि झगड़ा न करें) ॥२०७॥ पिता के धन को न गमाता हुवा अपने श्रम से जो धन

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

उपार्जितकरे वह धन न चाहे तो भाइयों को न दे ॥२०८॥

पैतृकं तु पिता द्रव्यमनवाप्तं यदाप्नुयात् ।
न तत्पुत्रैर्भजेत्सार्धमकामः स्वयमर्जितम् ॥२०९॥

विभक्ताः सह जीवन्तो विभजेरन् पुनर्यदि ।
समस्तत्र विभागः स्याज्ज्यैष्ठ्यं तत्र न विद्यते ॥२१०॥

पिता अपने न पाये हुवे पैत्रिक द्रव्यको यदि फिर बड़े परिश्रम से पावे तो विना इच्छा के उस अपने कमाये धन को पुत्रो को न बांटे ॥२०९॥ पहिले अलग हुवे हों और पश्चात् एकत्र हो व्यापार आदि करते रहें और फिर यदि विभाग करें तो उसमे सम विभाग हो उसमें बड़े का उद्धार नहीं है ॥२१०॥

येषां ज्येष्ठः कनिष्ठो वा हीयेतांशप्रदानतः ।
म्रियेतान्यतरोवापि तस्य भागो न लुप्यते ॥२११॥

सोदर्याविभजेरंस्तं समेत्य सहिताः समम् ।
भ्रातरो ये च संसृष्टा भगिन्यश्च सनाभयः॥२१२॥

जिन भाइयों के बीच मे कोई छोटा वा बड़ा भाई विभागकाल मे (संन्यासादि कारण से) अपने अन्श से छूट जावे अथवा मर जावे तो उसका भाग लुप्त न होगा ॥२११॥ किन्तु सहोदर भाई भगिनी और जो मिले हुवे भाई हैं वे भी सब मिल कर उस मे समान विभाग करले ॥२१२॥

यो ज्येष्ठोविनिकुर्वीत लोभाद्भ्रातृन्यवीयसः ।
सोऽज्येष्ठःस्यादभागश्चनियन्तव्यश्च राजभिः॥२१३॥

सर्वएव विकर्मस्था नार्हन्ति भ्रातरोधनम् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

न चादत्वाकनिष्ठेभ्योज्येष्ठः कुर्वीतयौतकम् ॥२१४॥

जो ज्येष्ठ भ्राता लोभ से कनिष्ठ भाइयों की वञ्चना (ठगई) करे वह ज्येष्ठ भ्राता अपने (ज्येष्ठ) भागसे रहित और राजा के दण्ड योग्य होवे ॥२१३॥ विरुद्ध कर्म करने वाले सब भाई धन का भाग पाने योग्य नहीं और ज्येष्ठ कनिष्ठों को न देकर कोश्चा न करे ॥२१४॥

भ्रातृणामविभक्तानां यद्युत्थानं भवेत्सह ।
न पुत्रभागं विषमं पिता दद्यात्कथञ्चन ॥२१५॥
ऊर्ध्वं विभागाज्जातस्तु पित्र्यमेव हरेद्धनम् ।
संसृष्टास्तेन वा ये स्युर्विभजेत स तैः सह ॥२१६॥

भाइयों के साथ रहने वाले साझले भाई यदि (धनके उपार्जन को) साथ साथ ही उत्थान करे तो विभागकाल में पिता पुत्रों का विषम विभाग कभी न करे ॥२१५॥ (यदि जीतेजी ही पिता ने पुत्रों की इच्छा से विभाग कर दिया हो) उस विभाग के पश्चात् पुत्र उत्पन्न हुआ तो वह पुत्र पिता ही का भाग लेवे अथवा जो फिर से पिता के साथ रहते हो उनके साथ विभाग करे ॥२१६॥

अनपत्यस्य पुत्रस्य माता दायमवाप्नुयात् ।
मातर्यपि च वृत्तायां पितुर्माता हरेद्धनम् ॥२१७॥
ऋणेधने च सर्वस्मिन्प्रविभक्ते यथाविधि ।
पश्चाद्दृश्येत यत्किञ्चित्तत्सर्वं समतां नयेत् ॥२१८॥

सन्तान रहित पुत्र का दाय माता ग्रहण करे और माता के भी मरने पर पिता की माता ग्रहण करे ॥२१७॥ ऋण और धन

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सब मे यथा शास्त्र विभाग होजाने पर पीछे से जो कुछ पता लगे तो उस सब को भी बराबर बांटले (अर्थात् पता लगाने का वा ज्येष्ठ का उद्धार देना योग्य नहीं है) ॥२१८॥

वस्त्रं पत्रमलङ्कारं कृतान्नमुदकं स्त्रियः ।
योगक्षेमं प्रचारं च न विभाज्यं प्रचक्षते ॥२१९॥
अयमुक्तो विभागो वः पुत्राणांच क्रियाविधिः ।
क्रमशः क्षेत्रजादीनां द्यूतधर्मं निबोधत ॥२२०॥

वस्त्र, वाहन, आभरण और पकाया हुवा अन्न पानी (कूपादि) तथा स्त्री और, निर्वाह की अत्यन्तोपयोगी वस्तु और प्रचार (मार्ग) ये विभाग योग्य नहीं हैं (अर्थात् जो जिसके काम में जिस प्रकार आ रहा है वही उसे वैसे ही रक्खे) ॥२१९॥ यह क्षेत्रजादि पुत्रों का क्रम से विभाग करने का प्रकार और क्रिया-विधान तुम्हारे प्रति कहा। अब आगे द्यूतधर्म को सुनो ॥२२०॥

द्यूतं समाह्वयं चैव राजा राष्ट्रान्निवारयेत् ।
राज्यान्तकरणावेतौ द्वौ दोषौ पृथिवीक्षिताम् ॥२२१॥
प्रकाशमेतत्तास्कर्यं यद्देवनसमाह्वयौ ।
तयोर्नित्यं प्रतीघाते नृपतिर्यत्नवान्भवेत् ॥२२२॥

द्यूत और समाह्वय (देखो २२३) को राजा राज्य मे न होने देवे क्योंकि ये दोनों दोष राजाओं के राज्य का नाश करने वाले हैं ॥२२१॥ ये द्यूत और समाह्वय प्रकट चौर्य हैं । इनके दूर करने मे राजा नित्य यत्न वाला होवे ॥२२२॥

अप्राणिभिर्यत्क्रियते तल्लोके द्यूतमुच्यते ।
प्राणिभिः क्रियतेयस्तु स विज्ञेयः समाह्वयः ॥२२३॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

द्यूतं समाह्वयं चैव यः कुर्यात्कारयेत वा ।
तान्सर्वान्घातयेद्राजा शूद्रांश्च द्विजलिङ्गिनः ॥२२४॥

(कौड़ी फांसा इत्यादि) बेजान वस्तुओं से जो हार जीत होती है उसको "जुवा" कहते हैं और (मेढा मुर्गा इत्यादि) प्राणियों से जो हार जीत होती है उसको "समाह्वय" जानना चाहिये ॥२२३॥ द्यूत और समाह्वय को जो करे वा करावे उन सबको राजा मरवा देवे (वा चोट का दण्ड देवे) और यज्ञोपवीतादि द्विजचिह्न धारण करने वाले शूद्रों को भी यही दण्ड देवे ॥२२४॥

कितवान्कुशीलवान्क्रूरान्पाषण्डस्थांश्च मानवान् ।
विकर्मस्थान् शौण्डिकांश्च क्षिप्रं निर्वासयेत्पुरात् ।२२५।
एते राष्ट्रे वर्तमाना राज्ञः प्रच्छन्नतस्कराः ।
विकर्मक्रियया नित्यं बाधन्ते भद्रिकाः प्रजाः ॥२२६॥

जुवारी, धूर्त क्रूरता करने वाले, पाषण्डी, विरुद्ध कर्म करने वाले तथा शराबी मनुष्यों को राजा शीघ्र नगर से निकाल देवे ॥२२५॥ क्योंकि राजा के राज्य में ये छिपे चोर रहते हुवे कुकर्म से भली प्रजाओं को पीड़ा देते हैं ॥२२६॥

द्यूतमेतत्पुराकल्पे दृष्टं वैरकरं महत् ।
तस्माद्द्यूतं न सेवेत हास्यार्थमपि बुद्धिमान् ॥२२७॥
प्रच्छन्नं वा प्रकाशं वा तन्निषेवेत यो नरः ।
तस्य दण्डविकल्पः स्याद्यथेष्टं नृपतेस्तथा ॥२२८॥

यह द्यूत पहिले कल्प में बड़ा और वैर बढ़ाने वाला देखा गया है, इस कारण बुद्धिमान् हास्यार्थ भी द्यूत न खेले ॥२२७॥ जो

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

मनुष्य इस जुवे को गुप्त वा प्रकट खेले उसके दण्ड का विकल्प जैसी राजा की इच्छा हो वैसा करे ॥२२८॥

क्षत्रविट्शूद्रयोनिस्तु दण्डं दातुमशक्नुवन् ।
आनृण्यं कर्मणा गच्छेद्विप्रो दद्याच्छनैः शनैः ॥२२९॥

स्त्रीबालोन्मत्तवृद्धानां दरिद्राणां च रोगिणाम् ।
शिफाविदलरज्ज्वाद्यैर्विदध्यान्नृपतिर्दमम् ॥२३०॥

क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र निर्धन होने के कारण दण्ड देने को असमर्थ होवे तो नोकरी करके दण्ड का ऋण उतार देवें और ब्राह्मण धीरे धीरे देदे (अर्थात् ब्राह्मण से नौकरी न करावे) ॥२२९॥ स्त्री, बाल, उन्मत्त, वृद्ध, दरिद्र और रोगी का कमची, बेत रस्सी आदि से राजा दमन करे ॥२३०॥

येनियुक्तास्तुकार्येषुहन्युः कार्याणि कार्यिणाम् ।
धनोष्मणा पच्यमानास्तान्निःस्वान्कारयेन्नृपः ॥२३१॥

कूटशासनकर्तृंश्च प्रकृतीनां च दूषकान् ।
स्त्रीबालब्राह्मणघ्नांश्च हन्याद् द्विट्सेविनस्तथाः ।२३२।

जो पुरुष कार्यों (मुकद्दमों) मे नियुक्त हो धन की गर्मी से पकते हुवे कार्य वालों के कामों को बिगाड़ें, उन का सर्वस्व राजा हरण करवाले ॥२३१॥ राजा की मोहर करके वा अन्य किसी छल से राज कार्य करने वालो और अमात्यों के भेद करने वालो तथा स्त्री, बालक, ब्राह्मण को मारने वालों और शत्रु से मिले रहने वालो का राजा हनन करे ॥२३२॥

तीरितं चानुशिष्टं च यत्र क्वचन यद्भवेत् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

कृतं तद्धर्मतो विद्यान्न तद्भूयो निवर्तयेत् ॥२३३॥

जहां कहीं ऋणाऽदानादि व्यवहार (मुकद्दमे) का न्याय से अन्त तक निर्णय और दण्डादि तक ठीक हो गया हो, तो उनको फिर से न लौटावे ॥

(२३३ से आगे एक श्लोक मिलता है जो कि केवल अब दो पुस्तकों में पाया गया है। परन्तु यथार्थमें इसकी यहां आवश्यकता थी। वह यह है:—

[तीरितं चानुशिष्टं च यो मन्येत विकर्मणा ।
द्विगुणं दण्डमास्थाय तत्कार्यं पुनरुद्धरेत् ॥]

यदि कोई कार्य (मुकद्दमा) निर्णीत हो चुका हो और दण्ड भी हो चुका हो परन्तु राजा की समझ में अन्याय हुवा हो तो द्विगुण दण्ड (राजकर्मचारी पर, करके उस कार्य को राजा फिर से करे) ॥२३३॥

अमात्याः प्राड्विवाको वा यत्कुर्युः कार्यमन्यथा ।
तत्स्वयं नृपतिः कुर्यात्तान्सहस्रं च दण्डयेत् ॥२३४॥

मन्त्री अथवा मुकद्दमा करने वाला जिस मुकद्दमे को अन्यथा करें उस मुकद्दमे को राजा आप करे और उनको "सहस्र" दण्ड देवे ॥२३४॥

ब्रह्महा च सुरापश्च स्तेयी च गुरुतल्पगः ।
एते सर्वे पृथग्ज्ञेया महापातकिनो नराः ॥२३५॥

चतुर्णामपि चैतेषां प्रायश्चित्तमकुर्वताम् ।
शरीरं धनसंयुक्तं दण्डं धर्म्यं प्रकल्पयेत् ॥२३६॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ब्राह्मण के मारने वाला, मद्य पीने वाला, चोर और गुरुपत्नी से व्यभिचार करने वाला, इन सब प्रत्येक को महापातकी मनुष्य जानना चाहिये ॥२३५॥ प्रायश्चित न करते हुवे इन चारो को (राजा) धर्मानुसार धनयुक्त शरीर सम्बन्धी दण्ड करे ॥२३६॥

गुरुतल्पे भगः कार्यः सुरापाने सुराध्वजः ।
स्तेयेश्वपदकं कार्यं ब्रह्महण्यशिराः पुमान् ॥२३७॥

असंभोज्या ह्यसंयाज्या असंपाठ्याऽविवाहिनः ।
चरेयुः पृथिवीं दीनाः सर्वधर्मबहिष्कृताः ॥२३८॥

गुरुपत्नी के व्यभिचार में पुरुष के ललाट मे तप्त लोह से भगाकार चिन्ह् करना चाहिये और सुरा के पीने मे सुरापात्र के आकार का चिन्ह् तथा चोरी करने मे कुत्ते के पैर के आकार का चिन्ह् करना चाहिये और ब्राह्मण के मारने में शिर काटना चाहिये ॥२३७॥ ये (महापातकी) पङ्क्ति में भोजन कराने और यज्ञ कराने तथा पढाने और विवाह सम्बन्ध के भी अयोग्य सम्पूर्ण धर्मों से बहिष्कृत हुवे दीन (ग़रीब) पृथिवी पर पर्यटन करें ।२३८।

ज्ञातिसंबन्धिभिस्त्वेते त्यक्तव्याः कृतलक्षणाः ।
निर्दयानिर्नमस्कारास्तन्मनोरनुशासनम् ॥२३९॥

प्रायश्चित्तं तु कुर्वाणाः सर्ववर्णा यथोदितम् ।
नाङ्क्या राज्ञा ललाटेस्युर्दाप्यास्तूत्तमसाहसम् ॥२४०॥

ये चिन्ह् वाले जाति बिरादरी से त्यागने योग्य हैं, न इनपर दया करनी चाहिये और न ये नमस्कार करने योग्य हैं, इस प्रकार (मुफ) मनु की आज्ञा है ॥२३९॥ परन्तु शास्त्रविहित प्रायश्चित किये हुवे ये सब वर्ण राजा को ललाट मे चिन्ह् करने योग्य नहीं

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

हैं किन्तु "उत्तम साहस" के दण्ड योग्य हैं ॥२४०॥

आगःसु ब्राह्मणस्यैव कार्यो मध्यमसाहसः ।
विवास्योवा भवेद्राष्ट्रात्सद्रव्यः सपरिच्छदः ॥२४१॥
इतरे कृतवन्तस्तु पापान्येतान्यऽकामतः ।
सर्वस्वहारमर्हन्ति कामतस्तु प्रवासनम् ॥२४२॥

इन अपराधों मे ब्राह्मणों को ही "मध्यम साहस" दण्ड करना चाहिये अथवा धन धान्यादि के सहित राज्य से निकाल देने योग्य है ॥२४१॥ ब्राह्मण से अन्य (क्षत्रियादि) ने यदि इन पापो को अनिच्छा से किया हो तो सर्वस्व हरण योग्य हैं और यदि इच्छा से किया हो तो देश से निकालके योग्य हैं ॥२४२॥

नाददीत नृपः साधुर्महापातकिनो धनम् ।
आददानस्तु तल्लोभात्तेन दोषेण लिप्यते ॥२४३॥
अप्सु प्रवेश्य तं दण्डं वरुणायोपपादयेत् ।
श्रुतवृत्तोपपन्ने वा ब्राह्मणे प्रतिपादयेत् ॥२४४॥

धार्मिक राजा महापातकी के धन को ग्रहण न करे. लोभ से उसको लेता हुआ उस पाप से लिप्त होता है ॥२४३॥ किन्तु उस दण्ड धन को पानी में धलवाकर वरुण के यज्ञमे लगा देवे अथवा वेद सम्पन्न ब्राह्मण को दे देवे ॥२४४॥

ईशोदण्डस्य वरुणो राज्ञां दण्डधरोहि सः ।
ईशः सर्वस्य जगतो ब्राह्मणो वेदपारगः ॥२४५॥
यत्र वर्जयते राजा पापकृद्भ्यो धनागमम् ।
तत्र कालेन जायन्ते मानवा दीर्घजीविनः ॥२४६॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

दण्ड का स्वामी वरुण है क्योंकि राजाओं को भी दण्ड का धर्त्ता (प्रभु) वरुण है। सम्पूर्ण वेद का जानने वाला ब्राह्मण सब जगत् का स्वामी है (इस से दोनों दण्ड धन लेने के योग्य हैं)॥२४५॥ जिस देश मे राजा इन महा पातकियो के धन को नहीं ग्रहण करता उस देश मे मनुष्य काल से दीर्घायु वाले होते है॥२४६॥

निष्पद्यन्ते च सस्यानि यथोप्तानि विशां पृथक्।
बालाश्च न प्रमीयन्ते विकृतं न च जायते॥२४७॥
ब्राह्मणान्बाधमानं तु कामादवरवर्णजम्।
हन्याच्चित्रैर्वधोपायैरुद्वेजनकरैर्नृपः॥२४८॥

और प्रजाओं के धान्यादि जैसे बोए गए वैसे ही अलग अलग उत्पन्न होते हैं और बालक नहीं मरते और कोई विकार नहीं होता॥२४७॥ जान बूझकर ब्राह्मणों को पीड़ा देने वाले शूद्र को भयानक कई प्रकार के मार पीट के उपायो से राजा दमन करे॥२४८॥

यावानऽवध्यस्य वधे तावान्वध्यस्य मोक्षणे।
अधर्मो नृपतेर्दृष्टो धर्मस्तु विनियच्छतः॥२४९॥
उदितोऽयं विस्तरशो मिथो विवदमानयोः।
अष्टादशसु मार्गेषु व्यवहारस्य निर्णयः॥२५०॥

अवध्यों के वध मे जैसा अधर्म शास्त्र से देखा गया है वैसा ही वध्य के छोड़ने में भी राजा को अधर्म होता है और निग्रह करने से धर्म होता है॥२४९॥ यह अठारह प्रकार के मार्गों मे परस्पर विवादियो (मुद्दई मुद्दआइलह) के मुकद्दमो का निर्णय विस्तार के साथ कहा॥२५०॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

एवं धर्म्याणि कार्याणि सम्यक्कुर्वन्महीपतिः ।
देशानलब्धांल्लिप्सेत लब्धांश्च परिपालयेत् ॥२५१॥
सम्यङ्निविष्टदेशस्तु कृतदुर्गश्च शास्त्रतः ।
कण्टकोद्धरणे नित्यमातिष्ठेद्यत्नमुत्तमम् ॥२५२॥

इस प्रकार धर्म कार्यों को अच्छे प्रकार करता हुआ राजा अलब्ध देशों को पाने की इच्छा करे और लब्धों का परिपालन करे ॥२५१॥ अच्छे प्रकार बसे देश में (सप्तमाध्याय में कहा रीति के अनुसार) किले बनाकर चोर डाकू आदि कण्टकों के उद्धार में सर्वदा उत्तम यत्न करे ॥२५२॥

रक्षणादार्यवृत्तानां कण्टकानां च शोधनात् ।
नरेन्द्रास्त्रिदिवं यान्ति प्रजापालनतत्पराः ॥२५३॥
अशासंस्तस्करान्यस्तु बलिं गृह्णाति पार्थिवः ।
तस्य प्रक्षुभ्यते राष्ट्रं स्वर्गाच्च परिहीयते ॥२५४॥

अच्छे आचरण वालों की रक्षा और चोरादि के शोधन से प्रजापालन में तत्पर राजा स्वर्ग को प्राप्त होते हैं ॥२५३॥ जो राजा चोरादि को दण्ड न करके अपना बलि (मालगुजारी) लेता है, उसकी प्रजा उससे बिगड़ती है और वह स्वर्ग से भी हीन हो जाता है ॥२५४॥

निर्भयं तु भवेद्यस्य राष्ट्रं बाहुबलाश्रितम् ।
तस्य तद्वर्धते नित्यं सिच्यमान इव द्रुमः ॥२५५॥
द्विविधांस्तस्करान्विद्यात्परद्रव्यापहारकान् ।
प्रकाशांश्चाऽप्रकाशांश्च चारचक्षुर्महीपतिः ॥२५६॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

जिस राजा के बाहुबल के आश्रय से प्रजा (चौरादि से) निर्भय रहती है उस राजा का राज्य नित्य सिंचते हुये वृक्ष के समान बढ़ता है ॥२५५॥ चार (गुप्त दूत) रूपी चक्षु वाला राजा दो प्रकार के परद्रव्य के हरण करने वाले, चोरों को जाने। एक प्रकट दूसरे अप्रकट ॥२५६॥

प्रकाशवञ्चकास्तेषां नानापण्योपजीविनः ।
प्रच्छन्नवञ्चकास्त्वेते ये स्तेनाऽटविकादयः ॥२५७॥

उत्कोचकाश्चोपधिका वञ्चकाः कितवास्तथा ।
मङ्गलादेशवृत्ताश्च भद्राश्चेक्षणिकैः सह ॥२५८॥

उन (चौरादि) में नाना प्रकार की दुकानदारी से जीवन करने वाले प्रकाशवञ्चक (खुले ठग) हैं और चोर तथा जङ्गल आदि के लुटेरे छुपे वञ्चक हैं ॥२५७॥ उत्कोचक=रिश्वतखोर। उपधिक=भय दिखाकर धन लेने वाले। वञ्चक=ठग। कितव=जुवारी आदि। मङ्गलादेशवृत्त="तुम्हारी भलाई होने वाली है" इत्यादि प्रकार प्रलोभन देने वाले। भद्र=भलमनसाहत से ठगई करने करने वाले। ईक्षणिक=हाथ देखने वाले आदि ॥२५८॥

असम्यक्कारिणश्चैव महामात्राश्चिकित्सकाः ।
शिल्पोपचारयुक्ताश्च निपुणाः पण्ययोषितः ॥२५९॥

एवमादीन्विजानीयात्प्रकाशांल्लोककण्टकान् ।
निगूढचारिणश्चान्याननार्यानार्यलिङ्गिनः ॥२६०॥

बुरा करने वाले उच्च कर्मचारी, वैद्य, शिल्पादि जीवी और चालाक वेश्याओं ॥२५९॥ इत्यादि प्रकार के प्रत्यक्ष ठगों और

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

(ठग) आर्य वेष धारण करने वाले अनार्यों को भी (राजा) जानता रहे ॥२६०॥

तान्विदित्वा सुचरितैर्गूढैस्तत्कर्मकारिभिः ।
चारैश्चानेकसंस्थानैः प्रोत्साद्य वशमानयेत् ॥२६१॥
तेषां दोषानभिख्याप्य स्वेस्वे कर्मणि तत्त्वतः ।
कुर्वीत शासनं राजा सम्यक्सारापराधतः ॥२६२॥

उन पूर्वोक्त वञ्चकों को सभ्य, गुप्त, प्रकट में उस काम को करने वाले तथा कोई जगह रहने वाले चारों (जासूसों) के द्वारा राजा चौरादि में प्रवृत्त कराकर (सजा देकर) वश करे ॥२६१॥ उन प्रकाश और अप्रकाश तस्करों के उन २ चौर्यादि दोषों को ठीक २ प्रकट करके उनके धन शरीरादि सामर्थ्य और अपराध के अनुसार राजा सम्यक् दण्ड देवे ॥२६२॥

नहि दण्डादृते शक्यः कर्तुं पापविनिग्रहः ।
स्तेनानां पापबुद्धिनां निभृतं चरतां क्षितौ ॥२६३॥
सभाप्रपापूपशाला वेशमद्यान्नविक्रयाः ।
चतुष्पथाश्चैत्यवृक्षाः समाजाः प्रेक्षणानि च ॥२६४॥

पृथ्वी में विनीत वेष करके रहने वाले पापाचरणबुद्धि चोरों का दण्ड के अतिरिक्त पाप का निग्रह नहीं हो सकता ॥२६३॥ सभा, प्याऊ, हलवाई की दूकान, रण्डी का मकान, कलाली, अनाज विकने की जगह, चौराहे, बड़े और प्रसिद्ध वृक्ष जन समूहों के स्थान तथा तमाशे देखने की जगह ॥२६४॥

जीर्णोद्यानान्यरण्यानि कारुकावेशनानि च ।
शून्यानि चाप्यगाराणि वनान्युपवनानि च ॥२६५॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

एवं विधान्नृपो देशान्गुल्मैः स्थावरजङ्गमैः ।
तस्करप्रतिषेधार्थं चारैश्चाप्यनुचारयेत् ॥२६६॥

जीर्ण वाटिका, वन, शिल्पगृह तथा बाग बगीचे ॥२६५॥ इस प्रकार के देशों को राजा एक स्थान मे स्थित सिपाहियों की चौकी और घूमने वाले, चौकी पहरों और गुप्त चरों से चोरों के निवारणार्थ विचरित करावे (क्यों कि प्राय. तस्कर इन स्थानों मे पड़ते है)॥२६६॥

तत्सहायैरनुगतैर्नानाकर्मप्रवेदिभिः ।
विद्यादुत्सादयेच्चैव निपुणैः पूर्वतस्करैः ॥२६७॥
भक्ष्यभोज्योपदेशैश्च ब्राह्मणानां च दर्शनैः ।
चौर्यकर्मापदेशैश्च कुर्युस्तेषां समागमम् ।२६८।

उन की सहायता करने वाले और उन के पीछे चलने वाले और सेंध आदि अनेक कर्मों को जानने वाले पहिले चोर और उस कर्म मे निपुण गुप्त चरों द्वारा (राजा) चोरो को जाने और निर्मूल करे ॥२६७॥ वे (जासूस) उन चोरों को खाने पीने के बहानों और ब्राह्मणो के दर्शनों के मिष और शूरवीरता के काम के बहाने से राजद्वार मे लिवा ला कर पकड़वा दें ॥२६८॥

ये तत्र नोपसर्पेयुर्मूलप्रणिहिताश्च ये ।
तान्प्रसह्य नृपो हन्यात् समित्रज्ञातिबान्धवान् ।२६९।
न होढेन विना चौरं घातयेद्धार्मिको नृपः ।
सहोढं सोपकरणं घातयेदऽविचारयन् ॥२७०॥

जो वहां पर पकड़े जाने की शङ्का से न जावें और उन गुप्त

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

राजदूतो के साथ चालाकी, सावधानी से रहकर आपे को बचाते हों, उनको राजा बलात्कार से पकड़ कर भित्र जाति भाइयों सहित वध करे ॥२६९॥ धार्मिक राजा विना माल और सेंध आदि प्रमाण के चोर का वध न करे और माल तथा सेंध आदि के प्रमाण सहित हो तो विना विचारे मरवा देवे ॥२७०॥

ग्रामेष्वपि च ये केचिच्चौराणां भक्तदायकाः ।
भाण्डावकाशदाश्चैव सर्वांस्तानपि घातयेत् ॥२७१॥

राष्ट्रेषु रक्षाधिकृतां सामन्तांश्चैव चोदितान् ।
अभ्याघातेषु मध्यस्थांशिष्याच्चौरानिवद्रुतम् ।२७२।

ग्रामों में भी जो भोजनादि (मदद) देने वाले और पता वा जगह देने वाले हो, उन सब को भी (राजा) मरवा देवे ॥२७१॥ राज्य मे रक्षा को नियुक्त (पुलिस) और सीमा पर रहने वालो मे जो क्रूर, चौरादि की घात के उपदेश मे मध्यस्थ हों, उन को भी चोरवत् शीघ्र दण्ड देवे ॥२७२॥

यश्चापि धर्मसमयात्प्रच्युतो धर्मजीवनः ।
दण्डेनैव तमप्योषेत् स्वकाद्धर्माद्धिविच्युतम् ॥२७३॥

ग्रामघाते हिताभङ्गे पथिमोषाभिमर्शने ।
शक्तितो नाभिधावन्तो निर्वास्याः सपरिच्छदाः ।२७४।

जो कचहरी करने वाला (हाकिम) धर्म की मर्यादा से भ्रष्ट हो, उस स्वधर्म से पतित को भी दण्ड से ही क्लेश दे ॥२७३॥ डांकू चोर आदि से गांव के लुटने से और मार्ग के चोरों की खोज में स्त्रीके साथ बलात्कार में जो आस पासके रहने वाले यथाशक्ति राजा की सहायतार्थ दौड़ धूप नहीं करते उन को असबाब के

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सहित (ग्राम से) निकाल देवे ॥२७४॥

राज्ञः कोषापहर्तृंश्च प्रतिकूलेषु च स्थितान् ।
घातयेद्विविधैर्दण्डैररीणां चोपजापकान् ॥२७५॥
सन्धि छित्वातु येचौर्यं रात्रौ कुर्वन्ति तस्कराः ।
तेषांछित्वानृपोहस्तौ तीक्ष्णोशूलेनिवेशयेत् ॥२७६॥

राजा के खजाने में चोरी करने वालों तथा आज्ञा भङ्ग करने वालें। और शत्रु को भेद देने वालो को नाना प्रकार के दण्ड देकर मारे ॥२७५॥ जो चोर रात को सेंध देकर चोरी करें, राजा उन के हाथ काट कर तेज शूली पर चढ़ावे ॥२७६॥

अंगुलीग्रन्थिभेदस्य छेदयेत्प्रथमे ग्रहे ।
द्वितीये हस्तचरणौ तृतीये वधमर्हति ॥२७७॥
अग्निदान्भक्तदांश्चैव तथाशस्त्रावकाशदान् ।
सन्निधातृंश्च मोषस्य हन्याच्चौरमिवेश्वरः ।२७८।

गांठ काटने वाले की पहिली बार चोरी करने में अंगुलियां दूसरी बार करने में हाथ पैर कटवा दे और तीसरी बार मे वध के योग्य है ॥२७७॥ उन चोरों को अग्नि अन्न, वस्त्र, स्थान देने वाले और चोरी का धन पास रखने वालो को भी राजा चोरवत् दण्ड देवे ॥२७८॥

तडागभेदकं हन्यादप्सु शुद्धवधेन वा ।
यद्वापि प्रतिसंस्कुर्याद् दाप्यस्तूत्तमसाहसम् ।२७९।
कोष्ठागारायुधागार देवतागारभेदकान् ।
हस्त्यश्वरथहर्तृंश्च हन्यादेवाऽविचारयन् ।२८०।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

जो तालाब के जल को तोड़े उस को जल में डुबा कर वा सीधा ही मार डाले और यदि वह उस को फिर बनवा देवे तो "सहस्र पण" दण्ड दे ॥२७९॥ राजा के धान्यागार (गोदाम) वा हथियारों के मकान अथवा यज्ञ मन्दिर को तोड़ने वालों और हाथी, घोड़ा और रथ चुराने वालों को बिना विचारे हननकरे ।२८०।

यस्तु पूर्वनिविष्टस्य तड़ागस्योदकं हरेत् ।
आगमं वाप्यपां भिन्द्यात्सदाप्यः पूर्वसाहसम् ।२८१।
समुत्सृजेद्राजमार्गे यस्त्वऽमेध्यमनापदि ।
स द्वौ कार्षापणौ दद्यादमेध्यं चाशुशोधयेत् ।२८२।

जो कोई पहले बने तालाब का (सब) पानी हर ले या पानी के स्रोत वा आगमन को बन्द करे; वह "प्रथम साहस" दण्ड देने योग्य है ॥२८१॥ जो रोगादि रहित सरकारी सड़क पर मैला डाले वह दो सौ कार्षापण दण्ड दे और उस मैले को शीघ्र उठवा देवे ॥२८२॥

आपद्गतोऽथवा वृद्धो गर्भिणी बालएव वा ।
परिभाषणमर्हन्ति तच्चशोध्यमिति स्थितिः ।२८३।
चिकित्सकानां सर्वेषां मिथ्या प्रचरतां दमः ।
अमानुषेषु प्रथमो मानुषेषु तु मध्यम ।२८४।

(परन्तु) व्याधित वृद्ध बालक गर्भिणी, ये धमकाने और उस मैले को साफ कराने योग्य हैं (दण्ड योग्य नहीं) यह मर्यादा है ॥२८३॥ बेपढ़े उल्टी चिकित्सा करने वाले वैद्यों को दण्ड करना चाहिये। उस में गाय बैल आदि की वृथा चिकित्सा करने वालों को "प्रथम साहस" और मनुष्य की उल्टी चिकित्सा करने वालों को "मध्यम साहस" दण्ड होना चाहिये ॥२८४॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

संक्रमध्वजयष्टीनां प्रतिमानां च भेदकः ।
प्रतिकुर्याच्च तत्सर्वं पञ्चदद्याच्छतानि च ।२८५।
अदूषितानां द्रव्याणां दूषणे भेदने तथा ।
मणीनामपवेधे च दण्डः प्रथमसाहसः ।२८६।

लकड़ीके छोटे पुल वा ध्वजाकी लकड़ी और किसी प्रतिमा को तोड़ने वाला उन सब को फिर बनवा देवे और पांच सौ पण दण्ड देवे ॥२८५॥ अच्छी वस्तु को दूषित (खराब) करने, तोड़ने और मणियो के, बुरा बींधने मे "प्रथम साहस" दण्ड होना चाहिये ॥२८६॥

समैर्हि विषमं यस्तु चरेद्वै मूल्यतोऽपि वा ।
समाप्नुयाद्दमं पूर्वं नरो मध्यममेव वा ॥२८७॥
बन्धनानि च सर्वाणि राजा मार्गे निवेशयेत् ।
दुःखिता यत्र दृश्येरन्विकृताः पापकारिणः ॥२८८॥

बराबर की वस्तुओ वा मूल्य से जो घटिया बढ़िया वस्तु देने का व्यवहार करे उस को पूर्व या "मध्यम साहस" दण्ड मिले ॥२८७॥ राजा मार्ग मे बन्धन गृहो को बनवावे. जहां दु:खित और विकृत पाप करने वाले (सब को) दीखें ॥२८८॥

प्राकारस्य च भेत्तारं परिखाणां च पूरकम् ।
द्वाराणां चैव भङ्क्तारं क्षिप्रमेव प्रवासयेत् ॥२८९॥

प्राकार (सफील) के तोड़ने वाले और उसीकी खाई को भरने वाले और उसी द्वारोंके तोड़ने वाले को शीघ्र ही (देशसे) निकाल दे ॥ (२८९ के पूर्वार्ध से आगे (बीच मे) यह श्लोक एक पुस्तक में देखा जाता है.—

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

[एतेनैव तु कर्माणि श्रान्तः श्चान्तः पुनः पुनः ।
कर्माण्यारभमाणं तु पुरुषं श्रीर्निषेवते ॥]

परन्तु यह सर्वथा असंबद्धसा है। इसी का बीचमें कोई प्रसङ्ग समझ में नहीं आता किन्तु इसी आशय का आगे ३०० वां श्लोक है सो वही ठीक है) ॥२८९॥

अभिचारेषु सर्वेषु कर्तव्यो द्विशतो दमः ।
मूलकर्मणि चानाप्तेः कृत्यासु विविधासु च ॥२९०॥

सम्पूर्ण अभिचारो (मारणादि)में यदि जिसका मारना चाहाहो वह मरे नहीं और नाना प्रकार के (औषधादि द्वारा) उच्चाटनादि मे दोसौ पण दण्ड होना चाहिये ॥२९०॥

अबीजविक्रयी चैव बीजोत्कृष्टं तथैव च ।
मर्यादाभेदकश्चैव विकृतं प्राप्नुयाद्वधम् ॥२९१॥
सर्वकण्टकपापिष्ठं हेमकारं तु पार्थिव ।
प्रवर्त्तमानमन्याये छेदयेल्लवशः चुरैः ॥२९२॥

थोथे बीज को वेचने वाला, उसी प्रकार अच्छे बीज को बुरे के साथ मिला कर वेचने वाला तथा सीमा (मर्यादा) का तोडने वाला, विकृत वध को प्राप्त हो ॥२९१॥ सब ठगों मे अतिशय ठग अन्याय में चलने वाले सुनार को तो राजा चाकुओं से बोटी बोटी कटवावे ॥२९२॥

सीताद्रव्यापहरणे शस्त्राणामौषधस्य च ।
कालमासाद्यकार्यं च राजा दण्डं प्रकल्पयेत् ॥२९३॥
स्वाम्यमात्यौ पुरं राष्ट्रं कोशदण्डौ सुहृत्तथा ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सप्तप्रकृतयोह्येताः सप्ताङ्गं राज्यमुच्यते ॥२९४॥

हल कुदाल आदि और शस्त्रों तथा दवाके चुरानेमे समय और किये हुवे अपराध को विचार कर राजा दण्ड नियत करे ॥२९३॥ राजा, मन्त्री, पुर, राष्ट्र,कोश, दंड और मित्र ये सात प्रकृति राज्य के सात अङ्ग कहाती हैं ॥२९४॥

सप्तानां प्रकृतीनां तु राज्यस्यासां यथाक्रमम् ।
पूर्वं पूर्वं गुरुतरं जानीयाद्व्यसनं महत् ॥२९५॥
सप्ताङ्गस्येह राज्यस्य विष्टब्धस्य त्रिदण्डवत् ।
अन्योन्यगुणवैशेष्यान्न किञ्चिदतिरिच्यते ॥२९६।

राज्य की इन सात प्रकृतियो मे क्रम से पहली २ को अतिशय बडा भारी व्यसन (उत्तरोत्तर एक से एक को अधिक) विगड़ने पर बुरा जाने ॥२९५॥ जैसे तीन दण्ड परस्पर एक दूसरे के सहारे ठहरे हो ऐसे ही यह सप्ताङ्ग राज्य ७ प्रकृतियो मे एक दूसरे के सहारे ठहरा है। इन सातों मे अपने २ गुण की विशेषता से कोई भी एक दूसरे से अधिक नहीं है (अर्थात् यद्यपि पूर्व श्लोक मे एकसे दूसरे को अधिक कहा था परन्तु पूर्व २ इस भूल मे भी न रहे कि अगले अगले हमारा कुछ कर ही नहीं सकते) ।२९६॥

तेषु तेषु तु कृत्येषु तत्तदङ्गं विशिष्यते ।
येन यत्साध्यते कार्यं तत्तस्मिन्श्रेष्ठमुच्यते ॥२९७।
चारेणोत्साहयोगेन क्रिययैव च कर्मणाम् ।
स्वशक्तिं परशक्तिं च नित्यं विद्यान्महीपतिः ॥२९८॥

उन २ कामोमे वही २ अङ्ग बड़ा है जिस२से जो२ काम सिद्ध होता है वह उसमें श्रेष्ठ कहाता है ॥२९७॥ (सप्तमाध्याय मे कहे)

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

चारों (जासूसों) से उनका उद्योग और कामों की कार्रवाई से उनके तथा शत्रुके सामर्थ्यको राजा नित्य जानता रहे ॥२९८॥

पीडनानि च सर्वाणि व्यसनानि तथैव च ।
आरभेत ततः कार्यं सञ्चिन्त्य गुरुलाघवम् ॥२९९॥
आरभेतैव कर्माणि श्रान्तः श्रान्तः पुनः पुनः ।
कर्माण्यारभमाणं हि पुरुषं श्रीर्निषेवते ॥३००॥

काम क्रोध से हुये सम्पूर्ण दुःखों और व्यसनों और गौरव लाघवों को सोचकर काम का आरम्भ करे ॥२९९॥ राज्य की वृद्धि होने के काम राजा दम लेले कर फिर २ करता ही रहे क्यों कि कामों के आरम्भ करने वाले पुरुषको लक्ष्मी प्राप्त होती है ॥३००॥

कृतं त्रेतायुगं चैव द्वापरं कलिरेव च ।
राज्ञोवृत्तानि सर्वाणि राजा हि युगमुच्यते॥३०१॥
कलिः प्रसुप्तो भवति स जाग्रद्द्वापरं युगम् ।
कर्मस्वभ्युद्यतस्त्रेता विचरंस्तु कृतं युगम् ॥३०२॥

सत्ययुग त्रेतायुग, द्वापरयुग सब राजा ही के चेष्टा विशेष हैं क्योंकि राजाभीयुग कहाता है ॥३०१॥ जबराजा निरुद्यम होता है, वह कलियुगहै और जब जागता हुआभी कर्म नहीं करता वह द्वापर है जब कर्मानुष्ठान में उद्यत होता है, उस समय त्रेता है और जब यथाशास्त्र कर्मों का अनुष्ठान करता हुआ विचरता है उस समय सत्ययुग है ॥३०२॥

इन्द्रस्यार्कस्य वायोश्च यमस्य वरुणस्य च ।
चन्द्रस्याग्नेः पृथिव्याश्च तेजोवृत्तं नृपश्चरेत् ॥३०३॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

वार्षिकांश्चतुरो मासान्यथेन्द्रोऽभिप्रवर्षति ।
तथाभिवर्षेत्राष्ट्रं कामैरिन्द्रव्रतं चरन् ॥३०४॥

इन्द्र, सूर्य, वायु यम, वरुण, चन्द्र, अग्नि और पृथिवी के सामर्थ्यरूप कर्म को राजा करे॥३०३॥ वर्षा ऋतु के चार मास में इन्द्र (वायुविशेष) वर्षा करता है वैसे ही इन्द्र के काम को करता हुआ राजा स्वदेश मे (इच्छित पदार्थों की) वर्षावे॥३०४॥

अष्टौमासान्यथादित्यस्तोयंहरति रश्मिभिः ।
तथा हरेत्करंराष्ट्रान्नित्यमर्कव्रतं हि तत् ॥३०५॥
प्रविश्य सर्वभूतानि यथा चरति मारुतः ।
तथा चारैः प्रवेष्टव्यं व्रतमेतद्धि मारुतम् ॥३०६॥

आठ महीने जैसे सूर्य किरणो से जल लेता है वैसे (राजा) राज्य से कर लेवे यही नित्य सूर्य का काम है॥३०५॥ जैसे वायु सब मनुष्यादि मे प्रविष्ट रहता है वैसे ही राजा दूतो द्वारा सब मे प्रवेश करे (अर्थात् सबके चित्त वृत्तान्त ज्ञात करलेवे) यही वायु का काम है॥३०६॥

यथायमः प्रियद्वेष्यौ प्राप्तेकाले नियच्छति ।
तथा राज्ञा नियन्तव्याः प्रजास्तद्धि यमव्रतम्॥३०७॥
वरुणेन यथा पाशैर्बद्ध एवाभिदृश्यते ।
तथा पापान्निगृह्णीयाद् व्रतमेतद्धि वारुणम् ॥३०८॥

जैसे यम (मृत्यु वा परमात्मा) प्राप्तकाल मे मित्र शत्रु सबका निग्रह करता है वैसे ही राजा को अपराध काल मे प्रजा दण्डनीय होनी चाहिये। यम का यही व्रत है॥३०७॥ जैसे वरुण (वायु-विशेष) के पाशो से प्राणी बंधे हुवे देखे जाते हैं वैसे ही राजा

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

पापियो का शासन करे वरुण का यही व्रत है ॥३०८॥

परिपूर्णं यथा चन्द्रं दृष्ट्वा यहृष्यन्ति मानवाः ।
तथाप्रकृतयो यस्मिन् स चान्द्रव्रतिकोनृपः ॥३०९॥
प्रतापयुक्तस्तेजस्वी नित्यं स्यात्पापकर्मसु ।
दुष्टसामन्तहिंस्रश्च तदाग्नेयं व्रतं स्मृतम् ॥३१०॥

जैसे पूर्ण चन्द्र को देखकर मनुष्य हर्ष को प्राप्त होता है वैसे ही अमात्यादि जिस राजा के देखने से प्रसन्न हो वह राजा चन्द्र व्रत करने वाला है ॥३०९॥ पाप करने वालो पर सदा अग्निवत् जाज्वल्यमान रहे, तथा दुष्टवीरों की भी हिंसा के स्वभाव वाला हो। यह अग्नि का व्रत है ॥३१०॥

यथा सर्वाणि भूतानि धरा धारयते समम् ।
तथा सर्वाणि भूतानि बिभ्रतः पार्थिवं व्रतम्॥३११॥
एतैरुपायैरन्यैश्च युक्तो नित्यमतन्द्रितः ।
स्तेनान्राजा निगृह्णीयात्स्वराष्ट्रे पर एव च ॥३१२॥

जैसे पृथिवी सबको बराबर धारण करती है वैसे राजा भी सब प्राणियोंका बराबर पालन पोषण करे। यह पृथिवीका काम है ॥३११॥ इन उपायों तथा अन्य उपायो से सदा आलस्य रहित राजा चोरो को जो अपने या दूसरे के राज्य मे (भाग गये) हों, वश मे करे ॥३१२॥

परामप्यापदं प्राप्तो ब्राह्मणान्न प्रकोपयेत् ।
ते ह्येनं कुपिता हन्युः सद्यः सबलवाहनम् ॥३१३॥

"यै. कृत. सर्वभक्षोऽग्निरपेयश्च महोदधि' ।
क्षयी चाप्यायितः सोमः को न नश्येत्प्रकोप्य तान् ॥४१३"

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

(कोशाच्चयानि) बड़ी विपत्ति को प्राप्त हुआ भी राजा ब्राह्मणों को रुष्ट न करे क्योंकि वे क्रुद्ध हुवे सेना, हाथी, घोड़ा आदि सहित इस राजा कोशीघ्र नष्ट कर सकते हैं (दीर्घदृष्टि से विचारा जावे तो निसन्देह विद्या और विद्वानों के विरोधी का राज्य बहुत दिन तक नहीं रह सकता) ॥३१३॥ जिन्होंने अग्नि को सर्वभक्षी और समुद्र को खारा कर दिया और क्षयी चन्द्र को आप्यायित किया उनको रुष्ट करके कौन नाश को प्राप्त न होगा ॥३१४॥

"लोकानन्यान्सृजेयुर्ये लोकपालांश्च कोपिता ।
देवान्कुर्युरदेवांश्च क'क्षिण्वंस्तान्समृध्नुयात् ॥३१५॥
यानुपाश्रित्य तिष्ठन्ति लोका देवाश्च सर्वदा ।
ब्रह्म चैव धनं येषां को हिंस्यात्तान्जिजीविषु ॥३१६॥'

'जो कोप को प्राप्त हुवे दूसरे लोकों को उत्पन्न कर दें, ऐसी सम्भावना है। और देवतो को अदेव करदें तब उनको पीडा देता हुवा कौन वृद्धि को प्राप्त होगा ? ॥३१५॥ जिनका आश्रय करके सर्वदा देव तथा लोक ठहरे हैं और वेद है धन जिन का उनको जीने की इच्छा करने वाला कौन दुखी करेगा ? ॥३१६॥'

"अविद्वांश्चैव विद्वांश्च ब्राह्मणोदैवतं महत् ।
प्रणीतश्चाऽप्रणीतश्च यथाऽग्निर्दैवतं महत् ॥३१७॥
श्मशानेष्वपि तेजस्वी पावको नैव दुष्यति ।
हूयमानश्च यज्ञेषु भूय एवाभिवर्धते ॥३१८॥

"जैसे अग्नि प्रणीत हो वा अप्रणीत हो-महती देवता है, ऐसेही मूर्ख ब्राह्मण हो वा विद्वान् हो-महती देवताहै ॥३१७॥ तेज वाला अग्नि श्मशानों मे भी (शव को जलाता हुवा) दोषयुक्त नही होता, किन्तु फिरसे यज्ञमे हवन कियाहुवा वृद्धिको पाताहै ॥३१८॥"

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

'एवं यद्यप्यनिष्टेषु वर्तन्ते सर्वकर्मसु ।
सर्वथा ब्राह्मणाः पूज्याः परमं दैवतं हि तत् ॥३१९॥"

"यद्यपि इस प्रकार सम्पूर्ण कुत्सित कर्मों में रहते हैं तथापि ब्राह्मण सर्व प्रकार से पूजन योग्य हैं, क्योंकि वे महती देवता हैं॥'

(३१४ से ३१९ तक ६ श्लोक ब्राह्मणों की असम्भव प्रशंसा से युक्त हैं क्योंकि अग्नि को सर्वभक्षी और समुद्र को अपेय (खारा) ब्राह्मणों ने नहीं किन्तु प्रथमाध्याय के अनुसार परमात्मा ने ही इन को अपने २ स्वभावयुक्त बनाया है। और चन्द्रमा की क्षय वृद्धि भी सूर्य के प्रकाश पहुँचने में विलक्षणता के कारण होती है। यह विषय निरुक्तादि के प्रमाण पूर्वक हमने साम वेद भाष्य में लिखा है। ब्राह्मणों का नवीन सृष्टि बना सकना भी कितनी अत्युक्ति नहीं वरन असंभव है। अविद्वान् को ब्राह्मण और पूज्य मानना भी पक्षपात पूर्वक लेख तथा 'यथाकाष्ठमयोहस्ति इत्यादि पूर्वोक्त मनु वचनों से विरुद्ध है। यज्ञ में शूद्र के घर का अग्नि भी वर्जित है, तब श्मशान (चिता) के अग्नि को निर्दोष मानना और उस दृष्टान्त से कुकर्मी ब्राह्मण को भी निर्दोष सिद्ध करना पूर्वोक्त अनेक मनु वचनों के साक्षात् विरुद्ध है) ॥३१९॥

क्षत्रस्यातिप्रवृद्धस्य ब्राह्मणान्प्रति सर्वशः ।
ब्रह्मैव संनियन्तृ स्यात्क्षत्रं हि ब्रह्मसंभवम् ॥३२०॥

ब्राह्मणों के सर्वथा पीडा देने में प्रवृत्त क्षत्रियों को ब्राह्मण ही अच्छी प्रकार नियम में रक्खे क्योंकि क्षत्रिय ब्राह्मणों से (संस्कार के जन्म से) उत्पन्न हैं ॥३२०॥

अद्भ्योऽग्निर्ब्रह्मतः क्षत्रमश्मनो लोहमुत्थितम् ।
तेषां सर्वत्रगं तेजः स्वासु योनिषु शाम्यति ॥३२१॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

नाऽब्रह्मक्षत्रमृध्नोति नाऽक्षत्रं ब्रह्मवर्धते ।
ब्रह्मक्षत्रं च संयुक्तमिह चामुत्रवर्धते ॥३२२॥

जल ब्राह्मण और पाषाण से उत्पन्न हुवे क्रम से अग्नि, क्षत्रिय और शस्त्रों का तेज सब जगह तीव्रता करता है, परन्तु अपने उत्पन्न करने वाले कारणों मे शान्त हो जाता है ॥३२१॥ ब्राह्मण रहित क्षत्रिय वृद्धि को प्राप्त नही होता वैसे ही क्षत्रिय रहित ब्राह्मण भी वृद्धि को नही प्राप्त होता। इसलिये ब्राह्मण क्षत्रिय मिले हुवे इस लोक तथा परलोक में वृद्धि को पाते है ॥३२२॥

दत्वा धनंतु विप्रेभ्यः सर्वंदण्डसमुत्थितम् ।
पुत्रे राज्यं समासृज्य कुर्वीत प्रायणं रणे ॥३२३॥
एवं चरन्सदा युक्तो राजधर्मेषु पार्थिवः ।
हितेषु चैव लोकस्य सर्वान्भृत्यान्नियोजयेत् ॥३२४॥

दण्ड का सम्पूर्ण धन ब्राह्मणो को देकर और पुत्र को राज्य समर्पण करके राजा रण मे प्राण त्याग करे ॥३२३॥ राजधर्म मे सदा युक्त रह कर इस प्रकार आचरण करता हुवा राजा सब लोगोके हितके लिये सम्पूर्ण नौकर चाकरो की योजना करे ।३२४।

एषोऽखिलः कर्मविधिरुक्तोराज्ञः सनातनः ।
इमं कर्मविधिं विद्यात्क्रमशो वैश्यशूद्रयोः ॥३२५।

वैश्यस्तु कृतसंस्कारः कृत्वा दारपरिग्रहम् ।
वार्त्तायां नित्ययुक्तःस्यात्पशूनां चैव रक्षणे ॥३२६॥

यह राजा का सम्पूर्ण सनातन कर्मविधि कहा। अब (आगे कहा) यह वैश्य शूद्रो का कर्म विधि जाने ॥३२५ ॥ उपनयनादि

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

संस्कार किया हुआ वैश्य विवाह करके व्यापार तथा पशुपालन में सदा युक्त होवे ॥३२६॥

प्रजापतिर्हि वैश्याय सृष्ट्वा परिददे पशून् ।
ब्राह्मणाय च राज्ञे च सर्वाःपरिददे प्रजाः ॥३२७॥
न च वैश्यस्य कामःस्यान्न रक्षेयं पशूनिति ।
वैश्ये चेच्छति नाऽन्येन रक्षितव्याः कथञ्चन॥३२८॥

क्योंकि ब्रह्मा ने पशु उत्पन्न करके (रक्षा के लिये) वैश्य को देदिये और ब्राह्मण तथा राजा को सब प्रजा (रक्षा के लिये) देदी हैं॥ ३२७ ॥ मैं पशुओं की रक्षा नहीं करूं ऐसी वैश्य की इच्छा न होनी चाहिये और वैश्य के चाहते हुवे दूसरे को पशु पालन वृत्ति कभी न करनी चाहिये ॥ ३२८॥

मणिमुक्ताप्रवालानां लोहानां तान्तवस्य च ।
गन्धानां च रसानां च विद्यादर्घबलाबलम् ॥३२९॥
बीजानामुप्तिविच्च स्यात्क्षेत्रदोषगुणस्य च ।
मानयोगं च जानीयात्तुलायोगांश्च सर्वशः ॥३३०॥

मणि मोती मूङ्गा लोहा और कपड़ा तथा कर्पूरादि गन्ध और लवणादि रसों का घटी बढी का भाव वैश्य जाने॥ ३२९ ॥ सब बीजों के बोने की विधि और खेत के गुण दोष और सब प्रकार के नाप तोल का भी जानने वाला (वैश्य) हो ॥ ३३० ॥

सारासार च भाण्डानां देशानां च गुणागुणान् ।
लाभालाभं च पण्यानां पशूनां परिवर्धनम् ॥३३१॥
भृत्यानां च भृतिं विद्याद्भाषाश्च विविधानृणाम् ।
द्रव्याणां स्थानयोगांश्च क्रयविक्रयमेव च ॥३३२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अन्नके अच्छे बुरे का ज्ञान और देशोंमे सस्ते महंगे आदि गुण अवगुण का भाव और बिक्री के लाभ हानि का वृत्तान्त तथा पशुओं के बढ़ने का उपाय (जाने) ॥३३१॥ और नौकरों [के वेतनो तथा नाना देश के मनुष्यो की बोली और माल के रखने की विधि तथा बेचने खरीदने का ढङ्ग (वैश्यको जानना चाहिये)॥३३२

धर्मेण च द्रव्यवृद्धावातिष्ठेद्यत्नमुत्तमम् ।
दद्याच्च सर्वभूतानामन्नमेव प्रयत्नतः ॥३३३॥
विप्राणां वेदविदुषां गृहस्थानां यशस्विनाम् ।
शुश्रूषैव तु शूद्रस्य धर्मो नैश्रेयसः परः ॥३३४॥

(वैश्य) धर्म से धन के बढाने मे पूरा यत्न करे और सब प्राणियो को यत्न से अन्न अवश्य पहुँचावे ॥३३३॥ वेद के जानने वाले विद्वान् गृहस्थ यशस्वी ब्राह्मणादि की सेवा ही शूद्र क परम सुखदायी धर्म है ॥३३४॥

शुचिरुत्कृष्टशुश्रूषुर्मृदुवागनहंकृतः ।
ब्राह्मणाद्याश्रयो नित्यमुत्कृष्टां जातिमश्नुते ॥३३५॥
एषोऽनापदि वर्णानामुक्तः कर्मविधिःशुभः ।
आपद्यपि हि यस्तेषां क्रमशस्तं निबोधत ॥३३६॥

स्वच्छ रहने वाला अच्छा मेहनती और नम्रतासे बोलने वाला तथा अहङ्काररहित नित्य ब्राह्मणादि की सेवा करने वाला शूद्र उच्च जातिको प्राप्त हो जाता है ॥३३५॥ यह वर्णों का आपत्ति रहित समय में शुभ कर्म विधि कहा, अब जो उनका कर्म विधि है (दशमाध्याय मे) उसको सुनो ॥३३६॥

इति मानवे धर्मशास्त्रे (भृगुप्रोक्तायां संहितायां)
नवमोऽध्यायः ॥९॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ओ३म्

अथ दशमोऽध्यायः

अधीयीरंस्त्रयोवर्णाः स्वकर्मस्था द्विजातयः ।
प्रब्रूयाद्ब्राह्मणस्त्वेषां नेतराविति निश्चयः ॥१॥

सर्वेषां ब्राह्मणोविद्याद् वृत्त्युपायान्यथाविधि ।
प्रब्रूयादितरेभ्यश्च स्वयं चैव तथा भवेत् ॥२॥

अपने कर्ममें स्थित द्विजाति (ब्राह्मणादि) तीन वर्ण (वेद) पढे और ब्राह्मण इन को पढ़ावे। इतर (क्षत्रिय वैश्य) न पढावे। यह निर्णय है ॥१॥ ब्राह्मण सब वर्णों का जीवनोपाय यथा शास्त्र जाने और उनको बतावे और आप भी यथोक्त कर्म करे ॥२॥

वैशेष्यात्प्रकृतिश्रैष्ठ्यान्नियमस्य च धारणात् ।
संस्कारस्य विशेषाच्च वर्णानां ब्राह्मणः प्रभुः ॥३॥

ब्राह्मणः क्षत्रियोवैश्यस्त्रयो वर्णाद्विजातयः ।
चतुर्थएकजातिस्तु शूद्रोनास्ति तु पञ्चमः ॥४॥

विशेषतः स्वाभाविक श्रेष्ठता नियम के धारण करने तथा संस्कार की अधिकता से सब वर्णों का ब्राह्मण प्रभु है ॥३॥ ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य ये तीन वर्ण द्विजाति हैं, चौथा शूद्र एक जाति है पञ्चम वर्ण नहीं है ॥४॥

सर्ववर्णेषु तुल्यासु पत्नीष्वक्षतयोनिषु ।
आनुलोम्येन संभूता जात्या ज्ञेयास्त एव ते ॥५॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

स्त्रीष्वनन्तरजातासु द्विजैरुत्पादितान्सुतान् ।
सदृशानेव तानाहुर्मातृदोषविगर्हितान् ॥६॥

ब्राह्मणादि चार वर्णों मे अपने समान वर्ण की (विवाह से पूर्व) पुरुष सम्बन्ध से रहित पत्नियो मे क्रम से जो सन्तान उत्पन्न हों उनको जाति से वे ही जानना चाहिये। (इस प्रकरण मे जो जातियो का विचार है सो इस लिये है कि गर्भाधान से लेकर जन्मपर्यन्त हुए संस्कारों के प्रभाव से जन्म काल मे वह उस २ नामसे पुकारने योग्य है। परन्तु यह कथन उस अपवादका बाधक नहीं जो विपरीत आचरणादि से वर्णव्यवस्था स्थापन मे मानव शास्त्रका सिद्धान्त है)॥५॥ क्रम के साथ अपने से (अर्थात ब्राह्मण से क्षत्रिया में क्षत्रिय से वैश्या में इस प्रकार) एक नीचे की हीन जाति की स्त्रियो मे द्विजो के उत्पन्न किये हुवे सन्तानो को माताकी जातिसे निन्दित, पिता समान ही (पतित) कहते हैं॥६॥

अनन्तरासु जातानां विधिरेप सनातनः ।
द्वयेकान्तरासु जातानां धर्म्यं विद्यादिमं विधिम्॥७॥

ब्राह्मणाद्वैश्यकन्यायामम्बष्ठो नाम जायते ।
निषादः शूद्रकन्यायां यः पारशव उच्यते ।८॥

अपने से एक वर्ण हीन स्त्रियो मे उत्पन्न हुवो का यह सनातन विधि कहा अब दो वर्ण हीना स्त्रियोमे (जैसे ब्राह्मण से वैश्या मे) उत्पन्न हुवो का यह धर्मविधि जाने कि-॥७॥ ब्राह्मण से वैश्या कन्या मे "अम्बष्ठ" नाम उत्पन्न होता है और ब्राह्मण से शूद्रा कन्या मे "निषाद" जिसको 'पारशव" भी कहते हैं॥८॥

क्षत्रियाच्छूद्रकन्यायां क्रूराचारविहारवान् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

क्षत्रशूद्रवपुर्जन्तु उग्रोनाम प्रजायते ॥९॥
विप्रस्य त्रिषु वर्णेषु नृपतेर्वर्णयोर्द्वयोः ।
वैश्यस्य वर्णे चैकस्मिन्षडेतेऽपसदाः स्मृताः ॥१०॥

क्षत्रिय से शूद्र कन्या में क्रूर आचार विहार वाला और क्षत्रिय शूद्र शरीर वाला 'उग्र" नामक उत्पन्न होता है ॥९॥ ब्राह्मण के तीन वर्ण की (क्षत्रियादि स्त्रियों) में और क्षत्रिय के २ (वैश्या वा शूद्रा) में तथा वैश्य के १ (शूद्रा) में (उत्पन्न हुये) ये छः "अपसद" कहे गये हैं ॥१०॥

क्षत्रियाद्विप्रकन्यायां सूतो भवति जातितः ।
वैश्यान्मागधवैदेहौ राजविप्राङ्गनासुतौ ॥११॥
शूद्रादायोगवःक्षत्ता चण्डालश्चाऽधमोनृणाम् ।
वैश्यराजन्यविप्रासु जायन्ते वर्णसंकराः ॥१२॥

(ये अनुलोम कह कर अब प्रतिलोम कहते हैं) क्षत्रिय से ब्राह्मण की कन्या में "सूत" नाम जाति में होता है और वैश्य से क्षत्रिया में मागध' तथा वैश्य से ब्राह्मणी में "वैदेह' नाम उत्पन्न होते हैं ॥११॥ शूद्र से वैश्या क्षत्रिया तथा ब्राह्मणी में क्रम के साथ 'आयोगव "क्षत्ता" और 'चण्डाल' अधम, ये (श्लोक ६ से यहां तक कहे) मनुष्यों में वर्णसङ्कर उत्पन्न होते हैं ॥१२॥

एकान्तरे त्वानुलोम्यादम्बष्ठोग्रौ यथास्मृतौ ।
क्षत्तृवैदेहकौ तद्वत्प्रातिलोम्येऽपि जन्मनि ॥१३॥
पुत्रा येऽनन्तरस्त्रीजाः क्रमेणोक्ता द्विजन्मनाम् ।
ताननन्तरनाम्नस्तु मातृदोषात्प्रचक्षते ॥१४॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

एक के अन्तर वाले वर्ण में अनुलोम से उत्पन्न अम्बष्ठ और उग्र कहे हैं वैसे ही प्रतिलोम से जन्म में "क्षत्ता" और "वैदेह" कहे हैं ॥१३॥ द्विजन्माओं के क्रम से कहे हुवे अनन्तर (एक वर्ण नीची) स्त्री में, उत्पन्न हुवे पुत्रों को माता के दोष से "अनन्तर" नाम से कहते हैं ॥१४॥

ब्राह्मणादुग्रकन्यायामावृतो नाम जायते ।
आभीरोऽम्बष्ठकन्यायामायोगव्यांतु धिग्वणः ॥१५॥
आयोगवश्च क्षत्ता च चण्डालश्चाऽधमो नृणाम् ।
प्रातिलोम्येन जायन्ते शूद्रादपसदास्त्रयः ॥१६॥

ब्राह्मण से "उग्र" कन्या में "आवृत" नाम सन्तान और "अम्बष्ठ" कन्या में "आभीर" नाम उत्पन्न होता है तथा "आयोगव" कन्या में उत्पन्न हुवा "धिग्वण" कहाता है ॥१५॥ आयोगव क्षत्ता, चण्डाल ये मनुष्यों में नीच अधम प्रतिलोमसे उत्पन्न शूद्र से भी निकृष्ट हैं ॥१६॥

वैश्यान्मागधवैदेहौ क्षत्रियात्सूत एव तु ।
प्रतीपमेते जायन्ते परेऽप्यपसदास्त्रय ॥१७॥
जातोनिषादाच्छूद्रायां जात्या भवति पुक्कसः ।
शूद्राज्जातोनिषाद्यां तु स वैकुक्कुटकः स्मृतः ॥१८॥

पूर्वोक्त प्रकार वैश्य से मागध और वैदेह तथा क्षत्रिय से सूत ये भी प्रतिलोम से अन्य ३ निकृष्ट उत्पन्न होते हैं ॥१७॥ निषाद से शूद्रा में उत्पन्न हुवा "पुक्कस" जाति से होता है और शूद्र से निषाद की कन्या में उत्पन्न हुवा "कुक्कुटक" कहा गया है ॥१८॥

क्षत्तुर्जातस्तथोग्रायां श्वपाक इति कीर्त्यते ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

वैदेहकेन त्वम्बष्ठयामुत्पन्नो वेण उच्यते ॥१९॥
द्विजातयः सवर्णासु जनयन्त्यव्रतांस्तुयान् ।
तान्सावित्रीपरिभ्रष्टान् व्रात्यानिति विनिर्दिशेत्॥२०।

ऐसे ही क्षत्ता से उग्र की कन्या मे उत्पन्न हुवा "श्वपाक" कहाता और वैदेह से अम्बष्ठी मे (उत्पन्न हुवा) "वेण" कहाता है ॥१९॥ द्विजाति अपने वर्ण की स्त्री में संस्कार रहित जिन पुत्रों को उत्पन्न करते हैं उन समय पर उपनयन वेदारम्भ रहितों को "व्रात्य" कहना चाहिये ॥२०॥

व्रात्यात्तु जायते विप्रात्पापात्मा भूर्जकण्टकः ।
आवन्त्यवाटधानौ च पुष्पधः शैख एव च ॥२१॥
झल्लोमल्लश्च राजन्याद् व्रात्यान्निच्छिविरेवच ।
नटश्च करणश्चैव खसो द्रविड एव च ॥२२॥

व्रात्य ब्राह्मण से पापात्मा "भूर्जकण्टक" उत्पन्न होता है और उसी को (देश भेद मे) आवन्त्य वाटधान पुष्पध और शैख भी कहते हैं ॥२१॥ (व्रात्य) क्षत्रिय से झल्ल मल्ल निच्छिवि, नट, करण खस और द्रविड नामक उत्पन्न होते हैं ॥२२॥

वैश्यात्तु जायते व्रात्यात्सुधन्वाचार्य एव च ।
कारूषश्च विजन्मा च मैत्रः सात्वतएवच ॥२३॥
व्यभिचारेण वर्णानामवेद्यावेदनेन च ।
स्वकर्मणां च त्यागेन जायन्ते वर्णसङ्कराः ॥२४॥

व्रात्य वैश्य से सुधन्वाचार्य का रूष, विजन्मा मैत्र और सात्वत नाम वाले उत्पन्न होते हैं (ये सब नाम पर्यायवाची देश

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

भेद से समझें) ॥२३॥ ब्राह्मणादि वर्णों से अन्योन्य स्त्री के गमन और सगोत्रादि अगम्यां मे विवाह करने तथा अपने कर्म के छोड़ने से वर्णसङ्कर उत्पन्न होते हैं ॥२४॥

संकीर्णयोनयो ये तु प्रतिलोमाऽनुलोमजाः ।
अन्योन्यव्यतिषक्ताश्च तान्प्रवक्ष्याम्यशेषतः ॥२५॥
सूतोवैदेहकश्चैव चण्डालश्च नराधमः ।
मागधः क्षत्त जातिश्च तथाऽऽयोगव एव च ॥२६॥

जो संकीर्ण योनि प्रतिलोम अनुलोम के परम्पर सम्बन्ध से उत्पन्न होती हैं, उनको विशेष करके मैं आगे कहता हूं ॥२५॥ सूत वैदेह चण्डाल ये अधम मनुष्य और मागध, क्षत्ता तथा आयोगवः॥२६॥

एतेषट् सदृशान्वर्णाञ्जनयन्ति स्वयोनिषु ।
मातृजात्यां प्रसूयन्ते प्रवरासु च योनिषु ॥२७॥
यथा त्रयाणां वर्णानां द्वयोरात्माऽस्य जायते ।
आनन्तर्यात्स्वयोन्यांतु तथाबाह्यष्वपि क्रमात्॥२८॥

ये छः स्वयोनि मे स्वतुल्य सुतोत्पत्ति करते हैं और अपने से उत्तम योनियो में जन्मे तो मातृ जाति में गिने जाते हैं ॥२७॥ जैसे तीनो वर्णों मे दो मे से इस पुरुष का आत्मा उत्पन्न होता है और अनन्तर होने से अपनी योनि मे गिना जाता है वैसे ही इन बाह्य वर्णसङ्करों मे भी क्रम से जानो ॥२८॥

ते चापि बाह्यान्सुबहूंस्ततोऽप्यधिकदूषितान् ।
परस्परस्य दारेषु जनयन्ति विगर्हितान् ॥२९॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

यथैव शूद्रो ब्राह्मण्यां बाह्यं जन्तुं प्रसूयते ।
तथा बाह्यतरं बाह्यश्चातुर्वर्ण्ये प्रसूयते ॥३०॥

वे (पूर्वोक्त) आयोगवादि भी परस्पर जाति की स्त्री में बहुत से उन से भी अधिक दुष्ट और निन्दित सन्तान उत्पन्न करते हैं ॥२९॥ जैसे शूद्र ब्राह्मणी में अधम जीव को उत्पन्न करता है वैसे ही चारों वर्णों में वे अधम उन से भी अधमों को उत्पन्न करते हैं ॥३०॥

प्रतिकूलं वर्त्तमाना बाह्या बाह्यतरान्पुनः ।
हीनाहीनान्प्रसूयन्ते वर्णान्पञ्चदशैव तु ॥३१॥
प्रसाधनोपचारज्ञमदासं दासजीवनम् ।
सैरिन्ध्रं वागुरावृत्तिं सूते दस्युरयोगवे ॥३२॥

प्रतिकूल चलने वाले अधम चाण्डालादि तीन, चारों वर्णों की स्त्रियों में अपने से अधिक अधम सन्तान को उत्पन्न करते हैं तो एक से एक हीन पन्द्रह वर्ण उत्पन्न होते हैं (चार वर्णों की स्त्रियों में तीन अधमों के तीन २ ऐसे बारह निकृष्ट सन्तान और उनके पिता तीन अधम ऐसे पन्द्रह उत्पन्न होते हैं) ॥३१॥ बालों में कंघी आदि करना और चरणादि का धोना और स्नानादि का करवाना, इस प्रकार के कामसे वा जाल फसे बांधकर जीने वाला "सैरिन्ध्र" नाम (आगे कहे हुवे) दस्यु से आयोगव उत्पन्न होता है ॥३२॥

मैत्रेयकं तु वैदेहो माधूकं संप्रसूयते ।
नॄन्प्रशंसत्यजस्रं यो घण्टाताडोऽरुणोदये ॥३३॥
निषादो मार्गवं सूते दासं नौकर्मजीविनम् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

कैवर्त्तमिति यं प्राहुरार्यावर्तनिवासिनः ॥३४॥

आयोगवी वैदेह से मधुरभाषी "मैत्रेयक" को उत्पन्न करती है जो कि प्रातःकाल घण्टा बजाकर राजा आदिकों की निरन्तर स्तुति करता है ॥३३॥ निषाद और आयोगवी से 'दास" इस दूसरे नाम वाला नाव के चलाने से जीवन वाला मार्गव उत्पन्न होता है जिसको आर्यावर्त्त निवासी लोग "कैवर्त्त" कहते हैं ।३४।

मृतवस्त्रभृत्सु नारीषु गर्हितान्नाशनासु च ।
भवन्त्यायोगवीष्वेते जातिहीनाः पृथक् त्रयः ॥३५॥
कारावरो निषादात्तु चर्मकारः प्रसूयते ।
वैदेहिकान्ध्रमेदौ बहिर्ग्रामप्रतिश्रयौ ॥३६॥

मृतक के वस्त्र को पहनने वाली और उच्छिष्ट अन्न को भोजन करने वाली आयोगवी में अलग २ जातिहीन (तीन पुरुषो के भेद से) ये तीन उत्पन्न होते हैं ॥३५॥ निषाद से तो कारावराख्य चर्मकार" उत्पन्न होता है और वैदेह से "अन्ध्र" और 'मेद" ग्राम के बाहर रहने वाले उत्पन्न होते हैं ॥३६॥

चण्डालात्पाण्डुसोपाकस्त्वक्सारव्यवहारवान् ।
आहिण्डिको निषादेन वैदेह्यामेव जायते ॥३७॥
चण्डालेन तु सोपाको मूलव्यसनवृत्तिमान् ।
पुक्कस्यां जायते पापः सदा सज्जनगर्हितः ॥३८॥

चाण्डाल से वैदेही मे ही "पाण्डु सोपाक" नामक बांसके सूप पंखा आदि बनाने से जीने वाला उत्पन्न होता है। और निषाद से वैदेही मे ही "आहिण्डिक" उत्पन्न होता है ॥३७॥ चण्डाल से पुक्कसी मे पापात्मा सदा सज्जनो से निन्दित और जल्लाद वृत्ति

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

वाला "सोपाक" उत्पन्न होता है ॥३८॥

निषादस्त्री तु चण्डालात्पुत्रमन्त्यावसायिनम् ।
श्मशानगोचरं सूते बाह्यानामपि गर्हितम् ॥३९॥
सङ्करेजातयस्त्वेताः पितृमातृप्रदर्शिताः ।
प्रच्छन्ना वा प्रकाशा वा वेदितव्याः स्वकर्मभिः ॥४०॥

निषाद की स्त्री चण्डाल में अधमों में भी निन्दित और चण्डालों से अतिनिकृष्ट श्मशान निवासी और उसी वृत्ति से जीने वाला पुत्र उत्पन्न करती है ।३९। वर्णसङ्करोंमें ये जाति बाप और मां के भेद से दिखाई । इन ढकी वा खुली हुओं को अपने २ कर्मों से जानना चाहिये ॥४०॥

सजातिजानन्तरजाः षट्सुता द्विजधर्मिणः ।
शूद्राणां तु सधर्माणः सर्वेऽपध्वंसजाः स्मृताः ॥४१॥
तपोबीजप्रभावैस्तु ते गच्छन्ति युगे युगे ।
उत्कर्षं चापकर्षं च मनुष्येष्विह जन्मतः ॥४२॥

द्विजातियों के समान जाति वाले (तीन पुत्र अर्थात् ब्राह्मण ब्राह्मणी से इन क्रम से ३ और अनुलोम से तीन अर्थात् ब्राह्मण से क्षत्रिया वैश्या में ये दो और क्षत्रिया से वैश्या में एक मिलकर ३ इस प्रकार) ये छः पुत्र द्विजधर्मी हैं । और (सूतादि प्रतिलोमज सब शूद्रों के समान कहे हैं ॥४१। तप प्रभाव से (विश्वामित्र-वत्) और बीज प्रभाव से (ऋष्यशृङ्गादिवत्) सब युगों में मनुष्य जन्म की उच्चता और (आगे कहे अनुसार) नीचता को भी प्राप्त होते हैं ॥४२॥

शनकैस्तु क्रियालोपादिमाः क्षत्रियजातयः ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

वृषलत्वं गतालोके ब्राह्मणादर्शनेन च ।४३।
पौण्ड्रकाश्चौड्रद्रविडाः काम्बोजायवनाः शकाः ।
पारदापह्लवाश्चीनः किराता दरदाः खशाः ।४४।

ये क्षत्रिय जातिये क्रिया लोप से और (याजन अध्यापन प्रायश्चित्त के(लिये) ब्राह्मणों के न मिलने से लोगो में धीरे २ शूद्रता को प्राप्त हो गईं (जैसे -) ।।४३।। पौण्ड्रिक द्रविड, काम्बोज यवन शक, पारद, अपल्हव, चीन, किरात, दरद, और खश ।।४४।।

मुखबाहूरुपज्जानां या लोके जातयो बहिः ।
म्लेच्छवाचश्चार्य वाचः सर्वेतेदस्यवः स्मृताः ।४५।
ये द्विजानामपसदा ये चापध्वन्सजाः स्मृताः ।
ते निन्दितैर्वर्तयेयुर्द्विजानामेव कर्मभिः ।४६।

ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य शूद्रो की(क्रियालोप से) अधम जातियें म्लेच्छ भाषायुक्त वा आर्यभाषायुक्त, सब 'दस्यु" कही गई हैं ।।४५।। जो पूर्व द्विजों के अनुलोम से अपसद और प्रतिलोम से अपध्वंस कहे हैं वे द्विजोंके ही निन्दित कर्मोंसे आजीवन करें ।४६।

सूतानामश्वसारथ्यमम्बष्ठानां चिकित्सनम् ।
वैदेहकानां स्त्रीकार्यं मागधानां वणिक्पथः ।४७।
मत्स्यघातो निषादानां त्वष्टिस्त्वायोगवस्य च ।
मेदान्ध्रचुञ्चुमद्गूनामारण्यपशुहिंसनम् ।४८।

सूतो का (काम) अश्व का सारथी होना, अम्बष्ठो का चिकित्सा, वैदेहो का अन्तःपुर का कांम और मागधो का वनियापन,

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

(इन कामों को करके ये जीवन करते हैं) ॥४७॥ निषादें का मच्छी मारना और आयोगव का लकड़ी तोड़ना और मेद अन्ध्र चुञ्चु और मद्गुवों का जङ्गली जानवरोंको मारना (पेशा) है ।४८।

क्षत्त्रुग्रपुक्कसानां तु बिलौको वधबन्धनम् ।
धिग्वणानां चर्मकार्यं वेणानां भाण्डवादनम् ।४९।
चैत्यद्रुमश्मशानेषु शैलेषूपवनेषु च ।
वसेयुरेते विज्ञाता वर्तयन्त स्वकर्मभिः ।५०।

क्षत्ता उग्र पुक्कस, इनका (रोजगार) बिल के रहने वाले जानवरों को मारना और बांधना और धिग्वणों का चमड़ेका काम बनाना और वेणों का बाजा बजाना (काम) है ॥४९॥ ग्राम के समीप बड़े २ वृक्षोंके नीचे और श्मशान तथा पर्वत बाग बगीचो के पास अपने२ कामों को करनेसे प्रसिद्ध हुवे ये निवास करें ।५०।

चण्डालश्वपचानां तु बहिर्ग्रामात्प्रतिश्रयः ।
अपपात्राश्च कर्तव्या धनमेषां श्वगर्दभम् ।५१।
वासांसि मृतचैलानि भिन्नभाण्डेषु भोजनम् ।
कार्ष्णायसमलङ्कारः परिव्रज्या च नित्यशः ।५२।

चण्डालों और श्वपचों का निवास ग्राम के बाहर और निषिद्ध पात्र वाले रखने चाहियें और इन का धन कुत्ता और गधा है ।५१। इनके कपडे मुरदे के वस्त्र वा पुराने चिथड़े हों तथा फूटे बरतनों में भोजन लोहे के आभूषण और घूमना स्वभाव (यह इन का लक्षण है) ॥५२॥

न तैः समयमन्विच्छेत्पुरुषोधर्ममाचरन् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

व्यवहारोमिथस्तेषां विवाहः सदृशैः सह ॥५३॥
अन्नमेषां पराधीनं देयं स्याद् भिन्नभाजने ।
रात्रौ न विचरेयुस्ते ग्रामेषु नगरेषु च ॥५४॥

धर्मानुष्ठान के समय में इन(चण्डाल श्वपाक इत्यादि) के साथ देखना बोलना इत्यादि व्यवहार न करे । उनका व्यवहार और विवाह बराबर वालो के साथ हो ॥५३॥ इनको खपरे आदि मे रखकर अलग से पराधीन अन्न देना चाहिये और वे रातको ग्रामो और नगरो मे न घूमे ॥५४॥

दिवाचरेयुः कार्यार्थं चिन्हिताराजशासनैः ।
अबान्धवं शवं चैव निर्हरेयुरिति स्थितिः ॥५५॥
बध्यांश्च हन्युः सततं यथाशास्त्रं नृपाज्ञया ।
वध्यवासांसि गृह्णीयुः शय्याश्चाभरणानि च ॥५६॥

वे राजा की आज्ञा से चिन्ह पाये हुवे काम के लिये दिन मे घूमें और बेवारिस मुरदे को ले जावें (यह मर्यादा है) ॥५५॥ यथाशास्त्र राजा की आज्ञा से निरन्तर फांसी के योग्यो को फांसी फांसी देवें और उस बध्य के कपड़े शय्या और आभरणो को ग्रहण करें ॥

(३९ वें तक मनु ने व्यभिचारोत्पन्न वर्णसङ्करो की नाना प्रकार के नामों से उत्पत्ति कही। उस का तात्पर्य यह है कि उन की वर्णसङ्करता व्यभिचारजनित की वर्णसङ्करों को उत्पन्न न करें आर्यसन्तान की प्रसिद्धि रहे आगेको लोग व्यभिचार न करें उत्तरोत्तर उन्नति हो। परन्तु ४२ वे मे यह बता दिया है कि तप आदि के प्रभाव से नीचे ऊंचे होजाते हैं। तथा ४३।४४ मे पौण्ड्रकादि का ऊंचे से नीचा हो जाना कहा है। ४६ से ५६ तक

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

वर्ण सङ्करो के नीच तथा निन्दित काम राजद्वारा नियत किये हैं जिस से उन की नीच दशाको देख कर अन्यो को नीचत्व के भयके कारण व्यभिचारादि से घिन हो) ॥५६॥

वर्णापेतमविज्ञातं नरं कलुषयोनिजम् ।
आर्यरूपमिवानार्यं कर्मभिः स्वैर्विभावयेत् ॥५७॥
अनार्यता निष्ठुरता क्रूरता निष्क्रियात्मता ।
पुरुषं व्यञ्जयन्तीह लोके कलुषयोनिजम् ॥५८॥

(सङ्कर से हुवे) रङ्ग बदले और नहीं पहचाने जाते हुवे देखने मे आर्य से परन्तु यथार्थ मे अनार्य अधम पुरुष का निज २ कामो में निश्चय करे ॥५७॥ असभ्यपन और कठोर भाषणशीलता तथा कर्मानुष्ठान से रहितता ये लक्षण इस लोकमे नीचयोनिज पुरुष को प्रकट करते है ॥५८॥

पित्र्यं वा भजते शीलं मातुर्वोभयमेव वा ।
न कथंचन दुर्योनिः प्रकृतिं स्वां नियच्छति ॥५९॥
कुले मुख्येऽपि जातस्य यस्य स्याद्योनिसङ्करः ।
संश्रयत्येव तच्छीलं नरोऽल्पमपि वा बहु ॥६०॥

यह वर्ण सङ्कर से उत्पन्न हुवा पुरुष, पितृसम्बन्धी दुष्ट स्वभाव अथवा माता का या दोनो का स्वभाव स्वीकार करता है किन्तु अपनी असलियत छिपा नहीं सकता ॥५९॥ बड़े कुलमे उत्पन्न हुवे का भी जिस का योनि से सङ्कर (ढका छिपा) हुवा है वह मनुष्य योनि का स्वभाव थोड़ा या बहुत पकड़ता ही है ॥६०॥

यत्र त्वेते परिध्वन्साज्जायन्ते वर्णदूषकाः ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

राष्ट्रकैः सह तद्राष्ट्रं क्षिप्रमेव विनश्यति ॥६१॥
ब्राह्मणार्थे गवार्थेवा देहत्यागेोऽनुपस्कृतः ।
स्त्रीबालाभ्युपपत्तौ च बाह्यानां सिद्धिकारणम् ॥६२।

जिस राज्य मे ये वर्ण सङ्कर बहुत उत्पन्न होते है, वह राज्य वहां के निवासियो के सहित शीघ्र ही नाश को प्राप्त हो जाता है ॥६१॥ ब्राह्मण, गाय, स्त्री बालक इन की रक्षा मे दुष्ट प्रयोजन से रहित होकर प्रतिलोमजो का प्राणत्याग सिद्धि (उच्चता) का हेतु है ॥६२॥

अहिंसा सत्यमस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः ।
एतं सामासिकं धर्मं चातुर्वर्ण्येऽब्रवीन्मनुः ॥६३॥

"शूद्रायां ब्राह्मणाज्ज तः श्रेयसा चेत्प्रजायते ।
अश्रेयान्श्रेयसीं जातिं गच्छत्यासप्तमाद्युगात् ॥६४॥"

हिंसा न करना सत्य भाषण दूसरे का धन अन्याय से न लेना पवित्र रहना और इन्द्रियो का निग्रह करना यह संक्षेप से चारो वर्णों का धर्म (मुख्य) मनु ने कहा है ॥६३॥ 'शूद्रामें ब्राह्मण से पारशवाख्य वर्ण उत्पन्न होता है। यदि वह दैववशसे स्त्री गर्भ हो और वह स्त्री दूसरे ब्राह्मण से विवाह करे और फिर उस की कन्या तीसरे ब्राह्मण से विवाह करे इस प्रकार सातवे जन्म मे ब्राह्मणता को प्राप्त होता है ॥ "

(यह श्लोक इस लिये अमान्य है कि शूद्रागामी ब्राह्मण तृतीयाध्यायानुसार पतित हो जाता है तो ऐसे सात ब्राह्मणो को ७ पीढ़ी तक पतित कराने वाला श्लोक मनु का सम्मत हो सो ठीक नहीं जान पड़ता) ॥६४॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

शूद्रो ब्राह्मणतामेति ब्राह्मणश्चैतिशूद्रताम् ।
क्षत्रियाज्जातमेवन्तु विद्याद्वैश्यात्तथैव च ॥६५॥
अनार्यायां समुत्पन्नो ब्राह्मणात्तु यदृच्छया ।
ब्राह्मण्यामप्यनार्यात्तु श्रेयस्त्वं क्वेतिचेद्भवेत्॥६६॥

ब्राह्मण शूद्रता को प्राप्त हो जाता है और शूद्र ब्राह्मणता को प्राप्त होजाता है। क्षत्रिय से उत्पन्न हुवा भी इसी प्रकार और वैसे ही वैश्यसे हुवा पुरुष भी अन्य वर्ण को प्राप्त होता जानना चाहिये ॥६५॥ जो संयोगवश ब्राह्मणसे शूद्रा मे उत्पन्न हुवा और जो शूद्र से ब्राह्मणी में उत्पन्न हुवा, इन दोनो मे अच्छापन किस मे है? यदि यह संशय हो (तो उत्तर यह है कि--) ॥६६॥

जातो नार्यामनार्यायामार्यादार्योभवेद्गुणैः ।
जातोऽप्यनार्यादार्यायामनार्य इति निश्चयः॥६७॥
तावुभावप्यसंस्कार्याविति धर्मो व्यवस्थितः ।
वैगुण्याज्जन्मनः पूर्वउत्तरः प्रतिलोमतः ॥६८॥

१ अनार्या स्त्री में आर्य से उत्पन्न हुवा गुणो से आर्य्य हो सकता है और दो २ शूद्र से ब्राह्मणी स्त्री मे उत्पन्न हुवा गुणों से शूद्र उत्पन्न होना संभव है। यह निश्चय है ॥६७॥ धर्म की मर्यादा है कि १ पहला शूद्रामें उत्पन्न होने रूप जाति की विगुणता से और २ दूसरा प्रतिलोम से उत्पन्न होने के कारण, ऐसे ये दोनो उप नयन के अयोग्य हैं ॥६८॥

सुबीजं चैव सुक्षेत्रे जातं संपद्यते यथा ।
तथार्याज्जातआर्यायां सर्वं संस्कारमर्हति ॥६९॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

बीजमेके प्रशंसन्ति क्षेत्रमन्ये मनीषिणः।
बीजक्षेत्रे तथैवान्ये तत्रेयं तु व्यवस्थितिः ॥७०॥

जैसे अच्छा बीज खेत मे बोया हुवा समृद्ध हो जाता है। वैसे ही आर्या मे आर्य से उत्पन्न हुवा सम्पूर्ण उपनयनादि संस्कार के योग्य है ॥६९॥ कोई विद्वान् बीज को और कोई खेत को और अन्य कोई दोनो को प्रधान कहते हैं। उनमें यह व्यवस्था है कि ॥७०॥

अक्षेत्रे बीजमुत्सृष्टमंतरेव विनश्यति।
अबीजकमपि क्षेत्रं केवलं स्थण्डिलं भवेत् ॥७१॥

"यस्माद्बीजप्रभावेण तिर्यग्जाऋषयोऽभवन्।
पूजिताश्च प्रशस्ताश्च तस्माद्बीजं प्रशस्यते ॥७२॥"

ऊपर मे बोया हुवा बीज भीतर ही नाश को प्राप्त हो जाता है और बीजरहित अच्छा भी खेत कोरा चौतरा ही रहेगा (इससे दोनो ही अपने २ गुण मे मुख्य हैं। यहां तक बीज और क्षेत्र की प्रधानता के विवाद में गुणकर्मों का वर्णन नहीं है किन्तु स्वभाव जो कि प्रायः रज वीर्य के शुद्धाऽशुद्ध होने से शुद्धाऽशुद्ध होता है उसमें ही यह विचार प्रवृत्त किया है कि दोनोमे प्रबलता किसकी है) ॥७१॥ बीज के माहात्म्य तिर्यग्योनि (अर्थात हरिणादि से उत्पन्न हुवे शृङ्गी ऋष्यादि) ऋषि व पूजन और स्तुति को प्राप्त हुवे। इस से बीज की प्रधानता है (प्रथम तो तिर्यग्योनि मे मनुष्ययोनि उत्पन्न नही हो सकती। दूसरे शृङ्गी ऋष्यादि की कथायें पीछे की है। मनु उन का भूतकाल करके वर्णन नही कर सकते थे) ॥७२॥

अनार्यमार्यकर्माणमार्यं चानार्यकर्मिणम्।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

संप्रधार्गाऽब्रवीद्धाता न समौ नाऽसमाविति ॥७३॥

द्विज, शूद्रोंके कर्म करने वाले और शूद्र द्विजों के कर्म करने वाले इनको ब्रह्मा ने विचार कर कहा कि न ये सम हैं न असम हैं ॥ (क्योंकि गुणों और स्वभावो के बिना केवल कर्म से अनार्य आर्य नहीं होसकते। और गुणों तथा स्वभावोंसे युक्त आर्य केवल कर्महीन होजानेसे अनार्य नहीं हो सकता। अर्थात् मनुजी कहते हैं कि केवल कर्म से हम कोई व्यवस्था नहीं दे सकते। किन्तु गुणकर्मस्वभाव सबपर दृष्टि डालकर व्यवस्थापक विद्वान्वा सभा को व्यवस्था देनीचाहिये। मेधातिथि कहतेहैं कि यहांतक वर्णसङ्करो की निन्दा और कर्मों की प्रशंसारूप अर्थवाद ही है विधि वा निषेध कुछ नहीं ,॥७३॥

ब्राह्मणा ब्रह्मयोनिस्था ये स्वकर्मण्यवस्थिताः ।
ते सम्यगुपजीवेयुः षट् कर्माणि यथाक्रमम् ॥७४॥

जो ब्रह्मयोनिस्थ ब्राह्मण हैं और अपने कर्मसे रहते हैं वे क्रम से अच्छे प्रकार (इन) छः कर्मों का अनुष्ठान करें ॥७४॥

अध्यापनमध्ययनं यजनं याजनं तथा ।
दानं प्रतिग्रहश्चैव षट् कर्माण्यग्रजन्मनः ॥७५॥
षण्णां तु कर्मणामस्य त्रीणि कर्माणि जीविका ।
याजनाध्यापने चैव विशुद्धाच्च प्रतिग्रहः ॥७६॥

१ पढ़ना, २ पढ़ाना, ३ यज्ञ करना और ४ कराना, ५ दान देना और छः लेना ब्राह्मण के ये छः कर्म हैं ॥७५॥ छः कर्मों मे से इस ब्राह्मण की तीन कर्म जीविका हैं १ यज्ञ करना २ पढ़ना और ३ शुद्ध (द्विजातियो) से दान लेना ॥७६॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

त्रयो धर्मा निवर्तन्ते ब्राह्मणात्क्षत्रियं प्रति।
अध्यापनं याजनं च तृतीयश्च प्रतिग्रहः ॥७७॥
वैश्यं प्रति तथैवैते निवर्तेरन्निति स्थितिः।
न तौ प्रति हि तान्धर्मान्मनुराह प्रजापतिः ॥७८॥

ब्राह्मण के धर्मों से क्षत्रिय के तीन धर्म छूटे हैं १ पढ़ाना २ यज्ञ कराना, और ३ दान लेना,(अर्थात् इन को क्षत्रिय न करे) ॥७७॥ वैश्य के भी इसी प्रकार तीन धर्म छूटे। इस प्रकार मर्यादा है क्योंकि क्षत्रिय वैश्यो की जीविकार्थ उन धर्मों को (मुझ) मनु प्रजापति ने नहीं कहा है ॥७८॥

शस्त्रास्त्रभृत्त्वं क्षत्रस्य वणिक्पशुकृषिर्विशः।
आजीवनार्थं धर्मस्तु दानमध्ययनं यजिः ॥७९॥
वेदाभ्यासो ब्राह्मणस्य क्षत्रियस्य च रक्षणम्।
वार्ताकर्मैव वैश्यस्य विशिष्टानि स्वकर्मसु ॥८०॥

क्षत्रियों का शस्त्र अस्त्र धारण करना और वैश्य का व्यापार गाय बैल आदि का रखना और खेती,ये दोनो कर्म दोनोंके आजीवनार्थ कहेहैं और दान दना पढ़ना, यज्ञ करना, (दानोका) १ धर्म कहाहै ॥७९॥ ब्राह्मण का वेदाभ्यास करना क्षत्रिय का रक्षा करना और वैश्य का वाणिज्य करना अपनेर कर्मो मे विशेष कम हैं ।८०।

अजीवंस्तु यथोक्तेन ब्राह्मणः स्वेन कर्मणा।
जीवेत्क्षत्रियधर्मेण स ह्यस्य प्रत्यनन्तरः ॥८१॥
उभाभ्यामप्यजीवंस्तु कथं स्यादितिचेद्भवेत्।
कृषिगोरक्षामास्थाय जीवेद्वैश्यस्य जीविकाम् ॥८२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ब्राह्मण अपने यथोक्त क।। से निर्वाह न कर सकता हुवा (आपत्काल में) क्षत्रियके धर्म से अपना आजीवन करे, क्यों कि वह इस के समीप है ॥८१॥ दोनों (ब्राह्मण और क्षत्रियों की जीविकाओं) से न जी सकता हुवा कैसे जीवन करे? ऐसा संशय हो तो कृषि और गोरक्षा करके (ब्राह्मण) वैश्य की जीविका करे ।८२।

वैश्यवृत्त्यापि जीवंस्तु ब्राह्मणः क्षत्रियोऽपि वा ।
हिंसाप्रायां पराधीनां कृषिं यत्नेन वर्जयेत् ॥८३॥

कृषिंसाध्विति मन्यन्ते सावृत्तिः सद्विगर्हिता ।
भूमि भूमिशयांश्चैव हन्ति काष्ठमयोमुखम् ॥८४॥

ब्राह्मण और क्षत्रिय वैश्यवृत्ति करके जीते हुवे भी बहुत हिंसा वाली और पराधीन खेती को यत्न से छोड़ देवें ॥८३॥ "खेती अच्छी है ऐसा (कोई) कहते हैं। परन्तु यह वृत्ति साधुओं से निन्दित है क्यों कि कुदाल हलादि लोहा लगा हुवा काष्ट भूमि और भूमि के रहने वाले जन्तुओं का भी नाश करता है ॥८४॥

इदंतु वृत्तिवैकल्यात्त्यजतो धर्मनैपुणम् ।
विट्पण्यमुद्धृतोद्धारं विक्रेयं वित्तवर्धनम् ॥८५॥
सर्वान् रसानपोहेत कृतान्नं च तिलैः सह ।
अश्मनो लवणं चैव पशवो ये च मानुषाः ॥८६॥

ब्राह्मण क्षत्रियों को अपनी वृत्ति के न होने या धर्म की यथोक्त निष्ठा को छोड़ते हों तब वैश्य के बेचने योग्य द्रव्यों से आगे कहे हुवे को छोड़ कर धन वृद्धिकारक विक्रय करना योग्य है ॥८५॥ सम्पूर्ण रसों, पकाये अनाज तिलों के सहित पत्थर, नमक और मनुष्योंके पालनीय पशु, इन को न बेचे ।८६।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सर्वं च तान्तवं रक्तं शाणक्षौमाविकानि च।
अपिचेत्स्युररक्तानि फलमूले तथौषधीः ॥८७॥
अपःशस्त्रं विषं मांसं सोमं गन्धांश्च सर्वशः।
क्षीरं क्षौद्रं दधि घृतं तैलं मधुगुडं कुशान् ॥८८॥

सब रङ्ग के तथा सन के कपड़े और रेशमी ऊनी रंगे कपड़े वा बिन रंगे भी हों और फल मूल तथा औषधियों को (न बेचे) ॥८७॥ जल, शस्त्र, विष, मांस, सोमवल्ली तथा सब प्रकार के गन्ध दूध, शहद, दही घी, तेल, मधु (एक पुस्तक में मधु=मज्जा पाठ है) गुड़ और कुशा (इन को भी न बेचे) ॥८८॥

आरण्यांश्च पशून्सर्वान्दंष्ट्रिणश्च वयांसि च।
मद्यं नीलिं च लाक्षां च सर्वांश्चैकशफांस्तथा॥८९॥
काममुत्पाद्य कृष्यां तु स्वयमेव कृषीवलः।
विक्रीणीत तिलाञ्शूद्रान्धर्मार्थमचिरस्थितान् ॥९०॥

जङ्गली सब पशु तथा दांतो वाले (कुत्ते आदि) और पक्षियों तथा मद्य, नील, लाख और एक खुर वाले घोड़े आदि (इन को भी न बेचे) ॥८९॥ खेती वाला आप ही खेती में तिलों को उत्पन्न करके दूसरे द्रव्य से बिना मिलाये हुवे तिलों का बहुत दिन न रख कर धर्मकार्य में लगाने निमित्त चाहे तो शूद्रों को विक्रय कर दे।

'शूद्रान्' की जगह 'शुद्धान्' पाठ की जहां टीकाकारों ने व्याख्या की है 'शूद्रान्' की किसी ने नहीं। परन्तु ५ मूल पुस्तकों को छोड़ शेष २५ पुस्तकोंमें मूलका पाठ 'शूद्रान्' ही है। ८९ वें से आगे एक पुस्तक में यह श्लोक अधिक है कि-

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

[त्रपु सीसं तथा लौहं तैजसानि च सर्वशः ।
बालांश्चर्म तथाऽस्थीनि स्नायूनि च वर्जयेत् ॥]

इस पर नन्दन का भाष्य भी है। अर्थ यह है कि रांग सीसा तथा लोहा और सब चमकीले धातु और बाल, चमड़ा तथा तात लिपटी हड्डी (न बेचें)। जैसा महाभाष्य में तेल, मांस विक्रय का निषेध और मरस्मों तथा गौ आदि के विक्रय की विधि कही है, वैसा ही यह है। क्यों कि अत्यन्त मलिन और पापजनक वृत्ति से बचना चाहिये ॥९०॥

भोजनाभ्यञ्जनाद्दानाद्यदन्यत्कुरुते तिलैः ।
कृमिभूतः श्वविष्ठायां पितृभिः सह मज्जति ॥९१॥
सद्यः पतति मांसेन लाक्षया लवणेन च ।
त्र्यहेण शूद्रीभवति ब्राह्मणः क्षीरविक्रयात् ॥९२॥

भोजन अभ्यञ्जन और दान के सिवाय जो कोई तिलों से और कुछ करता है वह कृमि बन कर पितरों के सहित कुत्ते की विष्ठा में डूबता है ॥९१॥ मास लाख और लवण के बेचने से ब्राह्मण उसी समय पतित हो जाता है और दूध के बेचने से (ब्राह्मण) तीन दिन में शूद्रता को प्राप्त होता है ॥९२॥

इतरेषां तु पण्यानां विक्रयादिह कामतः ।
ब्राह्मणः सप्तरात्रेण वैश्यभावं नियच्छति ॥९३॥
रसा रसैर्निमातव्या नत्वेव लवणं रसैः ।*

* यद्यपि ८५ से ९४ तक १० श्लोकों को पहले ४ बार छापे में और ५ वीं बार भी सूची में प्रक्षिप्त लिखा गया, परन्तु अब विचार से वह अयुक्त जान कर बदल दिया है। तु०रा०स्वामी

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

कृतान्नं चाकृतान्नेन तिलाधान्येन तत्समाः॥९४॥

ब्राह्मण उक्त मांसादि से अतिरिक्त पण्यों को इच्छापूर्वक बेचने से सात दिन में वैश्य हो जाता है ॥९३॥ गुड़ादि का घृतादि से बदला कर लेवे, परन्तु लवण का इन से बदला न करे। सिद्ध किया अन्न बिना सिद्ध किये अन्न से बदल ले और तिल, धान्य के समान हैं (धान्य से बदल लेवे) ॥९४॥

जीवेदेतेन राजन्यः सर्वेणाप्यनयं गतः।
नत्वेव ज्यायसीं वृत्तिमभिमन्येत कर्हिचित् ॥९५॥
यो लोभादधमो जात्या जीवेदुत्कृष्टकर्मभिः।
तं राजा निर्धनं कृत्वा क्षिप्रमेव प्रवासयेत् ॥९६॥

आपत्ति को प्राप्त क्षत्रिय भी इस विधि से (वैश्यवत्) जीवन करे, परन्तु कदापि ब्राह्मण की वृत्ति का अभिमान न करे ॥९५॥ जो निकृष्ट जाति से उत्पन्न हुवा (बिना व्यवस्थापकों से विधिपूर्वक उच्चता पाये आप ही आप) लोभ से उत्कृष्ट जाति की वृत्ति करे उस को राजा निर्धन करके देश से निकाल देवे ॥९६॥

वरं स्वधर्मो विगुणो न पारक्यः स्वनुष्ठितः।
परधर्मेण जीवन्हि सद्यः पतति जातितः ॥९७॥
वैश्योऽजीवन्स्वधर्मेण शूद्रवृत्त्यापि वर्त्तयेत्।
अनाचरन्नकार्याणि निवर्त्तेत च शक्तिमान् ॥९८॥

अपना धर्म (काम) छोटा भी श्रेष्ठ है और दूसरे का अच्छा अनुष्ठान किया हुवा भी श्रेष्ठ नहीं क्योंकि पराये धर्म (पेशे) का आचरण करके जीविका करता हुवा उसी समय अपनी जाति से पतित हो जाता है ॥९७॥ वैश्य अपनी वृत्ति से जीवन न कर सकता हुवा शूद्र वृत्ति (द्विजातियों की सेवा) भी करले परन्तु

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अकार्य को छोड़ कर और हो सके तो सर्वथा ही बचे ॥९८॥

अशक्नुवंस्तुशुश्रूषां शूद्रः कर्तुं द्विजन्मनाम् ।
पुत्रदारात्ययं प्राप्तो जीवेत्कारुककर्मभिः ॥९९॥
यैः कर्मभिः प्रचरितैः शुश्रूष्यन्ते द्विजातयः ।
तानि कारुककर्माणि शिल्पानिविविधानि च ॥१००॥

द्विजों की शुश्रूषा करने को असमर्थ शूद्र क्षुधा से पुत्र कलत्र आदि को कष्ट प्राप्त होते हुवे कारुक कर्मों (सूपकारत्वादि) से जीवन करे ॥९९॥ जिन प्रचरित कर्मों से द्विजातियों की शुश्रूषा करते हैं उन को और नाना प्रकार के शिल्पों को भी कारुक कर्म कहते हैं ॥१००॥

'वैश्यवृत्तिमनातिष्ठन्ब्राह्मणः स्वे पथि स्थितः ।
अवृत्तिकर्षितः सीदन्निमं धर्मं समाचरेत् ॥१०१॥
सर्वतः प्रतिगृह्णीयाद् ब्राह्मणस्त्वनयं गतः ।
पवित्रं दुष्यतीत्येतद् धर्मतो नोपपद्यते ॥१०२॥'

'अपने मार्ग में स्थित ब्राह्मण जीविका के न होने से पीड़ा प्राप्त हुआ वैश्यवृत्ति को भी न कर सके तो इस वृत्ति को करे कि:- ॥१०१॥ विपत्ति को प्राप्त हुवा ब्राह्मण सब से दान ले लेवे, क्यों कि पवित्र को दोष लगना धर्म से नहीं पाया जाता ॥१०२॥"

'नाध्यापनाद्याजनाद्वा गर्हिताद्वा प्रतिग्रहात् ।
दोषोभवति विप्राणां ज्वलनाम्बुसमा हि ते ॥१०३॥

जीवितात्ययमापन्नो योऽन्नमत्ति यतस्ततः ।
आकाशमिव पङ्केन न स पापेन लिप्यते ॥१०४॥'

ब्राह्मणों को निन्दित पढ़ाने और यज्ञ कराने तथा प्रतिग्रह से

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

दोष नहीं होता, क्यो कि वे पानी तथा आग के समान हैं (दो पुस्तको मे ज्वलनार्कसमा हि ते और एक मे 'ज्वलनार्कसमाहितः' भी पाठ भेद है) ॥१०३॥ जो प्राणात्यय को प्राप्त हुवा जहां तहां अन्न भोजन करता है, वह कीचड़ से आकाश के समान उस पाप से लिप्त नहीं होता ॥१०४॥

"अजीगर्तः सुतं हन्तुमुपासर्पद्बुभुक्षितः।
न चालिप्यत पापेन क्षुत्प्रतीकारमाचरन् ॥१०५॥
श्वमांसमिच्छन्नार्तोऽत्तु धर्माधर्मविचक्षणः।
प्राणाना परिरक्षार्थं वामदेवो न लिप्तवान् ॥१०६॥"

अजीगर्त नाम ऋषि बुभुक्षित हुवा पुत्र को मारने चला, परन्तु क्षुधा के दूर करने को वैसा करता हुवा पाप से लिप्त नहीं हुवा ॥१०५॥ वामदेव धर्म अधर्म का जानने वाला क्षुधा से पीड़ित हुवा प्राण की रक्षार्थ कुत्ते के मांस खाने की इच्छा करता हुवा पाप से लिप्त नहीं हुआ ॥१०६॥

"भरद्वाज' क्षुधार्त्तस्तु सपुत्रो विजने वने।
बह्वीर्गाः प्रतिजग्राह वृधोस्तक्ष्णो महातपाः ॥१०७॥
क्षुधार्त्तश्चात्तुमभ्यागाद्विश्वामित्रः श्वजाघनीम्।
चण्डालहस्तादादाय धर्माधर्मविचक्षणः ॥१०८॥"

'बड़े तपस्वी पुत्र के सहित निर्जन वन मे क्षुधा से पीड़ित हुवे भरद्वाज ने वृधुनामा बढई की बहुत सी गायों को ग्रहण किया ॥१०७॥ धर्म से अधर्म के जानने वाले विश्वामित्र ऋषि क्षुधा से पीड़ित हुवे चण्डाल के हाथ से लेकर कुत्ते की जांघ का मांस खाने को तैयार हुवे।

(यद्यपि १०१ से १०४ तक भी श्लोक अमान्य हैं। क्यों कि आपत्काल मे भी आपद्धर्म से नीचे नहीं गिरना चाहिये और पूर्व

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

मनु जी कह भी आये हैं कि स्वधर्म त्याग से पतितता होती है। परन्तु यदि यहां आपत्काल का तात्पर्य प्राणसङ्कट हो अर्थात् कभी दैवयोगमें कहीं ऐसा अवसर आजावे कि सर्वथा ही प्राण न बचते हों तो प्राणरक्षार्थ ये श्लोकमात्र भी समझे जासकते हैं और प्राणों को भी धर्मार्थ न्यौछावर कर देना तो बहुत ही अच्छा है। परन्तु कोई २ विद्वान् जगत् के महान् उपकारक हैं। यदि वे अपने प्राणों को परोपकारार्थ बचाने हुये निषिद्ध प्रतिग्रहादि ले भी ले और इस को धर्म भी मान लिया जावे तो इस मे तो सन्देह ही नहीं कि १०५ से १०८ तक के ४ श्लोक तो अवश्य ही मनुप्रोक्त वा भृगु प्रोक्त भी नहीं. जिन मे मनु से पश्चात् हुवे अजीगर्त वामदेव आदि की कथा को भूत काल से वर्णन किया है ॥१०८॥

प्रतिग्रहाद्याजनाद्वा तथैवाध्यापनादपि ।
प्रतिग्रहः प्रत्यवरः प्रेत्य विप्रस्य गर्हितः ॥१०९॥

याजनाध्यापने नित्यं क्रियेते संस्कृतात्मनाम् ।
प्रतिग्रहस्तु क्रियते शूद्रादप्यन्त्यजन्मनः ॥११०॥

प्रतिग्रह याजन अध्यापन, इन में बुरा दान लेना ब्राह्मणों को परलोक मे बहुत नीचता का हेतु है (इस लिये याजन अध्यापन से जब तक काम चले तब तक निन्दित प्रतिग्रह न लेवे) ॥१०९॥ क्यों कि याजन और अध्यापन तो उपनयनादि संस्कार वाले द्विजों ही का सर्वदा किया कराया जाता है. परन्तु प्रतिग्रह तो अन्त्य जन्म वाले शूद्र से भी लिया जाता है ॥११०॥

जपहोमैरपैत्येनो याजनाध्यापनैः कृतम् ।
प्रतिग्रहनिमित्तं तु त्यागेन तपसैव च ॥१११॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

शिलोञ्छमप्याददीत विप्रोऽजीवन्यतस्ततः ।
प्रतिग्रहाच्छिलः श्रेयांस्ततोऽप्युञ्छः प्रशस्यते ।११२।

अर्थात् असत् याजन और अध्यापन से उत्पन्न हुआ पाप तो जप होमों से दूर हो जाता है परन्तु प्रतिग्रह निमित्तक पाप त्याग तथा तप से ही दूर होता है ॥१११॥ ब्राह्मण अपनी वृत्ति से जीवन न कर सकता हुवा इधर उधर से शिलोञ्छों को भी ग्रहण करे (अर्थात् शिलोञ्छों के होने हुए भी निन्दित प्रतिग्रह न ले) क्योंकि प्रतिग्रह से शिल चुगना श्रेष्ठ है और शिल से भी उञ्छ (चुगे पर चुगना) श्रेष्ठ है ॥११२॥

सीदद्भिः कुप्यमिच्छद्भिर्धनं वा पृथिवीपतिः ।
याच्यः स्यात्स्नातकैर्विप्रैरदित्संस्त्यागमर्हति ।११३

अकृतं च कृतात्क्षेत्राद् गौरजाविकमेव च ।
हिरण्यं धान्यमन्नं च पूर्वं पूर्वमदोषवत् ॥११४॥

सप्तवित्तागमा धर्म्या दायो लाभः क्रयो जयः ।
प्रयोगः कर्मयोगश्च सत्प्रतिग्रह एव च ॥११५॥

विद्याशिल्पं भृतिः सेवा गोरक्षं विपणिः कृषिः ।
धृतिर्भैक्ष्यं कुसीदं च दश जीवनहेतवः ॥११६॥

धान्य कुप्य और धन की इच्छा करने वाले, कुटुम्बादि पोषण के लिये धन के न होने से पीड़ित हुवे स्नातक विप्रो को राजा से याचना करनी योग्य है। परन्तु जो राजा देना नहीं चाहता, वह याचना करने योग्य नहीं है ॥११३॥ बनाये हुवे खेत से बे बनाया खेत, गाय, बकरी, भेड़, सोना, धान्य और अन्न मे (यथा-

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सम्भव) पहिले २ में कम दोष है ॥११४॥ धर्म से प्राप्त इन सात प्रकार के धनों का आगम धर्मानुकूल है'—प्रथम वन्श से चले आये हुवे धन का दाय भाग, दूसरा भूमि आदि से दवा धन मिल जाना, तीसरे वेचना, चौथे संग्राम मे जय करना, पांचवें व्याज आदि से वढाना वा खेती करना)आदि, छठा नौकरी करना और सातवां सज्जन से दान लेना ॥११५॥ ये दश जीवन के हेतु हैं :- १ विद्या २ कारीगरी, ३ नौकरी, ४ सेवा, ५ पशुरक्षा, ६ दुकानदारी ७ खेती, सन्तोष, ९ भिक्षा और १० व्याज ॥११६॥

ब्राह्मणः क्षत्रियो वापि वृद्धिं नैव प्रयोजयेत् ।
कामंतु खलु धर्मार्थं दद्यात्पापीयसेऽल्पिकाम् ।११७।
चतुर्थमाददानोऽपि क्षत्रियो भागमापदि ।
प्रजारक्षन्परं शक्त्या किल्बिषात्प्रतिमुच्यते ॥११८॥

ब्राह्मण और क्षत्रिय सूद से धन वढाने को न दें। आपत्काल में चाहे तो धर्मकर्म निर्वाहार्थ नीच लोगों को थोड़ा धन देदे और थोड़ी सी वृद्धि लेले ॥११७॥ आपत्काल में धनादि का चतुर्थ भाग भी चाहे ग्रहण करता हो, परन्तु शक्ति से प्रजा की रक्षा करता हुआ राजा उस (अधिक कर लेने के) पाप से छूट जाता है ॥११८॥

स्वधर्मो विजयस्तस्य नाहवे स्यात्पराङ्मुखः ।
शस्त्रेण वैश्यान् रक्षित्वा धर्म्यमाहारयेद्बलिम् ।११९।
धान्ये ऽष्टमं विंशं शुल्कं विंशं कार्षापणावरम् ।
कर्मोपकरणाः शूद्राः कारवः शिल्पिनस्तथा ॥१२०॥

शत्रु का जय करना राजा का स्वधर्म है। संग्राम में पीठ न

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

देवे। शस्त्र से वैश्यों की रक्षा करके उन से उचित कर लेवे ॥११९॥ वैश्यों के धान्य उपचय (नफ़े) में आठवें भाग को राजा ग्रहण करे। और कार्षापण तक मुनाफ़ के भाग पर २० वां भाग ले। (पहिले धान्य का १२ वां और सुवर्णादि का ५० वां कहा था, यह आपत्काल में अधिक कहा है)। तथा शूद्र कारीगर बढ़ई आदि काम करके कार्यरूप ही कर देने वाले हैं (इन से विपत्ति में भी कर न लेवे) ॥१२०॥

शूद्रस्तु वृत्तिमाकाङ्क्षन्क्षत्रमाराधयेद्यदि ।
धनिनं वाप्युपाराध्य वैश्यं शूद्रो जिजीविषेत् ।१२१।

स्वर्गार्थमुभयार्थं वा विप्रानाराधयेत्तु सः ।
जातब्राह्मणशब्दस्य सा ह्यस्य कृतकृत्यता ॥१२२॥

शूद्र यदि जीविका चाहे तो क्षत्रिय की सेवा करे अथवा धनी वैश्य की सेवा करके निर्वाह करे ॥१२१॥ स्वर्ग और अपनी वृत्तिकी इच्छा वाला शूद्र ब्राह्मण की सेवा करे। "ब्राह्मण का सेवक" इस शब्द ही से इस की कृतकृत्यता है ("या तु ब्राह्मणमेवाऽस्य" यह एक पुस्तक में तृतीय पाद का पाठान्तर है) ॥१२२॥

विप्रसेवैव शूद्रस्य विशिष्टं कर्म कीर्त्यते ।
यदतोऽन्यद्धि कुरुते तद्भवत्यस्य निष्फलम् ॥१२३॥

प्रकल्प्या तस्य तैर्वृत्तिः स्वकुटुम्बाद्यथार्हतः ।
शक्तिं चावेक्ष्य दाक्ष्यं च भृत्यानां च परिग्रहम् ।१२४।

क्यों कि ब्राह्मणकी सेवा शूद्रको अन्य कर्मों से श्रेष्ठकर्म कहा है, इस लिये इस से अतिरिक्त जो कुछ करता है, वह इस का निष्फल है ॥१२३॥ उस परिचारक शूद्र की परिचर्या सामर्थ्य

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

और काम में चतुराई तथा उस के घर के पोष्यवर्ग का व्यय देख कर अपने घर के अनुसार उन (द्विजो) को जीविका नियत कर देनी चाहिये ॥१२४॥

उच्छिष्टमन्नं दातव्यं जीर्णानिवसनानि च ।
पुलाकाश्चैवधान्यानां जीर्णाश्चैव परिच्छदाः ॥१२५।
न शूद्रेपातकं किञ्चिन्न च संस्कारमर्हति ।
नास्याधिकारोधर्मेऽस्ति न धर्मात्प्रतिषेधनम् ।१२६।

भोजन से बचा अन्न और पुराने कपड़े और धान्यो की छटन तथा पुराना बरतन भाण्डा देना चाहिये ॥१२५॥ सेवक शूद्र को (द्विजों के घर का) कोई पातक नहीं है न कोई संस्कार योग्य है। क्यो कि न तो (उन द्विजो के) धर्म में इस को अधिकार है और न (अपने) धर्म से इस को निषेध है ॥१२६॥

धर्मेप्सवस्तु धर्मज्ञाः सतां वृत्तमनुष्ठिताः ।
मंत्रवर्जं न दुष्यन्ति प्रशंसां प्राप्नुवन्ति च ॥१२७॥

धर्म की इच्छा वाले तथा धर्म को जानने वाले शूद्र मन्त्र-वर्जित सत्पुरुषों का आचरण करते हुवे दोषको नहीं किन्तु प्रशंसा को प्राप्त होते हैं। (भाव यह है कि धर्मकार्य यज्ञादि करनेका शूद्रो को अधिकार (इस्तहक़ाक़) नहीं है। अर्थात् यदि द्विज लोग किसी शूद्र को अयोग्य समझ कर रोके तो उस का यह अधिकार (इस्तहक़ाक़) नहीं है कि वह राजद्वारादि से कानूनन अपना स्वत्व सिद्ध कर पावे। परन्तु उस को धर्म करनेकी मनाई भी नहीं है कि शूद्र धर्म करे ही नहीं, किन्तु (धर्मेप्सव) यदि शूद्र धर्म करना चाहें और (धर्मज्ञा:) धर्म करना जानते भी हों तो विना वेदमन्त्रो के उच्चारण ही यज्ञ होमादि कर सकते हैं। उस में उन को अमन्त्र होम का कोई दोष नहीं (क्यों कि वे पढ़ना जानते

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ही नहीं) प्रत्युत उन की प्रशंसा होती है कि वे धर्म मे श्रद्धा करते हैं) ॥१२७॥

यथा यथा हि सद्वृत्तमातिष्ठत्यनसूयकः ।
तथा तथेमं चामुं च लोकं प्राप्नोत्यऽनिन्दितः ॥१२८॥

निन्दारहित शूद्र जैसे २ गर्व छोड़ कर अच्छे आचरण करता है, वैसे २ इस लोक तथा परलोक मे उत्कृष्टता को प्राप्त होता है ॥१२८॥

शक्तेनापि हि शूद्रेण न कार्यो धनसञ्चयः ।
शूद्रोहि धनमासाद्य ब्राह्मणानेव बाधते ॥१२९॥
एते चतुर्णां वर्णानामापद्धर्माः प्रकीर्तिताः ।
यान्सम्यगनुतिष्ठन्तो व्रजन्ति परमां गतिम् ॥१३०॥

समर्थ शूद्र को भी धन सञ्चय न करना चाहिये, क्यो कि शूद्र धन को पाकर ब्राह्मणादि को ही बाधा देता है ॥१२९॥ ये चारो वर्णों के आपत्काल के धर्म कहे। जिन को अच्छे प्रकार आचरण करते हुवे (मनुष्य) मोक्ष को प्राप्त होते हैं ॥१३०॥

एष धर्मविधिः कृत्स्नश्चातुर्वर्ण्यस्य कीर्तितः ।
अतः परं प्रवक्ष्यामि प्रायश्चित्तविधिं शुभम् ॥१३१॥

यह सम्पूर्ण चारो वर्णों की कर्मविधि कही। इस के उपरान्त शुभ प्रायश्चित्त विधि कहूंगा ॥१३१॥

इति मानवे धर्मशास्त्रे (भृगुप्रोक्तायां संहितायां)
दशमोऽध्यायः ॥१०॥

इति श्री तुलसीरामस्वामिविरचिते मनुस्मृतिभाषानुवादे
दशमोऽध्यायः ॥१०॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ओ३म्

अथ एकादशोऽध्यायः

सान्तानिकं यक्ष्यमाणमध्वगं सर्ववेदसम् ।
गुर्वर्थं पितृमात्रर्थं स्वाध्यायार्थ्युपतापिनौ ॥१॥
नवैतान्स्नातकान्विद्याद्ब्राह्मणान् धर्मभिक्षुकान् ।
निःस्वेभ्यो देयमेतेभ्यो दानं विद्याविशेषतः ॥२॥

सन्तानार्थ विवाह के प्रयोजन वाला और ज्योतिष्टोमादि यज्ञ करनेकी इच्छावाला तथा मार्ग चलनेवाला और जिसने सम्पूर्णधन दक्षिणा देकर यज्ञ में लगा दिया वह, और गुरु तथा माता और पिता के लिये धनका अर्थी और विद्यार्थी और रोगी ॥१॥ इन ९ स्नातकों को धर्मभिक्षुक ब्राह्मण जाने और ये निर्धन हो तो इनको विद्या की विशेषताके अनुसार दान देना चाहिये॥२॥

एतेभ्योहि द्विजाग्रेभ्यो देयमन्नं सदक्षिणम् ।
इतरेभ्यो बहिर्वेदि कृतान्नं देयमुच्यते ॥३॥
सर्वरत्नानि राजा तु यथार्हं प्रतिपादयेत् ।
ब्राह्मणान्वेदविदुषो यज्ञार्थं चैव दक्षिणाम् ॥४॥

इन द्विजश्रेष्ठों को दक्षिणा के साथ अन्न देना चाहिये और दूसरों का वेदी के बाहर पका अन्न देना कहा है ॥३॥ राजा वेद का जानने वाले ब्राह्मणों को यज्ञ के लिये सम्पूर्ण रत्न दक्षिणा यथा योग्य देवे ॥४॥

कृतदारेऽपरान्दारान्भिक्षित्वा योऽधिगच्छति ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

रतिमात्रं फलं तस्य द्रव्यदातुस्तु सन्ततिः ॥५॥
धनानि तु यथाशक्ति विप्रेषु प्रतिपादयेत्।
वेदवित्सु विविक्तेषु प्रेत्य स्वर्गं समश्नुते ॥६॥

जो विवाहित पुरुष भिक्षा मांग कर दूसरा विवाह करता है उसको रतिमात्र फल कहा है। और उस की सन्तति द्रव्य देने वाले की है ॥५॥ यथाशक्ति वेद के जानने वाले निःसङ्ग ब्राह्मणों को धन देवे (उस से) परलोक में स्वर्ग को पाता है ॥६॥

यस्य त्रैवार्षिकं भक्तं पर्याप्तं भृत्यवृत्तये।
अधिकं वापि विद्येत स सोमं पातुमर्हति ॥७॥
अतः स्वल्पीयसि द्रव्ये यः सोमं पिबति द्विजः।
स पीतसोमपूर्वोऽपि न तस्याप्नोति तत्फलम् ॥८॥

जिस के आवश्यक व्यय तीन वर्ष तक कुटुम्बियों के निर्वाह योग्य धन वा इस से अधिक हो वह सोम यज्ञ करने योग्य है॥७॥ इससे कम द्रव्य होने में जो द्विज सोम यज्ञ करता है उस का प्रथम सोमयज्ञ भी नहीं सम्पन्न होता। (इस से दूसरा यज्ञ करना ठीक नहीं है) क्योंकि- ॥८॥

शक्तः परजने दाता स्वजने दुःखजीविनि।
मध्वापातो विषास्वादः स धर्मप्रतिरूपकः ॥९॥
भृत्यानामुपरोधेन यत्करोत्यौर्ध्वदेहिकम्।
तद्भवत्यसुखोदर्कं जीवतश्च मृतस्य च ॥१०॥

जो कुटुम्बियों के दुःखी भूखे मरते हुवे परजन को देता है वह मधु का त्याग और विष का चाटने वाला धर्म विरोधी है ॥९॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

पुत्र स्त्री इत्यादि को क्लेश देकर जो परलोक के लिये दानादि करते हैं वह दान इस लोक तथा परलोक मे उत्तरोत्तर दुःख देने वाला है ॥

(इस से आगे ५ पुस्तको में यह श्लोक अधिक प्रक्षिप्त है:-

[वृद्धौ च मातापितरौ साध्वी भार्या शिशुः सुतः।
अप्यकार्यशतं कृत्वा भर्तव्या मनुरब्रवीत् ॥]

बूढे मां बाप,सती स्त्री,बालक पुत्र, इनका भरण पोषण १०० अकाज करके भी करना चाहिये यह मनु ने कहा है) ॥१०॥

यज्ञश्चेत्प्रतिरुद्धः स्यादेकेनाङ्गेन यज्वनः।
ब्राह्मणस्य विशेषेण धार्मिके सति राजनि ॥११॥
यो वैश्यः स्याद्बहुपशुर्हीनक्रतुरसोमपः।
कुटुम्बात्तस्य तद् द्रव्यमाहरेद्यज्ञसिद्धये ॥१२॥

धार्मिक राजा के होते हुवे (क्षत्रियादि यजमानो का और) विशेष करके ब्राह्मण का यज्ञ किसी एक अङ्ग से रुका हो तो ॥११॥ जो वैश्य बहुत से गाय बैल वाला और यज्ञ न करने वाला तथा सोमयज्ञ रहित हो उसके घरसे यज्ञाङ्ग की सिद्धि को वह द्रव्य ले आवे ॥१२॥

आहरेत्त्रीणि वा द्वे वा कामं शूद्रस्य वेश्मनः।
न हि शूद्रस्य यज्ञेषु कश्चिदस्ति परिग्रहः ॥१३॥
योऽनाहिताग्निः शतगुरयज्वा च सहस्रगुः।
तयोरपि कुटुम्बाभ्यामाहरेदविचारयन् ॥१४॥

दो अङ्ग अथवा तीन अङ्ग की हीनता मे चाहे शूद्र के घर से भी अपने यज्ञ सिद्ध्यर्थ उन दो वा ३ वस्तुओं को ले आवे क्यो

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

कि शूद्र का यज्ञो मे खर्च भी कुछ नहीं है ॥१३॥ जो अग्निहोत्री नहीं है और शत १०० गौ परिमित धन उसके पास है तथा जिसने यज्ञ न किया हो और उसके पास सहस्र १००० गौ परिमित धन है उन दोनों के कुटुम्बो से भी बिना विचारे ले आवे ॥१४॥

आदाननित्याच्चा दातुराहरेदप्रयच्छतः ।
तथा यथाऽस्य प्रथते धर्मश्चैव प्रवर्धते ॥१५॥
तथैव सप्तमे भक्ते भक्तानि षडनश्नता ।
अश्वस्तनविधानेन हर्तव्यं हीनकर्मणः ॥१६॥

जिस के यहां (प्रतिग्रहादि मे) धन ग्रहण तो नित्य है और दान नहीं है उस से यज्ञ के लिये न देते हुवे से भी ले आवे । ऐसा करने से यश फैलता और धर्म बढ़ता है ॥१५॥ तीन दिन के भूखे को छः वार भोजन न मिला हो तो ७ वीं वार भोजनार्थ अगले दिन के लिये न लेकर हीन कर्मी से बिना आज्ञा भी लेलेने मे दोष नहीं है ॥१६॥

खलात्क्षेत्रादगाराद्वा यतोवाप्युपलभ्यते ।
आख्यातव्यं तु तत्तस्मै पृच्छतेयदिपृच्छति ॥१७॥
ब्राह्मणस्वं न हर्तव्यं क्षत्रियेण कदाचन ।
दस्युनिष्क्रिययोस्तु स्वमऽजीवन्हर्तुमर्हति ॥१८॥

खलिहान से वा खेत से वा मकान से वा जिस जगह से मिल जावे वहीं से (पूर्व श्लोकोक्त अवस्था मे) ले लेना चाहिये । यदि धन स्वामी पूछे तो उसको कह दे (कि छः वार की भूख मे लिया है) ॥१७॥ (इस दशा में भी) क्षत्रिय को ब्राह्मण की वस्तु कभी न लेनी चाहिये । क्षुधित क्षत्रिय को निष्क्रिय और दस्यु का धन

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

लेना योग्य है ॥१८॥

योऽसाधुभ्योऽर्थमादाय साधुभ्यः संप्रयच्छति ।
स कृत्वा प्लवमात्मानं संतारयति तावुभौ ॥१९॥
यद्धनं यज्ञशीलानां देवस्वं तद्विदुर्बुधाः ।
अयज्वनां तु यद्वित्तमासुरस्वं तदुच्यते ॥२०॥

जो असाधुओं से धन लेकर साधुओं को देता है वह अपने को नाव बनाकर दोनों को पार उतारता है ॥१९॥ सर्वदा यज्ञ करने वालों का जो धन है उसको पण्डित "देवधन" समझते हैं और यज्ञ न करने वालों का जो धन है वह 'आसुरधन' कहाता है ॥२०॥

न तस्मिन्धारयेद्दण्डं धार्मिकः पृथिवीपतिः ।
क्षत्रियस्य हि बालिश्याद्ब्राह्मणः सीदति क्षुधा ॥२१॥
तस्य भृत्यजनं ज्ञात्वा स्वकुटुम्बान्महीपतिः ।
श्रुतशीले च विज्ञाय वृत्तिं धर्म्यां प्रकल्पयेत् ॥२२॥

उस (६ वार की भूख मे परधन लेने वाले) को धार्मिक राजा दण्ड न देवे। क्योंकि राजा ही के मूढ होने से ब्राह्मण क्षुधा से पीडित होता है ॥२१॥ (बल्कि) उस ब्राह्मण के पुत्रादि पोष्यवर्गों और विद्या तथा सदाचार को जान कर राजा अपने निज से उस को धर्मानुकूल जीविका का प्रबन्ध करदे ॥२२॥

कल्पयित्वाऽस्य वृत्तिं च रक्षेदेनं समन्ततः ।
राजाहि धर्मषड्भागं तस्मात्प्राप्नोति रक्षितात् ॥२३॥
न यज्ञार्थं धनं शूद्राद्विप्रोभिक्षेत कर्हिचित् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

यजमानोऽहि भिक्षित्वा चण्डालः प्रेत्य जायते ।२४।

इस (ब्राह्मण) की जीविका नियत करके सब ओर से इसकी रक्षा करे। क्योंकि उस की रक्षा से धर्म का छटा भाग राजा को प्राप्त होता है ॥२३॥ यज्ञ के लिये ब्राह्मण शूद्र से धन कभी न मांगे क्योंकि (शूद्र से) भिक्षा माग कर यज्ञ करने वाला मरने पर चण्डाल होता है ॥२४॥

यज्ञार्थमर्थं भिक्षित्वा यो न सर्वं प्रयच्छति ।
स यातिभासतां विप्रः काकतां वा शतं समाः ।२५।

देवस्वं ब्राह्मणस्वं वा लोभेनोपहिनस्ति यः ।
स पापात्मा परे लोके गृध्रोच्छिष्टेन जीवति ।२६।

यज्ञ के लिये भिक्षा मांग कर जो सब नहीं लगाता वह सौ वर्ष तक भास (गोष्ठकुक्कुट) वा काक होता है ॥२५॥ देव धन और ब्राह्मण धन को जो लोभ से हरता है वह पापात्मा परलोक में गिद्ध की झूंठ से जीवता है ॥२६॥

"इष्टिं वैश्वानरीं नित्यं निर्वपेदब्दपर्यये ।
क्लृप्तानां पशुसोमानां निष्कृत्यर्थमसम्भवे ॥२७॥"

आपत्कल्पेन यो धर्मं कुरुतेऽनापदि द्विजः ।
स नाप्नोति फलं तस्य परत्रेति विचारितम् ॥२८॥

(वर्ष के समाप्त होने में दूसरे वर्ष की प्रवृत्ति को अब्दपर्यय कहते हैं) उस चैत्र शुक्ल से आदि लेकर वर्ष की प्रवृत्ति में विहित सोमयज्ञ के न हो सकनेमे उसके दोष दूर करने को सर्वदा शूद्रादि से उक्त धन हरण रूप पापके प्रायश्चित्तार्थ वैश्वानरी इष्टि करे" ४। २६-२७ के हेतुओं से भी यह प्रक्षिप्त है) ॥२७॥ जो द्विज

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

आपत्काल के धर्म को अनापत्काल में करता है उस का कर्म पर-लोक में निष्फल होता है। ऐसा विचार है ॥२८॥

विश्वैश्चदेवैः साध्यैश्च ब्राह्मणैश्च महर्षिभिः ।
आपत्सु मरणाद्भीतैर्विधेः प्रतिनिधिः कृतः ॥२९॥

प्रभुः प्रथमकल्पस्य योऽनुकल्पेन वर्त्तते ।
न साम्परायिकं तस्य दुर्मतेर्विद्यते फलम् ॥३०॥

क्यों कि सब देवों और साध्यो तथा महर्षि और ब्राह्मणो ने आपत्कालमें मरणसे डर कर विधि का प्रतिनिधि आपद्धर्म नियत किया है ॥२९॥ जो मुख्यानुष्ठान करने की शक्ति वाला होकर आपतके लिये विहित प्रतिनिधि अनुष्ठान करता है उस दुर्बुद्धि को पारलौकिक फल नहीं है (इस से ऐसा न करे) ॥३०॥

न ब्राह्मणो वेदयेत किञ्चिद्राजनि धर्मवित् ।
स्ववीर्येणैव तान् शिष्यान्मानवानऽपकारिणः ॥३१॥

स्ववीर्याद्राजवीर्याच्चस्ववीर्यं बलवत्तरम् ।
तस्मात्स्वेनैव वीर्येण निगृह्णीयादरीन्द्विजः ॥३२॥

धर्म का जानने वाला ब्राह्मण कुछ थोडे (नुकसान हुवे) को राजा से न कहे किन्तु अपने ही पुरुषार्थ से उन अपकार करने वाले मनुष्यों को शिक्षा देवे ॥३१॥ अपना सामर्थ्य और राजा का सामर्थ्य इन दोनोंमें अपना सामर्थ्य अधिक बलवान है। इस कारण ब्राह्मण अपने ही सामर्थ्य से शत्रुओ का निग्रह करे ।३२।

श्रुतीरथर्वाङ्गिरसीः कुर्यादित्यविचारयन् ।
वाक्शस्त्रं वै ब्राह्मणस्य तेन हन्यादरीन्द्विजः ।३

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

क्षत्रियो बाहुवीर्येण तरेदापदमात्मनः ।
धनेन वैश्यशूद्रौ तु जपहोमैर्द्विजोत्तमः ॥३४॥

अथर्ववेद की दुष्टाभिचार श्रुतियो की (बिना विचार) शीघ्र प्रयोग करे। इसी अभिचार के उच्चारण रूप शस्त्र वाला होने से ब्राह्मण की वाणी शस्त्र है। ब्राह्मण उस से शत्रुओ को मारे।३१। क्षत्रिय बाहुबल से अपनी आपत्ति दूर करे वैश्य और शूद्र धन से तथा ब्राह्मण जप होम से आपद् को दूर करे॥

(३१ से ३४ तक चारो वर्णों को अपनी २ आपत्ति से बचने के लिये उपदेश हैं। क्षत्रिय बल और वैश्य शूद्र धन वा दीनता से अपने को बचावें। परन्तु ब्राह्मण का धन वेद है वह वेद से आपे को बचावे। अथर्ववेदादि मे जो शत्रुसे अपनी रक्षाकी प्रार्थना और शत्रु के नाश की प्रार्थना है उन्हीं को परमात्मा से सहायतार्थ मांगे। परमात्मा उस के सच्चे ब्राह्मणत्व को जानता हुवा अवश्य उस की रक्षा का साधन कुछ न कुछ उत्पन्न करदेगा। आस्तिको को उसमें कुछ सन्देह नहीं हो सकता। परन्तु ऐसे ब्राह्मण सहस्रो वर्षमें कोई कभी होतेहैं बहुतनहीं तथासबके हितकारी होनेसे उनकेसाथ शत्रुता भी बहुतही थोडे लोग करते हैं। परन्तु तौ भी ३३ वेमे जो ब्राह्मण को पराये हननके लिये प्रार्थना करनेको उत्तेजित किया है सो कुछ अनुचित जान पड़ता है। यूं तो अपने २ दुःखों और दुःखदायको का निवारण सभी चाहते हैं परन्तु ब्राह्मणको इसप्रकार उत्तेजित करना कि (हन्यादेव) "मारेही" और (अविचारयन्)बिना विचारे शीघ्रही भला कुछठीक है इसके अतिरिक्त इसमें (इत्यविचारयन्) में "इति" शब्द बेढङ्गा और निरर्थक है ? जो मनु की शैली से नहीं मिलता। तथा एक पुस्तक में इस की जगह (इत्यवधारितम्) और अन्य दो पुस्तको में इत्यभिचारयन् पाठान्तर हैं और

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

इति शब्द सब पाठों में व्यर्थ ही रहता है। तथा इस से आगे ३० पुस्तकों में से १ में नीचे लिखा श्लोक अधिक मिलता है। जिससे यह सन्देह पुष्ट सा होता है कि ऊपर का ३० वां भी जिसके पाठ भी कई प्रकारके मिलते हैं औरशैलीभी भिन्न है कदाचितपीछे का बनाही हो। अधिक श्लोक जो सब पुस्तकों मेंनहीं मिलने पाया है यह है.-

[तदस्त्रं सर्ववर्णानामानवार्यं च शक्तितः।
तपोवीर्यप्रभावेण अवध्यानपि वाधते] ॥

अर्थात् तप वीर्य के प्रभाव से जो अवध्यों को भी बाधा कर सकता है वह वह अस्त्र शक्ति में किसी वर्ण से निवारित नहीं हो सकता ॥३४ वें श्लोक के बीच में ही पूर्वार्ध से आगे आधा श्लोक दो पुस्तकों मे और मिलाया दीख पड़ता है कि.-

[तद्धि कुर्वन् यथाशक्ति प्राप्नोति परमां गतिम्]

इस से यह भी पाया जाता है कि कई श्लोकों में अर्ध भाग भी प्रक्षिप्त हुवा है) ॥३४॥

विधाता शासिता वक्ता मैत्रोब्राह्मणउच्यते।
तस्मैनाकुशलं ब्रूयान्न शुष्कां गिरमीरयेत् ॥३५॥
नवै कन्या न युवतिर्नाल्पविद्यो न बालिशः।
होता स्यादग्निहोत्रस्य नार्तोनामसंस्कृतस्तथा ॥३६॥

विहित कर्मों का अनुष्ठान करने वाला पुत्र शिष्यों को शिक्षा करने वाला और प्रायश्चित्तादि धर्मों का बताने वाला सबका मित्र ब्राह्मण कहा है। उस से कोई बुरी बात न बोले और रूखी बोली भी न बोले ॥३५॥ कन्यायुवति थोड़ा पढ़ा और कुपढ़ तथा बीमार

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

और संस्काररहित ऐसे लोग अग्निहोत्र के होता नियत न हो (इस से वृद्धा स्त्रियों को भी होता बनाना पाया जाता है) ॥३६॥

नरके हि पतन्त्येते जुह्वतः स च यस्य तत् ।
तस्माद्वैतानकुशलो होता स्याद्वेदपारगः ॥३७॥
प्राजापत्यमदत्वाश्वमग्न्याधेयस्य दक्षिणाम् ।
अनाहिताग्निर्भवति ब्राह्मणो विभवे सति ॥३८॥

(कन्यादि) होता बनाये जानेके अनधिकारी (होता बन कर) और जिसका वह अग्नि होत्र है वह (यजमान) भी नरक को प्राप्त होता है। इस कारण श्रौत कर्म मे प्रवीण और सम्पूर्ण वेद का जानने वाला होता होना चाहिये ॥३७॥ धन के होते हुवे प्रजापति देवता के निमित्त अश्व और अग्न्याधेय की दक्षिणा न देवे तो ब्राह्मण अनाहिताग्नि हो जाता है (अर्थात् उस को आधान का फल प्राप्त नही होता) ॥३८॥

पुण्यान्यन्यानि कुर्वीत श्रद्दधानो जितेन्द्रियः ।
न त्वल्पदक्षिणैर्यज्ञैर्यजेतेह कथञ्चन ॥३९॥
इन्द्रियाणि यशः स्वर्गमायुः कीर्त्तिं प्रजाः पशून् ।
हन्त्यल्पदक्षिणोयज्ञस्तस्मान्नाल्पधनो यजेत् ॥४०॥

जितेन्द्रिय श्रद्धा वाला अन्य पुण्य कर्मों को करे परन्तु थोड़ी दक्षिणा के यज्ञ से कभी यजन न करे ॥३९॥ इन्द्रियो यश, स्वर्ग, आयुः कीर्त्ति प्रजा और गौ आदि पशुओ को थोड़ी दक्षिणा वाला यज्ञ नष्ट करता है इस लिये थोड़े धन वाला यज्ञ न करे (तात्पर्य यह है कि थोड़े धन वाला यज्ञ करे तो ऋत्विजो को थोड़ी दक्षिणा से दुःख होगा यजमान भी निर्धन होजायगा, भूखा मरेगा और

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

तब ४० वें में कही हानियें होंगी री। परन्तु यह थोड़ी दक्षिणा के यज्ञ की बुराई [निन्दार्थवाद] कुछ अत्युक्ति सी प्रतीत होती है और ४० वे से आगे ६ पुस्तकों में यह श्लोक अधिक भी पाया जाता है:-

[अन्नहीनो दहेद्राष्ट्रं मन्त्रहीनस्तु ऋत्विजः ।
दीक्षितं दक्षिणाहीनोनास्ति यज्ञसमोरिपुः ॥]

अन्नहीन यज्ञ राज्य को फूंकता है। मन्त्रहीन ऋत्विजों का नाश करता है दक्षिणाहीन दीक्षितको नष्ट करता है। यज्ञके समान कोई शत्रु नहीं ॥ इस से यह भी सन्देह होता है कि ४० वां श्लोक भी कदाचित् हीन यज्ञ की निन्दापरक पीछे से ही बढ़ाया गया हो जैसे कि यह केवल छः पुस्तकों में ही है) ॥४०॥

अग्निहोत्र्यपविध्याग्नीन् ब्राह्मणः कामकारतः ।
चान्द्रायणं चरेन्मासं वीरहत्यासमं हि तत् ॥४१॥
ये शूद्रादधिगम्यार्थमग्निहोत्रमुपासते ।
ऋत्विजस्ते हि शूद्राणां ब्रह्मवादिषु गर्हिताः ॥४२॥

अग्निहोत्री ब्राह्मण इच्छा से अग्नि मे सायं प्रातः होम न करे तो एकमासपर्यन्त चान्द्रायण व्रत करे। क्योंकि वह पुत्रहत्यासम पापं है ॥४१॥ जो शूद्र से धन लेकर अग्निहोत्र किया करते हैं, वे वेदपाठियों में निन्दित हैं क्यों कि(एक प्रकार से) वे शूद्रों के ऋत्विज् हैं ॥४२॥

तेषां सततमज्ञानां वृषलाग्न्युपसेविनाम् ।
पदा मस्तकमाक्रम्य दाता दुर्गाणि संतरेत् ॥४३॥
अकुर्वन्विहितं कर्म निन्दितं च समाचरन् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

प्रसक्तश्चेन्द्रियार्थेषु प्रायश्चित्तीयते नरः ॥४४॥

उन [शूद्रो के धनसे सदा यज्ञ करने वाले मूर्ख ब्राह्मणों के शिर पर पैर रख कर वह दाता (शूद्र) दुःखो से तरता है (अर्थात् यज्ञ कराने वालों को सदा शूद्र से दबना पड़ता है) ॥४३॥ विहित कर्म को न करता और निन्दित को करता हुवा तथा इन्द्रियों के विषय मे आसक्त मनुष्य प्रायश्चित के योग्य हो जाता है ॥४४॥

अकामत कृते पापे प्रायश्चित्तं विदुर्बुधाः ।
कामकारकृतेऽप्याहुरेके श्रुतिनिदर्शनात् ॥४५॥
अकामतः कृतं पापं वेदाभ्यासे शुद्ध्यति ।
कामतस्तुः कृतं मोहात्प्रायश्चित्तैः पृथग्विधैः ॥४६॥

विद्वान् लोग विना इच्छा से किये पाप पर प्रायश्चित्त कहते हैं। दूसरे आचार्य वेद के देखने से कहते हैं कि इच्छा से किये में भी (प्रायश्चित्त होना चाहिये) ॥४५॥ विना इच्छा से किया पाप वेदाभ्यास से शुद्ध होता है और मोह वश इच्छा से किया हुवा पाप नाना प्रकार के प्रायश्चितों से शुद्ध होता है ॥४६॥

प्रायश्चित्त का विचार

प्रायः पापं विजानीयाच्चित्तं वै तद्विशोधनम्

और:—

प्रायोनम तपः प्रोक्तं चित्तं निश्चय उच्यते ।
तपो निश्चयसंयुक्तं प्रायश्चित्तं तदुच्यते ॥
प्रायशश्च समं चित्तं चारयित्वा प्रदीयते ।
पर्षदा कार्यते यत्तु प्रायश्चित्तं तदुच्यते ॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

तथा—

योऽदृष्टजन्मवेदनीयोऽनियतविपाकस्तस्य त्रयी गति । कृतस्यापक्वस्य नाश. प्रधानकर्मण्यावापगमनं वा नियतविपाक प्रधानकर्मणाभिभूतस्य वा चिरमवस्थानमिति । यथा शुक्लकर्मोदयादिहैव नाशः कृष्णस्य । यत्रेदमुक्तं द्वे द्वे कर्मणी वेदितव्ये । (इत्यादि) ॥ यह व्यासभाष्य योगदर्शन के—

सति मूले तद्विपाको जात्यायुर्भोगाः ॥ २ । १३ ॥

इस सूत्र पर है। जिसका तात्पर्य यह है कि जो पूर्व जन्म का जानने योग्य अनियतविपाक कर्म है, उसकी ३ गति हैं । १-अपक्व कृत का नाश २-वा प्रधान कर्म के भीतर भुगता जाना, ३ वा नित्य विपाक प्रधान कर्म से दबे हुवे का बहुत काल तक स्थित रहना। जैसे पुण्य कर्म के उदय से पाप का वा श्वेतकर्म-वस्त्र धोने आदि से कलौंस का यहीं नाश हो जाता है जिस मे यह कहा गया है कि दो दो कर्म पाप पुण्य भेद से जानने चाहियें इत्यादि ॥

अब जानना यह है कि पाप क्या वस्तु है और उसकी निवृत्ति किस प्रकार हो सकती है ? जिस प्रकार एक लकड़ी को मोड़ने रहने से वह तिरछी हो जाती है और वह सीधे कर्मों के योग्य नहीं रहती इसी प्रकार आत्मा भी पराऽपकारादि पाप से अवस्थान्तर को प्राप्त होकर शुद्ध अवस्था से भोग्य शुभ फलों के योग्य नहीं रहता। वा जिस प्रकार स्वच्छ वस्त्र पर जो रङ्ग काले वा अच्छे लगाये जावें उन २ से वस्त्र की [वह २ रङ्गत हो जाती हैं। और उस रङ्ग विशेष से वह वस्त्र रङ्गानुसार पुष्ट वा क्षीण भी होता है। इसी प्रकार आत्मा भी विचित्र कर्मों के करनेसे विचित्र अवस्थाओं को प्राप्त हो जाता है और अवस्थानुसार ही फलभोग को योग्यता वा अयोग्यता होती हैं। इसी प्रकार कुकर्म से आत्मा में एक प्रकार की वासना विषमता वा मलीनता उत्पन्न हो जाती

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

है। उसको दूर करने का उपाय भोग है। वह भोग दो प्रकार का है। एक ईश्वर वा राजा की व्यवस्था से परवश होकर भोगना दूसरा अपने आप ही समझ कर कि मैंने यह बुरा किया है जिससे मेरे आत्मा में पाप वास करता है जो मुझे अनिष्ट है। (स्मरण रहे कि यहां "आत्मा" शब्द का प्रयोग हमने अन्तःकरण सहित आत्मा के लिये किया है। केवल आत्मा मे पाप पुण्य नहीं लग सकते) मनुष्य विद्वान् लोगों से कहे कि मैंने यह पाप किया है इस से मेरा आत्मा घुटता है इसकी निवृत्ति का उपाय बताइये। तब वे लोग देश काल अवस्था के विचार से शास्त्रानुसार वा शास्त्र में स्पष्ट न कहा हो तो शास्त्र की अविरोधनी अपनी कल्पना से प्रायश्चित बतावें। वहपापी श्रद्धा, नम्रता और पश्चातापसे युक्त उस २ से अनुष्ठान करे। जो कष्ट हो उनको सहे आगे को अपना सुधार करे। यथार्थ मे राजदण्डादि से भी तो इस से अधिक फल नहीं होता। क्योंकि एक पुरुष ने दूसरे को थप्पड़ मारा और मार ने वाले को राजदण्ड होगया तो उस राजदण्ड से जिसके थप्पड़ लगा था उसकी चोट दूर नहीं हुई किन्तु एक तो उस थप्पड़ से पिटने वाले को जो दुःख था सो इस अपराधी को दण्ड मिलने मे शान्ति वा सन्तोप सा होकर चित्तविपमता का निवारक हुवा दूसरे अपराधी को यह वलपूर्वक ज्ञात कराया कि ऐसा काम करना योग्य न था। जिससे इसके चित्त की भी आगेके लिये और देखने वालो को पाप करने से पूर्व ही ग्लानि होकर उत्तरोत्तर संसार में शान्ति का प्रसार हुवा तो प्रायश्चित का फल सोचें तो एक प्रकार से राजदण्ड से भी उत्तम हो सकता है। क्योंकि वलात्कार से जब कभी एक पुरुष हानि उठाकर हानि कारक को राजद्वार से दण्ड दिलाता है तो कभी २ ऐसा देखा गया है कि कारागार से छूटते ही आकर पूर्व द्वेष से उसी अपराधी ने उसी पुरुष को द्वेष के

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

शब्द प्रकट करके कि तूने ही मुझे जेल मे भेजवाया था, उस से भी अधिक हानियें फिरकी हैं। परन्तु जबकि मनुष्य स्वयं अपराध स्वीकार करके प्रायश्चित करता है तब ऐसा नही हो सकता॥ प्रथः ऐसे भी प्रायश्चित हैं जिनमें बड़ा अपराध है और भोग थोड़ा जान पड़ता है परन्तु देशकाल अवस्था के विचार से ऐसा होना ही चाहिये। एक पुरुष को बेत मारनेसे जितनी शिक्षा मिल सकती है दूसरे को "तुमने बुरा किया" इतना कहने का ही उस बेत खानेवाले से भी अधिक शिक्षादायक प्रभाव हो जाताहै। ऐसे ही देश और काल से भी भेद समझिये। सभ्य देशों के समझदार मनुष्यों को तो 'क्षमा मांगने" से ही जितनी शिक्षा होती है उतनी असभ्य अशिक्षितों को कभी२ वध से भी नहीं होती। इत्यादि बहुत दूर तक विचार फैलाने से प्रायश्चित्त की सार्थकता समझमें आ सकती है। यहां थोड़ा ही लिखकर समाप्त करते हैं) ॥४६॥

प्रायश्चित्तीयतां प्राप्य दैवात्पूर्वकृतेन वा।
न संसर्गं व्रजेत्सद्भिः प्रायश्चित्तेऽकृते द्विजः ॥४७॥
इह दुश्चरितैः केचित्केचित्पूर्वकृतैस्तथा।
प्राप्नुवन्ति दुरात्मानो नरा रूपविपर्ययम् ॥४८॥

दैववश वा पूर्व जन्म के पाप से द्विज प्रायश्चित के योग्य होकर प्रायश्चित विना किये सज्जनों के साथ संसर्ग न करे (४७ वें से आगे एक पुस्तक में "प्रायो नाम तपः प्रोक्तम्' इत्यादि श्लोक अधिक है) ॥४७॥ कोई इस जन्म के और पूर्व जन्म के दुराचरण से दुरात्मा मनुष्य, रूप की विपरीतता को प्राप्त होते हैं ॥४८॥ जैसा कि—

सुवर्णचौरः कौनख्यं सुरापः श्यावदन्तताम्।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ब्रह्महा क्षयरोगित्वं दौश्चर्म्यं गुरुतल्पगः ॥४६॥
पिशुनः पौतिनासिक्यं सूचकः पूतिवक्त्रताम् ।
धान्यचौरोऽङ्गहीनत्वमातिरेक्यं तु मिश्रकः ॥५०॥

सोने का चुराने वाला कुनखी होता है और मदिरा पीने वाला काले दांत को और ब्रह्महत्या करने वाला क्षयरोगिता को तथा गुरु की स्त्री से गमन करने वाला दुष्ट चर्म को पाता है ॥४९॥ चुगली करने वाला दुर्गन्ध नासिका को और झूंठी निन्दा करने वाला दुर्गन्ध मुख को और धन चुराने वाला अङ्गहीनता को और धान्य में अन्य वस्तु मिलाने वाला अधिकाङ्गता को (प्राप्त होता है) ।५०।

अन्नहर्तामयावित्वं मौक्यं वागपहारकः ।
वस्त्रापहारकः श्वैत्र्यं पंगुतामश्वहारकः ।५१।

अन्न चुराने वाला मन्दाग्निता को वाणी का चुराने वाला गूंगेपन को कपड़े का चुराने वाला श्वेत कोढ़ और घोड़ेका चुराने वाला पंगुपन को (प्राप्त होता है) (५१ वें से आगे अर्द्ध श्लोक २० पुस्तकों में अधिक है और रामचन्द्र ने उसपर टीका भी की है:—

[दीपहर्ता भवेदन्धः काणोनिर्वापको भवेत्]

दीपक चुराने वाला अन्धा और (चोरी से) दीपक बुझाने वाला काणा होता है। अन्य ९ पुस्तकों मे इसी से आगे उत्तरार्ध-रूप और भी अर्ध श्लोक उपस्थित है कि:—

[हिंसया व्याधिभूयस्त्वमरोगित्वमहिंसया]

(हिंसा से बहुत रोगीपना और अहिंसा से नीरोगता होतीहै ।५१।

एवंकर्मविशेषेण जायन्ते सद्विगर्हिताः ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

जडमूकान्धबधिरा विकृताकृतयस्तथा ।।५२।

इस प्रकार कर्मविशेष से सज्जनों से निन्दित जड़, मूक, अन्ध बधिर और विकृत आकृति वाले उत्पन्न होते हैं ।।५२।।

चरितव्यमतो नित्यं प्रायश्चित्तं विशुद्धये ।
निन्द्यैर्हि लक्षणैर्युक्ता जायन्तेऽनिष्कृतैनसः ।।५३।।

ब्रह्महत्या सुरापानं स्तेयं गुर्वङ्गनागमः ।
महान्ति पातकान्याहुः संसर्गश्चापि तैः सह ।५४।

बिना प्रायश्चित करने वाले निन्द्य लक्षणों से युक्त उत्पन्न होते हैं । इस कारण शुद्धि के लिये प्रायश्चित अवश्य करना चाहिये ।।५३।। ब्रह्महत्या मदिरापान चोरी गुरु की स्त्री से व्यभिचार इनको महापातक कहते हैं और इन महापातकियों के साथ रहना भी (उसी के समान है) ।।५४।।

अनृतं च समुत्कर्षे राजगामि च पैशुनम् ।
गुरोश्चालीकनिर्बन्धः समानि ब्रह्महत्यया ।५५।

ब्रह्मोज्झता वेदनिन्दा कौटसाक्ष्यं सुहृद्वधः ।
गर्हितानाद्ययोर्जग्धिः सुरापानसमानि षट् ।५६।

अपनी बड़ाई के लिये असत्य भाषण करना राजा से चुगली करना और गुरु से झूंठी खबर कहना ये ब्रह्महत्या के समान हैं ।।५५।। वेद को त्यागना वेद की निन्दा करना झूंठी गवाही देना तथा मित्र का वध निन्दित लशुनादि और पुरीषादि अभक्ष्य का भक्षण ये छः सुरापान के समान हैं ।।५६।।

निक्षेपस्यापहरणं नराश्वरजतस्य च ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

भूमिवज्रमणीनां च रुक्मस्तेयसमं स्मृतम् ॥५७॥
रेतः सेकः स्वयोनीषु कुमारीष्वन्त्यजासु च ।
सख्युः पुत्रस्य च स्त्रीषु गुरुतल्पसमं विदुः ॥५८॥

धरोहर और मनुष्य, घोड़ा चान्दी, भूमि, हीरा और मणियों का हर लेना सुवर्ण की चोरी के समान हैं ॥५७॥ सहोदरा भगिनी कुमारी चाण्डाली सखा और पुत्र की स्त्री इनसे व्यभिचार करना गुरुभार्यागमन के सामन (महापातक) है ॥५८॥

गोवधोऽयाज्यसंयाज्यपारदार्यात्मविक्रयाः ।
गुरुमातृपितृत्यागः स्वाध्यायाग्नयोः सुतस्य च ॥५९॥
परिवित्तितानुजेऽनूढे परिवेदनमेव च ।
तयोर्दानं च कन्यायास्तयोरेव च याजनम् ॥६०॥

गाय का मारना, दुष्टों को यज्ञ कराना, परस्त्री गमन करना, आत्मा का बेचना गुरु, माता-पिता-ब्रह्मयज्ञ-श्रौतस्मार्त अग्नि में होम और पुत्र का त्यागना ॥५९॥ छोटे का पहिले विवाह करने में ज्येष्ठ की परिवित्तिता कनिष्ठ को परिवेत्ता होना, उन दोनों को कन्या देना और उन दोनों को यज्ञादि कराना ॥६०॥

कन्यायादूषणं चैव वार्धुष्यं व्रतलोपनम् ।
तडागारामदाराणामपत्यस्य च विक्रयः ॥६१॥
व्रात्यताबान्धवत्यागो भृत्याध्यापनमेव च ।
भृताच्चाध्ययनादानमपण्यानां च विक्रयः ॥६२॥

और कन्या का दूषित करना, (वैश्य न होकर) सूद का लेना व्रतभङ्ग करना, तालाब, बगीचा, स्त्री और सन्तान का बेचना

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

॥६१॥ यथोचित काल में उपनयन का न होना बान्धवों का त्याग नियत वेतन लेकर पढाना. और ऐसे ही देकर पढ़ने का ग्रहण बेचने के अयोग्य वस्तु का बेचना ॥६२॥

सर्वाकरेष्वधीकारो महायन्त्रप्रवर्त्तनम् ।
हिंसौषधीनां स्त्र्याजीवोऽभिचारोमूलकर्म च ॥६३॥

इन्धनार्थमशुष्काणां द्रुमाणामवपातनम् ।
आत्मार्थं च क्रियारम्भो निन्दितान्नादनं तथा ॥६४॥

सुवर्णादि सम्पूर्ण खानों में अधिकार, बड़े भारी यन्त्र का चलाना, औषधियों का काटना भार्यादि स्त्रियों से (वेश्यावत करके) आजीवन करना मारण और वशीकरण ॥६३॥ इन्धन के लिये हरे वृक्षों को काटना. (देव पितरों के उद्देश विना केवल) आत्मार्थ पाकादि काम करना और निन्दित अन्न का भक्षण ॥६४॥

अनाहिताग्निता स्तेयमृणानामनपक्रिया ।
असच्छास्त्राधिगमनं कौशीलव्यस्य च क्रिया ॥६५॥
धान्य कुप्यपशुस्तेयं मद्यपस्त्रीनिषेवणम् ।
स्त्रीशूद्रविट् क्षत्रवधोनास्तिक्यं चोपपातकम् ॥६६॥

अग्निहोत्र न करना. चोरी करना, ऋणों का न चुकाना, असत् शास्त्रों का पढ़ना, नाचने गाने, बजाने का सेवन ॥६५॥ धान्य कुप्य और पशुओं की चोरी, मद्य पीने वाली स्त्री से व्यभिचार स्त्री शूद्र. वैश्य. क्षत्रिय का वध और नास्तिकता (ये सब) उपपातक हैं।

(तड़ागादि के बेचने से पुण्य कर्म रुकता है। नौकरीके पढ़ने पढ़ाने में गुरु शिष्य का पूर्ण भाव नहीं रहता है। खानि खुदवाने

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

के ठेके लेने और महायन्त्रों के चलवाने में जीवों की हिंसा है। उसके प्रायश्चित्त उन लोगों को करने चाहियें। मारण में दूसरे का स्पष्ट अपकार है। वशीकरण में दूसरे को अज्ञानी वा पराधीन करना बुरा है। (वशीकरण किसी के पास सुन्दर स्त्री आदि भेज कर उस को मोहित करने से होता है) ॥६६॥

ब्राह्मणस्य रुजः कृत्या घ्रातिरघ्रेयमद्ययोः।
जैह्म्यं च मैथुनं पुंसि जातिभ्रंशकरं स्मृतम् ॥६७॥
खराश्वोष्ट्रमृगेभानामजाविकवधस्तथा।
संकरीकरणं ज्ञेयं मीनाहिमहिषस्य च ॥६८॥

ब्राह्मण को लाठी आदि से पीड़ा देने की क्रिया करना दुर्गन्ध और मद्यका सूंघना कुटिलता करना तथा पुरुषसे मैथुन करना इन को जातिभ्रंशकर पातक कहा है ॥६७॥ गर्दभ, तुरङ्ग, उष्ट्र, मृग, हस्ती बकरा भेड़, मत्स्य, सर्प महिष, इन में प्रत्येक के वध को "सङ्करीकरण, कहते हैं ॥६८॥

निन्दितेभ्यो धनादानं वाणिज्यं शूद्रसेवनम्।
अपात्रीकरणं ज्ञेयमसत्यस्य च भाषणम् ॥६९॥
कृमिकीटवयोहत्या मद्यानुगतभोजनम्।
फलैधः कुसुमस्तेयमधैर्यं च मलावहम् ॥७०॥

अप्रतिग्राह्य पुरुषों के धन का प्रतिग्रह लेना, (वैश्य न होकर) वाणिज्य करना शूद्र की परिचर्या और झूंठ बोलना, इन को "अपात्रीकरण" जाने ॥६९॥ कीड़े मकौड़े पक्षी की हत्या मद्य के साथ मिला भोजन फल इन्धन और पुष्प का चुराना और अधीरता को "मलिनीकरण" कहते हैं ॥७०॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

एतान्येनांसि सर्वाणि यथोक्तानि पृथक् पृथक् ।
यैर्यैव्रतैरपोह्यन्ते तानि सम्यङ्निबोधत ॥७१॥

ब्रह्महा द्वादशसमा कुटीं कृत्वा वने वसेत् ।
भैक्षाश्यात्मविशुद्ध्यर्थं कृत्वा शवशिरोध्वजम् ।७२।

ये सब ब्रह्महत्यादि पाप जैसे अलग अलग कहे गये, वे जिन जिन व्रतों से नाश को प्राप्त किये जाते हैं, उन को अच्छे प्रकार सुनों ॥७१॥ ब्राह्मण का हत्यारा वन मे कुटी बना कर मुरदे के सिरका चिह्न करके, भीख मांग कर खाता हुवा अपनी शुद्धि के लिये बारह वर्ष रहे ॥७२॥

लक्ष्यं शस्त्रभृतां वा स्याद्विदुषामिच्छयात्मनः ।
प्रास्येदात्मानमग्नौ वा समिद्धे त्रिरवाक्शिराः ।७३।

यजेत वाश्वमेधेन स्वर्जिता गोसवेन वा ।
अभिजिद्विश्वजिद्भ्यां वा त्रिवृताग्निष्टुतापि वा ।७४।

अथवा शस्त्रधारण करने वाले विद्वानो का अपनी इच्छा से निशाना बने । अथवा नीचे शिर करके जलती हुई अग्नि में अपने को तीन वार डाले ॥७३॥ अथवा अश्वमेध यज्ञ करे वा स्वर्जित गोसवन, अभिजित् ,विश्वजित्, त्रिवृत् या अग्निष्टुत् (ये यज्ञ विशेष) करे ॥७४॥

जपन्वाऽन्यतमं वेदं योजनानां शतं व्रजेत् ।
ब्रह्महत्यापनोदाय मितभुङ्नियतेन्द्रियः ॥७५॥

सर्वस्वं वेदविदुषे ब्राह्मणायोपपादयेत् ।
धनं वा जीवनायाऽलं गृहं वा सपरिच्छदम् ॥७६॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अथवा ब्रह्महत्या के दूर करने को किसी एक वेद का जप करता हुवा, सौ योजन गमन करे, थोड़ा खावे और जितेन्द्रिय होकर रहे ॥७५॥ अपनी सब जमा पूंजी अथवा जीवनार्थ पुष्कल धन वा असबाव सहित घर वेद जानने वाले ब्राह्मण को दे देवे ॥७६॥

हविष्यभुग्वाऽनुसरेत्प्रतिस्रोतः सरस्वतीम् ।
जपेद्वा नियताहारस्त्रिर्वै वेदस्य संहिताम् ॥७७॥

कृतवपनो निवसेद् ग्रामान्ते गोव्रजेऽपि वा ।
आश्रमे वृक्षमूले वा गोब्राह्मणहिते रतः ॥७८॥

अथवा हविष्य भोजन करता हुवा सरस्वती - नदी के स्रोत की ओर गमन करे वा नियमपूर्वक आहार करता हुवा वेद की संहिता को ३ बार पढ़े ॥७७॥ बारह वर्ष तक सिर मुण्डाये गौ ब्राह्मण के हित में रत होकर ग्राम के बाहर वा गौ के गोष्ठ मे, शुद्ध देश में वा वृक्ष के नीचे वास करे ॥७८॥

ब्राह्मणार्थे गवार्थे वा सद्यः प्राणान्परित्यजेत् ।
मुच्यते ब्रह्महत्याया गोप्ता गोर्ब्राह्मणस्य च ॥७९॥
त्रिवारं प्रतिरोद्धा वा सर्वस्वमवजित्य वा ।
विप्रस्य तन्निमित्ते वा प्राणालाभे विमुच्यते ॥८०॥

अथवा ब्राह्मण वा गौ के अर्थ यदि उसी समय प्राण दे देवे तो वह गौ ब्राह्मण की रक्षा करने वाला ब्रह्महत्या से छूट जाता है ॥७९॥ यदि ब्राह्मण का सर्वस्व चोर ले जाते हों उस को तीन वार बचावे (अथवा ४ पुस्तक और राघवानन्द के टीकास्थ पाठ भेद से "त्र्यवरम्" कम से कम तीन ब्राह्मणों के सर्वस्व की चोरी

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

को बचाने वाला) अथवा ऐसा यत्न हो करके चाहे धन भी न छुड़ाने पा ा हो अथवा इस निमित्त प्राण त्याग ने पर (अथवा कुल्लूक के अनुमत "प्राणलाभे" पाठ मे धन बचाने मे ब्राह्मण का प्राण बचाने पर ब्रह्महत्या मे) छूटता है ॥८०॥

एवं दृढव्रतो नित्यं ब्रह्मचारी समाहितः ।
समाप्ते द्वादशे वर्षे ब्रह्महत्यां व्यपोहति ॥८१॥
शिष्ट्वा वा भूमिदेवानां नरदेवसमागमे ।
स्वमेनोऽवभृथस्नातो हयमेधे विमुच्यते ॥८२॥

इस प्रकार दृढ़ व्रत करता हुवा, प्रति दिन ब्रह्मचर्य से रहने वाला समाधान किये चित से बारह वर्ष व्यतीत होने पर ब्रह्महत्या को दूर करता है ॥८१॥ अथवा अश्वमेध यज्ञ मे ब्राह्मणों और राजा के समक्ष में (ब्रह्महत्या के पाप का) निवेदन करके यज्ञ के अन्त में अवभृथ स्नान करता हुवा (ब्रह्महत्या के पाप से) छूट जाता है ॥८२॥

धर्मस्य ब्राह्मणो मूलमग्रं राजन्य उच्यते ।
तस्मात्समागमे तेषामेनो विख्याप्य शुध्यति ॥८३॥
ब्राह्मणः सम्भवेनैव देवानामपि दैवतम् ।
प्रमाणं चैव लोकस्य ब्रह्मात्रैव हि कारणम् ॥८४॥

ब्राह्मण धर्म का मूल है और राजा अग्र है । इस कारण उन के समागम में पाप का निवेदन करके शुद्ध होता है ॥८३॥ ब्राह्मण (सावित्री के) जन्म से ही देवतों का देवता और लोक को प्रमाण है, इस में वेद ही कारण है ॥८४॥

तेषां वेदविदो ब्रूयुस्त्रयोऽप्येनः सुनिष्कृतिम् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सा तेषां पावनाय स्य त्पवित्रा विदुषांहि वाक् ।८५।

अतोऽन्यतममास्थाय विधिं विप्रः समाहितः ।

ब्रह्महत्याकृतं पापं व्यपोहत्यात्मवत्तया ॥८६॥

उन (ब्रह्महत्यादि करने वालो) को वेद के जानने वाले तीन भी विद्वान् पापों के जो प्रायश्चित बतावें, वही उन पापियों की शुद्धि के लिये हों। क्यों कि विद्वानो की वाणी पवित्र है ॥८५॥ स्वस्थ चित्त ब्राह्मण इनमे से कोई एक विधि ही करके आत्मवान्= मनस्वी होने से ब्रह्महत्या से किये पाप को दूर कर देता है ॥८६॥

हत्वा गर्भमविज्ञातमेतदेव व्रतं चरेत् ।

राजन्यवैश्यौ चेजानावात्रेयीमेव च स्त्रियम् ।८७।

बिना जाने गर्भ को मार कर वा यज्ञ करते हुवे क्षत्रिय, वैश्य और गर्भवती स्त्री का वध करके भी यही ब्रह्महत्या का प्रायश्चित्त करे।

(८७ वें से आगे एक पुस्तक में आत्रेयी का लक्षण करने के लिये एक यह श्लोक अधिक पाया जाता है :—

[जन्मप्रभृतिसंस्कारैः संस्कृता मन्त्रवाचया ।

गर्भिणी त्वथ वा स्यात्तामात्रेयीं च विदुर्बुधाः ॥]

अर्थात् जो जन्म से लेकर संस्कारों से मन्त्र पूर्वक संस्कृता अथवा गर्भणी हो, उसे विद्वान् लोग "आत्रेयी" जानते हैं) ॥८७॥

उक्त्वा चैवानृतं साक्ष्ये प्रतिरुद्ध्य गुरुं तथा ।

अपहृत्य च निःक्षेपं कृत्वा च स्त्रीसुहृद्वधम् ।८८।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

गवाही में झूंठ बोल कर गुरु का विरोध करके धरोहर हजम करके और स्त्री तथा मित्र का वध करके (भी यही प्रायश्चित्त करे) ॥८८॥

इयं विशुद्धिरुदिता प्रमाप्याऽकामतो द्विजम् ।
कामतो ब्राह्मणवधे निष्कृतिर्न विधीयते ॥८९॥
सुरां पीत्वा द्विजो मोहादग्निवर्णां सुरां पिबेत् ।
तया स काये निर्दग्धे मुच्यते किल्बिषात्ततः ॥९०॥

यह शुद्धि बिना इच्छा ब्राह्मण के वध में कही है और इच्छा से वध करनेमें प्रायश्चित्त ही नहीं कहा॥८९॥ द्विज अज्ञानसे (दूसरे महापातक) मदिरा पीकर आग के समान गरम मदिरा पीवे। उस मद्य से शरीर जलने पर वह (द्विज) उस पाप से छुटता है॥९०॥

गोमूत्रमग्निवर्णं वा पिबेदुदकमेव वा ।
पयो घृतं वाऽऽमरणाद् गोशकृद्रसमेव वा ॥९१॥
कणान्वा भक्षयेदब्दं पिण्याकं वा सकृन्निशि ।
सुरापानापनुत्यर्थं वालवासा जटी ध्वजी ॥९२॥

अथवा गोमूत्र वा जल अग्नि वर्ण गरम करके पीवे अथवा मरण पर्यन्त दुग्ध घृत ही पीकर रहे अथवा गोवर का रस पीवे (मद्यपान का पाप छुट जावेगा) ॥९१॥ अथवा चावल की खुद्दी वा कुटे तिल एक समय रात को १ वर्ष तक भक्षण करे। सुरापान के पाप दूर होने को कम्बल का कपड़ा पहिने और सिर के बाल रक्खे तथा सुरापात्र के चिन्ह युक्त होकर रहे ॥९२॥

सुरा वै मलमन्नानां पाप्मा च मलमुच्यते ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

तस्माद्ब्राह्मणराजन्यौ वैश्यश्च न सुरां पिबेत् ॥६३॥
गौडीपैष्टीचमाध्वी च विज्ञेया त्रिविधासुरा ।
यथैवैका तथासर्वा न पातव्या द्विजोत्तमैः ॥६४॥

सुरा अन्न का मल है और मल को पाप कहते हैं । इस कारण ब्राह्मण क्षत्रिय और वैश्य मदिरा को न पीवे ॥९३॥ गुड़ की और पिट्ठी की तथा महुवे की, ये तीन प्रकार की सुरा जाननी चाहियें। जैसी एक वैसी ही सब द्विजोत्तमों को न पीनी चाहियें ॥९४॥ क्योंकि:-

यक्षरक्षः पिशाचान्नं मद्यं मांसं सुरासवम् ।
तद्ब्राह्मणेन नात्तव्यं देवानामश्नता हविः ॥६५॥
अमेध्ये वा पतेन्मत्तो वैदिकं वाप्युदाहरेत् ।
अकार्यमन्यत्कुर्याद्वा ब्राह्मणो मदमोहितः ॥६६॥

यह राक्षस पिशाचों के अन्न-मद्य, मांस सुरा, आसव देवतों का हवि खाने वाले ब्राह्मण को भक्षण करने न चाहियें ॥९५॥ मद्य पीकर उन्मत्त हुवा ब्राह्मण अशुचि स्थान (मोरी आदि) मे गिरेगा वा वेद की बकवाद करेगा वा और कोई निषिद्ध कार्य करेगा (इस कारण मद्य न पीवे) ॥९६॥

यस्य कायगतं ब्रह्म मद्येनाप्लाव्यते सकृत् ।
तस्य व्यपैति ब्राह्मण्यं शूद्रत्वं च स गच्छति ॥६७॥
एषा विचित्राभिहिता सुरापानस्य निष्कृतिः ।
अतऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि सुवर्णस्तेयनिष्कृतिम् ॥६८॥

जिस ब्राह्मण के देह मे रहने वाला वेदज्ञान एक बार भी मद्य

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

से डूब जाता है उसकी ब्राह्मणता नष्ट हो जाती है और वह शूद्रत्व को प्राप्त हो जाता है ॥९७॥ यह सुरापान की विचित्र निष्कृति कही। अब (तीसरे महापातक) सोने की चोरी का प्रायश्चित्त कहता हूं ॥९८॥

सुवर्णस्तेयकृद्विप्रो राजानमभिगम्य तु ।
स्वकर्म ख्यापयन्ब्रूयान्मां भवाननुशास्त्विति ॥९९॥

गृहीत्वा मुसलं राजा सकृद्धन्यात्तु तं स्वयम् ।
वधेन शुध्यति स्तेनो ब्राह्मणस्तपसैव तु ॥१००॥

सोने की चोरी करने वाला ब्राह्मण राजा के पास जाकर अपने किये को प्रसिद्ध करके कहे कि मुझे आप शिक्षा दें ॥९९॥ राजा (उसके कन्धे पर लिये हुये) मूसल को लेकर उस (चोर) को एक बार मारे. मारने (पीटने) से ब्राह्मण चोर शुद्ध होता है और तप करने से भी (शुद्ध होता है) ॥१००॥

तपसाऽपनुनुत्सुस्तु सुवर्णस्तेयजं मलम् ।
चीरवासा द्विजोऽरण्ये चरेद्ब्रह्महणो व्रतम् ॥१०१॥

एतैर्व्रतैरपोहेत पापं स्तेयकृतं द्विजः ।
गुरुस्त्रीगमनीयं तु व्रतैरेभिरपानुदेत् ॥१०२॥

चोरी के पाप को तप से दूर करने की इच्छा करने वाला द्विज चीर को पहन कर वन मे ब्रह्महत्या का व्रत करे ॥१०१॥ द्विज इन व्रतों से चोरी के पाप को दूर करे। और गुरु स्त्री के व्यभिचार सम्बन्धी पाप (चौथे महापातक) को इन (आगे कहे) व्रतों से दूर करे:-॥१०२॥

गुरुतल्प्यभिभाष्यैनस्तप्ते स्वप्यादयोमये ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सूर्मीं ज्वलन्तीं स्वाश्लिष्येन्मृत्युना स विशुध्यति।१०३

स्वयंवा शिश्नवृषणावुत्कृत्याधाय चाञ्जलौ ।
नैऋर्तीं दिशमातिष्ठेदानिपातादजिह्मगः ॥१०४॥

गुरु-भार्या-गामी पाप को प्रसिद्ध करके लोहे की तप्तशय्या में सोवे और लोहे की स्त्री लाल करके उसके साथ आलिङ्गन करे। उससे मृत्यु पाकर वह शुद्ध होता है ॥१०३॥ वा आप ही लिङ्ग तथा वृषणों को काट कर अञ्जलि में लेकर जब तक शरीर न गिर जावे तब तक टेढा चाल को न चलता हुवा सोधा नैर्ऋत्य दिशा में गमन करे ॥१०४॥

खट्वाङ्गी चीरवासा वा श्मश्रुलो विजने वने ।
प्राजापत्यं चरेत् कृच्छ्रमब्दमेकंसमाहितः ॥१०५॥

चान्द्रायणं वा त्रीन्मासानभ्यस्येन्नियतेन्द्रियः ।
हविष्येण यवाग्वा वा गुरुतल्पापनुत्तये ॥१०६॥

अथवा खट्वाङ्ग चिन्ह और केश नख लोम श्मश्रु का धारण करने वाला यति होकर निर्जन वन में एक वर्ष पर्यन्त प्राजापत्य व्रत करे ॥१०५॥ अथवा जितेन्द्रिय रह कर ३ मास तक हविष्य तथा यवागू के भोजन से गुरु भार्या गमन सम्बन्धी पाप दूर करने के लिये चान्द्रायण व्रत करे ॥१०६॥

एतैर्व्रतैरपोहेयुर्महापातकिनो मलम् ।
उपपातकिनस्त्वेवमेभिर्नानाविधैर्व्रतैः ॥१०७॥

उपपातकसंयुक्तो गोघ्नो मासं यवान् पिबेत् ।
कृतवापो वसेद्गोष्ठे चर्मणा तेन संवृतः ॥१०८॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

इन व्रतों को दूर करके महापातकी पाप को दूर करे, और उपपातकी (आगे कहे हुवे) नाना प्रकार के व्रतों से पाप दूर करें ॥१०७॥ उपपातक से संयुक्त गौ का मारने वाला एक मास पर्यन्त यवों को पीवे, मुण्डन किया और और गौ के चर्म से वेष्टित होकर गोष्ठ में रहे ॥१०८॥

चतुर्थकालमश्नीयादक्षारलवणं मितम् ।
गोमूत्रेणाचरेत्स्नानं द्वौमासौ नियतेन्द्रियः ॥१०९॥

दिवानुगच्छेद्गास्तास्तु तिष्ठन्नूर्ध्वं रजः पिबेत् ।
शुश्रूषित्वा नमस्कृत्य रात्रौ वीरासनं वसेत् ॥११०॥

और इन्द्रियों को वश में करता हुवा दो मास पर्यन्त गोमूत्र से स्नान किया करे और खारी लवण वर्जित हविष्य अन्न का चौथे काल में थोड़ा भोजन किया करे ॥१०९॥ और दिन में उन गायों के पीछे चले और (खुर से ऊपर उड़ी) धूल को खड़ा हुवा पीवे और सेवा तथा अन्न से सत्कार करके रात को "वीरासन" हो कर पहरा देवे ॥११०॥

तिष्ठन्तीष्वनुतिष्ठेत्तु व्रजन्तीष्वप्यनुव्रजेत् ।
आसीनासु तथासीनो नियतो वीतमत्सरः ॥१११॥

आतुरामभिशस्तां वा चौरव्याघ्रादिभिर्भयैः ।
पतितां पङ्कलग्नां वा सर्वोपायैर्विमोचयेत् ॥११२॥

और मत्सरता रहित नियम पूर्वक दृढ होकर बैठी हुई गौ के पीछे बैठ जावे और चलती हुई के पीछे चले और खड़ी हुई के साथ खड़ा रहे ॥१११॥ व्याधियुक्ता और चोर व्याघ्रादि के भयों से

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

आक्रान्ता तथा गिरी हुई और कीचड़ लगा हुई गौ को सब उपायों से छुड़ावे ॥११२॥

उष्णे वर्षति शीते वा मारुतेवातिवाभृशम् ।
नकुर्वीतात्मनस्त्राणं गोरकृत्वातु शक्तितः ॥११३॥
आत्मनोयदि वाऽन्येषां गृहे क्षेत्रेऽथवा खले ।
भक्षयन्तीं नं कथयेत्पिबन्तं चैव वत्सकम् ॥११४॥
अनेन विधिना यस्तु गोघ्नो गामनुगच्छति ।
स गोहत्याकृतं पापं त्रिभिर्मासैर्व्यपोहति ॥११५॥
वृषभैकादशागाश्च दद्यात्सुचरितव्रतः ।
अविद्यमाने सर्वस्वं वेदविद्भ्यो निवेदयेत् ॥११६॥

उष्ण काल, शीत, वर्षा और अधिक वायु के चलने में यथाशक्ति गौ का बचाव न करके (गोहत्यारा) अपना बचाव न करे ॥११३॥ और अपने वा दूसरे के घर मे वा खेत म वा खलियान में भक्षण करती हुई गौ को और दूध पीते हुवे उसके बच्चे को प्रसिद्ध न करे ॥११४॥ इस विधान से जो गोहत्या वाला गौ की सेवा करता है वह उस गोहत्या के पाप को तीन महीने में दूर करता है ॥११५॥ अच्छे प्रकार प्रायश्चित्त व्रत करके एक बैल और दश गाय और इतना न हो तो अपना सर्वस्व धन वेद के जानने वाले ब्राह्मण को दे देवे ॥११६॥

एतदेव व्रतं कुर्युरुपपातकिनो द्विजाः ।
अवकीर्णिवर्ज्यं शुद्ध्यर्थं चान्द्रायणमथापि वा॥११७
अवकीर्णी तु काणेन गर्दभेन चतुष्पथे।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

पाकयज्ञविधानेन यजेत निर्ऋतिं निशि ॥११८॥

अवकीर्णी को छोड़ अन्य उपपातक वाले द्विज भी यही व्रत अथवा चान्द्रायण करें ॥११७॥ अवकीर्णी काने गधे पर चढ़ कर रात को चौराहे में जा पाकयज्ञ के विधान से निर्ऋति देवता का यज्ञ करे ॥११८॥

हुत्वाग्नौ विधिवद्धोमानन्ततश्च समेत्यृचा ।
वातेन्द्रगुरुवह्नीनां जुहुयात्सर्पिषाहुतीः ॥११९॥
कामतो रेतसः सेकं व्रतस्थस्य द्विजन्मनः ।
अतिक्रामं व्रतस्याहुर्धर्मज्ञा ब्रह्मवादिनः ॥१२०॥

विधिवत् अग्नि में होम करके उसके अनन्तर 'सं मा सिञ्चन्तु मरुत' सं पूषा सं बृहस्पतिः । सं मायमग्नि सिञ्चतु प्रजया च धनेन च । दीर्घमायु' कृणोतु मे ॥ अथर्व ७।३।३३।१ इस ऋचा के साथ मरुत, इन्द्र, बृहस्पति और अग्नि को घृत से आहुति दे ॥११९॥ (ब्रह्मचर्य) व्रत को धारण करने वाले द्विज के इच्छा से वीर्य स्खलन को वेद के जानने वाले धर्मज्ञ लोग ब्रह्मचर्य का खण्डित होना (अवकीर्णित्व) कहते हैं ॥१२०॥

मारुतं पुरुहूतं च गुरुं पावकमेव च ।
चतुरोव्रतिनोऽभ्येति ब्राह्मं तेजोऽवकीर्णिनः॥१२१॥
एतस्मिन्नेनसि प्राप्ते वसित्वा गर्दभाजिनम् ।
सप्तागारांश्चरेद्भैक्षं स्वकर्म परिकीर्तयन् ॥१२२॥

व्रतवाले अवकीर्णी का ब्रह्मसम्बन्धी तेज मारुत, इन्द्र, गुरु और अग्नि इन चारो में चला जाता है (इस कारण इन को आहुति देकर फिर प्राप्त करे) ॥१२१॥ इस पातक के प्राप्त हुवे पर

७८

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

गधेके चमड़े को लपेट कर अपने किये अवकीर्णिरूप पाप को प्रसिद्ध करता हुवा सात घरो से भिक्षा मांगे ॥१२२॥

तेभ्यो लब्धेन भैक्षेण वर्त्तयन्नेककालिकम् ।
उपस्पृशंस्त्रिषवणं त्वब्देन स विशुद्ध्यति ॥१२३॥
जातिभ्रंशकरं कर्म कृत्वान्यतममिच्छया ।
चरेत्सान्तपनं कृच्छ्रं प्राजापत्यमनिच्छया ॥१२४॥

उन घरों से प्राप्त हुवे भिक्षान्न से एक काल में भोजन से निर्वाह करता हुवा त्रिकाल स्नान करने वाला वह (पापी) एक वर्ष मे शुद्ध होता है ॥१२३॥ इच्छासे कोई जाति भ्रंशकर कर्म करके (आगे कहा।) सान्तपन कृच्छ्र और विना इच्छा से (करने पर) प्राजापत्य व्रत करे ॥१२४॥

संकराऽपात्रकृत्य सु मासंशोधनमैन्दवम् ।
मलिनीकरणीयेषु तप्तः स्याद्यावकैस्त्र्यहम् ॥१२५॥
तुरीयो ब्रह्महत्यायाः क्षत्रियस्य वधे स्मृतः ।
वैश्येऽष्टमांशोवृत्तस्थे शूद्रे ज्ञेयस्तु षोडशः ॥१२६

(पूर्वोक्त) संकरी करण और अपात्रीकरण करने पर शुद्धि केलिये एक महीने तक चान्द्रायण व्रत करे और मलिनी करणों मे शुद्धिके लिये तीन दिन गरम यवागू पीवे ॥१२५॥ अच्छेआचरण करने वाले क्षत्रियके वधमें ब्रह्महत्या का चौथाई प्रायश्चित्त है। वैसे ही वैश्य के (वध) मे आठवां और शूद्र के (वध) में सोलहवां भाग प्रायश्चित्त होना चाहिये ॥१२६॥

अकामतस्तु राजन्यं विनिपात्य द्विजोत्तमः ।
वृषभैकसहस्रा गा दद्यात्सुचरितव्रतः ॥१२७।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ऽयब्दं चरेद्वा नियतो जटी ब्रह्मणो व्रतम् ।
वसन्दूरतरे ग्रामाद् वृक्षमूलनिकेतनः ॥१२८॥

ब्राह्मण विना इच्छा से क्षत्रिय को मार कर अच्छे प्रकार व्रत करके एक बैल के सहित १ सहस्र गौओं का दान करे॥१२७॥ अथवा जटा धारण करके दृढ़ होकर तीन वर्ष तक ब्रह्महत्या का प्रायश्चित्त ग्राम से बहुत दूर वृक्ष के नीचे रहता हुवा करे॥१२८॥

एतदेव चरेदब्दं प्रायश्चित्तं द्विजोत्तमः ।
प्रमाप्य वैश्यं वृत्तस्थं दद्याच्चैकशतं गवाम्॥१२९॥
एतदेवव्रतंकृत्स्नं षण्मासाच्छूद्रहा चरेत् ।
वृषभैकादशा वापि दद्याद्विप्राय गाः सिताः ॥१३०॥

इसी व्रत को (विना इच्छा से) अच्छे आचरण वाले वैश्य की हत्या में ब्राह्मण एक वर्ष तक करे और एक सौ गौओं का दान देवे ॥१२९॥ इसी सम्पूर्ण व्रत को (विना इच्छा से) शूद्र का मारने वाला छः महीने तक करे अथवा एक बैल तथा दश श्वेत गौ ब्राह्मण को देवे ॥१३०॥

मार्जारनकुलौ हत्वा चाषं मण्डूकमेव च ।
श्वगोधोलूककाकांश्च शूद्रहत्याव्रतंचरेत् ॥१३१॥
पयः पिबेत्त्रिरात्रंवा योजनंवाऽध्वनोव्रजेत् ।
उपस्पृशेत्स्रवन्त्यां वा सूक्तं वाब्दैवतं जपेत् ॥१३२॥

मार्जार, नेवला, चिड़िया, मेंढक, कुत्ता, गोधा, उल्लूक, काक इन को मार कर शूद्र हत्याका प्रायश्चित्त करे॥१३१॥ अथवा तीन दिन नदी में स्नान करे वा तीन दिन जल देवता वाले (आपोहिष्ठा इत्यादि ऋ० १०।९) सूक्त को जपे ॥१३२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अभ्रिं कार्ष्णायसीं दद्यात्सर्पं हत्वा द्विजोत्तमः ।
पलालभारकं षण्ढे सैसकं चैकमाषकम् ॥१३३॥
घृतकुम्भं वराहे तु तिलद्रोणं तु तित्तिरौ ।
शुके द्विहायनं वत्सं क्रौञ्चं हत्वा त्रिहायणम् ॥१३४॥

ब्राह्मण सर्प को मार कर लोहे की करछूल का दान करे। ...र नपुंसक के मारने पर धान्यके पलाल का भार और १ माषा मात्र सीसा देवे ॥१३३॥ सूकर के मर जाने पर घी भर घडा और तीतर मरजाने मे चार आढक तिल और तोते के मर जाने पर दो वर्ष का वछड़ा और क्रौञ्च पत्ती को मारकर तीन वर्ष का (वत्स देवे) ॥१३४॥

हत्वा हंसं वलाकां च बकं बर्हिणमेव च ।
वानरं श्येनभासौच स्पर्शयेद्ब्राह्मणाय गाम् ॥१३५॥
वासोदद्याद्धयं हत्वा पञ्चनीलान्वृषान्गजम् ।
अजमेषावनड्वाहं खरं हत्वैकहायनम् ॥१३६॥

हंस, वलाका, वक, वानर, श्येन और भास इन को मारकर ब्राह्मण को गाय देवे ॥१३५॥ अश्व को मार कर वस्त्र देवे और गज को मार कर पांच नील वैल, वकरे और मेढ़े को मार कर बैल देवे और गधे को मार कर एक वर्ष का (वत्स) देवे ॥१३६॥

क्रव्यादांस्तु मृगान्हत्वा धेनुं दद्यात्पयस्विनीम् ।
अक्रव्यादान्वत्सतरीमुष्ट्रं हत्वातु कृष्णलम् ॥१३७॥
जीनकार्मुकवस्तावान्पृथग्दद्याद्विशुद्धये ।
चतुर्णामपि वर्णानां नारीर्हत्वाऽनवस्थिताः ॥१३८॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

'क्रव्याद् व्याघ्रादि को मार कर दूध वाली गौ और हरिणादि को मारकर बछिया और ऊंटको मारकर १ कृष्णल मात्र (सोना) देवे ॥१३७॥ चारों वर्णों की क्रमसे बिगड़ी हुई स्त्रियों के बिना जाने मर जाने पर शुद्धि के लिये चर्मपुट, धनुष बकरा और मेष पृथक् २ देवें ॥

१३८ वें से आगे यह श्लोक ५ पुस्तकों में अधिक मिलता है:—

[वर्णानामानुपूर्व्येण त्रयाणामविशेषतः।
अमत्या च प्रमाप्य स्त्रीं शूद्रहत्याव्रतं चरेत्]

क्रम से तीनों वर्णों में से किसी स्त्री को भूल से मारने वाला शूद्रहत्या का प्रायश्चित्त करे) ॥१३८॥

दानेन वधनिर्णेकं सर्पादीनामशक्नुवन्।
एकैकशश्चरेत्कृच्छ्रं द्विजः पापापनुत्तये ॥१३९॥
अस्थिमतां तु सत्त्वानां सहस्रस्य प्रमापणे।
पूर्णे चानस्यनस्थ्नां तु शूद्रहत्याव्रतं चरेत् ॥१४०॥

सर्पादि के वध के प्रायश्चित्तार्थ दान करने को असमर्थ द्विज पाप दूर करने को एक एक कृच्छ्र व्रत करे ॥१३९॥ अस्थि वाले सहस्र क्षुद्र जीवों के वध में शूद्र वध का प्रायश्चित्त करे और अस्थि रहित जीवों के एक गाड़ी भर के वध में भी (उसी प्रायश्चित्त को करे) ॥१४०॥

किंचिदेव तु विप्राय दद्यादस्थिमतां वधे।
अनस्थ्नां चैव हिंसायां प्राणायामेन शुध्यति ॥१४१॥
फलदानां तु वृक्षाणां छेदने जप्यमृक्शतम्।
गुल्मवल्लीलतानां च पुष्पितानां च वीरुधाम् ॥१४२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अस्थि वाले क्षुद्रजन्तुओ के वधमें ब्राह्मण को कुछ देदेवे और अस्थिरहित क्षुद्रजन्तुओं के वध मे प्राणायाम से शुद्ध होता है।१४१ फल देने वाले वृक्षो गुल्में बेल लता और पुष्पित वीरुधों के काटने में सौ (साविन्त्र्यादि) ऋचाओ को जपे ॥१४२॥

अन्नाद्यजानां सत्त्वानां रसजानां च सर्वशः।
फलपुष्पोद्भवानां च घृतप्राशोविशोधनम् ॥१४३॥
कृष्टजानामोषधीनां जातानां च स्वयं वने।
वृथालम्भेऽनुगच्छेद्गां दिनमेकं पयोव्रतः ॥१४४॥

अन्नादि और गुड़ादि रसो और फल पुष्पादि में उत्पन्न हुवे जीवों के वध में "घृत का प्राशन" पाप शोधन है ॥१४३॥ खेती से उत्पन्न हुवे और वन में स्वयं उत्पन्न हुवें धान्यों के वृथा छेदन मे दुग्ध का आहार करता हुवा एक दिन गौ के पीछे चले ॥१४४॥

एतैर्व्रतैरपोह्यं स्यादेनोहिंसासमुद्भवम्।
ज्ञानाज्ञानकृतं कृत्स्नं शृणुतानाद्यभक्षणे ।१४५।
अज्ञानाद्वारुणीं पीत्वा संस्कारेणैव शुध्यति।
मतिपूर्वमनिर्देश्यं प्राणान्तिकमिति स्थितिः ॥ १४६॥

इन प्रायश्चित्तो को करके हिंसा जनित पाप जो कि जाने वा विना जाने कियाहो उसको दूर करना चाहिये। अब आगे अभक्ष्य भक्षण के प्रायश्चित्त सुनो ॥१४५॥ अज्ञान से वारुणी मदिरा पीकर संस्कार से ही शुद्ध होता है और इच्छा पूर्वक पीने से प्राणान्तिक वध अनिर्देश्य है। यह मर्यादा है ॥१४६॥

अपः सुराभाजनस्थामद्यभाण्ड स्थितास्तथा।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

पंचरात्रं पिबेत्पीत्वा शंखपुष्पीभृतं पयः ॥१४७॥
स्पृष्ट्वा दत्त्वा च मदिरां विधिवत्प्रतिगृह्य च ।
शूद्रोच्छिष्टाश्च पीत्वापः कुशवारि पिबेत्त्र्यहम् ।१४८।

मद्य की बोतल में रक्खा पानी तथा मद्य के करवे के पानी को पीने वाला शंखपुष्पी को पानी में औटा कर पांच दिन पीवे ॥१४७॥ मदिरा को स्पर्श करके वा देकर तथा ग्रहण करके और शूद्र के उच्छिष्ट पानी को पीकर तीन दिन विधिपूर्वक कुशो का काढ़ा पीवे ॥१४८॥

ब्राह्मणस्तु सुरापस्य गन्धमाघ्राय सोमपः ।
प्राणानप्सु त्रिरायम्य घृतं प्राश्य विशुद्धयति ।१४९।
अज्ञानात्प्राश्यविण्मूत्रं सुरासंस्पृष्टमेव च ।
पुनः संस्कारमर्हन्ति त्रयोवर्णा द्विजातयः ॥१५०॥

सोमयज्ञ किया हुवा ब्राह्मण मद्य पीने वालेको सूंघ कर पानी मे तीन वार प्राणायाम कर घृत का प्राशन करके शुद्ध होता है ॥१४९॥ विना जाने मल मूत्र और सुरा से स्पर्श हुवे प्राशन करके तीनो द्विज वर्ण फिर से संस्कार के योग्य हैं ॥१५०॥

वपनं मेखलादण्डौ भैक्षचर्या व्रतानि च ।
निवर्तन्ते द्विजातीनां पुनः संस्कार कर्मणि ।१५१।
अभोज्यानां तु भुक्त्वान्नं स्त्रीशूद्रोच्छिष्टमेव च ।
जग्ध्वा मांसमभक्ष्यं च सप्तरात्र यवान्पिबेत् ॥१५२॥

द्विजातियो के फिर से उपनयन होने में मुण्डन, मेखला का धारण दण्डधारण भिक्षा और व्रत (ये सब) नही होते हैं ॥१५१॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

जिनका भोजन करने के योग्य नहीं, उनका अन्न और स्त्री का तथा शूद्र का उच्छिष्ट और मांस और अन्य अभक्ष्य खालेवे तो सात दिन जौ के सत्तू पीवे ॥१५२॥

शुक्तानि च कषायांश्च पीत्वामेध्यान्यपिद्विजः ।
तावद्भवत्यप्रयतो यावत्तन्न व्रजत्यधः ॥१५३॥
विड्वराहखरोष्ट्राणां गोमायोः कपिकाकयोः ।
प्राश्य मूत्रपुरीषाणि द्विजश्चान्द्रायणं चरेत् ।१५४।

सिरका आदि सड़ी ग्राह्य वस्तु भी और काढ़ा पीकर तब तक द्विज अशुद्ध रहता है जब तक वह पचकर नीचे नहीं जाता ।१५३। ग्राम का सूकर खर उष्ट्र शृगाल, वानर और काक के मूत्र वा मल को द्विजाति भक्षण करले तो चान्द्रायण व्रत करे ॥१५४॥

शुष्काणि भुक्त्वा मांसानि भौमानि कवकानि च ।
अज्ञातं चैव सूनास्थमेतदेव व्रतं चरेत् ।१५५।

"क्रव्यादसूकरोष्ट्राणां कुक्कुटानां च भक्षणे ।
नरकाकखराणां च तप्तकृच्छ्रं विशोधनम् ॥१५६॥

सूखे मांस और पृथिवी में उत्पन्न हुवे कुकुरमुत्ता और बे जाने हिंसा स्थान के मांसको भक्षण करले तो भी यही (चान्द्रायणव्रत) करे ॥१५५॥ "कच्चे मांस के खाने वाले और शूकर उष्ट्र, मुरगा नर और काक को भक्षण करले तो (आगे कहे हुये) तप्तकृच्छ्र व्रत को करे। यह शोधन है" ॥१५६॥

"मासिकान्नंतु योऽश्नीयादसमावर्त्तको द्विजः ।
स त्रीण्यहान्युपवसेदेकाहं चोदकं वसेत् ॥१५७॥
ब्रह्मचारी तु योऽश्नीयान्मधुमांसं कथञ्चन ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

स कृत्वा प्राकृतं कृच्छ्रं व्रतशेषं समापयेत् ॥१५८॥"

जो द्विज ब्रह्मचारी मासिक श्राद्ध के अन्न को भोजन करे वह तीन दिन उपवास करे और एक दिन जल में निवास करे ॥१५७॥ जो ब्रह्मचारी मद्य मांस को किसी प्रकार भक्षण करे वह प्राकृत कृच्छ्रव्रत करके व्रत शेष को समाप्त करे" ॥

(१५७। १५८ श्लोक भी मृतकश्राद्ध और मांस प्रचारकों ने मिलाये जान पड़ते हैं। भला जब श्राद्ध को वैदिक कर्म बताते हैं तो उसमें भोजन करने वाले को प्रायश्चित्त क्यों बतलाते हैं। यह विरोध और मांस सभी को अभक्ष्य है तो ब्रह्मचारी को मद्य मांस के सेवन में प्राकृत कृच्छ्रमात्र अल्प प्रायश्चित क्यों ?)

बिडालकाकाखूच्छिष्टं जग्ध्वाश्वनकुलस्य च ।
केशकीटावपन्नं च पिबेद्ब्रह्मसु वर्चलाम् ।१५६।

अभोज्यमन्नं नात्तव्यमात्मनः शुद्धिमिच्छता ।
अज्ञानभुक्तं तूत्तार्यं शोध्यं वाऽप्याशु शोधनैः ।१६०।

बिल्ली, काक, मूसा, कुत्ता और नेवला के उच्छिष्ट और केश तथा कीट से युक्त अन्न को भोजन करके ब्रह्मसुवर्चला का काढ़ा पीवे (दो पुस्तकों में "ब्राह्मीं सुवर्चलाम्" पाठ है) ॥१५९॥ अपने को पवित्र रहने की इच्छा करने वाला भोजन के अयोग्य अन्न का भोजन न करे और बिना जाने खाये को वमन करके निकाले वा शोधन द्रव्यों से शीघ्र शोधन करे ॥१६०॥

एषोऽनाद्यदनस्योक्तो व्रतानां विविधोविधिः ।
स्तेयदोषापहर्तॄणां व्रतानां श्रूयतां विधिः ।१६१।

धान्यान्नधनचौर्याणि कृत्वाकामाद्द्विजोत्तमः ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

स्वजातीयगृहादेव कृच्छ्राब्देन विशुध्यति ॥१६२॥

अभक्ष्यभक्षणमें जो प्रायश्चित्तहैं उनके ये नानाप्रकारके विधान कहे। अब चोरी के दोष दूर करने वाले व्रतो का विधान सुनिये ॥१६१॥ ब्राह्मण अपने जाति वालो ही के घर से धान्य, अन्न और धन की चोरी इच्छा से करके एक वर्ष कृच्छ्रव्रत करने से शुद्ध होता है ॥१६२॥

मनुष्याणां तु हरणे स्त्रीणां क्षेत्रगृहस्य च ।
कूपवापीजलानां च शुद्धिश्चान्द्रायणं स्मृतम् ॥१६३॥
द्रव्याणामल्पसाराणां स्तेयं कृत्वाऽन्यवेश्मतः ।
चरेत्सान्तपनं कृच्छ्रं तन्निर्यात्यात्मशुद्धये ॥१६४॥

पुरुष स्त्री, क्षेत्र, गृह, कुवा बावड़ी और पानी के हरण करने में चान्द्रायण व्रत कहा है ॥१६३॥ दूसरे के घर से (खीरा, ककड़ी मूली इत्यादि) तुच्छ वस्तुओ की चोरी करके अपनी शुद्धि के लिये वह वस्तु जिसकी है उसको देकर (आगे कहा) सान्तपन कृच्छ्-व्रत करे ॥१६४॥

भक्ष्यभोज्यापहरणे यानशय्यासनस्य च ।
पुष्पमूलफलानां च पंचगव्यं विशोधनम् ॥१६५॥
तृणकाष्ठद्रुमाणां च शुष्कान्नस्य गुडस्य च ।
चैलचर्मामिषाणां च त्रिरात्रं स्यादभोजनम् ॥१६६॥

(मोदक खीर आदि) भक्ष्य भोज्य पदार्थों और सवारी शय्या आसन तथा पुष्पमूल और फल के चुराने में पचगव्य का पान करना (और वस्तु उसकी उसी को दे देना) शोधन है ॥१६५॥ घास लकड़ी वृक्ष, शुष्कान्न, गुड़ कपड़ा, चमड़ा और मांस के

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

चुराने में तीन रात्रि दिन उपवास करे॥१६६॥

मणिमुक्ताप्रवालानां ताम्रस्य रजतस्य च ।
अयः कांस्योपलानां च द्वादशाहं कणान्नता ।१६७।

कार्पासकीटजीर्णानां द्विशफैकशफस्य च ।
पक्षिगन्धौषधीनां च रज्ज्वाश्चैव त्र्यहं पयः ।१६८।

मणि, मोती, मूङ्गा, तांबा, चांदी, लोहा, कांसी उपल पत्थर के चुराने में १२ दिन चावल की खुद्दी का भोजन करे॥१६७॥ कपास रेशम ऊन और बैल आदि दो खुर वाले, घोड़ा आदि एक खुर वाले पक्षी चन्दनादि गन्ध औषध तथा रस्सी के चुराने में तीन दिन पानी पीकर रहे॥१६८॥

एतैव्रतैरपोहेत पापं स्तेयकृतं द्विज ।
अगम्यागमनीयं तु व्रतैरेभिरपानुदेत् ।१६९।

गुरुतल्पव्रतं कुर्याद्रेतः सिक्त्वा स्वयोनिषु ।
सख्युः पुत्रस्य च स्त्रीषु कुमारीष्वन्त्यजासु च ।१७०।

द्विज इन व्रतों से चोरी के पाप को दूर करे और जो गमन करने में अयोग्य हैं उनके साथ गमन करने के पाप को इन आगे कहे व्रतों से दूर करे॥१६९॥ अपनी सगी बहन तथा मित्र की भार्या और पुत्र की स्त्री तथा कुमारी और चण्डाली के साथ गमन करने में गुरुस्त्रीगमन का प्रायश्चित्त करे॥१७०॥

पैतृष्वस्रेयीं भगिनीं स्वस्त्रीयां मातुरेव च ।
मातुश्च भ्रातुस्तनयां गत्वा चान्द्रायणं चरेत् १७१।
एतास्तिस्रस्तु भार्यार्थे नोपगच्छेत्तु बुद्धिमान् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ज्ञातित्वेनानुपेयास्ताः पतति ह्युपयन्नधः ।१७२।

पिता की बहन की लड़की तथा माता की बहन की लड़की और माता के भाई की बेटी (इन ३ बहनों) के साथ गमन करने से चान्द्रायण व्रत करे ॥१७१॥ इन तीनो को बुद्धिमान् भार्या के अर्थ न ग्रहण करे। ज्ञाति होने से ये विवाह करने के अयोग्य हैं इनके साथ विवाह करने वाला नीचता को प्राप्त होजाता है ।१७२।

अमानुषीपु पुरुप उदक्यायामयोनिपु ।
रेतः सिक्त्वा जले चैव कृच्छ्रं सान्तपनं चरेत् ॥१७३॥

"मैथुनं तु समासेव्य पुंसि योपिति वा द्विजः ।
गोयानेऽप्सु दिवा चैव सवासाः स्नानमाचरेत् ॥१७४"

अमानुषी योनियो और रजस्वला और जल मे वीर्य को स्खलित करके पुरुष सान्तपन कृच्छ्रव्रत करे ॥१७३॥ "द्विज पुरुप मे वा स्त्री मे मैथुन करके तथा बैल की गाड़ी मे या पानी मे वा दिनमे मैथुन करके सचैल स्नान करे॥" (१७४ वां श्लोक प्रक्षिप्त है क्योंकि इसमें कोई प्रायश्चित विशेष नहीं कहा "स्नानं मैथुनिनः स्मृतम्" यह तो विहित मैथुन मे भी स्नान का विधान है। फिर भला ऐसे वड़े अप्राकृत पाप कर्म मे इतना अल्प स्नान और वस्त्र धो लेना मात्र भी कोई प्रायश्चित गिना जा सकता है ?) ॥१७४॥

चण्डालान्त्यस्त्रियो गत्वा भुक्त्वा च प्रतिगृह्य च ।
पतत्यज्ञानतो विप्रो ज्ञानात्साम्यंतु गच्छति ॥१७५॥
विप्रदुष्टां स्त्रियं भर्त्ता निरुन्ध्यादेकवेश्मनि ।
यत्पुंसः परदारेपु तच्चैनां चारयेद् व्रतम् ॥१७६॥

चण्डाल और नीच की स्त्रियो से गमन और इनके यहां

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

भोजन करके तथा प्रतिग्रह लेकर विना जाने विप्र पतित हो जाता और जान कर करने से उन्हीं मे मिल जाता है ॥१७५॥ दुष्टा स्त्री को भर्ता एक घर मे बन्द रक्खे और जो पुरुष को पराई स्त्री के गमन करने मे प्रायश्चित कहा है वह उस (स्त्री) से करावे

सा चेत्पुनः प्रदुष्येत्तु सदृशेनोपयन्त्रिता ।
कृच्छ्रं चान्द्रायणं चैव तदस्याः पावनं स्मृतम् ॥१७७॥

यदि अपने सजातीय पुरुष की बहकाई हुई फिर विगड जावे तो इसका पवित्र करने वाला कृच्छ्रचान्द्रायण व्रत कहा है ॥

(१७७ वें मे आगे ३ पुस्तकों मे यह श्लोक अधिक है —)

[ब्राह्मणक्षत्रियविशां स्त्रियः शूद्रेऽपसंगताः ।
अप्रजाताविशुध्येयुः प्रायश्चित्तेन नेतराः॥]

द्विजो की जो स्त्रिये शूद्र से सङ्ग करें वे सन्तान, उत्पन्न न करें तव तो (उक्त) प्रायश्चित्त से शुद्ध हों परन्तु सन्तान उत्पन्न करलेने वाली नहीं) ॥१७७॥

यत्करोत्येकरात्रेण वृषली सेवनाद् द्विज, ।
तद्भैक्ष्यभुग्जपन्नित्यं त्रिभिर्वर्षैर्व्यपोहति ॥१७८॥

वेश्या वा शूद्रा गमन में एक रात्रि में द्विज जो पाप करता है, उस (पाप) को नित्य भिक्षा मांग कर भोजन और गायत्री का जप करने से तीन वर्ष में दूर कर पाता है ॥१७८॥

एषा पापकृतामुक्ता चतुर्णामपि निष्कृतिः ।
पतितैः संप्रयुक्तानामिमाः शृणुत निष्कृती. ।१७९।
संवत्सरेण पतति पतितेन सहाचरन् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

याजनाध्यापनाद्यौनान्न तु यानासनाशनात् ।१८०।

यह पाप करने वाले चारों वर्णों की निष्कृति (प्रायश्चित्त) कही। अब इन पतितों के साथ मिलने वालों के प्रायश्चित्तों को सुनिये-॥१७९॥ एक वर्ष तक पतित के साथ मिल कर यज्ञ कराने, पढ़ाने और योनिसम्बन्ध करने से पतित हो जाता है, परन्तु सहयान सह-आसन और सह भोजन से नहीं ॥१८०॥

यो येन पतितेनैषां संसर्गं याति मानवः ।
स तस्यैव व्रतं कुर्यात्तत्संसर्गविशुद्धये ।१८१।

"पतितस्योदकं कार्यं सपिण्डैर्बान्धवैर्बहिः ।
निन्दितेऽहनि सायाह्ने ज्ञात्यृत्विग्गुरुसन्निधौ ॥१८२॥"

जो मनुष्य इन पाप करने वालों में से जिन के संसर्ग को पाकर पतित होता है, वह उस के संसर्ग की शुद्धि के लिये वही व्रत करे ॥१८१॥ 'सपिण्ड बान्धव लोग ग्राम के बाहर जीते हुवे ही पतित की उदकक्रिया निन्दित दिन के सायङ्काल में ज्ञाति वाले ऋत्विज् और गुरु के सामने करें ॥१८२॥"

'दासीघटमपां पूर्णं पर्यस्येत्प्रेतवत्पदा ।
अहोरात्रमुपासीरन्नाशौचं बान्धवैः सह ॥१८३॥
निवर्तेरंश्च तस्मात्तु सम्भाषणसहासने ।
दायाद्यस्य प्रदानं च यात्रा चैव हि लौकिकी ॥१८४॥'

"और दासी जल भरे घड़े को प्रेतवत् (दक्षिणाभिमुख होकर) पैरसे गिरावे और बान्धवों के साथ एक दिन रात आशौच रक्खें' ॥१८३॥ और उस पतित से बोलना, साथ बैठना और दायभाग देना और नौता खौत सब छोड़ देवें ॥१८४॥"

ज्येष्ठता च निवर्तेत ज्येष्ठावाप्यं च यद्धनम् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ज्येष्ठांशं प्राप्नुयाच्चास्य यवीयान्गुणतोऽधिकः ।।१८५।

प्रायश्चित्ते तु चरिते पूर्णकुम्भमपां नवम् ।
तेनैव सार्धं प्रास्येयुः स्नात्वा पुण्ये जलाशये ।।१८६।

"और बड़ाई और ज्येष्ठपने का उद्धार धन भी छूट जावे तथा बड़े का भाग, जो छोटा गुणमें अधिक हो, वह पावे ।।१८५।। परन्तु प्रायश्चित्त करने पर पानी में भरे हुवे नये घड़े को उस के साथ बान्धव लोग पवित्र जलाशयमें स्नान करके डाल देवें ।।१८६।।

"स त्वप्सु तं घटं प्रास्य प्रविश्य भवनं स्वकम् ।
सर्वाणि ज्ञातिकार्याणि यथापूर्वं समाचरेत् ।।१८७।।
एतदेवविधिं कुर्याद्योषित्सु पतितास्वपि ।
वस्त्रान्नपानं देयं तु वसेयुश्च गृहान्तिके ।।१८८।।"

और वह उस घड़े को पानी में फेंक कर अपने मकान में आकर यथोक्त सम्पूर्ण ज्ञातिकर्मों को करने लगे ।।१८७।। पतित स्त्रियों के विषय में भी यही विधि करे और खाना कपड़ा देवे तथा घर के पास दूसरे मकान में रहने दे" (१८२ से १८८) तक ७ श्लोक भी प्रक्षिप्त जान पड़ते हैं क्यों कि प्रथम तो मृतक श्राद्ध ही वैदिक नहीं। फिर पतित का जीवते हुवे ही मृतकवत् श्राद्ध आशौचादि सब व्यर्थ हैं। पतित के साथ सब प्रकार के सम्बन्ध छोड़ देना पूर्व कह ही आये। इस के दायभाग का निषेध दायभाग प्रकरणमें कर आये। यहां प्रायश्चित्तमात्र का प्रकरण है। आशौच और दायभाग का वर्णन यहां प्रकरण विरुद्ध भी है) ।।१८८।।

एनस्विभिरनिर्णिक्तैर्नार्थं किंचित्सहाचरेत् ।
कृतनिर्णेजनांश्चैव न जुगुप्सेत कर्हिचित् ।।१८९।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

वालघ्नांश्च कृतघ्नांश्च विशुद्धानपि धर्मतः ।
शरणागतहन्तॄंश्च स्त्रीहन्तॄंश्च न सम्वसेत् ।१९०।

विना प्रायश्चित्त किये हुवे पाप करने वालों के साथ कुछ भी व्यवहार न करे और प्रायश्चित्त किये हुवों की कभी निन्दा न करे ॥१८९॥ परन्तु वालक को मारने वाले और किये उपकार को दूर करने वाले तथा शरण आये को और स्त्री को मारने वाले के साथ धर्म से शुद्ध होने पर भी न रहे ॥१९०॥

येषां द्विजानां सावित्री नानूच्येत यथाविधि ।
तांश्चारयित्वा त्रीन् कृच्छ्रान्यथाविध्युपनाययेत् ।१९१।
प्रायश्चित्तं चिकीर्षन्ति विकर्मस्थास्तु ये द्विजाः ।
ब्रह्मणा च परित्यक्तास्तेषामप्येतदादिशेत् ॥१९२॥

जिन द्विजातियों का उक्त काल मे यथा शास्त्र गायत्री उपदेश और उपनयन न किया गया हो, उन को तीन कृच्छ्र व्रत कराकर यथा शास्त्र उपनयन करे ॥१९१॥ विरुद्ध कर्म करने वाले और वेद को न पढ़े हुवे द्विज प्रायश्चित्त करना चाहें तो उन को भी यह तीन कृच्छ्र का प्रायश्चित्त बतावे ॥१९२॥

यद्गर्हितेनार्जयन्ति कर्मणा ब्राह्मणा धनम् ।
तस्योत्सर्गेण शुध्यन्ति जपेनतपसैव च ॥१९३॥
जपित्वा त्रीणिसावित्र्याः सहस्राणि समाहिताः ।
मासं गोष्ठेपयः पीत्वा मुच्यतेऽसत्प्रतिग्रहात् ॥१९४॥

जो ब्राह्मण निन्दित कर्म करके धन कमाते हैं, वे उस के त्यागने और जप तप से शुद्ध होते हैं ॥१९३॥ एकाग्रचित्त हुवा

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

तीन सहस्र गायत्री का जप कर गोष्ठमें एक महीने भर दुग्धाहार करके बुरे दान लेने के पाप से छूटता है ॥१९४॥

उपवासकृशं तं तु गोव्रजात्पुनरागतम्।
प्रणतं प्रतिपृच्छेयुः साम्यं सौम्येच्छसीति किम् ॥१९५॥
सत्यमुक्त्वा तु विप्रेषु विकिरेद्यवसं गवाम्।
गोभिः प्रवर्तिते तीर्थे कुर्युस्तस्य परिग्रहम् ॥१९६॥

उस उपवास से कृश और गोष्ठ मे आये तथा नम्र हुवे को (ब्राह्मण) पूछें कि सौम्य! क्या तू हम लोगों के बराबर होना चाहता है? ॥१९५॥ ब्राह्मणो के आगे ठीक २ कह कर गायों को घास देवे। गायों के पवित्र किये तीर्थ मे वे (ब्राह्मण) उस का समान व्यवहार आरम्भ करें ॥१९६॥

व्रात्यानां याजनं कृत्वा परेषामन्त्यकर्म च।
अभिचारमहीनं च त्रिभिः कृच्छ्रैर्व्यपोहति ॥१९७॥
शरणागतं परित्यज्य वेदं विप्लाव्य च द्विजः।
संवत्सरं यवाहारस्तत्पापमपसेधति ॥१९८॥

(पूर्वोक्त) व्रात्यों को यज्ञ कराने और दूसरों की अन्त्येष्टि कराने तथा अहीन अभिचार कराने पर ३ कृच्छ्रों से शुद्ध होता है ॥१९७॥ शरण आये को परित्याग करके और पढ़ाने के अयोग्य को वेद पढा कर उस से उत्पन्न हुवे पाप को एक वर्ष तक जौ का आहार करने वाला दूर करता है ॥१९८॥

श्वसृगालखरैर्दष्टो ग्राम्यैः क्रव्याद्भिरेव च।
नराश्वोष्ट्रवराहैश्च प्राणायामेन शुध्यति ॥१९९॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

कुत्ता, सिआर खर, मनुष्य घोड़ा, ऊंट, सूकर वा अन्य ग्राम वासी मांसाहारियों से काटा हुवा मनुष्य प्राणायाम से शुद्ध होता है।

(१९९ वे से आगे एक पुस्तक में यह श्लोक अधिक है :-

[शुना घ्रातावलीढस्य दन्तैर्विदलितस्य च।
अद्भिः प्रक्षालनं प्रोक्तमग्निना चोपचूलनम्] ॥

अर्थात् जो वस्तु कुत्ते ने सूंघी चाटी वा दांतोंसे चाबी हो, उस का पानी से धोना और अग्नि से पकाना कहा है) ॥१९९॥

षष्ठान्नकालता मासं संहिताजप एव वा।
होमाश्च सकला नित्यमपाङ्क्त्यानां विशोधनम् २००

पंक्ति रहितों का विशेष करके शोधन यह कहा है कि तीन दिन उपवास करके एक मास तक सायङ्काल में भोजन करना और वेद-संहिता का पाठ और सम्पूर्ण होमों को करना (आठ पुस्तकों में सकला=शाकला पाठ भेद है) ॥२००॥

उष्ट्रयानं समारुह्य खरयानं तु कामतः।
स्नात्वा तु विप्रोदिग्वासाः प्राणायामेन शुध्यति॥२०१॥

विनाद्भिरप्सु वाप्यार्तः शारीरं सन्निवेश्य च।
सचैलो बहिराप्लुत्य गामालभ्य विशुध्यति।२०२।

ऊंट तथा गधे की सवारी पर इच्छा से चढ़ कर ब्राह्मण नग्न हो, स्नान करके प्राणायाम से शुद्ध होता है ॥२०१॥ विना जल से या जल में ही मल मूत्रादि करके चाहे रोगी भी हो, वस्त्र के सहित नगर के बाहर (नदी में) स्नान करके और पृथ्वी को छूकर शुद्ध होता है ॥२०२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

वेदोदितानां नित्यानां कर्मणां समतिक्रमे ।
स्नातकव्रतलोपे च प्रायश्चित्तमभोजनम् ।२०३।

हुङ्कारं ब्राह्मणस्योक्त्वा त्वङ्कारं च गरीयसः ।
स्नात्वाऽनश्नन्नहः शेषमभिवाद्य प्रसादयेत् ।२०४।

वेद में कहे हुए नित्यकर्म के छूटने और स्नातक ब्रह्मचारी के व्रत लोप में भोजन न करना प्रायश्चित्त कहा है ।।२०३।। ब्राह्मण को "हुम्" ऐसा कह कर और विद्यादि में बड़े को 'तू' ऐसा कह स्नान करके भूखा रह, दिन भर हाथ जोड कर अभिवादन से प्रसन्न करे ।।२०४।।

ताडयित्वा तृणेनापि कण्ठे वाबध्य वाससा ।
विवादे वा विनिर्जित्य प्रणिपत्य प्रसादयेत् ।२०५।

"अवगूर्य त्वब्दशतं सहस्रमभिहत्य च ।
जिघांसया ब्राह्मणस्य नरकं प्रतिपद्यते ।।२०६।।"

तृण से भी (ब्राह्मण) को मार कर या गले में कपडा डाल कर तथा बकवाद में जीते तो हाथ जोड उसे प्रसन्न करे ।।२०५।। "ब्राह्मण को मारने की इच्छा पूर्वक दण्ड उठाने से सौ वर्ष तक नरक को प्राप्त होता है और यदि दण्ड से मारे तो १००० वर्ष तक नरक में रहता है ।।२०६।।"

"शोणितं यावतः पांसून्संगृह्णाति महीतले ।
तावन्त्यब्दसहस्राणि तत्कर्त्ता नरके वसेत् ।।२०७।।"

(मारे हुये ब्राह्मण का) रुधिर भूमिके जितने रज: कणों को भिगोता है उतने हजार वर्ष रुधिर निकालने वाला नरक में वास करता है ।।" (२०६ । २०७ भी प्रकरण विरुद्ध और अत्युक्त तथा

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

पुनरुक्त भी हैं। यहां प्रायश्चित मात्र का प्रकरण है सो २०८ वें मे ब्राह्मण को दण्डा उठाने, मारने और रुधिर निकालने को प्रायश्चित्त कहे ही हैं। फिर पूर्व वर्णित नरकादि गति का यहां दुवारा वर्णन करनेकी आवश्यकता कुछ भी नहीं हैं) ॥२०७॥

अवगूर्य चरेत्कृच्छ्रमतिकृच्छ्रं निपातने ।
कृच्छ्रातिकृच्छ्रौ कुर्वीत विप्रस्योत्पाद्य शोणितम् ॥२०८॥

ब्राह्मण को मारने के लिये दण्डा उठाने से कृच्छ्र प्रायश्चित करे और दण्डा मारने से (आगे कहा) अतिकृच्छ्र और रुधिर निकल आवे तो दोनो प्रायश्चित्त करे ॥२०८॥

अनुक्तनिष्कृतीनां तु पापानामपनुत्तये ।
शक्तिं चावेक्ष्य पापं च प्रायश्चित्तं प्रकल्पयेत् ॥२०९॥
यैरभ्युपायैरेनांसि मानवो व्यपकर्षति ।
तान्वोऽभ्युपायान्वक्ष्यामि देवर्षिपितृसेवितान् ॥२१०॥

जिन पापों का प्रायश्चित्त नहीं कहा है उन पापों के दूर करने को शक्ति और पाप को देख कर प्रायश्चित्त की कल्पना कर लेवे ॥२०९॥ जिन उपायो से मनुष्य पापों को दूर करता है उन देव ऋषि, पितरों के किये हुवे उपायो को तुमसे कहता हूं ॥२१०॥

त्र्यहं प्रातस्त्र्यहं सायं त्र्यहमद्यादयाचितम् ।
त्र्यहं परं च नाश्नीयात्प्राजापत्यं चरन्द्विजः ॥२११॥
गोमूत्रं गोमयं क्षीरं दधि सर्पिः कुशोदकम् ।
एकरात्रोपवासश्च कृच्छ्रं सान्तपनं स्मृतम् ॥२१२॥

प्राजापत्य कृच्छ्र के आचरण करने वाला द्विज तीन दि॰

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

प्रातः काल और तीन दिन सायं काल भोजन करे और तीन दिन अयाचित अन्न का भोजन करे तथा परले तीन दिन उपवास करे, (यह बारह दिन का एक प्राजापत्य" व्रत होता है) ॥२११॥ गोमूत्र गोबर, दुग्ध दधि, घृत और कुशा के पानी का एक दिन भक्षण करे और इसके पश्चात् एक दिन रात्रि का उपवास करे इसको "सान्तपन कृच्छ्र" कहा है ॥२१२॥

एकैकं ग्रासमश्नीयात्त्र्यहाणि त्रीणि पूर्ववत् ।
त्र्यहं चोपवसेदन्त्यमतिकृच्छ्रं चरन्द्विजः ॥२१३॥

तप्तकृच्छ्रं चरन् विप्रो जलक्षीरघृतानिलान् ।
प्रतित्र्यहं पिबेदुष्णान्सकृत्स्नायी समाहितः ॥२१४॥

(कृच्छ्रव्रत) "अतिकृच्छ्र" आचरण करने वाला ३ सायं ३ प्रातः ३ अयाचित इन ९ दिन में एक एक ग्रास भोजन करे और अन्त के ३ दिन उपवास करे ॥२१३॥ 'तप्तकृच्छ्र" का आचरण करने वाला द्विज, स्थिर चित्त हुवा एक वार स्नान करके तीन दिन उष्ण जल पीवे और तीन दिन उष्ण दूध, इसी प्रकार तीन दिन उष्ण घृत और तीन दिन उष्ण वायु पीवे ॥२१४॥

(२१४ से आगे एक पुस्तक मे यह श्लोक अधिक है

[अपां पिबेच्च त्रिपलं पलमेकं च सर्पिषः ।
पयः पिबेत्तु त्रिपलं त्रिमात्रं चोक्तमानतः॥]

जल ३ पल घृत १ पल दूध ३ पल, उक्त प्रमाण से ३ मात्रा [उस २ दिन मे उस २ वस्तु की] पिया करे) ॥

यतात्मनोऽप्रमत्तस्य द्वादशाहमभोजनम् ।
पराको नाम कृच्छ्रोऽयं सर्वपापापनोदनः ॥२१५॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

एकैकं ह्रासयेत्पिण्डं कृष्णे शुक्ले च वर्धयेत् ।
उपस्पृशंस्त्रिषवणमेतच्चान्द्रायणं स्मृतम् ॥२१६॥

स्वस्थ और स्वाधीन चित्त वालेका बारह दिन भोजन नकरना "पराक" नाम कृच्छ सब पाप दूर करता है ॥२१५॥ तीन काल स्नान करता हुआ कृष्णपक्ष मे एक एक पिण्ड=ग्रास को घटावे और शुक्लपक्ष मे एक एक बढ़ावे। इस व्रत को "चान्द्रायण" कहा है ॥२१६॥

एतमेव विधिं कृत्स्नमाचरेद्यवमध्यमे ।
शुक्लपक्षादिनियतश्चरंश्चान्द्रायणं व्रतम् ॥२१७॥
अष्टावष्टौसमश्नीयात्पिण्डान्मध्यन्दिने स्थिते ।
नियतात्मा हविष्याशी यतिचान्द्रायणं चरन् ॥२१८॥

इसी पिण्ड=ग्रास के घटाने बढ़ाने और त्रिकालस्नानात्मक "* यव मध्याख्य चान्द्रायण" को शुक्लपक्ष में प्रारम्भ करके जितेन्द्रिय होकर करे ॥२१७॥ जितेन्द्रिय हविष्य अन्न का भोजन करने वाला "यतिचान्द्रायण" व्रत का आचरण करता हुवा मध्यान्ह में आठ २ पिण्डग्रास भोजन करे ॥२१८॥

चतुरः प्रातरश्नीयात्पिण्डान्विप्रः समाहितः ।
चतुरोऽस्तमिते सूर्ये शिशुचान्द्रायणंस्मृतम् ॥२१९॥
यथाकथञ्चित्पिण्डानां तिस्रोऽशीतीःसमाहितः

*यवमध्याख्य=जिस चान्द्रायण मे जैसे "यव" बीच मे मोटा और किनारों पर पतला होता है, तद्वत् शुक्लपक्ष मे आरम्भ करने के कारण ग्रास वृद्धि करके फिर कृष्णपक्ष में ग्रास घटने से बिच के ग्रासो का भोजन यवमध्य के समान मोटा हो जाता है॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

मासेनाश्नन्हविष्यस्य चन्द्रस्यैति सलोकताम् ॥२२०॥

विप्र प्रातः काल चार ग्रास और चार सायङ्काल में भक्षण करे। इसको "शिशुचान्द्रायण" कहते हैं ॥२१९॥ स्वस्थ हुआ जैसे बने वैसे हविष्य अन्न के १ महीने में तीन अस्सी [३×८०=२४०] दो सौ चालीस ग्रास भोजन करने वाला चन्द्रलोक को प्राप्त होता है ॥२२०॥

एतद्रुद्रास्तथादित्या वसवश्चाचरन्व्रतम् ।
सर्वाऽकुशलमोक्षाय मरुतश्च महर्षिभिः ॥२२१॥

महाव्याहृतिभिर्होमः कर्त्तव्यः स्वयमन्वहम् ।
अहिंसा सत्यमक्रोधमार्जवं च समाचरन् ॥२२२॥

इस 'चान्द्रायण' व्रत को रुद्र आदित्य वसु मरुत इन संज्ञा वाले विद्वानों ने महर्षियों के साथ सम्पूर्ण पापक्षयार्थ किया है (२२०। २२१ भी अनावश्यक और अयुक्त तथा भिन्न शैली के जान पड़ते हैं) ॥२२१॥ (व्रती) आप नित्य महाव्याहृतियों से होम करे तथा अहिंसा सत्य अक्रोध और सरलता का आचरण करे ॥२२२॥

त्रिरह्नस्त्रिर्निशायां च सवासा जलमाविशेत् ।
स्त्रीशूद्रपतितांश्चैव नाभिभाषेत कर्हिचित् ॥२२३॥
स्थानासनाभ्यां विहरेदशक्तोऽधः शयीत वा ।
ब्रह्मचारी व्रती च स्याद्गुरुदेवद्विजार्चकः ॥२२४॥

दिन में ३ बार और रात्रि में ३ बार सचैल गोता लगा कर स्नान करे तथा स्त्री शूद्र और पतितों के साथ कभी न बोले॥२२३॥ स्थान और आसन पर उठा बैठा करे और यदि अशक्त होवे तो

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

भूमि पर नीचे सोवे। व्रती ब्रह्मचर्य को धारण करने वाला तथा गुरु देव द्विज का पूजन करने वाला हो ॥२२४॥

सावित्रीं च जपेन्नित्यं पवित्राणि चशक्तितः।
सर्वेष्वेव व्रतेष्वेवं प्रायश्चित्तार्थमादृतः ॥२२५।
एतैर्द्विजातयः शोध्या व्रतैराविष्कृतैनसः।
अनाविष्कृतपापांस्तु मन्त्रैर्होमैश्च शोधयेत् ॥२२६॥

यथाशक्ति नित्य गायत्री, और अन्य पवित्र मन्त्रों को जपे, सम्पूर्ण व्रतों में इसी प्रकार प्रायश्चित्त के लिये श्रद्धा से अनुष्ठान करे ॥२२५॥ लोक विदित पाप वाले द्विजाति इन व्रतों से शोधने योग्य हैं और गुप्त पाप वालों को मन्त्रों और होमों से शुद्ध करे ॥२२६॥

ख्यापनेनानुतापेन तपसाऽध्ययनेन च।
पापकृन्मुच्यते पापात्तथादानेन चापदि ॥२२७।
यथा यथा नरोऽधर्मं स्वयं कृत्वाऽनुभाषते।
तथा तथा त्वचेवाहिस्तेनाऽधर्मेण मुच्यते ॥२२८॥

पाप करने वाला पापके प्रकाश करने और पश्चाताप करने तथा तप और अध्ययन करने से और यदि इन में से असमर्थ हो तो दान करने से पाप से छूटता है ॥२२७॥ मनुष्य जैसे जैसे अधर्म करके उसे कहता है वैसे वैसे उस अधर्म से छूटता है। जैसे सर्प कांचली से ॥२२८॥

यथा यथा मनस्तस्य दुष्कृतं कर्म गर्हति।
तथा तथा शरीरं तत्तेना धर्मेण मुच्यते ॥२२९॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

कृत्वा पापं हि संतप्य तस्मात्पापात् प्रमुच्यते ।
नैवं कुर्यां पुनरिति निवृत्त्या पूयते तु सः ॥२३०॥

जैसे जैसे उसका मन दुष्कृत कर्म की निन्दा करता है वैसे वैसे वह शरीर उस अधर्म से छूटता है ॥२२९॥ पाप करने के पश्चात् सन्तापयुक्त होने से उस पाप से बचता है और 'फिर ऐसा न करूं' इसप्रकार कहकरनिवृत्त होनेसे वह पवित्र होता है॥२३०॥

एवं संचिन्त्य मनसा प्रेत्यकर्मफलोदयम् ।
मनोवाङ्मूर्त्तिभिर्नित्यं शुभं कर्म समाचरेत् ।२३१।

अज्ञानाद्यदि वा ज्ञानात्कृत्वा कर्म विगर्हितम् ।
तस्माद्विमुक्तिमन्विच्छन् द्वितीयं न समाचरेत्॥२३२॥

इस प्रकार मरने पर परलोक में कर्म के फलोदय को विचार कर मन,वाणी शरीर से नित्य शुभ कर्म करे ॥२३१॥ समझे वा विना समझे अशुभ कर्म करके उससे छूटने की इच्छा करने वाला फिर उस को दूसरी वार न करे ॥२३२॥

यस्मिन्कर्मण्यस्य कृते मनसः स्यादलाघवम् ।
तस्मिंस्तावत्तपः कुर्याद्यावत्तुष्टिकरं भवेत् ।२३३।

तपोमूलमिदं सर्वं दैवमानुषकं सुखम् ।
तपोमध्यं बुधैः प्रोक्तं तपोऽन्तं वेददर्शिभिः ॥२३४॥

इस (पाप करने वाले) के मन का जिस ,कर्म के करने मे भारीपन हो उस में इतना प्रायश्चित करे जितने से इस को तुष्टि करने वाला हो जावे॥२३३॥ इस सब देव मनुष्यों के सुख का

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

आदि मध्य और अन्त वेद के जानने वाले पण्डितों ने तप को ही कहा है ।।२३४।।

ब्राह्मणस्य तपोज्ञानं तपः क्षत्रस्य रक्षणम् ।
वैश्यस्तु तपोवार्ता तपः शूद्रस्य सेवनम् ।।२३५।।

ऋषयः संयतात्मानः फलमूलानिलाशनाः ।
तपसैव प्रपश्यन्ति त्रैलोक्यं सचराचरम् ।।२३६।।

ब्राह्मण का वेदशास्त्र जानना, क्षत्रिय का रक्षा करना, वैश्य का व्यापार करना और शूद्र का सेवा करना तप है ।।२३५।। इन्द्रियो को जीतने वाले और कन्द मूल फल के भोजन करने वाले ऋषि संपूर्ण तीनो लोको के चर तथा अचर को तप ही से देखते हैं ।२३६।

औषधान्यगदो विद्यादैवी च विविधा स्थितिः ।
तपसैव प्रसिध्यन्ति तपस्तेषां हि साधनम् ।।२३७।।

यद्दुस्तरं यद्दुरापं यद्दुर्गं यच्च दुष्करम् ।
सर्वं तु तपसा साध्यं तपोहि दुरतिक्रमम् ।।२३८।।

औषध, आरोग्य, विद्या और नाना प्रकारकी देवतों की स्थिति सब तप ही से प्राप्त होते हैं क्यो कि उनका साधन तप ही है ।२३७। जो दुस्तर है और दुःख से पाने योग्य है जहां दुःखसे जाया जाता है और जो दुःख से किया जाता है वह सब तप से सधने योग्य है क्योंकि तप दुर्लंघ्य है ।।२३८।।

महापातकिनश्चैव शेषाश्चाऽकार्यकारिणः ।
तपसैव सुतप्तेन मुच्यन्ते किल्बिषात्ततः ।।२३९।।

कीटाश्चाऽहिपतङ्गाश्च पशवश्च वयांसि च ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

स्थावराणि च भूतानि दिवं यान्ति तपोबलात्।२४०।

महापातकी और शेष उपपातक वाले उक्त प्रकार से तप ही के अनुष्ठान करने से उस पाप से छूटते हैं ॥२३९॥ कीड़े, सांप पतङ्ग, पशु पक्षी और वृक्ष इत्यादि सब तप के प्रभाव से स्वर्ग को प्राप्त होते हैं ॥२४०॥

यत्किञ्चिदेनः कुर्वन्ति मनोवाङ्मूर्तिभिर्जनाः।
तत्सर्वं निर्दहन्त्याशु तपसैव तपोधनाः ॥२४१॥

तपसैव विशुद्धस्य ब्राह्मणस्य दिवौकसः।
इज्याश्च प्रतिगृह्णन्ति कामान्संवर्धयन्ति च ।२४२।

मनुष्य मन, वाणी, काय से जो कुछ पाप करते हैं उन सब को तप करने वाले तप से ही जलाते हैं ॥२४१॥ तप करने से शुद्ध हुवे ब्राह्मण के यज्ञ में देवता आहुति को ग्रहण करते और उनके मनोवांछित फलों की वृद्धि करते हैं ॥२४२॥

'प्रजापतिरिदं शास्त्रं तपसैवासृजत्प्रभुः।
तथैव वेदानृषयस्तपसा प्रतिपेदिरे ॥२४३॥"

'प्रजापति ने तप ही से इस शास्त्र को बनाया। उसी प्रकार ऋषियों ने तप ही से वेदों को पाया" ॥

(२४३ वां श्लोक तो स्पष्ट ही मनु से भिन्न पुरुष का वचन है। परन्तु इसी से यह भी प्रतीत होता है कि कदाचित् यह तप का सब ही व्याख्यान अन्यकृत हो। क्यों कि मनु की शैली यह नहीं देखी जाती कि वह एक बात का इतना बड़ा बढ़ावें। जो हां, परन्तु नन्दन टीकाकार ने 'शास्त्र' ... है। तदनुसार तो यह श्लोक मनु प्रोक्त ही है।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

भी लिखा है कि (इंद शास्त्रमिति च पठन्ति) इससे जान पड़ता है कि नन्दन के समयमें भी "शास्त्रम्" पाठ चलगया था) ॥२४३॥

इत्येतत्तपसो देवा महाभाग्यं प्रचक्षते ।
सर्वस्यास्य प्रपश्यन्तस्तपसः पुण्यमुत्तमम् ॥२४४॥

इस सम्पूर्ण तपके उत्तम पुण्य को इस प्रकार देखते हुवे देवता लोग यह तप का माहात्म्य कहते हैं ॥

(२४४ से आगे दो पुस्तकों में यह श्लोक अधिक पाया जाता है और इस पर रामचन्द्र ने टीका भी की है:—

[ब्रह्मचर्यं जपोहोम काले शुद्धाल्पभोजनम् ।
अरागद्वेषलोभाश्च तप उक्तं स्वयंभुवा ॥]

ब्रह्मचर्य, जप, होम, समय पर शुद्ध थोड़ा भोजन, राग द्वेष लोभों का त्यागना, यह ब्रह्मा ने तप कहा है) ॥२४४॥

वेदाभ्यासोऽन्वहं शक्त्या महायज्ञक्रिया क्षमा ।
नाशयन्त्याशु पापानि महापातकजान्यपि ॥२४५॥
यथैधस्तेजसा वह्निः प्राप्त निर्दहति क्षणात् ।
तथा ज्ञानाग्निना पापं सर्वं दहति वेदवित् ।२४६।

प्रतिदिन यथाशक्ति वेदका अध्ययन और पञ्चमहायज्ञों का अनुष्ठान करना तथा अपराध को सहन करना ये महापातकों के भी (कुसंस्काररूप) पापों का शीघ्र नाश करते हैं ॥२४५॥ जैसे अग्नि तेज से पाप के इन्धन को क्षण मे सर्वथा जला देता है, वैसे ही वेद का जानने वाला ज्ञानाग्नि से सम्पूर्ण (कुसंस्काररूपी) पापों को जला देता है ॥२४६॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

"इत्येतदेनसामुक्तं प्रायश्चित्तं यथाविधि।
अतऊर्ध्वं रहस्यानां प्रायश्चित्तं निबोधत॥२४७॥

सव्याहृतिप्रणवकाः प्राणायामास्तु षोडश।
अपि भ्रूणहणं मासात्पुनन्त्यहरहः कृताः॥२४८॥"

इसप्रकार ये पापोंके प्रायश्चित्त यथाविधि कहे। अब अप्रकाश (छिपे) पापों का प्रायश्चित्त सुनो ॥२४७॥ प्रणव और व्याहृति के साथ प्रति दिन किये हुवे सोलह प्राणायाम महीने भर में भ्रूणहत्या वाले को भी पवित्र कर देते हैं। (२४७ से २५१ तक ५ श्लोक भी प्रक्षिप्त जान पड़ते हैं क्योंकि २४७ वे में जो कहा है कि यह प्रत्यक्ष पापों का प्रायश्चित्त कहा अब छिपों का प्रायश्चित्त सुनो। प्रथम तो प्रायश्चित्त छिपाने पर होता नहीं। प्रत्युत छिपाना भी एक और पाप है और पूर्व कह आये हैं कि पाप को स्वीकार करके प्रकट करना भी एक प्रकार से प्रायश्चित्ताङ्ग है। दूसरे यह प्रतिज्ञावाक्य सब पुस्तकों मे पुराने समय में न था क्योंकि कुल्लूक टीकाकार कहते हैं कि "यह श्लोक गोविन्दराम टीकाकार ने नहीं लिखा परन्तु मेधातिथि ने लिखा है" तथा राघवानन्द टीकाकार ने इसका पूर्वार्ध इस प्रकार लिखा है कि "इत्येषोऽभिहितः कृत्स्न प्रायश्चित्तस्य वोविधिः" यदि यह पाठ ठीक मानें तो प्रायश्चित्तो की समाप्ति यहीं होजानी चाहिये तथा छिपे पाप का गुरुतर=बड़ा भारी प्रायश्चित्त होना चाहिये। यहा २५१ में तो गुरुस्त्रीगमन के शरीर त्यागरूप प्रायश्चित्त के स्थान मे कुछ ऋचाओं, मन्त्रो और सूक्तो का पाठमात्र ही विधान किया है। इत्यादि हेतुओ से २५१ तक कल्पना प्रतीत होती है) ॥२४८॥

"कौत्सं जप्त्वाप इत्येतद्वासिष्ठं च प्रतीत्यृचम्।
माहित्रंशुद्धवत्यश्च सुरापोऽपि विशुध्यति॥२४९॥

सकृज्जप्त्वास्यवामीयं शिवसङ्कल्पमेव च।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

अपहृत्य सुवर्णं तु क्षणाद्भवति निर्मलः ॥२५०॥

"कुत्स ऋषि वाला "अप नः शोशुचदघम्" ८ ऋचा ऋग्वेदस्थ १। ९७ सूक्त और वसिष्ठ ऋषि वाली "प्रतिस्तोमेभिरुषसं वसिष्ठ" इत्यादि ७। ८०। १ ऋचा 'महित्रीणामवोऽस्तु०" इत्यादि १०। १८५। १ और "एतुन्विन्द्र स्तवाम शुद्धं शुद्धेन०" इत्यादि ८। ९५। ७ शुद्धवती ऋचाओं का जप करके सुरापान करने वाला भी शुद्ध हो जाता है (दो पुस्तकों मे-माहित्रं=माहेन्द्रम् पाठ है)।२४९। सोना चुराकर एक बार प्रतिदिन अस्य वामीयं=जिस में "अस्य-वाम०" शब्द है (मतौ छ.सूक्तसाम्नो.। अष्टा० ५। २। ५९) उस "अस्य वामस्य पलितस्य होतु०" इत्यादि १। १६४। १-५२ ऋचा के सूक्त को पढ़ कर वा "शिवसङ्कल्प०" (यजुः ३४। १-६ इस सूक्त को पढ़ कर क्षण भर निर्मल हो जाता है ॥२५०॥

"हविष्यन्तीयमभ्यस्य नतमंह इतीति च।
जपित्वा पौरुषं सूक्तं मुच्यते गुरुतल्पगः ॥२५१॥

एनसां स्थूलसूक्ष्माणां चिकीर्षन्नपनोदनम्।
अवेत्यृचं जपेदब्दं यत्किञ्चेदमितीति वा ॥२५२॥

"हविष्यान्तमजरं स्वर्विदि०,ऋ० १०। ८८ इस ११ ऋचा के सूक्त को और "न तमंहोन दुरितम्० २। २३। ५ अथवा १०। १२६। १ और "इति वा" इतिमे मनः १०। ११९। १ इस को तथा 'सहस्रशीर्षा०" इत्यादि १०। ९०। १-१६ ऋचाओं के सूक्त को पढ़ कर गुरुस्त्रीगमनका पाप छूट जाता है ॥२५१॥ 'छोटे बड़े पापों का प्रायश्चित्त करने की इच्छा वाला मनुष्य "अव ते हेळो वरुण नमोभिः" इत्यादि १। २४। १४ ऋचा को अथवा यत्किञ्चेदं वरुण दैव्ये जने०' इत्यादि ७। ८९। ५ ऋचा को एक वर्ष तक जपे ॥२५२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

प्रतिगृह्याप्रतिग्राह्यं भुक्त्वाचान्नं विगर्हितम् ।
जपंस्तरत्समन्दीयं पूयते मानवस्त्र्यहात् ॥२५३॥

सोमारौद्रं तु बह्वेना मासमभ्यस्य शुध्यति ।
स्रवन्त्यामाचरन्स्नानमर्यम्णामिति च तृचम् ॥२५४॥

प्रतिग्रह के अयोग्य का प्रतिग्रह लेकर और निन्दित अन्न भोजन करके तरत्स मन्दी धावति यह जिनमें आताहै उन पवमान देवताकी ऋ० ९।५८।१—४ ऋचाओं को तीन दिन पढ़ने से मनुष्य पवित्र होता है ॥२५३॥ "सोमारुद्रा धारये था०" ऋ० ६। ७४।१-४ सूक्त और "अर्यम्णामिति-" ["अर्यमणं वरुणं मित्रं०" ऋ० ४।२।४] (ठीक 'अर्यम्णाम्' प्रतीक वाला ३ ऋचाका कोई सूक्त नहीं मिलता) इन ३ ऋचाओं का एक एक मास अभ्यास करने से नदी में स्नान करता हुवा बहुत पापों वाला शुद्ध हो जाता है ॥२५४॥

अब्दार्धमिन्द्रमित्येतदेनस्वी सप्तकं जपेत् ।
अप्रशस्तं तु कृत्वाप्सु मासमासीत भैक्षभुक् ॥२५५॥

मन्त्रैःशाकलहोमीयैरब्दं हुत्वा घृतं द्विजः ।
सुगुर्वप्यपहन्त्येनो जप्त्वा वा नम इत्यृचम् ॥२५६॥

पापी पुरुष छः मास तक "इन्द्रं मित्रं वरुणमग्नि भूतये" ऋ० १।१०६।१-७ इत्यादि ७ ऋचा का जप करे और जिसने जल में कोई न करने का काम किया हो वह एक मास तक भिक्षा भोजन से निर्वाह करे॥२५५॥ (३ पुस्तकों से अप्रशन्तम्=अप्रकाशम् पाठ है) 'देवकृतस्यैनसोऽवयजनमसि०' यजु.८।१३ इत्यादि ८ मन्त्र कात्यायन श्रौत सूत्र १०।८।६ के अनुसार शाकल होमीय

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

कहाते हैं। इनका पाठ करके हवन करने वाला वा "नमःकपर्दिने इत्यादि यजु. १६। २९ (वा "नम. आशंवे०" यजुः १६। ३१ इत्यादि वा 'नमो मित्रस्य वरुणस्य०' इत्यादि ऋ० १०। ३७। १) ऋचाको जपकर एक वर्षमें बड़े पापको भी नष्टकर देता है ॥२५६॥

महापातकसंयुक्तोऽनुगच्छेद्गाः समाहितः ।
अभ्यस्याब्दं पावमानीर्भैक्षाहारो विशुध्यति ॥२५७॥

अरण्ये वा त्रिरभ्यस्य प्रयतो वेदसंहिताम् ।
मुच्यते पातकैः सर्वैः पराकैः शोधितस्त्रिभिः ॥२५८॥

बड़े २ पातकों से युक्त हुआ जितेन्द्रिय होकर गायों को चरावे और पावमानी=पवमान देवता की (ऋ० ९। १। १ से ९। ११४। ४ तक अर्थात् ९ वें मण्डल की समस्त) ऋचाओं को एक वर्ष पर्यन्त पढ़कर भिक्षाभोजन करे तब शुद्ध होता है (दा पुस्तकों में महापातक के स्थान मे उपपातक पाठ है वही ठीक भी जान पड़ता है) ॥२५७॥ पूर्वोक्त तीन पराकोंसे पवित्र हुवा और वाह्य आभ्यन्तर शौचयुक्त होकर वन में वेदसंहितामात्र को पढ़कर सम्पूर्ण पातकों से छूट जाता है॥२५८॥

त्र्यहं तूपवसेद्युक्तस्त्रिरह्नोऽभ्युपयन्नपः ।
मुच्यते पातकैः सर्वैस्त्रिर्जपित्वाऽघमर्षणम् ॥२५९॥

यथाश्वमेधः क्रतुराट् सर्वपापापनोदनः ।
तथाऽघमर्षणं सूक्तं सर्वपापापनोदनम् ॥२६०॥

संयत होकर त्रिरात्र उपवास करे और प्रतिदिन त्रिकाल स्नान करता रहे। जल में खड़ा हुआ-'ऋतं च सत्यं' ऋ० १०। १९०। १-३ इस अघमर्षण सूक्त को त्रिरावृत्ति पढ़कर सब पापों

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

से बच जाता है ॥२५९॥ जैसे अश्वमेध यज्ञ सब यज्ञों में श्रेष्ठ और सब पापों का दूर करने वाला है, वैसे ही सब पापों को दूर करने वाला यह अघमर्षण सूक्त है ॥२६०॥

हत्वा लोकानपीमांस्त्रीनश्नन्नपि यतस्ततः ।
ऋग्वेदं धारयन्विप्रो नैनः प्राप्नोति किंचन ॥२६१॥
ऋक्संहितांत्रिरभ्यस्य यजुषां वा समाहित ।
साम्नां वा सरहस्यानां सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥२६२॥

इन तीन लोकों को मारकर और जहां तहां के भी अन्न को भोजन करता हुवा ऋग्वेद को धारण करने वाला विप्र कुछ पाप को नहीं प्राप्त होता (यह ऋग्वेद धारण की अत्युक्ति से प्रशंसा मात्र है। यथार्थ नहीं जान पड़ती। असम्भव सी भी है) ॥२६१॥ ऋक्संहिता वा यजुःसंहिता अथवा सामसंहिता को ब्राह्मणोपनिषदादि सहित समाहितचित्त होकर तीन आवृत्ति करने से सब पापों से बच जाता है ॥२६२॥

यथामहाह्रदं प्राप्य क्षिप्रं लोष्टं विनश्यति ।
तथा दुश्चरितं सर्वं वेदे त्रिवृति मज्जति ॥२६३॥
ऋचोयजूंषि चान्यानि सामानि विविधानि च ।
एषज्ञेयस्त्रिवृद्वेदो योवेदैनं स वेदवित् ॥२६४॥

जैसे बड़ी नदी में डाला हुआ ढेला गल जाता है, वैसे सम्पूर्ण पाप त्रिरावृत्ति वेद में डूब जाता है (यह भी वेदों की प्रशंसा है) ॥२६३॥ ऋग्यजु और साम के नाना प्रकार के मन्त्र, यह त्रिवृद्वेद जानने के योग्य है। जो इसको जानता है वह वेदवित् है ॥२६४॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

आद्यं यत्त्र्यक्षरं ब्रह्म त्रयीयस्मिन्प्रतिष्ठिता: ।
स गुह्योऽन्यास्त्रिवृद्वेदोयस्तं वेद स वेदवित् ।२६५।

सब वेदों का जो प्राथमिक तीन अक्षरयुक्त ओंकाररूप वेद है, जिसमे तीनो वेद स्थित हैं वह दूसरा त्रिवृद्वेद ओंकार-गुह्य (बीजरूप) है। जो इसके स्वरूपार्थ (परमात्मा) को जानता है वह वेदवित् है ॥

(तीन प्राचीन पुस्तको मे और राघवानन्द के भाष्य मे नीचे लिखा श्लोक अधिक मिलताहै जिसकी आवश्यकता भी है क्योंकि उपसंहार करना उचित भी था जैसा कि मनु की शैली है । तद्-नुसार इस श्लोक में पूर्वाध्याय के विषय का उपसंहार और अगले अध्यायके विषयका प्रस्ताव है अनुमान कि द्वादशाध्यायके आरम्भ के दो प्रक्षिप्त श्लोको को बढ़ाने वाले ने यह श्लोक मनुसंहिता को भृगुसंहिता बनाने के लिये निकाल दिया है। वह यह है:—

[एष वोभिहितः कृत्स्नः प्रायश्चित्तस्य निर्णयः ।
निश्रेयसं धर्मविधिं विप्रस्येमं निबोधत ॥]

यह तुमसे समस्त प्रायश्चित्त का निर्णय कह दिया अब ब्राह्मण के इस मोक्षधर्मविधान को सुनो ॥ तथा इसी से आगे दो पुस्तकों मे अर्ध श्लोक यह अधिक पाया जाता है:—

[पृथग्ब्राह्मणकल्पाभ्यां स हि वेदस्त्रिवृत्स्मृत: ।]

यह ब्राह्मण ग्रन्थों और कल्पनाओं से पृथक् "त्रिवृत्" वेद कहा गया है) ॥२६५॥

इति मानवे धर्मशास्त्रे (भृगुप्रोक्तायां संहितायां)
एकादशोऽध्याय: ॥११॥

इति श्री तुलसीरामस्वामिविरचिते मनुस्मृतिभाषानुवादे
एकादशोऽध्याय: ॥११॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

ओ३म्

अथ द्वादशोऽध्यायः

"चातुर्वर्ण्यस्य कृत्स्नो ऽयमुक्तो धर्मस्त्वयाऽनघ।
कर्मणांफलनिवृत्ति 'शंस नस्तत्वतः पराम् ॥१॥

स तानुवाच धर्मात्मा महर्षीन् मानवो भृगु'।
अस्य सर्वस्य शृणुत कर्मयोगस्य निर्णयम्॥२॥"

"हे पापरहित! तुम ने चारों वर्णों का यह सम्पूर्ण धर्म कहा अब कर्मों की शुभाशुभ परमार्थरूप फलप्राप्ति हमसे कहिये (इस प्रकार महर्षि लोगो ने भृगु जी से पूछा) ॥१॥ वह धर्मात्मा मनु के पुत्र भृगु उन महर्षियों से बोले कि इस सम्पूर्ण कर्मयोग के निश्चय को सुनिये- ॥

(स्पष्ट है कि इन १। २ श्लोको का कर्त्ता न मनु है न भृगु। किन्तु कोई ग्रन्थ का सम्पादक वा संग्राहक कहता है जिस ने इस धर्मशास्त्र में भृगु का ऋषियों से संवाद मान रक्खा है) ॥२॥

शुभाऽशुभफलं कर्म मनोवाग्देहसंभवम्।
कर्मजा गतयो नृणामुत्तमाऽधममध्यमाः ॥३॥
तस्येह त्रिविधस्यापि त्र्यधिष्ठानस्य देहिनः।
दशलक्षणयुक्तस्य मन विद्यात्प्रवर्तकम् ॥४॥

मन, वाणी तथा शरीर से उत्पन्न शुभाऽशुभ फल वाले कर्म से मनुष्यों की उत्तम मध्यम, अधम गति (जन्मान्तर की प्राप्ति) होती है ॥३॥ उस देही के उत्तम, मध्यम अधम और मन वाणी शरीर के आश्रित फल के देने वाले तीन प्रकार के १० लक्षण

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

युक्त कर्म का चलाने वाला मन को जानो । यहां से कर्मफल कहते हुवे क्रमपूर्वक मोक्ष का वर्णन करेंगे) ।।४।।

वितथाभिनिवेशश्च त्रिविधं कर्म मानसम् ।।५।।
पारुष्यमनृतं चैव पैशून्यं चापि सर्वशः ।
असंबद्धप्रलापश्च वाङ्मयं स्याच्चतुर्विधम् ।।६।।

अन्याय से परद्रव्य लेने की इच्छा और मन से (पराया बुरा) चाहना तथा "परलोक में कुछ नहीं है" ऐसा विश्वास यह तीन प्रकार का मानस (पाप) कर्म है ।।५।। कठोर और असत्यभाषण तथा सब प्रकार की चुगली और असम्बद्ध बकवाद करना; यह चार प्रकार का वाङ्मय (पाप) कर्म है।।६।।

अदत्तानामुपादानं हिंसा चैवा विधानतः ।
परदारोपसेवा च शारीरं त्रिविधं स्मृतम् ।।७।।
मानसं मनसैवायमुपभुङ्क्ते शुभाशुभम् ।
वाचाऽवाचा कृतं कर्म कायेनैव च कायिकम् ।८।।

अन्याय से दूसरे का धन लेना और शास्त्र के विधान (दण्डनीय = वध्य के वधादि) से अतिरिक्त हिंसा तथा दूसरे की स्त्री से गमन करना, यह तीन प्रकार का शारीरिक (पाप) कर्म है ।।७।। मन से किये हुवे शुभ अशुभ कर्मफल का मन ही से, वाणी से किये हुवे का वाणी से और शरीर से किये हुवे का शरीर ही से यह (प्राणी) भोग करता है ।।

८ वें से आगे एक पुस्तक में यह श्लोक अधिक मिलता है:-

[त्रिविधं च शरीरेण वाचा चैव चतुर्विधम् ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

मनसा त्रिविधं कर्म दशाऽधर्मपथांस्त्यजेत् ॥]

३ प्रकार का शारीरिक, ४ प्रकार का वाचिक और ३ प्रकार का मानसिक यह १० अधर्म के मार्ग त्यागने चाहियें) ॥८॥

शरीरजैः कर्मदोषैर्याति स्थावरतां नरः ।
वाचिकैः पक्षिमृगतां मानसैरन्त्यजातिताम् ॥९॥

शरीर के कर्मदोषों से मनुष्य वृक्षादि योनि और वाणी के कर्म दोष से पक्षी और मृग की योनि तथा मन के कर्मदोषों से चण्डालादि कुल में उत्पत्ति पाता है॥ (९ वें श्लोक से आगे ४ पुस्तकों में यह श्लोक अधिक है:—

[शुभैःप्रयोगैर्देवत्वं व्यामिश्रैर्मानवो भवेत् ।
अशुभैः केवलैश्चैव तिर्यग्योनिषु जायते ॥१॥]

शुभ कर्मों से देवभाव शुभाशुभ मिश्रितों से मनुष्य भाव की प्राप्ति और केवल अशुभों से नीच योनियों में जन्म पाता है॥ एक अन्य पुस्तक सहित ५ पुस्तकों में निम्नलिखित श्लोक और भी मिलता है:—

[वाग्दण्डो हन्ति विज्ञानं मनोदण्डः परांगतिम् ।
कर्मदण्डस्तु लोकांस्त्रीन्हन्यादपरिरक्षितः ॥२॥]

विना रक्षा किया हुवा वाग्दण्ड विज्ञान को, मनोदण्ड परमगति को और कर्मदण्ड तीनों लोकों को नष्ट करता है। तथा एक अन्य पुस्तक सहित छः पुस्तकों में यह श्लोक और भी पाया जाता है:—

[वाग्दण्डोऽथ भवेन्मौनं मनोदण्डस्त्वनाशनम् ।
शरीरस्य हि दण्डस्य प्राणायामो विधीयते ॥३॥]

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

मौन को वाग्दण्ड, अनशन को मनोदण्ड और प्राणायाम को शारीरिक दण्ड कहते हैं) ॥९॥

वाग्दण्डोऽथ मनोदण्डः कायदण्डस्तथैव च ।
यस्यैते निहिता बुद्धौ त्रिदण्डीति स उच्यते ॥१०॥

वाणी का दमन (अशुभ कर्म से रोकना) तथा मनका दमन और कार्य का दमन, ये तीनों जिसकी बुद्धि में स्थित हैं वह "त्रिदण्डी" कहाता है ॥१०॥

त्रिदण्डमेतन्निक्षिप्य सर्वभूतेषु मानवः ।
कामक्रोधौ तु संयम्य ततःसिद्धिं नियच्छति ॥११॥
योऽस्यात्मनः कारयिता तं क्षेत्रज्ञं प्रचक्षते ।
यः करोति तु कर्माणि स भूतात्मोच्यते बुधैः ॥१२॥

मनुष्य सम्पूर्ण जीवों पर इन तीनो प्रकार का दमन करके काम, क्रोधों को रोककर फिर सिद्धिको प्राप्त होता है॥११॥ जो इस आत्मा को कर्म में प्रवृत्त करने वाला है उसको "क्षेत्रज्ञ" कहते हैं और जो कर्म करता है, बुद्धिमान् लोग उसको भूतात्मा कहते हैं ॥१२॥

जीवसंज्ञोऽन्तरात्मान्यः सहजः सर्वदेहिनाम् ।
येन वेदयते सर्वं सुखं दुःखं च जन्मसु ॥१३॥
तावुभौ भूतसंपृक्तौ महान्क्षेत्रज्ञ एव च ।
उच्चावचेषु भूतेषु स्थितं तं व्याप्य तिष्ठतः ॥१४॥

सम्पूर्ण देहियों के साथ होने वाला दूसरा जीवसंज्ञा वाला (अन्तःकरण) अन्तरात्मा है, जिससे जन्मो में सम्पूर्ण सुख दुःख

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

जाना जाता है ॥१३॥ वे दोनो महान् और क्षेत्रज्ञ जो कि पृथिव्यादि पञ्चभूतों से मिले हुवे हैं, ऊंच नीच सब भूतों मे स्थित उस (परमात्मा) के आश्रय रहते हैं ॥

(१४ वें से आगे एक श्लोक तीन पुस्तको मे मिलता है और वह इसी प्रकरण में गीता में भी आया है। गीता से मनु प्राचीन है। इस लिये कदाचित् मनु से गीता मे गया हो। यहां अन्तः करण शरीर और जीवात्मा का वर्णन किया तो साथ में प्रसङ्गोपयोगी १४ वें श्लोकोक्त "तम्" पदवाच्य परमात्मा के वर्णन की आवश्यकता भी थी। अनुमान है कि यह श्लोक वास्तव मे हो, पीछे जाता रहा हो वा अद्वैतियो ने निकाल दिया हो ॥

(उत्तमः पुरुषस्त्वन्यः परमात्मेत्युदाहृतः ।
योलोकत्रयमाविश्य बिभर्त्यव्ययईश्वरः ॥)

उत्तम पुरुष तो अन्य है जो "परमात्मा" कहाता है और जो तीन लोकों मे प्रवृष्ट समर्थ और अविनाशी होने से इनका धारण पोषण करता है। अगले १५वें मे भी उसी का प्रसङ्ग है)॥१४॥

असंख्या मूर्त्तयस्तस्य निष्पतन्ति शरीरतः ।
उच्चावचानि भूतानि सततं चेष्टयन्ति याः ॥१५॥

शरीर निकलते हैं जो कि उत्कृष्ट निकृष्ट प्राणियों को निरन्तर कर्म कराते हैं ॥१५॥ दुष्ट कर्म करने वाले मनुष्यों को मर कर पञ्चतन्मात्रा से दुःख सहन करने के लिये दूसरा शरीर अवश्य उत्पन्न होता है ॥१६॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

तेनानुभूयता यामीः शरीरेणेह यातनाः ।
तास्वेव भूतमात्रासु प्रलीयन्ते विभागशः ।१७।
सोऽनुभूयासुखोदर्कान्दोषान्विषयसङ्गजान् ।
व्यपेतकल्मषोऽभ्येति तावेवोभौ महौजसौ ।१८।

उस शरीर से यम की दी हुई यातनाओ को यहां भोग कर प्राणी उन्हीं भूत मात्रो मे विभाग से फिर छिप जाते हैं ॥१७॥ वह प्राणी निषिद्ध विषयों के उपभोगजनित दुखों को भोग कर पाप को दूर करके बड़े पराक्रम वाले उन्ही दोनो (महान् और क्षेत्रज्ञ) को प्राप्त होता है ॥१८॥

तौ धर्मं पश्यतस्तस्य पापं चातन्द्रितौ सह ।
याभ्यां प्राप्नोति संपृक्तः प्रेत्येह च सुखासुखम् ।१९।
यद्याचरति धर्मं स प्रायशोऽधर्ममल्पशः ।
तैरेव चावृतो भूतैः स्वर्गे सुखमुपाश्नुते ।२०।

वे आलस्यरहित (महान् और क्षेत्रज्ञ दोनो) उस प्राणी के पुण्य और पाप को साथ २ देखते हैं जिन से मिला हुवा इस लोक तथा परलोक में सुख और दु ख को प्राप्त होता है ॥१९॥ वह जीव यदि अधिक धर्म कर्म करता है और अधर्म न्यून, तो उनही उत्तम पञ्चभूतो से युक्त स्वर्ग मे सुख को भोगता है॥२०॥

यदि तु प्रायशोऽधर्मं सेवते धर्ममल्पशः ।
तैर्भूतैः स परित्यक्तो यामीः प्राप्नोति यातनाः।२१।
यामीस्ता यातनाः प्राप्य सजीवो वीतकल्मषः ।
तान्येव पञ्चभूतानि पुनरप्येति भागशः ।२२।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

और यदि वह जीव पाप अधिक और पुण्य थोड़ा करे तो उन उत्तम भूतों से त्यक्त हुवा यम की यातनाओं को प्राप्त होता है ॥२१॥ उन यम की यातनाओं को प्राप्त होकर वह जीव (भोग से) पापरहित होने पर फिर उन्हीं उत्तम पंचभूतों को क्रम से प्राप्त हो जाता है ॥२२॥

एता दृष्ट्वास्य जीवस्य गतिः स्वेनैव चेतसा ।
धर्मतोऽधर्मतश्चैव धर्मे दध्यात्सदा मनः ।२३।

सत्त्वं रजस्तमश्चैव त्रीन्विद्यादात्मनो गुणान् ।
यैर्व्याप्येमान्स्थितो भावान्महान्सर्वानशेषतः॥२४॥

इस जीव की धर्म और अधर्म से इन गतियों को अपने मन से ही देख कर सर्वदा मन को धर्म में लगावे ॥२३॥ सत्वगुण रजोगुण तमोगुण इन तीनों को आत्मा (प्रकृति) के गुण जाने जिन से व्याप्त हुवा यह "महान् स्थावर जङ्गमरूप सम्पूर्ण भावों को अशेषता से व्याप कर स्थित है ॥२४॥

यो यदैषां गुणोदेहे साकल्येनातिरिच्यते ।
स तदा तद्गुणप्रायं तं करोति शरीरिणम् ॥२५॥

सत्त्वं ज्ञानं तमोऽज्ञानं रागद्वेषौ रजःस्मृतम् ।
एतद्व्याप्तिमदेतेषां सर्वभूताश्रितं वपुः ॥२६॥

जिस शरीर में गुणों में से जो गुण पूरा२ जब अधिक होता है तब वह उस प्राणी को उसी गुण के अधिक लक्षणयुक्त कर देता है ॥२५॥ यथार्थ वस्तु का जानना सत्त्व का लक्षण और उस के विपरीत=न जानना=अज्ञान=तम का और रागद्वेष रज के

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

लक्षण हैं। इन सब प्राणियों का आश्रित शरीर इन सत्वादि गुणों की व्याप्ति वाला होता है ॥२६॥

तत्र यत्प्रीतिसंयुक्तं किञ्चिदात्मनि लक्षयेत् ।
प्रशान्तमिव शुद्धाभं सत्त्वं तदुपधारयेत् ॥२७॥
यत्तु दुःखसमायुक्तमप्रीतिकरमात्मनः ।
तद्रजोऽप्रतिपं विद्यात्सततं हारि देहिनाम् ॥२८॥

उन तीनों में से जो कुछ प्रीति से मिला हुवा और शान्त प्रकाश रूपसा आत्मा मे जाना जावे उस को सत्व जाने ॥२७॥ और जो दु ख से मिला हुवा तथा आत्मा की अप्रीति करे और सर्वदा शरीरियो को विषय की ओर प्रतिकूल खींचने वाला है, उस को रज जाने ॥२८॥

यत्तु स्यान्मोहसंयुक्तमव्यक्तं विषयात्मकम् ।
अप्रतर्क्यमविज्ञेयं तमस्तदुपधारयेत् ।२९।
त्रयाणामपि चैतेषां गुणानां यः फलोदय ।
अग्र्योमध्यो जघन्यश्च तं प्रवक्ष्याम्यशेषतः ।३०।

जो मोह से युक्त हो प्रकट न हो तथा विषय वाला हो और तर्क और बुद्धि द्वारा जानने योग्य न हो उसको तम समझो॥२९॥ इन (सत्वादि) तीनो गुणो का यथाक्रम उत्तम, मध्यम, अधम जो फलोदय हैं उस सम्पूर्ण को आगे कहता हूं ॥३०॥

वेदाभ्यासस्तपो ज्ञानं शौचमिन्द्रियनिग्रहः ।
धर्मक्रियात्मचिन्ता च सात्त्विकं गुणलक्षणम् ।३१।
आरम्भरुचिताऽधैर्यमसत्कार्यपरिग्रह. ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

विषयोपसेवा चाजस्रं राजसं गुणलक्षणम् ॥३२॥

वेद का अभ्यास तप, ज्ञान शौच इन्द्रिय का निग्रह धर्मक्रिया और आत्मा का मनन, ये सत्वगुण के लक्षण है ॥३१॥ आरम्भ में रुचि होना फिर अधैर्य, निषिद्ध कर्म को पकड़ना और निरन्तर विषयभोग, यह रजोगुण का लक्षण है ॥३२॥

लोभः स्वप्नोऽधृतिः क्रौर्यं नास्तिक्यं भिन्नवृत्तिता ।
याचिष्णुता प्रमादश्च तामसं गुणलक्षणम् ॥३३॥
त्रयाणामपि चैतेषां गुणानां त्रिषु तिष्ठताम् ।
इदं सामासिकं ज्ञेयं क्रमशो गुणलक्षणम् ॥३४॥

लोभी नींद, अधीरता, क्रूरता, नास्तिकता, अनाचारीपन, याचनस्वभाव और प्रमाद, यह तमोगुण का लक्षण है ॥३३॥ इन तीनों (सत्वादि) गुणों का, जो कि तीनों में रहने वाले हैं, यह क्रम से संक्षिप्त गुण लक्षण जानना चाहिये कि—॥३४॥

यत्कर्म कृत्वा कुर्वंश्च करिष्यंश्चैव लज्जति ।
तज्ज्ञेयं विदुषा सर्वं तामसं गुणलक्षणम् ॥३५॥
येनास्मिन्कर्मणा लोके ख्यातिमिच्छति पुष्कलाम् ।
न च शोचत्यसम्पत्तौ तद्विज्ञेयं तु राजसम् ॥३६॥

जिस कर्म को करके और करते हुवे और आगे करने का विचार करते हुवे (तीनों काल में) लज्जा करता है, उस सब को विद्वान् तम का लक्षण जाने ॥३५॥ जिस कर्म से इस लोक में बड़ी प्रसिद्धि को चाहता है और असम्पत्ति (असिद्धि) में शोक नहीं करता, उसको राजस जाने ॥३६॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

यत्सर्वेणेच्छति ज्ञातुं यन्न लज्जति चाचरन् ।
येन तुष्यति चात्माऽस्य तत्सत्त्वगुणलक्षणम् ॥३७॥

तमसोलक्षणं कामोरजसस्त्वर्थ उच्यते ।
सत्त्वस्य लक्षणं धर्मः श्रैष्ठ्यमेषां यथोत्तरम् ॥३८॥

जिस कर्म को सर्वथा जानने के लिये इच्छा करता है और जिस कर्म को करता हुवा (तीनों काल में) लज्जित नहीं होता, तथा जिस कर्म से इसके मन को आनन्द हो, वह सत्वगुण का लक्षण है ॥३७॥ तम का प्रधान लक्षण काम है और रज का प्रधान लक्षण अर्थ कहाता है, तथा सत्व का प्रधान लक्षण धर्म है । इन में उत्तरोत्तर श्रेष्ठता है ॥३८॥

येन यस्तु गुणेनैषां संसारान्प्रतिपद्यते ।
तान्समासेन वक्ष्यामि सर्वस्यास्य यथाक्रमम् ॥३९॥

देवत्वं सात्त्विकायान्ति मनुष्यत्वं च राजसाः ।
तिर्यक्त्वं तामसानित्यमित्येषा त्रिविधा गतिः ।४०।

इन सत्वादि गुणो मे जिस गुण से जीव जिस गति को प्राप्त होता है, इस सब के उस गुण को संक्षेप से यथाक्रम कहता हूं - ॥३९॥ सात्विक देवत्व को और राजस मनुष्यत्व को तथा तामस सदातिर्यक् योनि को प्राप्त होते हैं । इस प्रकार तीन प्रकार की गति है ॥४०॥

त्रिविधा त्रिविधैषा तु विज्ञेयागौणिकीगतिः ।
अधमामध्यमाऽग्र्या च कर्मविद्याविशेषतः ॥४१॥

स्थावराः कृमिकीटाश्च मत्स्याः सर्पाःसकच्छपाः ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

पशवश्च मृगाश्चैव जघन्या तामसी गतिः ।४२॥

जो सत्वादि गुणत्रय निमित्त तीन प्रकार की गति कही, वह देश कालादि भेद से फिर भी उत्तम, मध्यम, अधम तीन प्रकार की हैं और फिर कर्म का विशेष (अनन्त) जानना चाहिये ।४१। वृक्षादि, कृमि, कीट, मत्स्य, सर्प, कछुवे, पशु और मृग, यह तमोनिमित्त निकृष्ट गति है ॥४२॥

हस्तिनश्चतुरङ्गाश्च शूद्राम्लेच्छाश्च गर्हिताः ।
सिंहाव्याघ्रावराहाश्च मध्यमा तामसी गतिः ॥४३॥
चारणाश्च सुपर्णाश्च पुरुषाश्चैव दाम्भिकाः ।
रक्षांसि च पिशाचाश्च तामसीषूत्तमा गतिः ॥४४॥

हाथी, घोडे, शूद्र, निन्दित म्लेच्छ, सिंह व्याघ्र और सूकर यह तमोनिमित्त मध्यम गति है ॥४३॥ और चारण (खुशामदी) तथा पक्षी और दम्भ करने वाले पुरुष और राक्षस (हिंसक) तथा पिशाच (अनाचारी) यह तमोगतियों में उत्तम गति हैं ॥४४॥

झल्ला मल्ला नटाश्चैव पुरुषाः शस्त्रवृत्तयः ।
द्यूतपानप्रसक्ताश्च जघन्या राजसी गतिः ॥४५॥
राजानः क्षत्रियाश्चैव राज्ञां चैव पुरोहिताः ।
वादयुद्धप्रधानाश्च मध्यमा राजसी गतिः ॥४६॥

(दशम अध्याय में कहे हुवे) झल्ल मल्ल और नट तथा शस्त्र से आजीविका वाले मनुष्य और जुआ तथा मद्यपान में आसक्त पुरुष, यह रजो गुण की निकृष्ट गति है ॥४५॥ राजा लोग तथा क्षत्रिय और राजों के पुरोहित और वाद वा झगडा करने वाले यह मध्यम राजस गति है (राघवानन्द ने-प्रधाना· प्रसक्ता· की

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

और रामचन्द्र ने 'वाद-दान" की व्याख्या की है) ॥४६॥

गन्धर्वा गुह्यका यक्षा विबुधाऽनुचराश्च ये।
तथैवाप्सरसः सर्वा राजसीषूत्तमा गतिः ॥४७।

तापसायतयोविप्रा ये च वैमानिका गणाः।
नक्षत्राणि च दैत्याश्च प्रथमा सात्त्विकी गतिः ।४८।

गन्धर्व, गुह्यक, यक्ष और देवतोंके अनुचर तथा सब अप्सरा, यह रजोगुण की गतियो मे उत्तम गति है ॥४७॥ तप करने वाले, यति, विप्र और विमानो पर घूमने वाले तथा (चमकते) नक्षत्र और दैत्य, सत्वगुण की अधम गति है ॥४८॥

यज्वानऋषयोदेवा वेदा ज्योतींषि वत्सराः।
पितरश्चैव साध्याश्च द्वितीयासात्त्विकीगतिः ॥४६॥

ब्रह्मा विश्वसृजो धर्मो महानऽव्यक्तमेव च।
उत्तमां सात्त्विकीमेतां गतिमाहुर्मनीषिणः ।५०।

यज्ञ करने वाले, ऋषि लोग, देव और वेद, तारे और काल के ज्ञाता पितर और साध्य यह मध्यमा सात्विक गति है ॥४९॥ ब्राह्मण और विश्व के उत्पन्न करने वाले (सृष्टि के आरम्भ के ब्रह्मादि) और धर्म तथा महत्तत्व और अव्यक्त (मूलप्रकृति) को विद्वान् लोग उत्तम सात्विक गति कहते हैं ॥५०॥

एष सर्वः समुद्दिष्टस्त्रिप्रकारस्य कर्मणः।
त्रिविधस्त्रिविधः कृत्स्नः संसारः सार्वभौतिकः ।५१।

इंद्रियाणां प्रसङ्गेन धर्मस्याऽसेवनेन च।
पापान् संयान्ति संसारानऽविद्वांसोनराधमाः ॥५२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

यह सम्पूर्ण तीन २ प्रकार के कर्म की सार्वभौतिक ३ प्रकार की सब सृष्टि कही ॥५१॥ इन्द्रियों के प्रसङ्ग से और धर्म के आचरण न करने से मूढ अधम मनुष्य कुत्सित गतियों को प्राप्त होते हैं ॥५२॥

यां यां योनिं तु जीवोऽयं येन येनेह कर्मणा ।
क्रमशोयाति लोकेस्मिंस्तत्तत्सर्वं निबोधत ।५३।
"बहून्वर्षगणान्घोरान्नरकान्प्राप्य तत्क्षयात् ।
संसारान्प्रतिपद्यन्ते महापातकिनस्त्विमान् ॥५४॥"

यह जीव जो जो कर्म करके जिस जिस योनि में इस सृष्टि में जन्म लेता है, वह वह सब सुनो ॥५३॥ "(ब्रह्महत्यादि) महापातक करने वाले जीव बहुत वर्ष पर्यन्त घोर नरकों में पड़ कर उस के क्षय से संसार में य जन्म धारण करते हैं कि:-" ।

(५३ वें में योनि प्राप्ति की प्रतिज्ञा करके ५५ वें. में योनियों का वर्णन है इस लिये बीच के ५४ वे की कुछ. भी आवश्यकता नहीं है) ॥५४॥

श्वसूकरखरोष्ट्राणां गोजाविमृगपक्षिणाम् ।
चण्डालपुक्कसानां च ब्रह्महा योनिमृच्छति ।५५।
कृमिकीटपतङ्गानां विड्भुजां चैव पक्षिणाम् ।
हिंस्रानां चैव सत्त्वानां सुरापोब्राह्मणोव्रजेत् ।५६।

कुत्ता, सूकर, गर्दभ, ऊंट, बैल, बकरा, भेड़, मृग, पक्षी, चण्डाल और पुक्कस योनि को ब्रह्महत्यारा प्राप्त होता है ॥५५॥ मद्य पीने वाला ब्राह्मण कीड़े, पतङ्ग, मैला खाने वाले पक्षियों और हिंसा करने वाले प्राणियों की (योनि को) प्राप्त होता है ॥५६॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

लूताहिसरठानां च तिरश्चां चाम्बुचारिणाम् ।
हिंस्राणां च पिशाचानां स्तेनो विप्रः सहस्रशः ।५७।

तृणगुल्मलतानां च क्रव्यादां दंष्ट्रिणामपि ।
क्रूरकर्मकृतां चैव शतशो गुरुतल्पगः ।५८।

चोरी करने वाला ब्राह्मण-मकड़ी सर्प घिरगट जल में रहने वाले तथा हिंसा करने वाले पिशाचों के जन्म को हजारों बार प्राप्त होता है ॥५७॥ गुरुपत्नी से गमन करने वाला घास, गुच्छे लता कच्चे मांस को खाने वाले और क्रूर कर्म करने वाले का जन्म सैंकड़ो बार पाता है ॥५८॥

हिंस्रा भवन्ति क्रव्यादाः कृमयोऽभक्ष्यभक्षिणः ।
परस्परादिनः स्तेनाः प्रेत्यान्त्यस्त्रीनिषेविणः ।५९।

संयोगं पतितैर्गत्वा परस्यैव च योषितम् ।
अपहृत्य च विप्रस्वं भवति ब्रह्मराक्षसः ।६०।

प्राणियो का वध करनेके स्वभाव वाले= (मार्जारादि) कच्चे मांसके खाने वाले होतेहैं और अभक्ष्य भक्षण करनेवाले=कृमि और चोर=परस्पर एक दूसरे को खाने वाले होते हैं। तथा चण्डाल की स्त्री से गमन करने वाले भी मर कर इसी गति को प्राप्त होते हैं। (दो पुस्तको के अतिरिक्त अन्यो में 'प्रेतान्त्य' अशुद्ध पाठ है) ॥५९॥ पतितों के साथ रहने और पराई स्त्री से मैथुन करने तथा ब्राह्मण का धन चुराने से ब्रह्मराक्षस होता है ॥६०॥

मणिमुक्ताप्रवालानि हृत्वा लोभेन मानवः ।
विविधानि च रत्नानि जायते हेमकर्तृषु ।६१।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

-धान्यं हृत्वा भवत्याखुः कांस्यं हंसो जलं प्लवः ।
मधु दंशः पयः काको रसं श्वानकुलोघृतम् ॥६२॥

मणि मोती, मूंगा और नाना प्रकार के रत्नों को चुरा कर हेमकार पक्षियों में जन्म होता है ॥६१॥ धान्य को चुराने से चूहा, कांसे के चुराने से हंस, जल के चुराने से मेंढक, मधु को चुराने से मक्खी वा डांस, दूधके चुरानेसे कौवा, रसको चुराने से कुत्ता और घृत को चुराने से नेवला होता है ॥६२॥

मांसं गृध्रोवपां मद्गुस्तैलं तैलपकः खगः ।
चीरीवाकस्तु लवणं बलाका शकुनिर्दधि ॥६३॥

कौशेयं तित्तिरिर्हृत्वा क्षौमं हृत्वातु दर्दुरः ।
कार्पासतान्तवं क्रौञ्चो गोधा गां वाग्गुदोगुडम्॥६४॥

मांस को चुराने से गिद्ध, वपा (चरबी) के चुराने से जल-कौवा नाम पक्षी, तेल को चुराने से तेल पीने वाला पक्षी, लवण को चुराने से झींगरी और दधि के चुराने से बलाका नाम पक्षी होता है ॥६३॥ रेशमी कपड़े चुराने से तीतर, अलसी का वस्त्र चुराने से मेढक, कपास के कपड़े चुराने से सारस, गाय के चुराने से गोधा और गुड़ के चुराने से वाग्गुद नाम पक्षी होता है ॥६४॥

छुच्छुन्दरिः शुभान्गन्धान्पत्रशाकंतुबर्हिणः ।
श्वावित्कृतान्नं विविधमकृतान्नं तु शल्यकः ॥६५॥

बको भवति हृत्वाग्निं गृहकारीह्युपस्करम् ।
रक्तानि हृत्वा वासांसि जायते जीवजीवकः ॥६६॥

अच्छे सुगन्धित पदार्थों के चुराने से छछून्दर, सागपात के

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

चुराने से मोर, विविध सिद्ध अन्न चुराने से गीदड़ और कच्चे अन्न चुराने से शल्लक होता है ॥६५॥ आग को चुराने से बक शूर्पमुसलादि के चुराने से गृहकारी पक्षी (मकड़ी) और रंग वस्त्रों के चुराने से जीव जीवक (चकोर) होता है ॥६६॥

वृकोमृगेभं व्याघ्रोऽश्वं फलमूलं तु मर्कटः ।
स्त्रीमृक्षःस्तोकको वारि यानान्युष्ट्रः पशूनजः ॥६७॥
यद्वा तद्वा परद्रव्यमपहृत्य बलान्नरः ।
अवश्यं याति तिर्यक्त्वं जग्ध्वाचैवाऽहुतं हविः ॥६८॥

मृग, हाथी को चुराने से भेड़िया घोड़े के चुराने से व्याघ्र, फल मूल के चुराने से बन्दर और स्त्री के चुरानेसे रीछ, पीने के पानी चुराने से चातक पक्षी, सवारियों के चुराने से ऊंट तथा पशुओं के चुराने से बकरा होता है (एक पुस्तक में स्तोकक= चातक है) ॥६७॥ मनुष्य को दूसरे का कुछ असार पदार्थ भी चुराने और बिना होम किये हवि के भोजन करने से अवश्य तिर्यग्योनि प्राप्त होती है ॥६८॥

स्त्रियोप्येतेन कल्पेन हृत्वा दोषमवाप्नुयुः ।
एतेषामेव जन्तूनां भार्यात्वमुपयान्ति ताः ॥६९॥
स्वेभ्यः स्वेभ्यस्तु कर्मभ्यश्च्युतावर्णा ह्यनापदि ।
पापान्संसृत्य संसारान् प्रेष्यतां यान्ति शत्रुषु ।७०।

स्त्री भी इसी प्रकार चुराने के दोषों को प्राप्त होती हैं और उसी पाप से उन्हीं जन्तुओं की स्त्री बनती हैं ॥६९॥ चारों वर्ण बिना आपत्ति अपने नित्य कर्म न करने से कुत्सित योनि को प्राप्त होकर फिर शत्रुवों के दासत्व को प्राप्त होते हैं ॥७०॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

वान्ताश्युल्कामुखः प्रेतो विप्रो धर्मात्स्वकाच्युतः।
अमेध्यकुणपाशी च क्षत्रियः कटपूतनः ।७१।
मैत्राक्षज्योतिकः प्रेतो वैश्यो भवति पूयभुक् ।
चैलाशकश्च भवति शूद्रो धर्मात्स्वकाच्युतः ।७२।

अपने कर्म से भ्रष्ट ब्राह्मण मर कर वमन का भोजन करने वाला ज्वालामुख, स्वकर्मभ्रष्ट क्षत्रिय पुरीष और शव का भोजन करने वाला कटपूतनाख्य योनिविशेष मे उत्पन्न होता है ।।७१।। स्वकर्मभ्रष्ट वैश्य मरकर पीव का भक्षण करने वाला मैत्राक्षज्योति नाम उत्पन्न होता है और वैसे ही स्वकर्मभ्रष्ट शूद्र कपड़े की जू आदि खाने वाला चैलाशक नाम होता है ।।७२।।

यथा यथा निषेवन्ते विषयान्विषयात्मकाः ।
तथा तथा कुशलता तेषां तेषूपजायते ।७३।
तेऽभ्यासात्कर्मणां तेषां पापानामल्प बुद्धयः ।
संप्राप्नुवन्ति दुःखानि तासु तास्विह योनिषु ।७४।

विषयासक्त पुरुष जैसे २ विषयों को सेवन करते हैं वैसे २ उनमें उनकी कुशलता हो जाती है ।।७३।। वे निर्बुद्धि उन पाप कर्मों के अभ्यास से यहां उन २ योनियों मे दुःखों को प्राप्त होते हैं ।।७४।।

तामिस्रादिषु चोग्रेषु नरकेषु विवर्तनम् ।
असिपत्रवनादीनि बन्धनच्छेदनानि च ।७५।
विविधाश्चैव संपीडाः काकोलूकैश्च भक्षणम् ।
करम्भवालुकातापान्कुम्भीपाकांश्च दारुणान् ।७६।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

तामि ''ादि उग्र नरकों में दु''ख का अनुभव करते हैं तथा असिपत्रवनादि बन्धन छेदन वाले घोर नरकों को प्राप्त होते हैं ॥७५॥ और नाना प्रकार की पीड़ा तथा काक उल्लूक आदि से भक्षण और तप्त बालुकादि से तपाये जाते और दारुण कुम्भीपाकों को प्राप्त होते हैं ॥७६॥

संभवांश्च वियोनीषु दुःखप्रायासु नित्यशः ।
शीतातपाभिघातांश्च विविधानि भयानि च ॥७७॥
असकृद्गर्भवासेषु वासं जन्म च दारुणम् ।
बन्धनानि च कष्टानि परप्रेष्यत्वमेव च ॥७८॥

अधिक दुःख वाली तिर्यक् योनियों में नित्य २ उत्पन्न होने और नाना प्रकार की शीत आतप की पीड़ा तथा अनेक प्रकार के भयों को प्राप्त होते हैं ॥७७॥ बारम्बार गर्भस्थान में वास, अति कठिन उत्पत्ति तथा उत्पन्न होने पर शृंखलादि के बन्धनों और दूसरे के हलकारेपन के दुखों को प्राप्त होते हैं ॥७८॥

बन्धुप्रियवियोगांश्च संवासं चैव दुर्जनैः ।
द्रव्यार्जनं च नाशं च मित्रामित्रस्य चार्जनम् ॥७९॥
जरां चैवाऽप्रतीकारां व्याधिभिश्चोपपीडनम् ।
क्लेशांश्च विविधांस्तांस्तान्मृत्युमेव च दुर्जयम् ॥८०॥

बन्धु और प्यारों की जुदाई तथा दुर्जनों के साथ रहना और धन कमाने का परिश्रम और धन का नाश और क्लेश से मित्र का मिलना तथा बिना कारण शत्रुओं का उत्पन्न होना (ये सब प्राप्त होते हैं) ॥७९॥ अनिवारणीय वृद्धावस्था और व्याधियों से क्लेशित होना तथा नाना प्रकार के (क्षुत्पिपासादि) क्लेशों और दुर्जय मृत्यु को प्राप्त होते हैं ॥८०॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

यादृशेन तु भावेन यद्यत्कर्म निषेवते ।
तादृशेन शरीरेण तत्तत्फलमुपाश्नुते ।८१।

एष सर्वः समुद्दिष्टः कर्मणां वः फलोदयः ।
नैःश्रेयसकरं कर्म विप्रस्येदं निबोधत ।८२।

जिस २ (सात्त्विक, राजस, तामस) भाव से जो जो कर्म करता है वैसे २ शरीर मे उस २ फल का भोग करता है ॥८१॥ यह सब कर्मों का फलोदय तुम से कहा। अब आगे ब्राह्मण का कल्याण करने वाले इस कर्म को सुनोः—॥८२॥

वेदाभ्यासस्तपो ज्ञानमिन्द्रियाणां च संयमः ।
अहिंसा गुरुसेवा च निःश्रेयसकरं परम् ।८३।

सर्वेषामपि चैतेषां शुभानामिह कर्मणाम् ।
किञ्चिच्छ्रेयस्करतरं कर्मोक्तं पुरुषं प्रति ।८४।

वेद का अभ्यास तप, ज्ञान, इन्द्रियों का रोकना तथा हिंसा न करना और गुरु की सेवा यह परम कल्याण का देने वाला है ॥८३॥ इन सब कर्मों में कुछ अधिक श्रेय का देने वाला कर्म पुरुष के लिये कहा है (कि:—) ॥८४॥

सर्वेषामपि चैतेषामात्मज्ञानं परं स्मृतम् ।
तद्ध्यग्र्यं सर्वविद्यानां प्राप्यते ह्यमृतं ततः ।८५।

षण्णामेषां तु सर्वेषां कर्मणां प्रेत्य चेह च ।
श्रेयस्करतरं ज्ञेयं सर्वदा कर्म वैदिकम् ।८६।

इन सब मे आत्मज्ञान श्रेष्ठ कहा है। यह सम्पूर्ण विद्याओं में प्रधान है क्योंकि उससे मोक्ष प्राप्त होता है ॥८५॥ इन छः

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

कर्मों में इस लोक तथा परलोक में सर्वदा अतिशय श्रेय को देने वाला वैदिक कर्म जानिये ॥८६॥

वैदिके कर्मयोगे तु सर्वाण्येतान्यशेषतः ।
अन्तर्भवन्ति क्रमशस्तस्मिंस्तस्मिन्क्रियाविधौ ॥८७॥
सुखाभ्युदयिकं चैव नैश्रेयसिकमेव च ।
प्रवृत्तं च निवृत्तं च द्विविधं कर्म वैदिकम् ॥८८॥

वैदिक (परमात्मा की उपासनादि) कर्मयोग में ये सब पुण्य उस २ कर्मविधि में सम्पूर्णता से क्रमपूर्वक आ जाते हैं ॥८७॥ सुख का अभ्युदय करने वाला और मोक्ष का देने वाला एक प्रवृत्त दूसरा निवृत्त यह दो प्रकार का क्रम से वैदिक कर्म है ॥८८॥

इह चामुत्र वा काम्यं प्रवृत्तं कर्म कीर्त्यते ।
निष्कामं ज्ञानपूर्वं तु निवृत्तमुपदिश्यते ॥८९॥

इस लोक तथा परलोक में भोगार्थ जो कामना से कर्म किया जाता है उसको प्रवृत्त कहते हैं और जो निष्काम तथा ज्ञानपूर्वक किया जाता है उसको निवृत कहते हैं। (८९ वें से आगे एक पुस्तक में यह श्लोक अधिक है :—)

[अकामोपहतं नित्यं निवृत्तं च विधीयते ।
कामतस्तु कृतं कर्म प्रवृत्तमुपदिश्यते ॥]

अकाम से उपहत कर्म निवृत्त और काम से किया कर्म प्रवृत्त कहाता है) ॥८९॥

प्रवृत्तं कर्म संसेव्य देवानामेति साम्यताम् ।
निवृत्तं सेवमानस्तु भूतान्यत्येति पञ्चवै ॥९०॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

प्रवृत्त कर्म करने से देवताओं के साम्य को प्राप्त होता है तथा निवृत्त कर्म के करने से पञ्चभूतों को लांघकर मोक्ष को प्राप्त होता है ॥९०॥

सर्वभूतेषु चात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि ।
समं पश्यन्नात्मयाजी स्वाराज्यमधिगच्छति ॥९१॥
यथोक्तान्यपि कर्माणि परिहाय द्विजोत्तमः ।
आत्मज्ञाने शमे च स्याद्वेदाभ्यासे च यत्नवान् ॥९२॥

सब भूतों में आत्मा को और आत्मा में सब भूतों को बराबर देखने वाला आत्मयाजी (आत्मयज्ञ करने वाला) स्वराज्य (मोक्ष) को प्राप्त होता है ॥९१॥ ब्राह्मण यथोक्त कर्मों को छोड़कर भी आत्मज्ञान और इन्द्रियनिग्रह तथा वेद के अभ्यास में यत्न करे ॥९२॥

एतद्धि जन्मसाफल्यं ब्राह्मणस्य विशेषतः ।
प्राप्यैतत्कृतकृत्यो हि द्विजोभवति नान्यथा ॥९३॥
पितृदेवमनुष्याणां वेदश्चक्षुः सनातनम् ।
अशक्यंचाऽप्रमेयंच वेदशास्त्रमिति स्थितिः ॥९४

ब्राह्मण का विशेष करके जन्मसाफल्य यही है। क्योंकि इसको पाकर द्विज कृतकृत्य होता है दूसरे प्रकार नहीं ॥९३॥ पितर देव और मनुष्यों का वेद आंख है और वह सनातन है तथा (अन्य ग्रन्थ पढने मात्र से जानने को) अशक्य और अप्रमेय है। इस प्रकार (वेदशास्त्र की) स्थिति है ॥९४॥

या वेदबाह्याः स्मृतयो याश्चकाश्च कुदृष्टयः ।
सर्वास्तानिष्फलाः प्रेत्य तमोनिष्ठाहिताः स्मृताः ॥९५॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

उत्पद्यन्ते च्यवन्तेच यान्यतोऽन्यानि कानिचित् ।
तान्यर्वाक्कालिकतया निष्फलान्यनृतानि च ॥९६॥

जो स्मृति वेदबाह्य हैं और जो कुदृष्टि हैं वे सब निष्फल हैं क्योंकि अन्धकार में ले जाने वाली हैं (एक प्रकार से मानो मनु अपनी ही स्मृति को भी किसी अंश में वेदविरुद्ध होजाना सम्भव मानते हुवे यह वचन कहते हैं। क्योकि मनु के लक्ष्य में रखने को अन्यस्मृति तो उस समय थीं ही नहीं) ॥९५॥ वेद से अन्यमूलक जोकुछ ग्रन्थ हैं वे उत्पन्न और नष्ट होते रहते हैं। वे अर्वाक्कालके होने से निष्फल और असत्य हैं (इसलिये जो वेद से प्रमाणित है, वही प्रमाण है) ॥९६॥

चातुर्वर्ण्यं त्रयोलोकाश्चत्वारश्चाश्रमाः पृथक् ।
भूतंभव्यंभविष्यं च सर्वं वेदात्प्रसिध्यति ॥९७॥
शब्द. स्पर्शश्च रूपं च रसो गन्धश्च पञ्चमः ।
वेदादेव प्रसूयन्ते प्रसूतिर्गुणकर्मतः ॥९८॥

चार वर्ण, तीन लोक अलग २ चारआश्रम तथा भूत भविष्यत् वर्तमान सब वेद ही से प्रसिद्ध है ॥९७॥ शब्द स्पर्श रूप रस और गन्ध ये ५ भी वेद ही से उत्पन्न हैं। यद्यपि उत्पत्ति (सत्वादि) गुणो के कर्म से है ॥ (अर्थात् यद्यपि सब पदार्थ अपने २ उपादान से उत्पन्न हैं, परन्तु उन सब का ज्ञान वेद से ही आरम्भ हुवा, इस लिये शब्दादि विषयों की उत्पत्ति वेद से ही कही गई) ॥९८॥

बिभर्ति सर्वभूतानि वेदशास्त्रं सनातनम् ।
तस्मादेतत्परंमन्ये यज्जन्तोरस्य साधनम् ॥९९॥
सेनापत्यं च राज्यं च दण्डनेतृत्वमेव च ।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

सर्वलोकाधिपत्यं च वेदशास्त्रविदर्हति ॥१००॥

सनातन वेदशास्त्र सर्वदा संपूर्ण जीवो का धारण और पोषण करता है। इस प्राणी के लिये इस वेद के साधन को मैं (मनु) परम मानता हूं ॥९९॥ सेनापत्य और राज्य तथा दण्डनेतापन और सब लोगों पर आधिपत्य को वही पाने योग्य है जो वेदशास्त्र का जानने वाला है ॥१००॥

यथा जातबलो वह्निर्दहत्यार्द्रानपि द्रुमान्।
तथा दहति वेदज्ञः कर्मजं दोषमात्मनः ॥१०१॥

जैसे बलवान हुवा अग्नि गीले वृक्षो को भी जला देता है, वैसे ही वेद का जानने वाला अपने कर्मज दोष को जला देता है॥

(१०१ से आगे ३ पुस्तकों में यह श्लोक मिलता है जोकि आवश्यक भी था:-

[न वेदबलमाश्रित्य पापकर्मरुचिर्भवेत्।
अज्ञानाच्च प्रमादाच्च दहते कर्म नेतरत्] ॥

परन्तु वेद बल के भरोसे मनुष्यको (निर्भय हो) पाप कर्म मे रुचिवाला नही बनना चाहिये। क्योंकि अज्ञान वा प्रमाद से जो कर्म बन जाते हैं, उन्हीं का [पूर्व श्लोकानुसार] हनन हो सकता है, अन्यों का नही) ॥१०१॥

वेदशास्त्रार्थतत्त्वज्ञो यत्र तत्राश्रमे वसन्।
इहैव लोके तिष्ठन्स ब्रह्मभूयाय कल्पते ॥१०२॥

वेद शास्त्रार्थ का तत्व जानने वाला चाहे जिस आश्रम मे रह कर इसी लोकमें रहता हुवा वह मोक्ष को प्राप्त होता है।१०२।

अज्ञेभ्यो ग्रन्थिनः श्रेष्ठा ग्रन्थिभ्योधारिणो वराः।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

धारिभ्योज्ञानिनः श्रेष्ठा ज्ञानिभ्योव्यवसायिनः॥१०३॥

तपोविद्या च विप्रस्य निश्रेयसकरं परम्।
तपसाकिल्बिषं हन्ति विद्ययाऽमृतमश्नुते॥१०४॥

विना पढ़ने वालो से ग्रन्थ के पढ़ने वाले श्रेष्ठ हैं उन से (कण्ठस्थ) धारण करने वाले तथा उन से भी उन के अर्थ जानने और अर्थज्ञानियों से अनुष्ठान करने वाले श्रेष्ठ हैं ॥१०३॥ तप और विद्या ब्राह्मण का परम कल्याणप्रद है। तप से पाप दूर होता है और विद्या से मोक्ष प्राप्त होता है ॥१०४॥

प्रत्यक्षं चानुमानं च शास्त्रं च विविधागमम्।
त्रयं सुविदितं कार्यं धर्मशुद्धिमभीप्सता॥१०५॥

आर्षं धर्मोपदेशं च वेदशास्त्राऽविरोधिना।
यस्तर्केणानुसंधत्ते स धर्मं वेद नेतरः॥१०६॥

धर्मके तत्व को जानने की इच्छाकरने वालेको प्रत्यक्ष अनुमान और विधि शास्त्र, इन तीनो को भले प्रकार से जानना चाहिये ॥१०५॥ ऋषियो के कहे हुवे उपदेशरूप धर्म को वेदशास्त्र के अविरोधी तर्क से जो खोज करता है वह धर्म को जानता है अन्य नहीं ॥१०६॥

'नैश्रेयसमिदं कर्म यथोदितमशेषत।
मानवस्यास्य शास्त्रस्य रहस्यमुपदिश्यते॥१०७॥"

अनाम्नातेषु धर्मेषु कथं स्यादिति चेद्भवेत्।
यं शिष्टा ब्राह्मणा ब्रूयुः धर्मः स्यादशङ्कितः॥१०८॥

"यह निश्रेयसका साधन कर्म निःशेष यथावत् कहा। अब इस मनु के शास्त्र का रहस्य बताया जाता है" (यह स्पष्ट ही अन्यकृत

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

है। तथा इस के विना भी प्रसङ्ग मे कुछ भेद नहीं पड़ता है) ॥१०७॥ जहां पर सामान्य विधि हो और विशेष न हो वहां कैसा होना चाहिये, इस शङ्का पर कहते हैं कि जो शिष्ट ब्राह्मण कहें वहां वही अशङ्कित धर्म है ॥१०८॥

धर्मेणाधिगतो यैस्तु वेदः सपरिबृंहणः।
ते शिष्टाब्राह्मणाज्ञेयाः श्रुतिप्रत्यक्षहेतवः ॥१०९॥

दशावरा वा परिषद्यं धर्मं परिकल्पयेत्।
त्र्यवरा वाऽपि वृत्तस्था तं धर्मं न विचालयेत् ॥११०॥

ब्रह्मचर्यादियुक्त धर्म से जिन्होंने षडङ्गादि सहित वेद पढ़ा है वे श्रुति के प्रत्यक्ष करने वाले लोग शिष्ट ब्राह्मण जानने चाहियें ॥१०९॥ (१११ में कहे हुवे) दश भी श्रेष्ठ विद्वान् जिस धर्म को कहें वा (उनके अभाव मे) सदाचारी तीन भी कहें, उस धर्म को न लांघे ॥११०॥

(११० वे से आगे चार पुस्तकों मे १ यह श्लोक प्रक्षिप्त है-

[पुराणं मानवोधर्मः साङ्गोपाङ्गचिकित्सकः।
आज्ञासिद्धानि चत्वारि न हन्तव्यानि हेतुभिः ॥]

१ पुराण, २ मनुप्रोक्त धर्म ३ साङ्गोपाङ्ग चिकित्सा शास्त्र ४ साधु आदि की आज्ञा से सिद्ध, इन को हेतुओं से खण्डित न करे) ॥११०॥

त्रैविद्यो हेतुकस्तर्की नैरुक्तोधर्मपाठकः।
त्रयश्चाश्रमिणः पूर्वे परिषत्स्याद्दशावरा ॥१११॥

ऋग्वेदविद्यजुर्विच्च सामवेदविदेव च।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

त्र्यवरा परिषज्ज्ञेया धर्मसंशयनिर्णये ॥११२॥

१-३ तीन वेदों के जानने वाले और ४ (श्रुतिस्मृति के अविरुद्ध) न्यायशास्त्र का जानने वाला तथा ५ (मीमांसक) तर्क का जानने वाला और ६ निरुक्त जानने वाला तथा ७ धर्मशास्त्र का जानने वाला और ८-१० पूर्व के तीन (ब्रह्मचारी गृही वनी) आश्रम वाले,यह दशावरा सभा (परिषत्) है।१११। ऋक् यजुःसाम, इन तीन वेदों के जानने वालों की धर्मसंशय निर्णयके लिये त्र्यवरा सभा जाननी चाहिये ॥११२॥

एकोऽपि वेदविद्धर्मं यं व्यवस्येद् द्विजोत्तमः ।
सविज्ञेयः परोधर्मो नाऽज्ञानामुदितोऽयुतैः ॥११३।

अव्रतानाममन्त्राणां जातिमात्रोपजीविनाम् ।
सहस्रशः समेतानां परिषत्त्वं न विद्यते ॥११४॥

वेदका जानने वाला ब्राह्मण एक भी जिस धर्मको कहे उसको श्रेष्ठ धर्म जाना चाहिये और अज्ञो का दश हजार का भी कहा कुछ नहीं ॥११३॥ व्रत और वेदमन्त्रो से रहित तथा केवल जातिमात्रसे जीते हुवे सहस्रो भी इकट्ठे हुवोंको परिषत्व (धर्मनिर्णय का सभात्व) नहीं है ॥११४॥

यं वदन्ति तमो भूता मूर्खाधर्ममतद्विदः ।
तत्पापं शतधा भूत्वा तद्वक्तृननुगच्छति ॥११५॥

एतद्वोऽभिहितं सर्वं निःश्रेयसकरं परम् ।
अस्मादप्रच्युतो विप्रः प्राप्नोति परमां गतिम् ।११६।

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

तमोगुणप्रधान मूर्ख धर्मप्रमाणवेदार्थ को न जानने वाले लोग जिसको (प्रायश्चित्तादि) धर्म बताते हैं, उसका पाप सौगुणा होकर उन बताने वालों को लगता है ॥११५॥ यह निःश्रेयस का साधन धर्मादि सब तुमसे कहा। इसके अनुष्ठान से न गिरने वाले ब्राह्मणादि परमगति को प्राप्त होते हैं ॥११६॥

"एवं स भगवान्देवो लोकानां हितकाम्यया।
धर्मस्य परमं गुह्यं ममेदं सर्वमुक्तवान् ॥११७॥"

सर्वमात्मनि संपश्येत्सच्चाऽसच्च समाहितः।
सर्वं ह्यात्मनि संपश्यन्नाऽधर्मे कुरुते मनः ॥११८॥

"इस प्रकार उस भगवान् देव (मनु) ने लोगोंके हितकी इच्छा से धर्म का परमगुह्य यह सब मुझको उपदेश किया" ॥ (भृगु वा सम्पादक, कोई कहता है) ॥११७॥ सत् और असत् सबको समाहितचित्त होकर आत्मा मे देखे क्योंकि सब को आत्मा में देखने वाला (परमात्मा के भय से) अधर्म में मन नहीं लगाता ॥११८॥

आत्मैव देवताः सर्वाः सर्वमात्मन्यवस्थितम्।
आत्मा हि जनयत्येषां कर्मयोगं शरीरिणाम् ॥११९॥
खं सन्निवेशयेत्खेषु चेष्टनस्पर्शनेऽनिलम्।
पक्तिदृष्ट्योः परं तेजः स्नेहेऽपो गां च मूर्तिषु ॥१२०॥

आत्मा ही सम्पूर्ण देवता है क्योंकि सब कुछ आत्मा मे ही स्थित है और इन शरीरियों (जीवात्माओं) के कर्मयोग को आत्मा ही उत्पन्न करता है ॥११९॥ आकाशों में आकाश को निविष्ट करे और चेष्टा तथा स्पर्श मे वायु को और जठराग्नि तथा दृष्टि मे परमतेज को और शरीर के स्नेह में जल को, तथा मूर्तियों

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

(शरीरों) में पृथिवी को सन्निविष्ट करे (इस काम से ध्यानावस्थित होवे) ॥१२०॥

मनसीन्दुं दिशः श्रोत्रे क्रान्ते विष्णुं बले हरम् ।
वाच्यग्निं मित्रमुत्सर्गे प्रजने च प्रजापतिम् ॥१२१॥
प्रशासितारं सर्वेषामणीयांसमणोरपि ।
रुक्माभं स्वप्नधीगम्यं विद्यात्तं पुरुषं परम् ॥१२२॥

मन में चन्द्र को, कान में दिशाओं को, गति में विष्णु को, बल में शिवको, वाणीमें अग्नि को, गुदामें मित्रको लिङ्ग में प्रजापति को, निवेशित करे। इन २ इन्द्रियोंके ये २ अधिष्ठातृदेवता=दिव्यगुण हैं। ध्यान करने वाला प्रथम उस २ इन्द्रिय के साथ उस २ के अधिष्ठातृ देवताकी भलेप्रकार स्थिति सम्पादनकरे (अर्थात् इन्द्रियों में अनुचित विषय ग्रहण को वर्जे) ॥१२१॥ सब के नियन्ता और अणु से अणु तथा सुवर्ण की सी आभा वाले और स्वप्न की सी (एकाग्र) बुद्धि से गम्य को परम पुरुष जानना चाहिये ॥१२२॥

एतमेके वदन्त्यग्निं मनुमन्ये प्रजापतिम् ।
इन्द्रमेके परे प्राणमपरे ब्रह्मशाश्वतम् ॥१२३॥
एष सर्वाणि भूतानि पञ्चभिर्व्याप्य मूर्त्तिभिः ।
जन्मवृद्धिक्षयैर्नित्यं संसारयति चक्रवत् ॥१२४॥

इसको कोई अग्नि कहते हैं और कोई मनु कोई इन्द्र, कोई प्राण और कोई शाश्वतब्रह्म कहते हैं॥१२३॥ यह आत्मा सब जीवों को पञ्चमहाभूतों रूप मूर्तियों से व्याप्त करा कर नित्य चक्र के समान जन्म वृद्धि क्षयों से घुमाता है ॥१२४॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com

एवं यः सर्वभूतेषु पश्यत्यात्मानमात्मना ।
स सर्वसमतामेत्य ब्रह्माऽभ्येति परम्पदम् ॥१२५॥

"इत्येतन्मानवं शास्त्रं भृगुप्रोक्तं पठन्द्विजः ।
भवत्याचारवान्नित्यं यथेष्टां प्राप्नुयाद् गतिम् ॥१२६॥

इस प्रकार जो सब मे आत्मा परमात्माको देखता है वह समदृष्टि होकर परमपद ब्रह्मको प्राप्त होता है ॥१२५॥ 'इस प्रकार यह मनु का शास्त्र भृगु ने कहा है। इसको पढ़ने वाला द्विज सर्वदा ...चार वाला और यथेष्ट गति को प्राप्त होता है" ॥ (यह वचन ...से भी पीछे बनाकर मिलाया गया स्पष्ट है) ॥१२६॥

इति मानवे धर्मशास्त्रे (भृगुप्रोक्तायां संहितायां)
द्वादशोऽध्यायः ॥१२॥

इति श्री तुलसीरामस्वामिविरचिते मनुस्मृतिभाषानुवादे
द्वादशोऽध्याय ॥१२॥

Downloaded From - http://preetamch.blogspot.com